४५२
७१-०२

ग्रथकार अनुभूति स्वरूपाचार्य
पं कामी राम पाठक

ग्रथनाम सारस्वत

आगमन-क्रमाक ४०६४ तिथि १९९

सदस्य	लेने की तिथि	लौटाने की तिथि	सदस्य	लेने की तिथि	लौटाने की तिथि
	१९९	१९९		१९९	१९९
२०८४					

श्रीः ।

श्रीमद्वेङ्कटेशोविजयतेतमाम् ।

सारस्वतम्

(व्याकरणम्)

श्रीमदनुभूतिस्वरूपाचार्यप्रणीतम् ।

ढाढौलीनिवासि—पण्डितकाशिरामपाठकविरचितसुबोधिनी
भाषाटीकाविभूषितं सटिप्पणीकम् ।

तत्र

खेमराज श्रीकृष्णदासश्रेष्ठिना

मुम्बय्यां

स्वकीये "श्रीवेङ्कटेश्वर" (स्टीम्) मुद्रणालये
मुद्रयित्वा प्रकाशितम् ।

१८६७ तमसनाब्दिक २५ तमराजनियममनु-
सत्पराभपट्टारूढीकृतोऽयं ग्रन्थ ।

सवत १९६१ शके १८२६

भूमिका।

परमहंसप्रेतायजंगमाचरसूतये। निगमागमगीतायनमः प्रज्ञाप्रवर्त्तिने ॥ १ ॥

यह तो संसारमें प्रकट रूपसे प्रसिद्धही है कि, व्याकरण शास्त्र सर्व शास्त्रोंमें शिरोमणि और अर्थ तत्त्वका बोधक होनेसे मूल कारण है, क्योंकि इसी शास्त्रके द्वारा समस्त शास्त्रोंका अर्थतत्त्व सरलतासे अवगत होता है इसके सम्यक् प्रकाशके विना एक पद मात्रकाभी यथार्थ ज्ञान नहीं होता है लिखाभी है (अर्थप्रवृत्तितत्त्वाना शब्दा एव निबन्धनम्। तत्त्वावबोध शब्दाना नास्ति व्याकरणादृते ॥ १ ॥) अर्थ। अर्थप्रवृत्ति तत्त्वोंका निबन्धन शब्दही है और शब्दोंका तत्त्वज्ञान व्याकरणके विना नहीं होता है। इसलिये व्याकरण शब्दशास्त्रको सर्व शास्त्रोंमें उत्तम मानते हैं केवल तत्त्वबोधक होनेसेही उत्तम नहीं किन्तु वेदोंका प्रथम अंग होनेसे पठन मात्रही परम तप है लिखाभी है (आसन्न ब्रह्मणस्तस्य तपसामुत्तमं तप ॥ प्रथमछन्दसामंगमाहुर्व्याकरणं बुधा ॥ १ ॥) अर्थ। व्याकरण शास्त्रको ब्रह्मप्राप्तिके प्रथम अंग होनेसे आसन्न-समीपवर्ती कहते हैं और उनके तपोंमें उत्तम तप तथा वेदोंका प्रथम अंग बुधजन कहते हैं। इस शास्त्रका पढनेवाला विद्वद्गोष्ठीमें निःशंक हृदय होकर विराजित होता है और कदापि मानुषिक निसर्गजन्य दोष वशसे अशुद्ध शब्दभी उच्चारण हो जाता है तौ इसी शास्त्रके अध्ययन और तत्त्वावबोधके प्रभावसे अपनी बुद्धिवैभवता दिखाय विद्वज्जनोंको प्रसन्न करदेताहै और किसीके मिथ्या प्रपञ्चमें निबद्ध न होकर शास्त्र विरुद्ध कर्मको नहीं सेवन कर सक्ता है, क्योंकि सत्याऽसत्यका अवबोधक नेत्र उसके हृदयमें विराजमान है जिसप्रकार कि, सुवर्णकी परीक्षा कसौटी रखनेवाले परीक्षकको सुगमतासे होजाती है तिसीप्रकार शास्त्रार्थके सत्याऽसत्यकी परीक्षा व्याकरण शास्त्रके तत्त्वार्थके जानने वालेको होजातीहै और जो कि, कुभाग्य वशसे इस शास्त्रका अभ्यास नहीं करताहै उसको अन्य शास्त्रका तत्त्वार्थ ज्ञान अतीव दुर्लभ होता है और जबतक कि, शास्त्रोंका तत्त्वार्थही नहीं जाना जाता है तबतक शास्त्रोक्त कर्म्म बनना-असम्भावित है और जब कि, शास्त्रोक्त कर्म बननाही असम्भावित रहा तब ऐहिक पारलौकिक सुखकी प्राप्ति कैसे हो सक्ती है इसलिये जो कि, इस शास्त्रको नहीं अध्ययन करते हैं वह केवल उभय लोकसे भ्रष्ट होकर दुःखही भोगते हैं केवल दुःखही नहीं भोगते किन्तु विद्वद्गोष्ठीमें उनको मौनही रहना पडता है और यदि किसीप्रकार भाषणभी करनेको उद्यत होते हैं तौ उनका हृदय कम्पित हो जाताहै (नागीकृतव्याकरणौषधानामपाटव वाचिसुगूढमास्ने कस्मिंश्चिदुक्तेतुपदेकथचित्स्वैरवपु स्विद्यातिवेपतेच।) अर्थ-जिन्होने कि, व्याकरण रूप औषध नहीं स्वीकारकी है उनकी वाणीके विषे दृढपूर्वक भाषणकी शून्यताही स्थित रहती है और कदाचित् कोई पद उनकी वाणीसे उच्चारण होभी जाता है तो उनका शरीर स्वेदयुक्त होकर कांपने लगता है और भी लिखा है (शब्दशास्त्रमनधीत्य पुमान् वक्तुमिच्छति वच सभान्तरे ॥ बद्धुमिच्छतिवनेमदोत्कटहस्तिनंकमलनालतन्तुना ॥ १ ॥) अर्थ। जो कि, पुरुष शब्द शास्त्र व्याकरणको नहीं पढकर सभाके मध्यमें वाक्य कहना चाहता है वह कमलके नालके तांतेसे वनमें मदमत्त हुए हाथीको बांधना चाहताहै तात्पर्य यह है कि, जिस प्रकार कमलके नालके तांतेसे मदमत्त हाथीका बांधना असम्भावित है तिसीप्रकार सभाके मध्यमें व्याकरण शास्त्रके अध्ययन किये विना वाक्य कहना असम्भावित है इसकारण सर्व-मनुष्य मात्रमें आबाल वृद्ध पर्य्यन्त इस शास्त्रका अध्ययन अवश्यही कर्त्तव्य है इस शास्त्रके रचयिताओं (इन्द्र-चन्द्र-काशिकृत्स्न-आपिशली शाकटायन-पाणिनि-अमर जैनेन्द्र) यह आठ हैं परन्तु उनमें विशेषकर पाणिनीय व्याकरणके पठन पाठनकी परिपाटी बहुत कालसे चली आई थी सो बहभी कुछ कालसे दैवकी भयंकर कुदृष्टिसे अन्तर्धानको प्राप्त होनेपर आगईहै अब उसका पुनरुद्धार होना दुष्कर है क्योंकि, प्रथम तो मनुष्य कालिकालमें विशेषकर संस्कार भ्रष्ट होनेसे प्रज्ञाहीन होगये दूसरे पाणिनीय शास्त्रके पढनेमें विशेष कालकी आवश्यकता है और लोकमें मनुष्यकी यह दुर्गति होगईहै कि १५ वा १६ वर्षकी अवस्थामें गार्हस्थ्यके वशसे सन्तानोत्पादनकर भरण पोषणमें संबद्ध होजाते हैं फिर इस शास्त्रका अध्ययन कहाँ होसक्ताहै। इसलिये बहुधा कुछ समयसे सारस्वत प्रक्रियाके पढनेकी परिपाटी होगई है यह व्याकरण अपने भक्त अनुभूतिस्वरूपाचार्य्यको प्रसन्न होकर कलिकालके अल्पबुद्धि जनोंके हितार्थ सरस्वतीजीने कृपाकर स्वप्न रूपसे एक रात्रिभरमें कह दियाथा इस शास्त्रके पढनेमें सरस्वतीकी कृपासे विशेष कालकी अपेक्षा नहीं किन्तु अधिकसे अधिक एकवर्षमें अल्प बुद्धि विद्यार्थी पढकर वैयाकरण होजाताहै और इसग्रन्थकी शैली कैसी उत्तमहै कि, अल्पसे अल्पबुद्धिवालाभी इसके यथार्थ ज्ञानसे सम्पन्न होकर जो कि बोध पाणिनीय व्याकरणके पढनेमें वर्षोंमें होताहै उस बोधको महीनोंमें ही प्राप्त करलेता है विशेष प्रशंसा इसकी कहाँ

भूमिका ।

जग सक्ताहै जिसको कि, इसके अध्ययनसे अल्पकालहीमे शब्दार्थ बोधका आनन्द हस्तगत हुआहै ऐसे इस परम हितकारी व्याकरण ग्रन्थ पर यथार्थ तत्त्वामृतवर्षिणी टीका न होनेके हेतु बहुपुरुष मनहीं मनमें भटकतेथे जिनको कि, गृहस्थ कर्मवशसे इस व्याकरण ग्रन्थके अभ्यास करनेमे अवकाश गुरुके निकट रहनेके लिये नहीं मिलाथा इसकारण सर्वसाधारण जनोके उपकारार्थ मेने बड़े श्रमसे इसप्रकार भाषानुवाद कियाहै कि, प्रथम सूत्रके पद तथा भिन्न २ विभक्तियोके विवरणाक तत्पश्चात् वृत्ति तदनन्तर अर्थ तात्पर्य्य सहित हिन्दी भाषा पश्चात् प्रयोगोका उदाहरण और यत्र तत्र टिप्पणी द्वारा शका समाधान और विशेष व्याकरण विषय उचित रीतिसे उपन्यस्त हैं मैंनेभी यह टीका स्वयबुद्धिसे नहीं किया किन्तु चद्रकीर्ति और प्रसादका सर्वभाव लेकर रचाहै अत बहुत सुबोध और विशाल होनेसे स्वकीय मुखसे प्रशसा करना व्यर्थ है क्योंकि, पाठक गण स्वप दृष्टिसे पवित्रकर कोटिश आशीर्वचन कहते हुए मुझको कृतकृत्य करेगे तिसमें भी सकल गुणगणालकृत वैष्णव धर्म धूरीण वैद्यवशावतस श्रीकृष्णदासात्मज खेमराजजीने विद्वज्जनोके द्वारा शुद्ध कराय मुद्रित भी इसरीतिसे कराया है कि, मुद्रण शोभा अतीवचमत्कृत है उपहारमें सर्व व्याकरण रसज्ञ महानुभावोसे इतनीही सविनय प्रार्थना है कि, मानुषिक निसर्गजन्य दोष वशसे जहाँ कहाँ त्रुटिरहगई हो उसको करुणाभावसे मुझ ग्रन्थ भाषानुवादकको सूचित करदेवें जिससे कि, दूसरी बार शुद्धकरादियाजाय ॥ "सूत्रसप्तशती यस्मै ददौ साक्षात्सरस्वती ॥ अनुभूतिस्वरूपाय तस्मै श्रीगुरवे नम" ॥ इस व्याकरण ग्रन्थमे सातसौ सूत्र हे यह सूत्र सरस्वतीने अपने परम उपासक अनुभूतिस्वरूपाचार्य्य के लिये कहेथे इसीसे इसको सारस्वती प्रकिया कहतेहैं अल्प बुद्धिजनोके हितार्थ अनुभूतिस्वरूपाचार्य्यने इसको निज व्याख्या मुखकर सरल कियाहै इसकारण अनुभूतिस्वरूपाचार्य्यही इस ग्रन्थके प्रतिपादन कर्त्ता मानेजातेहैं यह अनुभूतिस्वरूपाचार्य्य सरस्वती देवीके परम भक्तथे सरस्वतीकी उपासनाके प्रभावसे इनको सर्वविद्या अवगत हुईथी एक समय विद्वानोकी गोष्ठीमे इनके मुखसे पुसु शब्दके स्थानमे पुक्षु शब्द निकल गयाथा उस समय अशुद्ध होनेके कारण विद्वानोंने इनका उपहास किया तब अपनी उपहासताको न सहकर इन्हीं अनुभूतिस्वरूपाचार्य्यने उत्तरदिया कि, जिसको कि, आप अपनी अज्ञानतासे अशुद्ध मानते हो वह अशुद्ध नहीं किन्तु शुद्धही है तब समस्त सभासद् विद्वान् कहने लगे कि, यदि शुद्धहै तौ साधन करिये किस व्याकरणमे ऐसा होता है तब अनुभूतिस्वरूपाचार्य्यने कहा कि, कल हम तुमको इसका उत्तर देंगे उस समय ऐसा कहकर निजगृहको पधारि सरस्वती की उपासना करनेलगे तब अर्द्धरात्रके विषे सरस्वती स्वय रूपसे प्रत्यक्ष होकर अपने परमभक्त अनुभूतिस्वरूपाचार्य्यसे कहने लगी कि, वरमाँगिये उस समय वह अनुभूतिस्वरूपाचार्य्य अपूर्व व्याकरणको देवीसे माँगते हुए तब देवी सातसौ सूत्र देकर अन्तर्द्धान होगई उस समय उस सारस्वती प्रक्रियाको पाय हर्षित हो इस ग्रन्थके द्वारा पुसु शब्दको साधि स्वोपहास कर्त्ता विद्वानोंको प्रसन्न करते हुए तदनन्तर शिष्योके हितार्थ सरस्वतीप्रोक्त सूत्रोंकी सरलरीतिसे व्याख्याकर सारस्वतनाम इस ग्रन्थका रखते हुए यह जनश्रुतिहै ॥

पण्डित-काशिरामशर्म्मा-पाठक, मु० ढाढौली

भाषाटीकासहितसारस्वतस्थप्रकरणानुक्रमणिका ।

प्रकरणानि	पृष्ठानि
सज्ञाप्रकरणम्	१
स्वरसन्धि ..	११
व्यञ्जनसन्धि	२२
विसर्गसन्धि	२४
स्वरान्तपुल्लिङ्गम्	३४
स्वरान्तस्त्रीलिङ्गम्	४४
स्वरान्तनपुसकलिंगम्	८१
हल्सन्धिप्रकरणम् ..	१०१
हलन्तपुल्लिंगम्	१०८
हलन्तस्त्रीलिंगम्	१४७
हलान्तनपुसकलिंगम्	१५७
युष्मदस्मत्प्रकरणम्	१६३
अव्ययप्रकरणम्	१७३
स्त्रीप्रत्ययप्रकरणम्	१७८
विभक्त्यर्था ~(कारकम्)	१८९
समासप्रकरणम्	२०५
तद्धितप्रकिया ..	२३७

इत्यनुक्रमणिकासमाप्ता ।

श्रीः ।

सारस्वतव्याकरणम् ।

भाषाटीकासहितम् ।

पूर्वार्धम् ।

प्रणम्य परमात्मानं बालधीवृद्धिसिद्धये ।
सारस्वतीमृजुं कुर्वे प्रक्रियां नातिविस्तराम् ॥ १ ॥

अ० विण०
प्रणम्य १ परमात्मानम् २ बालधीवृद्धिसिद्धये ३ सारस्वतीम् ४ ऋजुम् ५ कुर्वे ६ प्रक्रियाम् ७ नातिविस्तराम् ८ (अस्मिन् श्लोकेऽष्टौ पदानि सन्ति) अथान्वयः—अहम् । अनुभूतिस्वरूपाचार्य्यः । सारस्वतीम् । प्रक्रियाम् । ऋजुम् । कुर्वे । किं कृत्वा । परमात्मानम् । प्रणम्य । कस्यै सिद्धये । बालधीवृद्धिसिद्धये । कीदृशीम्—नातिविस्तराम् ।

सरस्वतीं नमस्कृत्य सरस्वत्यनुकोशतः ।
सरस्वतीकृतग्रन्थे कुर्वे भाषां सुबोधिनीम् ॥ १ ॥

भाषार्थ—मैं अनुभूतिस्वरूपाचार्य्य सरस्वतीप्रणीत सूत्रसम्बन्धिनी प्रक्रियाको सरल करताहूं भाव यह है कि, जहाँ तहाँ स्थित हुए सरस्वतीप्रोक्त सूत्रोका क्रम त्यागि प्रयोगोंके साधनेके लिये उन्ही सूत्रोको क्रमानुसार रखकर सरल करताहूं यदि कहो कि, ग्रन्थके आदिमें गुरुदेवतादि नमस्कारात्मक मंगलाचरण विना शास्त्रसमाप्ति नही होतीहै । तहाँ कहते हैं कि, क्या करके कि, परमात्माको प्रणाम करके भाव यहहै कि, मन वाणी शरीरद्वारा परमात्माको प्रणाम कर निर्विघ्नपूर्वक इस प्रक्रियाको रचताहूं क्योकि परमात्माका प्रणामही प्रक्रियाकी रचनामे निर्विघ्नकारक देवताओंकी सन्तुष्टिका कारणहै यदि कहो कि, प्रयोजनके विना किसीकार्यके करनेमें मन्द भी नहीं प्रवृत्त होताहै अतः इस प्रक्रियाके सरल करनेमे ग्रन्थकर्त्ताका क्या प्रयोजनहै ? तह कहतेहैं कि, किस सिद्धिके लिये कि, बाल अर्थात् जो कि, नही व्याकरण पढेहुए शब्दापशब्दबोधवर्जित जन हैं उनके अथ बुद्धिके बढानेरूप सिद्धिके लिये भाव

यह है कि, महाभाष्यादि होनेपरभी कठिन होनेसे उन महाभाष्यादिकोंके विषयोंका बालाका भलीप्रकार ज्ञान नहीं होताहै इसकारण उन महाभाष्यादिकके विषय नहीं आदर करनेवाले अल्पबुद्धिजनोकी बुद्धि बढानेरूप सिद्धिके अर्थ करताहूं यदि कहो कि, सरलभी प्रक्रिया विस्तार बहुत होनेसे पढनेको नही समर्थ होसक्ती है तहाँ कहतेहैं कि, कैसीहै प्रक्रिया कि, विस्तर जो शब्दबाहुल्यता उस करके वर्जितहै अर्थात् थोडे शब्दसमूह और बहुत अर्थवाली है ॥ १ ॥ (१)

यदि कहो कि, इस प्रक्रियाके रचनेमे विस्तर करना कैसे दूर किया इस शंकाके निवारक तथा अपने गर्वके अपहरणसूचक द्वितीय श्लोकको कहतेहै ॥

इन्द्रादयोपि यस्यान्तं न ययुश्शब्दवारिधेः ॥
प्रक्रियां तस्य कृत्स्नस्य क्षमो वक्तुं नरः कथम् ॥ २ ॥

इन्द्रादयः १ अपि २ यस्य ३ अन्तम् ४ न ५ ययुः ६ शब्दवारिधेः ७ प्रक्रियाम् ८ तस्य ९ कृत्स्नस्य १० क्षमः ११ वक्तुम् १२ नरः १३ कथम् १४ (अस्मिन् श्लोके चतुर्दश पदानि सन्ति) इन्द्रादयो देवाः (अपि शब्दाद्व्यासवाल्मीक्यादयः) अथवा (इन्द्रादयोऽष्टौमहाव्याकरणकर्त्तारोपि) यस्यशब्दवारिधेः अन्तं न ययुः तस्य कृत्स्नस्य शब्दवारिधेः प्रक्रियां वक्तुम् (मद्वक्षणो) नरः कथं क्षमः ॥ २ ॥ (इत्यन्वयः)

भाषार्थ-इन्द्रादिक देव और अपि शब्दसे व्यासवाल्मीकिआदि ऋषि अथवा इंद्रादिक आठ महाव्याकरण शास्त्रके कर्त्ता जिस शब्दसमुद्र व्याकरणके अन्त नाम पारको नही प्राप्त होते हुए तिस समस्त शब्दसमुद्रकी प्रक्रियाके कहनेको मेरे सदृश लक्षणवाला नर कैसे समर्थ होसक्ताहै किन्तु नही होसक्ताहै । इस कारण संक्षेपपूर्वक कहताहूं ॥ २ ॥

प्रथम संज्ञाप्रक्रिया कहनेको अपेक्षित होनेसे संज्ञाव्याख्याके जनानेवाली फक्किकाको कहतेहैं ॥

तत्रतावत्संज्ञासंव्यवहारायसंगृह्यते ।
तत्र-तावत-संज्ञा-मया-संगृह्यते-कस्मै प्रयोजनाय-संव्यवहाराय-

(१) इस ग्रन्थके अधिकारी बालहै और विषय शब्द और बालबुद्धिकी वृद्धि प्रयोजन है और प्रतिपाद्य प्रतिपादकभाव सम्बन्धहै । इस श्लोकमे प्रथम अशब्दका प्रयोग मगलार्थहै । लिखाहै-अ शब्दश्चाप अ शब्दश्च द्वावेतौ ब्रह्मण. पुरा । कठ भित्त्वा विनिर्यातौ तस्मान्मगलवाचिनौ ॥ इति ।

भाषार्थ–तिस सारस्वती प्रक्रियाके विषे प्रथमही समानस्वरादिकोंकी संज्ञा मुनि अनुभूतिस्वरूपाचार्य्यने संग्रह कीहै किस प्रयोजनके अर्थ कि, भली प्रकार शास्त्रव्यवहारके अर्थ क्योंकि शास्त्रके विषे संज्ञा विना भलीप्रकार प्रत्येक रूपका नहीं ज्ञान होताहै. भाव यह है कि, जिसप्रकार कि, लोकमें सुनाजाताहै कि, यह राजाहै यह मंत्रीहै यह देवदत्तहै तिसीप्रकार इसमेंभी समानादि संज्ञा शास्त्रव्यवहारके अर्थ संग्रहकी हैं ॥

प्रथम स्वरोंकी संज्ञा कहते हैं।

अ इ उ ऋ ऌ समानाः।

अ इ उ ऋ ऌ[1]–समानाः। द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अनेन प्रत्याहारग्रहणाय वर्णाः परिगण्यन्ते तेषां समानसंज्ञा च विधीयते।

भाषार्थ–इस कहे हुए और कहे जानेवाले सुत्रोंके समूहकर प्रत्याहार ग्रहणकरनेके लिये वर्ण गिनेगयेहैं अर्थात् अक्षरक्रमसे प्रकाशित कियेगयेहैं उन अक्षरोंके मध्यमें पूर्व कहे हुए अ इ उ ऋ ऌ इन अक्षरोंकी समान यह संज्ञा विधान कीहै. भाव यह है कि, इस सूत्रमें जो कि, अक्षर क्रमसे गिनाये गयेहैं उनको समान इस नाममे वैयाकरण कहतेहैं ॥ (१)

यदि कहो कि, अ इ उ ऋ ऌ इत्यादिक सुत्रोंके विषे सन्धि कैसे नहीं की, तहाँ कहते हैं ॥

एतेषुसूत्रेषुसन्धिर्नानुसन्धेयोऽविवक्षितत्वाद्विवक्षितस्तुसन्धिर्भवतीतिनियमात्।

भाषार्थ–इन कहेहुए और अगारी कहेजानेवाले सूत्रोंके विषे सन्धि नहीं करनेयोग्यहै किसकारण कि, अविवक्षित होनेसे क्योंकि, विवक्षित सन्धि होताहै यह नियमहै भाव यहहै कि, जिस सन्धिके किये जानेपर कार्य विध्वंस होवै वह अविवक्षित सन्धि होवैहै जैसे कि, अ इ उ ऋ ऌ इनका सन्धि करनेपर अव्वृ ऌ ऐसा होताहै और जिस सान्धिके किये जानेपर कार्यासिद्धि होवै वह विवक्षित सन्धि होवैहै जैसे कि,

---

(१) अ–इ–उ–ऋ–ऌ–समाना:। । इस सूत्रमे कोई आचार्य्य छैपद कहेतैह यहाँ सांकेतिक पद होनेसे विभक्तिका लोप होगयाहै लिखाभीहै–सूत्रे विभक्तिर्नैवास्ति वृत्तौ यत्रोपलभ्यते। एक द्वित्वबहुत्वादि तत्साकेतिकमुच्यते॥ १॥ अर्थ सूत्रमे विभक्ति होवै नहीं और जहाँ वृत्तिमे एकवचन या द्विवचन वा बहुवचनादिक प्राप्त होवै तो वह पद सांकेतिक कहा जाताहै छै प्रकारके सूत्रोंमे यह सज्ञासूत्रहै ॥ संज्ञा च परिभाषा च विधिर्नियम एव च। अतिदेशोऽधिकारश्च षट्विध सूत्रलक्षणम् ॥ १॥ अर्थ–सज्ञा–परिभाषा–विधि–नियम–अतिदेश–अधिकार–यह छै प्रकारके सूत्र होतैह। इति।

ई ऊ ए । इनकी सन्धि करनेपर य्वे ऐसा रूप होताहै इत्यादिकमें सन्धि करना निषेध नहीं क्योकि इत्यादिकमे सन्धि करनेसे कार्यसिद्धि नहीं दूर हुई–

लौकिकप्रयोगनिष्पत्तयेसमयमात्रत्वाच्च ।

भाषार्थ–लौकिक प्रयोग अर्थात् व्याकरणके विषे उत्पन्न हुए जो अनादि-सिद्ध शब्दप्रयोग उनकी सिद्धिके लिये सूचनमात्र किये जानेसे सन्धि नहीं की अथवा लौकिक जो बाल उनके प्रयोगोकी सिद्धिके लिये सूचनमात्र होनेसे सन्धि नहीं की । भाव यहहै कि, सन्धिकार्य करनेपर (अय्वृल्) ऐसा पद होताहै उसके पाठमें मन्द-बुद्धिजन सशयवद्ध होतेहैं दूसरे यकारादिकोका स्वरसंज्ञाप्रसंग होताहै इस कारण यहाँ सन्धि नहीं की–

ह्रस्वदीर्घप्लुतभेदाः सवर्णाः ।

ह्रस्वदीर्घप्लुतभेदाः–सवर्णाः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) एतेषां ह्रस्वदीर्घ-प्लुतभेदाः परस्परं सवर्णा भण्यन्ते ।

भाषार्थ–इन समानसंज्ञक अक्षरोके ह्रस्व दीर्घ प्लुत भेद आपसमे सजातीय कर सवर्ण कहेहैं (१) यदि कहो कि, सरस्वतीप्रणीत सूत्रोमे ह्रस्वादि लक्षण नही हैं फिर यहां कैसे जाने जासक्ते है तहाँ कहतेहैं–

लोकाच्छेषस्यसिद्धिरितिवक्ष्यति ।
ततोलोकत एव ह्रस्वादिसंज्ञा ज्ञातव्या ।

भाषार्थ–इस व्याकरणमे शेषरहेहुएकी सिद्धि लोक नाम अन्य व्याकरणग्रन्थसे जानने योग्यहै इस ग्रन्थके अन्तमे सरस्वती ऐसा कहेगी तिसकारण अन्य व्याकरण-ग्रन्थोसे ह्रस्वादि संज्ञा जाननी योग्यहै ।

एकमात्रो ह्रस्वो द्विमात्रो दीर्घस्त्रिमात्रःप्लुतो व्यञ्जनं चार्द्धमात्रकम्। एषाम-न्येष्युदात्तादिभेदाः सन्ति । उच्चैरुपलभ्यमान उदात्तः । नीचैरनुदात्तः । समवृ-त्त्या स्वरितः । सानुनासिको निरनुनासिकश्च ।

भाषार्थ–जिसके उच्चारणकालमे एक मात्रा होतीहै वह ह्रस्व और जिसके उच्चा-रणकालमें दो मात्रा होवेहै वह दीर्घ और जिसके उच्चारणकालमे तीन मात्रा होवें हैं वह प्लुत और जिसके उच्चारणकालमे अर्द्ध मात्रा होवेहै वह व्यञ्जन कहाजाताहै

(१) जैसे । अ । यह ह्रस्व और आ यह दीर्घ आ ३ यह प्लुत इसी प्रकार इ और उ और ऋ और ऌ के भेद जानने । चाषश्चैकां वदेन्मात्रा द्विमात्रं वायसो वदेत्। त्रिमात्र च शिखी ब्रूयान्नकुल-श्चार्द्धमात्रकम ॥१॥ इति ।

इन ह्रस्वादिभेदोंके औरभी उदात्तादिक भेद हैं जो कि, ऊंचे शब्दकर उच्चारण कियाजाताहै वह उदात्त और जो कि, नीचे स्वर करके उच्चारण किया जाताहै वह अनुदात्त और जोकि, समानवृत्तिकर उच्चारण कियाजाताहै वह स्वरित है यह सब सानुनासिक और निरनुनासिक होतेहैं जैसे एक अ इस अक्षरके ह्रस्व दीर्घ प्लुत भेदकर तीन रूप हुए फिर उदात्त अनुदात्त स्वरित भेदकर नौ रूप हुए फिर सानुनासिक निरनुनासिक भेदकर अठारह भेद हुए इति ॥

ए ऐ ओ औ संध्यक्षराणि ।

^{१}ए ^{१}ऐ ^{१}ओ ^{१}औ —सन्ध्यक्षराणि ^{३} (१) द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) एषां ह्रस्वा न सन्ति ।

भाषार्थ—एकार तथा ऐकार और ओकार और औकार संध्यक्षरसंज्ञक हैं और इन एकार ऐकार ओकार औकार सन्ध्यक्षरोंके ह्रस्वभेद नहीं होतेहैं किन्तु दीर्घ और प्लुत भेद होतेहै और यह सन्ध्यक्षर परस्पर सवर्ण भी नहीं होतेहैं (२) ॥

उभये स्वराः ।

^{१}उभये ^{३}—^{१}स्वराः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अकारादयः पञ्च चत्वार एकारादयश्च उभये स्वरा उच्यन्ते ।

भाषार्थ—अकारसे आदिलेकर पांच अर्थात् अकार इकार उकार ऋकार ऌकार और एकारसे आदिलेकर चार अर्थात् एकार ऐकार ओकार औकार यह दोनो मिलकर नवसंख्यक स्वर कहेहैं और चकार ग्रहणसे समानोंके दीर्घभेद अर्थात् आकार ईकार ऊकार ॠकार ॡकार यह पांच और मिलानेसे चौदह स्वर होतेहैं ॥

अवर्ज्या नामिनः ।

^{१}अवर्ज्याः—^{१}नामिनः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अवर्णवर्ज्याः स्वरा नामिन उच्यन्ते ।

भाषार्थ—अवर्ण नाम अकार और आकार इनसे वर्जित जो स्वरहैं वह नामि कहेहैं अर्थात् इई उऊ ॠॠ ऌॡ एऐ ओऔ यह स्वर नामिसंज्ञकहै ॥

---

(१) अथवा । ^{१}ए ^{१}ऐ ^{१}ओ ^{१}औ—सन्ध्यक्षराणि । पञ्चपदमिदं सूत्रम् । (२) इन सन्ध्यक्षरोंके ४८ भेद होतेहै जैसे चार सन्ध्यक्षरोंके दीर्घ प्लुत भेदसे आठ भेद और इन आठोंके मध्यमें प्रत्येकके उदात्त अनुदात्त स्वरित भेदसे चौबीस भेद और इन चौबीसोंके मध्यमें प्रत्येकके सानुनासिक और निरनुनासिक भेदसे अडतालीस भेद होतेहै ।

अनुक्रान्तास्तावत्स्वराः ।

भाषार्थ–तावत् नाम आदिमे स्वर जो हैं वे अनुक्रमसे कहेहैं ॥

अथ प्रत्याहारजिग्राहयिषया व्यञ्जनान्यनुक्रामति ।

भाषार्थ–इसके अनन्तर प्रत्याहारोके ग्रहण करावनेकी इच्छासे व्यञ्जनोकोभी अनुक्रमसे कहतेहैं ॥

हयवरल । भणनङम । झढधघभ । जडदगब ।
खफछठथ । चटतकप । शषस ।

हयवरल ञणनङम (१)झढधघभ जडदगब खफछठथ चटतकप शषस ।

आद्यन्ताभ्याम् ।

आद्यन्ताभ्याम् । एकपदमिदं सूत्रम् । (वृत्तिः) प्रत्याहारं जिघृक्षता आद्यन्ताभ्यामेते वर्णा ग्राह्याः । आदिवर्णोऽन्त्येन सह गृह्यमाणस्तन्नामा प्रत्याहारः । तथाहि । अकारो वकारेण सह गृह्यमाणोऽवप्रत्याहारः ।

भाषार्थ–प्रत्याहारके ग्रहण करनेकी इच्छावाले पुरुषको आद्यन्त वर्णोंसहित यह हकारादि सकारपर्यंत हस ग्रहण करने योग्यहैं, भाव यह है कि, जो पुरुष प्रत्याहार ग्रहण करनेकी इच्छा करै उसको इन हकारादि सकारान्त हसोके मध्यमे आदि और अन्तवण साहेत वर्ण ग्रहण करने चाहिये, जो की आदिवर्ण अन्तवर्णके साथ ग्रहण कियाजाताहै उसीका नाम प्रत्याहार है जैसे कि, अकार वकारके साथ ग्रहण कियाजावै तौ उसको अव प्रत्याहार कहतेहै ॥

मचोच्यते । अ इ उ ऋ ऌ ए ऐ ओ औ । हयवरल । ञणनङम । झढधघभ । जडदगब । इत्येतावत्संख्याकः संपद्यते । चटतकप इति चप प्रत्याहारः । जडदगब इति जब प्रत्याहारः । झढधघभ इति झभ प्रत्याहारः ।

भाषार्थ–वह अव प्रत्याहार कहाभी जाताहै अ इ उ ऋ ऌ ए ऐ ओ औ । हयवरल ञणनङम झढधघभ जडदगब इतनी सख्यावाला अव प्रत्याहार होताहै अर्थात् अकारसे लेकर वकार पर्यन्त उनतीसवर्णका वा आकारादि सवर्ण ग्रहणसे चौतीस वर्णका अव प्रत्याहार होताहै इसीप्रकार चटतकप इन पाच अक्षरोकरके चप प्रत्याहार होताहै और जडदगब इन पांच अक्षरोकरके जब प्रत्याहार होताहै और झढधघभ इन पाच अक्षरोकरके झभ प्रत्याहार होताहै ॥

---

(१) इन हकारादि सकारान्त हसोंमे प्रत्येकके विषे प्रथमान्त एकवचन साकेतिक जानने ।

एवं यत्रयत्र येनयेन प्रत्याहारेण कृत्यं सस तत्रतत्र ग्राह्यः । प्रत्याहाराणां संख्यानियमस्तु नास्ति ।

भाषार्थ–इसीप्रकार जिस २ उदाहरणके विषे जिस २ प्रत्याहारके साथ कार्य होवै वह वह प्रत्याहार उसी उसी उदाहरणके विषे ग्रहण करने योग्यहै प्रत्याहारोंकी संख्याका नियम नहींहै ॥ (१)

हसाव्यञ्जनानि ।

हँसाँः–व्यँञ्जनाँनि । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) हकारादयस्सकारान्ता वर्णा हसा व्यञ्जनानि भवन्ति ॥

भाषार्थ–हकारसे लेकर सकारपर्यन्त तेतीस अक्षर हस संज्ञक कहेहैं और व्यञ्जन-संज्ञक भी कहेहैं ॥

इसके अनन्तर व्यञ्जनलक्षण कहतेहैं ।

स्वरहीनं व्यञ्जनम् । तेष्वकारः सुखोच्चारणार्थत्वादित्संज्ञकः ।

भाषार्थ–जो कि, स्वरकरके हीनहै वह व्यंजन होताहै भाव यहहै कि, जिस अक्षरमें कि, अकारादि स्वर न होवै वह व्यञ्जन कहा जाताहै । यदि कहो कि, हकारादिक स्वरसहित वर्ण कैसे व्यञ्जनसंज्ञकहैं तहाँ कहतेहै कि, उन व्यञ्जनोंके विषे अकार सुखपूर्वक उच्चारणार्थ किया गयाहै वह इत्संज्ञकहै ॥

कार्यायेत् ।

कँार्यार्यँ–इँत् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) प्रत्ययाद्यतिरिक्तः कर्म्मे चित्कार्य्यार्थोच्चार्यमाणो वर्ण इत्संज्ञो भवति । यस्येत्संज्ञा तस्य लोपः ।

भाषार्थ–प्रत्यय और आदि शब्दसे आगम आदेश उपदेश इनसे अतिरिक्त अर्थात् अधिक वर्ण किसी कार्यके लिये उच्चारण किया हुआ इत्संज्ञक होताहै (१) जिसकी इत्संज्ञाहै उसका लोप कियाजाताहै ॥

---

(१) यहाँपर कोई आचार्य ऐसा अर्थ करतेहै कि, प्रत्याहारोंकी संख्याका अनियम नहींहै किन्तु नियमही है, क्योंकि प्रत्याहारोंकी संख्या पूर्वाचार्योंने कहीहै । हसो १ झभो २ जब ३ खैच यषो ४ अच ५ इल ६ श्वष ७ । ऊमो ८ झभ ९ खस १० प्रोक्तो झस ११ श्च छत १२ ईरित ॥ १ ॥ यमो १३ हव १४ खष १५ श्चोक्तो डब १६ श्च टभ १७ इष्यते । रसो १८ वस १९ झस २० ख्यातो झषो २१ अच २२ उदाहृत ॥ २ ॥ ऊ२३ उच्यते तत प्राज्ञैः प्रत्याहारा उदीरिता । सोऽत्रा एते स्फुट ज्ञेयास्तथा चान्ये यथामति ॥ ३ ॥

वर्णादर्शनं लोपः । वर्णविरोधोलोपश् । मित्रवदागमः । शत्रुवदादेशः । स्वरानन्तरिता हसाः संयोगः ।

भाषार्थ–वर्णनाम अक्षरोका जो अदर्शनहै वह लोप कहा जाताहै और वर्णोंका जो विरोधहै वह लोपश् कहाजाताहै भाव यहहै कि, एक वर्णको नाशकरै और दूसरेकी उत्पत्तिको रोकै वह लोपश् होताहै । मित्रके समान आगम कहाहै भाव यहहै कि, जिस प्रकार कि, मित्रके समीप आकर मित्र बैठताहै तिसी प्रकार आगम होताहै और शत्रुके समान आदेश कहाहै भाव यहहै कि,जिस प्रकार कि, शत्रु शत्रुका विनाश कर उसके स्थानमे स्थित होताहै तिसीप्रकार आदेशभी आदेशीको विनाशि उसके स्थानमे होताहै । स्वरो करके अनन्तरित अर्थात् स्वरोकरके वर्जित जो दो वा बहुत हस वह संयोगसंज्ञक कहेहै ॥

कुचुटुतुपु वर्गाः ।

कुचुटुतुपु–वर्गाः । द्विपदमिदं सूत्रम् । (वृत्तिः) उकारः पञ्चवर्णपरिग्रहणार्थः ।

भाषार्थ–कुचुटुतुपु यह पाचो वर्गसंज्ञकहैं इनके विषे उकारका उच्चारण पाचा वर्गके वर्णोंके ग्रहण करनेकेलिये है जैसे कु इस कहनेसे कखगघङ इन पॉच अक्षरोका ग्रहण होगा इसीप्रकार अन्यभी जानने ॥

अरेदोन्नामिनो गुणः ।

अरेदोत्–नामिनः–गुणः । (२) त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) नामिनः स्थानिका अर् एत् ओत् एते गुणसंज्ञका भवन्ति ।

भाषार्थ–नामियोंके स्थानपर उत्पन्न हुए अर् और एकार और ओकार यह तीनों गुणसंज्ञक होवैहैं भाव यहह कि, ऋकार और ॠकारके स्थानम अर् गुण और इकार और ईकारके स्थानमे ए गुण और उकार तथा ऊकारके स्थानमे ओ गुण होताहै और ऋकार तथा ऌकारकी सवर्णता होनेसे ऌकारको अल् गुण होताहै ॥

---

(१) प्रत्ययमे अतिरिक्त अप् प्रत्ययादि और आगमातिरिक्तनुडागमादि । और आदेश पुंसोसुङ् इत्यादिरूप और उपदेश शिष्याव्याख्या हयवरल इत्यादिक—इत्यलम् । (२) अरे–एत्–ओत्–नामिनः–गुणः । त्रिपदमिदं सूत्रम् ।

आरैऔ वृद्धिः ।

आरैऔ[1][3]—वृद्धि[1]ः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) आ आर् ऐ औ एते वृद्धिसंज्ञकाः ।

भाषार्थ—आ, आर्, ऐ तथा औ यह वृद्धिसंज्ञक होवै हैं भाव । यहहै कि, अवर्णके स्थानमें आ वृद्धि और ऋवर्णके स्थानमें आर् वृद्धि और इवर्ण तथा एकारके स्थानमें ऐ वृद्धि और उवर्ण तथा ओकारके स्थानमें औ वृद्धि होवै है और ऋकार तथा ऌकार इन दोनोकी सवर्णता होनेसे ऌवर्णके स्थानमें आऌ वृद्धि होवैहै ॥

अन्त्यस्वरादिष्टिः ।

अन्त्यस्वरादिः[1]—टि[1]ः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अन्त्यो यः स्वरस्तदादि वर्णष्टिसंज्ञको भवति ।

भाषार्थ—अन्तके विषे स्थित हुआ जो स्वर और वही अन्तके विषे स्थित हुआ स्वरहै आदिमे जिसके ऐसे वर्ण सहित टि संज्ञक होताहै अर्थात् अन्त्य स्वरसे लेकर वर्ण टि संज्ञिक होवै है । भाव यहहै कि, स्वरान्त शब्दका जो अन्तका स्वरहै वही टि संज्ञक होताहै और हसान्त शब्दका अन्त्य हस और उससे पाहिला स्वर दोनोंही टि संज्ञक होवै हैं जैसे स्वरान्त शब्द हरिमे इकारकी टि संज्ञाहै और हसान्त महिमन् शब्दमे अन्की टि संज्ञाहै ॥

अन्त्यात्पूर्व उपधा ।

अन्त्यात्—पूर्वः—उपधा[1] । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अन्त्यादृर्णमात्रात्पूर्वो यो वर्णः स उपधासंज्ञको भवति ।

भाषार्थ—केवल अन्तके विषे स्थित हुए वर्ण मात्रसे जो पूर्व वर्ण है वह उपधासंज्ञक होताहै जैसे राजन् शब्दमे न्कारसे पहिले जो अकारहै उसकी उपधा संज्ञाहै ॥

असंयोगादि परो ह्रस्वो लघुः । विसर्गानुस्वारसंयोगपरो दीर्घश्च गुरुः ।

भाषार्थ—नही है संयोग और आदि शब्दसे विसर्ग तथा अनुस्वार परे जिसके ऐसा ह्रस्व वर्ण लघु कहाहै भाव यहह कि, जिस ह्रस्व वर्णसे अगारी संयोग तथा विसर्ग और अनुस्वार न होवै वह लघु कहाताहै और विसर्ग तथा अनुस्वार और संयोग परे हैं जिसके अर्थात् जिसके अगारी विसर्ग वा अनुस्वार वा संयोग होवै ऐसा ह्रस्व और दीर्घ गुरु कहाता है ॥

वर्णग्रहणे सवर्णग्रहणम् । कारग्रहणे केवलग्रहणम् । तपरकरण तावन्मात्रार्थम् ।

भाषार्थ-वर्णके ग्रहणमे सवर्णका ग्रहण होता है और कार ग्रहणमे केवल उसीका ग्रहण होता है और तकारका परमें करना तावन्मात्रार्थ है भाव यहहै जिसके साथ वर्ण ग्रहण किया जावे तो उसका और उसके सवर्णका ग्रहण होताहै जैसे अवर्णके ग्रहणमे अकार तथा आकार दोनोंका ग्रहण होगा और जिसके साथ कारका ग्रहण किया जावे तो केवल उसीका ग्रहण होताहै जैसे अकारके ग्रहणसे अ इसका ही ग्रहण होगा और जिसके पिछारी त् ऐसा अक्षर बोलाजावे तोभी केवल उसीका ग्रहण होगा ॥

मुखनासिकावचनोऽनुनासिकः ।

मुखनासिकावचनः-अनुनासिकः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) मुखनासिकाभ्यामुच्चार्यमाणो वर्णोऽनुनासिकः ।

भाषार्थ-मुख और नासिका इन दोनोसे उच्चारण किया हुआ जो वर्णहै वह अनुनासिकसंज्ञक होता है ॥

अकुहविसर्जनीयानां कण्ठः । इचुयशानां तालु । ऋटुरषाणां मूर्द्धा । ऌतुलसानां दन्ताः । उपूपध्मानीयानामोष्ठौ ॥ जिह्वामूलीयस्य जिह्वामूलम् । नाभिकानुस्वारस्य । एदैतोः कण्ठतालु । ओदौतोः कण्ठोष्ठम् । वकारस्य दन्तोष्ठम् । ञमङणनाना नासिका च । ×क इति जिह्वामूलीयः । ×प इत्युपध्मानीयः । अं इत्यनुस्वारः । अः इति विसर्गः ।

भाषार्थ-अ वर्ण और क वर्ग और हकार तथा विसर्जनीयोंका स्थान कण्ठ है और इ वर्ण तथा च वर्ग और यकार तथा शकार इनका स्थान तालु है और ऋ वर्ण तथा ट वर्ग और रकार तथा षकार इनका स्थान मूर्द्धा है और ऌ वर्ण तथा त वर्ग और लकार तथा सकार इनका स्थान दंत है और उ वर्ण तथा प वर्ग और उपध्मानीय इनका स्थान ओष्ठहै और जिह्वामूलीयका स्थान जिह्वामूल है और अनुस्वारका स्थान नासिकाहै ए ऐ का कण्ठतालुस्थानहै ओ औ का कंठ ओष्ठ स्थान है और ञ म ङ ण न इनका स्थान भी नासिका है, जिस विसर्गका ककार तथा खकारके संबन्धमे ऐसा × रूप हो वह जिह्वामूलीय संज्ञकहै और जिस विसर्गका पकार तथा फकारके संबन्धमे ऐसा × रूप होवे वह उपध्मानीय संज्ञकहै अं यह अनुस्वार संज्ञकहै । अः यह विसर्गसंज्ञकहै ॥

इति संज्ञाप्रकरणम् ।

अधुना स्वरसन्धिरभिधीयते ।

भाषार्थ–संज्ञाप्राकृयाके कहनेके अनन्तर अब स्वरसन्धि कही जावे है जो कि, आपसमें अक्षरोंका मिलना है वह ही संधि कही जाती है ॥ (१)

इयं स्वरे

१ १ २ १ ७ १

इ–यम्–स्वरे । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) इवर्णो यत्वमापद्यते स्वरे परे । दधि आनय इति स्थिते दध्य् आनय इति तावद्भवति ।

भाषार्थ–इ वर्ण अर्थात् इकार और ईकार यकारको प्राप्त होवे हैं स्वर परे सति भाव यह है कि, जिस इकार अथवा ईकारसे अकारादि स्वर परे होवे तौ उस इकार वा ईकारके स्थानमें यकार होता है जैसे दधि आनय ऐसी स्थिति है इसका द ध् य् आनय ऐसा हुआ ॥ (२)

हसेऽर्हहसः ।

५ १ १ १ १ १

हसे–अर्ह–हसः । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) स्वरात्परो रेफहकारवर्जितो हसो हसे परे द्विर्भवति । इति धकारस्य द्वित्वम् ।

भाषार्थ–स्वरसे परे रेफ और हकार वर्जित जो हस सो हस परे सते द्विरूप होवे भाव यह है कि, जिस हसके स्वर तो पूर्वमें होवे और हस पिछारी होवे तो वह हस द्विरूप होताहै परन्तु वह हस रकार अथवा हकारमेसे न होवे यदि रकार अथवा हकारमेसे होवे तो द्विरूप न होवे इससे धकारको द्वित्व हुआ ॥

पुनर्द्वित्वे प्राप्ते न द्विरुक्तस्य द्विरुक्तिः । द्वित्वविधानसामर्थ्याद्वावेव शिष्यते । अन्ये हसा लुप्यन्ते । दध्यु् आनय इति जातम् ।

---

(१) यदि कहो कि, प्रथम तौ स्वरोमे अकारकी गणनाहै फिर उसके होनेपर इकारकी सधि अगले सूत्रमे पहले कैसे प्रतिपादन कीहै तहा यह समाधानहै कि इकार सावित्रीशक्तिरूपहै और वह सर्व जगत्की रचना करनेवालीहै इससे प्रथम इकारकीही सन्धि प्रतिपादन कीहै–इत्यलम् । (२) यदि कहो कि (दधि आनय) इस प्रयोगमे (नामिन स्वरे) इस सूत्रविधानसे सुलाभम कैसे नहीं किया तहाँ कहतेहै कि(नामिन. स्वरे) यह सूत्र स्यादि विभक्तियोके विषे स्वर परे सतेही प्राप्तहोसक्ताहै नकि और जगह । यदि कहो कि तौ (यस्य लोप) इस सूत्रविधानसे इकारका लोप कैसे नही होताहै तहाँ कहतेहै कि (यस्य लोप) यह सूत्र ईप् प्रत्यय तथा तद्धित स्वर और यकार परेसतेही होसक्ताहै न कि और जगह । यदि कहो कि दध्यु् आनय इस प्रयोगमे (सयोगान्तस्य लोप.) इस सूत्र विधानसे यकारका लोप क्यो नही किया गया तहाँ कहतेहै कि (असिद्धबहिरगमन्तरङ्गे) अन्तरग कार्यो होनेपर बहिरग कार्य असिद्ध होताहै इस कारण इकारको यकार विधान करनेसे (संयोगान्तस्य लोप) इस सूत्रकी प्राप्ति नही होसक्ती–इत्यलम् ।

भाषार्थ-इस हसेर्हसः सूत्रसे फिर द्वित्व प्राप्त होता है तहाँ कहते हैं कि, द्विरुक्त अर्थात् द्विर्वचन हुएका फिर द्विर्वचन नहीं होता है, द्वित्व विधानके सामर्थ्यसे दोही शेष रहते हैं अन्य हस लोप होजाते हैं तब (दृध्ध्य्) आनय ऐसा हुआ ॥

झवे जवाः ।

झवे-जवाः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) झसानां झवे परे जवा भवन्ति । इति पूर्वधकारस्य दकारः । सवर्णत्वाद्वर्ग्योवर्ग्येण सवर्ण इति वचनात् । यथासंख्यं वा वक्तव्यम् । स्वरहीनं परेण संयोज्यम् । दद्धचानय इति सिद्धम् ।

भाषार्थ-झसोको झव प्रत्याहार परे सते जव होते हैं । यदि कहो कि, झस तो तेईस हैं और जव पाँचही हैं तिस कारण (यथासंख्यं) इस करके धकारको दकारही कैसे किया जाता है तहाँ कहते हैं सवर्ण होनेसे धकारके स्थानमें दकारही होता है । यदि कहो कि, धकार तथा दकारकी सवर्णता कैसे है तहाँ कहते हैं कि, वर्ग्य अर्थात् वर्गका वण अपने वर्गके अन्तर्वर्त्ती अक्षरके साथ सवर्ण होता है इस वचनसे सवर्ण होनेसे धकारके स्थानमें दकार हुआ अथवा यथासंख्यभी वक्तव्य है परन्तु अग्निमथ्भ्यां इत्यादिकके विषे सवर्ण होनेसेही थकारको दकार होता है न कि, यथासंख्यकर जो कि, अक्षर अकारादि स्वरसे वर्जित होता है वह पर अर्थात् अगारी स्थित हुए स्वरादि वर्णके साथ संयुक्त होने योग्य है-तब दद्धचानय ऐसा सिद्धहुआ इसी प्रकार और भी जानने-इति ॥

गौरी अत्र । अर्हेति विशेषणान्न रेफस्य द्वित्वम् । किन्तु ।

भाषार्थ-इसके अनन्तर ईकारका उदाहरण कहते हैं गौरी अत्र इस प्रयोगके विषे (इयं स्वरे) इस सूत्रकर गौर्य्यत्र ऐसा भया (हसेऽर्हसः) इस सूत्रके विषय अर्ह इस विशेषणसे रेफको द्विर्वचन नहीं हो सक्ता है तो फिर क्या करना चाहिये तहाँ कहते-है इति ॥

राद्यपो द्विः ।

गार्ग्यपः-द्विः । त्रिपदमिदंसूत्रम् (वृत्तिः) स्वरपूर्वाद्रेफात्परो यपो द्विर्भवति । जलतुम्बिकान्यायेनरेफस्योर्ध्वगमनम् । गौर्य्यत्र । स्वर इत्यनुवर्त्तते ।

भाषार्थ-स्वरहै पूर्व जिसके ऐसा जो रकार उससे परे जो यप् प्रत्याहार सो द्वित्व होवेहै । और जलतुम्बिकाके न्याय कर रकारका ऊर्ध्व गमन होताहै तब गौ-

र्य्यत्र ऐसा सिद्धहुआ (१) इससे अगारी स्वरसन्धिपर्य्यन्त समस्त सूत्रोंके विषे (स्वरं) ऐसापद अनुवृत्तिको प्राप्त होताहै जैसे कि, (इयंस्वरे) इसमें (स्वरं) ऐसा पदहै तिसी प्रकार (उवं) इत्यादिकमें भी जानना चाहिये इति ॥

एवमन्यत्रापि यत्र न सूत्राक्षरैः कार्यसिद्धिस्तत्र सर्वत्र सूत्रान्तगत्पदान्तराऽनुवृत्तिर्ज्ञातव्या । ग्रन्थभूयस्त्वभयान्नास्माभिर्लिख्यते ।

भाषार्थ–इसी प्रकार अन्य प्रयोगोके विषेभी जहां केवल सूत्राक्षरों कर कार्यासिद्धि न होवे तहां अन्य सूत्रसे अन्य पदकी अनुवृत्ति जानने योग्यहै शास्त्रकी बाहुल्यताके भयसे सूत्र २ के विषे वह २ पद हमने नहीं लिखाहै जो कि, किसी २ सूत्रमें आचुकाहै अथवा आ नाम सरस्वतीने नहीं लिखाहै–इति ॥

उवम् ।

उ३ं–व३ंम् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) उवर्णौवत्वमापद्यते स्वरेपरे मधअत्र । मद्धुत्र ।

भाषार्थ–उवर्ण (२) अर्थात् उकार ऊकार रूप वकारको प्राप्त होवेहै स्वर परे सते भाव यहहै कि, जिस उकार वा ऊकारसे परे स्वर होवे तो उस उकार वा ऊकारके स्थानमें वकार होय जसे मधु अत्र इसका हुआ मध्वू अत्र । फिर हसेर्हसः । इस सूत्रसे धकारको द्वित्व तो हुआ । मध्धुव् अत्र । फिर झवे जवाः । इस सूत्रसे पूर्व धकारको दकार भया फिर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इससे मद्धुत्र ऐसा सिद्ध हुआ–इति ॥

ऋरम् ।

ऋ३ं–र३ंम् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) ऋवर्णो रत्वमापद्यते स्वरे परे । पितृ अर्थः । पित्रर्थः ।

भाषार्थ–ऋवण नाम ऋकार ऋकाररूप रकारको प्राप्त होताहै स्वरपरे सते भाव यहहै कि, जिस ऋकार वा ऋकारसे परे स्वर होवे उस ऋकार वा ऋकारके स्थानमें रकार होताहै जैसे पितृ अर्थः । इसका पितर् अथः हुआ । फिर हसेर्हसः । इस सूत्र करके तरकारको द्वित्व हुआ तो पितृ त्र् अर्थः । फिर (स्वरहीनं०) इस कर पित्रर्थः। ऐसा सिद्ध हुआ–इति ॥

---

(१) (नदीर्घादाचार्य्याणाम्) इससे द्वौवे स्वरहै पूर्व जिसके ऐसे रकारसे परे यपका द्वित्व कोई आचार्य नहीं इच्छा करतेहै इससे उनके मतमें गौर्यत्र ऐसा सिद्ध होताहै । (२) यदि कहो कि सूत्रमें तो केवल उकारही ग्रहणहै वृत्तिमें वर्णका ग्रहण कैसे कियाहै तहाँ कहतेहै कि, तपरकरण और कार ग्रहण विना वर्णही ग्रहण होताहै ।

ऌलम् ।

ऌ̱–ऌ̱म् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) ऌवर्णो लत्वमापद्यते स्वरे परे । ऌ अनुबन्धः । लनुबन्धः ।

भाषार्थ–ऌवर्ण अर्थात् ऌकार ऌकार रूप लकारको प्राप्त होवेहै स्वर परे संते जैसे ऌ अनुबन्धः । तिसका भया ल अनुबन्धः । फिर स्वरहीनंपरेण० इससे हुआ। लनुबन्धः–इति ॥

ए अय् ।

ऐं –अँय् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) एकारो अय् भवति स्वरेपरे । नेअनम् । नयनम् ।

भाषार्थ–एकार अय् होवे स्वरपरेसंते भाव यहहै कि, जिस एकारसे परे स्वर होवे तो उस एकारके स्थानमें अय् होय जैसे–ने अनम् । नयनम, ऐसा सिद्ध भया–इति ॥

ओ अव् ।

ओं –अँव् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) ओकारोऽव्भवति स्वरे परे । भो अति । भवति ।

भाषार्थ–ओकार अव् होवे स्वरे परे संते जैसे–भो अति । तिसका भया भ् अव् अति । फिर (स्वरहीनं०) इससे भवति ऐसा सिद्ध भया ।

गवादेरवर्णागमोऽक्षादौवक्तव्यः । गोअक्षः । गवाक्षः। गोइन्द्रः । गवेन्द्रः । गोअजिनम् । गवाजिनम् । प्र ऊढः । प्रौढः । प्र ऊढिः । प्रौढिः । स्व ईरम् । स्वैरम् । स्व ईरिणी । स्वैरिणी । अक्ष ऊहिनी । अक्षौहिणी सेना ।

भाषार्थ–गवादिक शब्दोको अ वर्णका आगम होय अक्षादि पर हुए संते भाव यह है कि, गोआदिक शब्दोमें यदि अक्षादिक शब्द परे होवैं तो गोआदिक शब्दोको अकारका आगम होय जैसे (गो अक्षः) तिसका भया (गो अ अक्षः) फिर (ओ अव्) इससे भया (ग अ व् अ अक्षः) फिर (स्वरहीनं परेण संयोज्यं) इससे भया (गव अक्षः) फिर (सवर्णे दीर्घः सह) इस अगले सूत्रकर सिद्ध भया (गवाक्षः) इसी प्रकार (गो अजिनं) तिसका भया (गो अ अजिनम्) फिर (ओ अव्) इससे भया (ग अ व् अ अजिनम्) फिर (स्वरहीनं०) (गव अजिनम्) फिर (सवर्णे दीर्घः सह) इस कर भया सिद्ध (गवाजिनम्) और (गो इन्द्रः) तिसका भया

(गो अ इन्द्रः) फिर (ओ अव्) इस कर भया (ग् अ व् अ इन्द्रः) फिर (स्वरहीनं परेण०) इससे भया (ग व इन्द्रः) फिर (अ इ ए) इस अगले सूत्रकर सिद्ध भया (गवेन्द्रः) और (प्रऊढः) तिसका भया (प्र अ ऊढः) फिर (उ औ) इस सूत्रकर भया (प्र ओढः) फिर (ओ औ औ) इस सूत्रकर सिद्ध भया (प्रौढः) इसी प्रकार (स्व ईरम्) तिसका भया (स्वैरम्) और (स्व ईरिणी) तिसका भया (स्वैरिणी) और (अक्ष ऊहिनी) तिसका भया (अक्षौहिणी) ॥

कचित्स्वरवयकारः । यथाध्वपरिमाणे । गो यूतिः । गव्यूतिः । अन्यत्र गवां मिश्रीभावे । गोयूतिः ॥

भाषार्थ–कही प्रयोगान्तरके विषे यकार स्वरके तुल्य निश्चय करने योग्यहै भाव यह है कि, स्वर परे संते जो कार्य होता है वहही यकार परे संते भी होताहै जैसे मार्ग प्रमाण वाच्य हुए संते (गोयूतिः) तिसका भया (ग अ व् यूतिः) फिर (स्वरहीनं०) इस कर हुआ सिद्ध (गव्यूतिः) यह दो कोशके नाम है और जगह मार्ग प्रमाण न होनेमे गौओका जो इकट्ठा होना है उसमे (गोयूतिः) होता है इसी प्रकार (पितृयम्) तिसका (ऋरम्) इस सूत्रकर भया (पित् र् यम्) फिर (स्वरहीनं परेण०) इस कर सिद्ध भया (पित्र्यम्) ॥

ऐ आय् ।

ऐ[१]–आय्[१] । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) ऐकार आय् भवतिस्वरेपरे । नै अकः । नायकः ।

भाषार्थ–ऐकार आय् होता है स्वर परे संते जैसे (नै अकः) तिसका भया (न् आय् अकः) फिर (स्वरहीनं०) इससे सिद्ध भया (नायकः) ॥

औ आव् ।

औ[१]–आव्[१] । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) औकार आव् भवति स्वरेपरे । तौ इह । ताविह ।

भाषार्थ–औकार आव् होता है स्वर परे संते भाव यह है कि, जिस औकारसे परे स्वर होवे तो उस औकारके स्थानमे आव् होता है जैसे (तौ इह) तिसका भया (त् आव् इह) फिर (स्वरहीनं०) इसकर सिद्ध भया (ताविह) ॥

य्वोर्लोपश् वा पदान्ते ।

य्वोः[६२]–लोपश्[१]–वा[१]–पदान्ते[अ० ७] । चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) पदान्ते स्थि-

तानामयादीनांयकारवकारयोर्लोपश्वाभवति । तेआगताः । तआगताः । तया-गताः । तस्मैएतत् । तस्माएतत् । तस्मायेतत् । तौइमौ । ताइमौ । ताविमौ । वटोइह । वटइह । वटविह ।

भाषार्थ–पदान्तके विषे स्थित जो अय् और आदि शब्दसे आय् अव् आव् तिन्होके यकार और वकार का लोपश् होवै विकल्प करके भाव यह है कि (ए अय्) (ऐ आय्) (ओ अव्) (औ आव्) इन सूत्रोंकर उत्पन्न हुए जो (अय् आय् आव्) तिन्होके सम्बन्धी यकार और वकारोका विकल्प कर लोप होवै है जैसे (ते आगताः) तिसका (ए अय्) इस सत्रकर भया (त् अय् आगताः) फिर (य्वोर्लोपश्वापदान्ते) इस सूत्रकर विकल्पतासे यकारका लोपश् करनेसे हुवा (त् अ आगताः) फिर (स्वरहीनं०) इसकर सिद्ध भया (त आगताः) और तहाँ यकारका लोपश् नही हुआ तहाँ भया (तयागताः) और (तस्मैएतत्) तिसका (ऐ आय्) इस सूत्रकर भया (तस्म् आय् एतत्) फिर (य्वोर्लोपश्०) इस कर यकारका लोपश् करनेसे हुआ (तस्म् आ एतत्) फिर (स्वरहीनं०) इसकर हुआ (तस्मा एतत्) और जहाँ यकारका लोपश् नही हुआ तहा (तस्मायेतत्) ॥

लोपशि पुनर्न सन्धिः । छन्दसि तु (१) भवति हेसखे इति । हेसखइति हेसखेति ।

भाषार्थ–लोपश् कियेसंते फिर सन्धि नहीं होवैहै भाव यह है कि, लोपश् होनेपर फिर पूर्वापर वर्णोका परस्पर घटनरूप सन्धि और कार्यान्तर सन्धान नही होता-है जैसे (ते आगताः) तिसका हुआ (य्वोर्लोपश्०) इस सूत्रकर यकारका लोपश् करनेसे (त आगताः) इसमे (सवर्णे दीर्घःसह) इस सूत्रकी नही प्राप्ति होसकती और (गजभ्याम्) इस प्रयोगमे (आद्गेः) इस सूत्रकर आकार कार्यान्तर सन्धान रूप सन्धि नही होवै है और छन्दस् नामवेदके विषय लोपश् होनेपरभी सन्धि होवे है जैसे (हे सखे इति) तिसका भया (य्वोर्लोपश् वा पदान्ते) इस सूत्रसे यकारका लोपश् करनेसे (हे सख इति) फिर वैदिक प्रयोग होनेसे लोपश् करनेपर (अ इ ए) इस सूत्रकर सन्धि करनेसे सिद्ध भया (हे सखेति) और जहाँ कि, वैदिक प्रयोग नहीं है तहाँ भया (हे सख इति) ॥

---

(१) (छन्दसि तु भवति) इसमे तु शब्द होनेसे कही लौकिक उदाहरणके विषेभी लोपश् करनेपर सन्धि होवैहै जैसे (दाम उदर) इसमे नकारका लोपश् होनेपरभी सन्धि (उआ) इस सूत्रकर हुवै है । तब (दामोदर) ऐसा सिद्ध हुआ इसी प्रकार (राजाश्व , पश्वाग्नि) इत्यादिक प्रयोग सिद्ध हुवै और (दण्डिषु) इत्यादिकके विषे षकार कार्यान्तर सन्धानरूप सन्धि हुई है ।

एदोतोतः ।

एदोतोः-अतः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) पदान्ते स्थितादेकारादोकाराच्च परस्याकारस्य लोपो भवति । ते अत्र । तेऽत्र । पटो अत्र । पटोऽत्र ।

भाषार्थ-पदान्तके विषे स्थित जो एकार और ओकार उनसे परे जो अकार तिसका लोप होवेहै जैसे (ते अत्र) तिसका भया (तेऽत्र) पटो अत्र । तिसका भया (पटोऽत्र) (१)

सवर्णे दीर्घःसह ।

सवर्णे-दीर्घः-सह । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) सवर्णस्य सवर्णे परे सह दीर्घो भवति । श्रद्धा अत्र । श्रद्धात्र । भानु उदयः । भानदयः । पितृ ऋणम् । पितॄणम् । दधि इह । दधीह । दण्ड अग्रम् । दण्डाग्रम् ।

भाषार्थ-सवर्णको सवर्ण पर हुए सन्ते मिलकर दीर्घ होय भाव यहहै कि जिस सवर्णके अगारी सवर्ण होवै तो दोनो मिलकर दीर्घ होतेहै जैसे (श्रद्धा अत्र) इसमे श्रद्धा शब्दमे जो आकार है उसका सवर्ण अत्र शब्दमे अकार विद्यमानहै यह दोनो मिलकर दीर्घही होगये तो (श्रद्धात्र) ऐसा सिद्ध होगया इसी प्रकार (भानु उदयः) इसमे भानुशब्दके विषे जो उकार है उसका सवर्ण उदय शब्दमे उकार विद्यमानहै यह दोनो मिलकर दीर्घ होगये तो (भानूदयः) ऐसा सिद्धभया इसी प्रकार (पितृऋणम्) तिसका भया (पितॄणम्) (दधि इह) तिसका भया (दधीह) (दण्ड अग्रम्) तिसका भया (दण्डाग्रम्) ॥

अदीर्घो दीर्घतां याति नास्ति दीर्घस्य दीर्घता ।
पूर्वदीर्घस्वरं दृष्ट्वा परलोपो विधीयते ॥ १ ॥

भाषार्थ-अदीर्घ अर्थात् हस्व जो स्वर है वह अगारीके सवर्ण हस्व वा दीर्घसे मिलकर दीर्घताको प्राप्त होता है और दीर्घको अगारीके सवर्ण हस्व वा दीर्घसे मिलकर और दीर्घता नही होवै है किन्तु पूर्व दीर्घस्वरको देखकर पिछले हस्व वा दीर्घ स्वरका लोपविधान किया जाताहै ॥ १ ॥

सामान्यशास्त्रतो नूनं विशेषो बलवान्भवेत् ।
परेण पूर्वबाधो वा प्रायशो दृश्यतामिह ॥ २ ॥

(१) यदि कहो कि (ते अत्र) इस प्रयोगमे तौ (ए अत्) और (पटो अत्र) इस प्रयोगमे (ओ अत्) इन सूत्रोकी प्राप्ति कैसे नही हुई तहाँ यह समाधानहै कि, सामान्य सूत्रसे विशेष सूत्र बलवान् होताहै इस कारण (एदोतोतः) इस विशेष सूत्रकी प्राप्ति हुई । इति ।

भाषार्थ–निश्चयही सामान्य शास्त्रसे विशेष शास्त्र बलवान् होताहै । अथवा इस व्याकरण शास्त्रके विषे बहुधा कर बहुतस्थानोंमें पिछले सूत्रकर पूर्व सूत्रका बाध अर्थात् निषेध विद्वानोंकर जानना चाहिये भाव यह है कि, सामान्यसूत्रसे विशेष सूत्र बली होना है सामान्य सूत्र वह होताहै जिसकी व्याप्ति बहुत जगह होय और विशेष सूत्र वह होता है जिसकी व्याप्ति थोडे स्थानोंमें होय जैसे (दधि इह) इस प्रयोगमें (इयं स्वरे) इस सूत्रकी प्राप्ति नहीं हो सक्ती क्योंकि, इसमे बहुतसे स्वरोंका ग्रहण होनेसे यह सामान्य सूत्र है और (सवर्णे दीर्घः सह) इस सूत्रकी प्राप्ति होसक्ती है, क्योंकि, इसमे केवल सवर्णकाही ग्रहण होनेसे यह विशेष सूत्र है । अथवा इस व्याकरण शास्त्रके विषे बहुधा कर बहुत स्थानोंमे अगारीके सूत्रसे पूर्व सूत्रका निषेध होताहै जैसे (इयं स्वरे) यह पूर्व सूत्र है इस सूत्रका बाधक (दधि इह) इत्यादि प्रयोगमें (सवर्णे दीर्घः सह) यह सूत्र है । इस कथनसे यह जनायागया कि, जिस एक उदाहरणमें दो सूत्र प्राप्त होते हो तो उन दोनो सूत्रोंमे जो विशेष सूत्र है वह लगता है न कि सामान्य अथवा पूर्वोक्त तथा परोक्त सूत्रोंमे जो परोक्त सूत्र है वह प्राप्त होता है न कि पूर्वोक्त–इति ॥

अ इ ए ।

अ३ अ१–इ३ इ१–ए१ । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अवर्ण इवर्णे परे सह ए भवति । तव इदम् । तवेदम् ।

भाषार्थ–अवर्ण इवर्ण परे सन्ते मिलकर ए होता है भाव यह है कि, जिस अकार वा आकारसे परे इकार वा ईकार होवे तो वह दोनो पूर्व पिछले स्वरसे मिलकर एकार होता है जैसे (तव इदम्) तिसका भया (तवएदम्) फिर (स्वर० हीनं) इसकर सिद्ध भया (तवेदम) इति ॥

हलादेरीषादौ टेर्लोपो वक्तव्यः । हल ईषा । हलीषा । मनस् ईषा । मनीषा । लांगल ईषा । लांगलीषा । शक अन्धः । शकन्धुः । कर्क अन्धुः । कर्कन्धुः । कुल अटा । कुलटा । सीमन् अन्तः । सीमन्तः । सार अंगः । सारंगः । पतत् अञ्जलिः । पतञ्जलिः । अध ओम् । अधोम् ।

भाषार्थ–हलादिक शब्दोंकी टिका लोप होय ईषादिक शब्द पर हुये संते जैसे (हल ईषा) इस प्रयोगमें जो कि, हल शब्द है उसमे अकारकी टि संज्ञा है उस टिका लोप हो गया क्योंकि, ईषा शब्द परे विद्यमानहै तब हुआ (हल ईषा) फिर (स्वरहीनं०) इस कर सिद्ध हुआ (हलीषा) इसी प्रकार (मनस् ईषा) इस प्रयोगमें जो कि, मनस् शब्द है उसमें असूकी टि संज्ञा है उस टिका लोप हो गया क्योंकि

ईषा शब्द परे विद्यमान है तब हुआ (मन् ईषा) फिर (स्वरहीनं०) इस करके सिद्ध भया (मनीषा) इसी प्रकार (लांगलीषा) आदिक सिद्ध होते हैं ॥

उ ओ ।

उ—ओ । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अवर्ण उवर्णे परे सह ओ भवति । गंगा उदकम् । गंगोदकम् ।

भाषार्थ—अवर्ण उवर्ण परे संते मिलकर ओ होवै भाव यह है कि, जिस अकार वा आकारसे परे उकार वा ऊकार होवै तो दोनों पूर्व और पिछले मिलकर ओकार होय जैसे (गंगा उदकम्) इस प्रयोगमे जो कि, गगा शब्दमे आकार है उसमे परे उदक शब्दका उ विद्यमान है तब आकार और उकार इन दोनोंके स्थानमें ओकार करनेसे सिद्ध भया (गंगोदकम्) ॥

ऋ अर् ।

ऋ—अर् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अवर्ण ऋवर्णे परे सह अर् भवति । तव ऋद्धिः । तवर्द्धिः ।

भाषार्थ—अवर्ण ऋवर्ण पर हुए संते अर् होय भाव यह है कि, जिस अकार वा आकारसे परे ऋकार वा ॠकार होवै तो वह दोनों पूर्व और पिछले स्वर मिलकर अर् होय जैसे (तव ऋद्धिः) इस प्रयोगमें तव शब्दके विषे जो कि, अकार है उससे परे ऋद्धि शब्दमें ऋ विद्यमान है इन दोनोंके स्थानमें अर् करनेसे सिद्धभया (तवर्द्धिः)—इति ॥

क्वचिदार् ।

क्वचित्—आर् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अवर्ण ऋवर्णे परे सह क्वचिदार् भवति । ऋण ऋणम् । ऋणार्णम् । प्र ऋणम् । प्रार्णम् । वसन ऋणम् । वसनार्णम् । वत्स ऋणम् । वत्सार्णम् । वत्सतर ऋणम् । वत्सतरार्णम् । कंबल ऋणम् । कंबलार्णम् । दश ऋणम् । दशार्णम् । शीत ऋतः । शीतार्त्तः । दुःख ऋतः । दुःखार्त्तः ।

भाषार्थ—अवर्ण ऋवर्ण परे संते किसी प्रयोगके विषे आर् होता है भाव यहहै कि, अकार वा आकारसे ऋकार वा ॠकार परे होय तो किसी प्रयोगमें दोनो पूर्व और पिछले स्वर मिलकर आर् होवैहै जैसे (ऋण ऋणम्) इस प्रयोगमें जो कि,

ऋण शब्द है उसमें जो कि, अकार है उससे परे पिछले ऋण शब्दमें ऋकार विद्यामानहै तो इन अकार और ऋकारको मिलकर तृतीया समास होनेपर (ऋणार्णम्) ऐसा प्रयोग सिद्ध हुआ इसी प्रकार (प्रार्णम्) आदि शब्द सिद्ध हुए जानने–इति ॥

ऌ अल् ।

ऌ३–अल् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अवर्ण ऌवर्णे परे सह अल् भवति । तव ऌकारः । तवल्कारः ।

भाषार्थ–अवर्ण ऌवर्ण पर हुए सते अल् होय भाव यहहै कि. जिस अकार वा आकारसे परे ऌकार वा ऌकार होवे तो वह दोनों पूर्व पिछले स्वर मिलकर अल् होय जैसे (तव ऌकारः) इस प्रयोगमे तव शब्दके विषे जो अकारहै उससे परे ऌकार शब्दमे ऌ विद्यमानहै तव इन अकार और ऌकारको मिलकर अल् होनेसे हुआ (तवल्कारः) फिर (राद्यपोद्वेः) इस सूत्रकर भया (तव ऌ क्ऌ कारः) फिर (स्वर हीनं०) इसकर सिद्ध हुआ (तवल्कारः) ॥ (१)

रलयोः सावर्ण्यं वा वक्तव्यम् । होतृ ऌकारः । होतृकारः । होत्ऌकारः ।

भाषार्थ–रकार और लकार इन दोनोकी आपसमे सवर्णता कहने योग्यहै अर्थात् रकार लकार परस्पर सवर्णहैं और उपचारसे अथवा वाके ग्रहणसे वेदके विषे ऋकार और ऌकार इन दोनोकी भी सवर्णता कहने योग्यहै । जैसे (होतृऌकारः) इस प्रयोगमे होतृ शब्दके विषे ऋकारहै उससे परे जो ऌकार शब्दमे ऌ है इसको ऋकारका सवर्ण मानकर (सवर्णे दीर्घः सह) इस सूत्रकर सन्धि की तो सिद्ध हुआ (होतृकारः) और होतृ शब्दमे जो कि, ऋकारहै उसको ऌकारसवर्ण मानकर (सवर्णे दीर्घः सह) इस सूत्रकर सन्धि की तो हुआ (होतृ ऌकारः) फिर (तोर्लि लः) इस अगले सूत्रसे सिद्ध हुआ (होत्ऌकारः) इसी प्रकार (परि अंकः) तिसका सिद्ध हुआ (पर्य्यंकः) (पल्यंकः) ॥

ए ऐ ऐ ।

ए३–ए३–ए३ । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अवर्ण एकारे ऐकारे च परे सह ऐकारो भवति । तव एषा । तवैषा । तव ऐश्वर्य्यम् । तवैश्वर्य्यम् ।

भाषार्थ–अवर्ण एकार और ऐकार पर सते मिलकर ऐकार होताहै भाव यहहै कि जिस अकार वा आकारमे परे एकार वा ऐकार होवे तो उन दोनो पूर्व पिछले

(१) यदि कहो कि (तवल्कार) इसमे लकारहै रकार तो नहीं है फिर कैसे (राद्यपोद्वे) यह सूत्र लग सकताहै इस शंकाके दूर करनेकोही (रलयोः सावर्ण्यं वा वक्तव्यम्) यह सूत्रहै । इति ।

स्वरको मिलकर ऐकार होय जैसे (तव एषा) इस प्रयोगके विषे तव शब्दके अकारसे परे एषा शब्दमे एकार विद्यमानहै तो इन दोनोंके स्थानमें ऐकार करनेसे सिद्ध हुआ (तवैषा) इसी प्रकार (तवैश्वर्य्यम्) यह सिद्ध प्रयोगहै ॥

ओ औ औ ।

ओ३–औ३–औ३ । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अवर्ण ओकारे औकारे च परे सह औकारो भवति । तव ओदनम् । तवौदनम् । तव औन्नत्यम् । तवौन्नत्यम् ।

भाषार्थ–अवर्ण ओकार और औकार परे संते मिलकर औकार होय भाव यहहै कि, जिस अकार वा आकारसे परे ओकार वा औकार होवै तो वह दोनों पूर्व पिछले स्वर मिलकर औकार होय जैसे (तव ओदनम्) इस प्रयोगके विषे तव शब्दमें जो अकारहै उससे परे ओदन शब्दका ओकार विद्यमानहै इन दोनोंके स्थानमें औकार करनेसे सिद्ध हुआ (तवौदनम्) इसी प्रकार (तव औन्नत्यम्) तिसका सिद्ध भया (तवौन्नत्यम्) ॥

ओष्ठोत्वोर्वासमासे ।

ओष्ठोत्वोः–वा–ओ३–समासे । चतुष्पदपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अवर्णस्य ओष्ठोत्वोः परयोर्वा सह ओ भवति समासे सति । बिम्ब ओष्ठः । बिम्बोष्ठः । बिम्बौष्ठः । स्थूल ओतुः । स्थूलोतुः । स्थूलौतुः ।

भाषार्थ–अवर्ण नाम अकार वा आकारके परे ओष्ठ और ओतु शब्द भये संते अकार वा आकारको ओकार वा औकार सहित ओकार विकल्पकर होवै समास होनेपर भाव यहै कि, समासान्त पदके मध्यमें अकार वा आकारसे परे ओष्ठ वा ओतुशब्द होवै तो उस अकार और ओष्ठ वा ओतु शब्दके ओकारके स्थानमें ओकार विकल्प करके होय जैसे (बिम्ब ओष्ठः) इस समासान्त प्रयोगमे बिम्ब शब्दके विषे जो कि, अकारहै उससे परे ओष्ठ शब्दहै अब उस अकार और ओष्ठ शब्दके ओकार इन दोनोके स्थानमें विकल्पकर ओकार होनेसे सिद्ध हुआ (बिम्बोष्ठः) और जहांपर बिंब शब्दके अकार और ओष्ठ शब्दके ओकार इन दोनोंके स्थानपर ओकार नहीं हुआ तौ (ओ औ औ) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (बिम्बौष्ठः) इसी प्रकार (स्थूल-ओतुः) तिसका भया (स्थूलोतुः) और (स्थूलौतुः) । इति स्वरसन्धिः ॥

अथ प्रकृतिभाव उच्यते ।

भाषार्थ-अथ अर्थात् स्वरसन्धिके कहनेके अनन्तर प्रकृति(१)भाव कहा जावैहै॥

नामी ।

नैं°-अमी । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अदसोऽमीशब्दःसन्धि न प्रामोति । अमी आदित्याः । अमी अश्वाः । अदस् इति किम् । अमी रोगवान् । अमी असौ । अम्यसौ ।

भाषार्थ-अदस् शब्दका प्रथम बहुवचनके विषे जो कि, अमीशब्द सिद्ध हुआहै वह सन्धिको नही प्राप्त होय जैसे (अमी आदित्याः) इस प्रयोगमे (इयं स्वरे) इससूत्रकी प्राप्ति होनेपर भी सन्धि नही हुई क्योंकि यह अमी शब्द अदस् शब्दके प्रथमाबहुवचनका रूप है इसी प्रकार (अमी अश्वाः)इत्यादिक प्रयोगोमे भी सन्धि नही की यदि कहो कि, वृत्तिमे अदस् शब्दका अमी शब्द ऐसा क्यो कहा तहाँ कहते हैं कि, अमीशब्द रोगीका वाचक भी है जहो अमीशब्द रोगीका वाचक होय और अदस् के प्रथम बहुवचनम नहीं सिद्ध हुआ हो तहाँ सन्धिको प्राप्त होय जैसे (अमी असौ) तिसका हुआ (इयं स्वरे) इस सूत्रकर (अम्यसौ ॥

य्वे द्वित्वे ।

य्वे°-द्वित्वे । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) ईच ऊच एच य्वे । ईकारान्त ऊकारान्त एकारान्तश्च शब्दो द्विवे वर्त्तमानःसन्धि न प्रामोति । मणीवादिवर्ज्जय-म् । अग्नीअत्र । पटू अत्र । मालेआनय । मणीवादौतु सन्धिर्भवति । मणी इव । मणीव । दम्पती इव । दम्पतीव । जंपती इव । जंपतीव । रोदसी इव । रोदसीव ।

भाषार्थ-द्विवचनके विषे वर्त्तमान जो ईकारान्त तथा ऊकारान्त और एकारान्त शब्द सन्धिको नही प्राप्त होवे है मणीव आदि शब्दोको वर्जितकरके जैसे(अग्नी अत्र) इस प्रयोगमे अग्नी शब्दका ईकार द्विवचनसम्बन्धी है इसकारण (इयंस्वरे) इस सूत्रकी प्राप्ति होनेपर भी सन्धि नहीं हुई और (पटूअत्र)इस प्रयोगमे पटू शब्दका ऊकार द्विवचनस-म्बन्धी है इसकारण इस प्रयोगमे सन्धि नही हुई और (माले आनय) इस प्रयोगमे माले शब्दका एकार द्विवचनसम्बन्धी है इस कारण इस प्रयोगमें भी सन्धि

---

(१) सन्धिके योग्य होकरभी कोई एक स्वरोंकी यथावस्थिति रहनीही प्रकृतिभावहै। और जो कि, सन्धिके संभव होनेपरभी यथावस्थित रूप होकर स्थित रहतेहै वह प्रगृह्य कहे जाते हैं । इत्यलम् ।

नही हुई परन्तु (मणी इव) आदिक प्रयोगोंके विषे सन्धि होवै है। जैसे (मणी इव) इस प्रयोगमें मणी शब्दका ईकार द्विवचनसम्बधी है तथापि मणीवादि वर्जे इस कथनसे (सवर्णे दीर्घः सह) इस सूत्रकर सन्धि करनेसे सिद्ध हुआ (मणीव) इसी प्रकार (दम्पती इव) तिसका भया (दम्पतीव) और (जम्पती इव) तिसका भया (जम्पतीव) (रोदसीइव) तिसका भया (रोदसीव) इति ॥

औ निपातः।

आ—ओ—निपातः। त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) आकार ओकारौ निपात एकस्वरश्च सन्धि न प्राप्नोति। आ एवं किल मन्यसे। नो अत्र स्थातव्यम्। अ अपेहि। इ इन्द्रं पश्य। उ उत्तिष्ठ।

भाषार्थ—आकार निपात तथा ओकार निपात और एक स्वर निपात सन्धिको नहीं प्राप्त होता है भाव यह है कि, वाक्य और स्मरण (१) अर्थके विषे जो निपात हुआ आ अक्षर है वह सन्धिको नहीं प्राप्त होता है जैसे (आ एवं किल मन्यसे) इस प्रयोगमे वाक्यार्थ जो आ निपात है उससे परे एवं शब्दका एकार विद्यमान है इन दोनोके विषे (एऐऐ) इस सूत्रकर सन्धि नहीं हुई और 'आहो अहो उताहो नो हो हंहो अथो भो' इत्यादिक निपात शब्दोंमे जो ओकार है वहभी संन्धिको नहीं प्राप्त होय जैसे (नो अत्र स्थातव्यम्) इस प्रयोगके विषे जो नो शब्द है उसमें जो ओकार है उससे परे अत्र शब्दमे अकार विद्यमान है इन दोनोके विषे (एदोनोतः) इस सूत्रकर सन्धि नही हुई। और एक स्वर सन्धिको नहीं प्राप्त होय इसका तात्पर्य यह है कि, निपातरूप जो अकार इकार उकार है उन्होंके मध्यमे जो कोई आदिमें होय और तैसाही स्वर अगारी होय तो सन्धिको नही प्राप्त होता है जैसे (अ अपेहि) (इ इन्द्रं पश्य) (उ उत्तिष्ठ) इत्यादिकमे (सवर्णे दीर्घः सह) इस सूत्रकर सन्धि नही हुई ॥

---

(१) ईषदर्थे क्रियायोगे मर्यादाभिविधौ च य । एतमात डित विद्याद्वाक्यस्मरणयोरडित् । (भाषार्थ) ईषदर्थमे और क्रियायोगमे और मर्यादा सीमा तथा अभिविधि अभिव्याप्ति इन अर्थोंके विषे आ यह अक्षर निपातहै उसको डित् जाने और वाक्य तथा स्मरणअर्थके विषे जो आ यह अक्षर निपातहै उसको अडित् जाने जोकि, अडित् आ यह अक्षर निपातहै वह सन्धिको नही प्राप्त होताहै और डित् आ यह अक्षर निपात ईषदर्थ तथा क्रियायाग तथा सीमा और अभिव्याप्ति अर्थमे वह सन्धिको प्राप्त होताहै जैसे । ईषदर्थमे आ उत्तम । ओत्तम । क्रिया योगमे । आ ईक्षसे । एक्षसे । और सीमा अर्थमे । आ अमृतात् । आमृतात् । और अभिव्याप्ति अर्थमे । आ इन्द्रत् । ऐन्द्रत् ।

हैहयौ ।

भाषार्थ–है निपात और हे निपात सन्धिको नही प्राप्त होते हैं जैसे । हे अम्ब । हे ईश ॥

प्लुतः । (१)

प्लुतः । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) प्लुतः सन्धि न प्राप्नोति । देवदत्त एहि ।

भाषार्थ–प्लुत सन्धिको प्राप्त नहीं होता है जैसे (भो देवदत्त एहि) इसमें (एऐऐ) इस सूत्रकर सन्धि नही हुई ॥

दूरादाह्वाने टेः प्लुतः ।

दूरात्–आह्वाने–टेः–प्लुतः । चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) दूरादाह्वाने गाने रोदने विचारे च टेः प्लुतो भवति ।

भाषार्थ–दूरसे बुलानेमे गानेमे रोवनेमे विचारमे टिकी प्लुतसंज्ञा होवे है प्लुतभेद उच्चारणमात्र ही होता है न कि लिखनरूप ॥

इति प्रकृतिभावः ।

अथ व्यञ्जनकार्यमुच्यते ।

भाषार्थ–प्रकृतिभाव कहनेके अनन्तर व्यञ्जनकार्य कहाजाता है ॥

चपा अवे जवाः ।

चपाः–अवे–जवाः । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) पदान्ते वर्त्तमानाश्चपा जवा भवन्त्यवे परे । षट् अत्र । षडत्र । अच् अन्तम् । अजन्तम् । तत् एतत् । तदेतत् । ककुप् ऐन्द्री । ककुबैन्द्री । वाक् यथा । वाग्यथा ।

भाषार्थ–पदान्तके विषे वर्त्तमान जो चप ते जब होयँ अव प्रत्याहार परे सते भाव यह है कि, पदान्तके विषे स्थित जो चटतकप यह व्यञ्जन ते क्रमसे जडदगब यह होय जो अत्र प्रत्याहार परे होवे तो जैसे (षट् अत्र) इस प्रयोगमे जो कि, षट् शब्दमें टकार वह पदान्तके विषे वर्त्तमान है इससे परे अत्र शब्दका अकार

---

(१) प्लुतोनिनो । प्लुतं –अनितो । द्विपदमिदं सूत्रम् । कोई आचार्य ऐसा सूत्र पढतेहै । भाव यहहै कि, प्लुत सन्धिको नही प्राप्त होताहै परन्तु इति शब्द परे सते सन्धिको प्राप्त होताहै जैसे हा तात इति । इस प्रयोगमे (भटप) इस सूत्रकर सन्धि होनेसे (हा तातेति) ऐसा हुआ । इति ।

अब प्रत्याहार सम्बन्धी विद्यमान है इसकारण टकारके स्थानमें डकार होगया तब सिद्ध हुआ (षडत्र) और (अच् अन्तम्) इस प्रयोगम जो कि अच् शब्दमें चकार है वह पदान्तके विषे वर्त्तमान है इससे परे अन्त शब्दमें अकार अब प्रत्याहार सम्बन्धी विद्यमान है इसकारण यथासंख्याकर चकारके स्थानमें जकार होगया तब सिद्ध हुआ (अजन्तम्) इसी प्रकार (तत् एतत्) उसका हुआ (तदेतत्) और (ककुप् ऐन्द्री) तिसका भया (ककुबैन्द्री) और (वाक्यथा) तिसका भया (वाग्यथा) ॥ (१)

झमे झमा वा ।

झँमे[1]–झमाः–वा[2] । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वत्तिः) पदान्ते वर्त्तमानाश्चपा झमे परे झमा वा भवन्ति । वाक् मात्रम् । वाङ्मात्रम् । वाग्मात्रम् । षट् मम । षण्मम । षड्मम ।

भाषार्थ–पदान्तके विषे वर्त्तमान चप झम प्रत्याहार परेसंते झम होयँ विकल्प करके । भाव यह है कि, पदान्तके विषे वर्त्तमान जो चटतकप यह व्यञ्जनवर्ण झम प्रत्याहार परे संते झणनडम वा जडदगब यह होय जैसे (वाक् मात्रम्) इस प्रयोगमें जो वाक् शब्दमें ककारहै वह पदान्तके विषे वर्त्तमानहै और उससे परे मात्र शब्दका मकार झम प्रत्याहार सम्बन्धी विद्यमान है इसकारण चपोंकी यथासंख्याकर झम करनेसे ककारके स्थानमें ङकार हुआ तब सिद्ध भया (वाङ्मात्रम्) और जहाँ चपोंको झम प्रत्याहार परे संते वाके ग्रहणसे झम नहीं हुए तहाँ (चपा अचे जबाः) इस सूत्रकर (वाक् मात्रम्) इस प्रयोगमें ककारके स्थानमें गकार हुआ तब सिद्ध हुआ (वाग्मात्रम्) इसी प्रकार (षट् मम) तिसका हुआ (षण्मम) और (षड्मम) ॥ (२)

चपाच्छश्शः ।

चपात्[1]–छ[1]ः–श[1]ः । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वत्तिः) चपादुत्तरस्य शकारस्य छो वा भवति । वाक्शूरः । वाक्छूरः । वाक्शूरः ।

---

(१) कहीं चपोंको पदान्तके विनाही जब होजातेहैं जैसे (सद्गुरुर्भवदीय) और तिस प्रकार कहीं होतेभी नहीं हैं जैसे (मरुत्वान्) (तडित्वान्) इत्यादिकके विषे तकारको डकार नहीं हुआ अथवा जिसमें कि, समास नहीं होताहै उसमें साक्षात् पदान्तके विषेही चटतकप इन व्यञ्जनोंके स्थानमें अब प्रत्याहार परेसंते जडदगब यथाक्रमसे होतेहैं और समासादिके विषे अन्तर्वर्त्तिनी विभक्तिको आश्रयकर पदान्त होनेसे चपोंको जब अब प्रत्याहार परेसंते होजातेहैं । इति ।

(२) मयटि प्रत्यये परे तु नित्यमेव यमा स्यु । (भाषार्थ) मयट् प्रत्यय परे हुए संते नित्यही पदान्तके विषे वर्त्तमान हुए चटतकप इन व्यञ्जनोंके स्थानमें अणनडम यह क्रमसे होतेहैं जैसे । अप् मयः । अम्मयः । चित् मयः । चिन्मयः । वाक् मयः । वाङ्मयः ।

भाषार्थ–चप प्रत्याहारसे उत्तर जो शकार तिसको छकार होय विकल्प करके भाव यहहै कि, चटतकप इन व्यञ्जनोंसे अगारी यदि शकार होवे तौ विकल्प करके उस शकारके स्थानमे छकार होय जैसे (वाक् शूरः) इस प्रयोगमे जो कि, वाक्शब्दके विषे चप प्रत्याहारसम्बन्धी ककार है उससे परे शूरशब्दके शकारको विकल्पकरके छकार करनेस सिद्ध हुआ (वाक्छूरः) और जहाँ शकारको छकार नही हुआ तहाँ (वाक्शूरः) ऐसाही रहा ॥

हो झभाः ।

[5][3][1]हः–[3]झभाः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) चपादुत्तरस्य हकारस्य झभा वा भवन्ति । यद्वर्गगश्चपस्तद्वर्गगश्चतुर्थोभवति । वाक्हरिः । वाग्घरिः । वाग्हरिः । तत् हविः । तद्धविः । तद्हविः ।

भाषार्थ–चप प्रत्याहारसे उत्तर जो हकार तिसको विकल्प करके झभ होयँ भाव यहहै कि, चटतकप इन व्यञ्जनोंसे परे जो हकार तिसके स्थानमे झढधघभ यह व्यञ्जन होय विकल्पकरके यदि कहो कि, एक हकारके स्थानमें पांच झभ कैसे हो सक्ते हैं तहा कहतेहैं कि, जिस वर्गका सम्बन्धी चपहकारसे पूर्व होवे उस वर्गका चतुर्थ अक्षर हकारके स्थानमें होय अर्थात् ककारसे परे हकार होवे तौ हकारके स्थानमें घकार और चकारसे परे हकार होवे तो हकारके स्थानमे झकार और टकारसे परे होवै तो हकारके स्थानमे [6]ढकार और तकारसे परे होवे तौ हकारके स्थानमे धकार और पकारसे परे होवे तौ हकारके स्थानमे भकार होय जैसे (वाक् हरिः) इस प्रयोगमें चप प्रत्याहार सम्बन्धी ककारसे परे हकारहै इसकारण कवर्गका चतुर्थ अक्षर घकार हकारके स्थानमे हुआ तब सिद्ध भया (वाग्घरिः) और जहा हकारके स्थानमे घकार नहीं हुआ तहाँ (चपा अवे जवाः) इस सूत्रकर सिद्धहुआ (वाग्हरिः) इसी प्रकार (तत् हविः) तिसका सिद्ध हुआ (तद्धविः) तद्हविः ॥ (१)

स्तोः श्चुभिः श्चुः ।

[5][3][1]स्तोः–[3]श्चुभिः–[3]श्चुः । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) स्तोः सकारस्य तवर्गस्य शकारेण चवर्गेण च योगे शकारचवर्गौ यथासंख्येन भवतः । कस् चरति ।

---

(१) वृत्तिमें वाके ग्रहणका प्रयोजनहै यहभी प्रयोजनहै कि, कही चप प्रत्याहारसे अनुत्तरभी हकारको झभ होतेहैं जैसे (समिध् होम) तिसका भया (समिध् घोमः) फिर (झवे जवाः) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (समिद्धोमः)

कश्चरति। कस्शूरः। कश्शूरः। तत् चित्रम्। तच्चित्रम्। तत् शास्त्रम्। तच्छास्त्रम्।

भाषार्थ–सकार तथा तवर्गको शकार तथा चवर्गकर योग हुए सन्ते शकार च वर्ग यथाक्रमसे होयँ। भाव यह है कि, सकारसे पूर्व अथवा अगारी शकार वा चवर्गका योग होवे तो सकारके स्थानमें शकार होय और तवर्गसे पूर्व अथवा अगारी शकार वा चवर्गका योग होवे तो तवर्गके स्थानमें क्रमसे चवर्ग होय जैसे (कस्चरति) इस प्रयोगमें जो कि, सकार है उसके अगारी चवर्गका योग है इस कारण सकारके स्थानमें शकार होगया तब सिद्ध हुआ (कश्चरति) और (कस्शूरः) इस प्रयोगमें जो कि, सकारहै उसके अगारी शकारका योगहै इस कारण सकारके स्थानमें शकार होगया तब सिद्ध हुआ (कश्शूरः) और (तत् चित्रम्) इस प्रयोगमे जो कि, तकार है उसके अगारी चवर्गका योगहै इस कारण तकारके स्थानमें चवर्ग सम्बन्धी चकार हुआ क्योंकि तवगमें तकार प्रथमहै और चवर्गका प्रथम अक्षर चकारहै तब सिद्ध हुआ (तच्चित्रम्) और (तत् शास्त्रम्) इस प्रयोगमें जो कि, तकारहै उसके अगारी शकारका योगहै इस कारण तकारके स्थानमें चवर्गसम्बन्धी चकार हुआ तब भया (तच्शास्त्रम्) फिर (चपाच्छःशः) इस सूत्रकर सिद्ध भया (तच्छास्त्रम्, तच्शास्त्रम्) ॥

न शात्।

अ० न–शात्। द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) शकारादुत्तरस्य तवर्गस्य चुत्वं न भवति। विश्नः। प्रश्नः।

भाषार्थ–शकारसे उत्तर जो तवर्ग तिसको चवर्ग नहीं होय भाव यहहै कि, शकारसे अगारी जो तवर्ग होवे तो उस तवर्गको चवर्ग नहीं होताहै जैसे (विश्नः) (प्रश्नः) इन प्रयोगोंमे शकारसे परे तवर्गसम्बन्धी नकारहै इसको (स्तोः श्चुभिः श्चुः) इस सूत्रकर चवर्ग नही हुआ अर्थात् नकारके स्थानमें ञकार नही हुआ ॥

ष्टुभिः ष्टुः।

३ ३ ५ ३
ष्टुभिः–ष्टुः। द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) स्तोः सकारतवर्गयोः षकार-टवर्गाभ्यां योगे ष्टुर्भवति। कस् षष्ठः। कष्षष्ठः। कस् टीकते। कष्टीकते। तत् टीकते। तट्टीकते।

भाषार्थ–सकार तवगको षकार टवर्गका योग हुए संते षकार टवर्ग यथाक्रमसे होयँ भाव यहहै कि, षकारसे पूर्व वा अगारी षकार टवर्गका योग होवे तौ सकारके

स्थानमे षकार होताहै और तवर्गसे पूर्व वा अगारी षकार टवर्गका योग होवै तो तवर्गके स्थानमे टवर्ग यथाक्रमसे होताहै जैसे (कस् षष्ठः) इस प्रयोगमें जो कि, सकार है उससे अगारी षकारका योगहै इस कारण सकारके स्थानमे षकार होगया तब सिद्ध हुआ (कष्षष्ठः) और (कस् टीकते) इस प्रयोगमें जो कि, सकारहै उससे परे टवर्गसम्बन्धी टकारहै इस कारण सकारके स्थानमे षकार होगया तब सिद्धहुआ (कष्टीकते) और (तत् टीकते) इस प्रयोगमे जो कि, तकारहै उससे परे टवर्गसम्बन्धी टकारहै इस कारण तकारके स्थानमे टकार किया क्योंकि, तवर्गमे प्रथम तकारहै और टवर्गमें प्रथम टकार है तब सिद्ध हुआ (तट्टीकते) ॥

तोर्लि लः ।

तोः-लि-लः । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) तवर्गस्य लकारे परे लकारो भवति । तत् लुनाति । तल्लुनाति । भवान् लिखति । भवाँल्लिखति ।

अन्तस्था द्विप्रभेदाः ।

अन्तस्थाः- द्विप्रभेदाः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) रेफवर्जिता यवलाः सानुनासिका निरनुनासिकाश्च तत्र सानुनासिक एव लकारो नकारस्य भवति ।

भाषार्थ-तवर्गको लकार परे सते लकार होय भाव यह है कि, यदि तथदधन इन व्यंजनोंसे परे लकार होवै तो तथदधन इन व्यंजनोंके स्थानमे लकार होय जैसे (तत् लुनाति) इस प्रयोगमे तकारसे परे लकार है इसकारण तकारके स्थानमें लकार करनेसे सिद्ध हुआ (तल्लुनाति) और (भवान् लिखति) इस प्रयोगमे नकारसे परे लकार है इसकारण नकारके स्थानमे सानुनासिक लकार किया कारण यह है कि, रकारसे वर्जित अर्थात् रकार विना अन्तस्थ संज्ञक जो यवल ते दो प्रकारके होते है एक तो सानुनासिक और दूसरे निरनुनासिक । तहां तथदध इन स्थानोंमें तो निरनुनासिकही लकार होता है और नकारको सानुनासिक होनेसे लकारभी सानुनासिक होताहै । तब (भवाँल्लिखति) ऐसा सिद्ध हुआ ॥

न षि ।

न-षि । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) षकारे परे तवर्गस्य टुत्वं न भवति । भवान् षष्ठः ।

भाषार्थ-षकार परे सते तवर्गको टवर्ग नहीं होय । भाव यह है कि, जिस तवर्गसे षकार परे होवे तो तवर्गके स्थानमे (टुभिःष्टुः) इस सूत्रकर टवर्ग नहीं होवै जैसे (भवान्

षष्ठः) इस प्रयोगमे तवर्गसम्बन्धी नकारसे परे षकार है इसकारण नकारके स्थानमें णकार नही हुआ ॥

टोरन्त्यात् ।

टोः—अन्त्यात् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) पदान्ते वर्त्तमानाट्टवर्गात्परस्य स्तोः ष्टुर्न भवति । षट् नरः । षड्नरः । षण्णरः । षट् सीदन्ति ।

भाषार्थ—पदान्तके विषे वर्त्तमान जो टवर्ग उससे परे जो सकार तवर्ग तिनके स्थानमे षकार टवर्ग नही होवै । भाव यह है कि, पदान्तके विषे स्थित जो टवर्ग उससे परे जो सकार तवर्ग तिसमें सकारके स्थानमे (ष्टुभिःष्टुः) इस सूत्रकर षकार नही होवै और तवर्गके स्थानमे टवर्ग नही होवै जैसे (षट्नरः) इस प्रयोगमे पदान्तके विषे टवर्ग सम्बन्धी टकारसे परे तवर्गसम्बन्धी नकार है इसकारण नकारके स्थानमें (ष्टुभिःष्टुः) इस सूत्रकर णकार नही हुआ किन्तु (चषा अवे जवाः) इस सूत्रकर टकारके स्थानमें डकार करनेसे सिद्ध हुआ (षड्नरः) और (अमे अमा वा) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (षण्नरः) और (षट् सीदन्ति) इस प्रयोगमे जो कि, टवर्गसम्बन्धी टकार है उससे परे सकार है इसकारण सकारके स्थानमें षकार नही हुआ ॥ (१)

नः सक् छते ।

नः—सक्—छते । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) नान्तस्य पदस्य छते परे सगागमो भवति । टित्कितावाद्यन्तयोर्वक्तव्यौ । राजन् चित्रम् । राजँश्चित्रम् । भवान् तनोति । भवाँस्तनोति ।

भाषार्थ—नकार है अन्तमे जिसके ऐसे पदको छत प्रत्याहार पर हुए सँत सक्का आगम होय । भाव यह है कि, जिस पदके अन्तमे नकार होवै उससे यदि छठ्ठ चवत यह वर्ण परे होयँ तो उस नकारान्त पदको सक्का आगम होय टकार है इत्संज्ञक जिसका और ककार है इत्संज्ञक जिसका ऐसे जो आगम हैं वह आदि और अन्तमे क्रमसे कहने योग्य हैं भाव यह है कि, जिस आगमका टकार इत्संज्ञक होय तो वह अगम पदके आदिमें होता है और जिस आगमका ककार इत्संज्ञक होय तो वह आगम पदके अन्तमे होताहै जैसे (राजन् चित्रम्) इस प्रयोगमे राजन् शब्द नका-

(१) पदान्ते वर्त्तमानाट्टवर्गात्परयो सकारतवर्गयो- षकारटवर्गौ न भवत (परम—नाम् नवति—नगरी—वर्जम्) (भाषार्थ) पदान्तके विषे वर्तमान टवर्गसे परे सकार तवर्गके स्थानमे षकार टवर्ग न होय । परन्तु नाम् नवति नगरी शब्दको वर्जिकरके । भाव यह है कि, टवर्गसे परे यदि नाम् नवति नगरी शब्द होवै तौ इन शब्दो की, आदिक नकारको टवर्गसबन्धी णकार होजावै—इति ।

रान्त है और इस राजन् शब्दसे परे छत प्रत्याहारसम्बन्धी चकार है इसकारण राजन् शब्दको सकका आगम हुआ अब इस आगमका ककार इत्संज्ञकहै और अकार उच्चारणार्थ है इस लिये यह आगम राजन् शब्दके अन्तमे हुआ । तब रूप भया (राजन् स् चित्रम्) फिर (स्तोः श्चुभिः श्चुः) इस सूत्रकर सकारके स्थानमे शकार करनेसे (राजन् श् चित्रम्) रूप हुआ फिर ।

यदागमास्तद्गुणीभूतास्तद्ग्रहणेनैवगृह्यन्ते ।

भाषार्थ-जिन शब्दोंको जो आगम हुये हैं वह आगम उन्ही शब्दोके गुणीभूत होनेहे और उन्ही शब्दोके ग्रहण करनेके साथ ही आगम ग्रहण कियेजाते हैं इस परिभाषासे आगमान्त पद मानकर अर्थात् राजन्स यहाँतक पद मान कर (नश्चापदान्तेझसे) इस सूत्रकर नकारको अनुस्वार करनेसे सिद्ध हुआ (राजंश्चित्रम्) इसी प्रकार (भवान् तनोति) तिसका भया (भवाँस्तनोति) ॥

शे चग्वा ।

शे-चक्-वा । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) नान्तस्य पदस्य शे परे वा चगागमो भवति । भवान् शूरः । भवाञ्च्छूरः । भवाञ्चूशूरः । भवाञ्शूरः ।

भाषार्थ-नकार है अन्तमे जिसके ऐसे पदको शकार पर हुए संते विकल्प करके चक् का आगम होय भाव यह है कि, जिस पदके अन्तमे नकार होवै और उस पदमे यदि शकार परे होय तो उस पदको चक् का आगम होता है जैसे (भवान् शूरः) इस प्रयोगमें नकारान्त पद भवान् है उससे परे शूर शब्दमे शकार विद्यमान है इस कारण चक्का आगम करनेसे रूप भया (भवान् च् शूरः) फिर (स्तोः श्चुभिः श्चुः) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (भवाञ्च् शूरः) फिर (चपाच्छः शः) इस सूत्रकर सिद्ध भया (भवाञ्च्छूरः) (भवाञ्चूशूरः) और चक् का आगम नहीं हुआ तहाँ (स्तोः श्चुभिः श्चुः) इस सूत्रकर रूप सिद्ध हुआ (भवाञ्शूरः) ॥

ङ्णो ह्रस्वाद्विः स्वरे ।

ङ्णोः-ह्रस्वात्-द्विः-स्वरे । चतुष्पदमिदं सूत्रम् । ङकारणकारनकारा ह्रस्वादुत्तरा द्विर्भवन्ति स्वरे परे । प्रत्यङ् इदम् । प्रत्यङ्ङिदम् । सुगण् इह । सुगण्णिह । राजन् इह । राजन्निह ।

भाषार्थ-ह्रस्वसे उत्तर जो ङकार णकार नकार ते दो रूप होवैं स्वर परे संते पदान्तमे । भाव यह है कि, जिस ह्रस्व स्वरसे परे ङकार अथवा णकार वा नकार होवै और उस ङकार अथवा णकार वा नकारसे परे स्वर होवे तो उस ङकार वा णकार

वा नकारके दो रूप होवें पदान्तमें जैसे (प्रत्यङ् इदम्) इस प्रयोगमें ह्रस्व अकारसे परे पदान्तमे ङकार है फिर इस ङकारसे परे इदम् शब्दमें इकार स्वर है इस कारण ङकारके दो रूप हुए तब सिद्ध हुआ रूप (प्रत्यङ्ङिदम्) इसी प्रकार (सुगाण् इह) तिसका भया (सुगाण्णिह) और (राजन् इह) तिसका भया (राजन्निह) ॥

छः ।

छैः । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) ह्रस्वादुत्तरश्छकारो द्विर्भवति ।

भाषार्थ–ह्रस्व स्वरसे उत्तर जो छकार सो दो रूप होवें भाव यह है कि, ह्रस्व स्वरसे परे जो छकार होवे उसके स्थानमें दो छकार होवें । जैसे (तव छत्रम्) इस प्रयोगमे ह्रस्व अकारसे परे छत्र शब्दमे छकार है इस कारण छकारके स्थानमें दो छकार करनेसे रूप हुआ (तव छ् छत्रम्) फिर (खसे चपा झसानाम्) इस सूत्रकर पूर्व छकारके स्थानमे चकार किया तब रूप हुआ (तव च् छत्रम्) फिर (स्वर-हीनं०) इस करके रूप हुआ (तवच्छत्रम्) ॥

खसे चपा झसानाम् ।

खसे–चपाः–झसानाम् । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) झसानां स्थाने परे चपा भवन्ति ।

भाषार्थ–झसोंको खस प्रत्याहार परे संते चप होवें भाव यह है कि, जिस झस प्रत्याहारसे परे खस प्रत्याहार होवे तो उस झस प्रत्याहारके स्थानमें उस झस प्रत्याहारका सवर्ग चप प्रत्याहार होय । जैसे (तव छ् छत्रम्) इस प्रयोगमें झस प्रत्याहारसम्बन्धि छकार है फिर छकारसे खस प्रत्याहारसम्बन्धी छकार परेहै तब उस छकारके स्थानमे चप प्रत्याहारसम्बन्धी चकार हुआ क्योंकि छकारका सवर्ग चप प्रत्याहारमे चकार है तब रूप सिद्ध हुआ (तवच्छत्रम्) ॥

क्वचिद्दीर्घादपि वक्तव्यः ।

भाषार्थ–कही दीर्घ स्वरसे भी परे छकारको द्वित्व होताहै भाव यहहै कि, किसी प्रयोगमे दीर्घ स्वरसे परे यदि छकार होवे तो उस छकारके स्थानमे दो छकार होतेहै जैसे (ही छः) तिसका भया (ही छ् छः) फिर (खसेचपाझसानाम्) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (हीच्छः) इसी प्रकार (म्लेछः) तिसका भया (म्लेच्छः) ॥

मोनुस्वारः ।

मैः–अनुस्वारः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) मकारस्यानुस्वारो भवति हसे परे पदान्ते च । तम् हसति । तंहसति । पटुम् वृथा । पटुंवृथा ।

भाषार्थ-मकारको अनुस्वार होय हसमत्याहार परे संते पदान्तके विषे भाव यह है कि. पदान्त होनेपर जिस मकारसे परे हसमत्याहार होवै तो उस मकारके स्थानमे अनुस्वार होताहै। जैसे (पटुम् वृथा) इस प्रयोगमे पटुम् इस शब्दके विषे पदान्तमे मकार विद्यमानहै और उस मकारसे परे हस प्रत्याहारसम्बन्धी वकार विद्यमानहै ॥ इसकारण मकारके स्थानमें अनुस्वार करनेसे रूप सिद्ध हुआ (पटुंवृथा)इसी प्रकार (तम् हसति) तिसका भया (तंसहति) ॥

स्वरेमः।

स्वरे-मः। द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अनुस्वारस्य मकारो भवति स्वरे परे ॥

भाषार्थ-अनुस्वारको मकार होवै स्वर परे संते जैसे (अस्माक इह) (अस्माकमिह) ॥

नश्चापदान्ते झसे।

नँ॑:-च॑-अ॑पदा॑न्ते -झँ॑से॑। चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) नकारस्य मकारस्य चापदान्ते वर्त्तमानस्यानुस्वारो भवति झसे परे। यशान् सि। यशांसि। पुम् भ्याम्। पुंभ्याम्।

भाषार्थ-अपदान्तके विषे वर्तमान जो नकार और मकार तिनको अनुस्वार होवै झस प्रत्याहार परे संते। भाव यहहै कि, अपदान्तके विषे स्थित जो नकार वा मकार उससे परे जो झस प्रत्याहार होवै तो उस नकार वा मकारके स्थानमे अनुस्वार होय। जैसे(यशान् सि) इसप्रयोगमे अपदान्तके विषे नकारहै और उससे परे झस प्रत्याहार-सम्बन्धी सकारहै इस कारण नकारके स्थानमें अनुस्वार होनेसे रूप सिद्ध हुआ (यशांसि) इसी प्रकार (पुम्भ्याम्) इस प्रयोगमे अपदान्तके विषे मकारहै और उससे परे झस प्रत्याहार सम्बन्धी भकारहै इसकारण मकारके स्थानमे अनुस्वार करनेसे (पुंभ्याम्) रूप हुआ ॥

यमा यपेस्य वा।

यँमाः-यँपे-अँस्यँ-वा॑। चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अनुस्वारस्य यमा वा भवन्ति यपे परे। अस्य यपस्य सवर्णाः। तं करोति। तङ्करोति। तं तनोति। तन्तनोति। सं यन्ता। सँयन्ता। यं लोकम्। यँल्लोकम्। सं वत्सरः। सँव्वत्सरः। यवलपरे तु मानुनासिका एव यवला भवन्ति।

भाषार्थ-अनुस्वारको यम होय विकल्पकरके यप प्रत्याहार परे संते। भाव यहहै कि जिस अनुस्वारसे परे यप प्रत्याहार होवै तो उस अनुस्वारके स्थानमे यम प्रत्या-

हार होवै यदि कहो कि, अनुस्वार तो एकही है और यम प्रत्याहारमें बहुत वर्ण हैं कौनसा होना चाहिये तहाँ कहते हैं कि, उस यपके सवर्ण यमहोय भाव यहहै कि अनुस्वारसे जो कि, यप प्रत्याहार परेहै उस यप प्रत्याहारका सवर्ण अक्षर यम प्रत्याहारोंमेंसे अनुस्वारके स्थानमें होवै जैसे (तंकरोति) इस प्रयोगमें अनुस्वारसे परे यप प्रत्याहारसम्बन्धी ककारहै तब देखा कि, यम प्रत्याहारमें ककारका सवर्ण अक्षर कौनहै तो ङकार हुआ क्योंकि ङकार ककारका सवर्णीयहै तब रूप सिद्ध भया (तङ्करोति) इसी प्रकार (तंतनोति) तिसका भया (तन्तनोति) और (मं वन्दा) इस प्रयोगमें अनुस्वारसे परे यप प्रत्याहारसम्बन्धी यकारहै तब देखा कि यम प्रत्याहारमें यकारका सवर्ण कौनहै तो यकारही हुआ इसकारण अनुस्वारके स्थानमें सानुनासिक यकार किया क्यों कि यवल पर हुए संते अनुस्वारको सानुनासिकही यवल होते हैं तब रूप सिद्ध भया (सँय्यन्ता) और इसी प्रकार (यं लोकम्) तिसका भया (यंल्लोकम्) (सं वत्सरः) तिसका भया) संव्वत्सरः) और जहाँ कि, अनुस्वारको यम नहीं हुए तहां अनुस्वारही रहा अर्थात् यथावत् जैसा रूप था वैसाही रहा ॥ (१)

ँछन्दसि ।

ँ—छन्दसि । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) छन्दस्यनुस्वारः ँकारमापद्यते शषसहरेफेषु परतः । हंसः । हँसः । सुचीषत् । सुचीँषत् । वयं सोम। वय ँसोम । संहिता । सं ँ हिता । त्वंरविः । त्व ँ रविः ।

भाषार्थ—अनुस्वार ँ कारको प्राप्त होवै है शषसहर यह अक्षरपरहुए संते वेदमें। भाव यहहै वेदविषयमें जिस अनुस्वारसे परे शकार षकार सकार हकार रेफ परे होवै तो उस अनुस्वारके स्थानमें ँ कार होताहै जैसे (हं सः) इस वेदके प्रयोगमें अनुस्वारसे परे सकार है इसकारण अनुस्वारके स्थानमें ँ कार करनेसे रूप सिद्ध भया (ह ँ सः) इसी प्रकार अन्यभी जानने ॥

इति व्यञ्जनसन्धिः ।

---

(१) शसे ङ्णौ—कुकुटकौ वा । ङ्णौ—कुकुटकौ—वा० । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) ङकारणकारको शषसेषु परेषु क्रमेण कुकुटकौ आगमौवारत । भाषार्थ—ङकार और णकारको शषस यह अक्षरपरे हुए संते क्रमसे कुक् और टुक् आगम होवैभाव यहहै कि, जिस ङकारसे परे शकार वा षकार वा सकार होवै तो उस ङकारको कुक्का आगम होय और णकारसे परे शकार वा षकार वा सकार होवै तो उस णकारको टुक्का आगम होय (जैसे माङ् षष्ठः) इस प्रयोगमें ङकारसे परे षकारहै इस कारण ङकारको कुक्का आगम किया तो रूप हुवा (माङ्कुषष्ठः) फिर (कषसयोगेऽ) इस करके सिद्ध हुआ (माङ्क्षष्ठः) और (सुगण् षष्ठ) इस प्रयोगमें णकारसे परे षकारहै इस कारण णकारको टुक्का आगम किया तो रूप सिद्ध हुआ (सुगण् टषष्ठः) ।

अथ विसर्गसन्धिर्निगद्यते ।

भाषार्थ-व्यञ्जन कार्य कहनेके अनन्तर विसर्गसन्धी कही जावे है ॥

विसर्जनीयस्य सः ।

विसर्जनीयस्य-सः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) विसर्जनीयस्य सकारो भवति खसेपरे । कः तनोति । कस्तनोति ।

भाषार्थ-विसर्जनीयको खस प्रत्याहार पर हुए संते सकार होय । भाव यहहै कि, जिस विसर्गसे परे खस प्रत्याहार होवे तो विसर्गके स्थानमे सकार होय जैसे (कः तनोति) इस प्रयोगमे विसर्गसे परे खस प्रत्याहारसम्बन्धी तकारहै इसकारण विसर्गके स्थानमे सकार करनेसे रूप सिद्ध हुआ (कस्तनोति) इति ॥

शषसे वा ।

शषसे-वा । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) विसर्जनीयस्य शषसे परे शषसा वा भवन्ति । कः षंढः । कष्षंढः । कः साधुः । कस्साधुः । कः शेते । कश्शेते ।

भाषार्थ-विसगको श ष स यह पर भये सन्ते श ष स यह अक्षर होयँ विकल्प करके भाव यह है कि, जिस विसर्गसे परे शकार होवे तौ उस विसर्गके स्थानमे शकार और जिस विसर्गसे परे षकार होवे तौ उस विसर्गके स्थानमे षकार और जिस विसर्गसे परे सकार होवे तौ उस विसर्गके स्थानमे सकार विकल्पकरके होताहै । जैसे (कः षंढः) इस प्रयोगमे विसर्गसे परे षकारहै इस कारण विकल्पकरके विसर्गके स्थानमें षकार करनेमे रूप सिद्ध हुआ (कष्षंढः) और जहाँ विसर्गको षकार नही हुआ तहाँ विसर्गही रहा (कः षंढः) इसी प्रकार (कः साधुः) तिसका (कस्साधुः) (कः साधुः) (कः शेते) तिसका (कश्शेते) (कः शेते) ॥

कुप्वोः ᳘क ᳘पौ वा ।

कुप्वोः-᳘क ᳘पौ-वा । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) विसर्जनीयस्य कवर्गपवर्गसम्बन्धिनि स्वरे परे ᳘क ᳘पौ वा भवतः । कपावुच्चारणार्थौ । कः करोति । क᳘करोति । कः पचति । क᳘पचति । कः खनति । क᳘खनति । कः फलति । क᳘फलति ।

भाषार्थ–विसर्जनीयको कवर्ग पवर्ग सम्बन्धी खस प्रत्याहार पर हुए सन्ते विकल्प करके ᳓ क ᳓ प होयँ इनमें ककार और पकार तौ उच्चारणार्थ है । भाव यह है कि, विसर्गसे परे कवर्ग और पवर्ग सम्बन्धी खस प्रत्याहार अर्थात् खस प्रत्याहारमेंसे कवर्ग और पवर्गके क ख प फ यह अक्षर परे होवैं तौ विसर्गके स्थानमें ᳓ क ᳓ प यह होवैं विकल्प करके । इनमे जो ककार और पकार यह अक्षर हैं वह उच्चारणार्थ हैं जहाँ कि, ककार उच्चारणार्थ है तहाँ उस विसर्गके रूपको जिह्वामूलीय कहतेहैं और जहां पकार उच्चारणार्थ है तहाँ उस विसर्गके रूपको उपध्मानीय कहते हैं परन्तु क ख परे सन्ते जिह्वामूलीय होताहै और प फ परे सन्ते उपध्मानीय होताहै । जैसे कः करोति इस प्रयोगमे विसर्गसे परे खस प्रत्याहार सम्बन्धी कवर्गमेंसे ककार है इस कारण विसर्गके स्थानमे ᳓ जिह्वामूलीय करनेसे रूप सिद्ध हुआ (क ᳓ करोति) और जहाँ नहीं हुआ तहाँ विसर्गही रहै (कः करोति) इसी प्रकार (कः पचति) इस प्रयोगमे विसर्गसे परे खसप्रत्याहार सम्बन्धी पवर्गमेंसे पकार है इसकारण विसर्गके स्थानमे ᳓ उपध्मानीय करनेसे रूप सिद्ध हुआ (क ᳓ पचति) और जहाँ ᳓ उपध्मानीय नहीं हुआ तहाँ विसर्गही रहे (कः पचति) और इसी प्रकार (कः खनति) तिसका भया (क ᳓ खनति) (कः खनति) और (कः फलति) तिसका भया (क ᳓ फलति) (कः फलति) ॥

वाचस्पत्यादयः संज्ञाशब्दा निपातात्साधवः । वाचस्पतिः । बृहस्पतिः । कारस्करः । पारस्परः । राजनूतुंदम् । राजंस्तुन्दम् । हरिः चन्द्रः । हरिश्चन्द्रः । इत्यादि ।

भाषार्थ–वाचस्पति आदिक संज्ञा शब्दहैं वह निपातसेही सिद्ध हुए जानने.भाव यहहै कि, वाचस्पति आदिक संज्ञा शब्द है यह सूत्रोंके विनाही सिद्ध हुएहै इनमें सूत्रकी प्राप्ति होनेपरभी सूत्रोक्त कार्य नहीं होताहै जैसे (वाचः पतिः) इस प्रयोगमे (कुप्वोः ᳓ क ᳓पौ वा) इस सूत्रकी प्राप्ति होते सन्ते भी विसर्गको सकार निपातसे होगया । तब सिद्ध हुआ (वाचस्पतिः) यह संज्ञा शब्द है इसी प्रकार अन्यभी जानने ॥

तद्बृहतोः करपत्योश्चौरदेवतयोः सुट्तलोपश्च । तत्करः । तस्करः । बृहत्पतिः । बृहस्पतिः ।

भाषार्थ–चौर देवता संज्ञा हुए सते तत् और बृहत् शब्दसे परे कर तथा पति शब्दको क्रमसे सुटका आगम होय और तत् और बृहत् शब्दके तकारका लोप होय ।

जैसे (तत् करः) इस प्रयोगमें ततसे परे कर शब्द है इसकी चौर संज्ञा होनेसे कर शब्दको सुट्का आगम किया तौ वह आगम (टित् किनावाद्यन्तयोर्वक्तव्यौ) इस करके करके आदिमें हुआ तब रूप हुआ (तत् सूकरः) फिर तत् शब्दके तकारका लोप करनेसे रूप सिद्ध हुआ (तस्करः) इसी प्रकार (बृहत् पतिः) इस प्रयोगमें बृहत् शब्दसे परे पाते शब्दहै इसकी देव संज्ञा होनेसे पति शब्दको सुट्का आगम किया और बृहत् शब्दके तकारका लोप किया तब रूप सिद्ध हुआ बृहस्पतिः ॥ (१)

अह्नो रो रात्रिषु ।

अह्नः । रः—अरात्रिषु—त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अह्नो विसर्जनीयस्य पदान्ते रो भवति रात्र्यादिवर्जितेषु परतः। अहर्पतिः। अरात्रिष्विति विशेषणात्। अहोरात्रम् । अहोरथन्तरम् ।

भाषार्थ—पदान्तमें अहन्शब्दसम्बन्धी विसर्गको रकार होय रात्रि आदिक शब्दोंसे वर्जित शब्द परे संते । भाव यह है कि, अहन्शब्दके नकारके स्थानमें उत्पन्न हुआ जो विसर्ग है उस विसर्गके स्थानमें रकार होय पदान्तके विषे परन्तु रात्रिआदिक शब्द यदि उस अहन्शब्दके नकारके स्थानमें उत्पन्न हुए विसर्गसे परे होवै तो उस विसर्गके स्थानमें रकार नहीं होय । जैसे (अहः पतिः) । इस प्रयोगमें अहन्शब्दके नकारके स्थानमें उत्पन्न हुआ विसर्ग विद्यमानहै इसकारण विसर्गके स्थानमें रकार करनेसे रूप सिद्ध हुआ (अहर्पतिः) रात्रि आदि शब्द वर्जित शब्द-पर हुए संते इस विशेषणसे (अहःरात्रः) इस प्रयोगमें विसर्गके स्थानमें रकार नहीं हुआ किन्तु (हवे) इस सूत्रकर विसर्गके स्थानमें उकार होनेसे रूप सिद्धहुआ (अहोरात्रः) इसी प्रकार (अहः रथतरम्) तिसका हुआ (अहोरथंतरम्) ॥

अतोत्युः ।

अतेः—अ ति—उः । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अकारात्परस्य विसर्जनीयस्य उकारो भवति अति परतः । कः अर्थः । कोऽर्थः ।

भाषार्थ—अकारसे परे जो विसर्ग तिसको उकार होय अकार परे संते । भाव यह है कि, अकारसे परे जो विसर्ग और उससे परे जो अकार होवै तौ उस विसर्गके स्थानमें उकार होवै जैसे (कः अर्थः) इस प्रयोगमें अकारसे परे विसर्ग है औ उससे परे अकार विद्यमान है इसकारण विसर्गके स्थानमें उकार करनेसे रूप हुआ

(१) यल्लक्षणेनोपपन्नं तत्सर्वं निपातात्सिद्धम् । भाषार्थ—जो कि लक्षण सूत्रोंकर नहीं सिद्ध हुआ है वह सब निपातसे सिद्ध होताहै—इति ।

(क उ अर्थः) फिर (उञो) इस सूत्रकर हुआ (को अर्थः) फिर (एदोनोनः) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (कोऽर्थः) ॥

हवे ।

हँवे । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अकारात्परस्य विसर्जनीयस्य उकारो भवति हवे परे । कः गतः । कोगतः । देवः याति । देवोयाति । मनः रथः । मनोरथः ।

भाषार्थ–अकारसे परे विसर्गको उकार होय हव प्रत्याहार परे हुए संते । भाव यह है कि, अकारसे परे जो विसर्ग और उस विसर्गसे परे यदि हव प्रत्याहार होवे तो विसर्गके स्थानमे उकार होय जैसे (कः गतः) इस प्रयोगमे अकारसे परे जो विसर्ग है उससे परे हव प्रत्याहार सम्बन्धी गकार अक्षर है इसकारण विसर्गके स्थानमें उकार करनेसे रूप हुआ (क उ गतः) फिर (उञो) इस सूत्रकर हुआ (कोगतः) इसी प्रकार (देवः याति) तिसका हुआ (देवोयाति) और (मनः रथ) तिसका हुआ (मनोरथः) ॥

आदवे लोपश् ।

आँत्–अँवे–लोपँश् । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अवर्णात्परस्य विसर्जनीयस्य लोपश् भवत्यवे परे । देवाः अत्र । देवाअत्र । वाताः वान्ति । वातावान्ति ।

भाषार्थ–अवर्णसे परे जो विसर्ग उसका लोपश् होय अव प्रत्याहार पर हुए संते । भाव यह है कि, अकार वा आकारसे परे विसर्ग होय और उस विसर्गसे परे यदि अव प्रत्याहार होवे तो विसर्गका लोपश् होय जैसे (देवाः अत्र) इस प्रयोगमें आकारसे परे विसर्गहै और उस विसर्गसे परे अव प्रत्याहार सम्बन्धी अकार है इस कारण विसर्गका लोपश् करनेसे रूप हुआ (देवाअत्र) इसीप्रकार (वाताः वान्ति) तिसका भया (वातावान्ति) ॥

स्वरे यत्वं वा ।

स्वँरे–यँत्वम्–वा° । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अवर्णात्परस्य विसर्जनीयस्य स्वरे परे यत्वं वा भवति । देवाः अत्र । देवायत्र । देवाअत्र ।

भाषार्थ–अवर्ण अर्थात् अकार और आकारसे परे विसर्गको यकार होय विकल्प करके स्वर परे संते । जैसे (देवाः अत्र) इस प्रयोगमे आकारसे परे विसर्ग है और उस

विसर्गसे परे स्वर संज्ञकोंमेंसे अकार है इसकारण विसर्गको यकार करनेसे रूप सिद्ध हुआ (देवायत्र) और जहाँ नहीं हुआ तहाँ 'आदवेलोपश्' इस सूत्रकर रूप सिद्ध हुआ (देवा अत्र) ॥

भोसः ।

भोसः । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) भोस् भगोस् अघोस् इत्येतस्मात्परस्य विसर्जनीयस्य लोपश् भवत्यवेपरे । भोःएहि । भो एहि । भगोः नमस्ते । भगो नमस्ते । अघोः याही । अघो याहि ।

भाषार्थ-भोस् और भगोस् और अघोस् इन शब्दोंसे परे विसर्गको लोपश् होय अव प्रत्याहार पर हुए संते भाव यह है कि, भोस् भगोस् अघोस इन शब्दोंके विसर्गोंसे यदि अव प्रत्याहार पर होवै तो उन विसर्गोंका लोपश होय जैसे (भोः एहि) इस प्रयोगमें जो कि, भोस् शब्दका विसर्ग है उससे परे अव प्रत्याहार सम्बन्धी एकार विद्यमान है इसकारण विसर्गका लोपश् करनेसे रूप हुआ (भो एहि) इसी प्रकार (भगोः नमस्ते) (भगो नमस्ते) (अघोः याहि) (अघोयाहि) ॥

नामिनो रः ।

नामिनः-रः । द्विपदमिदं सत्रम् (वृत्तिः) नामिनः परस्य विसर्जनीयस्य रेफो भवति अवेपरे । अग्निः अत्र । अग्निरत्र । वटुः यजते । वटुर्यजते ।

भाषार्थ-नामि संज्ञक स्वर अक्षरोंसे परे जो विसर्ग तिसके स्थानमें रकार होय अव प्रत्याहार पर हुए संते भाव यह है कि, इई उऊ ऋॠ ऌॡ एऐ ओऔ इन अक्षरोंसे परे यदि विसर्ग होय और उस विसर्गसे परे यदि अव प्रत्याहार होय तौ विसर्गके स्थानमें रकार होताहै जैसे (वटुः यजते) इस प्रयोगमें उकारसे परे विसर्ग है और उस विसर्गसे परे अव प्रत्याहार सम्बन्धी यकार अक्षर है इसकारण विसर्गके स्थानमें रकार करनेसे रूप सिद्ध हुआ (वटुर्यजते) इसी प्रकार (अग्निः अत्र) तिसका हुआ (अग्निरत्र) ॥

रेफप्रकृतिकस्य खपे वा ।

रेफप्रकृतिकस्य-खपे वा । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) रेफप्रकृतिकस्य विसर्जनीयस्य रेफो वा भवति खपे परे । गीः पतिः । गीर्पतिः । गी ू पतिः । गीः पतिः । धूः पतिः । धूर्पतिः । धू ू पतिः । धूः पतिः ।

भाषार्थ–रकारही है प्रकृति अर्थात् मूल कारण जिसका ऐसे विसर्गको रकार होय खप प्रत्याहार पर हुए संते विकल्प करके भाव यह है कि, जिस विसर्गका उत्पत्ति कारण रकारहो उस विसर्गसे यदि खप प्रत्याहार परे होय तो उसी विसर्गके स्थानमें रकार होय विकल्प करके जैसे (गीः प्रतिः) इस प्रयोगमें जो कि, विसर्ग है उसका उत्पत्ति कारण रकार है और उस विसर्गसे परे खप प्रत्याहार सम्बन्धी पकार विद्यमान है इसकारण विसर्गके स्थानमे रकार करनेसे रूप सिद्ध हुआ (गीर्पतिः) और जहाँ इस सूत्रमें वाके ग्रहणसे रकार नहीं हुआ तहाँ (कुप्वोः ᳕ क ᳕ पौ वा) इस सूत्रकर हुआ (गी ᳕ पतिः) (गीः पतिः) इसी प्रकार (धूः पतिः) तिसका हुआ धूर्पतिः । धू᳕पतिः) (धूः पतिः) । इति ॥

रः ।

रँः[1] । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) रेफसम्बन्धिनो विसर्जनीयस्य रेफो भवत्यबे परे । प्रातः अत्र । प्रातरत्र । अन्तः गतः । अन्तर्गतः ।

भाषार्थ–रकार सम्बन्धी विसर्गको रकार होय अव प्रत्याहार पर हुए संते भाव यह है कि, रकारसे उत्पन्न हुए विसर्गके स्थानमे रकारही होय जो उस विसर्गसे अव प्रत्याहार परे होवे तौ जैसे (प्रातः अत्र) इस प्रयोगमे जो विसर्ग है वह प्रातर् शब्दके रकारसे उत्पन्न हुआ इसकारण उस विसर्गके स्थानमें रकार किया क्योंकि विसर्गसे अव प्रत्याहार सम्बन्धी अकार परे विद्यमान है तब रूप सिद्ध हुआ (प्रातरत्र) इसीप्रकार (अन्तः गतः) तिसका सिद्ध हुआ (अन्तर्गतः)॥

रि लोपो दीर्घश्च ।

रिँ[1]–लोपः[1]–दीर्घः[1]–च[अ०] । चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) रेफस्य रेफे परे लोपो भवति । पूर्वस्य च दीर्घः । पुनः रमते । पुनारमते । शुक्तिः रूप्यात्मना भाति । शुक्ती रूप्यात्मना भाति ।

भाषार्थ–रकारका रकार पर हुए संते लोप होय और पूर्वस्वरको दीर्घ होय भाव यह है कि, जिस रकारसे परे रकार होय तौ उस रकारका लोप होय और उस लोप हुए रकारसे पूर्व यदि ह्रस्व स्वर होय तौ वह स्वर दीर्घहोय जैसे (पुनः रमते) इस प्रयोगमें विसर्गके स्थानमे (रः) इस सूत्रकर रकार करनेसे रूप हुआ (पुनर् रमते) फिर इस प्रयोगमे रकारसे परे रकार होनेसे रकारका लोप कर और उस लोप हुए रकारसे पूर्व अकारको दीर्घ कर रूप सिद्ध हुआ (पुनारमते) और (शुक्तिः रूप्यात्मना भाति) इस प्रयोगमे विसर्गके स्थानमे (नामिनोरः)

इस सूत्रसे रकार करनेसे रूप हुआ (शुक्तिर् रूप्यात्मना भाति) फिर (रिलोपोदीर्घश्च) इस सूत्रकर रूप सिद्ध हुआ (शुक्ती रूप्यात्मना भाति)

सैषाद्धसे ।

सैषा३ु३-हँसे३ु३ । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) स शब्दादेष शब्दाच्च परस्य विसर्जनीयस्य लोपश् भवति हसे परे । सः चरति । सचरति । एषः हसति । एष हसति ।

भाषार्थ-स शब्द और एष शब्दसे परे जो विसर्ग उसका लोपश् होय हस प्रत्याहार पर हुए सेते भाव यह है कि, तत् शब्दसे प्रथमा विभक्तिके प्रथम वचनमें उत्पन्न हुआ जो स शब्द और एतत् शब्दसे प्रथमा विभक्तिके एकवचनमें उत्पन्न हुआ एष शब्द इनसे परे जो विसर्ग और उस विसर्गसे परे यदि हस प्रत्याहार होवे तो उसी विसर्गका लोपश् होय जैसे (सः चरति) इस प्रयोगमे तत् शब्दसे प्रथमैकवचनमें सिद्ध हुए स शब्दसे परे विसर्ग है और विसर्गसे परे हस प्रत्याहार सम्बन्धी च अक्षर विद्यमानहै इसकारण विसर्गका लोपश् करनेसे रूप सिद्ध हुआ (सचरति) और (एषः हसति) इस प्रयोगमे एतत् शब्दसे प्रथमैकवचनमें सिद्ध हुए एष शब्दसे परे विसर्गहै और विसर्गसे परे हस प्रत्याहार सम्बन्धी हकार विद्यमान है इस कारण विसर्गका लोपश् करनेसे रूप हुआ (एष हसति) ॥

सैषादिनिर्संहिता । सैषदाशरथीरामः सैषराजायुधिष्ठिरः ।
सैषकर्णो महात्यागी सैषभीमोमहाबलः ॥ १ ॥

इत्यादौ पादपूरणे संध्यर्था ज्ञेयाः ।

भाषार्थ-(सैषाद्धसे) इस सूत्रमें जो कि सैषात् ऐसी अघटमान अकार एकारकी (एंएए) इस सूत्रकर संधि दिखाईहै वह स और एष शब्दोंकी है और (सैषदाशरथी रामः) इत्यादिकमें जो कि (सः एषः) इस प्रयोगके विषे (आदवे लोपश्) इस सूत्रकर विसर्गका लोपश् करनेपर जो कि, (ए ऐ ए) इस सूत्रकर सन्धि की है वह पादकी पूर्तिके लिये जाननी (अर्थ) सो यह दशरथ पुत्र राम वर्त्तमानहै सो यह राजायुधिष्ठिर वर्त्तमानहै और सो यह कर्ण महादानी वर्त्ते है और सो यह भीम महाबली वर्त्ते है ॥ १ ॥

यदुक्तं लौकिकायेह तद्वदे बहुलं भवेत् ॥
समां भूम्याददे सोपामित्यादीनामदुष्टता ॥ २ ॥

भाषार्थ–जो कि, सूत्र इस शास्त्रके विषे लौकिक अर्थात् व्याकरण प्रयोगके अर्थ कहाहै वह वेदके विषे बहुल अर्थात् अन्यथा भी होजाताहै भाव यह है कि जो सूत्र कि, इस शास्त्रमें व्याकरण प्रसिद्ध उदाहरणके साधनके लिये कहाहै वह वैदिक प्रयोगमें अनिश्चित होताहै अर्थात् किसी वैदिक प्रयोगमें वह सूत्र प्राप्त हो भी जाताहै और किसीमें नही भी होताहै जैसे (सः इमां) इस प्रयोगमे (आदवे लोपश्) इस सूत्रकर विसर्गका लोपश् करनेसे रूप हुआ (स इमाम्) फिर (लोपशिपुनर्नसन्धिः) इस करके (अ इए) इस सूत्रकी प्राप्ति नही होनी चाहियेथी सो वैदिक प्रयोग होनेमे होगई तब रूपहुआ (सेमाम्) और (भूमिः आददे) इसको वैदिक प्रयोग होनेसे कहीं (१) नामि संज्ञिक स्वरसे अब प्रत्याहारपर हुएसंते लोपश् होताहै । इस वचनकर विसर्गका लोपश् होनेसे रूपहुआ (भूमि आददे) फिर (इयंस्वरे) इस सूत्रकर सन्धि होनेसे रूप सिद्धहुआ (भूम्यादद) और इसीप्रकार (स उषाम्) तिसका भया(सोषाम्) इत्यादिक वैदिक प्रयोगोंको सूत्रानुसार न होनेका दोष नहीं है ॥ २ ॥

क्वचित्प्रवृत्तिः क्वचिदप्रवृत्तिः क्वचिद्विभाषा क्वचिदन्यदेव ।
विधेर्विधानं बहुधा समीक्ष्य चतुर्विधं बाहुलकं वदन्ति ॥ ३ ॥

भाषार्थ–किसी प्रयोगमें नही प्राप्त होने योग्य सूत्रकी प्रवृत्ति अर्थात् प्राप्ति होजातीहै और किसी प्रयोगमे प्राप्त होने योग्य सूत्रकीभी अप्रवृत्ति अर्थात् प्राप्ति नहीं होवेहै और कहीं विभाषा अर्थात् विकल्पही होजाताहै और किसी प्रयोगमे अन्यथाही होजाताहै इस प्रकार विधिनाम व्याकरण सूत्रका विधान बहु प्रकार देखि बाहुलक नाम वैदिक प्रयोगको बुध चारप्रकारका कहतेहै भाव यहहै कि, किसी प्रयोगमें तो नहीं कहे हुए सूत्रकी प्राप्ति होतीहै । जैसे (लोपशिपुनर्नसन्धिः) इस सूत्रका निषेध होनेपरभी (अ इए) इस सूत्रकर सन्धि प्राप्ति हुई है । और किसी प्रयोगमे कहेहुए सूत्रकीभी नही प्राप्ति होवेहै जैसे (भूमिः आददे) इस प्रयोगमे (नामिनोरः) इसकी प्राप्ति नहीं हुई और कहीं विकल्पताही होवेहै जैसे वेदमे (देवैः–देवेभिः। गवीशः। गवेशः। हंसः ह - सः) और किसी प्रयोगमे अन्यथाही होजाताहै जैसे (भूमिः आददे) इस प्रयोगमे विसर्गलोपरूप कार्य अन्यही हुआहै तब इसप्रकार व्याकरण सूत्रका विधान बहुप्रकार देखि बुधोंने वैदिक प्रयोग चारप्रकारका कहाहै–इति ॥ ३ ॥

---

(१) (नामिनोर्लोप) नामिन् (६।१) –लोप (१।१) । द्विपदमिदं सूत्रम् । नामिन परस्य विसर्जनीयस्य लोपो भवति क्वचिदवेपरे । भूमि आददे बीजम् भूम्यादद बीजम् । भाषार्थ–नामिस्वरसे परे विसर्गका लोप होय किसी प्रयोगमे अब प्रत्याहारपर हुएसंते जैसे (भूमि आददे) इस प्रयोगमे नामि स्वर इकारसे परे जो विसर्ग तिसका लोप किया क्योंकि, अब प्रत्याहार सम्बन्धी आकार परे विद्यमान है तब रूप भया (भूमि आददे बीजम्) फिर (इयंस्वरे) इस सूत्रकर रूपसिद्धभया (भूम्यादद बीजम्)

वर्णागमो वर्णविपर्ययश्च द्वौचापरौ वर्णविकारनाशौ ।
धातोस्तदर्थातिशयेन योगस्तदुच्यते पञ्चविधं निरुक्तम् ॥ ४ ॥

भाषार्थ—एक तो वर्णका आगम और दूसरा वर्णविपर्यय अर्थात् पूर्व उच्चारण किये वर्णके स्थानमे परवर्णका उच्चारण और परवर्णके स्थानमे पूर्व वर्णका उच्चारण और दो अन्य एक तौ वर्णोंका विकार और दूसरा वर्णोंका नाश जोकि, पूर्व अवस्थाको त्यागकर अन्य अवस्थाका साधन है वह विकार होताहै और सब प्रकारसे लोप होताहै वह नाशहै। और वर्णोंके विकार और नाश करके धातुके अतिशय अर्थात् धातुके अर्थकी अधिकतापूर्वक जो रूप होताहै वह योग नामसे पाँचवाँ भेद है तिसी कारणसे निरुक्त अर्थात् व्याकरणोदाहरण पांच प्रकारका कहाहै—इति ॥ ४ ॥

वर्णागमो गवेन्द्रादौ सिंहेवर्णविपर्ययः ।
षोडशादौ विकारःस्याद्वर्णनाशः पृषोदरे ॥ ५ ॥

भाषार्थ—गवेन्द्रादि प्रयोगोके विषे वर्णका आगमहै और सिह इस प्रयोगके विषे वर्णका विपर्य्ययहै और षोडशादिकके विषे वर्णका विकारहै और (पृषोदर) इस प्रयोगके विषे वर्णका नाशहै भाव यहहै कि (गो इन्द्रः) इत्यादिक प्रयोगमे (गवादेरवर्णागमोऽक्षादौ) इसकरके अवर्णका आगम हुआहै । तब (गवेन्द्रः) इत्यादि शब्द सिद्ध हुएहैं । और (हिस) ऐसे सिद्ध हुए प्रयोगके विषे वर्णका विपर्यय अर्थात् हकारके स्थानमे सकार और सकारके स्थानमें हकार होनेसे (सिहः) यह प्रयोग सिद्ध हुआहै । और (षष्दश) इत्यादिक प्रयोगके विषे वर्णका विकार अर्थात् षकारके स्थानमे उकार दकारके स्थानम डकार होनेसे सिद्ध हुआहै (षोडश) इत्यादिक शब्द और (पृषत् उदरः) इस प्रयोगमे वर्णका नाश अर्थात् तकारका लोप करनेसे सिद्ध हुआ (पृषोदरः) ॥ ५ ॥

वर्णनाशविकाराभ्यां धातोरतिशयेन यः ।
योगः स उच्यते प्राज्ञैर्मयूरभ्रमरादिषु ॥ ६ ॥

भाषार्थ—वर्णके नाश और विकार करके धातुके अर्थकी अधिकतापूर्वक जो रूप उत्पन्न होना है वह योग इस नामसे पण्डितोने मयूर भ्रमरादिशब्दोके विषे कहा है । जैसे (मद्यामतिशयेन राति—मयूरः) इसमे मही शब्दके ही के स्थानमें यू हो गया है और (भ्रमन् सन् अतिशयेन राति—भ्रमरः) इसमे नकारका लोप हो गया है ॥ ६ ॥

इति विसर्गसन्धिः ।

अथ विभक्तिर्विभाव्यते।

भाषार्थ–सन्धिप्रकरण कहनेके अनन्तर विभक्ति कही जावे है। जिस करके कि, कर्त्ता कर्म आदिक पृथक् किये जाते हैं वह विभक्ति होवे है॥

सा द्विधा स्यादिस्त्यादिश्च।

भाषार्थ–वह विभक्ति दो प्रकारकी होवै है एक तौ स्यादि अर्थात् सि औ जस् इत्यादिक और एक त्यादि अर्थात् तिप् तस् अन्ति इत्यादिक॥

विभक्त्यंतं पदम्।

तत्र स्यादिर्विभक्तिर्नाम्नो योज्यते।

भाषार्थ–जिसके अन्तमे स्यादि अथवा त्यादि विभक्ति हो वह पद कहा जाता है। उन स्यादि और त्यादि दोनो विभक्तियोके मध्यमे स्यादि विभक्ति नाममे अगारी युक्त कीजातीहै और त्यादि धातुसे अगारी युक्त कीजातीहै।

अविभक्तिनाम।

अविभक्ति–नाम। द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) विभक्तिरहितं धातुवर्जितं चार्थवच्छब्दरूपं नामोच्यते।

भाषार्थ–विभक्तिसे वर्जित धातुसे पृथक् अर्थवान् जो शब्दरूप अर्थात् अकारादि वर्णरूप सो नाम संज्ञक कहा है भाव यह है कि, जिस अर्थवान् अकारादि वर्णरूप शब्दमे विभक्तिभी युक्त न होवै और वह अर्थवान् अकारादि वर्णरूप शब्द स्वयं धातुभी न होवै तौ वह नामसंज्ञक कहा जाता है॥

कृत्तद्धितसमासाश्च प्रातिपदिकसंज्ञका इतिकेचित्।

भाषार्थ–और कृत् तद्धित समासमे सिद्ध हुए शब्द नामसंज्ञक होते हैं ऐसा कोई आचार्य कहते है और उन्ही आचार्योंके मतमे यह कृत् तद्धित समासमे सिद्ध हुए शब्द प्रातिपदिकसंज्ञक कहेजाते हैं भाव यह है कि, कृत् और तद्धित तथा समास प्रकरणमें जो शब्द सिद्ध हुए है वहभी नामसंज्ञक होते हैं ऐसा पाणिनीयाचार्य कहते हैं उन्हीके मतमे नामको प्रातिपदिक संज्ञक कहते हैं॥

तस्मात्–सि औ जस्। अम् औ शस्। टा भ्यां भिस्। ङे भ्यां भ्यस्। ङसि भ्यां भ्यस्। ङस् ओस् आम्। ङि ओस् सुप्।

तस्मात्–सि औ जस्। अम् औ शस्। टा भ्यां भिस्। ङे भ्यां भ्यस्। ङसि भ्यां भ्यस्। ङस् ओस् आम्। ङि ओस् सुप्। द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः)

तस्मान्नाम्नः पराः स्यादयः सप्त विभक्तयो भवन्ति । तत्राप्यर्थमात्रैकत्वविवक्षायां प्रथमैकवचने देव सि इति स्थिते इकार उच्चारणार्थः ।

भाषार्थ–उस नामसे परे सि आदिक सात विभक्ति होवैं हैं तहां सि औ जस् प्रथमा । अम् औ शस् द्वितीया । टा भ्यां भिस् तृतीया । ङे भ्यां भ्यस् चतुर्थी । ङसि भ्यां भ्यस् पंचमी । ङस ओस् आम् षष्ठी । ङि ओस् सुप् सप्तमी । ये सात विभक्ति हैं और इनमे एक २ विभक्तिके एक वचन द्विवचन बहुवचन यह तीन २ वचन होतेहैं तिन सातो विभक्तियोके मध्यमे जहॉ अर्थमात्र शब्दके एकके कहनेकी इच्छा कीजावै है तहॉ प्रथमाका एकवचन सि दिया जावै है तहॉ प्रथम देव शब्दहै इसके अगारी सि विभक्ति युक्त करनेसे । देव सि । ऐसा स्थित हुआ इस सि विभक्तिमे इकार उच्चारणार्थ है तब हुआ । देवस् ॥

सोर्विसर्गः ।

सोः–विसर्गः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) सकाररेफयोर्विसर्जनीयादेशो भवत्यधातोरसे पदान्ते च (१) देवः । द्वित्वविवक्षायां औ । ओऔ औ । देवौ । बहुत्वविवक्षायां बहुवचनं जस् । जकारस्येत्संज्ञायां लोपः । प्रयोजनं च जसीति विशेषणम् । देव अस् । इति स्थिते (दीर्घविसर्गौ) देवाः ।

भाषार्थ–धातुवर्जित नाम शब्दके सकार और रकारके स्थानमे विसर्गका आदेश होय रस प्रत्याहार पर हुएसते और पदान्तके विषे । भाव यहहै कि, जिस नाम शब्दके सकार अथवा रकारसे परे रसप्रत्याहार अथवा पदान्तही होवै तौ उस सकार और रकारके स्थानमे विसर्ग हो जाते है । तब (देवः) यह सिद्ध हुआ । और दोके कहनेकी इच्छा जहॉ कीजावैहै तहॉ द्विवचन औ होताहै । तब हुआ । देव औ । फिर (ओऔऔ) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (देवौ) और जहॉ बहुतोके कहनेकी इच्छा कीजावै हैं तहॉ बहुवचनसम्बन्धी जस् होताहै इसमें जकार (जसी) इस सूत्रके विशेषणार्थ है ।

---

(१) चकारात्पदान्ते धातुनाम्नोरस्योरपि नाम्न सकाररेफयो रसे परे पदान्ते च विसर्गादेश । चकारात्पदान्ते धातोरपि सकाररेफयोर्विसर्गादेश । यथा । अचका । अविभ । रसे परे आतार्न । यथा । आस्तेबिर्भाति । वृत्तिमे जो कि, चकार का ग्रहण किया है उससे पदान्तके विषे तौ धातु और नाम दोनोके सकार तथा रकारको विसर्गका आदेश होय और नामके सकार अथवा रकारका रस प्रत्याहार और पदान्त दोनोके विषेही विसर्गका आदेश होय और केवल पदान्तके विषे धातुकेही सकार अथवा रकारको विसर्ग आदेश होय जैसे । (अचकास्) तिसका हुआ (अचका) (अबिभर्) तिसका हुआ (अबिभ) और रस प्रत्याहार पर हुए सते धातुके सकार और रकारका विसर्ग नही होय जैसे । आस्ते, बिर्भाति, इत्यादिकोमे नही हुआ–इत्यलम् ।

इस कारण इत्संज्ञक होनेसे जकारका लोप होगया तब हुआ (देव अम्) फिर (सवर्णे दीर्घस्सह) इस सूत्र और (सोर्विसर्गः) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (देवाः) ॥

अकाराज्जसोऽसुक् क्वचिद्वक्तव्यः । देवासः । ब्राह्मणासः । द्वितीयैकवचने । देव अम् इति स्थिते ।

भाषार्थ–अकारसे परे जो जस् तिसको कहीं प्रयोगान्तरमें वेदके विषे असुक् आगम होताहै जैसे (देव जस्) इसमें जकारकी इत्संज्ञा होनेसे लोप होगया तब हुआ (देव अस्) फिर असुक्का आगम किया तौ (टित्किताववान्त्यादेर्वक्तव्यौ) इसकर हुआ (देव अस् अस्) फिर (सवर्णे दीर्घः सह) । (स्वरहीने परेण संयोज्यम्) (सोर्विसर्गः) इन सूत्रोंकर सिद्ध हुआ (देवासः) (ब्राह्मणासः) यहभी इसी प्रकार सिद्ध हुआहै और द्वितीया विभक्तिके विषे (देव अम्) ऐसा स्थितहै ॥

अम्शसोरस्य ।

अम्शसोः–अँस्यँ । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) समानादुत्तरयोरम्शसोरकारस्य लोपो भवति अधातोः । देवम् । देवौ । बहुवचने । देव शस् इति स्थिते । शकारः शसीति विशेषणार्थः ।

भाषार्थ–अधातु अर्थात् क्विप् आदिक प्रत्यय नहीं हैं अन्तमें जिसके ऐसे शब्दके समान संज्ञक वर्णसे परे जो अम्शसका अकार तिसका लोप होवै । भाव यहहै कि जिस शब्दके अन्तमें क्विप् आदिक प्रत्यय होवेहै वह धातु इस नामसे बोला जाताहै और जिसके क्विप् आदिक प्रत्यय अन्तमें नहीं होते हैं वह अधातु इस नामसे बोला जाताहै जो अधातु शब्दोंके समान अआ इई उऊ ऋॠ ऌॡ इन अक्षरोंसे परे यदि अम् शस् द्वितीया विभक्तिके एक वचन बहुवचन आवै तौ अम् शस्के अकारका लोप होजाताहै । जैसे (देव अम्) इस प्रयोगमें देव शब्दके समान संज्ञक अकारसे परे अम् है इसकारण अकारका लोप करनेसे सिद्ध हुआ (देवम्) और द्वितीयाके द्विवचनमें (देवौ) ऐसा प्रथमाके द्विवचनके समान सिद्ध हुआ और द्वितीयाके बहु वचनके विषे (देव शस्) ऐसा स्थितहै इनमें शकार (शसि) इस सूत्रके विशेषणार्थ होनेसे लोप होगया तब हुआ (देव अस्) फिर (अम् शसोररय) इस सूत्रकर शस्के अकारका लोप करनेसे हुआ (देवम्) ॥

सोनः पुंसः ।

सँ१:–नँ१:–पुँ१ सः । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) पुँल्लिंगात्समानादुत्तरस्य शसः सकारस्य नकारादेशो भवति ।

भाषार्थ-पुंलिगके विषे वर्त्तमान हुए समानसंज्ञक स्वरसे अगारी शस्के सकारको नकार आदेश होय भाव यहहै कि. पुल्लिग शब्दके समानसंज्ञक वर्णसे परे यदि शस् होवै तौ उस शस्के सकारके स्थानमे नकार होय जैसे(देवस्) इसमे सकारके स्थानमे नकार करनेसे । हुआ (देवन्) ॥

शसि ।

शँसि[1] । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) शसि परे पूर्वस्य दीर्घो भवति । देवान् । तृतीयैकवचने देव टा इति स्थिते । टकारोऽनुबन्धष्टेनेति विशेषणार्थः ।

भाषार्थ-शस् पर हुऐ संते पूर्वको दीर्घ होताहै । भाव यहहै कि, जिस पूर्व हस्वसे परे यदि शस् होवै तौ उस पूर्व हस्वका दीर्घ रूप होजाताहै । तब (देवन्) तिसका सिद्ध हुआ (देवान्) (१) तृतीयाके एकवचनमे (देव टा) ऐसा स्थितहै इसमे टकार (टेन) इस सूत्रके विषेषणार्थ होनेसे इत्संज्ञक होकर लोप होगया तब हुआ (देव आ) ॥

टेन ।

टा–ईनँ[3] । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अकारात्परष्टा इन भवति । देवेन । तृतीया द्विवचने देव भ्याम् । इति स्थिते ।

भाषार्थ-अकारसे परे जो टा सो इन होय जैसे (देव आ) इसमें देव शब्दके अकारसे परे टाका आ विद्यमानहै इसकारण आके स्थानमे इन करदिया तब हुआ (देव इन) फिर (अइए) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (देवेन) तृतीयाके द्विवचनमें (देव भ्याम्) ऐसा स्थितहै ॥

अद्भि ।

अर्त–भिँ[5] । द्विपदमिदंसूत्रम् (वृत्तिः) अकारस्य आ भवति भकारे परे । देवाभ्याम् । देव भिम् । इति स्थिते ।

भाषार्थ-अकारके स्थानमें आकार होय भकार पर हुए संते जैसे (देव भ्याम्) इसमें देवशब्दके अकारसे परे भ्याम् का भकार विद्यमानहै इसकारण अकारके

---

(१) यदि कहो कि । शसके अकार का तौ (अश्शसोरस्य) इस सूत्रकर लोप करदिया और (सोनपुम) इस सूत्रकर सकारके स्थानमे नकार करदिया फिर शस् ऐसा देव शब्दके अकारसे पर कहाँ रहा? जो (शसि) इस सूत्रकर दीर्घ करते हो तहाँ कहते है कि, (यदादेशास्तद्वद्भवति नतु वर्णमात्रविधौ) अर्थ–जिसके स्थानमे जो आदेश हुआहै वह उसीके समान होताहै अर्थात् उसीके लक्षण उच्चारण होताहै परन्तु वर्णमात्र विधिमे नही होताहै जैसे (द्यो) इसमे वकारके स्थानमे ओकार किया है इस ओकारको (यदादेशास्तद्वद्भवति) इसकर वकार मानकर (हसेप. सेर्लोप) इस सूत्रकर सिका लोप नही करसके क्योंकि (हसेप.सेर्लोप) इस सूत्रमे तौ हसमात्रहीका विधान है ।

स्थानमे आकार करनेसे सिद्ध हुआ (देवाभ्याम्) और तृतीयाके बहुवचनमें (देव-भिस्) ऐसा स्थितहै ॥

ब्भ्यः ।

भे॰१—भि॰१—अं॰३ः । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अकारात्परस्य भिसो भ-कारस्याकारादेशो भवति । (अइए) देव एस् इति स्थिते (एऐऐ) वृद्धिविसर्जनीयौ।

भाषार्थ–अकारसे परे भिसके भकारको अकार आदेश होय भाव यह है कि, यदि अकारसे परे भिस्होवै तौ उस भिसके भकारके स्थानमें अकार होजावै । जैसे (देव भिस्) इसमें देव शब्दके अकारसे परे भिसका भकारहै इस कारण भकारके स्थानमें अकार करनेसे हुआ (देव अ इस्) फिर (अइए) इस सूत्रकर हुआ (देव एस्) फिर (एऐऐ) इस सूत्रकर हुआ (देवैस) फिर (खोर्विसर्गः) इस सूत्रकर सिद्धहुआ (देवैः) ॥

अकारस्य भिसि छन्दस्येकारो वा वक्तव्यः । देवेभिःकर्णेभिः । चतुर्थ्येकवचने । देव ङे इति स्थिते । ङकारो ङित्कार्यार्थः सर्वत्र ।

भाषार्थ–अकारको भिस परे हुएसते वेदके विषे विकल्पना कर एकार होजाता है भाव यहहै कि, वेदके विषे अकारके स्थानमें एकार होजाताहै विकल्पकरके भिस्पर होवै तौ जैसे (देव भिस्) इस वैदिक उदाहरणमें देव शब्दके अकारसे परे भिस् विद्यमानहै इसकारण अकारके स्थानमें एकार करनेसे हुआ (देवे भिस) फिर (खोर्विसर्गः) इसकर सिद्ध हुआ (देवेभिः) और इसीप्रकार सिद्ध हुआ (कर्णेभिः) और जहाँ नहीं हुआ अकारको एकार तहाँ (देवैः – कर्णैः) ऐसे रूप जानने । चतुर्थीके एकवचनके विषे (देव ङे) ऐसा स्थित है । ङकार सब जगह ङित्कार्यार्थ है । तब हुआ (देव ए) ॥

ङेरक् ।

ङे॰१ः—अ॰३क्—द्विपदमिदंसूत्रम् (वृत्तिः) अकारात्परस्यङे इत्येतस्य अगागमो भवति । किच्चादन्ते । ए अय् । दीर्घः । देवाय । देवाभ्याम् । देवेभ्यम् इतिस्थिते ।

भाषार्थ–अकारसे परे जो ङे तिसको अक्का आगम होय । भाव यहहै कि, अकारसे परे यदि चतुर्थीका एकवचन ङे होवै तो उस ङे को अक्का आगम होय वह आगम ङेके अन्तमे होय क्योंकि, आगममें ककार इत्संज्ञकहै जैसे (देवए) इसमें देव शब्दके अकारसे परे ङेके स्थानमें ए विद्यमानहै इसकारण ङेके स्थानमें विद्यमान हुए एको अक्का आगम करनेसे रूपहुआ (देव एअ) फिर (ए अय्) इस सूत्र कर हुआ (देव अय्) फिर (सवर्णे दीर्घः सह) इस कर सिद्ध हुआ (देवाय) फिर चतुर्थीके द्विवचनमें तृती-

याके द्विवचनके समान सिद्ध हुआ (देवाभ्याम्) और चतुर्थीके बहुवचनमें (देव भ्यस्) ऐसा स्थित है ॥

एस्भिबहुत्वे ।

एँ १—ँस्भिं १—बँहुत्वे १ । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अकारस्य एत्वं भवति सकारे भकारे च परे बहुत्वे सति । देवेभ्यः । पञ्चम्येकवचने । देव अस् । इति स्थिते ।

भाषार्थ—अकारको एकार होय सकार और भकार परे संते बहुवचन होनेपर भाव यह है कि, बहुवचनमें यदि अकारसे परे सकार अथवा भकार होवै तौ उस अकारके स्थानमे एकार होय जैसे (देव भ्यस्) इसमे देव शब्दके अकारसे परे भकार बहुवचन-सम्बन्धी विद्यमान है इसकारण अकारके स्थानमे एकार करनेसे रूप हुआ (देवेभ्यस्) फिर (खोर्विसर्गः) इसकर सिद्ध हुआ (देवेभ्यः) और पञ्चमीके एकवचनमें (देव अस्) ऐसा स्थित है ॥

ङसिरत् ।

ङँसिं १:—अँत् १ । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अकारात्परो ङसिरद्भवति । देवात् । देवाभ्याम् । देवेभ्यः । षष्ठ्येकवचने देव अस् इति स्थिते ।

भाषार्थ—अकारसे परे जो ङसि सो अत् होय भाव यह है कि, अकारसे परे पंचमीका एकवचन ङसिका शुद्धरूप अस् होवै तौ उस ङसिके शुद्धरूप असके स्थानमे अ होजावै जैसे (देव अस्) इसमे देवशब्दके अकारसे परे ङसिका शुद्ध रूप अस् विद्यमान है इस कारण ङसिके शुद्धरूप असके स्थानमें (अत्) करनेसे रूप हुआ (देव अत्) फिर (सवर्णे दीर्घः सह) इसकर सिद्ध हुआ (देवात्) और पंचमीके द्विवचनमें पूर्ववत् सिद्ध हुआ (देवाभ्याम्) और बहुवचनमे पूर्ववत् सिद्ध हुआ (देवेभ्यः) अ षष्ठीके एकवचनमें (देव अस) ऐसा स्थित है ॥

ङस्स्य ।

ङँस्मे १—स्यँ १ । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अकारात्परो ङस् स्यो भवति । देवस्य । षष्ठीद्विवचने देव ओस् इति स्थिते ।

भाषार्थ—अकारसे परे जो ङस् सो स्य होय भाव यह है कि, यदि अकारसे प षष्ठीका एकवचन ङस् का शुद्ध रूप अस् होवै तौ उस ङसूके शुद्ध रूप असूके स्थान स्य होता है जैसे (देव अस्) इसमे देव शब्दके अकारसे परे ङस् का शुद्ध रूप अ विद्यमान है इसकारण अस् के स्थानमे स्य करनेसे रूप सिद्ध हुआ (देवस्य) अ षष्ठीके द्विवचनमें (देव ओस्) ऐसा स्थित है ॥

ओसि ।

ओसिं । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अकारस्य ओसि परे एत्वं भवति । अय् । देवयोः । षष्ठीबहुवचने । देव आम् इति स्थिते ।

भाषार्थ—अकारको ओस् पर हुए संते एकार होय । भाव यह है कि. जिस अकारसे परे षष्ठीका द्विवचन ओस् होवै तौ उस अकारके स्थानमें एकार होवै है । जैसे (देव ओस्) इसमे देव शब्दके अकारसे परे ओस् विद्यमान है इसकारण अकारके स्थानमें एकार करनेसे रूप हुआ । देवे ओस् । फिर (ए अय्) और (स्रोर्विसर्गः) इन करि सिद्ध हुआ (देवयोः) अब षष्ठीके बहुवचनमे । देवआम् । ऐसा स्थित है ॥

नुडामः ।

नुट्—आमः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) समानात्परस्यामो नुडागमो भवति । टित्वादादौ । उकार उच्चारणार्थः ।

भाषार्थ—समानसे परे जो आम् तिसको नुट्का आगम होय भाव यह है कि. पुल्लिगमे ह्रस्व समान जो अ इ उ ऋ ऌ और नित्यही स्त्रीलिंगके विषे वर्त्तमान दीर्घ समान जो आवन्त ईकारान्त संबन्धी आ ई इनसे परे यदि षष्ठीबहुवचन आम् तिसको नुट् आगम होय जैसे । देव आम् । इसमे देव शब्दके समान संज्ञक अकारसे परे षष्ठीबहुवचन आम् विद्यमानहै इसकारण आम्को नुट् आगम किया वह नुट् आगम आम्के आदिमे हुआ क्योंकि, आगममें टकार इत्संज्ञकहै और उकार उच्चारणार्थ है तब रूप हुआ । देवन् आम् । फिर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर हुआ (देवनाम्) फिर ॥

नामि ।

नाँमि । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) नामि परे पूर्वस्य दीर्घो भवति । देवानाम् । सप्तम्येकवचने देव ङि इतिस्थिते । अइए । देवे । ओसि । देवयोः । देवसु । इति स्थिते । एसुंमि बहुत्वे । इत्येकारः ।

भाषार्थ—नाम् पर हुए संते पूर्व ह्रस्वको दीर्घ होता है भाव यह है कि नुट् आगम सहित आम् जिस ह्रस्वसे परे होवै तौ उसको दीर्घ होता है जैसे । देव नाम् । इसमे देव शब्दके ह्रस्व अकारसे परे नुट् आगम सहित आम् विद्यमान है इस कारण उस ह्रस्व अकारको दीर्घ करनेसे रूप सिद्ध हुआ (देवानाम्) और सप्तमीके एकवचनमे । देव ङि । ऐसा स्थित है तिसका रहा । देव इ । फिर (अ इ ए) इस का सिद्ध हुआ (देवे) और सप्तमीके द्विवचनक ओसके विषे षष्ठीके द्विवचनके समान

सिद्ध हुआ (देवयोः) और सप्तमीके बहुवचनके विषे । देवसु । एसा स्थित है (एस्भि बहुत्वे) इसकर रूप सिद्ध हुआ । देवेसु । फिर ॥

क्किलात्षः सः कृतस्य ।

क्किलात्-षः-सः-कृतस्य । चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) कवर्गादिलाच्च प्रत्याहारादुत्तरस्य केनचित्सूत्रेण कृतस्य सकारस्य षकारादेशो भवति । देवेषु ।

भाषार्थ–कवर्ग और इल प्रत्याहारसे परे किसी एक सूत्रकर कियेही हुए सकारको षकार होय भाव यह है कि, कवर्ग और इल प्रत्याहारसे उत्तर जो किसी सूत्रका कियाहुआ सकार होवै तौ उस सकारके स्थानमे षकार हो जाता है जैसे । देवेसु । इसमे इलप्रत्याहारसन्वधी एकारसे परे सप्तमी का बहुवचन सुप् का सूत्रकृत सकार विद्यमान है इसकारण सकारके स्थानमे षकार करनेसे रूप सिद्ध हुआ (देवेषु) (१) ।

आमन्त्रणे सिर्द्धिः ।

आमन्त्रणे-सिः-धिः । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) आमन्त्रणमाभिमुख्यीकरणं तस्मिन्नर्थे विहितः सिर्द्धिसंज्ञो भवति ।

भाषार्थ–आमन्त्रण जो अभिमुखीकरण तिस अर्थमें रचा हुआ जो सि है वह धि संज्ञक होवै है भाव यह है कि, जो स्वरूपसे अपने संमुख न होवै वह संमुख जिस करके किया जाता है उसका नाम आभिमुखीकरण है उसी अर्थमे जो कि,प्रथमाका एकवचन सि है वह धि संज्ञक हो जावै है जैसे । देवम् । इसमे सि के शुद्ध रूप सकारकी धि मंज्ञा है ॥

समानाद्धेर्लोपोऽधातोः ।

समानात्-धेः-लोपः-अधातोः । चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) समानादुत्तरस्य धेर्लोपो भवत्यधातोः ।

---

(१) और कवर्ग तथा इलप्रत्याहारसे परे अन्तमे स्थिर हुए स्वाभाविक सकारके स्थानमे षकार नहीं होता है जैसे (हरिस्तत्र) इत्यादिकमे नहीं होता है और तुन् तथा विसर्गके अन्तरमे भी हो जाता है जैसे (हरीषि) (हरिषु) और (क्किलात्ष स कृतस्य) इस सूत्रमे (स ष) ऐसा करना योग्य था तथापि (ष स) ऐसा जो कि विपरीत कमसे किया है सो कहीं विनाही कवर्ग तथा इल प्रत्याहारसे पर सकारके स्थानमे षकारके जनानेके अर्थ है जैसे (अवष्टभ । अवषु । अभ्यषुणोत्) (इत्यलम) ।

भाषार्थ–अधातु (१) अर्थात् नहीं है किवादि प्रत्यय अन्तमें जिसके ऐसे हल्‌ समानसे उत्तर जो धि तिसका लोप होय जैसे । देवस्‌ । इसमें धि संज्ञक सकारका लोप करनेसे रूप हुआ । देव ॥

आभिमुख्याभिव्यक्तये हे शब्दस्य प्राक् प्रयोगः । हेदेव । हेदेवौ । हेदेवाः । एवंघटपटस्तंभकुंभादयः अकारान्ताः पुँल्लिंगाः ।

भाषार्थ–आभिमुख्य नाम संमुखता उसके प्रकट करनेके लिये हे शब्दका आदिमें प्रयोग होता है भाव यह है कि, संमुखताही प्रकट करनेके लिये शब्दसे पूर्व हे प्रयुक्त किया जावे है जैसे (हे देव) और द्विवचनके विषे (हे देवौ) और बहुवचनके विषे (हे देवाः) इसीप्रकार घट पट स्तंभ कुंभ आदिक अकारान्त पुँल्लिंग जाननेयोग्य है भाव यह है कि, जिसप्रकार कि, अकारान्त पुँल्लिंग देव शब्द सिद्ध हुआ है तिसीप्रकार घट पट आदिक अकारान्त पुँल्लिंग शब्द सिद्ध हुए जानने चाहिये ॥

अकारान्तानामपि सर्वादीनां तु विशेषः । सर्व । विश्व । उभ । उभय । अन्य । अन्यतर । इतर । डतर । डतम । सम । सिम । त्वत् । त्व । नेम । एक । पूर्व । पर । अवर । दक्षिण । उत्तर । अपर । अधर । स्व । अन्तर । त्यद् । तद् । यद् । इदम् । एतद् । अदस् । द्वि । किम् । युष्मद् । अस्मद् । एते सर्वादयस्त्रिलिंगाः ।

भाषार्थ–अकारान्त सर्व आदिक शब्दोंका विशेष है । भाव यह है कि, सर्व आदिक शब्दभी अकारान्त है परन्तु सर्व आदिक शब्दोंको देव शब्दसे कुछ भेद है वह सर्वादिक शब्द सर्व शब्दसे लेकर अस्मद् शब्द पर्यन्त गिनायेहैं यह सर्वादिक शब्द त्रिलिंग अर्थात् पुल्लिंग स्त्रीलिंग नपुंसकलिंग होते हैं ॥ (२)

---

(१) अक्किवन्तोऽधातु रुच्यते किवन्तश्च (शब्दोधातुरित्यभिप्राय) भाषार्थ–नहीं है किवादि प्रत्यय अन्तमें जिसके वह शब्द अधातु कहाता है और किवाद्यन्त शब्द धातु कहाता है ।

(२) विश्व शब्द सकलार्थवाचक सर्वादिकोंमें है न कि जगद्वाचक, और सम शब्द सर्वार्थवाचक सर्वादिकोंमें है न कि तुल्यार्थवाचक, और सिम शब्द समग्रार्थवाचक सर्वादिकोंमें है और नेम शब्द खंडवाचक सर्वादिकोंमें है और पूर्व पर अवर यह तीनों शब्द दिशा देशकालार्थवाचक सर्वादिकोंमें है और दक्षिण शब्द दिशा देशवाचक सर्वादिकोंमें है न कि प्रवीण शृंगारनायकार्थवाचक, और उत्तर शब्द दिशा देशवाचक सर्वादिकोंमें है नकि प्रतिवाक्यार्थवाचक और अपर शब्द दिशा देशवाचक सर्वादिकोंमें है और अधर शब्द दिशा देशहीनार्थवाचक सर्वादिकोंमें है नकि ओष्ठवाचक, और स्व शब्द आत्मार्थ तथा आत्मीयार्थ वाचक सर्वादिकोंमें है और अन्तर शब्द बहिर्योग तथा उपसंव्यान अर्थके विषय ही सर्वादिकोंमें है । इत्यलम् ।

तत्र पुँल्लिंगत्वे रूपं नेयम् । सर्वः । सर्वौ । सर्व जस् इति स्थिते ।

भाषार्थ–तहा पुंल्लिंग प्रकरणमे सर्वादिकोके रूप लानेयोग्य हैं । प्रथमाके एकवचनमें । सर्वस् । ऐसा स्थितहै (खोर्विसर्गः) इसकर सिद्ध हुआ (सर्वः) और द्विवचनके विषे (सर्वौ) और प्रथमाबहुवचनके विषे । सर्व जस् । ऐसा स्थित है जकार (जसी) इस सूत्रके प्रयोजनार्थ है तब हुआ । सर्व अस् । फिर ॥

जसी ।

जसि–ई । द्विपदमिदंसूत्रम् (वृत्तिः) सर्वादेरकारान्तात्परोजस् ईर्भवति । अइए । सर्वे । सर्वम् । सर्वौ । सर्वान् । अश्भसोरस्य । सोनः पुंसः । शसि । पूर्वस्य दीर्घः । तृतीयैकवचने । सर्व इन इति स्थिते ।

भाषार्थ–अकार है अन्तमे जिसके ऐसे सर्वादिक शब्दसे परे जसूके स्थानमें ईकार होय जैसे । सर्व अस । इसमे अकारान्त सर्व शब्दसे परे जसका शुद्ध रूप अस् विद्यमान है इसकारण असके स्थानमें ईकार करनेसे रूप हुआ । सर्व ई । फिर । अइए । इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (सर्वे) और द्वितीयाके एकवचनमे (सर्वम्) और द्वितीयाके द्विवचनमे (सर्वौ) और बहुवचनमे (अश्शसोरस्य) (सोनः पुसः) (शसि) इन सूत्रोकर सिद्ध हुआ (सर्वान्) और तृतीयाके एकवचनमे (टेन) इस सूत्रकर । सर्व इन । ऐसा स्थित हुआ फिर (अइए) इस सूत्रकर हुआ । सर्वेन । फिर ॥

षुनोंणोऽनन्ते ।

षुः–नः–णः–अँनन्ते । चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) षकाररेफऋवर्णोत्यः परस्य नकारस्य णकारादेशो भवति अन्ते स्थितस्य न भवति ।

भाषार्थ–षकार तथा रकार और ऋवर्णसे परे जो नकार होवै तौ उस नकारको णकार आदेश होय परन्तु अन्तमे स्थित हुए नकारको णकार आदेश नहींहोय भाव यह है कि, यदि षकार अथवा रकार वा ऋकार वा ऋकारसे परे नकार विद्यमान होवै तौ उस नकारके स्थानमे णकार होजावै परन्तु षकार वा रकार वा ऋऋसे परे नकार जो अन्तमें स्थित होवै तौ उस नकारके स्थानमें णकार नही होय अर्थात् पदान्तमें स्थितहुए व्यञ्जन नकारके स्थानमे णकार नहीं हो ॥

अवकुप्वन्तरेपि ॥

अवकुप्वन्तरे–अपि । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अवप्रत्याहारेण कवर्गेण पवर्गेण च मध्ये व्यवधानेऽपि भवति नान्येन । सर्वेण । सर्वाभ्याम् । अर्द्धात्यात्यम । सर्वैः । चतुर्थ्येकवचने । सर्व ए । इति स्थिते ।

भाषार्थ–अब प्रत्याहार तथा कवर्ग और पवर्गकर मध्यके विषय अन्तर होनेपर भी नकारके स्थानमें णकार होय और अन्य अक्षरकर मध्यमें अन्तर हुए सति नकारके स्थानमें णकार नहीं होय भाव यह है कि, यदि पकार वा रकार वा ऋवर्ण और नकारके मध्यमें अब प्रत्याहार अथवा कवर्ग वा पवर्गमेंसे कोई होवे तौभी नकारके स्थानमें णकार होजाताहै और अपि शब्दसे जिह्वामूलीयउपध्मानीय अनुस्वार नुम विसर्ग यहभी मध्यमें होवैं तौभी नकारके स्थानमें णकार होजाताहै जैसे । सर्वेन । इसमें रकार और नकारके मध्यमें वकार एकार विद्यमानहै इसकारण नकारके स्थानमें णकार करनेसे रूप सिद्ध हुआ (सर्वेण) और तृतीयाके द्विवचनमें पूर्ववत् (सर्वाभ्याम्) और बहुवचनमें पूर्ववत् (सर्वैः) अब चतुर्थीके एकवचनमें (सर्व ए) ऐसा स्थितहै ॥

सर्वादेः स्मट् ।

सर्वादेः–स्मट् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) सर्वादेरकारान्तात्परस्य चतुर्थ्येकवचनस्य स्मडागमो भवति। टकारः स्थाननियमार्थः । ए ऐ ऐ । सर्वस्मै । सर्वाभ्याम् । सर्वेभ्यः । षष्ठ्येकवचने । सर्व अस् । इति स्थिते । ङसि रत् । सर्व अत् ।

भाषार्थ–अकारहै अन्तमें जिसके ऐसे सर्वादिक शब्दसे परे जो चतुर्थीका एकवचन ङे तिसको स्मट्का आगम होय । आगममें टकार स्थानके नियमके अर्थहै, जैसे (सर्व ए)इसमें सर्व शब्दसे परे चतुर्थीका एकवचन ङेका शुद्ध रूप ए विद्यमानहै इस कारण एको स्मट्का आगम किया तो वह आगम एके आदिमें हुआ क्योंकि, आगमका टकार इत्संज्ञकहै तब रूप हुआ । सर्व स्म ए । फिर । ए ऐ ऐ । इस सूत्रकर सिद्ध हुवा (सर्वस्मै) और द्विवचनमें पूर्ववत् सिद्ध हुआ । सर्वाभ्याम् । और बहुवचनमें सिद्ध हुआ पूर्ववत् । सर्वेभ्यः । अब पञ्चमीके एकवचनमें । सर्व अस् । ऐसा स्थितहै तिसका हुआ (ङसि रत्) इस सूत्रकर । सर्व अत् ॥

अतः ।

अतः । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) सर्वादेरकारान्तात्परस्यातः स्मडागमो भवति । सर्वस्मात् । सर्वाभ्याम् । सर्वेभ्यः । षष्ठ्येकवचने । सर्व अस् इति स्थिते (ङस्य) सर्वस्य। सर्व ओस् इति स्थिते (ओसि, एअय्) सर्वयोः । सर्वआम् इति स्थिते।

भाषार्थ–अकारहै अन्तमें जिसके ऐसे सर्वादिक शब्दसे परे जो ङसिके स्थानमें उत्पन्न हुआ अत् तिसको स्मट् आगम होय जैसे । सर्व अत् । इसमें अकारान्त सर्व शब्दसे

ङसिके स्थानमें (ङसिरत्) इस सूत्रकर उत्पन्न हुआ अत् परे विद्यमानहै इसकारण अत्को स्मट् आगम किया तौ वह आगम अत्के आदिमे हुवा क्योंकि आगमका टकार इत्संज्ञकहै तब रूप हुआ । सर्वस्म अत् । फिर । सवर्णे दीर्घःसह । इसकर सिद्ध हुआ(सर्वस्मात्) और पञ्चमीके द्विवचनके विषे पूर्ववत् सिद्ध हुआ(सर्वाभ्याम्)और बहुवचनके विषे (सर्वेभ्यः) और षष्ठीके एकवचनमे । सर्व अस् । ऐसा स्थितहै तब (ङस्स्य) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (सर्वस्य) और षष्ठीके द्विवचनमे । सर्व ओस् । ऐसा स्थितहै । तब (ओसि और ए अय्) इन सूत्रोकर सिद्ध हुआ । सर्वयोः । अब षष्ठीके बहुवचनमें । सर्वआम् । ऐसा स्थितहै ॥

सुडामः

सुट्—आमः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) सर्वादेः परस्यामः सुडागमो भवति । एस्भिबहुत्वे । क्किलात्पःसः कृतस्य । सस्य षत्वम् । सर्वेषाम् । सप्तम्येकवचने । सर्व ङि इतिस्थिते ।

भाषार्थ—सर्वादिक शब्दसे परे जो षष्ठीका बहुवचन आम् तिसको सुट् आगम होय जैसे । सर्व आम् । इसमे सर्व शब्दसे परे षष्ठीका बहुवचन आम् विद्यमानहै इसकारण आमको सुट् आगम किया तौ वह आगम आमके आदिमे हुआ क्योंकि, आगमका टकार इत्संज्ञकहै और उकार उच्चारणार्थ है तब हुआ । सर्वसुआम् । फिर (एस्भिबहुत्वे) इस सूत्रकर हुआ । सर्वेसुआम् । फिर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर हुआ । सर्वेसाम । फिर (क्किलात्पःसः कृतस्य) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (सर्वेषाम्) अब सप्तमीके एकवचनमे । सर्व ङि । ऐसा स्थितहै तिसका हुआ । सर्व इ ॥

ङि स्मिन् ।

ङि—स्मिन् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) सर्वादेरकारान्तात्परोङिःस्मिन् भवति । सर्वस्मिन् । ओसि । अकारस्य एत्वम् । एअय् । सर्वयोः । सप्तमीबहुवचने । सर्व सु । इति स्थिते । एस्भिबहुत्वे । अकारस्य एत्वम् । क्किलात्पःसः कृतस्य । इति षत्वम् । सर्वेषु । आमन्त्रणे । हेसर्व । हे सर्वौ । हेसर्वे ।

भाषार्थ—अकारहै अन्तमे जिसके ऐसे सर्वादिक शब्दसे परे जो ङिका शुद्ध रूप इ सो स्मिन् होय जैसे । सर्व इ । इसमे अकारान्त सर्व शब्दसे पर ङिका शुद्ध इ विद्यमानहै इसकारण इसके स्थानमें स्मिन् करनेसे रूप सिद्ध हुआ (सर्वस्मिन्) और सप्तमीके द्विवचनके विषे (ओसि) इस सूत्रकर अकारको एकार हुआ और (एअय्)इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (सर्वयोः) और सप्तमीके बहुवचनके विषे । सर्वसु । ऐसा स्थितहै तब ।

एस्भि बहुत्वे । इसकर अकारको एकार होगया और (किलाल्पः सः कृतस्य) इसकर सकारको षकार होगया तब सिद्धहुआ (सर्वेषु) और आमन्त्रण नाम संबोधनके विषे (हेसर्व) (हेसर्वौ) (हेसर्वे) यह पूर्ववत् साधने योग्यहैं ॥

एवं विश्वादीनामेकशब्दपर्य्यन्तानां रूपं ज्ञेयम् । डतरडतमौ विहाय । तौ प्रत्ययौ ततस्तदन्ताः शब्दा ग्राह्याः । पूर्वः । पूर्वौ । पूर्वजस् । इति स्थिते । पूर्वादीनां तु नवानां जस ईकारो वा वक्तव्यः । पूर्वे । पूर्वाः । परे । पराः । ङसिङ्योः स्मात्स्मिनौ वा वक्तव्यौ । पूर्वस्मात् । पूर्वात् । पूर्वाभ्यांत् । पूर्वेभ्यः । ङस्य । पूर्वस्य । ओसि । पूर्वयोः । सुडामः । पूर्वेषाम् । ङि स्मिन् । पूर्वस्मिन् । पूर्वे । पूर्वयोः । पूर्वेष । हेपूर्व । हेपूर्वौ । हेपूर्वे । हेपूर्वाः ।

भाषार्थ–इसी प्रकार विश्वादिक एकशब्द पर्यन्तोंके रूप जाननेयोग्य हैं भाव यहहै कि; जिसप्रकार कि, अकारान्त सर्वशब्दका रूप सातो विभक्तियोंमें सिद्ध हुआहै तिसी प्रकार विश्वशब्दसे लेकर एकशब्दपर्यन्त अकारान्त शब्दोंके रूप जानने योग्यहैं परन्तु (डतर, डतम) को छोडि करिके क्योंकि, वह दोनो प्रत्ययहैं इसकारण तदन्तशब्द ग्रहणकरने योग्यहै अर्थात् वह डतर डतम प्रत्यय है अन्तमें जिनके ऐसे (कतर, कतम) आदि शब्द ग्रहणकरनेयोग्यहैं और प्रथमाके एकवचनमें पूर्व शब्द पूर्ववत् सिद्ध हुआ (पूर्वः) और द्विवचनके विषे (पूर्वौ) और बहुवचनके विषे । पूर्वजस् । ऐसा स्थितहै तिसका हुआ । पूर्वअस् । पूर्वादिक नव शब्दोंके जसको ईकार विकल्प करके कहने योग्यहै भाव यहहै कि, पूर्वआदिक नव शब्दोंसे परे जसके स्थानमे विकल्पकरके ईकार होय जैसे । पूर्वअस । इसमें पूर्वशब्दसे परे जसका शुद्ध रूप अस् विद्यमानहै इसकारण असके स्थानमें ईकार करनेसे रूप सिद्ध हुआ (पूर्वे) और जहाँ ईकार नहीं हुआ तौ पूर्ववत् सिद्ध हुआ (पूर्वाः) इसीप्रकार (परे, पराः) और पूर्वादिक नव शब्दोंके ङसि और ङिके विषे स्मात् और स्मिन् विकल्पकरके वक्तव्यहै । भाव यहहै कि, पूर्व आदिक नवशब्दोंका रूप पंचमीके एकवचन और सप्तमीके एकवचनमे एकजगह सर्व शब्दके समान और अन्यजगह देवशब्दके समान होताहै जैसे (पूर्वस्मात्) (पूर्वात्) (पूर्वस्मिन्) (पूर्वे) शेष विभक्तियोंके रूप सर्वशब्दके समान जाननेयोग्यहैं ।

प्रथम चरमतयायडल्पार्द्धकतिपयनेमानां जसीवा । प्रथमे । प्रथमाः । शेषं देववत् । तयायडौ प्रत्ययौ । ततस्तदन्ताः शब्दा ग्राह्याः । द्वितये । द्वितयाः । द्वये । द्वयाः ।

भाषार्थ–प्रथम । चरम । तय । अयट् । कतिपय । नेम । इन शब्दोंके जस्को ईकार होय विकल्प करके भाव यहहै कि, । प्रथम । चरम । तय । अयट् । कतिपय । नेम । इन शब्दोका जस्के विषे एक रूप सर्वशब्दके समान होय और दूसरा देवशब्दके समान होय जैसे । प्रथमे । प्रथमाः । चरमे । चरमाः । शेषरूप देववत् जानने तय और अयट् (१) प्रत्ययहै इसकारण तदन्त शब्द ग्रहण करनेयोग्यहैं अर्थात् वह तय और अयट् प्रत्ययहै अन्तमें जिनके ऐसे द्वय द्वितय आदिकशब्द ग्रहण करनेयोग्यहै जैसे । द्वये । द्वयाः । द्वितये । द्वितयाः । शेषरूप देवत् जानने योग्यहै ॥

तीयस्य सर्ववद्डेंङित्सुवावक्तव्यम् । द्वितीयस्मै । द्वितीयाय । द्वितीयस्मात् । द्वितीयात् । द्वितीयस्मिन् । द्वितीये । शेषं देववत् । एवं तृतीयः ।

भाषार्थ–तीयप्रत्ययका रूप सर्वशब्दके समान ङित् वचनोंके विषे विकल्प करके वक्तव्यहै । भाव यहहै कि,तीय प्रत्ययहै अन्तमे जिसके ऐसे शब्दका रूप ङे,ङ सि, ङि इनमें सर्व शब्दके समान विकल्प कर जानना जैसे (द्वितीयस्मै) और जहाँ सर्ववत् नही हुआ तहा (द्वितीयाय) (द्वितीयस्मात्) और सर्वशब्दवत् जहाँ नही हुआ तहाँ (द्वितीयात्) और (द्वितीयस्मिन्) (द्वितीये) शेष रूप देववत् जानने । इसीप्रकार तृतीय शब्द जानने योग्यहै ॥

उभशब्दो नित्यं द्विवचनान्तः । उभौ । उभौ । उभाभ्याम् । उभाभ्याम् । उभाभ्याम् । उभयोः । उभयोः । हे उभौ । (२)

---

(१) उभय शब्दको अयट् प्रत्ययान्त होनेपरभी सर्वादि पाठसे जस्के विषय विकल्प नही है किन्तु जस्के विषय उभय शब्द सर्वशब्दवत् होताहै–इत्यलम् ।

(२) यदि कहो कि, उभशब्द तथा तयट् शब्द और भवत् शब्द और द्विशब्द इनमे तौ सर्वादिकार्य होनेका निमित्तही नही फिर सर्वादिकोमें इनका क्यो ग्रहण कियहै । तहाँ यह जानना चाहिये कि (अव्ययात्सर्वनाम्नेष्टे प्राग्वत्) इस तद्धित सूत्रकर अवत् प्रत्यय करनेके अर्थ इनका सर्वादिकोमे ग्रहण है ।

सर्वादिस्सर्वकार्यास्यान्नचेद्गौणोथवाभिधा । पूर्वादिश्च व्यवस्थाया समो
तृत्येतनगोऽपुंसि । पश्चाधैन वहिर्योगे स्वोर्थज्ञात्यन्यवाच्यपि ॥ १ ॥

भाषार्थ–यदि सर्वादिशब्द सर्वादि गणमे गौण न होवे अथवा अभिधा अर्थात् नाम न होवे तौ सर्वकार्यी होताहै अर्थात् जो कार्य कि, सर्व शब्दको हुआहै वहही कार्य उसको होताहै । भाव यहहै कि जो सर्वादि शब्द गौण न होवे और किसीका नामभी न होवे तौ उस सर्वादि शब्दको वह कार्य होताहै जो कि, सर्व शब्दको हुआहै और जो सर्वादि शब्द नाम अथवा गौण अर्थात् अपने अर्थको त्यागकर अन्य अर्थको कहता हो तौ सर्वादि कार्य और अन्तर्गण कार्य उसको नही होताहै

भाषार्थ–उभ शब्द दो संख्यावाचक होनेसे नित्यही द्विवचनान्त होताहै जैसे प्रथमाके और द्वितीयाके द्विवचनमें पूर्ववत् (उभौ) (उभौ) और तृतीया चतुर्थी पंचमीके द्विवचनमें पूर्ववत् सिद्धहुआ (उभाभ्याम् ३) और षष्ठी तथा सप्तमीके द्विवचनमें (उभयोः २) ॥

अकारान्तः पुल्लिंगो मासशब्दः ।

भाषार्थ–अकारान्त पुल्लिंग मास शब्दहै ॥

मासस्याल्लोपो वा ।

मासस्य–अल्लोपः–वा । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) मासशब्दस्याकारस्य लोपो वाभवति सर्वासु विभक्तिषु परतः ।

भाषार्थ–मास शब्दके अकारका लोप होय विकल्प करके समस्त विभक्ति पर हुए संते भाव यह है कि, मास शब्दके अकारका सर्व विभक्ति पर हुए संते एकजगह लोप होजावै और एकजगह लोप नही होवै जैसे । मास सि । ऐसा स्थित है तिसका हुआ । मास स् । अब इसमे मास शब्दसे परे सि का शुद्ध रूप स् विद्यमान है इसकारण मासशब्दके अकारका लोप करनेसे रूप हुआ । मास् स् । फिर ॥

हसेपः सेर्लोपः ।

हसेपः–सेः–लोपः । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) हसान्तादीवन्ताच्च परस्य सेर्लोपो भवति । मासौ । मासः । संबोधने । हेमासौ । हेमासौ । हेमासः । मासम् । मासौ । मासः । मासा । मास्याम् । मासिः । मासे । मास्याम् । मास्यः । मासः । मास्याम् । मास्यः । मासः । मासोः । मासाम् । मासि । मासोः । मासु । मास्सु । अन्यत्र । देववत् । मासः । मासा । मासाः ।

जैसे अतिसर्व इसमे सर्वशब्द गौणहै इसकारण इसको सर्वादिकार्य नही होना चाहिये । और (सर्व) ऐसा किसीका नामही होवै तौभी सर्वादि कार्य नही होना चाहिये और पूर्वआदिक सात शब्द व्यवस्थाके विषे सर्वकार्यी होतेहै । व्यवथा उसको कहते है जो कि, अपने नामकर अपेक्षा किया हुआ मर्यादाका नियम है सो कहाभी है (स्वाभिधेयापेक्षावधिनियमो व्यवस्था) भाव यहहै कि, पूर्वआदिक सप्तगण दिशा देशकालार्थवाचक होनेपर सर्व शब्दवत् होताहै । और समशब्द तुल्य अर्थ वर्जित अन्य समर्थार्थके विषे सर्वकार्यी होताहै किन्तु तुल्यार्थके विषे सर्ववत् नही होता और अन्तर शब्द बहियोग और परिधान (वस्त्र) इन अर्थोके विषे सर्वकार्यी होताहै और पुरविषयक अर्थके विषे सर्वकार्यी नही होताहै और स्वशब्द अर्थ धन और ज्ञाति इनसे अन्यार्थवाची अर्थके विषे सर्वकार्यी होताहै अर्थात् धनार्थ और ज्ञात्यर्थके विषे सर्वकार्यी नही होता किन्तु आत्मार्थ तथा आत्मीयार्थके विषे सर्वकार्यी होताहै । इत्यलम् ।

भाषार्थ-हस है अन्तमे जिसके और ईप् प्रत्यय है अन्तमे जिसके ऐसे शब्दमे परे जो मि तिसका लोप होय जैसे । मास् स् । इसमे हसान्त शब्दसे परे सि का शुद्ध रूप स् विद्यमान है इस कारण सि का शुद्ध रूप स का लोप किया तौ रूप हुआ । मास् । फिर (खोर्विसर्गः) इस कर सिद्ध हुआ (मासः) और द्विवचनमे (मास् औ) (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) (मासौ) और बहुवचनमे । मास् अस् । तिसका सिद्ध हुआ (मासः) और द्वितीयाके एकवचनमे । मास् अम् । तिसका सिद्ध हुआ (मासम्) और द्विवचनमे पूर्ववत् (मासौ) और बहुवचनमें । मास् अस । तिसका सिद्ध हुआ (मासः) और तृतीयाके एकवचनमें । मास् आ । तिसका सिद्ध हुआ (मासा) और तृतीयाके द्विवचनमे । मास्भ्याम् । (१) तिसका (खोर्विसर्गः) और (आदवेलोपश्) इन सूत्रोकर सिद्ध हुआ (माभ्याम्) और बहुवचनमे सिद्ध हुआ (माभिः) और चतुर्थीके एकवचनमे (मासे) और द्विवचनमे (माभ्याम्) और बहुवचनमें (माभ्यः) और पञ्चमीके एकवचनमे (मासः) और द्विवचनमें (माभ्याम्) और बहुवचनमे (माभ्यः) और षष्ठीके एकवचनमे (मासः) और द्विवचनमे (मासोः) और बहुवचनमे (मासाम्) और सप्तमीके एक वचनमें (मासि) और द्विवचनमें (मासोः) और बहुवचनमे (माःसु और मास्सु) और जहाँ मास शब्दके अकारका लोप नही हुआ तहाँ सातो विभक्तियोमे देववत् जानना जैसे (मासः) (मासौ) (मासाः) इत्यादि । सबोधनमें (हेमाः) (हेमासौ) (हेमासः) ऐसे प्रयोग जानने । इसप्रकार अकारान्त प्रक्रिया है ॥

आकारान्तः पुंल्लिगः सोमपा शब्दः ।

सोमपाः । सोमपौ । सोमपाः । सोमपाम् । सोमपौ । सोमपा शस् इति स्थिते ।

भाषार्थ-आकारान्त पुंल्लिग सोमपा शब्द है । प्रथमाके एकवचनमे । सोमपा सि । तिसका हुआ । सोमपास् । फिर (खोर्विसर्गः) इस कर सिद्ध हुआ (सोमपाः) द्विवचनके विषे । सोमपा औ । ऐसा स्थित है तिसका (ओ-औ औ) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (सोमपौ) और बहुवचनके विषे । सोमपा

---

(१) मास्भ्याम् । इसमे कोई आचार्य (अत्रे जवा) इस सूत्रकी प्राप्ति कर (ल तुलसानां दन्ताः) इसमे स्थान सवर्ण मानकर सकारके स्थानमे दकार करनेसे रूप सिद्ध करतेहै (माद्भ्याम्) इसीप्रकार (मादभिः) इत्यादिक जानने ।

अम् । ऐसा स्थित है (सवर्णेदीर्घः सह) (स्रोर्विसर्गः) इनकर सिद्ध हुआ (सोमपाः) और द्वितीयाके एकवचनके विषे । सोमपा अम् । ऐसा स्थित है । तिसका सिद्ध हुआ (सोमपाम्) और द्वितीयाके द्विवचनमें पूर्ववत् सिद्ध हुआ (सोमपौ) और बहुवचनमे (सोमपा अम्) ऐसा स्थित है ॥

आतो धातोर्लोपः ।

आतः—धातोः—लोपः । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) धातुसंबंधिन आकारस्य लोपो भवति शसादौ स्वरे । सोमपः । सोमपा । सोमपाभ्याम् । सोमपाभिः । सोमपे । सोमपाभ्याम् । सोमपाभ्यः । सोमपः । सोमपाभ्याम् । सोमपाभ्यः । सोमपः । सोमपोः । सोमपाम् । सोमपि । सोमपोः । सोमपासु । अधातोरिति विशेषणाद्धेर्लोपो नास्ति । हे सोमपाः । हे सोमपौ । हे सोमपाः । एवं कीलालपाप्रभृतयः ।

भाषार्थ—धातुसम्बन्धी आकारका लोप होय शसादि स्वर पर हुए संते । भाव यह है कि, जो क्विबादि प्रत्ययान्त शब्द होताहै वह धातु (१) स्वरूपको नही त्यागता है इसकारण जो धातुसम्बन्धी आकार है उससे परे शसादिक विभक्तियोका स्वर परे होवे तो उस आकारका लोप होजाता है जैसे । सोमपा अम् । इसमें सोमपा शब्दके विषे पा धातुसम्बन्धी आकार है उससे परे शब्दके शुद्ध रूप असका अकार विद्यमान है इस कारण आकारका लोप करनेसे रूप हुआ । सोमप् अम् । फिर (सवर्णे दीर्घः सह । स्रोर्विसर्गः) इनकर सिद्ध हुआ (सोमपः) इसीप्रकार तृतीयाके एकवचनमें सिद्ध हुआ (सोमपा) और तृतीयाके द्विवचनमें (सोमपाभ्याम्) बहुवचनमें (सोमपाभिः) इसी प्रकार अन्य विभक्तियोके रूप जानने और । अधातोः । इस विशेषणसे धिका लोप नही हुआ (हे सोमपाः) (हे सोमपौ) (हे सोमपाः) और जिस प्रकार कि सोमपा शब्द सिद्ध हुआ है तिसी प्रकार (कीलालपा) आदिक जानने और आकारान्त । हाहा । शब्द है यह क्विप् प्रत्ययान्त न होनेसे धातुसज्ञक नही है इसकारण इसकी साधना भिन्न है । जैसे प्रथमाके एकवचनमे । हाहा स् । ऐसा स्थित है (स्रोर्विसर्गः) इसकर सिद्ध हुआ (हाहाः) और द्विवचनमें (हाहाऔ) तिसका सिद्ध हुआ (ओऔऔ) इस सूत्रकर (हाहौ) और बहुवचनमे (हाहा अस्) तिसका सिद्ध हुआ (हाहाः) और द्वितीयाके एकवचनमे (हाहाम्) और द्विवचनमे (हाहौ) और बहुवच-

(१) क्विबन्ता क्विप्रन्ता विडन्ता शब्दा धातुत्व न जहति नामत्व प्रतिपादयन्ति । अर्थ—क्विप्प्रत्ययान्त तथा क्विप् प्रत्ययान्त तथा विट् प्रत्ययान्त शब्द धातु रूपको नही त्यागतेहै और नाम संज्ञाका प्रतिपादन करतेहै । इति ।

नमें (हाहा अस्) ऐसा स्थित है तिसका (अम्शसोरस्य) (सोनः पुंसः । शसि) इन सूत्रोंकर सिद्ध हुआ (हाहान्) और तृतीयाके एकवचनमे (हाहा) और द्विवचनमें (हाहाभ्याम्) और वहुवचनमे (हाहाभिः) और चतुर्थीके एकवचनमे (हाहाए) तिसका (एऐऐ) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (हाहै) और द्विवचनमे (हाहाभ्याम्) और वहुवचनके विषे (हाहाभ्यः) और पञ्चमीके एकवचनके विषे (हाहाः) और द्विवचनमे (हाहाभ्याम्) और वहुवचनमे (हाहाभ्यः) और षष्ठीके एकवचनमे (हाहाः) और द्विवचनमे (हाहा ओस्) तिसका (ओऔऔ) इसकर सिद्ध हुआ (हाहौः) और वहुवचनके विषे (हाहाआम्) ऐसा स्थित है इसमे दीर्घ समान होनेसे नुट् आगम नहीं हुआ किन्तु (सवर्णे दीर्घः सह) इसकर सिद्ध हुआ (हाहाम्) और सप्तमीके एकवचनमें (हाहे) द्विवचनमे (हाहौ) और वहुवचनमे (हाहासु) सम्बोधनमे प्रथमावत् रूप जानने (हे हाहाः) इत्यादि ॥

इकारान्तः पुँल्लिंगो हरिशब्दः ।

प्रथमैकवचने । हरिः । द्विवचने । हरि औ इति स्थिते ।

भाषार्थ–इकार है अन्तमे जिसके ऐसा पुंल्लिग हरि शब्द है प्रथमाके एकवचनमे हरिस् । ऐसा स्थित है तिसका (खोर्विसर्गः) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (हरिः) और द्विवचनके विषे (हरि औ) ऐसा स्थित है ॥

औयू ।

औ–यू । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) इकारान्तादुकारान्तात्पर औयू आपद्यते । ईऊ भवतः । हरी । वहु वचने (हरि अस्) इति स्थिते ।

भाषार्थ–इकार है अन्तम जिसके और उकार है अन्तमे जिसके ऐसे शब्दसे परे जो औ सो यू अर्थात् ईकार तथा ऊकारको प्राप्त होय भाव यह है कि इकारान्त शब्दमें परे द्विवचन औके स्थानमे ई होवे और उकारान्त शब्दसे परे द्विवचन औके स्थानमे ऊ होवे । जैसे । हरी औ । इसमे इकारान्त हरि शब्दसे परे औकार है इसकारण औके स्थानमे ई करनेमे रूप हुआ । हरिई । फिर । सवर्णे दीर्घः सह । इसकर सिद्ध हुआ । हरी । और वहुवचनके विषे । हरि अस् । ऐसा स्थित है ॥

ए ओ जसि ।

ए–ओ–जसि । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) इकारान्तस्य उकारान्तस्य च जसि परे एकार ओकारश्च भवति । हरयः ।

भाषार्थ–इकारान्त शब्द और उकारान्त शब्दोंको जसपर हुए संत क्रममें एकार और ओकार होय भाव यह है कि, जिससे इकार अन्तमें होय. उसमें परे जस् विद्यमान होय तौ उस इकारके स्थानमें एकार होय और जिसके अन्तमें उकार होय उससे परे जस् विद्यमान होय तौ उस उकारके स्थानमें ओकार होय जैसे । हरिअस् । इसमें इकारान्त शब्द हरि है उसमें परे जस् का शुद्ध रूप अस् विद्यमान है इसकारण हरिशब्दके इकारके स्थानमें एकार करनेसे रूप हुआ । हरे अस् । फिर (एअस्) और (सोर्विसर्गः) इसकर सिद्ध हुआ (हरयः) ॥

धौ ।

धौ । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) इकारान्तस्य उकारान्तस्य च धि विषये एकार ओकारश्च भवति । हे हरे । हे हरी । हे हरयः । हरिम् । हरी । हरीन् । तृतीयैकवचने । हरि टा इति स्थिते ।

भाषार्थ–इकारान्त और उकारान्त शब्दोंको धि विषयमें एकार और ओकार होय भाव यह है कि, जिसके अन्तमें इकार होय ऐसे शब्दके इकारके स्थानमें एकार होय और जिसके अन्तमें उकार होय ऐसे शब्दके उकारके स्थानमें ओकार होय विधि विषयमें जैसे आमन्त्रणके विषे सिकी धि संज्ञा करनेसे । हरिस् । ऐसा स्थितहै तब (समानाद्धेर्लोपोऽधातोः) इस सूत्रकर धि का लोप करनेसे रूप हुआ । हरि । फिर हरिशब्दके इकारको धि विषयमें एकार करनेसे सिद्ध रूप हुआ (१) (हेहरे) द्विवचनमें (हेहरी) बहुवचनमें (हेहरयः) और द्वितीयाके एकवचनमें । हरि अम् । ऐसा स्थित है तिसका सिद्ध हुआ (अम्शसोरस्य) इस सूत्रकर (हरिम्) और द्विवचनके विषे प्रथमा द्विवचनवत् सिद्ध हुआ (हरी) और बहुवचनमें (हरि अस्) तिसका सिद्ध हुआ (अम्शसोरस्य) (लोनः पुंसः) (शसि) इन सूत्रोंकर (हरीन्) और तृतीयाके एकवचनमें । हरि आ । ऐसा स्थितहै ॥

टा नाऽस्त्रियाम् ।

टा–ना–ऽस्त्रियाम् । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) इकारान्तादुकारान्ताच्च

---

(१) यदि कहौ कि, धिका तो लोप होगया फिर धि विषय कहाँ रहा जो (धौ) इस सूत्रकर इकारको एकार करतेहो तहाँ यह जानना कि धिका लोप होनेसे धिके चिन्तका अभाव नहीं हुआ क्योंकि (सर्पे नष्टे सर्पदृष्टिर्नयाति) यह न्यायहै अर्थ–सर्पके नष्ट होनेपर सर्पकी दृष्टि नष्टी हूर होवै है ।

परश्च ना भवति अस्त्रियाम् । हरिणा । हरिभ्याम् । हरिभिः । चतुर्थ्येकवचने । हरिए इति स्थिते ।

भाषार्थ-इकारान्त और उकारान्त शब्दसे परे जो टा सो ना होय स्त्रीलिंग वर्जित विषयमें भाव यह है कि, जिसके अन्तमें इकार होय और जिसके अन्तमें उकार होय ऐसे शब्दसे परे जो टा का शुद्ध रूप आ तिसके स्थानमें ना होजावे पुल्लिंग और नपुंसकलिंगके विषे और स्त्रीलिंगके विषे नही होवे जैसे । हरिआ । इसमें इकारान्त हरि शब्दसे परे टा का शुद्धरूप आ विद्यमानहै इस कारण आके स्थानमें ना करनेसे रूप हुआ । हरिना । फिर (पुनोर्णोऽनन्ते) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (हरिणा) द्विवचनमें (हरिभ्याम्) और बहुवचनमें (हरिभिः) अब चतुर्थीके एकवचनमें । हरिए । ऐसा स्थितहै ॥

ङिति ।

ङिँतिँ । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) इकारान्तस्य उकारान्तस्य च ङिति परे एकार ओकारश्च भवति । हरये । हरिभ्याम् । हरिभ्यः । हरि ङसि । इति स्थिते ।

भाषार्थ-इकारान्त और उकारान्त शब्दको एकार और ओकार क्रमसे होय ङकारहै इत्संज्ञक जिसका ऐसी विभक्ति पर हुए संते भाव यह है कि, जिस शब्दके अन्तमें इकार वा उकार होवै तौ इकारके स्थानमें एकार और उकारके स्थानमें ओकार होय ङे, ङसि, ङस्, ङि, यह विभक्ति उस शब्दसे परे होवै तौ जैसे चतुर्थीके एकवचनमें । हरि ङे । ऐसा है तिसका(हरिए ऐसा)स्थितहै अब(हरिए) इसमें इकारान्त हरि शब्दसे परे ङेका शुद्ध रूप ए विद्यमानहै इसकारण हरिशब्दकी इकारके स्थानमें एकार करनेसे रूप हुआ । हरे ए । फिर (ए अय्) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (हरये) द्विवचनमें (हरिभ्याम्) बहुवचनमें (हरिभिः) और पंचमीके एकवचनमें । हरिङसि । तिसका । हरिअस् । ऐसा स्थितहै फिर (ङिति) इस सूत्रकर रूप हुआ । हरे अस् । फिर ॥

ङस्य ।

ङस्यँ । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) एदोद्भ्यांपरस्य ङसिङसोरकारस्य लोपो भवति । हरेः । हरिभ्याम हरिभ्यः । हरेः । हर्योः । हरीणाम् । हरि ङि । इतिस्थिते ।

भाषार्थ–एकार तथा ओकारसे परे जो ङसि और ङस्का अकार तिसका लोप होय भाव यहहै कि, एकारसे वा ओकारसे परे पंचमी षष्ठीके एकवचन सम्बन्धी अकारका लोप होजावै जैसे । हरे अस् । इसमे एकारसे पर पंचमीका एकवचनसम्बन्धी अकारका लोप करनसे रूप सिद्ध हुआ (हरेः) और द्विवचनमे (हरिभ्याम्) बहुवचनमे (हरिभिः) अब षष्ठीके एक वचमे (हरि अस्) ऐसा स्थितहै । तिसका (ङिति) सूत्रकर रूप हुआ (हरे अस्) फिर (ङस्य) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (हरेः) द्विवचनमें (हरि ओस्) ऐसा स्थितहै तिसका (इयं स्वरे) (वाद्यपोद्विः) इत्यादिकर रूप सिद्ध हुआ (हर्य्योः) और बहुवचनमे (हरि आम्) ऐसा स्थितहै तिसका (नुडामः) (नामि) (स्युर्नोणोऽनन्ते) इन सूत्रोंकर रूप सिद्ध हुआ (हरीणाम्) सप्तमीके एकवचनमे (हरि ङि) ऐसा स्थितहै तिसका रहा (हरि इ) फिर ॥

ङेरौङित् ।

ङेः–औ–ङित् । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) इदुद्भ्यामुत्तरस्य ङेरौ भवति । स च ङित् ।

भाषार्थ–इकार और उकारसे उत्तर जो ङि तिसको औ होय और वह औ ङित् संज्ञक होय । भाव यह है कि, इकार वा उकारसे परे जो सप्तमीका एकवचन तिसके स्थानमे औकार होजावै और उस औकी ङित् संज्ञा होय । जैसे हरि इ । इसमे हरिशब्दके इकारसे अगारी सप्तमीके एकवचनका शुद्ध रूप इ विद्यमानहै इसकारण इके स्थानमे औ । करनेसे रूप हुआ (हरि औ) फिर (यदादेशस्तद्वद्भवति) इसकर औको ङि मानकर (ङिति) इस सूत्रकर रूप हुआ । हरे औ । फिर ॥

ङिति टेः ।

ङिति–टेः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) ङिति परे टेर्लोपो भवति । हरौ । हर्य्योः । हरिषु । एवमग्निगिरिरविकविप्रभृतयः पुँल्लिंगाः ।

भाषार्थ–ङित् संज्ञक परे हुए संते पूर्वशब्दकी टिका लोप होजाताहै भाव यह है कि, जिसका ङकार इत्संज्ञक होय वह यदि जिस शब्दसे परे विद्यमान होय तो उस शब्दकी टिसंज्ञाका लोप होवै । जैसे । हरे औ । इसमे हरे शब्दसे परे औ ङित्संज्ञक विद्यमानहै इसकारण हरे शब्दकी टिसंज्ञक एका लोप करनेसे रूप हुआ । हर् औ । फिर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर सिद्ध हुआ (हरौ) और द्विवचनमें (हर्य्योः) और बहुवचनमे । हरि सु । ऐसा स्थितहै तिसका (क्लिलात्सः सः कृतस्य) इसकर सिद्ध हुआ (हरिषु) इसीप्रकार इकारान्त अग्नि गिरि रवि कवि आदिक । पुँल्लिंगशब्द जानने योग्यहैं ॥

उकारान्ताश्च विष्णु-वायु-भानु-प्रभृतयः पुंल्लिंगाः ।

एतैरेव सूत्रैः सिद्धयन्ति । उकारान्तश्च पुँल्लिंगो भानुशब्दः । तस्य हरिशब्दवत्प्रक्रिया । भानुः । भानू । भानवः । भानुम् । भानू । भानूनू । भानुना । भानुभ्याम् । भानुभिः । भानवे । भानुभ्याम् । भानुभ्यः । भानोः । भानुभ्याम् । भानुभ्यः । भानोः । भान्वोः । भानूनाम् । भानौ । भान्वोः । भानुषु । हे भानो । हेभानू । हेभानवः । सखिशब्दस्य भेदः । सखि सि इति स्थिते ।

भाषार्थ-उकारहै अन्तमें जिनके ऐसे पुंल्लिग विष्णु वायु भानु आदि शब्दभी (औयू) इत्यादिक सूत्रोकर सिद्ध होतेहैं उकारान्त पुँल्लिङ्ग जो कि, भानुशब्दै उसकी हरिशब्दवत् प्रक्रियाहै जैसे । भानु सि । तिसका सिद्ध हुआ (भानुः) और द्विवचनके विषे । भानु औ । तिसका सिद्ध हुआ (औयू) और (सवर्णेदीर्घः सह) इनकरके (भानू) और बहुवचनमे । भानु अस । तिसका (ऐ ओ जसि) इस सूत्रकर सिद्धहुआ (भानवः) और द्वितीयाके एकवचनमे । भानु अम् । तिसका सिद्धहुआ (अम्शसो रस्य) इस सूत्रकर (भानुम्) और द्विवचनमें। भानु औ । तिसका पूर्ववत् सिद्ध हुआ (भानू) और बहुवचनमे (भानु अस्) तिसका (अम्शसोरस्य । सौनः पुंसः) (शसि) इन सूत्रोकर सिद्धहुआ (भानून्) और तृतीयाके एकवचनमें (टाना स्त्रियाम्) इस सूत्रकर सिद्धहुआ (भानुना) और द्विवचनमे (भानुभ्यां) और बहुवचनमे (भानुभिः) और चतुर्थीके एकवचनमे (ङिति) इस सूत्रकर सिद्धहुआ (भानवे) और द्विवचनमें (भानुभ्याम्) और बहुवचनमे (भानुभ्यः) और पंचमीके एकवचनमे (ङिति) और (ङस्य) इन सूत्रोकर सिद्धहुआ (भानोः) द्विवचनमे (भानुभ्याम्)बहुवचनमें (भानुभ्यः) और षष्ठीके एकवचनमे पंचमीके एकवचनवत् (भानोः) और द्विवचनमे (उवम्) इस सूत्रकर सिद्धहुआ (भान्वोः) और बहुवचनमें (नुडामः) (नामि) इन सूत्रोकर सिद्धहुआ (भानूनाम्) सप्तमीके एकवचनमे (ङेरौङिन्) (ङिनिटेः) इन सूत्रोंकर सिद्धहुआ (भानौ) द्विवचनमे (भान्वोः) बहुवचनमें (क्ङित्यन्तः सः कृतस्य) इसकर (भानुषु) और आमन्त्रणमे (समानाद्वेर्लोपोऽघातोः) (यौ) इनसूत्रोकर सिद्धहुआ (हेभानो) द्विवचनमे (हेभानू) बहुवचनमे (हेभानवः) उकारान्त सखिशब्दको भेदहै प्रथमा एकवचनमे । सखि सि । ऐसा स्थितहै ॥

सेर्डाधे. ।

सेः—डा—अधेः । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) सखिशब्दस्य सेरधेर्डा भवति । डित्त्वाट्टिलोपः । सखा । अधेरिति विशेषणादेकारो धि विषये हे सखे ।

भाषार्थ–सखिशब्दकी धि संज्ञावर्जित सिको डा होताहै । भाव यह है कि, सखिशब्दसे परे जो सि तिसके स्थानमें डकारहै इत्संज्ञक जिसका ऐसा आ होताहै और आमन्त्रणके विषे नही होता है जैसे (सखिस्) इसमें सखिशब्दसे परे सिका शुद्धरूप स विद्यमानहै इसकारणसके स्थानमें आ करनेसे रूप हुआ (सखि आ) फिर (डितिटेः) यह सूत्र प्राप्त किया क्योंकि. आका डकार इत्संज्ञकहै । तब रूप सिद्ध हुआ (सखा) और जो कि. सूत्रमें (अधेः) यह जो पदहै । इस विशेषणसे आमन्त्रणमे सिके स्थानमें डा नहीं हुआ किन्तु (समानाद्धेर्लोपोऽधातोः) और (धौ) इन सूत्रोंकर रूप सिद्ध हुआ (हेसखे) अब द्विवचनके विषे (सखि औ) ऐसा स्थितहै ॥

ऐ सरव्युः ।

[1]ऐ[2]- सरव्युः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वचिः) सखिशब्दस्यैकारादेशो भवति पञ्चसु परेषु । षष्ठीनिर्दिष्टस्यादेशस्तदन्तस्य ज्ञेयः । आयादेशः । सखायौ । द्विवचनस्या वा छन्दसि । सखाया । सखायः । सखायम् । सखायौ । सखीन् ।

भाषार्थ–सखिशब्दको ऐकार आदेश होय पाँच वचन परहुए संते भाव यहहै कि, सखिशब्दको ऐकार आदेश होय धिवर्जित स्यादिक पांच वचन पर हुए संते यदि कहो कि, क्या ऐकार आदेश समस्त सखिशब्दको होवै, तहा कहतेहै कि, षष्ठीविभक्तिकर कहेहुए शब्दको जो आदेश होताहै वह आदेश उस शब्दके अन्तको होताहै भाव यहहै कि, षष्ठीविभक्तिकर जो कि, शब्द सूत्रके मध्यमे उच्चारण कियागयाहै उसको जो आदेश होताहै वह आदेश उस शब्दके अन्तवर्णको होताहै जैसे (सखि औ) इसमें सखिशब्दसे परे स्यादिक पांच वचनोका औ विद्यमानहै इसकारण सखिशब्दके इकारको एकार आदेश करनेसे रूप हुआ (सखैऔ) फिर (ऐआय्) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (सखायौ) और द्विवचनको आ होय विकल्पकरके वेदके विषे । भाव यहहै कि, प्रथमाद्विवचन औके स्थानमें विकल्पकरके वेदके विषे आ होय जैसे (सखि औ) इसमे औके स्थानमे आ करनेसे रूप हुआ (सखि आ) फिर (ऐसरव्युः) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (सखाया) और बहुवचनके विषे (सखायः) और द्वितीयाके एकवचनमें (सखायम्) और द्विवचनमे (सखायौ) और बहुवचनमे (सखिअस्) इसमे स्यादिक पांच वचनोंके ग्रहणसे सखिशब्दके इकारको ऐकार आदेश नहीं हुआ किन्तु (अम्शसोरस्य) (सोन पुंसः) (शासि) इन सूत्रोकर सिद्ध हुआ (सखीन्) तृतीयाके एकवचनमे (सखिटा) ऐसा स्थितहै ॥

सखिपत्योरीक् ।

सखिपत्योः—ईक् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) सखिपतिशब्दयोरीगागमो भवति टाङेङिषु परतः । दीर्घत्वान्ना न भवति । सख्या । आगमजमनित्यमिति न्यायात् । सखिना । पतिना । सखिभ्याम् । सखिभिः । सख्ये । सखिभ्याम् । सखिभ्यः । सखि ङसि इति स्थिते ।

भाषार्थ—सखि और पति इन शब्दोंको ईक् आगम होय टा, ङे, ङि, यह विभक्ति वचन परे हुए सते । भाव यह है कि, सखि तथा पतिशब्दसे परे जो टा, ङे, ङि, यह वचन होवें तौ सखि तथा पतिशब्दको ईक् आगम होय जैसे (सखिटा) इसका शुद्धरूप (सखि आ) ऐसा स्थितहै इसमें सखिशब्दसे परे टाका शुद्ध रूप आ विद्यमानहै इसकारण सखिशब्दको ईक् आगम हुआ तौ वह आगम सखिशब्दके अन्तमें हुआ क्योंकि, आगमका ककार इत्संज्ञकहै । तब रूप हुआ (सखिईआ) तब (सवर्णे दीर्घः सह) इसकर (सखी आ) ऐसा हुआ अब इसके (टानाऽख्रियाम्) इस सूत्रकर दीर्घ होनेसे टाके स्थानमें ना नहीं हुआ किन्तु (इयंस्वरे) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (सख्या) आगमसे सिद्ध हुआ कार्य अनित्य होताहै भाव यहहै कि, जो कार्य आगमसे उत्पन्न होताहै वह कहीं होजाताहै कहीं नहीं होताहै इस न्यायसे कहीं ईकार आगम नहीं हुआ तिस करके वेदमें हरिशब्दवत् (सखिना) (पतिना) रूप सिद्ध हुए । द्विवचनमें (सखिभ्याम्) बहुवचनमें (सखिभिः) चतुर्थीके एकवचनमें (सखि ए) ऐसा स्थितहै इसमें (सखिपत्योरीक्) इसकर सखि शब्दको ईक् आगम करनेसे रूप हुआ (सखि ईए) फिर (सवर्णे दीर्घः सह । इयंस्वरे) इन सूत्रोंकर सिद्ध हुआ (सख्ये) द्विवचनमें (सखिभ्याम्) और बहुवचनमें (सखिभ्यः) अब पञ्चमीके एकवचनमें (सखि ङसि) तिसका (सखि अस) ऐसा स्थितहै ॥

ऋङ्ङ्योः ।

ऋक्—ङ । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) सखिपतिशब्दयोर्ऋगागमो भवति ङसिङसोरकारे परे । सख्यृअस् । इति स्थिते ।

भाषार्थ—सखि और पतिशब्दको ऋक् आगम होय । ङसि और ङस्का अकार परे हुए सते । भाव यहहै कि, सखि और पतिशब्दसे पंचमीका एकवचन और षष्ठीका एकवचन परे होवें तौ सखि और पतिशब्दको ऋक् आगम होय । जैसे

सखि । इसमें सखि शब्दसे परे पंचमीका एकवचन विद्यमान है इसकारण सखि शब्दको ऋक् आगम किया तो वह आगम सखि शब्दके अन्तमें हुआ क्योंकि, आगमका ककार इत्संज्ञक है तब रूप हुआ (सखि ऋअस्) फिर (इर्यस्वरे) इसकर रूप हुआ (सख्यृअस्) फिर ॥

ऋतो ङ उः ।

| ऋतः—ङेः—ङसेः—उः । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) ऋकारान्तान्यस्य ङसिङसोरकारस्य उकारो भवति सचडित् । डितिटेः । सख्युः । सख्याम् । सखिभ्यः । सख्युः । सख्योः । सखीनाम् । सप्तम्येकवचनेङेरौडिदिन्यौकारे कृते सखिपत्योरीगिति ईगागमः । सख्यौ । सख्योः । क्ङिलात्यः सः कृतस्य । सखिषु ।

भाषार्थ—ऋकार है अन्तमें जिसके ऐसे शब्दसे परे जो ङसि ङस् का अकार तिसको उकार होय वह उकार डित्संज्ञक होय । भाव यह है कि, ऋकारान्त शब्दसे परे पंचमीके एकवचन और षष्ठीके एकवचन सम्बन्धी ङकारके शुद्ध रूप अकारके स्थानमें उकार होय परन्तु उकार डित् मानना चाहिये जैसे (सख्यृ अस्) इस प्रयोगमें ऋकारसे परे पंचमीका एकवचनसम्बन्धी ङकारके शुद्धरूप अकारके स्थानमें उकार करनेसे रूप हुआ (सख्यृ उस्) फिर सख्यृ शब्दके टि संज्ञक ऋकारका (डिति टेः) इस सूत्रकर लोप करनेसे रूप सिद्ध हुआ (सख्युः) द्विवचनमें (सखिभ्याम्) और बहुवचनमें (सखिभ्यः) और षष्ठीके एकवचनमें पंचमीके एकवचनवत् (सख्युः) द्विवचनमें (इर्यस्वरे) इस सूत्रकर (सख्योः) और बहुवचनमें (नुडामः) (नामि) इन सूत्रोंकर (सखीनाम्) और सप्तमीके एकवचनमें (ङेरौडित्) इस सूत्रकर ङिके स्थानमें औकार करनेपर (डितिटेः) इसकर सखि शब्दके अन्त्य इकारका लोप करनेपर (सखिपत्योरीक्) इसकर (ईक्) आगम किया फिर (इर्यस्वरे) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (सख्यौ) द्विवचनमें (सख्योः) और बहुवचनमें (क्ङिलात्यः सः कृत्यस्य) इसकर सिद्ध हुआ (सखिषु) ॥

पतिशब्दस्य प्रथमाद्वितीययोर्हरिशब्दवत्प्रक्रिया ।

तृतीयादौ सखिशब्दवत् । पतिः (औयू) पती । ए ओ जसि । पतयः । पतिम् । पती । पतीन् । सखिपत्योरीक् । पत्या । पतिभ्याम् । पतिभिः । पत्ये । पतिभ्याम् । पतिभ्यः । ङड्डे । ऋतोङउः । सचडित् । पत्युः । पतिभ्याम् । पतिभ्यः । पत्यः । पतिभ्याम् । पतिभ्यः । पत्यौ । पत्योः । पतिषु ।

पतिरसमास एव सखिशब्दवद्वक्तव्यः । ततः समासान्तस्यनादयो भवन्ति । प्रजापतिना । प्रजापतये । इत्यादि ।

भाषार्थ–पति शब्दकी प्रथमा द्वितीया विभक्तियोंके विषे हरिशब्दके समान प्रक्रिया है और तृतीयादि विभक्तियोंके विषे सखिशब्दवत्प्रक्रिया है । भाव यह है कि, प्रथमा द्वितीया विभक्तिमे पतिशब्द हरिशब्दके समान होता है जैसे (पतिः) (पती) (पतयः) (पतिम्) (पती) (पतीन्) और तृतीया, चतुर्थी, पंचमी, षष्ठी सप्तमी विभक्तिमे पतिशब्द सखिशब्दके समान सिद्ध होताहै जैसे (पत्या) (पतिभ्याम्) (पतिभिः) (पत्ये) (पतिभ्याम्) (पतिभ्यः) (पत्युः) (पतिभ्याम्) (पतिभ्यः) (पत्युः) (पत्योः) (पतीनाम्) (पत्यौ) (पत्योः) (पतिषु) असमास अर्थात् समासवर्जित जो पतिशब्द है वह तृतीयादि विभक्तियोंमे सखिशब्दवत् वक्तव्य है और समासान्त पतिशब्दको नादिक होवे हैं अर्थात् समासान्त पति शब्दको (टानाऽस्त्रियाम्) (ङिति) (ङसिङसोरस्य) (ङेरौङित्) इत्यादि सूत्र होते है । भाव यह है कि, समासान्त पतिशब्द तृतीयादिकमे भी हरिशब्दवत् साधने योग्य है । जैसे (प्रजापतिना) (प्रजापतये) (प्रजापतेः) (प्रजापतेः) (प्रजापतौ) आमन्त्रणके विषे (हे प्रजापते) (हे प्रजापती) (हे प्रजापतयः) ॥

द्विशब्दो नित्यं द्विवचनान्तः (द्वि औ) इति स्थिते ।

भाषार्थ–द्वि शब्द द्विसंख्या वाचक होनेसे नित्यही द्विवचनान्त होता है । द्वि औ । ऐसा स्थित है ॥

त्यदादेष्टेरःस्यादौ ।

त्यदादेः–ष्टेः–अः–स्यादौ । चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) त्यदादेष्टेरकारो भवति स्यादौ परे । द्वौ । द्वौ।द्वाभ्याम्।द्वाभ्याम् । द्वाभ्याम् । द्वयो।द्वयोः। त्यदादीनां सम्बोधनाभावः ।

भाषार्थ–त्यदादिक शब्दकी टिको अकार होय स्यादिक विभक्ति पर हुये संते । भाव यह है कि, सर्वादिकोमे जो त्यद् शब्दसे आदि लेकर शब्द है उनकी टि संज्ञाके स्थानमे अकार होजावै सि आदिक विभक्ति पर हुये संते जैसे (द्वि औ) इसमे द्वि शब्द त्यदादिसम्बधी है उससे परे प्रथमाद्विवचन विद्यमान है इसकारण द्विशब्दकी टिसंज्ञक इकारके स्थानमे अकार करनेसे रूप हुआ द्व औ फिर (ओ औ औ) इसकर रूप सिद्ध हुआ (द्वौ) इसीप्रकार द्वितीया द्विवचनमे (द्वौ) और तृतीया द्विवचनमें (अद्भि) इसकर सिद्ध हुआ (द्वाभ्याम्) इसीप्रकार चतुर्थीके द्विवचनमे (द्वाभ्याम्) और पंचमीके द्वि-

क्वनमे भी इसी प्रकार हुआ (द्वाभ्याम) और षष्ठीके द्विवचनमें (ओंसि) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (द्वयोः) और इसीप्रकार सप्तमीके द्विवचनमें सिद्ध हुआ (द्वयोः) त्यदादि शब्दोको सम्बोधनका अभाव है अर्थात् त्यदादिक शब्दोंका सम्बोधन नही होता है ॥

त्रिशब्दो नित्यं बहुवचनान्तः । त्रि जस् इति स्थिते । एओजसि । इत्येकारे कृते । अयादेशः । त्रयः । सोनःपुंसः । त्रीन् । त्रिभिः । त्रिभ्यः । त्रिभ्यः । षष्ठीबहुवचने । त्रि आम् इति स्थिते । नुडामः । इति नुडागमः ।

भाषार्थ–त्रिशब्द नित्यही बहुवचनान्त होताहै इसकारण (त्रिजस्) तिसका (त्रिअस) ऐसा स्थित है (एओजसि) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (त्रयः) द्वितीया बहुवचनमे (अम्शसोरस्य) (सोनःपुंसः) (शसि) इन सूत्रोंकर सिद्ध हुआ (त्रीन्) और तृतीयाके बहुवचनमे (त्रिभिः) चतुर्थी बहु वचनमें (त्रिभ्यः) इसी प्रकार पंचमी बहुवचनमे सिद्ध हुआ (त्रिभ्यः) षष्ठीबहुवचनमे (नुडामः) इस सूत्रकर (त्रिनाम्) ऐसा स्थित हुआ तब ॥

त्रेरयङ् । (१)

'त्रेः'–अयङ् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) त्रिशब्दस्य अयङ् आदेशो भवति नामि परे । ङिदन्तस्य वक्तव्यः । त्रयाणाम् । त्रिषु । कतिशब्दो नित्यं बहुवचनान्तः । कति जस् इति स्थिते ।

भाषार्थ–त्रिशब्दको अयङ् आदेश होय नाम् पर हुए संते ङित् आदेश अन्तको होता है भाव यह है कि, त्रिशब्दसे परे नुट् आगमयुक्त आम् होवै तौ त्रिशब्दको अयङ् आदेश होता है जिस आदेशका कि, डकार इत्संज्ञक होय यह आदेश अन्तवर्णको जानना जैसे (त्रिनाम्) इसमे त्रिशब्दसे परे नुट् आगमयुक्त आम् विद्यमान है इसकारण त्रिशब्दको अयङ् आदेश किया तौ यह आदेश अन्तवर्ण इकारको हुआ क्योंकि, आदेशका डकार इत्संज्ञक है । अब हुआ (त्रअय् नाम्) अब (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर हुआ (त्रय नाम्) फिर (नामि) इसकर हुआ (त्रयानाम) फिर (पुनर्णोऽन्त्ये)

---

(१) यदि कहो कि (त्रेरयङ्) इस सूत्रमे त्रिशब्द एकवचनान्त क्यो कहाहै क्योंकि त्रिशब्द तौ नित्यही बहुवचनान्त होताहै । तहाँ यह जानना कि, यहाँपर (त्रि) इसको शब्द निर्देश है अथवा सूत्रमे एक वचनके ग्रहणसे यह जानना कि, त्रिशब्दको अयङ् आदेश असमासान्त होनेपर ही हो और समासान्त होनेपर अयङ् आदेश नहीहो जैसे (मियत्रीणाम्) (अतित्रीणाम्) इत्यादिके विषे अयङ् आदेश नहींहो । इति ।

इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (त्रयाणाम्) और सप्तमी बहुवचनमें (क्त्रिलात्यः सः कृतस्य) इसकर सिद्ध हुआ (त्रिषु) सम्बोधनमें (हे त्रयः) और कति शब्दभी नित्यही बहुवचनान्त है इसकारण (कतिजस्) तिसका (कति अस्) ऐसा स्थित है ॥

कतिशब्दाज्जश्शसोर्लुग्वक्तव्यः । लुकिनतन्निमित्तम् । कति । कति । कतिभिः । कतिभ्यः । कतिभ्यः । कतीनाम् । कतिषु । त्रिषु सरूपः । ईकारान्तः पुँल्लिगः सुश्रीशब्दः । सुश्रीः । द्विवचने । सुश्री औ । इति स्थिते ।

भाषार्थ–कति शब्दसे परे जो जस् और शस् तिनका लुक् वक्तव्य है भाव यह है कि. कतिशब्दसे परे जस शसका लुक् होजावे लुक् किये संते जिसका कि. लुक् किया जाताहै वहही लुक्होनेवाला प्रत्यय निमित्तकारण है जिसकार्यका ऐसा जो कार्य है वह नही होय जैसे (कति अस्) इसमें कतिशब्दसे परे जसका शुद्ध रूप अस् विद्यामान है इसकारण जसके शुद्ध रूप असका लुक् किया तौ रूप सिद्ध हुआ (कति) इसप्रकार द्वितीया बहुवचनमें सिद्ध हुआ (कति) अब इसमें (एओजासि) और (शसि) यह सूत्र नही प्राप्त होसक्ते क्योंकि, जस् और शसका लुक् होगया है । तृतीयाके बहुवचनमें (कतिभि.) चतुर्थी पंचमीके बहुवचनमें (कतिभ्यः) और षष्ठीबहुवचनमें (कतीनाम्) और सप्तमी बहुवचनमें (कतिषु) कतिशब्दको सम्बोधन नहीं होता है इसीप्रकार कति शब्दके साहचर्यसे यति और तति शब्दसे परे जसका लुक् होताहै और कति शब्दके तीनों लिंगोंके विषे समान रूप होतेहैं । अब ईकारान्त पुल्लिग सुश्री शब्द है प्रथमाके एकवचनमें (सुश्री स) ऐसा स्थित है (स्रोर्विसर्गः) इस सूत्रकर सिद्धहुआ (सुश्रीः) द्विवचनके विषे । सुश्री औ । ऐसा स्थितहै ॥

ण्वोर्धातोरियुवौ स्वरे ।

ण्वोः–धातोः–इयुवौ–स्वरे । चतुष्पदमिदंसूत्रम्(वृत्तिः)धातोरीकारोकारयोरियुवौभवतः स्वरे परे। सुश्रीयौ। सुश्रियः । हे सुश्रीः हे सुश्रियौ। हे सुश्रियः । सुश्रियम् । सुश्रियौ। सुश्रियः । सुश्रिया । सुश्रीभ्याम् । सुश्रीभिः । सुश्रिये । सुश्रीभ्याम् । सुश्रीभ्यः । सुश्रियः । सुश्रीभ्याम् । सुश्रीभ्यः । सुश्रियः । सुश्रियोः । सुश्रियाम् । सुश्रियि । सुश्रियोः । सुश्रीषु । तथैवसुधी शब्दः ।

भाषार्थ–धातुके ईकार ऊकारको क्रमसे इय् उव् होय विभक्ति सम्बन्धी

स्वर पर हुए संते भाव यहहै कि, धातुके ईकारका विभक्तिसम्बन्धी स्वर पर हुए संते इय् होय और धातुके ऊकारको विभक्तिसम्बन्धी स्वर पर हुए संते उव् होय । जैसे (सुश्री औ) इसमे सुश्री शब्दका ईकार धातुसम्बन्धीहै इसकारण ईके स्थानमें इय् किया । क्योंकि, विभक्तिसम्बन्धी स्वर परमे औ विद्यमानहै तब रूप हुआ (सुश्रियऔ) फिर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर सिद्ध हुआ (सुश्रियौ) इसीप्रकार समस्त स्वरादिक विभक्ति वचनोमे इय् करनाचाहिये । बहुवचनमें (सुश्रियः) और सम्बोधनके विषे धिका लोप नही हुआ क्योंकि, क्विप् प्रत्ययान्त शब्द धातुभावको नही त्यागताहै । तब रूप हुआ (हेसुश्रीः । हेसुश्रियौ) (हेसुश्रियः) द्वितीयाके एकवचनमें (सुश्रियम्) द्विवचनमे (सुश्रियौ) बहुवचनमे (सुश्रियः) तृतीयाके एकवचनमे (सुश्रिया) द्विवचनमे (सुश्रीभ्याम्) बहुवचनमे (सुश्रीभिः) इसी प्रकार अन्य विभक्ति वचनोमे रूप जाननेयोग्य है और तिसीप्रकार सुधी शब्द साधनेयोग्य है । जैसे प्रथमाके एकवचनमे (सुधीः) द्विवचनमे (ख्योधातोरियुवौ स्वरे) इसकर सिद्ध हुआ (सुधियौ) इसीप्रकार अन्य विभक्ति वचनोंके विषे रूप जानने ॥

ऊकारान्तः पुँल्लिंगः स्वयम्भूशब्दः ।

स्वयम्भूः । स्वयम्भुवौ । स्वयम्भुवः । स्वयम्भुवम् । स्वयम्भुवौ । स्वयम्भुवः । स्वयम्भुवा । स्वयम्भूभ्याम् । स्वयम्भूभिः । स्वयम्भुवे । स्वयम्भूभ्याम् । स्वयम्भूभ्यः । स्वयम्भुवः । स्वयम्भूभ्याम् । स्वयम्भूभ्यः । स्वयम्भुवः । स्वयम्भुवोः । स्वयम्भुवाम् । स्वयम्भुवि । स्वयम्भुवोः । स्वयम्भूषु । हे स्वयम्भूः । हे स्वयम्भुवौ । हे स्वयम्भुवः ।

भाषार्थ–ऊकारान्त पुल्लिग स्वयम्भू शब्दहै । प्रथमाके एकवचनमे (सोर्विसर्गः) इसकर सिद्ध हुआ (स्वयम्भूः) द्विवचनमे (स्वयम्भू औ) ऐसा स्थितहै इसमे स्वयम्भू शब्दका ऊकार धातुका है क्योंकि, स्वयम्भू शब्द क्विप् प्रत्ययान्तहै इसकारण (ख्योर्धातोरियुवौ स्वरे) इस सूत्रकर स्वयम्भूशब्दके ऊकारके स्थानमे उव् करनेसे (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर सिद्ध हुआ (स्वयम्भुवौ) इसीप्रकार बहुवचनमे उव् करनेसे रूप सिद्ध हुआ (स्वयम्भुवः) इसीप्रकार अन्यस्वरादि विभक्ति वचनामे उव् करके रूप साधने योग्यहै और संबोधनमे (समानाद्धेर्लोपोऽधातोः) इसकर धिका लोप नही हुआ क्योंकि, स्वयम्भूशब्द क्विप् प्रत्ययान्त होनेसे धातुत्वको नही त्यागताहै (हे स्वयम्भूः) इत्यादि ॥

सेनानी शब्दस्याविशेषो हसादौ स्वरादौ तु विशेषः सेनानीः ।

भाषार्थ-हसहै आदिमें जिसके ऐसी विभक्तिका वचनपर हुए संते किप् प्रत्ययान्त ईकारान्त सेनानी शब्दको विशेष नहीहै और स्वरहै आदिमे जिसके ऐसी विभक्तिका वचन पर हुए संते सेनानीशब्दको धातुसम्बन्धी ईकारान्त होनेपरभी विशेष है । जैसे (सेनानी म्) ऐसा स्थितहै इसमें सेनानी शब्दसे परे हसादि सि विभक्ति वचन विद्यमानहै इसकारण विशेष न होनेसे (स्रोर्विसर्गः) इसकर सिद्ध हुआ (सेनानीः) और द्विवचनके विषे । सेनानी औ । ऐसा स्थितहै इसमें सेनानी शब्दसे परे स्वरादि औ विभक्ति वचन विद्यमानहै इसकारण विशेष होना चाहिये किंतु (य्वोर्धानोरियुवौ स्वरे) इसकी प्राप्ति नही होनी चाहिये ॥

य्वौ वा ।

य्वौ[१२]–वा[अ०] । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) धातोरवयवसंयोगः पूर्वो यस्मादी-, कारादुकाराच्च नास्ति तदन्तस्यानेकस्वरस्येकारस्योकारस्य च यकारवकारौ भवतः स्वरे परे । वर्षाभूपुनर्भूव्यतिरिक्तभूशब्दसुधीशब्दौ वर्जयित्वा वाग्रहणादियं विवक्षा । सेनान्यौ । सेनान्यः । हेसेनानीः । हेसेनान्यौ । हेसेनान्यः । सेनान्यम् । सेनान्यौ । सेनान्यः । सेनान्या । सेनानीभ्याम् । सेनानीभिः । सेनान्ये । सेनानीभ्याम् । सेनानीभ्यः । सेनान्यः । सेनानीभ्याम् । सेनानीभ्यः । सेनान्यः । सेनान्योः । षष्ठीबहुवचने । सेनानी आम् ।

भाषार्थ-जिस ईकार और ऊकारसे पूर्व धातुका अवयव संयोग वर्त्तमान नहीं है वही ईकार और ऊकारहै अन्तमें जिसके ऐसे अनेक स्वर धातुके ईकार और ऊकारको क्रमसे यकार और वकार होय विभक्ति स्वर पर हुए संते भाव यह है कि, जिस ईकार वा ऊकारसे पूर्व धातुके अक्षर संयोगसंज्ञक वर्त्तमान न होय ऐसा ईकार वा ऊकार जिस धातुके अन्तमें होय वह धातु कारक वा अव्ययके पूर्व होनेसे वा स्वयंही अनेक स्वरवाला होवै तौ उसी धातुके ईकार वा ऊकारके स्थानमें क्रमसे यकार तथा वकार होय अर्थात् ईकारके स्थानमें यकार और ऊकारके स्थानमे वकार होताहै परन्तु वर्षाभू और पुनर्भू इनसे वर्जित जो भूशब्द तिसको और सुधी शब्दको त्यागकरके वाके ग्रहणसे यह विवक्षा है भाव यहहै कि, वर्षा और पुनर् शब्द नही है पूर्व जिसके ऐसे भूशब्द और सुधी शब्दको यकार वकारकी प्राप्ति होनेपरभी यकार वकार नही होवैं किन्तु इय् तथा उवङ् होय यह अर्थ सूत्रमें वाके ग्रहणसे जानना (सेनानी औ) इसमें सेनानी

शब्दमें जो ईकारहै उसमें पूर्व नी धातुका एक अक्षर नकारही होनेमें संयोग नहीं है इस कारण नी धातुके ईकारके स्थानमें विभक्तिस्वर पर होनेसे यकार किया क्यों कि नी धातु सेना शब्दके पूर्व होनेसे अनेक स्वरवाला है तब रूप हुआ (सेनान्य औ) फिर (सवर्णे दीर्घः सह) इसकर सिद्ध हुआ (सेनान्यौ) इसीप्रकार अन्य स्वरादि विभक्तिवचनोंमें रूप सिद्ध हुये जानने । अब षष्ठीके बहुवचनमें (सेनानी आम्) ऐसा स्थितहै ॥

सेनान्यादीनां वामो नुड्वक्तव्यः । सेनानीनाम् । सेनान्याम् । सेनानी ङि इति स्थिते ।

भाषार्थ—सेनान्यादिक शब्दोंके आमको नुट् आगम विकल्पकरके वक्तव्य है भाव यहहै कि, सेनानी आदिक शब्दोंसे परे षष्ठीका बहुवचन आम् तिसको नुट् आगम होताहै विकल्पकरके जैसे (सेनानी आम्) इसमें सेनानी शब्दसे षष्ठीका बहुवचन आम् विद्यमानहै इसकारण आमको नट् आगम किया तौ वह आगम आमके आदिमें हुआ क्योंकि, आगम टित्है तब रूप हुआ (सेनानी न् आम्) फिर (नामि) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (सेनानीनाम्) और जहाँ नुट् आगम नहीं हुआ तहाँ (य्वौवा) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (सेनान्याम्) और सप्तमी एकवचनमें (सेनानी ङि) ऐसा स्थितहै ॥

आम् ङेः ।

आम्—ङेः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) आबन्तादीबन्तान्नीशब्दाच्चोत्तरस्य ङेरामादेशो भवति । सेनान्याम् । सेनान्योः । सेनानीषु । एवंश्रामणीप्रभृतयः ऊकारान्ताश्चयवलूप्रभृतयः । ऋकारान्तः पुँल्लिंगः पितृशब्दः ।

भाषार्थ—आप् प्रत्ययहै अन्तमें जिसके और ईप् प्रत्ययहै अन्तमें जिसके एसे शब्दसे और नीशब्दसे उत्तर जो ङि तिसको आम् आदेश होय भाव यह है कि जिसके अन्तमें आप् प्रत्यय होवै और जिसके अन्तमें ईप् प्रत्यय होवै उस शब्दसे परे वा नीशब्दसे परे सप्तमीका एकवचन ङिके स्थानमें आम् होय जैसे (सेनानीङि) इसमें किप् प्रत्ययान्त नी शब्दसे परे सप्तमीका एकवचन ङि विद्यमानहै इसकारण ङिके स्थानमें आम् करनेसे (सेनानी आम्) ऐसाहुआ फिर (य्वौवा) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (सेनान्याम्) द्विवचनमें (सेनान्योः) बहुवचनमें (किलात्पः सः कृतस्य) इस सूत्रकर सिद्धहुआ (सेनानीषु) आमन्त्रणमें सेनानी शब्दसे धिका लोप नहीं हुआ क्योंकि, सेनानी शब्द किप् प्रत्ययान्त होनेसे धातुरूपहै । इसीप्रकार ग्रामणी आदिक धातुशब्द जाननेयोग्यहैं और ऊकारान्त यवलू आदिक धातुशब्दभी इसीप्रकार जाननेयोग्यहै । ऊकारान्त यवलू

शब्दहै । प्रथमैकवचनमें (यवलूः) द्विवचनमे (य्यौवा) इसकर सिद्धहुआ (यवल्वौ) बहुवचनमें (यवल्वः) द्वितीया प्रथम वचनमे (यवल्वम्) द्विवचनमे (यवल्वौ) बहुवचनमें (यवल्वः) तृतीया प्रथम वचनमे (यवल्वा) द्विवचनमे (यवलूभ्याम्) बहुवचनमें (यवलूभिः) चतुर्थीके एकवचनमे (यवल्वे) (यवलूभ्याम्) (यवलूभ्यः) पंचमीमे (यवल्वः) (यवलूभ्याम्) (यवलूभ्यः) षष्ठीमें (यवल्वः) (यवल्वोः) (यवल्वाम्) और सप्तमीके एकवचनमे । नीशब्दके नहोनेसे ङिको आम् आदेश नही हुआ । किन्तु (य्यौवा) इसकर ऊकारके स्थानमें वकार करनेसे रूप हुआ (यवल्वि) और द्विवचनमे (यवल्वोः) और बहुवचनमे (यवलूषु) सम्बोधनमे (हेयवलूः) (हेयवल्वौ । हेयवल्वः) और ईकारान्त वातप्रमी शब्द है । प्रथमाके एकवचनमे (वातप्रमीः) द्विवचनमें (वातप्रमी आ) ऐसा स्थित है यह धातुशब्द न होनेसे (य्वौवा) इसकर नही संगत हुआ । किन्तु (इयं स्वरे) इस सूत्रकर सिद्धहुआ (वातप्रम्यौ) और बहुवचने (वातप्रम्यः) तिर्तीया एकवचनमे (अम्शसोरस्य) इसकर सिद्धहुआ (वातप्रमीम्) और द्विवचनमे (वातप्रम्यौ) बहुवचनमे(अम्शसोरस्य)(सोनः पुंसः) इन सूत्रोकर सिद्धहुआ (वातप्रमीन्) तृतीया एकवचनमे (वातप्रम्या) द्विवचनमे (वातप्रमीभ्याम्) बहुवचनमे (वातप्रमीभिः) चतुर्थीके एकवचनम (वातप्रम्ये) द्विवचनमे (वातप्रमीभ्याम्) बहुवचनमे (वातप्रमीभ्यः) पञ्चमीमे (वातप्रम्यः । वातप्रमीभ्याम् । वातप्रमीभ्यः) षष्ठीमे (वातप्रम्यः) (वातप्रम्योः) (वातप्रम्याम्) सप्तमीके एकवचनमे (वातप्रमी) ऐसा स्थित है (सवर्णे दीर्घः सह) (वातप्रमी) द्विवचनमे (वातप्रम्योः) बहुवचनमे (वातप्रमीषु) सम्बोधनके विषे वातप्रमी शब्दको दीर्घ समानान्त होनेसे धि का लोप नहीं हुआ (हे वातप्रमीः) (हेवातप्रम्यौ) (हे वातप्रम्यः) इसी प्रकार ऊकारान्त हूहू शब्द है । प्रथमाके एकवचनमे (हूहूः) द्विवचनमे (हुह्वौ) बहुवचनम (हूह्वः) द्वितीया एकवचनमे (हूहूम्) द्विवचनमे (हुह्वौ) बहुवचनमे (हूहून्) तृतीयाके विषे (हूह्वा । हूहूभ्याम्) (हूहूभिः) चतुर्थाम (हूह्वे) (हूहूभ्याम्) (हूहूभ्यः) पंचमीमे (हूह्वः)(हूहूभ्याम्) (हूहूभ्यः) षष्ठाम (हूह्वः) (हूह्वोः) (हूह्वाम्) सप्तमीमे (हूह्वि) हुह्वोः) (हूहुषु) आमन्त्रणमें (हे हूहूः) (हे हूह्वौ) (हे हूह्वः) ऋकारान्त पुंलिग पितृ शब्द है प्रथमा एकवचनमें (पितृ स्) ऐसा स्थित है ॥

सेरा ।

सं॒ :—आ॒ । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) ऋकारान्तात्परस्य सेरा भवति स च ङित । टिलोपः । पिता । प्रथमाद्विवचने । पितृ औ इति स्थिते ।

भाषार्थ–ऋकार है अन्तमें जिसके ऐसे शब्दके परे जो सि तिसको आ होय और वह आ डित् संज्ञक होय । जैसे (पितृ स्) इसमें ऋकारान्त पितृ शब्दसे परे सिका शुद्ध रूप स् विद्यमान है इस कारण स के स्थानमें आ किया यह आ डित् संज्ञक है इस कारण (डिति टेः) इस सूत्रकर पूर्व पितृ शब्दके टि संज्ञक ऋकारका लोप करनेसे रूप हुआ (पितृ आ) फिर (सवर्णे दीर्घः सह) इस कर सिद्ध हुआ (पिता) और प्रथमा द्विवचनमें (पितृ औ) ऐसा स्थित है ॥

अर् पञ्चसु ।

अर्–पञ्चसु । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) ऋकारोअर्भवति पञ्चसुस्यादिषु परेषु । पितरौ । पितरः ।

भाषार्थ–ऋकार अर् होय पंचस्यादिक विभक्ति वचन पर हुये सते । भाव यह है कि, ऋकारके स्थानमें अर होजावै सिविभक्तिसे लेकर पांच वचनोंके विषे जैसे (पितृ औ) इसमें ऋकारसे परे स्यादिक पंचवचनसम्बन्धी औ विद्यमान है इसकारण ऋकारके स्थानमें अर् करनेसे रूप सिद्ध हुआ (पितरौ) और बहुवचनमें इसीप्रकार सिद्धहुआ (पितरः) द्वितीयाके एकवचनमें (पितरम्) और द्विवचनमें (पितरौ) और बहुवचनमें (पितॄन्स्) ऐसा स्थित है इसमें (अर् पंचसु) इससूत्रकी प्राप्ति नहीं होसक्ती क्यों कि, द्वितीयाका बहुवचन स्यादिक पांच वचनोंसे भिन्न है तब (अम्शसोरस्य) (सोनःपुंसः) (शसि) इन सूत्रोंकर सिद्धहुआ (पितॄन्) और तृतीयाके एकवचनमें (ऋरम्) इस सूत्रकर सिद्धहुआ (पित्रा) द्विवचनमें (पितृभ्याम्) बहुवचनमें (पितृभिः) और चतुर्थीके एकवचनमें (पित्रे) द्विवचनमें (पितृभ्याम्) बहुवचनमें (पितृभ्यः) पञ्चमीके एकवचनमें (पितृ अस्) ऐसा स्थित है । इसमें (ऋतो ङ उः) इस सूत्रकर पंचमीके एकवचनके अकारके स्थानमें डित् संज्ञक उकार करनेसे रूप हुआ (पितृ उ स्) इसमें उकी डित् संज्ञा होनेसे (डिति टेः) इस सूत्रकर रूप सिद्ध हुआ (पितुः) और द्विवचनमें (पितृभ्याम्) और बहुवचनमें (पितृभ्यः) इसी प्रकार षष्ठीके एकवचनमें (ऋतो ङ उः) (डिति टेः) इन सूत्रोंकर रूप सिद्ध हुआ (पितुः) द्विवचनमें (पित्रोः) बहुवचनमें (नुडामः) (नामि) (सुनोर्णोऽनन्ते) इन सूत्रोंकर रूप सिद्ध हुआ (पितॄणाम्) अब सप्तमी एकवचनमें (पितृ ङि) ऐसा स्थित है ॥

ङौ ।

ङौ । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) ऋकारस्य अर् भवति ङौ परे। पितरि । पित्रोः । पितृषु । आमन्त्रणे । पितृ सि । इति स्थिते ।

भाषार्थ–ऋकारको अर होय ङि परहुये संते । जैसे पितृ शब्दके ऋकारसे परे सप्तमीका एकवचन ङि विद्यमानहै इसकारण ऋकारके स्थानमे अर करनेसे रूप हुआ (पितरङि) फिर (सवर्णे दीर्घः सह) इसकर रूप सिद्ध हुआ (पितरि) द्विवचनमें (पित्रोः) वहुवचनमे (पितृषु) सम्बोधनके विषे सिकी संज्ञा करनेसे (पितृ स्) ऐसा स्थितहै ॥

धेरर् ।

धेः–अर् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) ऋकारान्तात्परस्य धेरर्भवति। सच ङित् । ङित्त्वाट्टिलोपः । हेपितः । हेपितरौ । हेपितरः । एवं जामात्रादयः । एवं ऋकारान्तो नृशब्दः । ना । नरौ । नरः । हेनः । हेनरौ । हेनरः । नरम् । नरौ । नॄन् । त्रा । नृभ्याम् । नृभिः । त्रे । नृभ्याम् । नृभ्यः । नुः । नृभ्याम् । नृभ्यः । नुः । त्रोः । षष्ठी बहुवचने । नृआम् इतिस्थिते । नुडामः । इति नुडागमः । नृशब्दस्य नामि वा दीर्घो भवति । नृणाम् । नॄणाम् । नरि । त्रोः । नृषु । कर्तृ शब्दस्य पञ्चसु विशेषः । कर्तृ सि इतिस्थिते ।

भाषार्थ–ऋकारहै अन्तमें जिसके ऐसे शब्दसेपरे धिको अर् होय और वह अर् ङित्संज्ञक होय अरको ङित्संज्ञक होनेसे पूर्वशब्दकी टिसंज्ञाका लोप होजावै । जैसे (पितृस्) इसमें ऋकारान्तसे परे धिसंज्ञक सकार विद्यमानहै इसकारण सकारके स्थानमे अर् किया तो रूप हुआ (पितृअर्) फिर अरको ङित्सज्ञक होनेसे (ङिन्टिटः) इस सूत्रकर पितृशब्दके ऋकारका लोप करनेसे रूप हुआ (पितृ अर) फिर (सवर्णेदीर्घः सह) (खोर्विसर्गः) इनकर सिद्ध हुआ (हेपितः) द्विवचनमें (हेपितरौ) (हेपितरः) इसीप्रकार ऋकारान्त नृ शब्दहै । प्रथमाके एकवचनमें (सेरः) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (ना) और द्विवचनमें (अरपंचसु) इसकर (नरौ) ऐसा सिद्ध हुआ वहुवचनमे (नरः) द्वितीयैकवचनमे (नरम्) द्विवचनमे (नरौ) वहुवचनमे (नॄन) तृतीयामे (त्रा) (नृभ्याम । नृभिः) चतुर्थीमे (त्रे) (नृभ्याम) (नृभ्य) पंचमीम (नुः । नृभ्याम । नृभ्यः) षष्ठीके एकवचनमें (नुः) द्विवचनमे (त्रोः) वहुवचनमे (नृआम्) ऐसा स्थितहै (नुडामः) इस सूत्रकर नुट आगम करनेमे (नृनाम) ऐसा स्थित हुआ । नृशब्दको नामपर हुए संते विकल्प करके दीर्घ होय । इसकर एकजगह दीर्घ किया तौ रूप हुआ (नॄनाम्) फिर (पुनोर्णोनन्ते) इसकर सिद्ध हुआ (नृणाम्) और जहाँ दीर्घ नहीं हुआ तहाँ (पुनोर्णोनन्ते) इसकर सिद्धहुआ (नृणाम्) सप्तमी एकवचनमे (ङौ) इस

सूत्रकर सिद्ध हुआ (नरि) द्विवचनमें (त्रोः) बहुवचनमें (घुनोंणाऽनन्ते) (नृषु) कर्तृ शब्दको पांच वचनोंके विषे विशेष है। प्रथमाके वचनमें (कर्तृस्) ऐसा स्थितहै ॥

स्तुरार् ।

स्तुः—आर् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) सकारतृप्रत्ययसंबन्धिन ऋकारस्यार् भवति पञ्चसु परेषु । कर्त्तार् स् इति स्थिते । यदादेशास्तद्वद्भवति । सेरा । डित्वाट्टिलोपः । कर्त्ता । कर्त्तारौ । कर्त्तारः । हे कर्त्तः । कर्त्तारम् । कर्त्तारौ । कर्तॄन् । पूर्ववत्प्रक्रिया । एवं नप्तृहोतृप्रशास्तृपोतृउद्गातृप्रभृतयः ।

भाषार्थ—सकार और तृ प्रत्ययसम्बन्धी ऋकार तिसको आर् होय स्यादिक पचविभक्ति वचन पर हुए संते । भाव यह है कि,सकारयुक्त ऋ और तृ प्रत्ययका ऋ इन दोनोंके स्थानमें आर् होय सि विभक्तिसे लेकर पांच विभक्ति वचनपर हुए संते जैसे। कर्तृ स् । इसमे तृ प्रत्यय सम्बन्धी ऋकारसे परे सिका शुद्ध रूप स् विद्यमान है इसकारण ऋके स्थानमें आर् करनेसे रूप हुआ (कर्त्तार् स्) फिर (यदादेशास्तद्वद्भवति) इसकर आरके स्थानमें ऋ मानकर (सेरा) इस सूत्रकी प्राप्ति करनेमें (कर्त्तार् आ) ऐसा हुआ । फिर आको डित्संज्ञक होनेसे (डिति टेः) इस सूत्रकर कर्त्तारकी टि संज्ञा आकारका लोप करनेसे (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर सिद्ध हुआ (कर्त्ता) और द्विवचनमे (स्तुरार्) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (कर्त्तारौ) बहुवचनमें (कर्त्तारः) द्वितीया एकवचनमें (कर्त्तारं) द्विवचनमें (कर्त्तारौ) बहुवचनमें स्यादिक पाँच वचनोंसे भिन्न होनेसे (स्तुरार्) इस सूत्रकी प्राप्ति नहीं होसक्ती । किन्तु (अम्शसोरस्य) (सानः पुसः) (शसि) इन सूत्रोंकर सिद्ध हुआ (कर्तॄन्) और तृतीयादिकमे पितृशब्दवत् जाननेयोग्यहै और सम्बोधनमें सिकि धिसंज्ञा होनेसे (धेरर्) इस सूत्रकर रूप सिद्ध हुआ (हे कर्तः) (हे कर्त्तारौ) (हे कर्त्तारः) इसी प्रकार नप्तृ होतृ प्रशास्तृ पोतृ उद्गातृ इत्यादिक शब्द जाननेयोग्य हैं । और इसी प्रकार अन्यभी तृप्रत्ययान्त शब्द जाननेयोग्यहैं । अर्थवान् तृप्रत्ययका ग्रहण होनेसे अव्युत्पन्न नप्तृ आदिक संज्ञा शब्दोंका ग्रहण नहीं होता है इस कारण यहाँ उनका पृथक् ग्रहण कियाहै क्योंकि,(अर्थवतो ग्रहणेनानर्थकस्य ग्रहणम्) अर्थ—अर्थवान्के ग्रहणमे अनर्थकका ग्रहण नहीं होताहै ॥

उकारान्तस्यापि क्रोष्टुशब्दस्य विशेषः । उकारान्तस्यापि क्रोष्टुशब्दस्य पञ्चस्वधिषु तृप्रत्ययान्तस्येव रूपं वक्तव्यम् । क्रोष्टा । क्रोष्टारौ । क्रोष्टारः । अधिष्विति विशेषणात् । हे क्रोष्टो । हे क्रोष्टारौ । हे क्रोष्टारः । क्रोष्टारम् ।

क्रोष्टारौ । शसि परे तृप्रत्ययवद्भावाभावात् । क्रोष्टून् । तृतीयादौ स्वरादौ तृप्रत्ययान्तता वा वक्तव्या । क्रोष्ट्रा । क्रोष्टुना । क्रोष्टुभ्याम् । क्रोष्टुभिः । क्रोष्ट्रे । क्रोष्टवे । क्रोष्टुभ्याम् । क्रोष्टुभ्यः । क्रोष्टुः । क्रोष्टोः । क्रोष्टुभ्याम् क्रोष्टुभ्यः। क्रोष्टुः। क्रोष्ट्रोः । क्रोष्टोः । क्रोष्ट्रोः । क्रोष्टूनाम् । कृताकृतप्रसंगी यो विधिः स नित्यः । नित्यानित्ययोर्मध्ये नित्यविधिर्बलवान् । इति प्रथमं नुडागमे कृते हसादित्वात्तृवद्भावो नास्ति । क्रोष्टरि । क्रोष्टौ । क्रोष्ट्रोः । क्रोष्ट्रोः क्रोष्टुषु ।

भाषार्थ–उकारान्त क्रोष्टु शब्दको विशेषहै । यद्यपि क्रोष्टु शब्द उकारान्तहै तथापि उस क्रोष्टु शब्दका धिवर्जित पांच वचनोंके विषे तृप्रत्ययान्त शब्दके समान रूप वक्तव्यहै । तात्पर्य यहहै कि, तृप्रत्ययहै अन्तमें जिसके ऐसे शब्दके कि, जिसप्रकार रूप धिवर्जित स्यादिक पांच वचनोंमें होतेहै तिसीप्रकार धिवर्जित स्यादिक पांच वचनोंके विषे क्रोष्टु शब्दके जानने योग्य हैं । तिससे पांच वचनोंके विषे तृप्रत्ययान्त शब्दवत् रूप करनेसे । प्रथमाके एकवचनमें (स्तुरार्) (सेरा) इन सूत्रोंसे रूप सिद्ध हुआ (क्रोष्टा) और द्विवचनके विषे (क्रोष्टारौ) और बहुवचनमें (क्रोष्टारः) अधिषु इस विशेषणसे धिके विषे उकारान्तवत् करनेसे (धौ) इस सूत्रकर रूप सिद्ध हुआ (हे क्रोष्टो) और द्विवचनमें (हे क्रोष्टारौ) बहुवचनमें (हे क्रोष्टारः) द्वितीयाके एकवचनमें (क्रोष्टारम्) द्विवचनमें (क्रोष्टारौ) और द्वितीया बहुवचनसम्बन्धी शसपर हुए सति तृप्रत्ययके तुल्य भाव न होनेसे उकारान्त शब्दवत् साधने योग्य हैं । तब (अम्शसोरस्य) (सौनः पुंसः) (शसि) इन सूत्रोंकर सिद्ध हुआ (क्रोष्टून्) स्वर है आदिमें जिसके ऐसे तृतीयादिविभक्ति वचनमें क्रोष्टु शब्दको तृप्रत्ययान्त भाव विकल्प करके वक्तव्यहै भाव यहहै कि, जिनके आदिमें स्वर होवै ऐसे तृतीयासे लेकर सप्तमी पर्यन्त विभक्ति वचन पर हुए सति विकल्प करके क्रोष्टु शब्दके रूप तृप्रत्ययान्त शब्दके समान जाननेयोग्य है अर्थात् एकजगह भानुशब्दके समान और अन्यत्र कर्तृ शब्दके समान जानने । और हसादिक विभक्तिवचनमें उकारान्तवत् ही जानने जैसे तृतीयाके एकवचनमें तृप्रत्ययान्तवत् (क्रोष्ट्रा) और उकारान्तवत् (क्रोष्टुना) द्विवचनमें (क्रोष्टुभ्याम्) बहुवचनमें (क्रोष्टुभिः) और चतुर्थी एकवचनमें । तृप्रत्ययान्तवत् (क्रोष्ट्रे) और उकारान्तवत् (क्रोष्टवे) और पंचमीके एकवचनमें (तृप्रत्ययान्तवत् क्रोष्टुः) और उकारान्तवत् (क्रोष्टोः) और षष्ठीके एकवचनमें । तृप्रत्ययान्तवत् (क्रोष्टुः) और उकारान्तवत् (क्रोष्टोः) और द्विवचनमें तृप्रत्ययान्तवत् (क्रोष्ट्रोः) और उकारान्तवत् (क्रोष्टोः) षष्ठीबहुवचनमें (क्रोष्टुआम्) ऐसा स्थितहै इसमें (नुडामः) इसकर नुट् आगमकी प्राप्ति होतीहै और (तृतीयादौ स्वरादौ तृप्रत्ययान्तता वा

वक्तव्या) इसकर तृप्रत्ययान्त भावकोभी प्राप्ति होवैहै परन्तु प्रथम नुट् आगमही होना चाहिये क्योंकि, कृताकृतप्रसंगी जो विधिहै वह नित्यहै और नित्य तथा अनित्यके मध्यमे नित्यविधि बलवान् होवैहै भाव यहहै कि, कार्यान्तर किये जानेपरभी अथवा कार्यान्तर नहीं कियेजानेपरभी प्रसंगवाला अर्थात् जिसका प्रसंग दोनोंमे ही प्राप्त होवै ऐसा जो विधानहै वह नित्यहै और नित्य तथा अनित्यके बीचमें नित्यविधि बली होताहै । इस न्यायसे तृप्रत्ययभाव किये जानेपर तथा नहीं कियेजानेपरभी नुट् आगम नित्य होताहै और उस नुट् आगम किये जानेपर विभक्ति वचनको हसादित्व सिद्ध होगया । इसकारण विभक्तिवचनको स्वरादित्व न होनेसे तृप्रत्ययान्त भाव नहीं होताहै । किन्तु (नामि) इससूत्रकर सिद्ध हुआ एकही रूप (क्रोष्टूनाम्) और सप्तमीके एकवचनमे तृप्रत्ययान्तवत् (क्रोष्टरि) और उकारान्तवत् (क्रोष्टौ) द्विवचनमे तृप्रत्ययान्तवत् (क्रोष्टोः) (क्रोष्ट्रोः) बहुवचनमें (क्रोष्टुषु) ऋकारान्ता लृवर्णान्ता एकारान्ताश्चाप्रसिद्धा । ऐकारान्तः पुँल्लिंगः सुरै शब्द । सुरैसि । इति स्थिते ॥

रैस्भि ।

रै—स्भि । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) रैशब्दस्याकारादेशो भवति सकार भकारादौ विभक्तौ परतः । सुराः स्वरादौ सर्वत्रायादेशः । सुरायौ । सुरायः । सुरायम् । सुरायौ । सुरायः । सुराया । सुराभ्याम् । सुराभिः । इत्यादि । ओकान्तः पुँल्लिंगो गोशब्दः । गो सि । इति स्थिते ।

भाषार्थ—रैशब्दको आकार आदेश होय सकार तथा भकार है आदिमें जिसके ऐसी विभक्ति पर हुए संते भाव यहहै कि, रै शब्दसे परे यादे सकारादि अथवा भकारादि विभक्ति पर होवै तौ रै शब्दके ऐकारके स्थानमे आ होवै । जैसे (सुरै स्) इसमें रै शब्दसे परे सकारादि सि विभक्ति परे है इसकारण रै को आ आदेश किया तौ वह आदेश (षष्ठीनिर्दिष्टस्यादेशस्तदन्तस्य ज्ञेयः) इसकर ऐकारके स्थानमे हुआ । तब रूप हुआ (सुरास्) फिर (खोविसर्गः) इसकर सिद्ध हुआ (सुराः) और स्वरादिक विभक्तिमे सब जगह (ऐ आय) इस सूत्रकर आय् आदेश किया तब द्विवचनमें रूप सिद्ध हुआ (सुरायौ) बहुवचनमे (सुरायः) सम्बोधनमे (हे सुराः) (हे सुरायौ) (हे सुरायः) द्वितीयामे (सुरायम्) (सुरायौ) (सुरायः) तृतीयाएकवचनमे (सुराया) द्विवचनमें (रैस्भि) इस सूत्रकर ऐ के स्थानमे आ करनेसे रूप सिद्ध हुआ (सुराभ्याम्) बहुवचनमे (सुराभिः) चतुर्थीमे (सुराये) (सुराभ्याम्) (सुराभ्यः) पंचमीमें (सुरायः) (सुराभ्याम्

(सुराभ्यः) षष्ठीमें (सुरायः) (सुरायोः) (सुरायाम्) सप्तमीमें (सुरायि) (सुरायोः) (सुरासु) ओकारान्त पुल्लिङ्ग गो शब्दहै प्रथमाके एकवचनमें (गो स्) ऐसा स्थितहै ॥

ओरौ ।

ओः—औ । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) ओकारस्यौकारादेशो भवति पंचसु परेषु । गौः । गावौ । गावः । हे गौः । गो अम् इति स्थिते ।

भाषार्थ—ओकारको औकार आदेश होय स्यादिक पांच वचन पर हुए संते भाव यहहै कि ओकारान्त शब्दसम्बधी ओकारके स्थानमे औकार आदेश होय सिसे लेकर पांच विभक्ति वचनोके विषे जैसे (गोस्) इसमें ओकारान्त गो शब्दके ओकारसे परे स्यादिक पंच विभक्तिवचन सम्बन्धि सिका शुद्ध रूप स् विद्यमान है । इसकारण ओकारके स्थानमे औकार करनेसे (स्रोर्विसर्गः) इस सूत्रकर रूप सिद्ध हुआ (गौः) द्विवचनमें स्यादिक पंच विभक्तिवचनसम्बन्धी औ होनेसे । ओकारके स्थानमे औकार किया तब रूप हुआ । गौ औ । फिर (औ आव्) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (गावौ) इसी प्रकार बहुवचनमे (गावः) और द्वितीयाके एकवचनमे (गो अम्) ऐसा स्थितहै ॥

आम्शसि ।

औ—अम्शसि । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) ओकारस्यात्वं भवति आमि शसि च परे । गाम् । गावौ । गाः । गवा । गोभ्याम् । गोभिः । गवे । गोभ्याम । गोभ्यः । ङस्य । इत्यकारलोपः । गोः । गोभ्याम् । गोभ्यः । गोः । गवोः । गो आम् । इति स्थिते ।

भाषार्थ—ओकारको आकार होय अम् और शस् पर हुए संते भाव यह है कि, ओकारान्त शब्दसम्बन्धी ओकारसे परे अम् अथवा शस् होवे तो उस ओकारके स्थानमें आकार आदेश होय जैसे (गो अम्) इसमे गो शब्दके ओकारसे परे । अम् । विद्यमान है इसकारण गो शब्दके ओकारके स्थानमे आकार करनेसे रूप हुआ (गा अम्) फिर (सवर्णे दीर्घः सह) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (गाम्) और द्विवचनमें (औंग) इस सूत्रकर गो शब्दके ओकारके स्थानमे औकार करनेसे (औ आव्) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (गावौ) और बहुवचनमे (आम्शसि) इस सूत्रकर गोशब्दके ओकारके स्थानमें आकार करनेसे (सवर्णे दीर्घ सह) (स्रोर्विसर्गः) इन सूत्रोकर सिद्ध हुआ (गाः) और तृतीयाएकवचनमें

स्यादिक पंच विभक्ति न होनेमें (ओ अव्) इस सूत्रकर सिद्धहुआ (गवा) द्विवचनमे (गोभ्याम्) बहुवचनमे (गोभिः) चतुर्थीके एकवचनमे (गवे) द्विवचनमे (गोभ्याम्) बहुवचनमे (गोभ्यः) पंचमीके एकवचनमे (गो अस्) ऐसा स्थितहै इसमें (डस्य) इस सूत्रकर अस्के अकारका लोप करनेसे (सार्विभक्तिकः) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (गोः) द्विवचनमे (गोभ्याम्) बहुवचनमें (गोभ्यः) षष्ठीके एकवचनमे पंचमीके एकवचनवत् (डस्य) इस सूत्रकर सिद्धहुआ (गोः) द्विवचनमें (गवो.) बहुवचनमें (गो आम्) ऐसा स्थितहै ॥

श्रुतौ गोरामः ।

श्रुतौ—गोः—आमः । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) श्रुतौ गोशब्दात्परस्यामो नुडागमोभवति । गोनाम् । गवाम् । गवि । गवोः । गोषु । एवं सुद्यो शब्दः । औकारान्तः पुँल्लिंगो ग्लौशब्दस्तस्य हसादावविशेषः स्वरादावावादेशः । ग्लौः । ग्लावौ । ग्लावः । इत्यादि । इति स्वरान्ताः पुँल्लिङ्गाः ।

भाषार्थ—वेदके विषे गो शब्दसे परे आमको नुट् आगम होय जैसे (गोआम्) इसमे गो शब्दसे परे आमको वैदिक होनेसे नुट् आगम करनेपर रूप सिद्ध हुआ (गोनाम्) और जहां वैदिक न होवे तहाँ (ओ अव्) इस सूत्रकर सिद्धहुआ (गवाम्) सप्तमीमे (गवि) (गवोः) (गोषु) आमन्त्रणमें (हेगोः) (हेगावौ) (हेगावः) इसी प्रकार सुद्यो शब्द साधने योग्यहै जैसे (सुद्यौः) (सुद्यावौ) (सुद्यावः) द्वितीयामे (सुद्याम्) (सुद्यावौ) (सुद्याः) तृतीयामे (सुद्यवा) (सुद्योभ्याम्) (सुद्योभिः) चतुर्थीमे (सुद्यवे) (सुद्योभ्याम्) (सुद्योभ्यः) (पंचमीम) सुद्योः (सुद्योभ्याम) (सुद्योभ्यः) षष्ठीमे (सुद्योः) (सुद्यवोः) (सुद्यवाम्) सप्तमीमे (सुद्यवि) (सुद्यवोः) (सुद्योषु) (हे सुद्यौः) (हे सुद्यावौ) (हे सुद्यावः) औकारान्त पुँल्लिंग ग्लौ शब्दहै तिसको हसादि विभक्तिमे विशेष नही है और स्वरादि विभक्तिमें (औ आव्) इसकर आव् आदेश होय जैसे (ग्लौः) (ग्लावौ) (ग्लावः) (ग्लावम्) (ग्लावौ) (ग्लावः) (ग्लावा) (ग्लौभ्याम्) (ग्लौभिः) (ग्लावे) (ग्लौभ्याम्) (ग्लौभ्यः) (ग्लावः) (ग्लौभ्याम्) (ग्लौभ्यः) (ग्लावः) (ग्लावोः) (ग्लावाम्) (ग्लावि) (ग्लावोः) (ग्लौषु) (हे ग्लौः) (हेग्लावौ) (हेग्लावः) इसप्रकार स्वरान्त पुँल्लिग साधनहै ॥

अथ स्वरान्तस्त्रीलिङ्गाः ।

आकारान्तो गंगाशब्दः । तस्य नामसंज्ञायां स्यादयः । प्रथमैकवचने सि ।

भाषार्थ-इसके अनन्तर स्वरान्त स्त्रीलिंग कहे जावेहैं आकारान्त गंगा शब्द है तिसकी नामसंज्ञा होनेपर स्यादिक विभक्ति होवै हैं प्रथमाके एकवचनमें । गंगा सि । ऐसा स्थितहै ॥

आपः ।

आपः । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) आबन्तात्सेर्लोपो भवति । गंगा । द्विवचनमे । गंगा औ । इतिस्थिते ।

भाषार्थ-आप् प्रत्ययहै अन्तमें जिसके ऐसे शब्दसे परे सि विभक्तिका लोपहोय । जैसे (गंगा सि) इसमे आप् प्रत्ययान्त गंगाशब्दसे परे सि विभक्ति विद्यमानहै इसकारण लोप करनेसे रूप सिद्धहुआ (गंगा) और द्विवचनमे (गंगा औ) ऐसा स्थितहै॥

औरी ।

आः—ई । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) आबन्तात्पर औ ईकारो भवति । गंगे । गंगाः । आमन्त्रणे । गंगा सि । इति स्थिते ।

भाषार्थ-आप् प्रत्ययान्त शब्दसे परे जो औ सो ईकार होय । भाव यह है कि, जिस शब्दके अन्तमे आप् प्रत्यय होवै उस शब्दसे परे द्विवचनसम्बन्धी औ विद्यमान होवै तो औके स्थानमे ईकार होय जैसे (गंगा औ) इसमे आप् प्रत्ययान्त गंगा शब्दसे परे प्रथमाद्विवचनसम्बन्धी औ विद्यमान है इसकारण औके स्थानमे ई करनेसे रूप हुआ (गगा ई) फिर (अइए) इस सूत्रकर सिद्धहुआ (गंगे) और बहुवचनमे (सवर्णे दीर्घः सह) (खोर्विसर्गः) इन सूत्रोंकर सिद्धहुआ (गंगाः) और सम्बोधनके विषे सिकी धि संज्ञा होनेपर (गंगा सि) ऐसा स्थित है ॥

धिरिः ।

धिः—इः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) आबन्तात्परोधिरिर्भवति । हे गंगे । हे गंगे । हे गंगाः ।

भाषार्थ-आप् प्रत्ययान्त शब्दसे परे जो धि सो इ होय । भाव यह है कि, आप् प्रत्ययान्त शब्दसे परे जो धिसंज्ञक सि तिसके स्थानमें इकार होय जैसे (गंगा सि) इसमे आप् प्रत्ययान्त गंगा शब्दसे परे धिसंज्ञक सि विद्यमान है इसकारण धिसंज्ञक सिके स्थानमे इकार करनेसे रूप हुआ (गंगा इ) फिर (अइए) इस सूत्रकर रूप सिद्धहुआ (हे गंगे) द्विवचनमे (हे गंगे) बहुवचनमे (हे गंगाः) ॥

अम्वादीनां धौ ह्रस्वः ।

अम्बादीनाम्—धौ—ह्रस्वः।त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) आबन्तानामम्बादीनां धौ परे ह्रस्वो भवति । हे अम्ब । हे अक्क । हे अल्ल । गंगाम् । गंगे । गंगाः । तृतीयैकवचने । गंगा टा । इति स्थिते ।

भाषार्थ—आप् प्रत्यय है अन्तमें जिसके ऐसे अम्बा आदिक शब्द तिनको धि पर हुए संते ह्रस्व होय जैसे (अम्बा सि) इसमें आप् प्रत्यान्त अम्बा शब्दसे परे विसंज्ञक सि विद्यमान है इस कारण अम्बा शब्दके आकारको ह्रस्व करनेसे रूप हुआ (अम्ब सि) फिर (समानाङ्गेर्लोपः) इसकर विसंज्ञक सिका लोप करनेसे रूप सिद्ध हुआ (हे अम्ब) द्विवचनमें (हे अम्बे) बहुवचनमें (हे अम्बाः) इसी-प्रकार सम्बोधनमें (हे अक्क) तथा (हे अल्ल) इत्यादि जानने योग्य हैं । तृतीया-एकवचनमें (गंगा टा) ऐसा स्थित है ॥

टौसोरे ।

टौसोः—ए । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) आबन्तस्य टौसोः परयोरेत्वं भवति । अयादेशः । गंगया । गंगाभ्याम् । गंगाभिः । गङ्गा ङे । इति स्थिते ।

भाषार्थ—आप् प्रत्यय है अन्तमें जिसके ऐसे शब्दको टा और ओस् विभक्ति वचन पर हुए संते एकार होय । भाव यह है कि, आप् प्रत्ययान्त शब्दके अन्तस्वरको एकार होय टा और ओस् विभक्तिवचनोंके विषे जैसे (गंगा टा) इसमें आप् प्रत्ययान्त गंगा शब्दसे परे टाका शुद्ध रूप आ विद्यमान है इसकारण गंगा शब्दके आकारको (षष्ठीनिर्दिष्टस्यादेशस्तदन्तस्य ज्ञेयः) इसकर एकार आदेश करनेसे रूप हुआ (गंगे आ) फिर (एअय्) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (गंगया) द्विवचनमें (गंगाभ्याम्) बहुवचनसे (गंगाभिः) चतुर्थीके एकवचनमें (गंगा ङे) ऐसा स्थित है तिसका हुआ (गंगा ए) फिर ॥

ङितां यट् ।

ङिताम्—यट् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) आबन्तात्परेषां ङेङसिङसङि इत्येतेषां यडागमो भवति । गंगायै । गंगाभ्याम् । गंगाभ्यः । गंगायाः । गंगाभ्याम् । गंगाभ्यः । गंगायाः । गंगयोः । गंगानाम् । आम्ङेः । इत्याम् । गंगायाम् । गंगयोः । गंगासु । एवं खट्वा-मेधा-माला-शाला-दोलाप्रभृतयः ।

भाषार्थ–आवन्त शब्दमे परे जो ङे तथा ङसि तथा ङस् तथा ङि इनको यट् आगम होय । भाव यह है कि, आप् प्रत्यय जिसके अन्तमें होवे उस शब्दसे परे जो चतुर्थी एकवचन ङे होय अथवा पंचमी एकवचन ङसि होय अथवा षष्ठीएकवचन ङस् होय अथवा सप्तमीएकवचन ङि होवे तो उस ङे अथवा ङसि अथवा ङस् अथवा ङिको यट् आगम होय जैसे (गंगा ए)इसमे गंगाशब्दसे परे ङेका शुद्ध रूप ए विद्यमानहै इसकारण ङेके शुद्धरूप एको यट् आगम किया तो वह आगम एके आदिमे हुआ क्योंकि आगम टित्संज्ञक है तब रूप हुआ (गंगाय ए) फिर (ए ऐ ओ) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (गंगायै) द्विवचनमे (गंगाभ्याम्) (गंगाभ्यः) पंचमी एकवचनमे (गंगा ङसि) तिसका (गगा अस्) ऐसा स्थितहै । इसमे आप् प्रत्ययान्त गंगा शब्दसे परे ङसिका शुद्धरूप अस् विद्यमानहै इसकारण (ङितां यट्) इस सूत्रकर ङसिके शुद्धरूप अस्को यट् आगम करनेमे रूप हुआ (गंगाय अस्) फिर (सवर्णेदीर्घः सह) (स्रोर्विसर्गः) इन सूत्रोकर सिद्ध हुआ (गगायाः) द्विवचनमे (गंगाभ्याम्) (गंगाभ्यः) षष्ठी एकवचनमें (गंगा ङस्) तिसका (गंगाअस्) ऐसा स्थितहै इसमे आवन्त गंगा शब्दसे परे ङस्का शुद्धरूप अस् विद्यमानहै इसकारण (ङितांयट्) इस सूत्रकर ङस्के शुद्ध रूप अस्को यट् आगम करनेसे रूप हुआ (गंगाय अस्) फिर (सवर्णेदीर्घः सह) (स्रोर्विसर्ग) इनकर सिद्ध हुआ (गंगायाः) द्विवचनमें (टौसोरे) (ए अय्) इन सूत्रोंकर सिद्ध हुआ (गगयोः) बहुवचनमे (नुडामः) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (गंगानाम) और सप्तमी एकवचनमे (गंगा ङि) तिसका (गंगाइ) ऐसा स्थित है इसमे आवन्त गगा शब्दसे परे ङिका शुद्ध रूप इ विद्यमानहै इसकारण (आमङेः) इस सूत्रकर ङिके शुद्ध रूप इको आम् आदेश करनेसे रूप हुआ (गंगा आम्) फिर (यदादेशास्तद्वद्भवति) इसकरके आमके स्थानमे ङि मानकर (ङितां यट्) इस सूत्रककर आमको यट् आगम करनेसे (सवर्णे दीर्घःसह) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (गंगायाम्) और द्विवचनमे षष्ठीद्विवचनवत् (गगयोः) बहुवचनमे (गंगासु) इसी प्रकार खट्टा मेधा माला शाला दोला श्रद्धा आदिक शब्द साधने योग्यहै ॥

आवतः स्त्रियाम् ।

आर्ः–अतेः–स्त्रियाम् । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अकारान्तात्स्त्रियां वर्तमानादाप् प्रत्ययो भवति ।

भाषार्थ–स्त्रीलिंगके विषे वर्तमान जो आकारान्त शब्द तिससे आप् प्रत्यय होवे है जैसे सर्व आदिक शब्द स्त्रीलिंगवाचकहै जब इन सर्व आदिक शब्दोंका स्त्री-

लिंगमे रूप साधाजाताहै तब अकारान्त सर्व आदिक शब्दोंमें आप् प्रत्यय होजावे है यथा (सर्वा) प्रथमा एक वचनमें । सर्वा सु । ऐसा स्थितहै (आपः) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (सर्वा) द्विवचनके विषे (औरी) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (सर्वे) बहुवचनमें (सर्वर्णेदीर्घःसह) (स्रोर्विसर्गः) इनकर सिद्ध हुआ (सर्वाः) द्वितीया एकवचनमें (सर्वाम्) द्विवचनमें (सर्वे) बहुवचनमें (सर्वाः) तृतीया एक वचनमें (टौसोरे) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (सर्वया) द्विवचनमें (सर्वाभ्याम्) (सर्वाभिः) चतुर्थी एकवचनमें (सर्वा ए) ऐसा स्थितहै फिर (डितोयट्) इससूत्रकर रूप हुआ (सर्वा य ए) ॥

यटोच्च ।

यटः—अतः— च । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः)आबन्तात्सर्वादेःपरस्य यटः सुडागमो भवति पूर्वस्य चापोऽकारो भवति।सर्वस्य। सर्वाभ्याम् । सर्वाभ्यः।सर्वस्याः । सर्वाभ्याम् । सर्वाभ्यः । सर्वस्याः । सर्वयोः । सर्वासाम् । सर्वस्याम् । सर्वयोः । सर्वासु ।

भाषार्थ—आबन्त सर्वादिक शब्दसे परे जो यट् तिसको सुट् आगम होय और पूर्वके आप् प्रत्ययसम्बन्धी आकारको अकार होय । भाव यहहै कि, जिसके अन्तमें आप् प्रत्यय होवे उस सर्वादिक शब्दसे परे जो यट् आगम तिसको सुट् आगम होय और पूर्वके आप् प्रत्ययके आकारको अकार होय जैसे (सर्वा ए) इसमें (डितोयट्) इस सूत्रकर यट् आगम करनेसे रूप हुआ (सर्वाय ए) फिर इसमें आप् प्रत्ययान्त सर्वा शब्दसे परे यट् आगमका शुद्ध रूप य ऐसाहै इसकारण यटके शुद्ध रूप यकारको सुट् आगम किया तो वह आगम यकारके आदिमें हुआ क्योंकि आगम टित्संज्ञकहै तब रूपहुआ (सर्वा स् यए) फिर पूर्वके आप् प्रत्ययसम्बन्धी सर्वा शब्दके आकारको अकार किया तब रूप हुआ (सर्वस्य ए) फिर (ए ऐ ऐ) (स्वरहीन परेण संयोज्यम्) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (सर्वस्यै) द्विवचनमे (सर्वाभ्याम्) बहुवचनमे (सर्वाभ्यः) पंचमी एकवचनमें (सर्वा अस्) ऐसा स्थितहै इसमे (डितोयट्) इस सूत्रकर रूप हुआ (सर्वाय अस्) फिर (यटोच्च) इस सूत्रकर यट्को सुट् आगम करनेसे और पूर्व सर्वाशब्दके आकारको अकार करनेसे रूप हुआ (सर्वस्यअस्) फिर (सवर्णेदीर्घः सह) (स्वरहीनंपरेण संयोज्यम्) (स्रोर्विसर्गः) इनकर रूप सिद्ध हुआ (सर्वस्याः) द्विवचनमें (सर्वाभ्याम्) बहुवचनमे (सर्वाभ्यः) और षष्ठीएकवचनमें पंचमी एकवचनवत् सिद्ध हुआ (सर्वस्याः) और द्विवचनमे (टौसोरे) (एअय्) इनकर सिद्ध हुआ (सर्वयोः) और बहुवचनमे (सुडामः) इस सूत्रकर आम्को सुट् आगम करनेसे रूप सिद्ध हुआ

(सर्वोसाम्) सप्तमी एक वचनमें (सर्वा इ) ऐसा स्थितहै इसमे (आम्डेः) इस सूत्रकर ङिके शुद्ध रूप इको आम् आदेश किया तब रूप हुआ (सर्वाआम्) फिर इसमें(यदादेशस्तद्वद्भवति) इसकर आमको डिमानकर (ङितोयट्)इसकर यट् आगम किया तब रूप हुआ (सर्वायइ) फिर (यटोऽच) इसकर यट्को सुट् आगम करनेसे और पूर्व सर्वा शब्दके आकारको अकार करनेसे रूप हुआ (सर्वस् य आम्) फिर (सवर्णे दीर्घः सह) (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इनकर सिद्ध किया (सर्वस्याम्) और द्विवचनमे (टौसोरे) (एअय्) इन करके सिद्ध हुआ (सर्वयोः) और बहुवचनमें सिद्ध हुआ (सर्वासु) और सम्बोधनके विषे गंगाशब्दवत् जानना । इसी प्रकार आपूप्रत्ययान्त विश्वादिक शब्द साधने योग्यहैं । परन्तु उभय शब्द स्त्रीलिंगमें ईप् प्रत्ययान्त होताहै उसके रूप नदीवत् जानने योग्यहैं ॥ (१)

आबन्तो जराशब्दः । जरायाः स्वरादौ जरस् वा वक्तव्यः । जरा । जरसौ । जरे । जरसः । जराः । हेजरे । हेजरसौ । हेजरे । हेजरसः । हेजराः । जरसम् । जराम् । जरे । जरसौ । जरसः । जराः । जरसा । जरया । जराभ्याम् । जराभिः । जरसे । जरायै । जराभ्याम् । जराभ्यः । जरसः । जरायाः । जराभ्याम् । जराभ्यः । जरसः । जरायाः । जरसोः । जरयोः । जरसाम् । जराणाम् । जरसि । जरायाम् । जरसोः । जरयोः । जरासु ।

भाषार्थ—आपूप्रत्ययान्त स्त्रीलिंग जराशब्दहै जरा शब्दको स्वरादे विभक्ति वचनम जरस् आदेश विकल्प करके वक्तव्यहै । भाव यहहै कि, स्वरहै आदिमे जिसके ऐसे विभक्तिवचनके विषे जराके स्थानमे जरस् विकल्प करके होजावेहै जैसे (जरा सि) इसमे जरा शब्दसे परे हमादि विभक्तिवचन विद्यमानहै इसकारण जरस् आदेश नहीं हुआ किन्तु (आपः) इस सूत्रकर सिका लोप करनेसे रूप सिद्ध हुआ (जरा) और द्विवचनमें (जरा औ) ऐसा स्थितहै इसमे जरा शब्दसे परे स्वरादि विभक्ति

(१) द्वितीयातृतीयाशब्दयोर्ङिसुग्रासर्वादित्वम् । अर्थ—द्वितीया और तृतीया शब्दको ङित् वचन अर्थात् डे, डसि, डस्, डि । इन विभक्ति वचनोमे विकल्प करके सर्वादिकता होवै है । भाव यहहै कि, द्वितीया तृतीया शब्दोके डे डासि डस् डि इन विभक्ति वचनोके विषे एक जगह सर्वा शब्दके समान और दूसरी जगह गंगा शब्दके समान रूप जानने योग्यहै जैसे (द्वितीयस्यै) (द्वितीयायै) (तृतीयस्यै) (तृतीयायै) (द्वितीयस्या) (द्वितीयाया) (तृतीयस्या) (तृतीयाया) इसीप्रकार षष्ठी एकवचनमे जानना और सप्तमी एकवचनमे (द्वितीयस्याम) (द्वितीयायाम्) (तृतीयस्याम्) (तृतीयायाम) और द्विशब्दको (त्यदादेष्टेर स्यादौ) इस सूत्रकर अकार करनेपर (आबन्त स्त्रियाम्) इस सूत्रकर आपू प्रत्यय कर गंगा शब्दके द्विवचनके समान रूप साधने योग्यहै । इत्यलम् ।

वचन औ विद्यमानहै इसकारण जरा शब्दको विकल्प करके जरस् आदेश करनेसे रूप हुआ (जरस् औ) फिर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इस करके रूप सिद्ध हुआ (जरसौ) और जहाँ जरस् आदेश नहीं हुआ तहाँ (औंगं) (अट्) इन सूत्रोंकर रूप सिद्ध हुआ (जरे) इसी प्रकार बहुवचनमें स्वरादि विभक्ति वचन जस् होनेसे जरस् आदेश कर रूप सिद्ध किया (जरसः) और जहाँ नहीं हुआ तहाँ गंगा शब्दवत् सिद्ध हुआ (जराः) सम्बोधनमें धिके विषे (धिरिः) इस सूत्रकर रूप सिद्ध हुआ (हेजरे) और द्विवचनमें (हेजरसौ, हेजरे) और बहुवचनमें (हेजरसः) (हेजराः) इससे पश्चात् अन्य विभक्तिवचनोंमें जहाँ कि, जरस् आदेश न होवे तहाँ गंगाशब्दवत् साधने योग्यहै और जहाँ स्वरादि विभक्तिवचनोंमें विकल्प करके जरा शब्दको जरस् आदेश होजावे तहाँ (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्)इसकर साधने योग्यहै यह जराशब्द आप् प्रत्ययान्तहै इसकारण इसकी साधना गंगाशब्दवतहै और सोमपा क्षीरपा आदिक आप् प्रत्ययान्त नहीं किन्तु आकारान्त क्विप्प्रत्ययान्तहैं इसकारण इनका साधन पुंल्लिंगवत् होताहै॥

इकारान्तः स्त्रीलिंगो बुद्धिशब्दः। तस्य च प्रथमाद्वितीययोर्हरिशब्दवत्प्रक्रिया । बुद्धिः । बुद्धी । बुद्धयः । हे बुद्धे । हे बुद्धी । हे बुद्धयः । बुद्धिम् । बुद्धी । बुद्धीः । बुद्धया । बुद्धिभ्याम् । बुद्धिभिः ।

भाषार्थ–इकारान्त स्त्रीलिंग बुद्धि शब्द है उसकी प्रथमा और द्वितीया विभक्तियोंके विषे हरिशब्दवत् प्रक्रिया है भाव यह है कि. बुद्धि शब्दके रूप प्रथमा द्वितीया विभक्तियोंमें हरि शब्दवत् जानने जैसे प्रथमा एकवचनमें (सोर्विसर्गः) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (बुद्धिः) द्विवचनमें (औ यू) (सवर्णे दीर्घः सह) इन करके सिद्ध हुआ (बुद्धी) बहुवचनमें (ए ओ जसि) (ए अय्) (सोर्विसर्गः) इन कर सिद्ध हुआ (बुद्धयः) और सम्बोधनके विषे (समानाद्धेर्लोपोऽध्यानोः) (धौ) इन करके सिद्ध हुआ (हे बुद्धे) द्विवचनमें (हे बुद्धी) बहुवचनमें (हे बुद्धयः) द्वितीया एकवचनमें (अम्शसोरस्य) इसकर सिद्ध हुआ (बुद्धिम्) और द्विवचनमें प्रथमाद्विवचनवत् (बुद्धी) और बहुवचनमें (बुद्धि अस्) ऐसा स्थित है इसमें (अम्शसोरस्य) इसकर अस्के अकारका लोप करनेसे रूप हुआ (बुद्धि स्) फिर (सानः पुंसः) इस सूत्रकी नहीं प्राप्ति हुई क्योंकि बुद्धि शब्द स्त्रीलिंग है किन्तु (शसि) इस सूत्रकर बुद्धि शब्दको दीर्घ करनेसे (सोर्विसर्गः) इसकर सिद्ध हुआ (बुद्धीः) तृतीया एकवचनमें (बुद्धि आ) ऐसा स्थित है इसमें (टानाङ्योर्याम्) इस सूत्रकी स्त्रीलिंग होनेसे नहीं प्राप्ति हुई किन्तु (इयंस्वरे इस सूत्रकर रूप सि-

द्ध हुआ (बुद्धया) द्विवचनमें (बुद्धिभ्याम) बहुवचनमे (बुद्धिभिः) चतुर्थी एकवचनमें (बुद्धे ए) ऐसा स्थित है ॥

इदुद्भ्याम् ।

इदुद्भ्याम् । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) स्त्रियांवर्त्तमानाभ्यामिकारोकाराभ्यां परेषां ङितां वचनानां वा अडागमो भवति । बुद्धयै।बुद्धये । बुद्धिभ्याम् । बुद्धिभ्यः । बुद्धयाः । बुद्धेः । बुद्धिभ्याम् । बुद्धिभ्यः । बुद्धयाः । बुद्धेः । बुद्धयोः । बुद्धीनाम् ।

भाषार्थ—स्त्रीलिंगके विषे वर्त्तमान जो इकार और उकार तिनसे परे जो ङित् वचन अर्थात् ङे, ङसि, ङस् , ङि यह विभक्ति वचन तिनको विकल्प करके अट् आगम होय जैसे (बुद्धि ए) इसमे स्त्रीलिंगके विषे वर्त्तमान जो बुद्धि शब्दका इकार तिनसे परे ङेका शुद्ध रूप ए विद्यमान है इसकारण ङेके शुद्ध रूप एको अट् आगम किया तो वह आगम एके आदिमे हुआ क्योंकि आगम टित्संज्ञक है तब रूप हुआ (बुद्धि अ ए) फिर (इयंस्वरे) (ए ऐ ऐ) इन सूत्रोंकर सिद्ध हुआ (बुद्धयै) और जहां अट् आगम नहीं हुआ तहां (डिति) (ए अय्) इनकर सिद्ध हुआ (बुद्धये) द्विवचनमे (बुद्धिभ्याम्) बहुवचनमे (बुद्धिभ्यः) पंचमी एकवचनमे (इदुद्भ्याम्) इस सूत्रकर ङसिके शुद्ध रूप अस्को अट् आगम करनेपर(इयं स्वरे) (सवर्णे दीर्घः सह) (स्रोर्विसर्गः) इन सूत्रोंकर रूप सिद्ध हुआ (बुद्धयाः) और जहाँ अट् आगम नहीं हुआ तहाँ (डिति) (ङस्य) (स्रोर्विसर्गः) इन सूत्रोंकर रूप सिद्ध हुआ (बुद्धेः) द्विवचनमें (बुद्धिभ्याम्) बहुवचनमे (बुद्धिभ्यः) षष्ठी एकवचनमे पंचमी एकवचनवत् (बुद्धयाः) (बुद्धेः) द्विवचनमे (इयं स्वरे) इसकर सिद्ध हुआ (बुद्धयोः) बहुवचनमे (नुडामः) (नामि) इन सूत्रोंकर सिद्ध हुआ (बुद्धीनाम्) सप्तमी एकवचनमे । (बुद्धि ङ) ऐसा स्थित है ॥

स्त्रियां योः ।

स्त्रियाम्—योः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) इश्च उश्च युः तस्मादिवर्णोवर्णान्नदीवृद्भ्वादिभ्यश्च स्त्रियां वर्त्तमानात्परस्य ङेरास्वा भवति । बुद्ध्याम् । बुद्धौ । बुद्धयोः । बुद्धिषु । एवं मतिभृतिधृतिरुचिप्रभृतयः ।

भाषार्थ—स्त्री लिंगके विषे वर्त्तमान जो इवर्ण तथा उवर्ण तिनसे परे जो ङि तिसको आम् आदेश होय । और वाके ग्रहणसे नदी वधू जम्भू आदिक शब्दोंसे भी परे ङिको

आम् होय और अट् आगमके साहचर्यसे जिस पक्षमें कि, अट् आगम होय उसीमें ङिको आम् आदेश होय (जैसे बुद्धि इ) इसमें स्त्रीलिंगके विषे वर्त्तमान बुद्धि शब्दके इकारसे सप्तमी एकवचनसम्बन्धी ङिका शुद्धरूप इ विद्यमान है इसकारण इको आम् आदेश करनेसे रूप हुआ (बुद्धि आम्) फिर (यदादेशस्तदद्ग्रहणेन) इसकर आमको ङिमानकर (इदुभ्याम्) इस सूत्रकर अट् आगम किया तब रूप हुआ (बुद्धि अआम्) यह अट् आगम जहाँ होता है तहाँही ङिको आम् आदेश होता है फिर (इयंस्वरे) (सवर्णे दीर्घः सह) इन करके रूप सिद्ध हुआ (बुद्धयाम्) और जहाँ कि, अट् आगम नहीं हुआ तहाँ ङिको आम आदेश नहीं हुआ तहाँ (ङेरौ ङित्) इस सूत्रकर रूप सिद्ध हुआ (बुद्धौ) द्विवचनमें (बुद्धयोः) बहुवचनमें (क्तिक्लित्पाः सः कृतस्य) इसकर सिद्ध हुआ (बुद्धिषु) इसीप्रकार मति तथा भूति तथा धृति तथा रुचि आदिक शब्द साधनेयोग्य हैं ॥

एव धेनुरज्जुप्रभृतयोप्युकारान्ता एतैरेव सूत्रैः सिध्यन्ति । धेनुः । धेनू । धेनवः । हे धेनो । हे धेनू । हे धेनवः । धेनुम् । धेनू । धेनूः । धेन्वा । धेनुभ्याम् । धेनुभिः । धेन्वै । धेनवे । धेनुभ्याम् । धेनुभ्यः । धेन्वाः । धेनोः । धेनुभ्याम् । धेनुभ्यः । धेन्वाः । धेनोः । धेन्वोः । धेननाम् । धेन्वाम् । धेनौ । धेन्वोः । धेनुषु ।

भाषार्थ–इसीप्रकार उकारान्त स्त्रीलिंग धेनु रज्जु आदिक शब्दभी इन्हीं सूत्रोंकर सिद्ध होते हैं जैसे प्रथमा एकवचनमें (स्वोर्विसर्गः) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (धेनुः) द्विवचनमें (औशू) (सवर्णे दीर्घः सह) इनकर सिद्ध हुआ (धेनू) बहुवचनमें (एओजसि) (ओअव्) इनकर सिद्ध हुआ (धेनवः) और सम्बोधनके विषे (समानाङ्ग्रेर्लोपोऽधातोः) (धौ) इनसूत्रोंकर सिद्ध हुआ (हे धेनो) द्विवचनमें (हे धेनू) बहुवचनमें (हे धेनवः) द्वितीया एकवचनमें (अम्शसोरस्य) इसकर सिद्ध हुआ (धेनुम्) द्विवचनमें प्रथमाद्विवचनवत् (धेनू) बहुवचनमें (अम्शसोरस्य) (शसि) इन सूत्रोंकर सिद्ध हुआ (धेनूः) तृतीया एकवचनमें (उवम्) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (धेन्वा) द्विवचनमें (धेनुभ्याम्) बहुवचनमें (धेनुभिः) चतुर्थी एकवचनमें (इदुद्भ्याम्) इसकर अट् आगम करनेसे (उवम्) (एंएं) इन सूत्रोंकर सिद्ध हुआ (धेन्वै) और जहाँ अट् आगम नहीं हुआ तहाँ (ङिति) (ङस्य) (ओ अव्) इनकर सिद्ध हुआ (धेनवे) द्विवचनमें (धेनुभ्याम्) बहुवचनमें (धेनुभ्यः) पचमी एकवचनमें (इदुद्भ्याम्) इस सूत्रकर अट् आगम करनेसे (उवम्) (सवर्णे दीर्घः सह) (स्वोर्विसर्गः) इनकर सिद्ध हुआ (धेन्वाः) और जहाँ अट् आगम नहीं हुआ तहाँ (ङिति) (ङस्य) (स्वोर्विसर्गः) इन सूत्रोंकर सिद्ध

हुआ (धेनोः) द्विवचनमें (धेनुभ्याम्) बहुवचनमे (धेनुभ्यः) षष्ठी एकवचनमे पंचमी एकवचनवत् (धेन्वाः) (धेनोः) द्विवचनमे (उवम्) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (धेन्वोः) बहुवचनमें (नुडामः) (नामि) इन सूत्रोंकर सिद्ध हुआ (धेनूनाम्) सप्तमी एकवचनमें (स्त्रियांयोः) इस सूत्रकर डिको आम् आदेश करनेपर (इदुद्भ्याम्) इस सूत्रकर अट् आगम करनेसे (उवम्) (सवर्णे दीर्घः सह) इन सूत्रोंकर रूप सिद्ध हुआ (धेन्वाम्) और जहाँ अट् आगम नहीं किया तहाँ डिको आम् आदेश भी नहीं हुआ किन्तु (डेरौडित्) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (धेनौ) द्विवचनके विषे (उवम्) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (धेन्वोः) और बहुवचनमे (किलात्यः सः कृतस्य) इसकर सिद्ध हुआ (धेनुषु) ॥

ईकारान्तः स्त्रीलिंगो नदीशब्दः । हसेपः सेर्लोपः । नदी । नद्यौ । नद्यः ।

भाषार्थ–ईकारान्त स्त्रीलिंग नदी शब्द है । प्रथमा एकवचनमे । हसेपः सेर्लोपः । इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (नदी) द्विवचनमे (इयं स्वरे) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (नद्यौ) बहुवचनमे (नद्यः) सम्बोधनमे सिकी धिसंज्ञा करनेसे (नदी स्) ऐसा स्थित है ॥

धौ ह्रस्वः ।

धौ[1]–ह्रस्वः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) इवर्णोवर्णयोरधातोः स्त्रियाधौ परे ह्रस्वो भवति । हेनदि । हे नद्यौ । हे नद्यः । नदीम् । नद्यौ । नदीः नद्या । नदीभ्याम् । नदीभिः ।

भाषार्थ–अधातु अर्थात् धातुवर्जित शब्दके जो इवर्ण तथा उवर्ण तिनको स्त्रीलिंगके विषे धि परहुए अंते ह्रस्व होय । भाव यह है कि, जिस शब्दके धातुवाचक क्विप् आदिक प्रत्यय अन्तमे न होवें और जिस शब्दके इवर्ण तथा उवर्णके स्थानमें इय् तथा उव् नहीं होतेहै उस शब्दके तथा स्त्री शब्दके (१) इवर्ण तथा उवर्णको स्त्रीलिंगमे ह्रस्व होजावै धि विषयमे जैसे (नदीम्) इसमे आक्विप् प्रत्ययाद्यन्त नदीशब्दके ईकारमे परे धिसंज्ञक सि विद्यमानहै इसकारण नदी शब्दके ईकारको स्त्रीलिंग होनेसे ह्रस्व करनेपर रूप हुआ (नदिस्) फिर (समानाङ्घेर्लोपो धातोः) इसकर सिद्धहुआ (हे नदि) द्विवचनमे (हे नद्यौ) बहुवचनमे (हे नद्यः) द्वितीया एकवचनमें (अम्शसोरम्य) इससूत्र कर सिद्धहुआ (नदीम) द्विवचनमे (नद्यौ) बहुवचनमे (अम्शसोरम्य) (स्त्रीर्विसर्गः) इन सूत्रोंकर सिद्धहुआ (नदीः) तृतीया

---

(१) ह्रस्व करनेपर (धौ) इस सूत्रकी प्राप्तिके निषेध करनेके लिये वृत्तिमें ईकारके स्थानमे इवर्ण तथा ऊकारके स्थानमे उवर्णका ग्रहणहै । इति ।

एकवचनमें (इयं स्वरे) इसकर सिद्धहुआ (नद्या) द्विवचनमें (नदीभ्याम्) बहुवचनमें (नदीभिः) चतुर्थी एकवचनमें (नदी ए) ऐसा स्थितहै ॥

ङितामट् ।

ङितां३म्—अट्५ । द्विपदमिदं सूत्रम (वृत्तिः) स्त्रियामीकारान्तादूकारान्ताच्च ङितां वचनानामडागमो भवति । नद्यै । नदीभ्याम् । नदीभ्यः । नद्याः । नदीभ्याम् । नदीभ्यः । नद्याः । नद्योः । नदीनाम् । नद्याम् । नद्योः । नदीषु । एवं गौरी—सरस्वती—ब्राह्मणी—कुमारी—प्रभृतयः । (१)

भाषार्थ—स्त्रीलिंगके विषे वर्त्तमान जो ईकारान्त तथा ऊकारान्त शब्द तिनसे पर जो ङित् वचन अर्थात् ङे, ङसि, ङस्, ङि । यह विभक्तिवचन तिनको अट् आगम होय जैसे (नदीए) इसमे स्त्रीलिंग ईकारान्त नदी शब्दसे पर ङेका शुद्ध रूप ए विद्यमानहै इसकारण ङेके शुद्ध रूप एको अट् आगम किया तब वह आगम एके आदिमे हुआ क्योंकि आगम टित्संज्ञकहै तब रूप हुआ (नदी अए) फिर (इयंस्वरे) (एऐऐ) इन सूत्रोंकर सिद्धहुआ (नद्यै) द्विवचनमें (नदीभ्याम्) बहुवचनमें (नदीभ्यः) पंचमीके एकवचनमे (ङितामट्) इस सूत्रकर अट्आगम करनेपर (इयंस्वरे) (सवर्णेदीर्घः सह) (स्त्रीविसर्गः) इन सूत्रोंकर रूप सिद्धहुआ (नद्याः) द्विवचनमें (नदीभ्याम्) बहुवचनमे (नदीभ्यः) षष्ठी एकवचनमे पंचमी एकवचनवत् सिद्ध हुआ (नद्याः) द्विवचनमे (इयंस्वरे) इसकर सिद्ध हुआ (नद्योः) बहुवचनमें (नुडामः) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (नदीनाम्) सप्तमी एकवचनमें (नदी इ) ऐसा स्थितहै इसमे (स्त्रियां योः) इस सूत्रकर ङिके शुद्ध रूप इको आमादेश किया तब रूप हुआ (नदीआम्) फिर (यदादेशस्तद्वद्भवति) इस करके आमको ङिमानकर (ङितामट्) इस सूत्रकर अट् आगम करनेपर (इयंस्वरे) (सवर्णेदीर्घः सह) इन सूत्रोंकर सिद्ध हुआ (नद्याम्) द्विवचनमे (इयंस्वरे) इसकर सिद्ध हुआ (नद्योः) बहुवचनमें (किलात्परः सः कृतस्य) इसकर सिद्ध हुआ (नदीषु) इसी प्रकार गौरी—सरस्वती—ब्राह्मणी—कुमारी आदि स्त्रीलिंग शब्द साधने योग्यहै ॥

लक्ष्मीशब्दस्य ईबन्तत्वाभावात्सेर्लोपोनास्ति । लक्ष्मीः । लक्ष्म्यौ । लक्ष्म्यः । हे लक्ष्मि । शेषं नदीवत् । स्त्रीशब्दस्य ईबन्तत्वात्सेर्लोपोस्तिस्त्री ।

---

१ (अर्वातन्त्रीतरीलक्ष्मीह्रीधीश्रीणामुणादित । अपि स्त्रीलिंगवृत्तीनां सिलोपो न कदाचन) अर्थ—स्त्रीलिंगके विषे वर्त्तनेवालेभी उणादिक अर्वी—तन्त्री—तरी—लक्ष्मी । ह्री—धी—श्री इन शब्दोंके सिका लोप कदापि नहीं होताहै । इति ।

भाषार्थ–लक्ष्मी शब्दको ईप् प्रत्ययान्तत्व न होनेसे सिका लोप नहीं होता है । किन्तु (खोर्विसर्गः) इसकर रूप सिद्ध हुआ (लक्ष्मीः) द्विवचनके विषे (इयंस्वरे) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (लक्ष्म्यौ) और बहुवचनमे (लक्ष्म्यः) और सम्बोधनके विषे (धौहस्वः) इससूत्रकर रूप सिद्धहुआ (हे लक्ष्मि) द्विवचनमें (हे लक्ष्म्यौ) बहुवचनमे (हे लक्ष्म्यः) शेष विभक्ति वचनोंमें नदीशब्दके समान रूप जानने । स्त्री शब्दको ईप् प्रत्ययान्त होनेसे सिका लोप हो ताहै (स्त्री) द्विवचनमें (स्त्री औ) ऐसा स्थित है ॥

स्त्रीभ्वोः ।

स्त्रीभ्वोः । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) स्त्रीशब्दस्य भूशब्दस्य च स्वरे परे इयुवौ भवतः । स्त्रियौ । स्त्रियः । हे स्त्रि ।

भाषार्थ–स्त्रीशब्द और भूशब्दको स्वरपर होत संते इय् उव् होवें हैं भाव यहहै कि. स्त्री शब्दके ईकारको स्वर पर हुए संते इय् और भूशब्दके ऊकारको स्वर पर हुए संते उव् होय जैसे (स्त्री औ) इसमे स्त्री शब्दसे परे प्रथमा द्विवचनसम्बधी औ विद्यमानहै इसकारण स्त्रीशब्दके ईकारको इय् करनेसे रूप हुआ (स्त्रिय् औ) फिर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकरके रूप सिद्ध हुआ (स्त्रियौ) इसी प्रकार बहुवचनमे रूप सिद्ध हुआ (स्त्रियः) सम्बोधनके विषे सिकी धिसंज्ञा करनेपर (धौ हस्वः) (समानाद्वर्लोपोऽधातोः) इनसूत्रोकर रूप सिद्ध हुआ (हे स्त्रि) द्वितीया एकवचनमे (स्त्री अम्) ऐसा स्थितहै ॥

वाम्शसि ।

वा–अम्शसि । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) स्त्रीशब्दस्य अमि शसि च परे वा इय् भवति । स्त्रियम् । स्त्रीम् । स्त्रियौ । स्त्रियः । स्त्रीः । स्त्रिया । स्त्रीभ्यां । स्त्रीभिः । शेषं नदीवत् ।

भाषार्थ–स्त्री शब्दको अम् तथा शस् पर हुए संते विकल्प करके इय् होय । भाव यहहै कि स्त्री शब्दके ईकारको विकल्प करके इय् होय अम् तथा शस् विभक्ति वचन परहुए संते जैसे (स्त्री अम्) इसमे स्त्री शब्दसे परे अम् विद्यमानहै इसकारण विकल्प करके स्त्रीशब्दके ईकारको इय् किया तब रूप हुआ (स्त्रिय् अम्) फिर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर सिद्ध हुआ (स्त्रियम्) और जहाँ इय् आदेश नहीं हुआ तहाँ (अम्शसोर्म्य) इस सूत्रकर रूप सिद्ध हुआ (स्त्रीम्) द्विवचनमे प्रथमाद्विवचनवत् (स्त्रियौ) और शसके विषे (वाम्शसि) इसकर एक

जगह इय् करनेसे रूप हुआ (स्त्रियः) और जहाँ इय् आदेश नहीं हुआ वहां (अ-म्शसोरस्य) इसकर सिद्ध हुआ (स्त्रीः) तृतीया एकवचनमें (स्त्रीभ्याम्) इस सूत्रकर रूप सिद्ध हुआ (स्त्रिया) द्विवचनमें (स्त्रीभ्याम्) बहुवचनमें (स्त्रीभिः) चतुर्थी एकवचनमे (स्त्री ए) ऐसा स्थितहै इसमें स्त्री शब्दमें परे ङेका शुद्ध रूप ए विद्यमानहै इसकारण (ङितामट्) इससूत्रकर अट् आगम करनेसे रूप हुआ (स्त्रीअए) फिर (स्त्रीभ्यांवोः) इस सूत्रकर इय् करनेसे रूप हुआ (स्त्रिय् अए) फिर (स्वरहीनपरेण संयोज्यम्) (एऐऐ) इन सूत्रोकर सिद्ध हुआ (स्त्रियै) द्विवचनमें (स्त्रीभ्याम्) बहुवचनमे (स्त्रीभ्यः) पंचमी एकवचनमें (ङितामट्) इसकर अट् आगम करनेपर (स्त्रीभ्यांवोः) इस सूत्रकर स्त्रीशब्दके ईकारको इय् किया तब रूप हुआ (स्त्रिय् अ अस्) फिर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) (सवर्णे दीर्घःसह) (स्त्रोर्विसर्गः) इन सूत्रोंकर रूप सिद्ध हुआ (स्त्रियाः) द्विवचन बहुवचनमें चतुर्थीके द्विवचन बहुवचनवत् रूप जानना और षष्ठी एकवचनमे पंचमी एकवचनवत् रूप जानना और द्विवचनमें (स्त्रीभ्यांवोः) (स्त्रोर्विसर्गः) इन सूत्रोकर सिद्ध हुआ (स्त्रियोः) और षष्ठीबहुवचनमें (स्त्रीआम्) ऐसा स्थितहै इसमें (नुडामः) तथा (स्त्रीभ्यांवोः) इन दोनों सूत्रोंकी प्राप्ति होतीहै परन्तु विशेष होनेसे (नुडामः) इस सूत्रकीही प्रथम प्राप्ति हुई फिर इस पर होनेसे (स्त्रीभ्यांवोः) इस सूत्रकी नहीं प्राप्ति हुई तब रूप हुआ (स्त्री न आम्) फिर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) (पुनोंणोऽनन्ते) इन सूत्रोकर सिद्ध हुआ (स्त्रीणाम्) सप्तमीके एकवचनमे (स्त्रियांयोः) इस सूत्रकर ङिको आम् आदेश करनेपर (यडाट्-शस्तद्वद्भवति) इसकरके आम्को ङि मानकर (ङितामट्) इस सूत्रकर अट् आगम किया तब रूप हुआ (स्त्री अ आम्) फिर (स्त्रीभ्यांवोः) इस सूत्रकर इय् करनेपर (स्वर-हीनं परेण संयोज्यम्) (सवर्णे दीर्घःसह) इनकरके सिद्ध हुआ (स्त्रियाम्) द्विवचनमें (स्त्रियोः)बहुवचनमे (किलात्परःसः कृतस्य) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (स्त्रीषु)

ईकारान्तः स्त्रीलिंगः श्रीशब्दः । अनीबन्तत्वात्सेर्लोपो नास्ति । श्रीः । श्रियौ । श्रियः । श्रियम् । श्रियौ । श्रियः । श्रिया । श्रीभ्याम् । श्रीभिः ।

भाषार्थ–ईकारान्त स्त्रीलिंग श्रीशब्दहै ईप् प्रत्ययान्त न होनेसे सिका लोप नहीं होताहै (श्रीः) द्विवचनमें क्विप् प्रत्ययान्त होनेसे (य्वोर्धातोरियुवौ स्वरे) इसकर श्रीशब्दके ईकारको इय् करनेसे रूप हुआ (श्रियौ) बहुवचनमें (श्रियः) द्वितीयामें (श्रियम्) (श्रियौ) (श्रियः) तृतीयामे (श्रिया) (श्रीभ्याम्) (श्रीभिः) चतुर्थी एकवचनमें (श्री ङे) ऐसा स्थितहै ॥

वेयुवः ।

अ॰ वा–इयुवः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) इयुवन्तात नित्यं स्त्रियां

वर्त्तमानाद्वा ङितां वचनानामडागमो भवति । श्रियै । श्रिये । श्रीभ्याम् । श्रीभ्यः । श्रियाः । श्रियः । श्रीभ्याम् । श्रीभ्यः । श्रियाः । श्रियः । श्रीभ्याम् । श्रीभ्यः । श्रियाः । श्रियः । श्रियोः । श्र्यादीनांवामोनुड्वक्तव्यः । श्रियाम् । श्रीणाम् । श्रियाम् । श्रियि । अडागमाभावे आमोप्यभावः । श्रियोः । श्रीषु । एवं धी—ह्री-प्रभृतयोप्यनीवन्ताः ।

भाषार्थ—नित्यही स्त्रीलिंगके विषे वर्त्तमान जो इयुवन्त शब्द तिससे परे जो ङित् वचन तिनको विकल्प करके अट् आगम होय नाकि, स्त्री शब्दको । भाव यहहै कि. नित्यही स्त्रीलिंगके विषे वर्त्तनेवाला जोइयन्त तथा उवन्त शब्द उससे परे ङे ङसि ङस् ङि इनको विकल्पकर अट् आगम होय जैसे (श्रीए) इसमे (य्वोर्धातोरियुवौ स्वरे) इस सूत्रकर श्रीशब्दके ईकारको इय् करनेसे रूप सिद्ध हुआ (श्रिय् ए) अब इसमे इयहै अन्तमे जिसके ऐसे श्रिय् शब्दसे परे ङेका शुद्ध रूप ए विद्यमान है इसकारण ङेके शुद्ध रूप एको विकल्प करके अट् आगम करनेसे रूप हुआ (श्रिय् अए) फिर (स्वरहीनं०) (एऐऐ) इनकर रूप सिद्ध हुआ (श्रियै) और जहाँ अट् आगम नहीं हुआ तहाँ सिद्ध हुआ (श्रिये) द्विवचनमे (श्रीभ्याम्) बहुवचनमे (श्रीभ्यः) पंचमीके एकवचनमे (य्वोर्धातोरियुवौ स्वरे) इस सूत्रकर श्रीशब्दके ईकारको इय् करनेपर (वेयुवः) इस सूत्रकर अट् आगम करनेसे रूप हुआ (श्रिय् अ अस्) फिर (स्वरहीनं०) (सवर्णेदीर्घःसह) इनकर रूप सिद्ध हुआ (श्रियाः) और जहा अट् आगम नही हुआ तहां सिद्ध हुआ (श्रियः) और द्विवचन बहुवचनमे चतुर्थीके द्विवचन बहुवचनवत् जानना । षष्ठी एकवचनमे पंचमीके एकवचनवत् (श्रियाः) (श्रियः) और द्विवचनमे (य्वोर्धातोरियुवौस्वरे) इस करके सिद्धहुआ (श्रियोः) बहुवचनमे (श्रीआम्) ऐसा स्थितहै । श्रीआदिक अर्थात् श्री, धी, भी, भू आदिक शब्दोंके षष्ठीबहुवचनसम्बन्धी आमको विकल्प करके नुट् आगम होय इस करके (श्री आम्) इसमे आमको नुट् आगम करनेसे (घुनोर्णोऽनन्ते) इस सूत्रकर रूप सिद्ध हुआ (श्रीणाम) और जहाँ नुट् आगम नहीं हुआ तहा (य्वोर्धातोरियुवौ स्वरे) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (श्रियाम्) सप्तमीके एकवचनमे (स्त्रियांयोः) इस करके ङिको आम् आदेश करनेपर (य्वोर्धातोरियुवौस्वरे) इस सूत्रकर ईकारको इय् आदेश किया तब रूप हुआ (श्रिय् आम्) फिर (यदादेशास्तद्वद्भवन्ति) इसकरके आमको ङिमानकर (वेयुवः) इस कर अट् आगम करनेपर (स्वरहीनं०) (सवर्णेदीर्घःसह) इनकर सिद्ध हुआ (श्रियाम्) और जहाँ (वेयुवः)

इस करके अट् आगम नहीं हुआ तहां डिको आम् आदेशभी नहीं होता क्योंकि कहाहै । अट् आगमके अभावमें आमका भी अभाव होताहै, भाव यहहै कि, जहाँ अट् आगम नहीं होताहै तहाँ डिको आम् आदेशभी नहीं होताहै । तब रूप सिद्ध हुआ (श्रियि) द्विवचनमें (श्रियोः) बहुवचनमें (श्रीषु) और सम्बोधनके विषे सिप्की विसंज्ञा करनेपर धातु होनेसे अर्थात् क्विप् प्रत्ययान्त होनेसे (समानाद्धेर्लोपोऽधातोः) तथा (धौहस्वः) इन दोनों सूत्रोंकी प्राप्ति नहीं हुई । किन्तु (स्त्रोर्विसर्गः) इसकर रूप सिद्ध हुआ (हे श्रीः) द्विवचनमें (हे श्रियौ) बहुवचनमें (हे श्रियः) इसीप्रकार धी-ह्री-भी आदिक ईप् प्रत्ययवर्जित स्त्रीलिंग शब्द साधने योग्यहैं । और सुधी सुश्री सेनानी ग्रामणी आदिक शब्द पुलिंगवत् साधने योग्यहै जो शब्द विशेषण होनेसे स्त्रीलिंगवाचक होवै तो उस शब्दके रूप स्त्रीलिङ्गमें पुँलिंगवत् जानने ॥

एवं भूशब्दो भूशब्दश्च । वधूकरभोरूकच्छूकण्डूजम्ब्वादीनांतु नदीशब्दवद्रूपं ज्ञेयम् । वधूः । वध्वौ । वध्वः । हेवधु । इत्यादि ।

भाषार्थ-इसाप्रकार भू शब्दहै । अर्थात् इसीप्रकार भूशब्दके रूप होवें हैं जैसे प्रथमा एकवचनमें (स्त्रोर्विसर्गः) इसकर सिद्ध हुआ (भूः) और द्विवचनमें (ख्योर्धातोरियुवौ स्वरे) इसकर सिद्ध हुआ (भुवौ) और बहुवचनमें (भुवः) इसीप्रकार अन्य रूप जानने जैसे (भुवम्) (भुवौ) (भुवः) (भुवा) (भूभ्याम्) (भूभिः) (भुवै) (भुवे) (भूभ्याम्) (भूभ्यः) (भुवाः) (भुवः) (भूभ्याम्) (भूभ्यः) (भुवाः) (भुवः) (भूवोः) (भूनाम्) (भुवाम्) (भुवाम्) (भुवि) (भुवोः) (भूषु) (हे भूः) (हे भुवौ) (हे भुवः) इसीप्रकार भूशब्द साधने योग्यहै । जैसे प्रथमा एकवचनमें (भूः) और द्विवचनमें (स्त्रीभुवोः) इन सूत्रकर सिद्ध हुआ (भुवौ) बहुवचनमें (भुवः) द्वितीयामें (भुवम् । भुवौ) (भुवः) तृतीयामें (भुवा) (भूभ्याम्) (भूभिः) और चतुर्थी एकवचनमें (भू ए) ऐसा स्थितहैं इसमें (स्त्रीभुवोः) इस सूत्रकर भू शब्दके अकारको उव् करने पर (वेयुवः) इस सूत्रकर अट् आगम किया तब रूप हुवा (भूव् अए) फिर (स्वरहीनं०) (एऐऐ) इनकर सिद्ध हुआ (भुवै) और जहाँ अट् आगम नहीं हुआ तहां (भूवे) ऐसा सिद्ध हुआ द्विवचनमें (भूभ्याम्) बहुवचनमें (भूभ्यः) पंचमीके एकवचनमें (स्त्री भुवोः) (वेयुवः) इन सूत्रोंकर सिद्ध हुआ (भुवाः) (भुवः) द्विवचनमें (भूभ्याम्) बहुवचनमें (भूभ्यः) और षष्ठी एकवचनमें (स्त्रीभुवोः) (वेयुवः) इनकर सिद्ध हुआ (भुवाः) (भुवः) द्विवचनमें (भुवोः) और षष्ठी बहुवचनमें (श्यादीनां वामो नुडवक्तव्यः)

इसकर सिद्ध हुआ (भूणाम्) (भुवाम्) और सप्तमी एकवचनमे (स्त्रियांयोः) इसकर, ङिको आम् आदेश करनेपर (वेयुवः) इस सूत्रकर अट् आगम किया फिर (स्त्रीभुवोः) इस सूत्रकर उव् करनेपर रूप सिद्ध हुआ (भुवाम्) और जहा (वेयुवः) इस सूत्रकर अट् आगम नही हुआ तहाँ (स्त्रियां योः) इसकर ङिको आम आदेश भी नही हुआ। तब रूप हुआ (भुवि) द्विवचनमे (भुवोः) बहुवचनमे (भूषु) सम्बोधनमे सिकी धिसंज्ञा करनेपर (धौहस्वः) इस सूत्रकर ह्रस्व नही हुआ क्योंकि (स्त्रीभूवोः) इस सूत्रकर भू शब्दको स्वरम उव् होताहै तब रूप हुआ (हेभूः) (१) द्विवचनमे (हे भुवौ) (हे भुवः) और वधू करभोरू कुरू कच्छू कहू जम्बू इत्यादि शब्दोंके रूप नदी शब्दवत् जाननेयोग्यहै । परन्तु सि विषयमे (स्योर्विसर्गः) इसकर सिद्ध हुआ (वधूः) द्विवचनमे (वध्वौ) बहुवचनमे (वध्वः) द्वितीयामें (वधू) (वध्वौ) (वधूः) तृतीयामे (वध्वा) (वधूभ्याम्) (वधूभिः) चतुर्थीमें (ङितामट्) इसकर सिद्ध हुआ (वध्वै) द्विवचनमे (वधूभ्याम्) बहुवचनमें (वधूभ्यः) पंचमीमे (वध्वाः) (वधूभ्याम्) (वधूभ्यः) षष्ठीमे (वध्वाः) (वध्वोः) (वधूनाम्) सप्तमी एकवचनमें (स्त्रियांयोः) इसकर ङिको आम् आदेश करनेपर (ङितामट्) इस सूत्रकर अट् आगम किया फिर (उवङ । सवर्णे दीर्घः सह) इन सूत्रोंकर सिद्ध हुआ (वध्वाम्) द्विवचनमे (वध्वोः) बहुवचनमे (वधूषू) और संबोधनमें सिकी धिसंज्ञा करनेपर (धौहस्वः) (समानाद्धेर्लोपोऽधातोः) इन सूत्रोंकर सिद्ध हुआ (हेवधु) द्विवचनमे (हे वध्वौ) बहुवचनमे (हेवध्वः) इसी प्रकार करभोरू आदिक जानने और स्वयंभू आदिक पुंल्लिगवत् जानने ॥

ऋकारान्तस्य मातृशब्दस्य पितृशब्दवत्प्रक्रिया । मातृ सि । इतिस्थिते । सेग । आत्वम् । ङितिटः । माता । मातृ औ । इति स्थिते । अर् पंचसु । मातर्ग । मातरः । धेरर् । हे मातः । हे मातरौ । हे मातरः । मातरम् । मातरौ । शसि । इति दीर्घत्वम् । मातॄः । मात्रा । मातृभ्याम् । मातृभिः । मात्रे । मातृभ्याम् । मातृभ्यः । । ऋतोऽङ्ङः । इति उकारः । मातुः । मातृभ्याम् । मातृभ्यः । मातुः । मात्रोः । मातॄणाम् । ङौ । अर् । मातरि । मात्रोः । मातृषु । स्वसृशब्दस्तु कर्तृशब्दवत् स्त्रीलिंगत्वान्नत्वाभावो विशेषः ।

(१) (भ्रशब्दस्य धौ वा ह्रस्वता) भाषार्थ—भ्रूशब्दको धिके विषे विकल्पकरके ह्रस्वहोय जैसे (हेभुवु) और जहाँ ह्रस्वहुआ तहाँ (समानाद्धेर्लोपोऽधातोः) इसकर सिद्धहुआ हेभुवु ।

भाषार्थ–ऋकारान्त स्त्रीलिंग मातृ शब्दहै उसकी पितृ शब्दवत् प्रक्रियाहै प्रथमा एकवचनमे (सेरा) इस सूत्रकर सिको आ करनेसे (डिति टेः) इससूत्रकर टिका लोप किया तव रूप सिद्ध हुआ (माता) द्विवचनमें (अर्पंचसु) इससूत्रकर सिद्ध हुआ (मातरौ) वहुवचनमे (मातरः) और सम्वोधनमें सिकी विसंज्ञा करनेपर (धेरर्) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (हेमातः) द्विवचनमे (हेमातरौ) वहुवचनमें (हे मातरः) द्वितीया एकवचनमें (मातरम्) द्विवचनमे (मातरौ) वहुवचनमें (शसि) इस सूत्रकर दीर्घही किया नकि (सोनः पुंसः) इस सूत्रकर शसके सकारको नकार हुआ । तव रूप हुआ (मातॄः) तृतीया एकवचनमें (मात्रा) द्विवचनमें (मातृभ्याम्) वहुवचनमें (मातृभिः) चतुर्थी एकवचनमे (मात्रे) द्विवचनमें (मातृभ्याम्) वहुवचनमे(मातृभ्यः) पंचमी एकवचनमें (ऋतोऽउः) इस सूत्रकर उकार किया तव रूप हुआ (मातुः) द्विवचनमे (मातृभ्याम्) वहुवचनमें (मातृभ्यः) षष्ठी एकवचनमे पचमी एकवचनवत् (मातुः) द्विवचनमें (मात्रोः) वहुवचनमे (मातॄणाम्) और सप्तमी एकवचनमें (ङौ) इस सूत्रकर ऋकारके स्थानमे अर् करनेसे रूप सिद्धहुआ (मातरि) द्विवचनमे (मात्रोः) वहुवचनमें (मातृषु) ऋकारान्त स्त्रीलिग स्वसृ शब्दहै यह कर्तृ शब्दवत् साधनेयोग्यहै । जिसप्रकार कि, कर्तृ शब्दके रूप होते है तिसीप्रकार स्वसृ शब्द साधनेयोग्यहै परन्तु स्त्रीलिग होनेसे (सोनःपुंसः) इस सूत्रकर शसके सकारको नकार नही होताहै ॥

ऐकारान्तः स्त्रीलिगो रैशब्दः । तस्य च सुरैशब्दवत्प्रक्रिया । रै सि । इति स्थिते । रैस्भि । इत्यात्वम् । राः । रैऔ । इतिस्थिते । स्वरादौ सर्वत्रायादेशः । रायौ । रायः । इत्यादि । गोशब्दः पूर्ववत् । नौशब्दस्य ग्लौ शब्दवत्प्रक्रिया ।

इति स्वरान्ताः स्त्रीलिगाः ।

भाषार्थ–ऐकारान्त स्त्रीलिग रै शब्द है उसकी सुरै शब्दवत्प्रक्रियाहै प्रथमा एकवचनमे (रै सि) ऐसा स्थितहै (रैस्भि) इस सूत्रकर रैशब्दके ऐकारको आकार करनेसे (खोर्विसर्गः) इससूत्र कर रूप सिद्ध हुआ (राः) द्विवचनमे (रै औ) ऐसा स्थितहै स्वरादिक समस्त विभक्ति वचनोंमें (ऐ आय्) इस सूत्रकर आय् आदेश होताहै तव रूप सिद्धहुआ (रायौ) वहुवचनमें (रायः) द्वितीयामें (रायम्) (रायौ) (रायः) तृतीया एकवचनमें (राया) द्विवचनमें (रैस्भि) इस सूत्रकर रूप सिद्ध हुआ (राभ्याम्) वहुवचनमें (राभिः) इत्यादिक इसीप्रकार साधनेयोग्यहैं और गोशब्द पुँल्लिगवत् साधनेयोग्य है जैसे (गौः) (गावौ) (गावः)

(गाम्) (गावौ) (गाः) (गवा) (गोभ्याम्) (गोभिः) इत्यादिक और नौ शब्द की ग्लौ शब्दवत् प्रक्रिया है । जैसे (नौः) (नावौ) (नावः) इत्यादि । इसप्रकार स्वरान्त स्त्रीलिंग शब्द सिद्ध होतेहैं ॥ + + ॥

इति स्वरान्ताः स्त्रीलिंगाः ।

अथ स्वरान्ता नपुंसकलिंगाः प्रदर्श्यन्ते । अकारान्तः कुलशब्दः। प्रथमाद्वितीयैकवचने सूत्रम् ।

भाषार्थ–इसके अनन्तर स्वरान्त नपुंसकलिंग दिखाये जातेहैं । अकारान्त कुल शब्दहै । उसकी प्रथमा तथा द्वितीयाके एकवचनमें सूत्रोक्त प्रक्रिया है ॥

अतोऽम् ।

अतः–अम्। द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अकारान्तान्नपुंसकलिंगात्परयोः स्यमोरम् भवत्यर्थो । अमोमग्रहणं लुग्व्यावृत्त्यर्थम् । अम्शसोरस्य इत्यकारलोपः । कुलम् । द्विवचने । कुल औ । इतिस्थिते ।

भाषार्थ–अकार है अन्तमे जिसके ऐसे नपुंसकलिंग शब्दसे परे जो सि और अम् तिनको अम् आदेश होय परन्तु धिके विषयमें नही होय । भाव यह है कि, जिस नपुंसकलिंग शब्दके अन्तमे अकार होय उस शब्दसे परे जो प्रथमा एकवचन सि और द्वितीया एकवचन अम् तिन दोनोके स्थानमे अम् (१) होजावै परन्तु धिसंज्ञक सिके स्थानमें अम् नहीं होय और अमके स्थानमें जो अमका ग्रहण किया है वह लुक्की निवृत्तिके अर्थ है भाव यहहै कि, द्वितीया एकवचन अमके स्थानमे फिर जो अमका करना है वह (नपुंसकात्स्यमोर्लुक्) इस सूत्रके निषेधके अर्थ है जैसे (कुल सि) इसमे अकारान्त नपुंसकलिंग कुल शब्दसे परे प्रथमा एकवचन सि विद्यमानहै इसकारण सिके स्थानमे अम् करनेसे रूप हुआ (कुल अम्) फिर (अम्शसोरस्य) इस सूत्रकर अकारका लोप किया तब रूप सिद्धहुआ (कुलम्) और द्विवचनमे (कुल औ) ऐसास्थित है ॥

ईमौ ।

ईम्–औ । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) नपुंसकलिंगात्पर औ ईकारमापद्यते । अइए । कुले । कुल जस् । इति स्थिते ।

(१) यदि कही कि, सि और अमको (म्) ऐसाही क्यो न आदेश किया जो अम् करनेसे क्या अकारका ग्रहण किया यह शंका सत्यहै परन्तु अजर शब्दका नपुसकलिंगमे प्रथमा एकवचनमें (जरायाः स्वरादौ जरस् वा) इसकर जरस् आदेश करनेपर (अजरसम्) इसके सिद्ध करनेके अर्थ है ।

भाषार्थ—नपुंसक लिंग शब्दसे परे जो प्रथमा द्वितीया द्विवचन सम्बन्धी औ सो ईकारको प्राप्त होय अर्थात् औकारके स्थानमें ईकार होय जैसे (कुल औ) इसमें नपुंसक लिग कुल शब्दसे परे औ विद्यमान है इसकारण औके स्थानमें ईकार करनेसे (अइए) इस सूत्रकर रूप सिद्ध हुआ (कुले) द्विवचनमें (कुल जस्) तिसका (कुल अस्) ऐसा स्थित है ॥

जश्शसोःशिः ।

जश्शसोः—शिः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) नपुंसकलिंगात्परयोः जश्शसोः शिर्भवति । शकारः सर्वादेशार्थः । गुरुः शित्च सर्वस्य वक्तव्यः ।

भाषार्थ—नपुंसकलिंगसे परे जो जस् और शस् तिनको शि आदेश होय अर्थात् जस् तथा शस्के स्थानमे शि होय शि इसमें जो शकार है वह सर्व आदेशके अर्थ है । भाव यह है कि, (षष्ठीनिर्दिष्टस्यादेशस्तदन्तस्य वक्तव्यः) इसकर जसके अन्तको होना चाहिये था सो (शि) इसमे शकारके होनेसे सर्व जस्के स्थानमें शि यह आदेश हुआ क्यों कि गुरु अर्थात् बहुत अक्षरवाला तथा शित् अर्थात् शकार इत् वाला आदेश समस्तको वक्तव्य है जैसे (कुल अस्) इसमे नपुंसकलिंग कुल शब्दसे परे जस्का शुद्ध रूप अस् विद्यमान है इसकारण जस्के शुद्ध रूप अस्के स्थानमें शि आदेश किया तब रूप हुआ (कुल शि) इसमें शकार सर्वादेशके अर्थ होनेसे इत्संज्ञक है तब रूप हुआ (कुल इ) फिर ॥

नुमयमः ।

नुम्—अयमः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) नपुंसकलिंगस्य नुमागमो भवति शौपरे यमप्रत्याहारान्तस्य न भवति । मिदन्त्यात्स्वरात्परो वक्तव्यः । उकार उच्चारणार्थः । मकारः स्थाननियमार्थः ।

भाषार्थ—नपुंसकलिग शब्दको नुम् आगम होय शि पर हुए संते परन्तु यम प्रत्याहार है अन्तमें जिसके ऐसे नपुंसकलिग शब्दको नुम् आगम नही होय मित् आगम अन्तमे स्थित हुए स्वरसे परे वक्तव्य है । भाव यह है कि, जिस् आगमका मकार इत्संज्ञक होवै वह आगम शब्दके अन्तमे स्थित हुए स्वरसे परे होता है इस नुम् आगममे मकार स्थान नियमके अर्थ है और उकार उच्चारणार्थ है । आगमका रूप तौ म् ऐसा है जैसे (कुल इ) इसमे नपुंसक लिंग कुल शब्दसे परे शिका शुद्ध रूप इ विद्यमान है इसकारण कुल शब्दको नुम् आगम किया तौ वह आगम कुल शब्दके अन्तस्वर अकारसे परे हुआ तब रूप हुआ (कुलन् इ) फिर ॥

नोपधायाः ।

नोपधायाः । एकपदामिदं सूत्रम् (वृत्तिः) नान्तस्योपधाया दीर्घो भवति शौपरे धिवर्जितेषु पंचसु परेषु । नामि च । कुलानि । एवं । कुलम् । कुले । कुलानि । शेषं पुँल्लिंगवत् । एवं मूल-फल-पत्र-पुष्प-कुंड-कुटुम्बादयः ।

भाषार्थ-नकार है अन्तमें जिसके ऐसे शब्दकी उपधा संज्ञा सम्बन्धी स्वरको दीर्घ होय शी पर हुए संते और पुँल्लिंगके विषे धिवर्जित स्यादिक पांच वचन परहुए संते और नाम् पर हुए संते अर्थात् नुट् आगम सहित आम् परहुए संते जैसे (कुलन् इ) इसमे (यदागमास्तद्गुणीभूतास्तद्ग्रहणेनैव गृह्यन्ते) इस करके नकारागम-पर्यन्त शब्द मानकर नकारान्त कुलन् शब्दसे परे शिका शुद्धरूप विद्यमान है इस-कारण कुलन् शब्दकी उपधा संज्ञक अकारको दीर्घ करनेपर (स्वरहीनं०) इस करके रूप सिद्ध हुआ (कुलानि) इसीप्रकार द्वितीयामे (कुलम्) (कुले) (कुला-नि) और शेष विभक्ति वचनोमे देवशब्दवत् रूप जानने योग्य है ॥

सर्वादीनामकारान्तानामन्यादिपंचशब्दव्यतिरिक्तानां प्रथमाद्वितीययोः कु-लशब्दवत्प्रक्रिया । सर्वम् । सर्वे । सर्वाणि । २ । शेषन्तु पूर्ववद्रूपम् । तत्रा-पि अन्यादेर्विशेषमाह ।

भाषार्थ-अन्यादि पांच शब्दोंसे वर्जित जो अकारान्त सर्वादिक शब्द तिनकी प्रथमा द्वितीया विभक्तियोमे कुल शब्दवत्प्रक्रिया है जैसे (सर्वम् । सर्वे । सर्वाणि) इसी प्रकार द्वितीयामे होते हैं और शेष पूर्ववत् जानना । उन सर्वादिकोमें अन्यादि पांच शब्दोकी विशेष प्रक्रिया कहते है ॥

स्नत्वन्यादेः ।

स्नु-अन्यादेः । द्विपदामिदंसूत्रम् (वृत्तिः) अन्यादेर्गणात्परयोः स्यमोः स्नुर्भवति । शकारः सर्वादेशार्थः । उकार उच्चारणार्थः ।

भाषार्थ-अन्यादिगणसे परे सि अमको स्नु आदेश होय । भाव यह है कि नपुं-सक लिंगके विषे वर्त्तमान जो अन्य-अन्यतर-इतर-कतर-कतम । यह शब्द तिनसे परे सि और अमके स्थानमे स्नु आदेश होय । आदेशमें शकार सर्व आदेशके अर्थ है और उकार उच्चारणार्थ है जैसे (अन्य सि) नपुंसकलिंग अन्य शब्दसे परे सि विद्यमान है इसकारण सिके स्थानमे स्नु आदेश करनेसे रूप हुआ (अन्यत्) फिर ॥

वावसाने ।

वा—अवसाने । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अवसाने वर्त्तमानानां झशां जश्चा भवन्ति चषा वा । अन्यट् । अन्यत् । अन्ये । अन्यानि । पुनस्तथैव । अन्यतरत् । अन्यतरद् । अन्यतरे । अन्यतराणि । इतरत् । इतरद् । कतरत् । कतरद् । कतमत् । शब्दाः । शेषं सर्ववत् । इकारान्तोऽस्थिशब्दः ।

भाषार्थ—अवसानके विषे वर्त्तमान जो झश् तिनको जश् होय और विकल्प करके चष् होय भाव यह है कि, जिसके अगारी वर्ण न होंवे वह अवसान होता है उसके विषे जो चष् प्रत्याहार तिसके स्थानमें जश् तथा चष् प्रत्याहार होय जैसे (अन्यत्) इसमें अवसानके विषे वर्त्तमान झश् प्रत्याहार सम्बन्धी तकारहै इसकारण नकारके स्थानमें जश् किये तौ, तकारको दकार हुआ क्योंकि, जश् प्रत्याहारमें तकारका सवर्ण दकारहै तब रूप हुआ (अन्यद्) और जहा चष् प्रत्याहार हुआ तहाँ तकारही रहा तब रूप हुआ (अन्यत्) द्विवचनमें (अन्ये) बहुवचनमें (अन्यानि) इसी प्रकार द्वितीयामें होतेहैं । इसीप्रकार (अन्यतरत्) (अन्यतरद्) (इतरत्) (इतरद्) (कतरत्) (कतरद्) (कतमत्) (कतमद्) यह शब्द सिद्ध हैं शेष सर्ववत् होता है (१) इकारान्त नपुसक लिंग अस्थि शब्द है । प्रथमा एकवचनमें (अस्थि सि) ऐसा स्थित है ॥

नपुंसकात्स्यमोर्लुक् ।

नपुंसकात्—स्यमोः—लुक् । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) नपुंसकलिंगात्स्यमोः स्यमोर्लुक् भवति । अस्थि ।

भाषार्थ—नपुंसक लिंगसे परे जो सि और अम् तिनका लुक् होय भाव यहहै कि, अवर्णान्त वर्जित जो नपुंसक लिंग उससे परे जो सि और अम् तिनका लुक् होय जैसे (अस्थि सि) इसमें नपुंसकलिंग अस्थि शब्दसे परे सि विद्यमान है इस-

(१) अकारान्तो नपुसकलिंग सोमपाशब्द । सोमपा सि । इतिस्थिते । नपुंसकस्यझल्को नपुसकस्य ह्रस्वो भवति सर्वासु विभक्तिषु परत । अतोम् । सोमपम् । सोमपे । सोमपानि । हे सोमप । (शेष कुलवत् इतिपाठ) भाषार्थ—आकारान्त नपुसकलिंग सोमपा शब्दहै प्रथमा एकवचनमें । सोमपासि । ऐसा स्थितहै । सूत्रम्—(नपुंसकस्य) वृत्यर्थ—नपुंसकलिंगको ह्रस्व होय समस्त विभक्तिवचन परहुए सते जैसे (सोमपा सि) इसमें नपुसक लिंग सोमपा शब्दसे सि विभक्ति परमें विद्यमान है इसकारण सोमपाको ह्रस्व करनेसे रूपहुआ (सोमप सि) फिर (अतोम्) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (सोमपम्) द्विवचनमें (सोमपे) बहुवचनमें (सोमपानि) सम्बोधनमें (हे सोमप) (हे सोमपे) (हे सोमपानि) शेषकुल शब्दवत् होताहै ।

कारण सिका लुक् करनेसे रूप सिद्ध हुआ (अस्थि) और सम्बोधनमें सिकी धिसंज्ञा करनेपर विशेष कहतेहैं ।

ऋवृणां धौ गुणो वा ।

ऋवृणाम्–धौ–गुणः–वा । चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) इ उ ऋ इत्येतेषां नपुंसके धौ वा गुणो भवति । हे अस्थे । हे अस्थि । उक्तं हि ।

भाषार्थ–इकार उकार ऋकार इनको नपुंसक लिंगमें धिके विषे विकल्प करके गुण होय जैसे सिकी धिसंज्ञा करनेपर (अस्थि सि) इसमें नपुंसक लिङ्गके अस्थि शब्दके इकारसे परे धिसंज्ञक सि विद्यमान है इसकारण (नपुंसकात्स्यमोर्लुक्) इसकर धिसंज्ञक सिका लोप करनेपर इकारके स्थानमें एकार गुण करनेसे रूप सिद्ध हुआ (हे अस्थे) और जहा इकारको एकार गुण नहीं हुआ तहा (हे अस्थि) ऐसा सिद्ध हुआ । ऐसाही पूर्वजनोंने कहा है ॥

सम्बोधने तूशनसस्त्रिरूपं सान्तं तथा नान्तमथाप्यदन्तम् ।
माध्यंदिनिर्वाष्टि गुणं त्विगन्ते नपुंसके व्याघ्रपदां वरिष्ठः ॥

भाषार्थ–माध्यंदिनिनाम आचार्य उशनस् शब्दके सम्बोधनमें धिके विषे तीन रूपोंकी इच्छा करते हैं कौनसे तीन रूप कि, सान्त तथा नान्त तथा अदन्त और इगन्त अर्थात् इकारान्त और उकारान्त ऋकारान्त नपुंसकलिंग शब्दमें धिके विषे विकल्प करके गुण इच्छा करते है, कैसे हैं वह माध्यंदिनि नाम आचार्य कि, व्याघ्रपद गोत्रोद्भव ब्राह्मणोंके मध्यमें श्रेष्ठ हैं, भाव यह है कि उशनस् शब्दके सम्बोधनमें धिके विषे तीन रूप होते है एक सान्त जैसे (हे उशनः) दूसरा नान्त जैसे (हे उशनन्) तीसरा अदन्त अर्थात् अकारान्त जैसे (हे उशन) और नपुंसक लिंगके इकारान्त तथा उकारान्त तथा ऋकारान्त शब्दको सम्बोधनमें धिके विषे गुण होता है जैसे (हे अस्थे) (हे अस्थि) (हे वारे) (हे वारि) (हे मधो । हेमधु) (हे कर्तः) (हे कर्तृ) ऐसा माध्यंदिनि नाम आचार्य कहते हैं ॥

नामिनः स्वरे ।

नामिनः–स्वरे । नाम्यन्तस्य नपुंसकस्य नुमागमो भवति विभक्तिस्वरे परे। अस्थिनी । कर्त्रीणि । अस्थि । अस्थिनी । अस्थीनि ।

भाषार्थ–नामि संज्ञक स्वरहै अन्तमें जिसके ऐसे नपुंसकलिंग शब्दको नुम् आगम होय विभक्ति सम्बन्धी स्वर पर हुए संते जैसे (अस्थि औ) द्वितीयाके द्विवचनमें (अस्थि औ) ऐसा स्थित है (ईमौ) इस सूत्रकर औकारके स्थानमें ईकार

करनेसे रूप हुआ (अस्थि ई) इसमें नाम्यन्त नपुंसकलिंग अस्थि शब्दसे परे विभक्ति सम्बन्धी स्वर ईकार विद्यमान है इसकारण अस्थि शब्दको नुमका आगम किया तौ वह आगम (मिदन्त्यात्स्वरात्परोवक्तव्यः) इसकर अस्थि शब्दके इकारके परे हुआ तब रूप हुआ (अस्थिन् ई) फिर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर सिद्ध हुआ (अस्थिनी) बहुवचनमें (जस्शसोःशिः) इसकर शसूके स्थानमें शि करनेपर रूप हुआ (अस्थि इ) फिर (नुमयमः) इस सूत्रकर नुम् आगम कर (नोपधायाः) इस सूत्रकर रूप सिद्ध हुआ (अस्थीनि) इसीप्रकार द्वितीयामें (अस्थि) (अस्थिनी) (अस्थीनि) तृतीयाके एकवचनमें (अस्थि आ) ऐसा स्थित है ॥

अच्चास्भ्यां टादौ ।

१ १ अ० ६ ३ ७ १

अत्—च—अस्भ्याम्—टादौ । चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अस्थ्यादीनां नुमागमो भवति इकारस्याकारो भवति । (१) टादौ स्वरे परे ।

भाषार्थ—अस्थि आदिक शब्दोंको नुम् आगम होय और अस्थि आदिक शब्दोंके इकारको अकार होय टादिक स्वर परे संते जैसे (अस्थि आ) इसमें अस्थि शब्दसे परे टाका शुद्ध रूप आ विद्यमान है इसकारण अस्थि शब्दको नुम् आगम करनेसे और इकारके स्थानमें अकार करनेसे रूप हुआ (अस्थन् आ) फिर ॥

अल्लोपः स्वरेऽम्वयुक्ताच्छसादौ ।

अल्लोपः—स्वरे—अम्वयुक्तात्—शसादौ । चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) नान्तस्योपधाया अकारस्य लोपो भवति शसादौ स्वरे परे मकारवकारान्तसंयोगादुत्तरस्य न भवति । अस्भ्या । अस्थिभ्याम् । अस्थिभिः । अस्भ्ये । अस्थिभ्याम् । अस्थिभ्यः । अस्भ्यः । अस्थिभ्याम् । अस्थिभ्यः । अस्भ्यः । अस्भ्योः । अस्थ्नाम् ।

भाषार्थ—नान्त शब्दकी उपधाके अकारका लोप होय शसादिक स्वर परे संते परन्तु मकार वकारान्त संयोगसे उत्तर अकारका लोप नही होय भाव यहहै कि जिस शब्दके अन्तमें नकार होय उसके उपधासंज्ञक अकारका लोप होजावे परन्तु वह

---

(१) किसी २ पुस्तकोंमें (शसादौ स्वरे परे) ऐसा भी पाठ है । इसे पढ होनेका यह अभिप्राय है कि, जहाँ अस्थि आदिक शब्द गौण होवेंगे तहाँ शस् आदिक सम्बन्धी स्वर परे संते भी अस्थि आदिक शब्दको नुम् आगम तथा इकारको अकार होवेगा जैसे । प्रियास्भ्र । शुनकान् । प्रियदभ्र । पुरुषान् । इत्यादिक इसमें अस्थि दधि शब्द समासान्त होनेसे अन्यार्थ वाचकताकर गौण है । इति ।

नान्त शब्दका उपधा संज्ञक अकार जिसके कि, अन्तमें मकार वा वकार होवै ऐसी संयोग संज्ञासे परे न होय यदि मकारान्त तथा वकारान्त संयोगसंज्ञासे परे होवै तो उस अकारका लोप नही होय जैसे (अस्थन्आ) इसमे नकारान्त अस्थन् शब्दसे परे शसादिक स्वर विभक्ति सम्बन्धी आ विद्यमानहै इसकारण नकारान्त अस्थन्के उपधासंज्ञक अकारका लोप करनेसे रूप हुआ (अस्थन् आ) फिर (स्वरहीनंपरेण संयोज्यम्) इसकर सिद्ध हुआ (अस्थना) द्विवचनमे (अस्थिभ्याम्) बहुवचनमें (अस्थिभिः) चतुर्थीके एकवचनमे (अङ्गास्थ्नांटादौ) और (अल्लोपः स्वरेम्वयुक्ताच्छसादौ) इन सूत्रोकर सिद्ध हुआ (अस्थने) द्विवचनमे (अस्थिभ्याम्) बहुवचनमे (अस्थिभ्यः) पंचमीके एकवचनमे (अङ्गास्थ्नांटादौ) और (अल्लोपः स्वरेम्वयुक्ताच्छसादौ) इन सूत्रोकर सिद्ध हुआ (अस्थनः) द्विवचनमे (अस्थिभ्याम्) बहुवचनमें (अस्थिभ्य.) इसी प्रकार षष्ठीके एकवचनमे (अस्थनः) द्विवचनमे (अस्थनोः) बहुवचनमें (अस्थनाम्) सप्तमीके एकवचनमे (अङ्गास्थ्नांटादौ) इसकर नुम् आगम तथा इकार को अकार करनेपर रूप हुआ (अस्थन् इ) फिर ॥

वेङ्योः ।

वा- ईङ्योः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) ईङ्योः परयोर्वा अकारस्य लोपो भवति । अस्थि । अस्थनि । अस्थ्नोः । अस्थिषु । एवंदधिसक्थिअक्षिशब्दाः । वारि । वारिणी । वारीणि । वारि । वारिणी । वारीणि । वारिणा वारिभ्याम् ।

भाषार्थ–ई और ङि पर हुए सते विकल्पकरके अकारका लोप होय भाव यहहै कि, नकारान्त शब्दमे परे यदि औके स्थानमे उत्पन्न हुआ ई तथा सप्तमी एकवचन ङि परे होवै तो उस नकारान्त शब्दके उपधासंज्ञक अकारका विकल्पकरके लोप होय अर्थात् एक जगह लोप होय और एक जगह नही होय जैसे (अस्थन्इ) इसमें नकारान्त अस्थन शब्दसे परे ङिका शुद्ध रूप इ विद्यमानहै इसकर अस्थन् शब्दके उपधा संज्ञक अकारका लोप करनेसे रूप सिद्ध हुआ (अस्थ्नि) और जहाँ अस्थन् शब्दके उपधा संज्ञक अकारका लोप नहीं हुआ तहाँ रूप सिद्ध हुआ (अस्थनि) द्विवचनमे (अस्थ्नो) बहुवचनमे (अस्थिषु) इसीप्रकार दधि सक्थि अक्षि शब्द साधने योग्यहैं । जैसे प्रथमा द्वितीयामे (दधि) (दधिनी) (दधीनि) तृतीयामें (दध्ना) (दधिभ्याम्) (दधिभिः) और सप्तमीमे (दध्नि) (दधनि) (दध्नोः) (दधिषु) इकारान्त नपुंसकलिंग वारिशब्दहै । प्रथमा एकवचनमें (नपुंसकात्स्यमोर्लुक्) इसकर सिद्ध हुआ

(वारि) द्विवचनमे (ईमौ) (नामिनः स्वरे) इन सूत्रोंकर सिद्ध हुआ (वारिणी) बहुवचनमे (जश्शसोःशिः) (नुमयमः) (नोपधायाः) इन सूत्रोंकर सिद्ध हुआ (वारीणि) इसीप्रकार द्वितीयामें जानने और तृतीया एकवचनमें (नामिनःस्वं) (घुर्नोणोऽनन्ते) इन सूत्रोंकर सिद्ध हुआ (वारिणा) द्विवचनमें (वारिभ्याम्) बहुवचनमें (वारिभ्यः) इत्यादि इसीप्रकार साधनेयोग्यहै ॥

नपुंसकस्य।

नपुंसकस्य। एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) नपुंसकस्य ह्रस्वो भवति। सर्वासु विभक्तिषु परतः। ग्रामणि। ग्रामणिनी। ग्रामणीनि। हेग्रामणे। हेग्रामणि।

भाषार्थ—नपुंसकलिंगके विषे वर्त्तमान जो दीर्घस्वरान्त शब्द तिसको ह्रस्व होजावे समस्त विभक्ति वचन पर हुए संते जैसे (ग्रामणी सि) इसमे नपुंसकलिंग ईकारान्त ग्रामणी शब्दसे परे सि विभक्ति विद्यमानहै इस कारण ग्रामणी शब्दके अन्त्यस्वर ईकारको ह्रस्व किया तब रूप हुआ (ग्रामणि सि) फिर (नपुंसकात्स्यमोर्लुक्) इसकर सिद्ध हुआ (ग्रामाण) द्विवचनमे (नपुंसकस्य) (ईमौ) (नामिनःस्वरे) इनसूत्रोंकर सिद्ध हुआ (ग्रामणिनी) बहुवचनमे (नपुंसकस्य) (जश्शसोःशिः) (नुमयमः) (नोपधायाः) इनसूत्रोंकर सिद्धहुआ (ग्रामणीनि) इसीप्रकार द्वितीयामे हुए ॥

टादावुक्तपुंस्कं पुंवद्वा।

टादौ—उक्तपुंस्कम्—पुंवत्—वा। चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) उक्तपुंस्कं नाम्यन्तं नपुंसकलिंगं टादौ स्वरे परे पुंवद्वा भवति। (१) ग्रामण्या ग्रामणिना। ग्रामणिभ्याम्। ग्रामणिभिः। ग्रामण्ये। ग्रामणिने। ग्रामणिभ्याम्। ग्रामणिभ्यः। ग्रामण्यः। ग्रामणिनः। ग्रामणिभ्याम्। ग्रामणिभ्यः। ग्रामण्यः। ग्रामणिनः। ग्रामण्योः। ग्रामणिनोः। नुमन्तस्यामिदीर्घः। ग्रामणीनाम्। ग्रामण्याम्। ग्रामणिनि। ग्रामण्योः। ग्रामणिनोः। ग्रामणिषु। हेग्रामणे। हे ग्रामणि। सोमपम्—कुलम्। सोमपे। सोमपानि। पुनरपि। सोमपम्। सोमपे। सोमपानि। सोमपेन। सोमपाभ्याम्। सोमपैः इत्यादि।

(१) (एक एव हि य शब्द स्त्रिषुलिंगेषु जायते। एकमेवार्थमाख्याति उक्तपुंस्क तदुच्यते) भाषार्थ—जो कोई एक शब्द आप्त्यत्यादिसे वर्जित होकर तीनो पुल्लिंगस्त्रीलिंगोंके विषे वर्त्तताहै और एकही अर्थको कहताहै वह उक्तपुंस्क कहाहै।

भाषार्थ—कहाहै पुंलिग जिसकरके ऐसा जो नाम्यन्त नपुंसकलिंग शब्द सो टादिक स्वर परेसंते विकल्प करके पुंलिंगवत् होता है भाव यहहै कि, जो शब्द कि, अर्थरूप करके तुल्याकार हुआ पुंलिग तथा नपुंसकलिंगमे वर्त्तमानहो वह उक्तपुंस्क कहाता है ऐसा नाम्यन्त नपुंसकलिग शब्द टादिक विभक्ति सम्बन्धी स्वरपरे संते पुंलिगवत् विकल्प करके जानना (ग्रामणी आ) इसमे पूर्वकहे हुए पुंलिङ्ग ग्रामणी शब्दसे टाका शुद्धरूप अविद्यमान है इसकारण एक जगह पुंलिङ्गवत् रूप किया (ग्रामण्या) और एक जगह नपुंसकलिङ्गवत् (ग्रामणिना) द्विवचनमे (ग्रामणिभ्याम्) बहुवचनमे (ग्रामणीभिः) इसीप्रकार चतुर्थीमे (ग्रामण्ये) (ग्रामणिने) (ग्रामणिभ्याम्) (ग्रामणिभ्यः) पंचमीमें (ग्रामण्यः । ग्रामणिनः) (ग्रामणिभ्याम्) (ग्रामणिभ्यः) षष्ठीमे (ग्रामण्यः) (ग्रामणिनः) (ग्रामण्योः) (ग्रामणिनोः) षष्ठी बहुवचनमें (ग्रामणी आम्) ऐसा स्थित है इसमे उक्तपुंस्क ग्रामणी शब्दसे परे आम् विद्यमानहै इसकारण पुलिङ्ग सदृशरूप करनेसे (यवौवा) इस सूत्रकर सिद्धहुआ (ग्रामण्याम्) और (सेनान्यादीनां वामोनुट्०) इसकरके सिद्धहुआ (ग्रामणीनाम्) और नपुंसकपक्षमें (नामिनः स्वरे) इस सूत्रकर नुम् करनेपर रूप हुआ (ग्रामणिन् आम्) फिर नुमहै आगम अन्तमे जिसके ऐसे शब्दको आम् परहुए संते दीर्घ होय जैसे (ग्रामणिन् आम्) इसमे नुमागमान्त ग्रामणिन् शब्दसे परे आम् विद्यमानहै इसकारण ग्रामणिन् शब्दके अन्तस्वर इकारको दीर्घ करनेपर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर रूप सिद्धहुआ (ग्रामणीनाम्) और सप्तमी एकवचनमें पुंलिङ्ग सदृश करनेमे (आम्ङेः) इस सूत्रकर रूप सिद्ध हुआ (ग्रामण्याम्) और नपुंसक पक्षमे (नामिनः स्वरे) इस सूत्रकर रूप सिद्ध हुआ (ग्रामणिनि) द्विवचनमें (ग्रामण्योः) (ग्रामणिनोः) बहुवचने (ग्रामणीषु) सम्बोधनमे सिकी धिसंज्ञा करनेपर (हेग्रामणे) (हेग्रामणि) आकारान्त सोमपाशब्द है (नपुसकस्य) इस सूत्रकर ह्रस्व करनेपर कुलशब्दवत् रूप जाननेयोग्यहै जैसे (सोमपम्) (सोमपे) (सोमपानि) (सोमपम) (सोमपे) सोमपानि) (सोमपेन) (सोमपाभ्याम्) (सोमपैः) इत्यादि ॥

उकारान्तो मधुशब्दः। मधु । मधुनी । मधूनि । पुनरपि । मधुना । इत्यादि । ऋकारान्तः कर्तृशब्दः।कर्तृ । कर्तृणी । कर्तॄणि । पुनरपि । कर्तृणा । कर्त्रा । कर्तृणे । कर्त्रे । इत्यादि । हेकर्तः । हेकर्तृ ।

भाषार्थ—उकारान्त मधुशब्दहै प्रथमा एकवचनमे (नपुंसकात्स्यमोर्लुक्) इस सूत्रकर सिद्धहुआ (मधु) द्विवचनमे (ईमौ) (नामिनः स्वरे) इन सूत्रोंकर सिद्धहुआ (मधुनी) बहुवचनमे (जश्शसोःशिः) (नुमयमः) (नोपधायाः) इनसूत्रोंकर सिद्ध-

हुआ (मधूनि) इसीप्रकार द्वितीयामें जानने तृतीया एकवचनमें (नामिनः स्वरे) इस सूत्रकर सिद्धहुआ (मधुना) द्विवचनमें (मधुभ्याम्) बहुवचनमें (मधुभिः) इत्यादिक इसीप्रकार साधने योग्यहै। ऋकारान्त कर्तृ शब्दहै। प्रथमा एकवचनमें (नपुंसकान्त्यमोर्लुक्) इस सूत्रकर सिद्धहुआ (कर्तृ) द्विवचनमें (ईर्सौ) (नामिनः स्वरे) इनसूत्रोंकर सिद्ध हुआ (कर्तृणी) बहुवचनमें (जश्शसोःशिः। तुमयमः) (नोपधायाः) इन सूत्रोंकर सिद्ध हुआ (कर्तृणि) इसीप्रकार द्वितीयामें जानने और तृतीयाके एकवचनमें कर्तृ शब्द उक्त पुंस्क होनेसे एक जगह पुंलिगवत् रूप हुआ (कर्त्रा) और एक जगह नपुंसक लिग पक्षमें (नामिनः स्वरे) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (कर्तृणा) द्विवचनमें (कर्तृभ्याम्) बहुवचनमे (कर्तृभिः) इत्यादिक इसीप्रकार साधनेयोग्य हैं और सम्बोधनमें सिकी धिसंज्ञा करने पर (ख्यृणां नपुंसके धौ वा गुणः) इस सूत्रकर विकल्प करकं कर्तृ शब्दके ऋकारको अर् गुण करनेसे रूप सिद्ध हुआ (हे कर्तः) और जहा गुण नहीं हुआ तहां रूप सिद्ध हुआ (हे कर्तृ) द्विवचनमें (हे कर्तृणी) बहुवचनमें (हे कर्तृणि)॥

ऐकारान्तः अतिरै शब्दः। रायमतिक्रान्तं कुलमिति विग्रहे हस्वादेशे सन्ध्यक्षराणामिकारोकारौ च वक्तव्यौ। अतिरि। अतिरिणी। अतिरीणि। पुनरपि। शेषं वारिशब्दवत्।

भाषार्थ–ऐकारान्त नपुंसकलिग अतिरै शब्दः। हस्वादेशके विषे संध्यक्षरोंको इकार और उकार वक्तव्यहै। भाव यहहै कि, नपुंसकलिगके विषे संध्यक्षर संज्ञक एकार ऐकार ओकार औकारको (नपुसकस्य) इस सूत्रकर हस्व कियाजावै तौ एकार और ऐकारके स्थानमे इकार। और ओकार तथा औकारके स्थानमे उकार होताहै जैसे (अतिरै सि) इसमे ऐकारान्त अतिरै शब्दसे सि विद्यमानहै इसकारण (नपुंसकस्य) इस सूत्रकर हस्व किया तौ ऐकारके स्थानमे इकार हुआ तब रूप हुआ (अतिरि सि) फिर (नपुंसकात्स्यमोर्लुक्) इसकर सिद्ध हुआ (अतिरि) शेष वारि शब्दवत् साधनेयोग्यहैं॥

ओकारान्तो नपुंसकलिग उपगोशब्दः। उपगु। उपगुनी। उपगूनि। पुनरपि। शेषं मधुशब्दवत्। औकारान्तो अतिनौ शब्दः। नावमतिक्रान्तं यज्जलं तत्। अतिनु। अतिनुनी। अतिनूनि। पुनरपि। शेषं पूर्ववत्। इति स्वरान्ता नपुंसकलिंगाः।

भाषार्थ–ओकारान्त नपुंसकलिग उपगो शब्दहै। प्रथमा एकवचनमे (उपगो सि) ऐसा स्थितहै (हस्वादेशे सन्ध्यक्षराणामिकारोकारौ च वक्तव्यौ) इसकर उपगोशब्दके

ओकारके स्थानमें उकार करनेसे (उपयु सि) ऐसा रूप भया फिर (नपुंसकात्स्यमो-र्लुक्) इसकर सिद्ध हुआ (उपयु) शेष मधु शब्दवत् साधने योग्यहै । औकारान्त अतिनौ शब्दहै प्रथमा एकवचनमें (अतिनौ सि) ऐसा स्थितहै (ह्रस्वादेशे सन्ध्यक्ष-राणामिकारोकारौ च वक्तव्यौ) इसकर अतिनौ शब्दके औकारके स्थानमें उकार करनेसे रूप हुआ (अतिनु सि) फिर (नपुंसकात्स्यमोर्लुक्) इसकरके सिद्ध हुआ (अतिनु) शेष मधुशब्दवत् साधने योग्यहै । इसप्रकार स्वरान्त नपुंसकलिंग सिद्ध किये जातेहैं । स्वरान्त नपुंसकलिंग समाप्त हुए ॥

अथ हसान्ताःपुँलिंगाः । तत्र हकारान्तोऽनडुह् शब्दः । नामसंज्ञायां स्यादयः । पञ्चस्वनडुह आमागमो वक्तव्यः (१)

भाषार्थ–इसके अनन्तर हसान्तपुंलिंग साधे जातेहैं । तिसमें प्रथम हान्त शब्दोंको साधतेहैं । हकारान्त अनडुह् शब्दहै तिसकी नामसंज्ञा होनेपर स्यादिक विभक्ति दीजा-वे हैं सि आदिक पांच वचनोंके विषे अनुडुह् शब्दको आम् आगम वक्तव्यहै जैसे प्रथमा एकवचनमें (अनुडुह्सि) ऐसा स्थितहै इसमें अनडुह् शब्दसे परे सिविभक्ति विद्यमा-नहै इसकारण अनडुह् शब्दको आम् आगम किया तौ वह आगम अनडुह् शब्दके अन्तस्वर उकारसे परे हुआ क्योंकि आगम मित्संज्ञकहै तब रूप हुआ (अनडुआह्सि) फिर (उवम्) इस सूत्रकर हुआ (अनड्वाह्सि) फिर ॥

सावनडुहः ।

सौ ७ १ –अनडुहः । ६ १ द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अनडुह्शब्दस्य सौ परे नुमा-गमो भवति ।

भाषार्थ–अनडुह्शब्दको सिविभक्तिपरे संते नुम् आगम होय । जैसे (अनड्वाह् सि) इसमें अनड्वाह् शब्दसे परे सिविभक्ति विद्यमानहै इसकारण अनड्वाह् शब्दको नुम् आगम किया तौ वह आगम अनड्वाह शब्दके अन्तस्वर आकारके परे हुआ क्योंकि, आगमका मकार इत्संज्ञा और उकार उच्चारणार्थ है तब रूप हुआ (अनड्वान्ह्सि) फिर (हसेपः सेर्लोपः) इस सूत्रकर सिका लोप करनेसे रूप हुआ (अनड्वान्ह्) फिर ॥

---

(१) (केचित्तु । चतुरनडुहोराम्शौ च । इति सूत्रेणामागममिच्छन्ति चकारात्स्त्रीलिंगे विक-ल्पेनामागममिच्छन्ति (अनड्वाहौ । अनडुहौ) भाषार्थ–कोई आचार्य (चतुरनडुहोराम्शौच) इस सूत्रकर अनडुह शब्दको पांच वचनोंके विषे आम् आगम इच्छा करतेहै और सूत्रमें चकारके ग्रहणसे स्त्रीलिंगके विषे विकल्प करके आम आगम इच्छा करतेहै जैसे (अनड्वाहौ । अनडुहौ) इति ।

संयोगान्तस्य लोपः ।

संयोगान्तस्य—लोपः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) संयोगान्तस्य रसि पदान्ते च लोपो भवति ।

भाषार्थ—संयोग संज्ञाके अन्त अक्षरका लोप होय रस प्रत्याहार और पदान्तके विषे और वृत्तिमे चकारके ग्रहणसे रकारसे अगारी संयोग संज्ञाके अन्त वर्णका लोप नही होय किन्तु रकारसे सकारकाही लोप होय जैसे (अनड्वान्ह्) इसमें नकार हकार दोनो व्यञ्जन एक जगह होनेसे संयोग संज्ञकहै इसकारण संयोग संज्ञक नकार हकारमे जो अन्तवर्ण हकार तिसका लोप करदिया क्योकि विभक्त्यन्त होनेसे पदान्त विद्यमान है तब रूप हुआ (अनड्वान्) द्विवचनमें (अनड्वाह्भ्याम्) ऐसा स्थित है इसमें अनड्वाह् शब्दसे परे स्यादिक पंचवचन सम्बन्धी औ विद्यमान है इसकारण अनड्वाह् शब्दको आम् आगम करनेसे रूप हुआ (अनड्वाह्आम् औ) फिर (उवङ्) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (अनड्वाहौ) और इसीप्रकार बहुवचनमें आम् आगम करनेसे रूप हुआ (अनड्वाहः) और द्वितीया एकवचनमेभी आम् आगम करनेसे रूप हुआ (अनड्वाहम्) द्विवचनमे (अनड्वाहौ) और बहुवचनमे स्यादिक पंचवचन न होनेसे आम् आगम नही हुआ किन्तु (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर सिद्ध हुआ (अनड्वाहः) तृतीया एकवचनमे (अनड्वाहा) द्विवचनमे (अनड्वाह्भ्यां) ऐसा स्थित है ॥

वसां रसे ।

वसाम्—रसे । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) वसु स्रंसु ध्वंसु भ्रसु अनड्वाह् इत्येतेषां दो भवति रसे पदान्ते च । अनुड्वद्भ्याम् । अनुड्वद्भिः । अनड्वाहे । अनड्वद्भ्याम् । अनड्वद्भ्यः । अनड्वाहः । अनड्वद्भ्याम् । अनड्वद्भ्यः । अनड्वाहः । अनड्वाहोः । अनड्वाहाम् । अनड्वाहि । अनड्वाहोः । अनड्वत्सु । सम्बोधने पि विषये । अनड्वाह् सि इति स्थिते ।

भाषार्थ—वसु स्रंसु ध्वंसु भ्रसु अनड्वाह् इन शब्दोंको रस प्रत्याहार पर हुए सते और पदान्तके विषे दकार होय । भाव यह है कि, वसु स्रंसु ध्वंसु भ्रंसु अनड्वाह् इनशब्दोंसे परे यदि रस प्रत्याहार तथा पदान्त होवै तो (षष्ठीनिर्दिष्टस्यादेशस्यान्तस्य ज्ञेयः) इस करके इनके अन्तवर्णको दकार आदेश होय जैसे (अनड्वाह्भ्याम्) इसमें अनड्वाह् शब्दसे परे रस प्रत्याहार सम्बन्धी भकारहै इसकारण अनड्वाह् शब्दके हकारके स्थानमे दकार करनेसे रूप हुआ (अनड्वद्भ्याम्) इसीप्रकार बहुवचनमें

(अनड्द्भिः) चतुर्थी एकवचनमें (अनड्हे) द्विवचनमे (अनड्द्भ्याम्) बहुवचनमें (अनड्द्भ्यः) पंचमीके एकवचनमें (अनड्हः) द्विवचनमें (अनड्द्भ्याम्) बहुवचनमें (अनड्द्भ्यः) षष्ठीके एकवचनमें (अनड्हः) द्विवचनमे (अनड्होः) बहुवचनमे (अनड्हाम्) सप्तमीके एकवचनमे (अनड्हि) द्विवचनमे (अनड्होः) बहुवचनमें (अनड्त्सु) ऐसा स्थित है । इसमें अनडह् शब्दसे परे रस प्रत्याहार सम्बन्धी सकार विद्यमान है इसकारण हकारके स्थानमे दकार करनेसे (खसं चपा झसानाम्) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (अनडुत्सु) सम्बोधनमे सिकी विसंज्ञा करनेपर (अनड्ह् सि) ऐसा स्थितहै ॥

धावम् ।

धौ—अम् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अनड्ह् शब्दस्य धौ परे अमागमो भवति । हे अनड्वन् । हे आनड्वाहौ । हे अनड्वाहः ।

भाषार्थ—अनड्ह् शब्दको धि पर हुए संते अम् आगम होय जैसे (अनड्ह्सि) इसमें अनड्ह् शब्दसे परे धिसंज्ञक सि विद्यमानहै इसकारण अनड्ह् शब्दके अन्तस्वर उकारसे परे अम् आगम करनेसे रूप हुआ (अनडुअह्सि) फिर (उवम्) इस सूत्रकर हुआ (अनड्वह्सि) फिर (सावनड्ुहः) इस सूत्रकर नुम् आगम किया तो रूप हुआ (अनड्वन्ह्सि) फिर (हसेपःसेर्लोपः) इस सूत्रकर सिका लोप किया तो रूप हुआ (अनड्वन्ह्) फिर (संयोगान्तस्य लोपः) इस सूत्रकर सयोग संज्ञाके अन्त वर्ण हकारका लोप करनेसे रूप सिद्ध हुआ (हेअनड्वन्) (हे आनड्वाहौ) (हे अनड्वाहः) इत्यादि ॥

हकारान्तो गोदुह् शब्दः । तस्य विशेषः । गोदुह्सि । इति स्थिते । ह्सेपः सेर्लोपः ।

भाषार्थ—हकारान्त गोदुह् शब्दहै उसको विशेषहै । प्रथमा एकवचनमें (गोदुह्सि) ऐसा स्थितहै इसमें हसान्त गोदुह् शब्दसे परे सि विभक्ति विद्यमानहै इसकारण सिका लोप करनेसे रूप हुआ (गोदुह्) फिर ॥

दादेर्घः ।

दादेः—घः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) दादेर्धातोर्हकारस्य घत्वं भवति झषेपरे नाम्नश्चरमे पदान्ते च ।

भाषार्थ—दकारहै आदिमें जिसके ऐसे धातुके हकारको घकार होय झस प्रत्याहार पर हुए संते और नाम संज्ञासे रस प्रत्यार परेसंते और पदान्तके विषे,भाव यहहै कि,

जिस हकारान्त धातुके आदिमें दकार होवै उस धातुमे परे यदि झम प्रत्याहार होवै तो उस धातुके हकारके स्थानमें धकार होजावै और जिस किवादि प्रत्ययान्त नाम संज्ञक हकारान्त शब्दके आदिमें दकार होवै उस नाम संज्ञक शब्दमें परे यदि रस प्रत्याहार तथा पदान्त होवै तो उस किवादि प्रत्ययान्त नाम संज्ञक शब्दके हकारक स्थानमेंभी धकार होजावै जैसे (गोदुह्) इसमे गोशब्दमें परे क्विप् प्रत्ययान्त धातु संज्ञक दकारादि हकारान्त दुह् शब्दहै इससे परे पदान्त विद्यमानहै इसकारण हकारके स्थानमें धकार किया तब रूप हुआ (गोदुघ्) फिर ॥

आदिर्जबानां झभान्तस्य झभाः स्ध्वोः । (१)

आदिर्जबानाम्—झभान्तस्य—झभाः—स्ध्वोः । चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) धातोर्झभान्तस्यादौ वर्त्तमानानां जबानां झभा भवंति सकारे ध्वशब्दे च परे नाम्नश्च रसे पदान्ते च । वावसने । गोधुक् । गोधुग् । गोदुहौ। गोदुहः। हेगोधुक् । हेगोधुग् । हेगोदुहौ । हेगोदुहः । गोदुहम् । गोदुहौ । गौदुहः । गौदुहा । भकारादौ । दादेर्घः । इतिघत्वे आदिर्जबस्य दकारस्य रसे धकारे कृते । झबेजबाः । गोधुग्भ्याम् । गोधुग्भिः । गोदुहे । गोधुग्भ्याम् । गोधुग्भ्यः । गोदुहः । गोधुग्भ्याम्। गोधुग्भ्यः । गोदुहः । गोधुहोः । गोदुहाम् । गोदुहि । गोदुहोः । सप्तमीबहुवचने । गोधुक्षु । इति स्थिते । खसेचपाञ्झमानाम् । इतिकत्वम्[1]। किलात्षःसःकृतस्य । इतिषत्वम् ।

भाषार्थ—झभ् प्रत्याहारहै अन्तमे जिसके ऐसे धातुके आदिमें वर्त्तमान जो जब तिनके स्थानमे सवर्गीय झभ होय आख्यात प्रक्रियाके सकार और ध्व शब्द पर हुयेसंते और नामसे रस प्रत्याहार तथा पदान्तके विषे । भाव यहहै कि. जिस धातुके अन्तमें झभ प्रत्याहार सम्बन्धी अक्षर होय और आदिमे जब प्रत्याहार सम्बन्धी अक्षर होय तो उस धातुके आदिके जब प्रत्याहार सम्बन्धि अक्षरके स्थानमे सवर्गीय झभ प्रत्याहार सम्बन्धी अक्षर होय जो उसी धातुमे आख्यात प्रक्रिया सम्बन्धि सकार और ध्व शब्द परे होवै और जिस क्विप्आदि प्रत्ययान्त नाम संज्ञक शब्दके अन्तमे झभ प्रत्याहार सम्बन्धी अक्षर होवै और आ-

---

(१) कोई आचार्य इस सूत्रको (आदिर्जबाना झभान्तस्य झभा स्ध्वो) ऐसा सूत्र पढ़ते, ऐसा सूत्र पढनेका यह अभिप्राय है कि, आदि जब सम्बन्धी जकारके स्थानमे झकार नहीं होता । जैसे जभ् शब्दके रूपहुए । जप्—जब्—जभौ—जभ । जभम् । जभौ । जभ । जभा । जभ्याम् । इत्यादि ।

दिमें जब प्रत्याहार सम्बन्धि अक्षर होवै तो उस क्विबादि प्रत्ययान्त नाम संज्ञक शब्दके जब प्रत्याहार सम्बधी अक्षरके स्थानमेभी झभ प्रत्याहार सम्बन्धी सवर्गीय अक्षर होय जो रस प्रत्याहार सम्बन्धि अक्षर परे होवै या पदान्त होवै तो जैसे (गोदुघ्) इसमें क्विप् प्रत्ययान्त झभान्त दुघ् शब्दके आदिमे जब प्रत्याहार सम्बन्धी अक्षर दकार विद्यमानहै इसकारण दकारके स्थानमें झभ प्रत्याहार सम्बन्धी सवर्गीय धकार किया। क्योंकि पदान्त विद्यामनहै तब रूप हुआ (गोधुघ्) फिर (वावसाने) इससूत्रकर सिद्ध हुआ (गोधुक्) (गोधुग्) द्विवचनमें (गोदुहौ) बहुवचनमे (गोदुहः) सम्बोधनमे (हेगोधुक्) (हेगोधुग्) (हेगोदुहौ) (हेगोदुहः) द्वितीयामे (गोदुहम्) (गोदुहौ) (गोदुहः) तृतीया एकवचनमें (गोदुहा) और भकारादि द्विवचन बहुवचनम (दादेर्घः) इसकर घकार करनेपर (आदिजबानां झभान्तस्य झभाः स्घोः) इसकर आदि जब प्रत्याहार सम्बन्धी दकारके स्थानमे रस प्रत्याहार सम्बन्धी भकार पर होनेसे धकार किया फिर (झबे जबाः)इस सूत्रकर घकारके स्थानमें गकार करनेसे रूप हुआ (गोधुग्भ्याम्) (गोधुग्भिः) चतुर्थीमे (गोदुहे) (गोधुग्भ्याम्) (गोधुग्भ्यः) पंचमीमें (गोदुहः) (गोधुग्भ्याम्) (गोधुग्भ्यः) षष्ठीमे (गोदुहः) (गोदुहोः) (गोदुहाम्) सप्तमीके एकवचनमें (गोदुहि) द्विवचनम (गोदुहोः) बहुवचनमे (दादेर्घः) इसकर घकार करनेपर (आदिजबानां झभान्तस्य झभाः स्घोः) इसकर आदि जब दकारके स्थानमें धकार किया फिर (खसे चपा झसानाम्) इसकर घकारके स्थानमे ककार करनेपर (क्विलात्षः सः कृतस्य) इसकर रूप हुआ (गोधुक्) फिर ॥

कषसंयोगे क्षः ।

कषसंयोगे-क्षः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वत्तिः) ककारषकारसंयोगे क्षो भवति ।

भाषार्थ-ककार और षकारके संयोगमें दोनोंके स्थानमें क्ष होवै जैसे (गोधुक्षु) इसमें ककार और षकार दोनोका संयोगहै इसकारण दोनोके स्थानमे क्ष करनेसे रूप सिद्ध हुआ (गोधुक्षु) ॥

हकारान्तमधुलिहशब्दस्य विशेषः । प्रथमैकवचने । मधुलिह् सि । इति स्थिते ।

भाषार्थ-हकारान्त मधुलिह् शब्दको विशेषहै प्रथमाके एकवचनमे (मधुलिह्सि) ऐसा स्थितहै (हसंपः सलोपः) इस सूत्रकर सिका लोप करनेसे रूप हुआ (मधुलिह्) फिर ॥

हो ढः।

ह्यः—ढः। द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) धातोर्हकारस्य ढत्वं भवति झषंपरे नाम्नश्च रसे पदान्ते च। वावसाने। इति ढकारस्य डकारटकारौ। मधुलिट्। मधुलिड्। मधुलिहौ। मधुलिहः। हेमधुलिट्। हेमधुलिड्। मधुलिहम्। मधुलिहौ। मधुलिहः। मधुलिहा। मधुलिड्भ्याम्। मधुलिड्भिः। इत्यादि।

भाषार्थ—धातुके हकारको ढकार होय झस प्रत्याहार पर हुए संते और नामसे रसप्रत्याहार पर हुए संते तथा पदान्तके विषे। भाव यह है कि. धातुके हकारसे यदि झस प्रत्याहार परे होवै तो उस हकारके स्थानमें ढकार होजावै और नाम संज्ञक शब्दके हकारसे यदि रस प्रत्याहार होवै या पदान्त होवै तो उस हकारके स्थानमें ढकार होय जैसे (मधुलिह्) इसमें हकारसे परे पदान्त है क्योंकि सि विभक्तिका लोप होगयाहै। तब रूप हुआ (मधुलिढ्) फिर (वावसाने इत्यकर सिद्धहुआ (मधुलिट्) (मधुलिड् द्विवचनमें (मधुलिहौ) बहुवचनमें (मधुलिहः) सम्बोधनमें (हेमधुलिट्) (हेमधुलिड्) (हे मधुलिहौ) बहुवचनमें (हेमधुलिहः) द्वितीयामें (मधुलिहम्। मधुलिहौ। मधुलिहः) तृतीया एकवचनमें (मधुलिहा) द्विवचनमें (होढः) इस सूत्रकर हकारके स्थानमें ढकार करनेपर (झषे जवाः) इस सूत्रकर डकार किया तब रूप हुआ। (मधुलिड्भ्याम्) इसीप्रकार और भकारादि विभक्ति वचनमें जानने। सप्तमी बहुवचनमें (होढः) इस सूत्रकर ढकार करनेपर (खरिचपाझसानाम्) इस सूत्रकर टकार किया तब रूप सिद्ध हुआ (मधुलिट्सु) (१) इसी प्रकार तुरासाह् और पूर्वासाह् और हव्यवाह्। इत्यादिक शब्द साधनेयोग्यहैं।

मित्रद्रुह्शब्दस्य भेदः। द्रुहादीनां घत्वढत्वे वा। मित्रध्रुक्। मित्रध्रुग्। मित्रध्रुट्। मित्रध्रुड्। मित्रद्रुहौ। मित्रद्रुहः। धावप्येवम्। मित्रद्रुहम्। मित्रद्रुहौ। मित्रद्रुहः। मित्रद्रुहा। मित्रध्रुग्भ्याम्। मित्रध्रुड्भ्याम्। मित्रध्रुक्षु। मित्रध्रुट्सु इत्यादि। एवं तत्वमुहादयः।

भाषार्थ—मित्रद्रुह् शब्दको भेद है। द्रुहादिक शब्दोंको रस प्रत्याहार और पदान्तके विषे घकार और ढकार विकल्प करके होय।भाव यह है कि द्रुह् मुह् स्नुह् स्निह्

---

(१) यदि कहो कि (मधुलिट्सु) इसमें (ष्टुभिः ष्टुः) इस सूत्रकर सकारके स्थानमें षकार क्यों नहीं किया तहाँ यह समाधानहै (क्वचिदपदान्तेपि पदान्तताश्रयणीया) अर्थ—कहीं २ अपदान्तके विषेभी पदान्तता आश्रय करने योग्यहै इस न्यायसे (ष्टोत्वात्) इस सूत्रकर षकार नहीं हुआ। इति॥

इन शब्दोके हकारसे यदि रस प्रत्याहार वा पदान्त होवै तौ उस हकारके स्थानमे एक जगह धकार और एक जगह ढकार होय जैसे (मित्रद्रह् सि) ऐसा स्थित है (हसेपः सेर्लोपः) इस सूत्रकर सिका लोप करनेसे रूप हुआ (मित्रद्रुह्) इसमे एक जगह द्रह् शब्दके हकारके स्थानमे धकार किया क्यो कि, पदान्त विद्यमान है तब रूप हुआ (मित्रद्रुघ्) फिर (आदिजवानां झभान्तस्य झभाः स्ध्वोः) इसकर द्रुघ् शब्दके दकारके स्थानमें धकार करनेपर हुआ (मित्रध्रुघ्) फिर (वावसाने) इसकर सिद्ध हुआ (मित्र-ध्रुक्) (मित्रध्रुग्) और एक जगह हकारके स्थानमे ढकार करनेपर (आदिजवानां झभान्तस्य झभाः स्ध्वोः) इसकर रूप हुआ (मित्रध्रुढ्) फिर (वावसाने) इसकर सिद्ध हुआ (मित्रध्रुट्) (मित्रध्रुड्) द्विवचनमे (मित्रद्रुहौ) बहुवचनमें (मित्रद्रुहः) इसीप्रकार सम्बोधनमे होते हैं (द्वितीयामे) मित्रद्रुहम् (मित्रद्रुहौ) (मित्रद्रुहः) तृतीया एकवचनमे (मित्रद्रुहा) द्विवचनमे एक जगह रस प्रत्याहार सम्बन्धी भकार परे होनेमे धकार किया फिर (आदिजवानां झभान्तस्य०) इस सूत्रकर दकारके स्थानमें धकार किया फिर (झवेजवाः) इस सूत्रकर धकारके स्थानमे गकार करनेसे रूप सिद्ध हुआ(मित्रध्रुग्भ्याम्) और एक जगह हकारके स्थानमें ढकार करनेपर (आदिजवानां०) इस सूत्रकर दकारके स्थानमे धकार किया फिर (झवेजवाः) इस सूत्रकर ढकारके स्थानमे डकार करनेसे रूप सिद्ध हुआ (मित्रध्रुड्भ्याम्) इसी-प्रकार अन्य भकारादि विभक्तिवचनोमे रूप साधनेयोग्य है और सप्तमी बहुवचनमें एकजगह हकारके स्थानमे धकार करनेपर (आदिजवानां०) इसकर दकारके स्थानमें धकार किया फिर (खसेचपा झसानाम्) इसकर धकारके स्थानमें ककार करनेपर (किलात्पः सः कृतस्य) इसकर सकारके स्थानमे षकार किया फिर (कषसंयोगे क्षः) इसकरके ककार षकार दोनोंके स्थानमे क्ष करनेसे रूप सिद्ध हुआ (मित्रध्रुक्षु) और एक जगह हकारके स्थानमे ढकार करने पर (आदिजवानां झभान्तस्य०) इसकर ढकारके स्थानमें धकार किया फिर (खसेचपा झसानाम्) इसकर ढकारके स्थानमें टकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (मित्रध्रुट्सु) इसी प्रकार तत्त्वमुह्, पुत्रास्निह्, क्षीरस्नुह्, शब्द साधनेयोग्य हैं । इति ॥

रेफान्तश्चतुर्शब्दो नित्यं बहुवचनान्तः । प्रथमाबहुवचने । चतुर् अस । इति स्थिते ।

भावार्थ—रकारान्त चतुर् शब्द नित्यही बहुवचनान्त है । प्रथमा बहुवचनमें । चतुर् अस् । ऐसा स्थित है ॥

चतुराम्शौ च ।

चतुः—आम्—शा—च । चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) चतुर्शब्दस्य आमा-

गमा भवति पञ्चसु परेषु शौच । मिदन्त्यात्स्वरात्परो वक्तव्यः । चत्वारः । चतुरः । चतुर्भिः । चतुर्भ्यः । चतुर आम् । इति स्थिते ।

भाषार्थ–चतुर् शब्दको आम् आगम होय स्यादिक (१) पांच वचन पर हुए सति और शिके विषे जैसे (चतुर् अस्) इसमें चतुर् शब्दसे स्यादिक पंच वचन सम्बन्धी जस्का शुद्ध रूप अस् विद्यमानहै इसकारण चतुरशब्दको आम् आगम किया तो वह आगम मित् होनेसे अन्त्यस्वर उकारसे परे हुआ तब रूप हुआ (चतुआर अस्) फिर (उवङ्) और (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) (सोर्विसर्गः) इनकर सिद्ध हुआ (चत्वारः) और द्वितीयाबहुवचनमें स्यादिक पंचवचनसम्बन्धी वचन न होनेसे आम् आगम तौ हुआ नही किन्तु (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) (सोर्विसर्गः) इनकर सिद्ध हुआ (चतुरः) तृतीयाबहुवचनमें (चतुर्भिः) चतुर्थीबहुवचनमें (चतुर्भ्यः) पंचमीबहुवचनमें (चतुर्भ्यः) षष्ठीबहुवचनमें (चतुर आम) ऐसा स्थितहै ॥

रः संख्यायाः ।

रः–संख्यायाः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) रेफान्तसंख्यायाः परस्यामो नुडागमो भवति । णत्वं द्वित्वं च । चतुर्णाम् । चतुर्षु । नकारान्तो राजन् शब्दः । नोपधायाः । इति पञ्चसु दीर्घः ।

भाषार्थ–रकारहै अन्तमें जिसके ऐसे संख्यावाची शब्दसे परे जो आम् तिसको नुट् आगम होय जैसे (चतुर् आम्) इसमें रकारान्त संख्यावाचक चतुर् शब्दसे परे आम् विद्यमानहै इसकारण आमको नुट् आगम करनेसे रूप हुआ (चतुरन् आम्) फिर (षुनोर्णोऽनन्ते) (रायपोद्विः) इन सूत्रोंकर सिद्ध हुआ (चतुर्णाम्) और सप्तमीबहुवचनमें (किलात्षः सः कृतस्य) इसकर सिद्ध हुआ (चतुर्षु) (२) नकारान्त राजन् शब्दहै । तिसको पांचवचनोंके विषे (नोपधायाः) इस सूत्रकर दीर्घ होना-

---

(१) यहाँपर वृत्तिमें जोकि, स्यादिक पांच वचनोंका ग्रहण कियाहै वह समासान्तत्वके सूचन करनेकेलिये है । जैसे समासान्त होनेपर (प्रियचतुर् सि) ऐसा स्थितहै इसमें आम आगम करनेसे रूप हुआ (प्रियचतुआर् सि फिर) (उवङ्) (हसेपस्सेर्लोपः) (सोर्विसर्गः) इनकर सिद्धहुआ (प्रियचत्वा.) द्विवचनमें (प्रियचत्वारौ) बहुवचनमें (प्रियचत्वारः)

(२) यदि कहो कि (चतुर्षु) इसमें (सोर्विसर्गः) इस सूत्रकर रकारके स्थानमें विसर्ग क्यों नही किया तहाँ यह समाधानहै कि (दोषाः) इस सूत्रकर कियेहुए रकारके स्थानमें सप्तमी बहुवचन परे सते विसर्ग होताहै अन्यको नही होताहै । इति ॥

चाहिये जैसे (राजन् सि) ऐसा स्थितहै (नोपधायाः) इसकर राजन्शब्दके उपधा अकारको दीर्घ करनेसे रूप हुआ (राजान्सि) फिर (हसेपः सेर्लोपः) इस सूत्रकर सिका लोप करनेसे रूप हुआ (राजान्) फिर ॥

नाम्नो नो लोपशधौ ।

नाम्नः—नः—लोपश्—अधौ । चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) नाम्नो नकारस्यानागमजस्य लोपश् भवति रसे पदान्ते चाधौ । चकारात्कचिन्नाम्नो नकारस्य लोपश् न भवति । राजा । राजानौ । राजानः । अधाविति विशेषणात् । हे राजन् । हे राजानौ । हे राजानः । राजानम् । राजानौ । शसि तु । राजन् अस् । इति स्थिते । अल्लोपः स्वरेम्वयुक्ताच्छसादौ । स्तोः श्चुभिः श्चुः । इति चुत्वे नकारस्य ञकारः ।

भाषार्थ—नही आगमसे उत्पन्न हुआ जो नामसंज्ञक शब्दका नकार तिसका लोपश् होय रसप्रत्याहार परे संते और पदान्तके विषे, परन्तु धिविषयमे नही होय और वृत्तिमे चकारके ग्रहणसे किसी स्थानमे नामके नकारका लोपश् होवै नही । भाव यहहै कि, जो कि, नकार आगमसे उत्पन्न नही हो किन्तु स्वयं नाम संज्ञक शब्दकाही हो ऐसे नाम संज्ञक शब्दके नकारका लोपश् होजावै जो उस नकारसे रसप्रत्याहार परे होवै या पदान्त होवै तो और धि विषयमे लोपश् होवै नही जैसे प्रथमा एकवचनमें राजान ऐसा स्थित रहाहै इसमे नकार स्वयं नामसंज्ञक राजन् शब्दका ही है न कि,आगमका इसकारण नकारका लोपश् किया क्योकि,पदान्त विद्यमानहै तब रूप हुआ(राजा) द्विवचनमे (नोपधायाः)इसकर उपधाको दीर्घ करनेसे रूप हुआ(राजानौ) बहुवचनमें (राजानः) सम्बोधनमे सिकी धिसंज्ञा करनेपर रूप हुआ (राजन् सि (इसमे) नोपधायाः) इस सूत्रकर उपधाको दीर्घभी नही हुआ क्योकि. धिवर्जित पांच वचनोका ग्रहणहै और (नाम्नोनोलोपशधौ) इसकर नकारका लोपश्भी नही होय क्योकि अधौ अर्थात् धिवर्जित ऐसा सूत्रमे विशेषण है तब (हसेपः सेर्लोपः) इसकर सिका लोप करनेसे रूप सिद्ध हुआ (हे राजन्) द्विवचनमे (हे राजानौ) बहुवचनमे (हे राजानः)द्वितीयाके एकवचनमें (नोपधायाः) इसकर सिद्ध हुआ (राजानम्) द्विवचनमें (राजानौ)बहुवचनमें स्यादिक पंचवचनसम्बन्धी वचन न होनेसे (नोपधायाः) यह सूत्र तो प्राप्त हुआ नही । किन्तु (अल्लोपःस्वरेऽम्वयुक्ताच्छसादौ) इसकर राजन् शब्दके उपधासंज्ञक अकारका लोप करनेपर (स्तोःश्चुभिःश्चुः) इसकर चवर्गसम्बधी जकारका योग होनेसे तवर्गसम्बन्धी नकारके स्थानमे ञकार होगया । तब रूप हुआ (राजन् अस्) फिर ॥

जश्शोर्ङिः ।

६ २ ११
जश्शोः-ङिः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) जश्शोर्योगे ङो भवति । राज्ञः । राज्ञा । लोपाशि पुनर्न सन्धिः इति नियमात् । अद्धि । इत्यात्वं न भवति । राजभ्याम् । राजभिः । राज्ञे । राजभ्याम् । राजभ्यः । राज्ञः । राजभ्याम् । राजभ्यः । राज्ञः । राज्ञोः । राज्ञाम् । राज्ञि । वेङ्योः । राजनि । राज्ञोः । राजसु । एवं यज्वन् आत्मन् सुधर्मन् प्रभृतयः । यज्वा । यज्वानौ । यज्वानः । यज्वानम् । यज्वानौ । अम्वयुक्तादिति विशेषणादल्लोपो नास्ति । यज्वनः । यज्वभ्याम् । इत्यादि ।

भाषार्थ-जकार और शकारका योग होनेपर दोनोंके स्थानमें ङ हो जाताहै जैसे (राजन् अस्) इसमे जकार और शकारका योग है इसकारण दोनोंके स्थानमें ङ करनेसे रूप सिद्ध हुआ (राङ्गः) तृतीया एकवचनमे इसीप्रकार सिद्ध हुआ (राज्ञा) द्विवचनमे रस प्रत्याहार सम्बन्धी भकार परे होनेसे (नाम्नोनो लोपशधौ) इस सूत्रकर नकारका लोपश् करनेपर (लोपाशि पुनर्न संधिः) इस नियममे (अद्धि) इस सूत्रकर आकार नहीं हुआ किन्तु (राजभ्याम्) ऐसाही सिद्ध हुआ बहुवचनमे भी इसीप्रकार सिद्ध हुआ (राजभिः) चतुर्थी एकवचनमे (अल्लोपः स्वरम्वयुक्ताच्छसादौ) (जश्शोर्ङिः) इनकर सिद्ध हुआ (राज्ञे) द्विवचनमे (राजभ्याम्) बहुवचनमे (राजभ्यः) पंचमीमे (राङ्गः) (राजभ्याम्) (राजभ्यः) षष्ठीमें (राङ्गः) (राज्ञोः) (राज्ञाम्) सप्तमी एकवचनमे (वेङ्योः) इस सूत्रकर विकल्प करके उपधाभूत अकारका लोप करनेसे एक जगह हुआ (राज्ञि) और एक जगह (राजनि) द्विवचनमे (राज्ञोः) बहुवचनमें (नाम्नोनो लोपशधौ) इस सूत्रकर नकारका लोपश् करनेपर रूप सिद्ध हुआ (राजसु) इसी प्रकार यज्वन् आत्मन् सुधर्मन् । इत्यादिक शब्द साधने योग्य हैं जैसे (यज्वा) (यज्वानौ) (यज्वानः) सम्बोधनमे (हे यज्वन्) (हे यज्वानौ) (हे यज्वानः) द्वितीया एकवचनमे (यज्वानम्) द्विवचनमें (यज्वानौ) और बहुवचनमें (अम्वयुक्तात्) इस विशेषणसे अकारका लोप नही होता है जैसे (यज्वन् अस्) इसमे वकारान्त संयोग संज्ञासे उत्तरवर्ती अकार है इसकारण अकारका लोप नहीं होनेसे रूप सिद्ध हुआ (यज्वनः) तृतीयामे भी इसीप्रकार सिद्ध हुआ (यज्वना) (यज्वभ्याम्) (यज्वभिः) चतुर्थीमे (यज्वने) (यज्वभ्याम्) (यज्वभ्यः) इसीप्रकार अन्यरूप भी साधने योग्य हैं ॥

श्वन्युवन्मघवन्शब्दानां पंचसु राजन्शब्दवत्प्रक्रिया। शसादौ तु विशेषः ।

भाषार्थ—श्वन् और युवन् तथा मघवन् इन शब्दोंकी स्यादिक पंचविभक्ति वचनोंके विषे राजन् शब्दवत्प्रक्रिया है और शसादिकमे विशेष है जैसे प्रथमामे (श्वा) (श्वानौ) (श्वानः) द्वितीयाके एकवचनमे (श्वानम्) द्विवचनमे (श्वानौ) वहुवचनमे (श्वन् अस्) ऐसा स्थित है ॥

श्वादेः ।

श्वादेः । एकपदमिदं **सूत्रम्** (वृत्तिः) श्वोर्वकारः उत्वं प्राप्नोति शसादौ स्वरे परे तद्धिते ईपि ईकारे च । शुनः । शुना । श्वभ्याम् । श्वभिः । इत्यादि । युवन्शब्दे तु वकारस्योत्वे कृते । सवर्णेदीर्घःसह । यूनः । यना । युवभ्याम् । युवभिः । इत्यादि । मघोनः । मघोना । मघवभ्याम् । इत्यादि । पथिन्-शब्दस्य भेदः ।

भाषार्थ—श्वादि शब्दोका स्वर सहित वकार उकारभावको प्राप्त होवै शसादिक स्वर परहुए संते तथा तद्धित सम्बन्धी प्रत्यय और ईप् प्रत्यय तथा ईकार पर हुए संते भाव यह है कि. श्वन् आदिक शब्दोंके स्वर सहित वकारके स्थानमे उकार होय जो शसादिक स्वर तथा तद्धित प्रत्यय और ईप् प्रत्यय और ईकार परे होवें तो जैसे (श्वन् अस्) इसमे श्वन् शब्दसे परे शसादिक स्वर सम्बन्धी अस्का अकार विद्यमानहै इसकारण श्वन् शब्दके स्वर सहित वकारके स्थानमे उकार करनेसे रूप हुआ (शुन् अस्) फिर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) (खोविसर्गः) इनकर सिद्ध हुआ (शुनः) इसीप्रकार तृतीया एकवचनमे सिद्ध हुआ (शुना) द्विवचनमे (नाम्नोनो लोपशधौ) इसकर सिद्ध हुआ (श्वभ्याम्) वहुवचनमे (श्वभिः) इसीप्रकार अन्य विभक्ति-वचनोंमे रूप साधनेयोग्य है । इसीप्रकार युवन् शब्द साधनेयोग्यहै जैसे प्रथमामें (युवा) (युवानौ) (युवानः) द्वितीया एकवचन द्विवचनमे (युवानम्) (युवानौ) वहुवचनमें (युवन अस्) ऐसा स्थित है (श्वादेः) इस सूत्रकर युवन् शब्दके स्वर सहित वकारके स्थानमे उकार करनेपर रूप हुआ (युउन् अस्) फिर (सवर्णेदीर्घः सह) (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) (खोविसर्गः) इनकर सिद्ध हुआ (यूनः) इसीप्रकार तृतीया एकवचनम सिद्ध हुआ (यूना) द्विवचनमे (नाम्नोनो लोपशधौ) इसकर सिद्ध हुआ (युवभ्याम्) इसीप्रकार अन्य विभक्ति वचनोंमे रूप साधने योग्य हैं और मघवन शब्दके विषे शसादिक स्वरमे (श्वादेः) इसकर स्वर सहित वकारके स्थानमे पर उकार करनेसे (उओ) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (मघोनः) (मघोना) तृतीया द्विवचनमे (मघवभ्याम्) वहुवचनमे (मघवभिः) इत्यादिक इसीप्रकार साधने योग्यहैं । पथिन शब्दका भेद है प्रथमा एकवचनमें (पथिन् सि) ऐसा स्थित है ॥

इतोऽत्पंचसु ।

इतः—अत्—पंचसु । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) पंचसु स्यादिषु परेषु पथ्यादीनामिकारस्याकारादेशो भवति ।

भाषार्थ—स्यादिक पांच वचन पर हुए संते पथ्यादिकोंके इकारको अकार आदेश होय। भाव यह है कि, पथिन् मथिन् ऋभुक्षिन् इन शब्दोंके इकारके स्थानमें अकार हो-जावै स्यादि पांच वचन पर हुए संते जैसे (पथिन् सि) इसमे पथिन् शब्दसे परे सि विद्यमान है इसकारण पथिन् शब्दके इकारके स्थानमें अकार करनेसे रूप हुआ। (पथन् सि) फिर ॥

थो नुट् ।

थः— नुट् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) पथ्यादीनां थकारस्य नुडागमो भवति पञ्चसु स्यादिषु परेषु । पन्थन् सि इति स्थिते ।

भाषार्थ—पथ्यादिकोंके थकारको नुट् आगम होय स्यादिक पांच वचन परहुए संते भाव यह है कि, पथिन् आदिक शब्दोंका जो थकार तिसको नुट् आगम होय स्यादिक पंचवचनोंमे जैसे (पथन् सि) इसमें थकारको नुट् आगम किया तौ वह आगम टित् होनेसे थकारके आदिमे हुआ। आगममें उकार उच्चारणार्थ है तब रूप (पन्थन् सि) ऐसा स्थित हुआ ॥

आ सौ ।

आ—सौ । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) पथ्यादीनां टेरात्वं भवति सौपरे । पन्थाः । पन्थानौ । पन्थानः । हेपन्थाः । पन्थानम् । पन्थानौ । पथिन् अस् इति स्थिते ।

भाषार्थ—पथिन् आदिक शब्दोंकी टि संज्ञाको आकार होय सि विभक्तिवचन पर-हुए संते जैसे (पन्थन् सि) इसमे पथिन् शब्दके स्थानमे उत्पन्न हुए पन्थन् शब्दसे परे सि विभक्तिवचन विद्यमानहै इसकारण पन्थन् शब्दकी टि संज्ञ अनके स्थानमें आकार करनेसे रूप हुआ (पन्था सि) फिर (सोर्विसर्गः) इसकर सिद्धहुआ (पन्थाः) (१) द्विवचनमे (इतोऽत्पंचसु) इस सूत्रकर पथिन् शब्दके इकारके स्थानमें अकार करनेसे रूप हुआ (पथन् औ) फिर (थोनुट्) इसकर थकारको नुट् आगम

(१) (पन्था) इसमे (नोपधायाः) इसकरकेही दीर्घ तौ होसकता परन्तु यहां टिको जो कि आकारका विधान किया है वहसि प्रत्ययकेही लोप न होनेकेवास्ते है ।

किया तब रूप हुआ (पन्थन् औ) फिर (नोपधायाः) इसकर उपधाभूत अकारको दीर्घ करनेसे (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर सिद्धहुआ (पन्थानौ) इसीप्रकार बहुवचनमें सिद्धहुआ (पन्थानः) सम्बोधनमे (हे पन्थाः) (हे पन्थानौ) (हे पन्थानः) द्वितीया एकवचनमे (पन्थानम्) द्विवचनमे (पन्थानौ) बहुवचनमें स्यादिक पंचवचन सम्बन्धी वचन न होनेसे (इतोत्पंचसु) (थोनुट्) यह सूत्र नहीं प्राप्त होसक्ते किन्तु अगारीका सूत्र प्राप्त होसक्ताहै ॥

पथां टेः ।

पथाम्—टेः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) पथिन् शब्दादीना टेर्लोपो भवति शसादौ स्वरे परे । पथः। पथा । पथिभ्याम् । पथिभिः । इत्यादि । एवं मथिन् ऋभुक्षिन् शब्दौ । दण्डिन्शब्दस्य भेदः ।

भाषार्थ—पथिन् शब्दादिकोकी टिसंज्ञाका लोप होय शसादिक स्वर परहुए संते जैसे (पथिन् अस्) इसमे पथिन् शब्दसे परे शसादिस्वरसम्बन्धी अस्का अकार विद्यमान है इसकारण पथिन् शब्दके टिसंज्ञक इन्का लोप करनेसे (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) (स्तोर्विसर्गः) इनकर सिद्धहुआ (पथः) इसीप्रकार तृतीया एकवचनमे सिद्धहुआ (पथा) द्विवचनमें (नाम्नोनोलोपशधौ) इसकर नकारका लोपश् करनेपर रूप सिद्धहुआ (पथिभ्याम्) बहुवचनमे (पथिभ्यः) इसीप्रकार चतुर्थी आदिकमे साधनेयोग्य है । और सप्तमी बहुवचनमें (नाम्नो नो लोपशधौ) इसकर नकारका लोपश् करनेपर भी (किलात्षः सः कृतस्य) इसकर सिद्धहुआ (पथिषु) इसीप्रकार मथिन् ऋभुक्षिन् यह दोनो शब्द साधनेयोग्य हैं जैसे (मन्थाः) (मन्थानौ) (मन्थानः) (हेमन्थाः) (मन्थानम्) (मन्थानौ) (मथः) (मथिभ्याम्) इत्यादिक और ऋभुक्षिन् शब्दके जैसे (ऋभुक्षाः) ऋभुक्षाणौ (ऋभुक्षाणः) (हे ऋभुक्षाः) (ऋभुक्षाणम्)(ऋभुक्षाणौ) (ऋभुक्षः) (प्रभुक्षा) (ऋभुक्षिभ्याम्) (ऋभुक्षिभिः) इत्यादि । दण्डिन्शब्दको भेद है । प्रथमा एकवचनमें (दण्डिन् सि) ऐसा स्थित है ॥

इनां शौ सौ ।

इनाम्—शौ—सौ । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) इन् हन् पूषन् अर्य्यमन् इत्येतेषां शौ सौ चाधौ परे उपधाया दीर्घो भवति । नलोपसिलोपौ । दण्डी । दण्डिनौ । दण्डिनः । दण्डिनम् । दण्डिनौ । दण्डिनः । दण्डिना । दण्डिभ्याम् । दण्डिभिः। इत्यादि । एवं ब्रह्महन् शब्दः। ब्रह्महा । ब्रह्महणौ । ब्रह्महणः।

हे ब्रह्महन् । हे ब्रह्महणौ । हे ब्रह्महणः । ब्रह्महणम् । ब्रह्महणौ । शसादौ तु अल्लोपः ।

भाषार्थ-इन् हन् पूषन् अर्य्यमन् इनकी शि और धिवर्जित सि परहुए भंत ही उपधाको दीर्घ होय भाव यह है कि, इन् प्रत्ययान्त और इनके उपलक्षणसे विन् प्रत्ययान्त और क्विप् प्रत्ययान्त हन् धातु और पूषन् और अर्य्यमन इनके उपधा संज्ञक स्वरको दीर्घ होय जो शि और धिसंज्ञावर्जित सि परे होवें तो । इसकरि शि और सिके विषेही दीर्घ हो, न कि (नोपधायाः) इस सूत्रकर पांच वचनोंके विषे। इस नियमके अथ यह विधान किया है जैसे (दण्डिन् सि) इसमें इन् प्रत्ययान्त दण्डिन् शब्दमें परे सि विद्यमान है इसकारण दण्डिन् शब्दकी उपधा इकारके स्थानमें दीर्घ किया फिर (हसेपः सेर्लोपः) (नाम्नोनो लोपश्चौ) इनकरि सि और नकारका लोपकर रूप सिद्ध हुआ (दण्डी) द्विवचनमें (नोपधायाः) इस सूत्रकर दीर्घ नहीं हुआ क्योंकि (इनां शौसौ) यह सूत्र केवल शि और धिवर्जित सिके ही विषे दीर्घता विधान करता है, न कि पांच वचनोंके विषे। तब रूप सिद्ध हुआ (दण्डिनौ) बहुवचनमें (दण्डिनः) सम्बोधनमें धिके विषे (इना शौसौ) (नाम्नोनो लोपश्चौ) इन दोनोंकी प्राप्ति नहीं हुई क्योंकि इन दोनों सूत्रोंमें धिसंज्ञा वर्जित सिका ग्रहणहै तब रूप हुआ (हे दण्डिन्) द्विवचनमें हे (दण्डिनौ) बहुवचनमें (हे दण्डिनः) द्वितीयामें (दण्डिनम्) (दण्डिनौ) (दण्डिनः) तृतीयामें (दण्डिना) (दण्डिभ्याम्) (दण्डिभिः) इत्यादिक । इसी प्रकार ब्रह्महन् शब्द साधनेयोग्य है जैसे (ब्रह्महा) (ब्रह्महणौ) (ब्रह्महणः) (हे ब्रह्महन्) (हे ब्रह्महणौ) (हे ब्रह्महणः) (ब्रह्महणम्) (ब्रह्महणौ) शसादि स्वर विभक्ति वचनोंमें (अल्लोपः स्वरेभ्ययुक्ताच्छसादौ) इनकर ब्रह्महन् शब्दके उपधासंज्ञक अकारका लोप किया तब रूप हुआ (ब्रह्महन् अस्) फिर ॥

हनो घ्नेः ।

हनः—घ्—नेः । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) हन्तेर्धातोर्हकारस्य घकारो भवति नकारे ञ्णिति च परे। घसंयोगो णत्वनिषेधार्थः । ब्रह्मघ्नः ब्रह्मघ्ना । ब्रह्महभ्याम् । ब्रह्महभिः। इत्यादि । अर्यम्णः । अर्य्यम्णा । अर्य्यमभ्याम् । अर्य्यमभिः । पूष्णः । पूष्णा । पूषभ्याम् । पूषभिः । पूष्णे । पूषभ्याम् । पूषभ्यः । इत्यादि (ङौ टिलोपो वेति केचित्) पूषि । पूषणि । पूष्णि । पूष्णोः । पूषसु । संख्याशब्दाः पंचन्प्रभृतयो बहुवचनान्तास्त्रिषुलिंगेषु समरूपाः । पञ्चन् जस् । इति स्थिते ।

भाषार्थ-हन्ति अर्थात् हन् इस धातुके सम्बन्धी हकारको घकार होय नकार परे हुए संते और जिसका ञकार वा णकार इत्संज्ञक होय वह परहुए संते जैसे (ब्रह्महन् अस्) इसमे क्विप् प्रत्ययान्त हन् धातुके हकारसे नकार परे विद्यमानहै इसकारण हकारके स्थानमे घकार करनेसे रूप हुआ (ब्रह्मघन् अस्) (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) (खोर्विसर्गः) इसकर रूप सिद्ध हुआ (ब्रह्मघ्नः) यदि कहो कि, इसमे (घुनोंणोऽनन्ते) इसकर नकारके स्थानमें णकार क्यो नही किया तहां कहते है । नकारके साथ घकारका संयोग णकारके निषेध करनेके अर्थ है. भाव यह है कि, घकार नकारके योग होनेपर (घुनोंणोऽनन्ते) इसकरके नकारको णकार नही होय । इसी प्रकार तृतीया एकवचनमे (ब्रह्मघ्ना) द्विवचनमे (नाम्नोनोलोपशधौ) इसकर सिद्ध हुआ (ब्रह्महभ्याम्) इत्यादि । इसीप्रकार पूषन् अर्य्यमन् शब्द साधनेयोग्यहै । शसादिक स्वरमें (अल्लोपः स्वरेम्वयुक्ताच्छसादौ) इसकर अकारका लोप करनेपर (घुनोंणोऽनन्ते) इसकर णकार करने योग्यहै।जैसे (अर्य्यमा) (अर्य्यम्णौ) (अर्य्यमणः) (हे अर्य्यमन्) (अर्यमणम्) (अर्य्यमणौ) (अर्य्यम्णा) (अर्य्यमभ्याम्) इत्यादि। (पूषा) (पूषणौ) (पूषणः) (हे पूषन्) (पूषणम्) (पूषणौ) (पूष्णः) (पूष्णा) (पूषभ्याम्) (पूषभिः) इत्यादि । सप्तमी एकवचनमे (पूषन् इ) ऐसा स्थितहै पूषन् शब्दकी टिका लोप होय विकल्पपरकके ङि परहुए संते ऐसा कोई आचार्य कहतेहै इस कथनसे एक जगह पूषन् शब्दका टिसंज्ञक अन्का लोप करनेसे रूप हुआ (पूषि) और जहा टिका लोप नही हुआ तहां (वेङ्योः) इस सूत्रकर एक जगह (पूष्णि) एकजगह (पूषणि) द्विवचनमे (पूष्णोः) बहुवचनमें (पूषसु) पचन् आदिक संख्यावाचक शब्द बहुवचनान्त होतेहै और तीनो लिंगोके विषे समान रूप होतेहैं प्रथमा बहुवचनमे (पञ्चन् जस्) ऐसा स्थितहै ॥

जश्शसोर्लुक् ।

जश्शसोः—लुक् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) षकारनकारान्तसंख्यायाः पञ्चन्जश्शसोर्लुक् भवति ।

भाषार्थ-षकारान्त और नकारान्त संख्यावाचक शब्दसे परे जस् और शस् इन दोनोंका लुक् होय जैसे (पंचन जस्) इसमें नकारान्त संख्यावाचक शब्दसे परे जस् विद्यमानहै इसकारण जसका लुक् किया तब रूप हुआ (पञ्चन्) अब इसमें (नोपधायाः) इस सूत्रकी प्राप्ति न होनेकेलिये विशेष कहतेहैं ॥

लुकि नतन्निमित्तम् ।

न—तन्निमित्तम् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) लुकि सति तन्निमित्तं

कार्यं न स्यात्। तेन। नोपधायाः। इति दीर्घत्वं न। पंच। पंच। पंचभिः। पंचभ्यः। पंचभ्यः। पंचन् आम्। इति स्थिते।

भाषार्थ–लुक् होनेपर तन्निमित्त कार्य नहीं होताहै भाव यहहै कि. लुक् किये-जानेपर जिसका कि लुक् किया जाताहै वह ही है निमित्तकारण जिसका कि कार्य नहीं होताहै जैसे (पंचन्) इसमें पंचन् शब्दसे परे जसका लुक् किया गयाहै इसकारण (नोपधायाः) इसकर पंचन् शब्दकी उपधाको दीर्घ नहीं हुआ क्यों-कि (नोपधायाः) इस सूत्रकर जो कार्य होताहै उसका निमित्तकारण जस् है तब (नाम्नोनोलोपशधौ) इसकर नकारका लोपश् करनेसे रूप सिद्ध हुआ (पञ्च) शस्में भी इसीप्रकार सिद्ध हुआ (पञ्च) तृतीया बहुवचनमें (पंचभिः) और चतुर्थी और पंचमीके बहुवचनमें (पंचभ्यः) षष्ठी बहुवचनमें (पञ्चन् आम्) ऐसा स्थित है ॥

षण्णः।

षण्णः। एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) षकारनकारान्तसंख्यायाः परस्यामोनुडा-गमो भवति। नोपधायाः। इति दीर्घत्वम्। नाम्नोनोलोपशधौ। पंचानाम्। पंचसु। एवं सप्तन्नवन्प्रभृतयः। अष्टन्शब्दस्य भेदः।

भाषार्थ–षकारान्त और नकारान्त संख्यावाचक शब्दसे परे आमको नुट् आ-गम होय जैसे (पंचन् आम्) इसमें नकारान्त संख्यावाचक पंचन् शब्दसे परे आम् विद्यमानहै इसकारण आमको नुट् आगम किया तो वह आगम टित् होनेसे आमके आदिमें हुआ और आगममें उकार उच्चारणार्थ है तब रूप हुआ (पंचन्नुट् आम्) फिर (नोपधायाः) इसकर पंचन् शब्दके उपधाभूत अकारको दीर्घ करनेपर (नाम्नो नो लोपशधौ) इसकर पचन् शब्दके नकारका लोपश् किया तब रूप सिद्ध हुआ (पंचानाम्) सप्तमी बहुवचनमें (पंचसु) इसी-प्रकार सप्तन् नवन् आदिके नकारान्त संख्यावाचक शब्द साधनेयोग्यहै प-रन्तु अष्टन् शब्दको भेदहै (अष्टन् जस्) ऐसा स्थितहै ॥

अष्टनो डौ वा।

अष्टनः–डौ–वा। त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अष्टन्शब्दात्परयोर्जश्शसो-र्वा डौ भवति। डित्वाट्टिलोपः। अष्टौ। अष्ट। अष्टौ। अष्ट।

भाषार्थ–अष्टन् शब्दसे परे जो जस् और शस् तिनको विकल्प करके डौ होय जैसे (अष्टन् जस्) इसमें अष्टन् शब्दसे परे जस् विद्यमानहै इसकारण एक जगह

जसके स्थानमें डौ किया इसमें डकार इत्संज्ञक है तब रूप हुआ (अष्टन् औ) फिर औके डित् होनेसे अष्टन् शब्दकी टिसंज्ञा अन्का लोप करनेसे (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर सिद्ध हुआ (अष्टौ) और एकजगह जहाँ डौ नही हुआ तहाँ (जश्शसोर्लुक्) इसकर रूप सिद्ध हुआ (अष्ट) इसीप्रकार शसमें सिद्ध हुआ (अष्टौ) (अष्ट) तृतीया वहुवचनमें (अष्टन् भिस्) ऐसा स्थितहै ॥

वासु ।

वा—औ—आसु । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अष्टन्शब्दस्य आसु परासु विभक्तिषु वा टेरात्वं भवति । अष्टाभिः । अष्टभिः । अष्टाभ्यः । अष्टभ्यः । अष्टानाम् । अष्टासु । अष्टसु । मकारान्त इदम् शब्दः ।

भाषार्थ—अष्टन् शब्दकी टिको आकार होय विकल्प करके तृतीयादिक विभक्ति पर हुए संते जसे (अष्टन् भिस्) इसमें अष्टन् शब्दसे परे तृतीया वहुवचनमें भिस् विद्यमानहै इसकारण अष्टन् शब्दकी टि संज्ञा अन्के स्थानमें आकार करनेसे (स्तोर्विसर्गः) इसकर सिद्ध हुआ (अष्टाभिः) और जहाँ अष्टन् शब्दके टिको आ नहीं हुआ तहाँ (नाम्नोनो लोपशधौ) इसकर नकारका लोपश् करनेसे रूप सिद्ध हुआ (अष्टभिः) इसीप्रकार चतुर्थी और पंचमीके वहुवचनमें सिद्ध हुआ (अष्टाभ्यः) (अष्टभ्यः) षष्ठी वहुवचनमें (अष्टन् आम्) इसमें (ष्णः) इस सूत्रकर आम्को नुट् आगम करनेपर एकजगह (वासु) इस सूत्रकर अष्टन् शब्दके टिसंज्ञक अन्के स्थानमें आकार करनेसे रूप सिद्ध हुआ (अष्टानाम्) और एक जगह जहाँ अष्टन् शब्दके टिसंज्ञक अन्को आकार नहीं हुआ तहाँ (नोपधायाः) (नाम्नोनोलोपशधौ) इनकर सिद्ध हुआ (अष्टानाम्) पूर्ववत् ही और सप्तमी वहुवचनमें जहाँ टिको आकार होगया तहाँ सिद्ध हुआ (अष्टासु) और जहाँ टिको आकार नहीं हुआ तहा (नाम्नोनो लोपशधौ) इसकर सिद्ध हुआ (अष्टसु) मकारान्त इदम् शब्दहै । प्रथमा एकवचनमें (इदम् सि) ऐसा स्थितहै ॥

इदमोयं पुंसि ।

इदमः—अयम्—पुंसि । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) इदमूशब्दस्य पुंसि विषये अयम् भवति । सिसहितस्य । अयम् । इदम् औ । इति स्थिते । द्विवचनादौ (त्यदादेरेः स्यादौ) इत्यकारः । इद औ । इति स्थिते ।

भाषार्थ–सिविभक्ति वचन सहित इदम् शब्दको पुँल्लिङ्ग विषय ही में अयम् आदेश होय । भाव यह है कि, इदम् और सिविभक्ति वचन इन दोनोंके स्थानमें अयम् आदेश होजावै जो पुँलिग होवै तो जैसे (इदम् सि) इसमें इदम् शब्दसे सिविभक्ति वचन परमे विद्यमानहै इसकारण इदम् शब्द और सिविभक्ति वचन इन दोनोंके स्थानमें पुँल्लिङ्ग होनेसे अयम् आदेश करनेसे रूप सिद्ध हुआ (अयम्) द्विवचनमें (इदम् औ) ऐसा स्थितहै द्विवचनादिकमे (त्यदादेरेरःस्यादौ) इसकर इदम् शब्दके टिसंज्ञक अमके स्थानमें अकार करने पर (इद औ) ऐसा स्थित हुआ ॥

दस्य मः ।

दस्य–मः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) त्यदादीनां दकारस्य मत्वं भवति स्यादौ परे । इमौ । सर्वादित्वात् । जसी । इति ईकारः । इमे । त्यदादीनां धेरभावः । इमम् । (१) इमौ । इमान् ।

भाषार्थ–त्यदादिकोके दकारको मकार होय स्यादिक परहुए संते भाव यहहै कि, सर्वादिकोमे जो त्यद् आदिक शब्दहैं उनके दकारके स्थानमे मकार होय स्यादिक समस्त विभक्तिवचन परहुए संते जैसे त्यदादिक इदम् शब्द है इसकारण (इद औ) इसमे दकारके स्थानमे मकार किया क्योंके, स्यादिक सम्बन्धी औ विभक्तिवचन परमे विद्यमानहै तब रूप हुआ (इम औ) फिर (ओ औ औ) इसकर सिद्धहुआ (इमौ) इसीप्रकार बहुवचनमे (त्यदादेरेरः स्यादौ) (दस्यमः) इनकर अकार और मकार करनेपर सर्वादिक होनेसे (जसी) इस सूत्रकर ईकार किया फिर (अइए) इसकर सिद्ध हुआ (इमे) त्यदादिक शब्दोको धिका अभाव होताहै । और द्वितीयामे (इमम्) (इमौ) (इमान्) तृतीया एकवचनमे (इदम् आ) ऐसा स्थित है ॥

अन टौसोः ।

अन–टौसोः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) इदमोऽनादेशो भवति टौ सोः परयोः । टेन । अनेन ।

भाषार्थ–इदम् शब्दको अन आदेश होय टा और ओस् विभक्तिवचन परहुए संते जैसे (इदम् आ) इसमे इदम् शब्दसे परे टाका शुद्ध रूप ण् विद्यमान

---

(१) द्वितीयाया टौसोश्च परयो इदमशब्दस्य एन आदेशो भवति । इति पाणिनीय । भाषार्थ–द्वितीया विभक्तिमे और टा और ओस् परहुए संते इदम् शब्दको एन आदेश होय यह पाणिनीय ग्रंथमें लिखाहै जैसे । एनम् । एनौ । एनान् । एनेन । एनयोः । इति ॥

है इसकारण गुरु आदेश होनेसे समस्त इदम् शब्दके स्थानमें अन आदेश करने-पर रूप हुआ (अन आ) फिर (टेन) इसकर टाके शुद्धरूप आके स्थानमें इन करनेसे (अइए) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (अनेन) द्विवचनमें (इदम् भ्याम्) ऐसा स्थितहै ॥

स्भ्यः ।

स्भि–अः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) इदमः सकारे भकारे च परे अकारो भवति कृत्स्नस्य । अद्भि । इत्यात्वम् । आभ्याम् ।

भाषार्थ–समग्र इदम् शब्दको अकार होय सकार और भकार परहुए संते जैसे (इदम् भ्याम्)इसमें इदम् शब्दसे परे भ्यां विभक्ति वचनका भकार विद्यमानहै इसकारण समग्र इदम् शब्दके स्थानमें अकार करनेसे (अद्भि) इस सूत्रकर आ किया तब रूप सिद्धहुआ (आभ्याम्) बहुवचनमें (इदम् भिस्) ऐसा स्थितहै इसमें (स्भ्यः) इस सूत्र-कर इदम् शब्दके स्थानमें अकार करनेसे रूप हुआ (अ भिस्) फिर ॥

भिस् भिस् ।

भिस्–भिस् । द्विपदमिद सूत्रम् (वृत्तिः) इदमदसोर्भिस् भिसेव भवति । न भकारस्याकारः । एभि बहुत्वे । एभिः । अस्मै । आभ्याम् । एभ्यः । अस्मात् । आभ्याम् । एभ्यः । अस्य । अनयोः । एषाम् । अस्मिन् । अनयोः । एषु । किम् शब्दस्य (त्यदादेष्टेरः स्यादौ) इत्यकारे कृते सर्व-शब्दवद्रूपं ज्ञेयम् । कः । कौ । के । कम् । कौ । कान् । केन । काभ्याम् । कै । कस्मै । काभ्याम् । केभ्यः । कस्मात् । काभ्याम् । केभ्यः । कस्य । कयोः । केषाम् । कस्मिन् । कयोः । केषु ।

भाषार्थ–इदम् और अदस् सम्बन्धी जो तृतीया बहुवचन भिस् सो भिस् ही होय। यहां भिसको भिस् करना (स्भ्यः) इस सूत्रकर अकारके निषेधके अर्थ है इसीको कहतेहैं कि (स्भ्यः) इस सूत्रकर भकारको अकार नहीं होय । किन्तु (एभ्यिबहुत्वे) इसकर अकारके स्थानमें एकार होय जैसे (अ भिस) इसमें इदम् सम्बन्धी भिस्है इसकारण (स्भ्यः) इस सूत्रकर भकारके स्थानमें अकार नहीं हुआ किन्तु (एभ्यिब-हुत्वे) इसकर अकारके स्थानमें एकार करनेसे (सोर्विसर्गः) इसकर सिद्ध हुआ (एभिः) चतुर्थी एकवचनमें (इदम् ए) ऐसा स्थितहै (त्यदादेष्टेरः स्यादौ) इसकर इदम् शब्दकी टिसंज्ञाके स्थानमें अकार करनेपर (सर्वादेः स्मट्) इसकर स्मट् आगम

करनेसे रूप हुआ (इदस्मए) फिर (स्म्यः) इसकर समग्र इदम् शब्दके स्थानमें अकार करनेपर (एऐऐ) इसकर सिद्ध हुआ (अस्मै) द्विवचनमें पूर्ववत् (आभ्याम्) बहुवचनमें (स्म्यः) इसकर इदम् शब्दको अकार आदेश करनेपर (एस्मिबहुत्वे) इसकर सिद्ध हुआ (एभ्यः) पंचमीके एकवचनमें (त्यदादेष्टेरःस्यादौ) इसकर इदम् शब्दकी टिको अकार करनेपर (ङसिरत्) इसकर ङसिके स्थानमें अत् किया फिर (अतः) इसकर स्मट् आगम करनेसे (स्म्यः) इसकर इदम् शब्दके स्थानमें अकार किया तब रूप हुआ (अस्मदत) फिर (सवर्णेदीर्घः सह) इसकर सिद्ध हुआ (अस्मात्) द्विवचन बहुवचनमें चतुर्थीके द्विवचन बहुवचनवत् रूप जानने । षष्ठी एकवचनमें (त्यदादेष्टेरः स्यादौ) इसकर टिको अकार करनेपर (ङस्य) इसकर ङसके स्थानमें स्य किया फिर (स्म्यः) इसकर इदम् शब्दको अकार करनेसे रूप सिद्ध हुआ (अस्य) द्विवचनमें (अनटौसोः) इसकर इदम् शब्दको अन आदेश करनेपर (ओसि) इसकर सिद्ध हुआ (अनयोः) बहुवचनमें (त्यदादेष्टेरः स्यादौ) इसकर इदम् शब्दकी टिको अकार करनेपर (सुडामः) इसकर आमको सुट् आगमकिया फिर (स्म्यः) इसकर इदम् शब्दको अकार करनेपर (एस्मिबहुत्वे) इसकर एकार किया फिर (किलात्पः सःकृतस्य) इसकर सिद्ध हुआ (एषाम्) सप्तमी एकवचनमें (त्यदादेष्टेरःस्यादौ) इसकर टिको अकार करनेपर (ङिस्मिन्) इसकर ङिके स्थानमें स्मिन् आदेश किया फिर (स्म्यः) इसकर इदम् शब्दको अकार आदेश करनेपर रूप सिद्ध हुआ (अस्मिन्) द्विवचनमें षष्ठी द्विवचनवत् (अनयोः) सप्तमी बहुवचनमें (स्म्यः) इसकर इदम् शब्दको अकार करनेपर (एस्मिबहुत्वे) इसकर एकार किया फिर (किलात्पःसःकृतस्य) इसकर सिद्ध हुआ (एषु) किम् शब्दः (त्यदादेष्टेरःस्यादौ) इसकर टिको अकार करनेपर सर्व शब्दवत् रूप जानना । जैसे (कः) (कौ) (के) इत्यादि ॥

धकारान्तस्तत्त्वबुध् शब्दः । तस्य रसे पदान्ते वकारस्य (आदि जबानां झभान्तस्य झभाः स्ध्वोः) इति भकारः (वावसाने) तत्त्वभुत् । तत्त्वभुद् । तत्त्वबुधौ । तत्वबुधः । हेतत्त्वभुत् । हेतत्त्वभुद् । तत्त्वबुधम् । तत्त्वबुधौ । तत्त्वबुधः । तत्त्वबधा । तत्त्वभुद्भ्याम् । तत्त्वभुद्भिः । इत्यादि । जकारान्तः सम्राज शब्दः ।

भाषार्थ–धकारान्त तत्त्वबुध् शब्दहै उसके वकारको रस प्रत्याहार और पदान्तके विषे (आदिजबानां झभान्तस्य झभाः स्ध्वोः) इस सूत्रकर भकार होगया । प्रथमा एकवचनमें (हसेपःसेलोपः) इसकर सिका लोप करनेपर (वावसाने) इस सूत्रकर सिद्ध

हुआ (तत्त्वभुत्) (तत्त्वभुद्) द्विवचनमें (तत्त्वबुधौ) बहुवचनमे (तत्त्वबुधः) सम्बोधनमें धिके विषे (हेतत्त्वभुत्) (हे तत्त्वभुद्) द्वितीयामे (तत्त्वबुधम्) (तत्त्वबुधौ) (तत्त्वबुधः) तृतीया एकवचनमे (तत्त्वबुधा) द्विवचनमें रस प्रत्याहार सम्बन्धी भकार परे होनेसे (आदिजवानांझभान्तस्यझभाःस्ध्वो.) इसकर वकारके स्थानमे भकार कर (झवे जवाः) इसकर सिद्ध हुआ(तत्त्वभुद्भ्याम्) इसीप्रकार (तत्त्वभुद्भिः) सप्तमी बहुवचनमे वकारके स्थानमें भकारकर (खसेचपाझसानाम्) इसकर सिद्ध हुआ (तत्त्वभुत्सु) जकारान्त सम्राज् शब्दहै । प्रथमा एकवचनके विषे (सम्राज्+सि) ऐसा स्थितहै (हल्ङ्यः सेर्लोपः) इसकर सिका लोप करनेसे (सम्राज्) ऐसा स्थितहै ॥

छशषराजादेःषः ।

छशषराजादेः—षः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) छकारान्तस्य शकारान्तस्य षकारान्तस्य च राज्यज्सृज्मृज्भ्राजादेश्च षकारो भवति धातोर्झसे परे नाम्नश्च रसे पदान्ते च । षस्य षत्वं डत्वनिषेधार्थम् ।

भाषार्थ—छकारान्त और शकारान्तस्य और षकारान्त तथा राज् यज् सृज् मृज् भ्राज् आदि शब्दसे व्रश्च् भ्रस्ज् परिव्राज् । इनके अन्तवर्णको षकार होय धातुसे झस प्रत्याहार परहुए संते और नाम सज्ञक शब्दसे रस प्रत्याहार परे संते और पदान्तके विषे भाव यह है कि, इन धातुओसे यदि झस प्रत्याहार परे होवै तो इनधातुओंके अन्तवर्णके स्थानमे षकार होय और इन्ही क्विवादि प्रत्ययान्त नामसंज्ञक शब्दोमे रस प्रत्याहार परे होवै या पदान्तहोवै तो भी इनके अन्तवर्णके स्थानमें षकार होय । षकारको जो कि, षकारका करनाहै वह डकारके निषेधके अर्थहै अर्थात् षकारके स्थानमे षकार करने पर (षोडः) इस सूत्रकर डकार नही होनाहै परन्तु जो कि, षकारको षकारका करना डकारके निषेधार्थ है सोभी (द्वेष्टि) इत्यादिके विषेही जानना, न कि सब जगह । जैसे प्रथमा एकवचनमें (सम्राज्) ऐसा स्थित रहाहै इसमें क्विप् प्रत्ययान्त नाम संज्ञक राज् शब्दके अन्त वर्ण जकारके स्थानमें षकार किया क्योकि सि विभक्तिका लोप होनेसे पदान्त विद्यमानहै तब रूप हुआ (सम्राष्)

षोडः । (१)

षः—डः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) षकारस्य डत्वं भवति धातोर्झसे

---

(१) कोई आचार्य (षोडः) इस सूत्रको व्यर्थ कहतेहै क्योकि (ऋटुरषाणा मूर्द्धा) इसकर स्थान सवर्ण मानकर पदान्तके विषे (वावसाने) इसकरकेही षकारके स्थानमे टकार डकार और झकारादिकमे (झवे जवा) इसकर डकार और सुपमे (खसे चषा झसानाम्) इस कर टकारका होना कहतेहैं ।

परे नाम्नश्च रसे पदान्ते च (वावसाने) इति टकारः । डकारश्च । सम्राट् । सम्राड् । सम्राजौ । सम्राजः । हे सम्राट् । हे सम्राड् । सम्राजम् । सम्राजौ । सम्राजः । सम्राजा । सम्राड्भ्याम् । सम्राड्भिः । इत्यादि एवं विराजादयः ।

भाषार्थ–षकारको डकार होय धातुसे झस प्रत्याहार पर हुए संते और नामसंज्ञक रस प्रत्याहार पर हुए संते तथा पदान्तके विषे । जैसे किए प्रत्यायान्त नामसंज्ञक सम्राष् शब्दसे परे पदान्त विद्यमानहै इसकारण सम्राष् शब्दके षकारके स्थानमें डकार करने पर (वावसाने) इसकर रूप सिद्ध हुआ (सम्राट्) (सम्राड्) द्विवचनमे (सम्राजौ) बहुवचनमे (सम्राजः) सम्बोधनमे (हे सम्राट्) (हे सम्राड्) (हे सम्राजौ) (हे सम्राजः) द्वितीयामे (सम्राजम्) (सम्राजौ) (सम्राजः) तृतीया एकवचनमे (सम्राजा) द्विवचनमे रस प्रत्याहार सम्बन्धी भकार पर होनेसे (छशषराजादेः षः) इसकर जकारके स्थानमे षकार करने पर (षोडः) इसकर डकार किया तब रूप सिद्ध हुआ (सम्राड्भ्याम्) बहुवचनमे इसीप्रकार सिद्ध हुआ (सम्राड्भिः) इत्यादि । और सप्तमी बहुवचनमे (छशषराजादेः षः) इसकर जकारके स्थानमे षकार करने पर (षोडः) इसकर डकार किया फिर (खमे चषा झसानाम्) इसकर टकार होकर सिद्ध हुआ (सम्राट्सु) (१) इसीप्रकार (विराज् देवेज् विश्वसृज् परिमृज् विभ्राज् परिव्राज् तरुवृश्च् यवभृज्ज् इत्यादिक क्विप् प्रत्ययान्त शब्द साधने योग्यहै । जैसे (विराट् । विराड्) (विराजौ) (विराजः) (विराड्भ्याम्) (विराट्सु) (देवेट्) (देवेड्) (देवेजौ) (देवेजः) तृतीया द्विवचनमे (देवेड्भ्याम्) सप्तमी बहुवचनमे (देवेट्सु) (विश्वसृट् विश्वसृड्) (विश्वसृजौ) (विश्वसृजः) तृतीया द्विवचनमें (विश्वसृड्भ्याम्) सप्तमी बहुवचनमें (विश्वसृट्सु) (तरुवृट्) (तरुवृड्) (तरुवृश्चौ) (तरुवृश्चः) तृतीया द्विवचनमें (तरुवृड्भ्याम्) सप्तमी बहुवचनमें (तरुवृट्सु) (यवभृट्) (यवभृड्) (यवभृज्जौ) (यवभृज्जः) तृतीया द्विवचनमे (यवभृड्भ्याम्) सप्तमी बहुवचनमे (यवभृट्सु) और अन्य जानने (भृमृशुद् वलिभुज् हुतभुज् वणिज् भिषज् अश्वयुज्) आदिकमे (चोः कुः) इस सूत्रकर जकारके स्थानमे ककार कर रूप साधने योग्य है । और (क्रोञ्च्) इसमें (दिशोंकः) इस सूत्रकर जकारके स्थानमे ककार कर रूप साधने योग्य हैं ॥

---

(१) क्वचिदपदान्तेपि पदान्तताश्रयणीया।इसकर इत्यादि प्रयोगोमे पदान्त मानकर (खरित्यादि) इस सूत्रकर षकार नही हुआ इति ॥

दकारान्तास्त्यद्तद्यद्एतद्शब्दाः । एतेषां (त्यदादेष्टेरः स्यादौ) इत्यकारे कृते सर्वत्र सर्वशब्दवद्रूपं ज्ञेयम् ।

भाषार्थ–दकारान्त त्यद्–तद्–यद्–एतद्–शब्द हैं इनकी टिको (त्यदादेष्टेर स्यादौ) इसकर अकार करनेपर सब जगह सर्वशब्दवत् रूप जानने चाहिये । जैसे प्रथमा एकवचनमें (त्यद् सि) ऐसा स्थित है इसमें त्यद्के टिसंज्ञक अद्के स्थानमें (त्यदादेष्टेरः स्यादौ) इसकर ककार किया तब रूप हुआ (त्य सि) ॥

स्तः ।

स्–तः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) त्यदादेस्तकारस्य सौपरे सत्वं भवति । स्यः । त्यौ । त्ये । त्यम् । त्यौ । त्यान् । त्येन । त्याभ्याम् । त्यैः । त्यस्मै । इत्यादि । सः । तौ । ते । यः । यौ । ये । एषः । एतौ । एते । एतदोऽन्वादेशे द्वितीयाटौस्स्वेनो वा वक्तव्यः । एतम् । एनम् । एतौ । एनौ । एतान् । एनान् । एतेन । एनेन । एतयोः । एनयोः ।

भाषार्थ–त्यदादिकोंके तकारको सि विभक्ति वचन पर हुए संते सकार होय जैसे (त्य सि) इसमें त्यद् शब्दसे परे सिविभक्ति विद्यमान है इसकारण त्यके तकारके स्थानमें सकार कर (सोर्विसर्गः) इसकर सिद्ध हुआ (स्यः) द्विवचनादिकमें (त्यदादेष्टेरःस्यादौ) इसकर टिको अकार कर सर्वशब्दवत् रूप करने चाहिये जैसे (त्यौ) (त्ये) (त्यम्) (त्यौ) (त्यान्) (त्येन) (त्याभ्याम्) (त्यैः) (त्यस्मै) इत्यादिक और तद् शब्दमें भी (त्यदादेष्टेरः स्यादौ) इसकर टिके स्थानमें अकार कर प्रथमा एकवचनमें (स्तः) इसकरके तकारके स्थानमें सकार करनेपर (सोर्विसर्गः) इसकर सिद्ध हुआ (सः) द्विवचनमें (तौ) बहुवचनमें (ते) इत्यादि रूप सर्ववत् साधने योग्य है और (यद्) शब्दमें भी (त्यदादेष्टेरः स्यादौ) इसकर टिका अकार कर सर्वशब्दवत रूप जानना जैसे (यः) (यौ) (ये) इत्यादिक । और एतद् शब्दमें (त्यदादेष्टेरः स्यादौ) इसकर टिको अकार कर (स्तः) इसकर प्रथमा एकवचनमें तकारके स्थानमें सकार करनेपर (किलान्वः सः कृतान्त्य) इसकर रूप सिद्ध हुआ (एषः) द्विवचनमें (एतौ) बहुवचनमें (एते) और द्वितीया एकवचनमें (त्यदादेष्टेरः स्यादौ) इसकर टिके स्थानमें अकार करनेपर रूप हुआ (एत अम) एतद् शब्दको अन्वादेशमें (१)

(१) उक्तस्य [illegible]न कथनमन्वादेशः । अर्थ–कहेहुएका फिर दूसरी बार जो कहना है वह अन्वादेश कहाताहै । यथा–पश्चात्तापार्थात् पुत्र पश्चात्पश्च [illegible]

द्वितीया विभक्ति और टा और ओस् पर हुए संते एन आदेश विकल्प करके वक्तव्यहै । इसकर एक जगह एन आदेश करनेपर (अम्शसोरस्य) इसकर सिद्ध हुआ (एनम्) और जहा एन आदेश नहीं हुआ तहां रूप हुआ (एतम्) इसीप्रकार द्विवचन बहुवचनमें रूप सिद्ध हुए (एनौ) (एतौ) (एनान्) (एतान्) इसी प्रकार तृतीया एकवचनमें (एनेन) (एतेन) और षष्ठी सप्तमीके द्विवचनोंमें (एनयोः) (एतयोः) अन्यविभक्ति वचनोंमें सर्वशब्दवत् रूप जाननेयोग्यहै और अन्य दकारान्त (बलभिद्–दिविषद्–सर्वविद्–सुहृद्) आदिक शब्द इसप्रकार साधने योग्य हैं । जैसे प्रथमा एकवचनमें (वावसाने) इसकर (बलभित्–बलभिद्) द्विवचनमें (बलभिद्भौ) बहुवचनमें (बलभिदः) तृतीया द्विवचनमें (बलभिद्भ्याम्) सप्तमी बहुवचनमें (खसेचपाञ्झसानाम्) इसकर दकारके स्थानमें तकार करनेसे रूप सिद्ध हुआ (बलभित्सु) और भी दकारान्त इसी प्रकार जानने योग्यहैं ।

छकारान्तस्तत्त्वप्राछ्शब्दः । तत्त्वप्राट् । तत्त्वप्राड् । तत्त्वप्राच्छौ । तत्त्वप्राच्छः । इत्यादि । थकारान्तः अग्निमथ् शब्दः । वावसाने । चषाजबाश्च । अग्निमत् । अग्निमद् । सम्बोधनेऽप्येवम् । अग्निमथौ । अग्निमथः । अग्निमथम् । अग्निमथौ । अग्निमथः । अग्निमथा । अग्निमद्भ्याम् । इत्यादि । चकारान्तः प्रत्यच्शब्दः (अंचेः पुंसि पंचसु नुमागमो वक्तव्यः) प्रत्यन् ङसि । इतिस्थिते । (स्तोः श्चुभिःश्चुः) इति चुत्वेन जकारः (नश्चोगान्तस्य लोपः) ।

भाषार्थ–छकारान्त तत्त्वप्राछ् शब्द है । प्रथमा एकवचनमें (तत्त्वप्राछ् सि) ऐसा स्थित है इसमे हसान्तसे परे सि विद्यमान है इसकारण (हसेपः सेर्लोपः) इसकर सिका लोप करनेसे रूप हुआ (तत्त्वप्राछ्) इसमे छकारान्त तत्त्वप्राछ् शब्दसे परे पदान्त विद्यमानहै इसकारण (छशषराजादेः षः) इसकरके अन्तवर्ण छकारके स्थानमे षकार करनेसे रूप हुआ (तत्त्वप्राष्) फिर (षोडः) इसकर षकारके स्थानमे डकार कर (वावसाने) इसकर सिद्ध हुआ (तत्त्वप्राट्–तत्त्वप्राड्) द्विवचनमे (तत्त्वप्राच्छौ) बहुवचनमे (तत्त्वप्राच्छः) तृतीया द्विवचनमे रस प्रत्याहार सम्बन्धी मकार पर होनेसे (छशषराजादेः षः) इसकर छकारके स्थानमें षकार कर (षोडः) इसकर डकार करनेसे रूप सिद्ध हुआ (तत्त्वप्राड्भ्याम्) सप्तमी बहुवचनमे (छशषराजादेः षः) इसकर षकार करनेपर (षोडः) इसकर डकार कर (खसेचपाञ्झसानाम्) इसकर सिद्ध हुआ (तत्त्वप्राट्सु) थकारान्त अग्निमथ् शब्द है प्रथमा एकवचनमे (वावसाने) इसकर थकारके स्थानमे दकार और तकार कर रूप सिद्ध हुआ (अग्निमत्–अग्नि-

मद्) सम्बोधनमें धिं विषयमे भी इसी प्रकार हुआ द्विवचनमे (अग्निमथौ) बहुवचनमें (अग्निमथः) द्वितीयामे (अग्निमथम्) (अग्निमथौ) (अग्निमथः) तृतीया एकवचनमें (अग्निमथा) द्विवचनमे (झबेजबाः) इसकर थकारके स्थानमें दकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (अग्निमद्भ्याम्) बहुवचनमे (अग्निमद्भिः) सप्तमी बहुवचनमे (खसे-चपाझसानाम्) इसकर थकारके स्थानमे तकार कर रूप सिद्ध हुआ (अग्निमत्सु) चकारान्त प्रत्यच् शब्द है प्रथमा एकवचनमे (प्रत्यच् सि) ऐसा स्थित है । अंचु-धातुको स्यादिक पंच वचनोंमे नुम् आगम वक्तव्य है भाव यह है कि, अंचु धातुके क्विप्प्रत्ययान्त शब्दको नुम् आगम स्यादिक पंचवचनोमे होय इसकर प्रतिपूर्व अच् शब्दको नुम् आगम किया तो वह आगम मित् होनेसे अकारके परे हुआ । आगममे उकार उच्चारणार्थ है तब रूप हुआ (प्रत्यन् च् सि) फिर (स्तोः श्चुभि श्चुः) इसकर चवर्गके योगसे नकारके स्थानमे ञकार करनेपर रूप हुआ (प्रत्यञ्च् सि) फिर (हल्ङ्याप्भ्यः सिलोपः) इसकर सिका लोप करनेपर पदान्त होनेसे (संयोगान्तस्य लोपः) इसकर संयोगसंज्ञक ञकार चकारके अन्त चकारका लोप करनेसे रूप हुआ (प्रत्यञ्) फिर ॥

चोः कुः ।

चोः—कुः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) चवर्गस्य कवर्गादेशो भवति धातोर्झमे परे नाम्नश्चरसे पदान्ते च यथासंख्येन । प्रत्यङ् । प्रत्यञ्चौ । प्रत्यञ्चः । प्रत्यञ्चम् । प्रत्यञ्चौ ।

भाषार्थ—चवर्गको कवर्ग आदेश होय यथाक्रमकर धातुसे झस प्रत्याहार पर हुए सते और नामसे रस प्रत्याहार पर हुए सते। भाव यह है कि, धातुके चवर्गसे परे झस प्रत्याहार होवे तो उस धातुके चवर्गके स्थानमें क्रमानुसार कवर्ग होय और नामके चवर्गसे परे रस प्रत्याहार वा पदान्त होवे तो उस नामके चवर्गके स्थानमे क्रमानुसार कवर्ग होय जैसे (प्रत्यञ्च) इसमे नामके चवर्गसे परे पदान्त विद्यमानहै इसकारण चवर्गसम्बन्धी ञकारके स्थानमें क्रमानुसार कवर्गसम्बन्धी ङकार करनेसे रूप सिद्ध हुआ (प्रत्यङ्) (१) द्विवचनमे (अंचेः पुंसि पञ्चसु नुमागमो वक्तव्यः) इस कर

(१) प्रत्यङ् । यहाँपर कोई आचार्य (स्तो श्चुभिः श्चुः) इसकर नकारके स्थानमे ञकारका करना नहीं योग्य समझते है क्योंकि, (संयोगान्तस्य लोपः) इसकर चकारका लोप करनेपर (स्तो श्चुभिः श्चुः) इसकर पूर्वकिया हुआ जो नकारके स्थानमे ञकार है उसको । नकार हो फिर जातारहै क्योंकि, (निमित्ताभावे नैमित्तिकस्याप्यभावः) अर्थ निमित्तके अभाव होनेपर नैमित्तिककाभी अभाव होजाताहै तिससे (चोः कुः) यह सूत्रभी नहीं प्राप्त होसक्ता किन्तु (प्रत्यन्) ऐसाही सिद्ध होता है इति ॥

नुम् आगम करनेपर (स्तोःश्चुभिःश्चुः) इसकर चवर्गसम्बन्धी चकारका योग होनेसे नकारके स्थानमे ञकार किया तब रूप सिद्धहुआ (प्रत्यञ्चौ) इसीप्रकार बहुवचनमें सिद्ध हुआ (प्रत्यञ्चः) द्वितीयाके एकवचन द्विवचनमें इसीप्रकार रूप सिद्ध हुआ (प्रत्यञ्चम्) (प्रत्यञ्चौ) बहुवचनमें स्यादिक पंचवचनसम्बन्धी वचन न होनेसे नुम् आगम तो हुआ नहीं किन्तु प्रथम (प्रत्यच् अस्) ऐसा स्थित हुआ ॥

अंचेरलोपो दीर्घश्च ।

अंचेः—अलोपः—दीर्घः—च । चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अञ्चतेरलोपो भवति पूर्वस्य च दीर्घः शसादौ स्वरेपरे तद्धिते प्रत्यये ङीपि ङीकारेचपरे। प्रतीचः। प्रतीचा । प्रत्यग्भ्याम् । प्रत्यग्भिः । एवं तिर्यंचप्रभृतयः । तिर्यङ् । तिर्यञ्चौ । तिर्यञ्चः । तिर्यञ्चम् । तिर्यञ्चौ ।

भाषार्थ—अंचु धातुके अकारका लोप होय और उस अंचु धातुके पूर्ववर्ती स्वरको दीर्घ होय शसादिक स्वर पर हुए सते तथा तद्धित प्रत्यय और ङीप तथा नपुंसकलिङ्गके प्रथमा द्वितीया द्विवचनसम्बन्धी ङीकार पर हुए सते जैसे (प्रत्यच् अस्) इसमें अंचु धातुके क्विप् प्रत्ययान्त अच् शब्दसे परे शसका शुद्ध रूप अस् विद्यमानहै इसकारण अंचु धातुके क्विप्प्रत्ययान्त अच् शब्दके लोप करनेसे रूप हुआ (प्रत्यच् अस्) प्रथम इके स्थानमे यकार होनेका निमित्त अच् शब्दका अकार था उसका जब लोप होगया तो निमित्तके किये कार्य इके स्थानमे यकारके होने रूपका भी अभाव होगया अर्थात् फिर यकारके स्थानमे इ होगया तब रूप हुआ (प्रति च् अस्) अब इसमें अंचु धातुके क्विप् प्रत्ययान्त अच् शब्दसे पूर्ववर्त्ती स्वर प्रति शब्दका इकारहै इसकारण इकारके स्थानमें ईकार कर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) (स्वार्विसर्गः) इसकर सिद्धहुआ (प्रतीचः) तृतीया एकवचनमे इसीप्रकार सिद्धहुआ (प्रतीचा) द्विवचनमे (चोःकुः) इसकर चकारके स्थानमे ककार कर (झषे जशः) इसकर सिद्ध हुआ (प्रत्यग्भ्याम्) और सप्तमी बहुवचनमे (चोःकुः) इसकर ककार कर (क्षि-लात्पः सःकृतस्य) इसकर सकारके स्थानमें षकार किया फिर (कषसंयोगे क्षः) इसकर क्षकार करनेपर रूप सिद्धहुआ (प्रत्यक्षु) और जहाँ क्विबादि प्रत्ययमे पूजार्थ अंचु धातुके नकारका लोप नहीं होताहै तहाँ (प्राङ्) (प्राञ्चौ) (प्राञ्चः) (प्राञ्चम्) (प्राञ्चौ) (प्राञ्चः) (प्राञ्चा) (प्राङ्भ्याम्) (प्राङ्भिः) इत्यादिक रूप जानने । इसीप्रकार तिर्यच् प्रभृति शब्दसे ऊदच् सध्यच् सम्यच् शब्द स्यादिक पाच वचनोमे साधनेयोग्य हैं जैसे (तिर्यङ्) (तिर्यञ्चौ) (तिर्यञ्चः) (तिर्यञ्चम्) (तिर्यञ्चौ) और द्वितीया बहुवचनमे (तिर्यच् अस्) ऐसा स्थितहै ॥

तिरश्चादयः ।

तिरश्चौदयः । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) तिरश्चादयो निपात्यन्ते शसादौ स्वरेपरे तद्धिते ईपि ईकारे च । तिरश्चः । तिरश्चा । तिर्यग्भ्याम् । एवं । उदङ् । उदञ्चौ । उदञ्चः । उदञ्चम् । उदञ्चौ । उदीचः । उदीचा । उदग्भ्याम् । सम्यङ् । सम्यञ्चौ । सम्यञ्चः । सम्यञ्चम् । सम्यञ्चौ । समीचः । समीचा । सम्यग्भ्याम् । इत्यादि ।

भाषार्थ-तिरश्चादिक निपातसे सिद्ध होतेहैं शसादिक स्वर और तद्धित प्रत्यय और ईप् तथा ईकार पर हुए सते । भाव यह है कि, (तिर्यच् । उदच् । सम्यच् सम्रच्) इन शब्दोंको यथाक्रमसे (तिरश्च् । उदीच् । सध्रीच् । समीच्) यह आदेश निपातसे सिद्ध होतेहैं शसादि स्वर परे संते और तद्धित प्रत्यय तथा ईप् और ईकार पर हुए संते जैसे (तिर्यच् अस्) इसमें तिर्यच् शब्दसे शसका शुद्धरूप अस् विद्यमानहै इसकारण तिर्यच् शब्दके स्थानमें तिरश्च् आदेश करनेपर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) (स्तोर्विसर्गः) इनकर सिद्ध हुआ (तिरश्चः) तृतीया एकवचनमें (तिरश्चा) द्विवचनमें (चोःकुः) इसकर चकारके स्थानमें ककार करनेपर (झषेजषाः) इसकर सिद्ध हुआ (तिर्यग्भ्याम्) और सप्तमीबहुवचनमें (चोः कुः) इसकर चकारके स्थानमें ककार करनेपर(किलास्पः सः कृतस्य) इसकर सकारके स्थानमें षकार किया फिर (कषसंयोगेक्षः) इसकर क्ष करनेसे रूप सिद्ध हुआ (तिर्यक्षु) इसीप्रकार (उदङ्) (उदञ्चौ) (उदञ्चः) (उदञ्चम्) (उदञ्चौ) (उदीचः) (उदीचा) (उदग्भ्याम्) इत्यादि । (सम्यङ्) (सम्यञ्चौ) (सम्यञ्चः) (सम्यञ्चम्) सम्यञ्चौ) (समीचः) (समीचा) (सम्यग्भ्याम्) इत्यादि । (सध्यङ्) (सध्यञ्चौ) (सध्यञ्चः) (सध्यञ्चम्) (सध्यञ्चौ) (सध्रीचः) (सध्रीचा) (सध्यग्भ्याम्) इत्यादि ॥

तकारान्तो मरुत् शब्दः । वावसाने । मरुत् । मरुद् । मरुतौ । मरुतः । मरुतम् । मरुतौ । मरुतः । मरुता । मरुद्भ्याम् । मरुद्भिः । इत्यादि । एवमग्निचित्प्रभृतयः । अग्निचित् । अग्निचिद् । अग्निचितौ । अग्निचितः । इत्यादि तकारान्त उकारानुबन्धो महत् शब्दः ।

भाषार्थ-तकारान्त मरुत शब्दहै । प्रथमा एकवचनमें (वावसाने) इसकर तकारके स्थानमें तकार दकार करनेसे रूप सिद्ध हुआ (मरुत्-मरुद्) द्विवचनमें

(मरुतौ) बहुवचनमें (मरुतः) द्वितीयामें (मरुतम्) (मरुतौ) (मरुतः) तृतीयामें (मरुता) (मरुद्भ्याम्) (मरुद्भिः) इत्यादिक । इसीप्रकार अग्निचित् आदिक शब्द साधनेयोग्यहैं जैसे (अग्निचित्) (अग्निचिद्) (अग्निचितौ) (अग्निचितः) इत्यादि । तकारान्त उकारानुबन्ध महत् शब्दहै । प्रथमा एकवचनमें (महत्सि) ऐसा स्थितहै ॥

ऋितो नुम् ।

६ १ ११
ऋितः—नुम् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) उकानुबन्धस्य ऋकारानुबन्धस्य नुमागमो भवति पुंसि विषये पञ्चसु परेषु ।

भाषार्थ—उकारहै अनुबन्ध (१) अर्थात् इत् जिसका और ऋकारहै अनुबन्ध जिसका ऐसे शब्दको नुम् आगम होय पुँल्लिंग विषयमें स्यादिक पांचवचन परहुए संते जैसे (महत् सि) इसमे उकारानुबन्ध महत् शब्दसे पुँल्लिंगमे सिविभक्ति वचन परमे विद्यमानहै । इसकारण महत् शब्दको नुमूका आगम किया तो वह आगम मित् होनेसे महत् शब्दके अन्त्यस्वर अकारसे परे हुआ आगममें उकार उच्चरणार्थ है तब रूप स्थित हुआ (महन्त्सि) फिर ॥

न्सम्महतोऽधौ दीर्घः शौ च ।

६ १ ७ १ १ १ ५१ अ०
न्सम्महतः—अधौ—दीर्घः—शौ—च । पंचपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) न्सन्तस्य अप्शब्दस्य महत्शब्दस्य च दीर्घो भवति पंचसु। धिवर्जितेषु शौपरेच । महान् महान्तौ । महान्तः । हे महन् । महान्तम् । महान्तौ । महतः । महता । महद्भ्याम् । महद्भिः । इत्यादि । उकारानुबन्धो भवच्छब्दः ।

भाषार्थ—न्सन्त शब्द और अप् शब्द और महत् शब्दको दीर्घ होय धिवर्जित स्यादिक पंचवचन और शि परहुए संते । भाव यहहै कि, नुमागमसहित सकारान्त शब्दके और जलवाची अप् शब्दके और उकारानुबन्ध महत् शब्दके अन्त्यस्वरको दीर्घ होय पुल्लिङ्गमे धिवर्जित स्यादिक पांचवचन परहुए संते और नपुंसकलिङ्गमे शिपरेहुएसंते जैसे (महन्त्सि) इसमे महत् शब्दसे परे सिविभक्तिवचन विद्यमानहै इसकारण महत् शब्दके अन्त्यस्वर हकार उत्तरवर्ती अकारको दीर्घ करनेसे रूप हुआ (महान्त् सि) फिर (हसेपः सेर्लोपः) इसकर सिका लोप करनेपर (संयोगान्तस्यलोपः) इसकर तकारका लोप किया तब रूप सिद्ध हुआ (महान्) द्विवचनमें

(१) उच्चारितप्रध्वसीद्यनुबन्ध । अर्थ—जो किसी कार्यके अर्थ उच्चारण होकर लोप होजातीहै वह अनुबन्ध कहातीहै । इति ॥

(त्रितोनुम्) इसकर नुम् आगम करनेपर (नसम्महतोऽधौ दीर्घः शौ च) इसकर महत् शब्दके अन्त्यस्वरको दीर्घ किया तब रूप सिद्ध हुआ (महान्तौ) इसीप्रकार बहुवचनमें रूप सिद्ध हुआ (महान्तः) और सम्बोधनमें सिकी विसर्ज्जा करनेपर (त्रितोनुम्) इसकर नुम् आगम किया फिर (नसम्महतोऽधौ दीर्घः शौच) इस सूत्रकी प्राप्ति तौ हुई नही क्योंकि, वृत्तिमें धिवर्जित पांच वचनोंके विषे ही दीर्घ होना कहाहै तब (हसेपःसेर्लोपः) और (संयोगान्तस्य लोपः) इनकर सिद्ध हुआ (हे महन्) द्विवचनमें (हे महान्तौ) बहुवचनमें (हे महान्तः) द्वितीयाके एकवचन द्विवचनमें सिद्ध हुआ (महान्तम्) (महान्तौ) और बहुवचनमें स्यादि पंचवचन सम्बन्धी वचन न होनेमें (त्रितोनुम्) तथा (नसम्महतोऽधौ दीर्घः शौच) इन दोनों सूत्रोंकी प्राप्ति हुई नही तब रूप सिद्ध हुआ(महतः) तृतीया एकवचनमें (महता) द्विवचनमें (झेर्जसः) इसकर नकारके स्थानमें दकार होकर रूप सिद्ध हुआ (महद्भ्याम्) बहुवचनमें (महद्भिः) इत्यादि इसीप्रकार साधने योग्यहैं । उकारानुबन्धो भवच्छब्दः । प्रथमा एकवचनमें (भवत् सि) ऐसा स्थितहै इसमें भवत् शब्द उकारानुबन्धहै इसकारण भवत् शब्दको नुम् आगम किया तौ वह आगम अन्त्य स्वर वकार उत्तरवर्ती अकारमें परे हुआ तब रूप स्थित हुआ (भवन्त् सि) ॥

अत्वसोः सौ ।

अत्वसोः—सौ । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अत्वन्तस्यासन्तस्य च दीर्घो भवति धिवर्जिते सौ परे । भवान् । भवन्तौ । भवन्तः । हे भवन् । भवन्तम् । भवन्तौ । भवतः । भवता । भवद्भ्याम् । भवद्भिः । इत्यादि ऋकारानुबन्धः पचत् शब्दः।तस्य नुमागम एव न दीर्घो भवति । पचन् । पचन्तौ । पचन्तः । पचन्तम् । पचन्तौ । पचतः । पचता । पचद्भ्याम् । इत्यादि । एवं ऋकारानुबन्धो भवत शब्दः ।

भाषार्थ—अत्वन्त शब्द और असन्त शब्दको दीर्घ होय धिवर्जित सि परहुए संते भाव यहहै कि, जिसका उकार अनुबन्ध होय और अन्तमें जिसके अत् विद्यमान होय तैसे शब्दके और जिसके अन्तमें अस् विद्यमान होय ऐसे शब्दके अन्त्यस्वरको दीर्घ होय सिविभक्तिमें और धिसंज्ञक सिमें नही दीर्घ होय जैसे (भवन्तसि) इसमें जो भवत् शब्द है उसमें उकारभी अनुबन्धहै और उसके अन्तमें अत्भी विद्यमानहै इसकारण भवत् शब्दके अन्त्यस्वर वकार उत्तरवर्ती अकारको दीर्घ किया तब रूप हुआ (भवा-

नतासि) फिर (हसेपः सेर्लोपः) इसकर सिका लोप करने पर (संयोगान्तस्य लोपः) इसकर तकारकाभी लोप करदिया तब रूप सिद्ध हुआ (भवान्) द्विवचनमें (त्रितोनुम्) इसकर नुम् आगम हुआ । और अन्त्यस्वरको दीर्घ हुआ नहीं क्योंकि, (अत्वसोः सौ) इसमें केवल सिविभक्ति वचनकाही ग्रहण है तब रूप सिद्ध हुआ (भवन्तौ) इसी प्रकार बहुवचनमें रूप सिद्ध हुआ (भवन्तः) और सम्बोधनमें सिकी धिसंज्ञा करने पर (त्रितोनुम्) इसकर नुम् आगम किया । और (अत्वसोः सौ) इसकर दीर्घ हुआ नहीं क्योंकि, वृत्तिमें धिसंज्ञावर्जित सिका ग्रहण है तब (हसेपःसेर्लोपः) (संयोगान्तस्य लोपः) इनकर सिद्ध हुआ (हे भवन्) द्विवचनमें (हे भवन्तौ) बहुवचनमें (हे भवन्तः) द्वितीया एकवचनमें (भवन्तम्) द्विवचनमें (भवन्तौ) बहुवचनमें स्यादिक पंचवचन सम्बन्धी वचन न होनेसे (त्रितोनुम्) इसकर नुम् आगम नहीं हुआ तब रूप सिद्ध हुआ (भवतः) तृतीयामें (भवता) (भवद्भ्याम्) (भवद्भिः) इत्यादिक । ऋकारानुबन्ध पचत् शब्द है उसको स्यादिक पंचवचनोंके विषे (त्रितोनुम्) इस करके नुम् आगमही हुआ और दीर्घ नहीं हुआ जैसे (पचन् सि) इसमें नुम् आगम करनेसे रूप हुआ (पचनतासि) फिर (हसेपस्सेर्लोपः) इसकर सिका लोपकर (संयोगान्तस्य लोपः) इसकर तकारका भी लोप करदिया तब रूप सिद्ध हुआ (पचन्) द्विवचनमें (पचन्तौ) बहुवचनमें (पचन्तः) सम्बोधनमें (हे पचन्) (हे पचन्तौ) (हे पचन्तः) द्वितीयामें (पचन्तम्) (पचन्तौ) (पचनः) द्वितीया बहुवचनमें स्यादिक पंचवचन सम्बन्धी वचन न होनेसे (त्रितोनुम्) इसकर नुम् आगम नहीं हुआ । तृतीयामें (पचता) (पचद्भ्याम्) (पचद्भिः) इसी प्रकार ऋकारानुबन्ध भवत् शब्द है । (भवन्) (भवन्तौ) (भवन्तः) इत्यादि ॥

शकारान्तो विश् शब्दः । छशषराजादेः षः । इति षत्वम् । षोडः । इति डत्वम् । वावसाने । चषाजबाभ्य । विट् । विड् । विशौ । विशः । इत्यादि षकारान्तः षष्शब्दः नित्यं बहुवचनान्तस्त्रिषु सरूपः । जश्शसोर्लुक् । षोडः । वावसाने । षट् । षड । षड्भिः । षड्भ्यः । षडभ्यः । षष् आम् । इति स्थिते । ष्णः । इति नुट् । षडनाम् । इतिस्थिते ।

भाषार्थ—शकारान्त विश् शब्द है (विश् सि) ऐसा स्थित है (हसेपः सेर्लोपः) इसकर सिका लोप करनेपर (छशषराजादेः षः) इसकर शकारके स्थानमें षकार किया । फिर (षोडः) इसकर षकारके स्थानमें डकार किया । फिर (वावसाने) इसकर चष प्रत्याहार सम्बन्धी सवर्गीयटकार और जब प्रत्याहार सम्बन्धी डकार करनेसे रूप सिद्ध हुआ (विट्) (विड्) द्विवचनमें (विशौ) बहुवचनमें (विशः)

इसभिकार अन्य विभक्ति वचनोंम जानने । और भकारादिकमें (छशषराजादेः षः) इसकर षकारकर (षोढः) इसकर ढकार किया तब रूप सिद्ध हुए (विड्भ्याम्) (विड्भिः) इत्यादिक और सप्तमी बहुवचनमें (छशषराजादेः षः) इसकर षकार (षोढः) इसकर ढकार किया फिर (खसे चपा झसानाम्) इसकर ढकारके स्थानमें टकार करनेसे रूप (विट्सु) षकारान्त षष् शब्द नित्यही बहुवचनान्त होता है और तीनों लिंगोंमें समान रूप होते हैं जैसे प्रथमा बहुवचनमें (षष् अस्) ऐसा स्थित है (जश्शसोर्लुक्) इसकर जस्के शुद्ध रूप अस्का लुक् करनेपर (षोढः) इस सूत्रकर ढकार किया । फिर (वावसाने) इसकर सिद्ध हुआ (षट्) (षड्) इसी प्रकार द्वितीया बहुवचनमे हुआ और तृतीया बहुवचनमें (षोढः) इसकर ढकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (षड्भिः) चतुर्थी पंचमीके बहुवचनमे (षड्भ्यः) (षड्भ्यः) षष्ठी बहुवचनमें (षष् अआम्) ऐसा स्थित है (ष्णः) इसकर आमको नुट् आगम करनेपर (षोढ्ः) इसकर षकारके स्थानमे थकार किया तब रूप स्थित हुआ (षड्नाम्) ॥

ष्टुणः ।

ष्टु—ण्ः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) षान्तसंख्यासम्बन्धिनो डकारस्य णत्वं भवति नामिपरे । षण्णाम् । षट्सु । क्वचिदपदान्ते पदान्तताश्रयणीया । दोषशब्दस्य भेदः ।

भाषार्थ—षकारान्त संख्या संम्बन्धी डकारको णकार होय नाम् पर हुए संते जैसे (षड्नाम्) इसमे षकारान्त संख्या सम्बन्धी डकारके स्थानमें णकार किया क्यों कि, नाम् परे विद्यमान है तब रूप स्थित हुआ (षण् नाम्) फिर (ष्टुभिः ष्टुः) इसकर नामके नकारके स्थानमें णकार करनेसे रूप सिद्ध हुआ (षण्णाम्) और सप्तमी बहुवचनमे (षोढः) इसकर षकारके स्थानमे डकार करनेपर (खसेचपाझसानाम्) इसकर डकारके स्थानमें टकार करनेसे रूप सिद्ध हुआ (षट्सु) यदि-कहो कि, इसमें (ष्टुभिः ष्टुः) इसकर सकारके स्थानमे षकार क्यों नहीं हुआ । तहाँ कहते हैं कि कहीं प्रयोगान्तरके विषे अपदान्तमें भी पदान्तता आश्रय करने योग्य है । इसकारण यहा पदान्तता मानकर (टोरन्त्यात्) इस सूत्रकर सकारके स्थानमे षकार नहीं हुआ । षकारान्त दोष् शब्दका भेद है प्रथमा एकवचनमें (दोष् सि) ऐसा स्थित है (हशेषःसलोपः) इसकर सिका लोप करनेपर स्थित हुआ रूप (दोष्) ॥

दोषां रः ।

दोषाम्-रः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) दोष्-सजुष्-आशिष्-हविष्-प्रभृतीनां षकारस्य रेफो भवति रसेपरे पदान्तेच । दोः । दोषौ । दोषः । दोषम् । दोषौ । (शसादौ स्वरे परे (१) नान्तता वा वक्तव्या) दोष्णः । दोषः । दोष्णा । दोषा । दोर्भ्या । दोर्भिः । दोष्णे । दोषे । दोर्भ्याम् । दोर्भ्यः । दोष्णः । दोषः । दोर्भ्याम् । दोर्भ्यः । दोष्णः । दोषः । दोष्णोः । दोषोः । दोष्णाम् । दोषाम् । दोष्णि । दोषि । दोष्णोः । दोषोः । दोषु । सजूः । सजुषौ । सजुषः । सजुषम् । सजुषौ । सजुषः । सजुषा । सजुषाशिषौ रसे पदान्तेच दीर्घो वक्तव्यः । सजूर्भ्याम् । सकारान्तः पुंसशब्दः ।

भाषार्थ-दोष् सजुष् आशिष् हविष् । आदिक शब्दोंके षकारको रकार होय जो रस प्रत्याहार पर होवै या पदान्त होवै तो जैसे (दोष्) इसमें दोष शब्दके षकारसे विभक्त्यन्त होनेसे पदान्त विद्यमान है इसकारण षकारके स्थानमें रकार कर (खरवसानयोर्विसर्गः) इसकर विसर्ग करनेसे रूप सिद्ध हुआ (दोः) द्विवचनमें (दोषौ) बहुवचनमें (दोषः) द्वितीया एकवचनमें (दोषम्) द्विवचनमें (दोषौ) बहुवचनमें (दोष् अस्) ऐसा स्थित है । दोष् शब्दको शसादि स्वर पर हुए संते । नान्तता विकल्प करके वक्तव्य है । भाव यह है कि, दोष् शब्दके अन्तमें न् यह आगम होय शसादिक स्वर पर हुए संते । जैसे (दोष् अस्) इसमें दोष् शब्दसे परे शसादिक स्वर सम्बन्धी अकार विद्यमान है इसकारण एकजगह दोष् शब्दके अन्तमें न् आगम करनेसे रूप हुआ (दोषन् अस्) फिर (षुनोंणोऽनन्ते) (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इन

---

(१) कोई आचार्य यहाँपर (शसादावनन्तता वावक्तव्या) ऐसा कहतेहैं अर्थ-दोष शब्दके शसादि विभक्ति मात्र पर हुए संते विकल्प करके अनन्तता वक्तव्य है भाव यहहै कि, कोई आचार्य दोष् शब्दके अन्तमें अन् आगम कहतेहैं विकल्पकरके शसादिक समस्त विभक्ति मात्र परहुएमें । जहाँ कि, स्वर विभक्तिमें अन् आगम होय तहाँ (अल्लोप स्वेरम्वयकाच्छसादौ) इसकर अकारका लोप कर (षनोंणोऽनन्ते) इसकर सिद्धहुआ (दोष्ण दोष्णा) और जहाँकि, हलादि विभक्तिमें अन् आगम होय तहाँ (नाम्नोनो लोपश्चाधौ) इसकर नकारका लोपश् करनेपर रूप सिद्ध हुआ (दोर्भ्याम्) और जहाँ अन् आगम न स्वरादिकमें होय और न हलादिकमें होय तहाँ (दोष) (दोषा) (दोर्भ्या) इत्यादि । और सप्तमी एकवचनमें अन् आगम करनेपर (वेटोपो) इसकर सिद्ध हुआ (दोष्णि) (दोष्णि) और जहाँ अन् आगम नहीं हुआ तहाँ (दोषि) सप्तमी बहुवचनमें जहाँ अन् आगमहुआ तहाँ (नाम्नोनोलोपश्चाधौ) इसकर (दोष्सु) और जहाँ अन् आगम नहीं हुआ तहाँ पूर्ववत् । इत्यलम् ॥

करके सिद्ध हुआ (दोष्णः) और जहाँ न् आगम नहीं हुआ तहाँ सिद्ध हुआ (दोषः) तृतीया एकवचनमे (दोष्णा-दोषा) द्विवचनमे (दोषांरः) इसकर षकारके स्थनमे रकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (दोभ्र्याम्) इसी प्रकार अन्य भकारादि विभक्ति वचनाम रूप जानने। और सप्तमी बहुवचनमे (दोषांरः) इसकर रकारकर (किलात्पःसः कृतस्य) इसकर सकारके स्थानमे षकार करनेसे रूप सिद्ध हुआ (दोर्षु) और कोई आचार्य यहाँपर (विसर्जनीयस्य सः) इसकर विसर्गकर (शषसेवा) इसकर विसर्गके स्थानमे षकार और विसर्ग करते हैं तब रूप सिद्ध हुआ (दोष्षु) (दोःषु)। और षकारान्त सजुष् शब्दहै । प्रथमा एकवचनमे । सजुष् सि (ऐसास्थितहै) हसेपः-सेर्लोपः) इसकर सिका लोप करनेपर (दोषांरः) इसकर पदान्त होनेसे षकारके स्थानमे रकार किया । तब रूप स्थितहुआ (सजुर्) फिर सजुष्के अन्त्यस्वर उकारको दीर्घ किया । क्योंके सजुष् और आशिष् शब्दोको दीर्घ वक्तव्य है रस प्रत्याहार पर हुए संते या पदान्तकेविषे भावयहैहै कि, सजुष् और आशिष् शब्दसे पर रस प्रत्याहार वा पदान्त होवे तो सजुष् और आशिष् शब्दके अन्त्यस्वरको दीर्घ होय । जैसे (सजुर्) इसमे सजुष्के सजुर् रूपसे पदान्त विद्यमानहै इसकारण सजुष्के अन्त्यस्वर उकारको दीर्घकर (खोर्विसर्ग) इसकर रकारके स्थानमे विसर्ग करनेसे रूप सिद्धहुआ (सजूः) द्विवचनमें (सजुषौ) बहुवचनमे (सजुषः) द्वितीयामें (सजुषम्) (सजुषौ) (सजुषः) तृतीयामे (सजुषा) द्विवचनमे (दोषांरः) इसकर रकार कर (सजुषाशिषोरसे पदान्तेच दीर्घौ वक्तव्यः) इसकर अन्त्यस्वर उकारको दीर्घ किया तब रूप सिद्ध हुआ (सजूर्भ्याम्) बहुवचनमे (सजूर्भिः) इत्यादि । सकारान्त पुंस् शब्दहै । प्रथमा एकवचनमे (पुंस्सि) ऐसा स्थितहै ॥

पुंसोऽसुङ् ।

पुंसः-असुङ् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) पुंस्शब्दस्य पंचस्वसुङादेशो भवति । ङकारोऽन्त्यादेशार्थः । उकारो नुम् विधानार्थः । पुमस्सि । इति स्थिते । त्रितोनुम् । इति नुमागमः । न्सम्महतोर्धौ दीर्घः शौच । दीर्घः । हसेपः० । इति सेर्लोपः । संयोगान्तस्य लोपः । पुमान् । पुमांसौ । पुमांसः । पुमन् । पुमांसम् । पुमांसौ । पुंसः । पुंसा । पुंभ्याम् । पुंभिः । इत्यादि ।

भावार्थ-पुंस् शब्दको असुङ् आदेश होय स्यादिक पांच वचन पर हुए संते आदेशमे ङकार अन्त्यादेशके अर्थहै और उकार नुम् आगमके विधानके अर्थ है भाव यहहै कि आदेशमें ङकार इत् होनेके कारण आदेश पुंस् शब्दके अन्त्य वर्ण सकारके स्थानमे होय और आदेशमें उकार इत् होने कारण (त्रितोनुम) इसकर नुम् आगम भी होय।

जैसे (पुंस् सि) इसमे पुंस् शब्दसे परे सि विभक्ति वचन विद्यमान है इसकारण पुंस् शब्दके अन्त्यवर्ण सकारके स्थानमे असुङ् आदेश करनेमे रूप स्थित हुआ (पुंअस सि) फिर (स्वरेमः) इसकर अटुस्वारके स्थानमे मकार करनेमे रूप स्थित हुआ (पुमस् सि) फिर (त्रितोनुम्) इसकर नुम् आगम किया क्योंकि. आदेशमे उकार नुम् विधानार्थ है तब रूप हुआ (पुमनस् सि) फिर (न्सम्महतो धौ दीर्घः शौच) इसकर न्सन्त होनेसे अन्त्यस्वर अकारको दीर्घ किया तब रूप हुआ (पुमानस्सि) फिर (हसेपः सेलोपः) इसकर सिका लोपकर (संयोगान्तस्य लोपः) इसकर रूप सिद्ध हुआ (पुमान्) द्विवचनमे असुङ् आदेशकर (त्रितो नुम्) इसकर नुम् आगम करनेपर रूप हुआ (पुमनस्औ) फिर (न्सम्महतोधौ दीर्घः शौच) इसकर अन्त्य स्वर अकारको दीर्घकर रूप हुआ (पुमानस् औ) फिर (नश्चापदान्तस्य) इसकर नकारको अनुस्वार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (पुमांसौ) इसीप्रकार बहुवचनम सिद्ध हुआ (पुमासः) द्वितीया एकवचन द्विवचनमे रूप सिद्ध हुआ (पुमांसम्) (पुमांसौ) बहुवचनमे स्यादिक पंचवचन सम्बन्धी वचन न होनेसे असुङ् आदेश नही हुआ । इसकारण रूप सिद्ध हुआ (पुंसः) तृतीया एकवचनमे (पुंभ्या) द्विवचनमे (संयोगान्तस्यलोपः) इसकर सकारका लोप करनेपर रूप सिद्ध हुआ (पुंभ्याम्) सप्तमी बहुवचनमेभी (संयोगान्तस्यलोपः) इसकर रूप सिद्ध हुआ (पुंसु)(१)सम्बोधनमे सिकी धिसंज्ञा करनेपर (न्सम्महतोधौ दीर्घः शौच) इसकर दीर्घ नहीं हुआ क्योंकि धिसंज्ञा वर्जित सिका ग्रहणहै तब रूप सिद्ध हुआ (हेपुमन्) द्विवचनमे (हेपुमांसौ) बहुवचनमे (हेपुमांसः) ॥

असंभवे पुंसः कक्सौ ।

असंभवे—पुंसः—कक्—सौ । चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) वेदान्तकेदेयम्यात्मनोबहुत्वासंभवेर्थे वाच्येसति पुंस् शब्दस्य ककागमो भवति सुपि परे ।

भाषार्थ—असंभव अर्थ वाच्य हुएसंते पुंस् शब्दको कक् आगम होय सुप् विभक्ति वचन पर हुए संते भाव यहहै कि वेदान्त शास्त्रकर एक जानने योग्य आत्माका बहुवचन नही होताहै क्योंकि आत्मा ब्रह्म तो एकही है(एकमेवाद्वितीयं ब्रह्म नेहनानास्ति किंचन)इस श्रुतिके प्रमाणसे यदि कदाचित् बहुवचन होजावे तो यहही असम्भव अर्थहै इसी असंभव अर्थके कहेजानेपर पुंस् शब्दको कक् आगम होय सप्तमी बहुवचन पर हुए संते । जैसे (पुंस्सु) असंभव अर्थमे पुंस् शब्दसे परे सुप् विभक्ति वचन विद्यमानहै इसकारण पुंस् शब्दको कक् आगम किया तो वह आगम पुंस् शब्दके परे हुआ

(१) लौकिकेषु पुरुषेषु पुंस्सु इति प्रयोगः ॥

क्योंकि, आगम कित्है और आगममें अकार उच्चारणार्थहै तब रूप स्थित हुआ । (पुंस्कृसु) फिर ॥

स्कोराद्योश्च

६ २ ६ २ अ०
स्कोः—आद्योः—च । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) संयोगाद्योः सकार ककारयोर्लोपो भवति धातोर्झसेपरे नाम्नश्चरसेपदान्तेच । इति सकारलोपः । कषसंयोगेक्षः । पुंक्षु । एवं विद्वान् । विद्वांसौ । विद्वांसः । हे विद्वन् । विद्वांसम् । विद्वांसौ ।

भावार्थ—संयोग संज्ञाके आदिमे वर्त्तमान जो सकार ककार तिनका लोप होय धातुमे झस प्रत्याहार पर हुए संते और नामसे रस प्रत्याहार पर हुए सते वा पदान्तके विषे भाव यह है कि, धातुकी संयोग संज्ञासे परे यदि झस प्रत्याहार होवै और उस संयोगके आदिमे यदि सकार होवै तौ उस सकारका ही लोप हो जावै और नामकी संयोग संज्ञासे परे यदि रस प्रत्याहार होवै या पदान्त होवै और उस संयोगके आदिमे यदि सकार होवै तौ भी उस सकारकाही लोप हो जावै । जैसे (पुंस्कृसु) इसमें नामके संयोगसंज्ञक सृक्से परे रस प्रत्याहार सम्बन्धी सुप्का सकार है इसकारण संयोग संज्ञक सृक्के आदिके सकारका लोप करनेसे रूप स्थित हुआ (पुंक्सु) फिर (किलास्पः सः कृतस्य) इसकर सकारके स्थानमे षकार कर (कषसंयोगेक्षः) इसकर दोनो ककार षकारके स्थानमे क्षकार किया तब रूप सिद्ध हुआ (पुंक्षु) (१) इसी प्रकार स्यादिक पाच वचनोंमे उकारानुबन्ध विद्वस् शब्द साधनेयोग्यहै जैसे (विद्वन् सि) इसमे (त्रितोनुम्) इसकर नुम् आगम करनेसे रूप स्थित हुआ (विद्वन्नुस् सि) फिर (न्सम्महतोधौदीर्घः शौच)इसकरके अन्त्यस्वर वकार उत्तरवर्त्ती अकारको दीर्घ कर रूप स्थित हुआ (विद्वान्नुस्सि) फिर (हसेपः सेर्लोपः) इसकर सिका लोपकर (संयोगान्तस्यलोपः) इसकर सकारका लोप करनेसे रूप सिद्ध हुआ (विद्वान्) द्विवचनमे (विद्वस् औ) ऐसा स्थित है इसमें (त्रितोनुम्) इसकर नुम् आगम कर (न्सम्महतोधौ दीर्घः शौच) इसकर दीर्घ किया । फिर (नश्चापदान्ते झसे) इसकर नकारको अनुस्वार कर रूप सिद्ध हुआ (विद्वांसौ) इसी प्रकार बहुवचनमे सिद्ध हुआ (विद्वांसः) सम्बोधनमे सिकी धि संज्ञा करनेपर (न्सम्महतोधौदीर्घः शौच) इसकर दीर्घ नही हुआ । किन्तु रूप सिद्ध हुआ (हे विद्वन्) द्वितीया एकवचन द्विवचनमें (विद्वांसम्) (विद्वांसौ) बहुवचनमे स्यादिक पंच वचन सम्बन्धी वचन न होनेसे (त्रितोनुम्) (न्सम्महतोधौ०) इन दोनो सूत्रोकी प्राप्ति नही हुई किन्तु प्रथम (विद्वस् अस्) स्थित हुआ ॥

(१) परमपक्षे पक्ष इति वैदिक प्रयोग. ॥

वसोर्व उः

वसोः—वः—उः । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) वसोः सम्बन्धी वकार उत्व प्राप्नोति शसादौ स्वरे तद्धिते ईपि ईकारे च परे । विदुषः । विदुषा । वसो-रसे । विद्वद्भ्याम् । विद्वद्भिः । इत्यादि ।

भाषार्थ—वसु प्रत्यय सम्बन्धी वकार उकारको प्राप्त होय शसादिक स्वर और तद्धित प्रत्यय यण् और इप् तथा ईकार पर हुए संते । भाव यह है कि, कृदन्तके वसु प्रत्ययके वकारके स्थानमें उकार होजावे जो शसादि स्वर और तद्धित प्रत्यय यण् तथा ईप् और ईकार पर होवे तो जैसे (विद्वस् अस्) इसमें जो कि, विद्वस् शब्द है उसमे जो कि, वस् प्रत्ययका वकार है उसके स्थानमें उकार किया क्योंकि, शसादिक स्वर सम्बन्धी अस्का अकार विद्यमान है तब रूप स्थित हुआ (विदुस् अस्) (किलात्वः सः कृतस्य) इसकर सकारके स्थानम षकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (विदुषः) इसी प्रकार सिद्ध हुआ तृतीया एकवचनमें (विदुषा) द्विवचनमें (वसो रसे) इसकर सकारके स्थानमे दकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (विद्वद्भ्याम्) बहुवच-नमें (विद्वद्भिः) इत्यादि ॥

सुवचस्शब्देतु । अत्वसोः सौ इति दीर्घः। सुवचाः । सुवचसौ । सुव-चसः । हे सुवचः । सुवचसम् । सुवचसौ । सुवचसः । सुवाचसा । सो-र्विसर्गः । हवे । उ ओ । सुवचोभ्याम् । सुवचोभिः । इत्यादि । एवं चंद्रम-स्शब्दः । उशनस् शब्दस्य विशेषः ।

भाषार्थ—सुवचस् शब्दके विषे (अत्वसोः सौ) इसकर दीर्घ किया जैसे (सुवचस् सि) ऐसा स्थित है इसमें असन्त सुवचस् शब्दके अन्त्यस्वर अकारको (अत्वसोः सौ) इसकर दीर्घ करने पर (सुवचास् सि) ऐसा स्थितरहा फिर (हशेषः सलोपः) इसकर सिका लोप करनेपर (सोर्विसर्गः) इसकर सकारके स्थानमें विसर्ग किया तब रूप सिद्ध हुआ (सुवचाः) द्विवचनमे (सुवचसौ) बहुवचनमें (सुवचसः) सम्बोधनमें सिकी विसंज्ञा करने पर (अत्वसोः सौ) इसकर अन्त्यस्वरको दीर्घ नहीं हुआ क्योंकि, विसंज्ञक वर्जित सिका ग्रहणहै तब रूप सिद्ध हुआ (हे सुवचः) द्वितीयामे (सुवचस-म्) (सुवचसौ) (सुवचसः) तृतीया एकवचनमें (सुवचसा) द्विवचनमे (सोर्विसर्ग.) इसकर सकारके स्थानमें विसर्ग करनेपर (हवे) इसकर विसर्गके स्थानमें उकार किया । फिर (उ ओ) इसकर सिद्ध हुआ (सुवचोभ्याम्) बहुवचनमें (सुवचोभिः) सप्तमी बहुवचनमे (सुवचस्सु) इसीप्रकार चंद्रमस् शब्दके रूपसिद्ध

होतेहैं जैसे (चंद्रमाः) (चंद्रमसा) (चंद्रमसः) इत्यादि उशनस् शब्दको विशेषहै । प्रथमा एकवचनमें (उशनस सि) ऐसा स्थितहै ॥

उशनसाम् ।

उशनसाम् । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) उशनस् पुरुदंसस् अनेहस् इत्येतेषां नेरधेर्डा भवति । डकारष्टिलोपार्थः । उशना । उशनसौ । उशनसः । उशनसम् । उशनसौ । उशनसः । उशनसा । उशनोभ्याम् । उशनोभिः । (उशनसोधौ सान्तता नान्तता अदन्तता च वक्तव्या) हे उशनः । हे उशनन् । हे उशन । हे उशनसौ । हे उशनसः । अदस् शब्दस्य भेदः । त्यदादेष्टेरः स्यादौ । इति सर्वत्राकारः । अद सि । इति स्थिते ।

भाषार्थ–उशनस्–पुरुदंसस्–अनेहस्–इन शब्दोंके धिवर्जित सिको डा होय भाव-यहहै कि, उशनस् । पुरुदंसस् । अनेहस् । इन शब्दोंसे परे जो धिसंज्ञा वर्जित सि तिसके स्थानमें डा होय डकार टिलोपके अर्थ है । जैसे (उशनस् सि) इसमें उशनस् शब्दसे परे सि विभक्ति वचन विद्यमानहै इसकारण सिके स्थानमें डा किया तो स्थित हुआ रूप (उशनस् आ) इसमें डकार (डितिटेः) इसकर टिकेलोप करनेसे अर्थ है फिर (डितिटेः) इसकर टिका लोप करनेसे रूप सिद्ध हुआ (उशना) द्विवचनमें (उशनसौ) बहुवचनमें (उशनसः) द्वितीयामें (उशनसम्) द्विवचनमें (उशनसौ) बहुवचनमें (उशनसः) तृतीयामें (उशनसा) (उशनोभ्याम्) (उशनोभिः) इत्यादि । सम्बोधनमें सिकी धिसंज्ञा करनेपर (उशनसाम्) इसकी प्राप्ति तो हुई क्योंकि, धिसंज्ञा वर्जित सिका ग्रहणहै तब रूप स्थित हुआ । उशनस् सि । उशनस् शब्द को धि विषयमें सकारान्तता तथा नकारान्तता और अकारान्तता वक्तव्यहै भाव यह है कि, उशनस् शब्द एक जगह तौ सम्बोधनमें धिके विषे सकारान्त हो और एकजगह नकारान्तहो और एक जगह अकारान्तहो । जैसे एकजगह सकारान्त हुआ तहाँ । उशनस् सि । ऐसा स्थितहै (हसेपःसेर्लोपः) (खोर्विसर्गः) इनकर सिद्ध हुआ (हे उशनः) और एक जगह नकारान्त हुआ तहाँ (उशनन् सि) ऐसा स्थितहै (हसेपःसेर्लोपः) इनकर सिद्ध हुआ (हे उशनन्) और एक जगह अकारान्त हुआ तहा (उशन सि) ऐसा स्थितहै । (समानाद्धेर्लोपोऽवर्णात्) इसकर सिद्ध हुआ (हे उशन) सकारान्त पुरुदंसस् अनेहस् शब्दहै (पुरुदंसाः) (पुरुदंससौ) (पुरुदंससः) (हे पुरुदंसः) (पुरुदंसम्) (पुरुदंससौ) (पुरुदंससः) (पुरुदंससा) (पुरुदंसोभ्याम्) (पुरुदंसोभिः) । इसी प्रकार अनेहस् शब्दके रूप जानने । अदस् शब्दको भेदहै ।

(त्यदादेर्डेरः स्यादौ) इसकर समस्त विभक्तिवचनोंमें अकार किया तब रूप स्थित हुआ । अद सि ॥

सौ सः ।

सौ—सः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अदसोदकारस्य सो भवति सौ परे ।

भाषार्थ—अदस् शब्दके दकारको सकार होय सि विभक्ति पर हुए संते । जैसे । अद सि । इसमें अदस् शब्दके दकारके स्थानमें सकार किया क्योंकि पर सि विभक्ति वनच विद्यमान है तब रूप स्थित हुआ । अस सि । फिर ॥

सेरौ ।

सेः—औ । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अदसः सेरौकारादेशो भवति । असौ । द्विवचने । अदऔ । इति स्थिते । दस्यमः ।

भाषार्थ—अदस् शब्दसे परे जो सि तिसको औकार आदेश होय जैसे (अस सि) इसमें अदस् शब्दके अस् रूपसे परे सि विभक्ति वचन है इसकारण सिके स्थानमें औकार करनेसे (ओ औ औ) इसकर रूप सिद्ध हुआ (असौ) द्विवचनमें (अदऔ) ऐसा स्थितहै (दस्यमः) इसकर दकारके स्थानमें मकार करनेसे रूप हुआ (अम औ) फिर (ओ औ औ) इसकर रूप स्थित हुआ (अमौ) फिर ॥

मादू ।

मात्—ऊँ । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) उश्च ऊश्च ऊ । अदसो मकारात्परस्य ह्रस्वस्य ह्रस्व उकारो भवति दीर्घस्य च दीर्घ ऊकारो भवति । अमू । बहुवचने सर्वादित्वात् । जसी । अइए । अमे इतिस्थिते ।

भाषार्थ—अदस् शब्दके मकारसे परे ह्रस्व को ह्रस्व उकार होय और दीर्घको दीर्घ ऊकार होय । भाव यह है कि, अदस् शब्दके मकारसे परे यदि ह्रस्व स्वर होय तो उस ह्रस्व स्वरको ह्रस्व उकार होय और यदि दीर्घ स्वर होय तो उस दीर्घ स्वरको दीर्घ ऊकार होय जैसे (अमौ) इसमें अदस् शब्दके मकारसे परे औकार है इसकारण औकारके स्थानमें दीर्घ ऊकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (अमू) बहुवचनमें (दस्यमः) इसकर दकारके स्थानमें मकार किया तब रूप स्थित हुआ (अम जस्) फिर । सर्वादिक होनेसे (जसी) इसकर जसके स्थानमें ईकार करनेपर (अइए) इसकर स्थित हुआ रूप (अमे) फिर ॥

एरी वहुत्वे ।

१ १ १ ७ १
एः—ई—वहुत्वे । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः)वहुत्वे अदस एकारस्य ईकारादेशो भवति । अमी । अमुम् । अमू । अमून् । तृतीयादौ मत्वे उत्वे च कृते । टानाऽञ्चियाम् । अमुना। द्विवचने । अद्भि । इत्यात्वं पश्चादूकारः । अमूभ्याम् । अमीभिः । अमुष्मै । अमूभ्याम्। अमीभ्यः। अमुष्मात्। अमूभ्याम् । अमीभ्यः। अमुष्य । ओसि । एत्वे कृते अयादेशे च कृते पश्चादुकारः । अमुयोः। अमीषाम् । अमुष्मिन् । अमुयोः । अमीषु । सामान्येऽदसः कः स्यादिवच्च। अमुकः। पुँल्लिंगे सर्ववत् । इति हसान्तपुल्लिंगप्रक्रिया ।

भाषार्थ—अदस् शब्दके एकारको ईकार आदेश होय । भाव यह है कि, वहुवचनमें अदस् शब्दके मकारसे परे एकारके स्थानमें ईकार होय । जैसे (अमे) इसमें वहुवचन होनेसे । अदस् शब्दके मकारसे परे एकारके स्थानमे ईकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (अमी) द्वितीया एकवचनम (दस्यमः) इसकर दकारके स्थानमे मकार कर (अम्शसोरस्य) इसकर अमूके अकारका लोप किया । फिर (मादू) इसकर मकारसे परे अकारके स्थानमे उकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (अमुम्) द्विवचनमे पूर्ववत् सिद्ध हुआ (अमू) द्वितीया वहुवचनम (दस्यमः) इसकर दकारके स्थानमे मकार किया और (अम्शसोरस्य) इसकर शस्के अकारका लोप किया फिर (सोन. पुंसः) इसकर शस्के सकारको नकार किया फिर (शसि) इसकर दीर्घकर (मादू) इसकर सिद्ध हुआ (अमून्) तृतीया एकवचनमे (दस्यमः) इसकर मकार (मादू) इसकर उकार करनेपर (टानाऽञ्चियाम्) इसकर रूप सिद्ध हुआ (अमुना) द्विवचनमे (अद्भि) इसकर आकार पीछे (मादू) इसकर ऊकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (अमूभ्याम्) वहुवचनमें (भिस् भिस्) (एस्भि वहुत्वे) इनकरके एकार करनेपर (एमी वहुत्वे) इसकर एकारके स्थानपर ईकार किया तव रूप सिद्ध हुआ (अमीभिः) चतुर्थी एकवचनमे (सर्वादेःस्मट्) इसकर स्मद् आगम कर पीछे (मादू) इसकर उकार किया फिर (किलात्षः सः कृतस्य) इसकर रूप सिद्ध हुआ (अमुष्मै) द्विवचनमे (अमूभ्याम्) वहुवचनमे (अमीभ्यः) पंचमी एकवचनमें (अतः) इसकर स्मद् आगम करनेपर (मादू) इसकर उकार किया फिर (किलात्षः सः कृतस्य) इसकर सिद्ध हुआ (अमुष्मात्) द्विवचनमे (अमूभ्याम्) वहुवचनमे (अमीभ्यः) षष्ठी एकवचनमे (ङस्स्य) इसकर (ङस्को स्य)

आदेश करनेपर पीछे (मादू) इसकर उकार किया। फिर (किलात्यः सः०) इसकर रूप सिद्ध हुआ (अमुष्य) द्विवचनमें (ओसि) इसकर एकार कर (एअय्) इसकर अय् आदेश किया फिर (मादू) इसकर उकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (अमुयोः) और बहुवचनमें (सुडामः) इसकर आमको सुट् आगम किया फिर (एस्भि बहुत्वे) इसकर एकार किया फिर (एरीबहुत्वे) इसकर एकारके स्थानमे ईकार करनेपर (किलात्यःसः कृतस्य) इसकर रूप सिद्ध हुआ (अमीषाम्) सप्तमी एकवचनमें (ङिस्मिन्) इसकर ङिके स्थानमें स्मिन् आदेश कर (मादू) इसकर उकार किया फिर (किलात्यःसः कृतस्य) इसकर मकारके स्थानमे षकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (अमुष्मिन्) द्विवचनमें पूर्ववत् (अमुयोः) बहुवचनमे (एस्भि बहुत्वे) इसकर एकार कर (एरी बहुत्वे) इसकर एकारके स्थानमे ईकार किया फिर (किलात्यः सः कृतस्य) इसकर रूप सिद्ध हुआ (अमीषु) अदस् शब्दके सम्बोधनमें रूप नहीं होते क्योंकि, त्यदादिकोंका विकार अभाव है। सामान्य अर्थमें अदस् शब्दसे क प्रत्यय होवै है वह क प्रत्यय स्यादिवत् जानने योग्यहै भाव यहहै कि, अदस् शब्दको स्यादि विभक्ति परे जो कार्य होताहै वहही कार्य क प्रत्यय परे होताहै जैसे अदस् शब्दसे कः प्रत्यय करनेपर रूप हुआ। अदस् क। फिर (त्यदादेरेतः स्यादौ) इसकर टिको अकार करनेपर (दस्यमः) इसकर मकार किया फिर (मादू) इसकर मकार उत्तरवर्त्ती अकारके स्थानमे उकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ। अमुक। फिर स्यादिक विभक्ति परम युक्तकर प्रथमा एकवचनमे (स्रोर्विसर्गः) इसकर रूप सिद्ध हुआ (अमुकः) द्विवचनमे (अमुकौ) बहुवचनमे (अमुके) द्वितीयामें (अमुकम्) (अमुकौ) (अमुकान्) तृतीयामें (अमुकेन) (अमुकाभ्याम्) (अमुकैः) (अमुकस्मै) (अमुकाभ्याम्) (अमुकेभ्यः) (अमुकस्मात्) (अमुकाभ्याम्) अमुकेभ्यः) (अमुकस्य) (अमुकयोः) (अमुकेषाम्) (अमुकस्मिन्) (अमुकयोः) (अमुकेषु)॥ इति हसान्तपुंल्लिङ्गप्रक्रिया॥

अथ हसान्ताः स्त्रीलिङ्गाः॥ हकारान्त उपानह् शब्दः। उपानह् सि। इति स्थिते।

भाषार्थ–इसके अनन्तर हसान्त स्त्रीलिङ्ग साधन कहते हैं। हकारान्त उपानह् शब्द है। प्रथमा एकवचनमे (उपानह् सि) ऐसा स्थित है (हसेपः सेर्लोपः) इसकर सिका लोप करनेपर रूप स्थित हुआ। उपानह्॥

नहो धः।

नहेः–धः। द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) नहो हकारस्य धकारादेशो

भवति रसे परे पदान्ते च । वावसाने । इति तत्वं दत्वं च । उपानत् । उपानद् । उपानहौ । उपानहः । हे उपानत् । हे उपानद् । हे उपानहौ । हे उपानहः । उपानहम् । उपानहौ । उपानहः । उपानहा । उपानद्भ्याम् । इत्यादि । वकारान्तो दिव् शब्दः ।

भाषार्थ–नह् धातुके हकारको धकार आदेश होय रस प्रत्याहार पर हुए संते तथा पदान्तके विषे जैसे (उपानह्) ऐसा स्थित है इसमे क्विप्प्रत्ययान्त नह् धातुके हकारसे पदान्त विद्यमान है इसकारण हकारके स्थानमें धकार करने पर (वावसाने) इसकर तकार दकार किया तब रूप सिद्ध हुआ (उपानत्–उपानद्) द्विवचनमें (उपानहौ) बहुवचनमे (उपानहः) सम्बोधनमें (हे उपानत्) (हे उपानद्) (हे उपानहौ) (हे उपानहः) भकारादिकमे (नहोधः) इसकर धकार आदेश करनेपर (झषेजबाः) इसकर रूप सिद्ध हुआ (उपानद्भ्याम्) (उपानद्भिः) इत्यादि । सुप्मे (नहोधः) इसकर धकार करनेपर (खसेचपा झसानाम्) (इसकर तकार करनेसे रूप सिद्ध हुआ (उपानत्सु) गोदुह आदिक पुँल्लिङ्गवत् जानने और (उष्णिह्) इसके हकारको (दिशाकः) इसकर ककार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (उष्णिक्) (उष्णिग्) (उष्णिहौ) (उष्णिहः) इत्यादि । वकारान्त दिव् शब्दहै (दिव् सि) ऐसा स्थितहै ॥

दिव औ सौ ।

दिवः–औ–सौ । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) दिव्शब्दस्य औकारादेशो भवति सौपरे । द्यौः । दिवौ । दिवः । दिव् अम् । इति स्थिते ।

भाषार्थ–दिव् शब्दके वकारको औकार आदेश होय सिविभक्ति वचन परहुए संते जैसे । दिव् सि । इसमे दिव् शब्दके वकारसे परे सिविभक्ति वचन विद्यमानहै इसकर वकारके स्थानमे औकार करनेपर रूप स्थित हुआ । दिऔसि । फिर (इयंस्वर्) इसकर दकार उत्तरवर्ती इकारके स्थानमे यकार करनेपर रूप स्थित हुआ । (द्यौसि) (यदादेशस्तद्वद्भवति) इसकर औकारके स्थानमे वकार मानकर (हसेपस्सलोपः) इसकर सिका लोप नही हुआ क्योकि वर्णमात्र विधिमे जिसका आदेश उसीके समान नही होताहै । इसकारण (सार्विसर्गः) इसकर रूप सिद्ध हुआ (द्यौः) द्विवचनमें (दिवौ) बहुवचनमे (दिवः) द्वितीया एकवचनमे (दिव् अम्) ऐसा स्थित है ॥

वाम्या ।

दिवो–अमि–आ । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) दिवो वकारस्य अमि परे

आ भवति वा। याम्। दिवम्। दिवौ। दिवः। दिवा। दिव्याभ्याम्। इति स्थिते।

भाषार्थ–दिव्के वकारको अम् पर हुए संते आ होय विकल्प करके। जैसे। दिव् अम्। इसमें दिव् शब्दके वकारसे परे अम् विद्यमानहै इसकारण एक जगह वकारके स्थानमे आ करनेपर (इयंस्वरे) इसकर रूप सिद्ध हुआ (याम्) और जहाँ एक जगह वकारको आ नहीं हुआ तहाँ रूप सिद्ध हुआ (दिवम्) द्विवचन बहुवचनमें (दिवौ) (दिवः) तृतीया एकवचनमे (दिवा) द्विवचनमे (दिव्भ्याम्) ऐसा स्थितहै ॥

ऊरसे।

उः–रसे। द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) दिवोवकारस्य उकारो भवति रसे परे। द्युभ्याम्। द्युभिः। दिवे। द्युभ्याम्। द्युभ्यः। इत्यादि। रकारान्तश्चतुर्शब्दः।

भाषार्थ–दिव्के वकारको उकार होय रस प्रत्याहार पर हुए संते। जैसे (दिव्भ्याम्) इसमें दिव्के वकारसे परे रस प्रत्याहारसम्बन्धी भकारहै इसकारण वकारके स्थानमे उकार करनेपर (इयंस्वरे) इसकर रूप सिद्ध हुआ (द्युभ्याम्) और बहुवचनमें (द्युभिः) इत्यादि। रकारान्त चतुर् शब्दहै ॥

त्रिचतुरोः स्त्रियां तिसृचतसृवत्।

त्रिचतुरोः–स्त्रियाम्–तिसृचतसृ–ऋवत्। चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) स्त्रियांवर्त्तमानयोस्त्रिचतुर्शब्दयोस्तिसृ चतसृ इत्येतावादेशौ भवतः। ऋकारश्च ऋकारवत्। ततः। स्तुरार्। इत्यादि सूत्रैः ऋदन्तकार्यं न भवति। किन्तु। ऋरम्। भवति। तिस्रः। तिस्रः। चतस्रः। चतस्रः। तिसृभिः। चतसृभिः। तिसृभ्यः २। चतसृभ्यः २। बहुवचने। नुडामः। इति नुट्। तिसृनाम्। चतसृनाम्। इति स्थिते।

भाषार्थ–स्त्रीलिंगके विषे वर्त्तमान जो त्रि और चतुर् शब्द तिनको क्रमसे तिसृ और चतसृ यह आदेश होयँ अर्थात् त्रिशब्दको तिसृ और चतुर् शब्दको चतसृ आदेश होय। इनका ऋकार ऋकारकेही तुल्य जाननें योग्यहै। इसकारण (स्तुरार्) इत्यादिक सूत्रोकर ऋकारान्त शब्दोका कार्य नही होय किन्तु स्वरमात्र पर हुए संते (ऋरम्) इसकर ऋकारके स्थानमें रकार ही होय जैसे। त्रि अस्। चतुर् अस्। इनमे क्रमसे।

तिसृ और चतसृ यह आदेश करनेपर रूप स्थित हुए। तिसृ अस् । चतसृ अस् । फिर (ऋरम्) इसकर ऋकारके स्थानमें रकार करनेपर रूप सिद्ध हुए (तिस्रः) (चतस्रः) इसीप्रकार द्वितीया बहुवचनमे सिद्ध हुए । तृतीयामें (तिसृभिः) (चतसृभिः) चतुर्थीमे (तिसृभ्यः) (चतसृभ्यः) इसी प्रकार पंचमीबहुवचनम सिद्ध हुए । षष्ठीबहुवचनमें (नुडामः) इसकर नुट् आगम करनेपर रूप स्थित हुए । तिसृनाम् । चतसृनाम् ॥

न नामि दीर्घस्तिसृचतसृ छन्दसि वा ।

अ० ७१ १२ ६२ ७१ अ०
न—नामि—दीर्घः—तिसृचतसृ—छन्दसि—वा । षट्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) तिसृ चतसृ इत्येतयोर्दीर्घो न भवति नामि परे छन्दसि वा । षुनोर्णोऽनन्ते । तिसृणाम् । चतसृणाम् । तिसृषु । चतसृषु । गिर् शब्दस्य भेदः ।

भाषार्थ—तिसृ चतसृ इन शब्दोंको दीर्घ नही होय नाम पर हुए संते और वेदमें विकल्प करके नाम पर हुए सते दीर्घ होता है । जैसे (तिसृनाम्) (चतसृनाम्) इनमें तिसृ और चतसृ शब्दसे परे नाम् विद्यमान है इसकारण तिसृ और चतसृ इनको दीर्घ नही हुआ किन्तु (षुनोर्णोऽनन्ते) इसकर रूप सिद्ध हुए (तिसृणाम्) (चतसृणाम्) और वेदमे एक जगह दीर्घ होनेसे रूप सिद्ध हुए (तिसृणाम्) (चनसृणाम्) और एक जगह (तिसृणाम्) (चतसृणाम्) और सप्तमीबहुवचनमें (किलात्षः नः कृतस्य) इसकर सिद्ध हुए (तिसृषु) (चतसृषु) रकारान्त गिर् शब्दको भेद है । प्रथमा एक वचनमे । गिर् सि । ऐसा स्थित है ॥

य्वो र्वि हसे ।

६२ ७१ ७१
य्वोः—र्वि—हसे । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) धातोरिकारोकारयोर्दीर्घो भवति रेफवकारयोर्हसपरयोः । गीः । गिरौ । गिरः । गीर्भ्याम् । गीर्भिः । गीर्षु । एवं पुरुभुरादयः । धकारान्तः समिध् शब्दः । वावसाने । समित् । समिद् । समिधौ । समिधः । हे समित् । हे समिद् । समिधम् । समिधौ । समिधः । समिधा । समिद्भ्याम् । इत्यादि । भकरान्तःककुभ् शब्दः । वावसाने । ककुप् । ककुब् । ककुभौ । ककुभः । ककुभम् । ककुभौ । ककुभः । ककुभा । ककुद्भ्याम् । इत्यादि ।

भाषार्थ—धातु सम्बन्धी इकार उकारको दीर्घ होय हस अक्षर है परे जिसके ऐसा रेफ वा वकार पर हुए संते । भाव यह है कि, धातुके इकार उकारसे परे रकार वा

वकार होय और उस रकार वा वकारसे परे हस प्रत्याहार होय तो उस धातुके इकार और उकारको दीर्घ होय जैसे। गिर् सि। इसमें क्विप् प्रत्ययान्तधातुके इकारसे परे रकार विद्यमानहै और रकारसे परे हस प्रत्याहारसम्बन्धी सि का सकार विद्यमान है इसकारण क्विप् प्रत्ययान्त धातु गिरके इकारके स्थानमें दीर्घ करनेपर रूप स्थित हुआ। गीर्सि। फिर (हसेपः सेर्लोपः) इसकर सिका लोप करनेपर (स्त्रीर्विसर्गः) इसकर रूप सिद्ध हुआ (गीः) द्विवचनमें (गिरौ) बहुवचनमें (गिरः) भकारादिकमेभी इकारके स्थानमें ईकार किया क्याकि इकारसे परे रकार और रकारसे परे हस प्रत्याहार सम्बन्धी भकार विद्यमान है तब रूप सिद्ध हुए (गीर्भ्याम्)(गीर्भिः) और सप्तमीबहुवचनमें (ष्वोर्विहसे) इसकर इकारको दीर्घ करनेपर (क्विलात्यः सः कृतस्य) इसकर रूप सिद्ध हुआ (गीर्षु) धकारान्त समिध् शब्द है (वावसाने) इसकर धकारके स्थानमें तकार दकार करनेपर रूप सिद्ध हुए (समित्-समिद्) द्विवचन बहुवचनमे (समिधौ) (समिधः) सम्बोधनमें (हे समित्) (हे समिद्) (हे समिधौ) (हे समिध.) (समिधम्) (समिधौ) (समिधः) (समिधा) भकारादिकमें (झबेजबाः) इसकर धकारके स्थानमे दकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (समिद्भ्याम्) (समिद्भिः) इत्यादि। भकारान्त ककुभ् शब्द है (वावसाने) इसकर भकारके स्थानमे बकार पकार करनेपर रूप सिद्ध हुए। (ककुब्-ककुप्) द्विवचन बहुवचनमे (ककुभौ) (ककुभः) (ककुभम्) (ककुभौ) (ककुभः) (ककुभा) भकारादिकमें (झबेजबाः) इसकर भकारके स्थानमें वकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (ककुब्भ्याम्) (ककुब्भिः) और सप्तमीबहुवचनमे (खसेचपाञ्सानाम्) इसकर भकारके स्थानमे पकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (ककुप्सु)॥

दकारान्ताः त्यद् तद यद एतद् शब्दाः। त्यदादेष्टेरः स्यादौ इति सर्वत्राकारः। आबतः स्त्रियाम्। इत्याप्। स्तः। इति तकारस्य सकारः। स्या। त्ये त्याः। त्याम्। त्ये। त्याः। त्यया। त्याभ्याम्। त्याभिः। त्यस्यै। त्याभ्याम्। त्याभ्यः। इत्यादि। सा। ते। ताः। या। ये। याः। एषा। एते। एताः। अन्वादेशे। एताम्। एनाम्। एते। एने। एताः। एनाः। एतया। एनया। एतयोः। एनयोः। एवं किम्। का। के। काः। इत्यादि। इदम् शब्दस्य सौ भेदः।

भाषार्थ-दकारान्त त्यद् तद् यद् एतद् शब्द हैं (त्यदादेष्टेरःस्यादौ) इसकर टिके स्थानमे अकार करनेपर (आबतः स्त्रियाम्) इसकर आप् प्रत्यय किया फिर (स्तः) इस सूत्रकर त्यदादिकोके तकारके स्थानमे सकार कर सर्वा शब्दवत् रूप साधनेयोग्य

हैं । जैसे (त्यद् सि) इसमे (त्यदादेरेः स्यादौ) इसकर टिके स्थानमे अकार कर (आवतःस्त्रियाम्) इसकर आप् प्रत्यय किया फिर (स्तः) इसकर तकारके स्थानमें सकार कर (आपः) इस सूत्रकर सिका लोप किया । तब रूप सिद्ध हुआ (स्या) द्विवचनादिकोंमे सर्वा शब्दवत् साधने योग्य हैं । जैसे (त्ये) (त्याः) (त्याम्) (त्ये) (त्याः) (त्यया) (त्याभ्याम्) त्याभिः (त्यस्यै) (त्याभ्याम्) (त्याभ्यः) इत्यादि । इसीप्रकार तद् शब्दके रूप जानने । जैसे (सा) (ते) (ताः) (ताम्) (ते) (ताः) (तया) (ताभ्याम्) (ताभिः) (तस्यै) (ताभ्याम्) (ताभ्यः) इत्यादि । इसी प्रकार यद् शब्दके जानने । जैसे (या) (ये) (याः) (याम्) (ये) (याः) (यया) (याभ्याम्) (याभिः) (यस्यै) (याभ्याम्) (याभ्यः) इत्यादि । इसी प्रकार एतद् शब्दके रूप जानने (एषा) (एते) (एताः) द्वितीयामें (एताम्) (एने) (एताः) (अन्वादेशे द्वितीयाटौस्वेनौ वा वक्तव्यः) इसकर एन आदेश करनेपर रूप सिद्ध हुआ द्वितीयामे (एनाम्) (एने) (एनाः) तृतीयामें (एनया) अन्वादेशमे (एनया) (एताभ्याम्) (एताभिः) चतुर्थीमे (एतस्यै) (एताभ्याम्) (एताभ्यः) पंचमीमें (एतस्याः) (एताभ्याम्) (एताभ्यः) षष्ठीमे (एतस्याः) (एतयोः) अन्वादेशमे (एनयोः) (एतासाम्) सप्तमीमे (एतस्याम्) (एतयोः), (एनयोः) (एतासु) । इसीप्रकार किम् शब्दके रूप साधने योग्य है जैसे । (का) (के) (काः) (काम्) (के) (काः) (कया) (काभ्याम्) (काभिः) (कस्यै) (काभ्याम्) (काभ्यः) इत्यादि । मकारान्त इदम् शब्दको सि विभक्तिमे भेद हैं ॥

इयं स्त्रियाम् ।

इयम्–स्त्रियाम् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) इदम्शब्दस्य स्त्रियामियम् भवति सौ परे । इयम् । इमे । इमाः । इमाम् । इमे । इमाः । अनया । आभ्याम् । आभिः । अस्यै । आभ्याम् । आभ्यः । अस्याः । आभ्याम् । आभ्यः । अस्याः । अनयोः । आसाम् । अस्याम् । अनयोः । आसु । चकारान्तः त्वच्शब्दः । चोःकुः । इति कुत्वम् । त्वक् । त्वग् । त्वचौ । त्वचः । त्वचम् । त्वचौ । त्वचः । त्वचा । त्वग्भाम् । त्वग्भिः । एवं ऋच्-वाच्प्रभृतयः । पकारान्तोऽपशब्दो नित्यं बहुवचनान्तः । अप् जस् । इति स्थिते । न्मम्महतोऽधौ दीर्घः शौच । इति दीर्घः । आपः । द्विती-

याबहुवचने पंचम्यिति विशेषणात् न दीर्घः । अपः । तृतीयाबहुवचने अप् भिस् इति स्थिते ।

भाषार्थ–इयम् शब्दको स्त्रीलिंगके विषे सिविभक्ति वचनपर तथा सर्वत्र इयम् आदेश होय। (गुरुशिच्च सर्वस्य वक्तव्यः) इस करके समस्त इदम् शब्दको इयम् आदेश करनेपर (हसेपःसेर्लोपः) इसकर सिका लोप किया तब रूप सिद्ध हुआ (इयम्) द्विवचनादिकमें (त्यदादेष्टेरःस्यादौ) इसकर टिको अकार करनेपर (आवतः स्त्रियाम्) इसकर आप् प्रत्यय किया फिर (दस्यमः) इसकर दकारके स्थानमें मकार करनेपर सर्वा शब्दके समान सिद्ध हुआ (इमे) (इमाः) (इमाम्) (इमे) (इमाः) तृतीया एकवचनमें (अनटौसोः) इसकर अन आदेश करनेपर (आवतःस्त्रियाम्) इसकर आप् प्रत्यय किया। फिर (टौसोरे) इसकर रूप सिद्ध हुआ (अनया) द्विवचन बहुवचनमें (स्म्यः) इसकर इदम् शब्दको अकार आदेश करनेपर (आवतः स्त्रियाम्) इसकर आप् प्रत्यय किया तब रूप सिद्ध हुआ (आभ्याम्) (आभ्यः) चतुर्थी एकवचनमें प्रथम (आवतः स्त्रियाम्) इसकर आप् प्रत्यय करने पर (ङितां यट्) (यटोच्च) इनकर यट् सुट् आगम किया तब रूप हुआ। इदामय्ये । फिर (स्म्यः) इसकर अकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (अस्यै) द्विवचन बहुवचनमें पूर्ववत् सिद्ध हुए (आभ्याम्) (आभ्यः) पंचमी एकवचनमें (आवतःस्त्रियाम्) इसकर आप् प्रत्यय करने पर (ङितांयट्) (यटोच्च) इनकर यट् सुट् आगम किया फिर (स्म्यः) इसकर अकार आदेश करनेपर रूप सिद्ध हुआ । अस्याः) द्विवचन बहुवचनमें पूर्ववत् । षष्ठी एकवचनमें पंचमी एकवचनवत् । द्विवचनमें प्रथम (अनटौसोः) इसकर अन आदेश करनेपर (आवतःस्त्रियाम्) इस करके आप् प्रत्यय किया फिर (टौसोरे) इसकर रूप सिद्ध हुआ (अनयोः) बहुवचनमें प्रथम (सुडामः) इसकर सुट् आगम करनेपर (स्म्यः) इसकर अकार आदेश किया। फिर (आवतः स्त्रियाम्) इस करके आप् प्रत्यय किया तब रूप सिद्ध हुआ (आसाम्) सप्तमी एकवचनमें (आवतः स्त्रियाम्) इसकर आप् प्रत्यय करनेपर (आम्डेः) इसकर आम आदेश किया फिर (ङितायट्) (यटोच्च) इनकर यट् सुट् आगम किया फिर (स्म्यः) इसकर अकार आदेश करने पर रूप सिद्ध हुआ (अस्याम्) द्विवचनमें षष्ठीद्विवचनवत् (अनयोः) सप्तमी बहुवचनमें (स्म्यः) इसकर इदम् शब्दको अकार आदेश करनेपर (आवतः स्त्रियाम्) इसकर आप् प्रत्यय किया तब रूप सिद्ध हुआ (आसु) चकारान्त त्वच् शब्द है। इस प्रत्याहारके विषे तथा पदान्तमें (चोः कुः) इसकर चकारके स्थानमें ककार करने योग्य है । जैसे प्रथमा एकवचनमें (वावसाने) इसकर रूप सिद्ध हुआ (त्वक्–त्वग्) द्विवचनमें

(त्वचौ) बहुवचनमे (त्वचः) द्वितीयामे (त्वचम्) (त्वचौ) (त्वचः) तृतीय एकवचनममे (त्वचा) भकारादिकमे (चोः कुः) इसकर ककार करने पर (झषे-जवाः) इसकर गकार किया तव रूप सिद्धहुआ (त्वग्भ्याम्) (त्वग्भिः) इत्यादे । सप्तमीवहुवचनमे (चोः कुः) इसकर ककार करनेपर (किलात्षः सः कृतस्य) इसकर सकारके स्थानमे षकार किया फिर (कषसंयोगेक्षः) इसकर क्ष करनें पर रूप सिद्ध हुआ (त्वक्षु) इसी प्रकार ऋच् वाच् आदिक चकारान्तशब्द साधने योग्यहैं। पकारान्त अप् शब्द नित्यही बहुवचनान्त होताहै। अप् जस् । ऐसा स्थितहै (न्सम्महतोऽधौ दीर्घः सौच) इसकर दीर्घ करने पर रूप सिद्ध हुआ (आपः) द्वितीया बहुवचनमे (पंचसु) इस विशेषणसे अर्थात् स्यादिक पंचवचनसम्बन्धी वचन न होनेसे दीर्घ नही हुआ तव रूप सिद्ध हुआ (अपः) तृतीयावहुवचनमें । अप् भिस् । ऐसा स्थितहै ॥

भिदपाम् ।

भि—द्—अपाम् । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अपां भकारे परे दत्वं भवति। अद्भिः । अद्भ्यः २ । अपाम् । अप्सु । शकारान्तो दिश्शब्दः ।

भाषार्थ—अप् शब्दसम्बन्धी पकारको दकार होय स्यादिक विभक्तिसम्बन्धी यकार पर हुए सते जैसे । अप् भिस् । इसमे अप् शब्दसे परे स्यादिक विभक्ति-सम्बन्धी भिस्का भकार विद्यमानहै इसालिये अप् शब्दके पकारके स्थानमें दकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (अद्भिः) चतुर्थी पंचमी बहुवचनमे भी इसीप्रकार सिद्ध हुआ (अद्भ्यः) (अद्भ्यः) षष्ठीवहुवचनमें (अपाम्) सप्तमीवहुवचनमे (अप्सु) शकारान्त दिश् शब्द है। प्रथमा एकवचनमे । दिश् सि। ऐसा स्थित है । इसमे (हसेपःसेर्लोपः) इसकर सिका लोप करने पर । दिश् । ऐसा स्थितहै ॥

दिशां कः ।

दिशाम्—कः। द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) दिश्—दृश्—स्पृश्—मृश्—इत्यादीनां रुमे पदान्ते च कत्वं भवति । दिक् । दिग् । दिशौ । दिशः । दिशम् । दिशौ । दिशः । दिशा । दिग्भ्याम् । इत्यादि । षकारान्तः त्विष् शब्दः । (षोडः) इति डत्वम् (वावसाने) इति टकारडकारौ । त्विट्—त्विड् । त्विषौ । त्विषः । त्विषम् । त्विषौ । त्विषः। त्विषा । त्विड्भ्याम् । इत्यादि । आशिष्-शब्दः मनुष शब्दवत् । आशीः । आशिषौ । आशिषः । इत्यादि । स्त्री-

लिङ्गस्य अदस् शब्दस्य सौ न विशेषः । असौ । द्विवचनादौ तु रुत्वं कृत्वा अनन्तरम् । आवतः स्त्रियाम् । इत्याप् । दीर्घत्वं विभक्तिकार्यं च । पश्चात् । मादू इति ह्रस्वस्य ह्रस्वः दीर्घस्य च दीर्घः । उकार ऊकारश्च । अम । अमूः । अमूम् । अमू । अमूः । अमुया । अमूभ्याम् । अमूभिः । अमुष्यै । अमूभ्याम् । अमूभ्यः । अमुष्याः । अमूभ्याम् । अमूभ्यः । अमुष्याः । अमुयोः । अमूषाम् । अमुष्याम् । अमुयोः । अमूषु । सामान्येऽदसःकः । अमुका । अमुके । अमुकाः । इत्यादि । स्त्रीलिंगे सर्वाशब्दवद्रूपं ज्ञेयम् । इति हसान्ताः स्त्रीलिङ्गाः ।

भाषार्थ-दिश्-दृश्-स्पृश्-मृश इत्यादिकोंके अन्तवर्णको क आदेश होय रस प्रत्याहार पर हुए संते तथा पदान्तके विषे । भाव यह है कि, दिश्-दृश्-स्पृश्-मृश्-ऋत्विज्-दधृष्-सृज्-उष्णिह्-अंच्-युज्-कुंच्-असृज् । इत्यादिकोंके अन्त्यवर्णको ककार आदेश होय जो रस प्रत्याहार परे होवै या पदान्त होवै तो । जैसे प्रथमा एकवचनमें सिके लोप करनेपर । दिश् । ऐसा स्थित हुआ । इसमे दिश् शब्दमें परे पदान्त विद्यमान है इसकारण शकारके स्थानमे ककार किया क्योंकि पदान्त विद्यमान है फिर (वावसाने) इसकर ककार तथा गकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (दिक्-दिग्) द्विवचनादिकोमें (दिशौ) (दिशः) (दिशम्) (दिशौ) (दिशः) (दिशा) भकारादिकोमे रस प्रत्याहार पर होनेसे (दिशांकः) इसकर शकारके स्थानमे ककार करनेपर (झबेजबाः) इसकर गकार किया तब रूप सिद्ध हुए (दिग्भ्याम्) (दिग्भिः) सप्तमीबहुवचनमे (दिशांकः) इसकर ककार करनेपर (किलात्षः सः कृतस्य) इसकर सकारको षकार किया फिर (कषसंयोगेक्षः) इसकर रूप सिद्ध हुआ (दिक्षु) इसीप्रकार दृश् आदिक साधने योग्य है । षकारान्त त्विष् शब्द है (षोडः) इसकर पदान्त तथा रस प्रत्याहारके विषे डकार करनेपर प्रथमा एकवचनमे (वावसाने) इसकर टकार डकार हुए तब रूप सिद्ध हुए (त्विट्-त्विड्) द्विवचनादिकोंमें (त्विषौ) (त्विषः) (त्विषम्) (त्विषौ) (त्विषः) (त्विषा) भकारादिकोंमें (षोडः) इसकर डकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (त्विड्भ्याम्) (त्विड्भिः) इत्यादि । और सप्तमीबहुवचनमें (षोडः) इसकर डकार करनेपर (खसेचपाझसानाम्) इसकर सिद्ध हुआ (त्विट्सु) इसी प्रकार अन्य षकारान्त प्रावृष् । विप्रुष् । तृष् । शब्द साधनेयोग्य हैं । आशिष् शब्द सजुष् शब्दके समान साधने योग्य है (दोषारः) इसकर षकारके स्थानमे रकार करनेपर (सजुषाशिषोरसे पदान्ते च दीर्घः) इसकर दीर्घ करनेपर

रूप सिद्ध हुआ (आशीः) द्विवचनादिकोंमें (आशिषौ) (आशिषः)(आशिषम्) (आशिषौ) (आशिषः) (आशिषा) (आशीर्भ्याम्) (आशीर्भिः) इत्यादि । स्त्रीलिंग अदस् शब्दको सि विभक्ति वचनमें विशेष नहीं है । किन्तु पुंल्लिङ्गवत् साधने योग्य है जैसे (असौ) द्विवचनादिकोंमें (त्यदादेरेः स्यादौ) इसकर टिको अकार करने पर (आवतः स्त्रियाम्) इसकर आप् प्रत्यय किया फिर विभक्तिकार्य कर पश्चात् (मादू) इसकर ह्रस्वको ह्रस्व उकार दीर्घको दीर्घ ऊकार करने योग्य है जैसे । (अदस् औ) इसमें टिको अकार कर आप् प्रत्यय किया फिर (दस्यमः) इसकर दकारको मकार कर (औरी) इसकर औकारके स्थानमें ईकार किया फिर (अ इ ए) इसकर एकार करने पर (मादू) इसकर एकारके स्थानमें दीर्घ उकार किया तब रूप सिद्ध हुआ (अमू) बहुवचनमें टिको अकार कर आप् प्रत्यय किया (दस्यमः) फिर (सवर्णे दीर्घः सह) (स्त्रीर्विसर्गः) इनकर (अमाः) ऐसा स्थित हुआ । फिर (मादू) इसकर दीर्घ आकारके स्थानमें दीर्घ ऊकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (अमूः) इसीप्रकार द्वितीयामें (अमूम्) (अमू) (अमूः) तृतीया एकवचनमें (टौसोंरे) इसकर एकार करनेपर (एअय्) इसकर अय् आदेश किया । फिर (मादू) इसकर अकारको उकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (अमुया) द्विवचनमें (अमूभ्याम्) बहुवचनमें (अमूभ्यः) चतुर्थी एकवचनमें (ङितांयट्) (यटोच्च) इनकर यट् सुट् आगम किया और पूर्व आप् प्रत्ययके आकारको अकारकर (मादू) इसकर अकारको ह्रस्व उकार किया फिर (किलात्षः सः कृतस्य) इसकर सकारके स्थानमें षकार कर रूप सिद्ध हुआ (अमुष्यै) द्विवचनबहुवचनमें (अमूभ्याम्) (अमूभ्यः) पंचमी एकवचनमें (ङितांयट्) (यटोच्च) इनकर यट् सुट् आगम किया और पूर्व आपके आकारको अकार कर (मादू) इसकर ह्रस्व अकारको उकार करनेसे (किलात्षः सः०) इसकर रूप सिद्ध हुआ (अमुष्याः) द्विवचन बहुवचनमें (अमूभ्याम्) (अमूभ्यः) षष्ठीके एकवचनमें पंचमीके एकवचनवत् (अमुष्याः) द्विवचनमें (टौसोंरे) इसकर एकार करनेपर (एअय्) इसकर अय् आदेश किया फिर (मादू) इसकर अकारको उकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (अमूयोः) बहुवचनमें (सुडामः) इसकर सुट् आगमकर (मादू) इसकर उकार किया । फिर (किलात्षः०) इसकर रूप सिद्ध हुआ (अमूषाम्) सप्तमी एकवचनमें (आम्ङेः) इसकर ङिको आम् आदेशकर (ङितांयट्) (यटोच्च) इनकर यट् सुट् आगम किया पूर्वको ह्रस्व अकार किया । फिर (मादू) इस कर उकारकर (किलात्षः०) इसकर रूप सिद्ध हुआ (अमुष्याम्) द्विवचनमें (अमुयोः) बहुवचनमें (मादू) इसकर ऊकार कर (किलात्षः सः कृतस्य) इसकर रूप सिद्ध हुआ (अमूषु) सामान्य अर्थमें अदस् शब्दसे

क प्रत्यय कर (आवतः स्त्रियाम्) इसकर आप् प्रत्यय लाकर सर्वशब्दवत् सार्वनी योग्यहै (जैसे) (अमुका) (अमुके) (अमुकाः) इत्यादि । इति हसान्ताः स्त्रीलिंगाः॥

अथ हसान्ता नपुंसकलिंगाः । रेफान्तोवारशब्दः । नपुंसकात्स्यमोर्लुक् । वाः । वारी । वारि । अयम इति विशेषणात् नुम् न भवति । वारा । वार्भ्याम् । वार्भिः । वार्षु । इत्यादि । चतुरशब्दो नित्यं बहुवचनान्तः । चतुरामश्चौच । इत्याम् । चत्वारि २ । इत्यादि । नकारान्तोऽहन्शब्दः ।

भाषार्थ–इसके अनन्तर हसान्त नपुंसक लिंग साधे जातेहैं । रकारान्त वार् शब्दहै प्रथमा एकवचनमे (नपुंसकात्स्यमोर्लुक्) इसकर सिका लुक् करनेपर (खरवसानयोर्विसर्गः) इसकर रूप सिद्ध हुआ (वाः) द्विवचनमे (ईभौ) इसकर रूप सिद्ध हुआ (वारी) बहुवचनमे (जश्शसोः शिः) इसकर जस्के स्थानमे शिकरनेपर (नुमचमः) इसकर नुम् आगम नही हुआ क्योंकि यम प्रत्याहारान्तको नुम् आगमका निषेध है अयम इस विशेषणसे । तब रूप सिद्ध हुआ (वारी) इसीप्रकार द्वितीयामे रूप सिद्ध हुये हैं (वाः) (वारी) (वारि) तृतीयामे (वारा) (वार्भ्याम्) (वार्भिः) (वारे) (वार्भ्याम्) (वार्भ्यः) (वारः) (वार्भ्याम्) (वार्भ्यः) (वारः) (ङसोः) (वाराम्) (वारि) (वारोः) (वार्षु) चतुर शब्द नित्यही बहुवचनान्तहै । चतुर् जस् । ऐसा स्थितहै (चतुराम्शौच) इसकर आम् आगम करनेपर रूप सिद्ध हुआ (चत्वारि) द्वितीया बहुवचनमेभी (चत्वारि) तृतीयादिकमें (चतुर्भिः) (चतुर्भ्यः) (चतुर्णाम्) (चतुर्षु) (१) नकारान्त अहन् शब्दहै । प्रथमा एकवचनमें (नपुंसकात्स्यमोर्लुक्) इसकर सिका लुक् करनेपर रूप स्थित हुआ । अहन् ॥

(१) मुख्य वृत्तिकर हकारान्त शब्द नपुंसक लिंग नही है किन्तु गौणभावमे स्वनड्वह गोदुह अनुपानह् आदिक नपुंसकलिंगभी हो सक्ते है जैसे । प्रथमा एकवचनमे । स्वनड्वह सि । ऐसा स्थित है (नपुंसकात्स्यमोर्लुक्) इसकर सिका लुक् करनेपर (खरवसानयो) इसकर दकार किया । फिर (वावसाने) इसकर रूप सिद्ध हुआ । स्वनड्वत् । स्वनड्वद् । द्विवचनमे (ईभौ) इस कर सिद्ध हुआ । स्वनड्वही । बहुवचनमे (जश्शसो शि) इसकर जस्के स्थानमे शिकरनेपर (चतुरनडुहो-रामुश्चौच) इसकर आम् आदेश कर (नुमचमः) इसकर नुम् आगम किया तब रूप सिद्ध हुआ (स्वनड्वाहि) इसीप्रकार द्वितीयामे हुए । तृतीयामे(स्वनड्वद्भ्या) (स्वनड्वद्भ्याम्) इत्यादि (गोधुक्) (गोधुग्) (गोदुही) (गोदुहि २) तृतीयामे (गोदुहा) (गोधुग्भ्याम्) इत्यादि (अनुपानद्) (अनुपानद्)(अनुपानही) (अनुपानहि २) तृतीयामे (अनुपानद्भ्या) (अनुपानद्भ्याम्) इत्यादि । गौणभावमे नपुंसकलिंग प्रियचतुर् शब्द है । प्रथमामे (नपुंसकात्स्यमोर्लुक्) (खरवसानयो) इनकर सिद्ध हुआ (प्रियचतु) द्वितीयामे (ईभौ) इसकर औके स्थानमे ई करनेपर रूप सिद्ध हुआ (प्रियचतुरी) बहुवचनमे (प्रियचत्वारि) इत्यादि । गौणभावमे नपुंसकलिंग । प्रियचतस् शब्द है प्रियचतसृ) (प्रियचतसृणी) (प्रियचतसृणि) इत्यादि ॥

अह्नः सः ।

अह्नः–सः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अहन्शब्दस्य नकारस्य सकारो भवति रसे पदान्ते च । स्रोविसर्गः । अहः । ईमौ । वेङ्योः । अह्नी । अहनी । अहानि २ । अह्ना । अहोभ्याम् । अहोभिः । अह्ने । अहोभ्याम् । अहोभ्यः । अह्नः । अहोभ्याम् । अहोभ्यः । अह्नः । अह्नोः । अह्नाम् । अहनि । अह्नि । अह्नोः । अहःसु । ब्रह्मन्शब्दस्य भेदः । नाम्नो नो लोपश्चौ । ब्रह्म । ब्रह्मणी । ब्रह्माणि २ । ब्रह्मन्शब्दस्य सम्बोधने धौ नपुंसके नलोपो वा वाच्यः । हे ब्रह्म । हेब्रह्मन् । ब्रह्मणा । ब्रह्मभ्याम् । ब्रह्मभिः । इत्यादि । एवं चर्मन् वर्मन् पर्वन्प्रभृतयः ।

भाषार्थ–अहन् शब्दके नकारको सकार होय रस प्रत्याहार परे संते और पदान्तके विषे । जैसे (ब्रह्मन्) इसमें सिका लुक् करनेपर पदान्त विद्यमानहै इसकारण नकारके स्थानमे सकार किया फिर (स्रोविसर्गः) इसकर रूप सिद्ध हुआ (अहः) द्विवचनमे (ईमौ) इसकर औकारके स्थानमे ईकार करनेपर (वेङ्योः) इसकर एक जगह अहन् शब्दके उपधाभूत अकारका लोप किया । तब रूप सिद्ध हुआ (अह्नी) और जहाँ अकारका लोप नही हुआ । तहाँ रूप सिद्ध हुआ (अहनी) बहुवचनमें (जश्शसोः शिः) इसकर जस्के स्थानमे शिकरनेपर (नोपधायाः) इसकर रूप सिद्ध हुआ (अहानि) इसी प्रकार द्वितीयामें रूप सिद्ध हुए । तृतीयाएकवचनमें (अलोपः स्वरेम्वयुक्ताच्छसादौ) इसकर अहन् शब्दके उपधाभूत अकारका लोप करनेपर सिद्ध हुआ (अह्ना) द्विवचनमे (अह्नः सः) इसकर नकारके स्थानमे सकार करनेपर (स्रोर्विसर्गः) (हवे) (उ औ) इन सूत्रोकर रूप सिद्ध हुआ (अहोभ्याम्) बहुवचनमें (अहोभिः) इसीप्रकार अन्य विभक्ति वचनोमें रूप साधनेयोग्यहै । ब्रह्मन् शब्दको भेदहै । प्रथमा एकवचनमे । ब्रह्मन् सि । ऐसा स्थितहै (नपुंसकात्स्यमोर्लुक्) इसकर सिका लुक् करनेपर (नाम्नो नो लोपश्चौ) इसकर नकारका लोपभी किया तब रूप सिद्ध हुआ (ब्रह्म) द्विवचनमें (ईमौ) इसकर औकारके स्थानमे ईकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (ब्रह्मणी) इसमें उपधाभूत अकारका लोप नहीं हुआ क्योंकि मकारान्त वा वकारान्त संयोगमें उत्तर नकारान्त शब्दके उपधाभूत अकारका लोप नही होताहै । बहुवचनमें (जश्शसोः शिः) इसकर जस्के स्थानमे शिकरने पर (नोपधायाः) इसकर सिद्ध हुआ (ब्रह्माणी) सम्बोधनमें धिके विषे (नपुंसकात्स्यमोर्लुक्)

इसकर धिसंज्ञक सिका लुक् किया फिर ब्रह्मन् शब्दके नकारका लोप सम्बोधनमे नपुंसकके विषे धि विषयमें विकल्पकरके वक्तव्यहै । इसकर एक जगह नकारका लोप करने पर रूप सिद्ध हुआ (हे ब्रह्म) और जहां नकारका लोप नहीं हुआ तहाँ सिद्ध हुआ (हे ब्रह्मन्) द्विवचनमें (हे ब्रह्मणी) बहुवचनमें (हे ब्रह्माणि) द्वितीयामे भी प्रथमावत् जानने योग्यहै । तृतीयादिकमें (ब्रह्मणा) (ब्रह्मभ्याम्) (ब्रह्मभिः) इत्यादि । इसीप्रकार चर्मन् वर्मन् पर्वन आदिक साधनेयोग्यहै जैसे (चर्म) (चर्मणी) (चर्म्माणि २) (हेचर्म) (हेचर्मणी) (हे चर्म्माणि) (चर्मणा) (चर्मभ्याम्) चर्मभिः । इत्यादि ॥

नान्तादद्दन्ताच्छन्दसि ङिश्योर्वा लोपः । छन्दस्यागमजानागमजयोर्लोपालोपौ च वक्तव्यौ । परमेव्योमन् सर्वा भूतानि । दीर्घत्वं न निवर्त्तते ।

भाषार्थ—नकारान्त तथा अकारान्त शब्दसे परे जो ङि और शि तिनका लोप वेदमे विकल्पकरके वक्तव्यहै । छन्दस् नाम वेदके विषे । आगमसे उत्पन्नहुए तथा नहीं आगमसे उत्पन्नहुए अर्थात् स्वयं सिद्ध हुए नकारका लोप तथा नहीं लोप भी वक्तव्य है जैसे (परमे व्यौमनि) इनमे एक जगह ङिका लोप नही हुआ तहाँ रहा (परमे) और जहाँ ङिका लोप होगया तहाँ हुआ (व्योमन्) इसमे (नाम्नोनोल्लोपशकौ) इसकरके नकारका लोप नहीं हुआ । क्योंकि वैदिकप्रयोगमे स्वयं सिद्ध नकारका लोप होताहै और नही भी होताहै यहाँ पर वैदिक प्रयोग होनेसे नकारका लोप नहीं हुआ है और (सर्वाणि भूतानि) इनमे एक जगह शिका लोप करनेपर रूप स्थित हुआ (सर्वान्) इसमे नकार आगमसे उत्पन्न हुआ है तथापि नकारका लोप करदिया क्योंकि वेदमे आगमसे उत्पन्न हुए नकारका लोप होताहै और नहीं भी होताहै जब कि, नकारका लोप करदिया तब रूप सिद्ध हुआ (सर्वा) यदि कहो कि. जब नकार और शिका लोप होगया तब । निमित्ता भावे नैमित्तिकस्याप्यभावः । इसकर दीर्घता भी निवृत्त होनी चाहिये तहाँ कहते हैं कि । वैदिक प्रयोग होनेसे दीर्घता नहीं निवृत्त होतीहै और (भूतानि) इसमे शिका लोप हुआ नही इसकारण यथावत् स्थित रहा ॥

दकारान्तास्त्यदादयः । त्यदादीनांरयमोर्लुकिकृतेटेरत्वंनभवति । स्यादाविति विशेषणात् । द्विवचनादौतुटेरत्वेकृतेनपुंसकेसर्ववद्रूपं ज्ञेयम् । त्यत् । त्यद् । त्ये । त्यानि २ । तत् । तद । ते । तानि । यत् । यद् । ये यानि । एतत् । एतद् । एते । एतानि । किम् । के । कानि । इदम् । इमे । इमानि । तृतीयादौ सर्वत्र पुंवत् ।

भाषार्थ–दकारान्त त्यदादिकहैं । त्यदादिकोके सि अम्का लुक् करने पर टिको अकार नहीं होय और (स्यादौ) इस विशेषणसे द्विवचनादिकमे टिको अकार करने पर सर्वशब्दवत् रूप जानने योग्यहै जैसे । त्यद्सि । इसमे (नपुंसकात्स्यमोर्लुक्) इसकर सिका लुक् करने पर (त्यदादेष्टेरःस्यादौ) इसकर टिको अकार नही हुआ । क्योंकि लुक्के विषे तन्निमित्त कार्य नही होताहै तब रूप सिद्ध हुआ (वावसाने) इसकर । त्यत् । त्यद् । द्विवचनमे (त्यदादेष्टेरःस्यादौ) इसकर टिको अकार करने पर (ईमौ) इसकर रूप सिद्ध हुआ (त्ये) बहुवचनमे (त्यदादेष्टेरःस्यादौ) इसकर टिको अकार कर (जश्शसोः शिः) इसकर जस्के स्थानमे शि आदेश किया । फिर (नुमयमः) इसकर नुम् आगम करने पर (नोपधायाः) इसकर रूप सिद्ध हुआ (स्यानि) इसीप्रकार द्वितीयामे सिद्ध हुए । तृतीयादिकमे पुँल्लिङ्गवत् रूप जानने । जैसे (त्येन) (त्याभ्याम्) (त्यैः) त्यैस्मै (त्याभ्याम्) (त्येभ्यः) (त्यस्मात्) (त्याभ्याम्) (त्येभ्यः) (त्यस्य) (त्ययोः) (त्येषाम्) (त्यस्मिन्) (त्ययोः) (त्येषु इसप्रकार तद् यद् (१) एतद् किम् शब्द साधने योग्य हैं । मकारान्त इदम् शब्द है (नपुंसकात्स्यमोर्लुक्) इसकर सिका लुक् करनेपर रूप सिद्ध हुआ (इदम्) द्विवचनमें (त्यदादेष्टेरः स्यादौ) इसकर टिको अकार किया (ईमौ) इसकर औको ई किया (दस्यमः) इसकर दकारको मकार किया तब रूप सिद्ध हुआ (इमे) बहुवचनमे (त्यदादेष्टेरः स्यादौ) इसकर टिको अकार किया (दस्यमः) इसकर दकारको मकार किया (जश्शसोःशिः) इसकर जस्को शि आदेश करनेपर (नुमयमः) इसकर नुम आगम किया फिर (नोपधायाः) इसकर रूप सिद्ध हुआ (इमानि) द्वितीयामे (इदम्) (२) (इमे) (इमानि) तृतीयादिकमे पुँल्लिङ्गवत् रूप जानने ॥

चकारान्तः प्रत्यच्शब्दः । चोःकुः । प्रत्यक्–प्रत्यग् । प्रतीची । प्रत्यञ्चि २ । तकारान्तो जगत् शब्दः । जगत्–जगद् । जगती । जगन्ति २ । महत्–महद् । महती । महान्ति २ । न्सम्महतोधौ दीर्घः शौच । इति दीर्घत्वम् । सकारान्ताः पयमतेजमवचस्प्रभृतयः । पयः । पयसी । पयांसि २ । पयसा । पयोभ्याम् । पयोभिः । इत्यादि । अदस्शब्दस्य स्यमोर्लुकिकृते । स्रोर्विसर्गः ।

---

(१) (नपुंसके एतदोन्यादेशोऽमि एनदिति वक्तव्यम्) अर्थ–नपुंसकलिंगमे एतद् शब्दको अन्यादेशके विषे अम् पर हुए संते एनत् यह आदेश वक्तव्य है । एनत् । एनद् । एने । एते । एनानि । एतानि । (२) केचित्तु इदमशब्दस्यान्यादेशेनपुंसकेऽमिएनदितीच्छन्ति । अर्थ–कोई आचार्य इदम् शब्दकोभी अन्यादेशमें नपुंसकलिंगके विषे अम् पर हुए संते एनत् यह आदेश इच्छा करते हैं । एनत् ॥

द्विवचनादौ टेरत्वे कृते मत्वोत्वे च। अदः। अम। अमूनि ३। शेषं पूर्ववत्। इति हसान्ता नपुंसकलिङ्गाः।

भाषार्थ–तकारान्त जगत् शब्दहै। प्रथमा एकवचनमें (नपुंसकान्त्यसोर्लुक्) इसकर सिका लुक् करनेपर पदान्त होनेसे (चोः कुः) इसकर चकारके स्थानमें ककार कर (वावसाने) इसकर रूप सिद्ध हुआ (प्रत्यक्–प्रत्यग्) द्विवचनमें (ईमौ) इसकर औकारके स्थानमें ईकार करनेपर (अचेरलोपो दीर्घश्च) इसकर रूप सिद्ध हुआ (प्रतीची) बहुवचनमें (जश्शसोः शिः) इसकर जस्के स्थानमें शि आदेश करनेपर (नुमयमः) इसकर नुम् आगम किया तब रूप सिद्ध हुआ (प्रत्यञ्चि) इसीप्रकार द्वितीयामें सिद्ध हुए। तृतीयादिकमें पुंल्लिङ्गवत् साधने योग्य है इसीप्रकार अन्वच् आदिक साधने योग्यहैं (अन्वक्) (अन्वग्) (अनूची) (अन्वंचि) चकारान्त गवाच् शब्द है। प्रथमा एकवचनमें (गवाक्) (१) गवाग् (द्विवचनमें) (अचेरलोपो दीर्घश्च) इसकर अंच् धातुके क्विप् प्रत्ययान्त अच्के अकारका लोप किया। फिर (निमित्ताभावेनैमित्तिक-

---

(१) गवाक् शब्दस्य रूपाणि क्रोष्टुर्भागतिभेदत। असन्ध्यगागमाल्लोपैर्नवाधिकशत मतम् ॥ १ ॥ स्यम्सुप्सुनवषड्भादीषट्केस्युस्त्रीणिजश्शसो। चत्वारिशेषदशके रूपाणीति विभावय ॥ २ ॥ अर्थ–गवाक् शब्दके रूप पूजार्थ तथा गत्यर्थके भेदसे असन्धि और अगागम और अलोप इनकरके नव अधिक सौ अर्थात् एक सौ नौ जानने योग्य है॥ १॥सि और अम् और सुप् इनके विषे नौ जानिये और भकारादि विभक्तिवचनोमे छ २ रूप जानिये और तीन २ जस् और शस्के विषे जानिये। और शेष दश विभक्तिवचनोमे चार २ रूप जानिये ॥ जैसे गति अर्थमे अगागम करनेपर रूप हुआ (गवाक्) (गवाग्) और सन्धि न करने पर रूप हुआ (गोअक्) (गो अग्) और अकारका लोप करनेपर रूप हुआ (गोक्) (गोग्) और पूजार्थमे (गवाड्) (गोअड्) (गोड्) द्विवचनमे गत्यर्थके विषे (गोचौ) पूजार्थमे (गवाचौ) (गोअचौ) (गोचौ) बहुवचनमे गत्यर्थ तथा पूजार्थ दोनोके विषे सदृश रूप हुए (गवाचि) (गोअचि) (गोचि) इसी प्रकार द्वितीयामे हुए। तृतीयाके प्रथम वचनमे गत्यर्थके विषे (गोचा) और पूजार्थमे (गवाञ्चा) (गोअञ्चा) (गोञ्चा) द्विवचनमे गत्यर्थके विषे (गवाग्भ्याम्) (गोअग्भ्याम्) (गोग्भ्याम्) पूजार्थमे (गवाड्भ्याम्) (गोअड्भ्याम्) (गोड्भ्याम्) इसी प्रकार अन्य भकारादिक विभक्तिवचनोमे रूप जानने। चतुर्थी एकवचनमे गत्यर्थके विषे (गोचे) पूजार्थमे (गवाचे) (गोअचे) (गोचे) पञ्चमी एकवचनमे गत्यर्थके विषे (गोचः) पूजार्थमे (गवाचः) (गोअचः) (गोचः) इसीप्रकार षष्ठी एकवचनमे रूप जानने। द्विवचनमे गत्यर्थके विषे (गोचोः) पूजार्थमे। (गवाचोः) (गोअचोः) (गोचोः) बहुवचनमे गत्यर्थके विषे (गोचाम्) पूजार्थमे (गवाचाम्) (गोअचाम्) (गोचाम्) सप्तमी एकवचनमे गत्यर्थके विषे (गोचि) पूजार्थमे (गवाचि) (गोअचि) (गोचि) द्विवचनमे षष्ठी द्विवचनवत्। बहुवचनमे गत्यर्थके विषे (गवाक्षु) (गोअक्षु) (गोक्षु) पूजार्थमे (गवाड्षु) (गोअड्षु) (गोड्षु) शसे डुण्ः कुकृटको वा। इसकर सिद्ध हुआ (गवाड्क्षु) (गोअड्क्षु) (गोड्क्षु) इति ॥

स्याप्यभावः) इसकर (गवादेरवर्णागमोक्षादौ वक्तव्यः) इसकर किये अवर्ण आगमका भी अभाव होगया फिर (ओ अव्) इसकर किये अव् आदेशका भी अभाव होगया तब रूप सिद्ध हुआ (गोची) बहुवचनमें (गवाञ्चि) इसी प्रकार द्वितीयामें जानने । तृतीयादिकमे (अञ्चेरलोपो दीर्घश्च) इसकर सिद्ध हुआ (गोचा) (गवाग्भ्याम्) (गवाग्भिः) इत्यादि । तकारान्त जगत् शब्द है (जगत्—जगद्) (जगती) (जगन्ति २) इत्यादि । (महत्—महद्) (महती) (महान्ति) बहुवचनमे (जश्शसोः शिः) इसकर शि आदेश करनेपर (नुमयमः) इसकर नुम् किया (नस्म्महतोऽधौ दीर्घः शौच) इसकर शिके विषे दीर्घ होगया । इसीप्रकार द्वितीयामें जानने । तृतीयादिकमे पुँल्लिङ्गवत् जानने । सकारान्त पयस् तेजस् वचस् आदिक शब्द है (पयः) (पयसी) बहुवचनके विषे जस्के स्थानमे शि करनेपर नुम् आगम किया फिर नस्न्त शब्द होनेसे (नस्म्महतोधौ दीर्घः शौच) इसकर दीर्घहो रूप सिद्ध हुआ (पयांसि) इसी प्रकार द्वितीयामे रूप हुए । और षकारान्त हविष् शब्दसे सिका लुक् करनेपर (हविषांरः) इसकर रकार किया फिर (खोर्विसर्गः) इसकर विसर्ग करनेपर रूप सिद्ध हुआ (हविः) द्विवचनमें (हविषी) बहुवचनमें-जस्के स्थानमे शि करनेपर (नुमयमः) इसकर नुम् आगम किया फिर (नस्म्महतोऽधौ दीर्घः शौच) इसकर दीर्घ करनेसे रूप सिद्ध हुआ (हवींषि) यदि कहो कि, सूत्रमें तो नस्न्तका ग्रहण है न्यन्तका तो ग्रहण है नहीं फिर कैसे दीर्घ करदिया तहाँ यह समाधान है कि, सूत्रमें चकारके ग्रहणसे न्यन्तका भी ग्रहण किया है द्वितीयामे (हविः) (हविषी) (हवींषि) तृतीयादिकमें (हविषा) (हविर्भ्याम्) (हविर्भिः) इत्यादि । सकारान्त अदस्के सि अम् का लुक् करनेपर (खोर्विसर्गः) इसकर सिद्ध हुआ (अदः) द्विवचनादिकमे टिको अकार (त्यदादेष्टेरःस्यादौ) इस सूत्रकर करनेपर (दस्यमः) इसकर मकार करने योग्य है और (मादू) इसकर उकार तथा ऊकार करने योग्यहै । जैसे द्विवचनके विषे (ईमौ) इसकर औके स्थानमे ईकार करनेपर (त्यदादेष्टेरः स्यादौ) इसकर टिको अकार किया । फिर (दस्यमः) इसकर दकारको मकार किया फिर (अइए) इसकर एकार करनेपर (मादू) इसकर दीर्घ ऊकार किया तब रूप सिद्ध हुआ (अमू) बहुवचनमे जस्के स्थानमे शि करके टिको अकार किया फिर नुम् आगम किया फिर (दस्यमः) इसकर दकारको मकार किया । फिर (नोपधायाः) इसकर मकार उत्तरवर्ती अकारको दीर्घ किया । फिर (मादू) इसकर ऊकार करनेपर रूप सिद्ध हुआ (अमूनि) द्वितीयामे भी इसीप्रकार सिद्ध हुए । तृतीयादिकमें पुँल्लिंगवत् रूप जानने योग्य हैं । इसप्रकार हसान्त नपुंसकलिंग-साधन है ॥

अथ युष्मदस्मदोः स्वरूपं निरूप्यते। तयोश्च वाच्यलिंगत्वाद्विष्वपि लिङ्गेषु समानं रूपम्।

भाषार्थ–संज्ञा और सन्धि तथा स्वरान्त हलन्त लिङ्गत्रय साधनके अनन्तर युष्मद् और अस्मद्का मुख्य स्वरूप निरूपण किया जाता है तिन दोनों युष्मद् और अस्मद्को वाच्यलिंग अर्थात् विशेष्य पुरुष स्त्री कुलादिके लिंगवाले होनेसे तीनो लिंगोके विषे तिनका एक सदृश रूप होताहै अथवा तिन युष्मद् अस्मद्का वाचि नाम वचन अर्थात् वाणीके व्यवहारकालके विषे अलिंगत्व अर्थात् लिंगभाव न होनेसे तीनो स्त्रीपुं० नपुंसक लिंगोमे उनका एक सदृश रूप होताहै। प्रथमा एकवचनमें। युष्मद् सि। अस्मद् सि। ऐसा स्थित है॥

त्वमहं सिना।

त्वमहमू–सिनौ। द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) युष्मदस्मदोः सिसहितयोः त्वम् अहम् इत्येतावादेशौ भवतः यथासंख्येन। त्वम्। अहम्।

भाषार्थ–सि विभक्ति वचनसहित युष्मद् और अस्मद् शब्दोंको यथाक्रमसे त्वम् और अहम् यह आदेश होय भाव यह है कि, सि सहित युष्मद्को त्वम् और सि सहित अस्मद्को अहम् आदेश होय जैसे (युष्मद् सि। अस्मद् सि) इनमे युष्मद् शब्दसे परे और अस्मद् शब्दसे परे सि विभक्ति वचन विद्यमान है इसकारण। युष्मद् सि। के स्थानमे त्वम् आदेश होकर (त्वम्) और (अस्मद् सि) के स्थानमे अहम् आदेश होकर (अहम्) सिद्ध हुआ। द्विवचनमे। युष्मद् औ। अस्मद् औ। ऐसा स्थित है॥

युवावौ द्विवचने।

युवावौ–द्विवचने[1]। द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) युष्मदस्मदोर्द्विवचने परे युव आव इत्येतावादेशौ भवतः।

भाषार्थ–युष्मद् अस्मद्को यथाक्रमसे द्विवचन पर हुए संते युव आव यह आदेश होय अर्थात् द्विवचन परहुए संते युष्मद्के स्थानमें युव और अस्मद्के स्थानमें आव आदेश होय जैसे (युष्मद् औ। अस्मद् औ) इनमे युष्मद् अस्मद्से परे द्विवचन सम्बन्धी औ विद्यमानहै इसकारण युष्मद्के स्थानमें युव और अस्मद्के स्थानमे आव आदेश करनेसे रूप स्थित हुए (युव औ। आव) औ॥

आमौ।

आमि-औ। द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) युष्मदस्मदोः पर औ आम् भवति। युवाम्। आवाम्।

भाषार्थ-युष्मद् और अस्मद् शब्दसे परे जो औ सो आम् होय। जैसे (युव औ) (आव औ) इनमें औके स्थानमें आम् किया तब रूप स्थित हुए (युवआम्। आवआम्) यदि कहो कि, इनमें युष्मद् तथा अस्मद् शब्दसे परे औ नहीं है किन्तु युव और आवसे परे औहै फिर औको आम् आदेश कैसे किया तहा यह समाधानहै जो जिसका आदेशहै वह उसीके समान होताहै (यदादेशस्तद्वद्भवति) इस वचनसे फिर (सवर्णे दीर्घः सह) इसकर सिद्ध हुए (युवाम्) (आवाम्) बहुवचनमें। युष्मद् अम्। अस्मद् अम्। ऐसा स्थितहै॥

यूयंवयं जसा।

यूयंवयम्-जसा। द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) जसा सहितयोर्युष्मदस्मदोर्यूयम् वयम् इत्येतावादेशौ भवतः। यूयम् वयम्।

भाषार्थ-जस् सहित युष्मद् अस्मद्को क्रमसे यूयम् वयम् यह आदेश होयँ। भाव यहहै कि, जससहित युष्मद् शब्दको यूयम् और जससहित अस्मद् शब्दको वयम् आदेश होय। जैसे। युष्मद् अस्। अस्मद् अस्। इनमें जस्के शुद्ध रूप अस् सहित युष्मद्के स्थानमें सिद्ध हुआ (यूयम्) और अस्मद्के स्थानमें सिद्ध हुआ (वयम्) द्वितीया एकवचने। युष्मद् अम्। अस्मद् अम्। ऐसा स्थितहै॥

त्वन्मदेकत्वे।

त्वन्मत-एकत्वे। द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) युष्मदस्मदोः त्वत् मत् इत्येतावादेशौ भवतः। एकत्वे गम्यमाने।

भाषार्थ-युष्मद् और अस्मद् शब्दको क्रमसे त्वत् मत् यह आदेश होयँ एकवचन प्राप्त हुए सते। भाव यह है कि, एकार्थवाचकता प्राप्त होनेपर युष्मद्के स्थानमें त्वत् और अस्मद्के स्थानमें मत् आदेश होतेहै। जैसे (युष्मद् अम्। अस्मद् अम्) इनमें द्वितीयाका एकवचन विद्यमानहै इसकारण युष्मद्के स्थानमें त्वत् और अस्मद्के स्थानमें मत आदेश करनेपर रूप स्थित हुए। त्वत् अम्। मत् अम्॥

आम्भौ।

आ-अमि-भौ। द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) युष्मदस्मदोष्टेरात्वंभवति अमिभकारेभिञ्चपरे। त्वाम्। माम्। युवाम्। आवाम्। त्यदादेष्टेरः

त्यादौ इत्यकारे कृते । शसि । इति दीर्घत्वम् । शसोनोवक्तव्यः । युष्मान् । अस्मान् ।

भाषार्थ–युष्मद् अस्मद्की टिको आकार होय अम् और सकार तथा भिस् पर-हुएसंते । जैसे । त्वत् अम् । मत् अम् । इनमे । यदादेशास्तद्वद्भवति । इसकर त्वतके स्थानमें युष्मद् और मतके स्थानमे अस्मद् मानकर त्वत् तथा मतूके टिको आकार किया क्योकि परे अम् विद्यमानहै तब रूप हुआ । त्वाअम् । मा अम् । फिर (अम्शसोरस्य) इसकर सिद्ध हुए (त्वाम्) (माम्) द्विवचनमें प्रथमाद्विवचनवत् सिद्ध हुए (युवाम् । आवाम्) बहुवचनम (त्यदादेष्टेरः स्यादौ) इसकर टिके स्थानमें अकार करनेपर (अम्शसोरस्य) इसकर शस्के अकारका लोप करदिया । फिर (शसि) इसकर दीर्घता की । फिर वाच्यलिंग होनेसे केवल पुँलिङ्ग न होनेके कारण (सोनः पुंसः) इसकर शस्के सकारको नकार नहीं हुआ किन्तु । युष्मद् अस्मदमें परे शस्के सकारको नकार वक्तव्यहै । इससे शस्के सकारके स्थानमें नकार करनेपर रूप सिद्ध हुए (युष्मान्) (अस्मान्) तृतीया एकवचनमें युष्मद्को (त्वन्मदेकत्वं) इसकर त्वत् आदेश और अस्मद्को मत् आदेश करनेपर रूप स्थित हुए । त्वत् आ । मत् आ ।

ए टाङ्योः ।

११ ७ २
ए–टाङ्योः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) युष्मदस्मदोष्टेरेत्वं भवति टाङि इत्येतयोः परयोः । अयादेशः । त्वया । मया । युवाभ्याम् । आवाभ्याम् । युष्माभिः । अस्माभिः ।

भाषार्थ–युष्मद् और अस्मद्की टिको एकार होय तृतीया एकवचनसम्बन्धी टा और सप्तमी एकवचन सम्बधी ङि परे हुए संते जैसे । त्वत् आ । मत् आ । इनमें (यदादेशास्तद्वद्भवति) इसकर त्वतके स्थानमें युष्मद् और मतके स्थानमें अस्मद् मानकर त्वत् और मतकी टिको एकार किया क्योकि टाका शुद्ध रूप आकार परे विद्यमान है तब रूप स्थित हुआ । त्वे आ । मे आ । फिर (ए अय्) इसकर सिद्ध हुआ (त्वया) (मया) द्विवचनमे (युवावौ द्विवचने) इसकर युव आव आदेश करनेपर (अद्भि) इसकर रूप सिद्ध हुए (युवाभ्याम्) (आवाभ्याम्) बहुवचनमें (आम्स्मौ) इसकर युष्मद् अस्मद् शब्दकी टिको आकार करनेपर रूप सिद्ध हुए (युष्माभिः) (अस्माभिः) चतुर्थी एकवचनमें । युष्मदङे । अस्मदङे । ऐसे स्थित है ॥

तुभ्यं मह्यं ङया ।

तुभ्यंमह्यम्-ङेर्या । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) ङयासहितयोर्युष्मदस्मदोः तुभ्यम् मह्यम् एतावादेशौ भवतः । तुभ्यम् । मह्यम् । युवाभ्याम् । आवाभ्याम् ।

भाषार्थ-ङे सहित युष्मद् अस्मद्को । तुभ्यम् । मह्यम् । यह आदेश होयँ युष्मद्ङे । अस्मद् ङे । इनमें ङे सहित युष्मद्के स्थानमे सिद्ध हुआ (तुभ्यम्) और ङे सहित अस्मद्के स्थानमे सिद्ध हुआ(मह्यम्) द्विवचनमें तृतीया द्विवचनवत् (युवाभ्याम्) (आवाभ्याम्) बहुवचनमे (त्यदादेर्डेः स्यादौ) इसकर टिको अकार करनेपर रूप स्थित हुआ (युष्मभ्यम्) (अस्मभ्यम्) ॥

भ्यस्भ्यम् ।

भ्यस्-भ्यम् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) युष्मदस्मदोः परो भ्यस् भ्यम् भवति । शकारो भकारादित्वव्यावृत्त्यर्थः । तेनात्वैत्वे न भवतः । युष्मभ्यम् । अस्मभ्यम् ।

भाषार्थ-युष्मद् अस्मद्से परे जो भ्यस् सो इभ्यम् होय अर्थात् गुरु आदेश होनेसे समस्त भ्यस्के स्थानमे इभ्यम् होय आदेशमे जो कि, शकार है वह भकारादित्वकी निवृत्तिके अर्थ है तिसकरके आकार और एकार नही होय भाव यह है कि, जो कि, आदेशमें प्रथम शकारका उच्चार किया है उसकरके आदेशको भकारादि होने परभी (अद्भि) इस सूत्रकर आकार और (एस्भिभ्यसुपि) इसकर एकार नही होवै जैसे । युष्मभ्यम् । अस्मभ्यम् । इनमे भ्यस्के स्थानमे इभ्यम आदेश करनेपर रूप सिद्ध हुए (युष्मभ्यम्) (अस्मभ्यम्) पंचमी एकवचनमे (त्वन्मदेकत्वे) इसकर त्वत् मत् आदेश करनेपर (त्यदादेर्डेः स्यादौ) इसकर त्वत् मत्की टिको अकार किया तब रूप स्थित हुए । त्व अस् । म अस् ॥

ङसिभ्यसोः श्नुः ।

ङसिभ्यसोः-श्नुः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) पंचम्या ङसिभ्यसोः श्नुर्भवति । शकारः सर्वादेशार्थः । उकार उच्चारणार्थः । त्वत् । मत् । युवाभ्याम् । आवाभ्याम् । युष्मत्-अस्मत् ।

भाषार्थ-युष्मद् अस्मद्से परे पंचमीके ङसि और भ्यस् इन दोनोके स्थानमे श्नुः आदेश होय आदेशमे शकार सर्वादेशके अर्थ है और उकार सुखपूर्वक आदेशके उच्चा

रणार्थ है । जैसे (त्व अस् । म अस्) इनमें पंचमी एकवचनसम्बन्धी असके स्थानमें इतु आदेश करनेपर रूप सिद्ध हुए (त्वत्) (मत्) द्विवचनमें (युवाभ्याम्) (आवाभ्याम्) बहुवचनमें (त्यदादेरः स्यादौ) इसकर टिके स्थानमें अकार करनेपर रूप स्थित हुए (युष्मभ्यस्) (अस्मभ्यस्) फिर भ्यसके स्थानमें इतु आदेश करनेपर रूप सिद्ध हुए (युष्मत्) (द्) (अस्मत्) (द्) षष्ठी एकवचनमें (युष्मद् अस्) (अस्मद् अस्) ऐसा स्थित है ॥

तवममङसा ।

तवममे–ङैसौं । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) ङमा महितयोर्युष्मदस्मदोः तव मम इत्येतावादेशौ भवतः । तव । मम । युवयोः । आवयोः । सर्वादित्वात् सुट् ।

भाषार्थ–ङस् सहित जो युष्मद् अस्मद् तिनको क्रमसे । तव । मम । यह आदेश होय अर्थात् ङस् सहित युष्मद्के स्थानमे तव और ङस् सहित अस्मद्के स्थानमें मम आदेश होय जैसे । युष्मद् अस् । अस्मद् अस् । इनमें ङस्के शुद्ध रूप अस् सहित युष्मद्के स्थानमें सिद्ध हुआ (तव) और अस्मद्के स्थानमें सिद्ध हुआ (मम) द्विवचनमें (युवावौ द्विवचने) इसकर युव आव आदेश करनेपर (ओसि) इसकर रूप सिद्ध हुआ (युवयोः) (आवयोः) बहुवचनमें (त्यदादेरः स्यादौ) इसकर टिके स्थानमें अकार करनेपर सर्वादिक होनेसे (सुडामः) इसकर सुट् आगम किया तब रूप स्थित हुए । युष्म साम् । अस्म साम् ॥

सामाकम् ।

सौंम्–आँकम् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) युष्मदस्मदोः परः साम् आकम् भवति । युष्माकम् । अस्माकम् । त्वयि । मयि । युवयोः । आवयोः । युष्मासु–अस्मासु ।

भाषार्थ–युष्मद् अस्मद् शब्दोंसे परे जो साम् सो आकम् होय । भाव यह है कि. युष्मद् अस्मद्से परे सुट् आगम सहित आमके स्थानमें आकम होय जैसे । युष्म साम् । अस्म साम् । इनमें युष्मद् अस्मद् शब्दसे परे सामके स्थानमें आकम करनेपर (सवर्णे दीर्घः सह) इसकर सिद्ध हुए (युष्माकम्) (अस्माकम्) सप्तमी एकवचनमें (त्वन्मदेकत्वे) इसकर त्वत् मत् आदेश करनेपर (एटाङ्योः) इसकर टिके स्थानमें एकार किया फिर (एअय्) इसकर सिद्ध हुए (त्वयि) (मयि) द्विवचनमें षष्ठीद्विवचनवत् (युवयोः) (आवयोः) बहुवचनमें (आम्सौ) इसकर टिको आकार करनेपर रूप सिद्ध हुए (युष्मासु) (अस्मासु) त्यदादिक होनेसे युष्मद

अस्मद्का सम्बोधनमें रूप नहीं होताहै । (१) यह पूर्वोक्त आदेश क्रमसे होते हैं और सि जस् ङे ङस् वर्जित अन्य सत्रह वचनोंके विषे एकके आतिक्रममें (त्व–म) और दोके अतिक्रममे (युव–आव) बहुतोके अतिक्रममे (युष्म–अस्म) यह आदेश होते हैं सो लिखा भी है ॥

समस्यमाने द्व्येकत्ववाचिनी युष्मदस्मदी ॥
समासार्थोन्यसंख्यश्चेद्युवावौ त्वन्मदावपि ॥ १ ॥
सिजस्ङेङस्सु परत आदेशाःस्युस्सदैवते ॥
त्वाहौ यूयवयौ तुभ्यमह्यौ तवममावपि ॥ २ ॥
एते परत्वाद्बाधन्ते युवावौ विषये स्वके ॥
त्वन्मदावपि बाधन्ते पूर्व्ववद्विषये स्वतः ॥ ३ ॥
द्व्येकसंख्यस्समासार्थो बह्वर्थे युष्मदस्मदी ॥
तयोरद्व्येकतार्थत्वाद्युवावौ त्वन्मदौ च न ॥ ४ ॥

भाषार्थ–समास किये गये युष्मद् अस्मद् समासमे द्विवचन वा एकवचन वाची हो और समासार्थ अन्यपद प्रधान अन्य संख्यावाला होवै अर्थात् भिन्न वचनवाची होवै तो जो समास करनपर युष्मद् अस्मद् द्विवचन हो तो युष्मद्के स्थानमें युव और अस्मद्के स्थानमें आव आदेश होते है और जो समास करनेपर युष्मद् अस्मद् एकवचनवाची हो तो युष्मद्के स्थानमे त्वत् और अस्मद्के स्थानमे मत् आदेश होतेहै ॥ १ ॥ सि और जस् और ङे और ङस् यह पर हुए संते क्रमसे सदा ही वह ही आदेश होवे जो कि. मुख्य स्वरूप युष्मद् अस्मद्के विषे सिमे (त्वम्) (अहम्) जस्मे (यूयम्) (वयम्) ङेमे (तुभ्यम्) (मह्यम्) ङस्मे (तव) (मम) आदेश हुए थे ॥ २ ॥ त्वम । अहम् । यूयम । वयम् । तुभ्यम् । मह्यम् । तव । मम । यह आदेश अपनेही स्थानमे युव आवको बाधा करते है और अपनेही स्थानमे पूर्ववत् त्वत् मत्को बाधा करतेहै किस कारणसे कि, पर कार्य होनेसे । भाव यह है कि, प्रथम श्लोकानुसार युष्मद् अस्मद्के स्थानमें आदेश किये हुए युव आव तथा त्वत् मत् के स्थानमें आनी २ ही जगह । त्वम् । अहम् । यूयम् । वयम् । तुभ्यम् । मह्यम् । तव । मम ।

(१) समासान्तत्वे प्राधान्ये च युष्मदस्मदोः सिजसुङेङस्सु । त्वम् । अहम् । यूयम् । वयम् । तुभ्यम् । मह्यम् । तव । मम । इत्यादेशा भवन्ति अन्यत्रतुसिजसुङेङस्सुवर्जितेषु सप्तदश वचनेषु एकस्यातिक्रमत्वयोः । द्वयोरतिक्रमे युवावौ । बहूनामतिक्रमे युष्मास्मौ । भाषार्थ–समासान्त होनेपर प्रधानता अर्थके विषे युष्मद् अस्मद्को सिजसुङेङस्सु इन विभक्ति वचनोंके विषे । त्वम् । अहम् । यूयम् । वयम् । तुभ्यम् । मह्यम् । तव । मम ॥

यह आदेश होजाते है समासार्थ अन्य पद प्रधान हो अथवा एक संख्यावाला हो अर्थात् द्विवचन वा एकवचन होय और युष्मद् अस्मद् समास किये जानेपर बहुवचनमें विद्यमान हो तो उन युष्मद् अस्मद्को द्विवचनार्थभाव वा एकवचनार्थभाव न होनेसे युव । आव । त्वत् । मत् । यह आदेश नहीं होते हैं किन्तु युष्मद् अस्मद् स्वयंही विद्यमान रहते है परन्तु पर कार्य होनेसे अपने २ स्थानोंके विषे युष्मद् अस्मद्के स्थानमें । त्वम् । अहम् । यूयम् । वयम् । तुभ्यम् । मह्यम् । तव । मम । यह आदेश भी होइ जातेहैं ॥ ४ ॥ समासके विषे एकवचनवाचक युष्मद् अस्मद्का उदाहरण (त्वां मां वा अतिक्रान्त इति विग्रहे) (अतित्वम्) (अत्यहम्) समासमें युष्मद् अस्मद्को एकवचन-वाचक होनेसे द्विवचनमें त्वत् मत् आदेश करने पर (त्यदादेरः म्यादौ) इसकर टिको अकार किया । फिर (आमौ) इसकर सिद्ध हुए (अतित्वाम्) (अतिमाम्) बहुवचनमें (अतियूयम्) (अतिवयम्) इसीप्रकार अन्य विभक्ति वचनोंमें साधने योग्यहैं । समासके विषे । द्विवचन वाचक युष्मद् अस्मद्का उदाहरण । युवामावामतिक्रान्त इति विग्रहे सिके विषे (त्वम्-अहम्) आदेश करनेपर रूप सिद्ध हुए (अतित्वम्) (अत्यहम्) समासके विषे युष्मद् अस्मद्को द्विवचन वाचक होनेसे द्विवचनमें । युव । आव आदेश करनेपर (आमौ) इसकर सिद्ध हुए (अतियुवाम्) (अत्यावाम्) बहुवचनमें जस्के विषे (यूयम् । वयम्) आदेश करनेपर सिद्ध हुए (अतियूयम्) (अति वयम्)। इत्यादि । समासके विषे बहुवचनवाचक युष्मद् अस्मद्का उदाहरण । युष्मानस्मान्वाऽतिक्रान्त इति विग्रहे । सिके विषे । त्वम् । अहम् । आदेश करनेपर सिद्ध हुए (अतित्वम्) (अत्यहम्) समासके विषे युष्मद् अस्मद्को बहुवचन वाचक होनेसे द्विवचनमें । युष्मद् अस्मद् । स्वयंही विद्यमान रहने पर (त्यदादेरः स्यादौ) इसकर टिको अकार किया फिर (आमौ) इसकर सिद्ध हुए (युष्मान्) (अस्मान्) बहुवचनमें जस्के विषे (यूयम् वयम्) आदेश करनेपर (अतियूयम्) (अतिवयम्) इत्यादि इसीप्रकार समासके विषे एकवचन द्विवचन बहुवचनवाचक अस्मद्के अन्य विभक्ति वचनोंमें रूप साधने योग्यहैं ग्रंथके विस्तर भयसे हमने नहीं लिखेहैं । इत्यलम् ॥

अथानयोरादेशविशेषविधिर्निरूप्यते ॥

भाषार्थ-युष्मद् अस्मद् साधनके अनन्तर इन युष्मद् अस्मद् शब्दोंका आदेश-विशेष विधि निरूपण किया जावे है ॥

युष्मदस्मदोः षष्ठीचतुर्थीद्वितीयाभिस्तेमेवांनौवंस्नसौ ।

६ ७ ३ ३ १ २ १ २ ३ ४

युष्मदस्मदोः-षष्ठीचतुर्थीद्वितीयाभिः-तेमे-वांनौ-वंस्नसौ-पंचपदमिदं-सूत्रम् (वृत्तिः) युष्मदस्मदोर्यथासंख्येनामी आदेशा भवन्ति षष्ठीचतुर्थीद्वि-

तीयासहितयोः । तत्रैकवचनेन सह ते मे भवतः । द्विवचनेन सह वांनौ । बहुवचनेन सह वस्नसौ ।

भाषार्थ–षष्ठी चतुर्थी द्वितीया सहित युष्मद् अस्मद्को यथाक्रम करके तेमे वानौ वस् नस् यह आदेश होय तहाँ षष्ठी चतुर्थीके एकवचन सहित युष्मद् अस्मद्को ते मे और षष्ठी चतुर्थी द्वितीयाके द्विवचन सहित युष्मद् अस्मद्को (वानौ) और षष्ठी चतुर्थी द्वितीयाके बहुवचन सहित युष्मद् अस्मद्को वस् नस् आदेश होतेहैं भाव यह है कि, षष्ठी चतुर्थीके एकवचन सहित युष्मद्को ते और अस्मद्को मे आदेश होय और द्वितीयाके एकवचन सहित अगारी कही जानेवाली विधानताके अनुसार युष्मद्को त्वा और अस्मद्को मा आदेश होय और षष्ठी चतुर्थी द्वितीयाके द्विवचन सहित युष्मद्को वां । और अस्मद्को (नौ) आदेश होय और षष्ठी चतुर्थी द्वितीयाके बहुवचन सहितयुष्मद्को वस् और अस्मद्को नस् आदेश होय । उदाहरणोंको अगले श्लोकोंकर कहतेहैं ॥

उक्तंच । स्वामीतेससमायातः स्वामीमेसांप्रतंगतः॥
नमस्तेभगमन्भूयोदेहिमेमोक्षमव्ययम् ॥ १ ॥
स्वामीवांसजहासोच्चैर्दद्मानौदानयाचनाम् ॥
राजावांदास्यतेदानंज्ञानंनौमधुसूदनः ॥ २ ॥
देवोवामवताद्विष्णुर्नरकान्नौजनार्दनः ॥
स्वामीवोवलवान्राजास्वामीनोसौजनार्दनः ॥ ३ ॥
नमोवोब्रह्मविज्ञेभ्योज्ञानंनोदीयतांधनम् ॥
सानन्दान्वःप्रपश्यामःपश्यामोनःसुदुःखिनः ॥ ४ ॥

भाषार्थ–(स्वामी ते स समायातः) इसमे षष्ठी एकवचनमे युक्त युष्मद्के सिद्ध हुए रूप तवके स्थानमे ते आदेश हुआहै । अर्थ । सो तुम्हारा स्वामी भली प्रकार आकर प्राप्त हुआहै (स्वामी मे सांप्रतं गतः) इसमे षष्ठी एकवचन युक्त सिद्ध हुए रूप ममके स्थानमें मे आदेश हुआहै । अर्थ । सो मेरा स्वामी इससमय गयाहै ॥ (नमस्ते भगवन्भूयो) इसमें चतुर्थी एकवचन युक्त युष्मद्के सिद्ध हुए रूप तुभ्यमके स्थानमें ते आदेश हुआहै । अर्थ । हे भगवन् ! तुम्हारे अर्थ बारंबार प्रणाम है (देहि मे मोक्षमव्ययम्) इसमें चतुर्थी एकवचन युक्त अस्मद्के सिद्ध हुए रूप मह्यमके स्थानमें मे आदेश हुआ है । अर्थ । मेरे अर्थ नहीं नाश होनेवाला मोक्ष दीजिये ॥ १ ॥ (स्वामी वां स जहासोच्चैः) इसमे षष्ठी

द्विवचन सहित युष्मद्के सिद्ध हुए रूप युवयोः के स्थानमें वां आदेश हुआहै । अर्थ । तुमदोनोंका स्वामी अति ऊंचे स्वरसे हंसता हुआ (दृष्ट्वा नौ दानयाचनाम्) इसमें षष्ठी द्विवचन सहित अस्मद्के सिद्ध हुए रूप आवयोः के स्थानमें नौ आदेश हुआ है । अर्थ । क्या करके कि, हम दोनोंकी दानयाचना देख करके (राजा वां दास्यते दानम्) इसमें चतुर्थी द्विवचन सहित युष्मद्के सिद्ध हुए रूप आवाभ्यांके स्थानमें वां आदेश हुआहै । अर्थ । राजा तुमदोनोंके अर्थ दान देवेगा (ज्ञानं नौ मधुसूदनः) इसमें चतुर्थी द्विवचन सहित अस्मद्के सिद्ध हुए रूप आवाभ्यांके स्थानमें नौ आदेश हुआहै । अर्थ । मधुसूदन विष्णु हम दोनोंके अर्थ ज्ञान देवेंगे ॥ २ ॥ (देवो वामवतादिष्णुर्नरकान्नौ जनार्दनः) इसमें द्वितीया द्विवचन सहित युष्मद्के सिद्ध हुए रूप युवांके स्थानमें वां और अस्मद्के सिद्ध हुए रूप आवांके स्थानमें नौ आदेश हुआहै । अर्थ । विष्णु देव तुम दोनोंकी नरकसे रक्षा करे और जनार्दन हम दोनोंकी नरकसे रक्षा करें (स्वामी वो बलवान् राजा स्वामी नोसौ जनार्दनः) इसमें षष्ठी बहुवचन युक्त युष्मद्के सिद्ध हुए रूप युष्माकंके स्थानमें वः और अस्मद्के सिद्ध हुए रूप अस्माकंके स्थानमें नः आदेश हुआ है । अर्थ । तुम बहुतोंका स्वामी राजा बलयुक्तहै । हम बहुतोंके स्वामी वह जनार्दन बलयुक्तहैं ॥ ३ ॥ (नमो वो ब्रह्मविज्ञेभ्यो ज्ञानं नो दीयतां धनम्) इसमें चतुर्थी बहुवचन युक्त युष्मद्के सिद्ध हुए रूप युष्मभ्यम् स्थानमें वः और अस्मद्के सिद्ध हुए रूप अस्मभ्यके स्थानमें नः आदेश हुआहै । अर्थ । तुम ब्रह्मवेत्ताओंके अर्थ प्रणामहै हमारे अर्थ ज्ञान रूप धन तुमकर दिया जावे (सानन्दान्वः प्रपश्यामः पश्यामो नः सदुःखिनः) इसमें द्वितीया बहुवनच युक्त युष्मद्के सिद्ध हुए रूप युष्मान्के स्थानमें वः और अस्मद्के सिद्ध हुए रूप अस्मान्के स्थानमें नः आदेश हुआहै । अर्थ । हम तुमको आनन्द युक्त देखतेहै और हम हमको दुःखयुक्त देखतेहै ॥

त्वामामा ।

त्वामा॑मौ । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अमासहितयोर्युष्मदस्मदोः त्वा मा इत्येतावादेशौ भवतः । पश्यामि त्वा मदालीढं पश्य मा मदभेदकम् ।

भाषार्थ-अमूसहित युष्मद् अस्मद्को क्रमसे त्वामा आदेश होतेहैं अर्थात् अमूसहित युष्मद्के स्थानमें त्वा और अस्मद्के स्थानम मा आदेश होतेहै जैसे (पश्यामि त्वा मदालीढं पश्य मा मदभेदकम्) इसमें अम् सहित युष्मद्के सिद्ध हुए रूप त्वांके स्थानमें त्वा और अस्मद्के सिद्ध हुए रूप मांके स्थानमें मा

आदेश हुआहै । अर्थ । मैं तुझको मदसे परिपूरित देखताहूं तू मुझको मदके भेदन करनेवाला देख ॥

नादौ ।

अ० ७ १
न-आदौ । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) पदादा वर्त्तमानयोर्युष्मदस्मदो-र्नैते आदेशा भवन्ति ।

भाषार्थ-श्लोकके पादके आदिमे वर्त्तमान जो युष्मद् अस्मद् तिनको ते मे वां नौ वः नः यह आदेश नहीं हाय जैसे ॥

तवयेशत्रवोराजन्ममतेप्यातिशत्रवः ॥
तवमित्राणियानिस्युर्ममामित्राणितान्यपि ॥ १ ॥
रुद्रोविश्वेश्वरोदेवोयुष्माकंकुलदेवता ॥
सएवभगवान्नाथोअस्माकंपापनाशनः ॥ २ ॥

भाषार्थ-प्रथम श्लोकके विषे प्रत्येक पादके आदिमे तव तथा ममको (ते) (मे) यह आदेश नही हुए और द्वितीय श्लोकमे द्वितीय और चतुर्थपादके आदिमें युष्माकं तथा अस्माकं को (वः) नः यह आदेश नहीं हुए । अर्थ । हेराजन् ! तुम्हारे जो शत्रुहै वह मेरेभी अति शत्रुहै और तुम्हारे जो मित्रहैं वह मेरेभी मित्रहैं ॥ १ ॥ जगत्के स्वामी रुद्रदेव तुम्हारे कुलदेवहै और वहही भगवान्नाथ हमारे पापनाशकहै ॥ २ ॥

पादादौकिम् । पान्तुवोनरसिंहस्यनखलांगलकोटयः ॥
हिरण्यकशिपोर्वक्षःक्षेत्रासृक्कर्दमारुणाः ॥ ३ ॥

भाषार्थ-इसमे युष्मान्के स्थानमे जो कि, (वः) आदेश हुआहै वह श्लोकके पादके आदिमे नहीं है । अर्थ । नृसिंहके नख रूप हलोके कोटि अर्थात् अग्रभाग तुम्हारी रक्षा करें कैसे हैं वह नखरूप हलोके अग्रभाग कि, हिरण्यकशिपुके वक्षःस्थल रूप क्षेत्रम जो रुधिररूप कीचहै उसकरके अरुण नाम लाल हैं ॥ (१)

---

(१) (विशेष्यपूर्व सम्बोधनेतरपूर्व सम्बोधनं च हित्वाऽन्यस्मात्सम्बोधनात्परयोर्नैत । देवास्मान्नाहिनृहरे विष्णोस्मान्पाहि सर्वदा । विशेष्यपूर्वात् सम्बोधनेतरपूर्वात्तु भवन्ति । हरे कृपालो न पाहि सर्वदा रक्ष देव न । भाषार्थ-विशेष्य पूर्व है जिसके ऐसे विशेषणरूप सम्बोधनको त्यागि और सम्बोधनसे अन्यपद पूर्व है जिसके ऐसेसम्बोधनको त्यागि अन्य सम्बोधनसे परे यह आदेश नही होय जैसे (देवास्मान्पाहि) इसमे सम्बोधनवाचक देव पदसे परे और सम्बोधनवाचक विष्णोपदसे परे अस्मद्का द्वितीया बहुवचनान्त रूपहै इसकारण न आदेश नही हुआ । अर्थ । हे देव तुम हमारी रक्षाकरो हे नृसिंहावतार हे विष्णो तुम हमारी सर्वदा रक्षाकरो॥विशेष्य पूर्व सम्बोधनसे सम्बो-

चादिभिश्च ।

३ ३ अ०
चादिभिः—च । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) चादिभिर्योगेऽनेन आदेशा भवंति । तव चायं प्रभविष्णुर्मम चायं तथैवच ।

भाषार्थ—चादिक अव्ययोंका योग होनेपर यह आदेश नहीं होते हैं भाव यह है कि, च-वा-ह-अह-एव-इन पांच अव्ययोंका समीप वर्ती होनेपर युष्मद् अस्मद्के ते मे वां नौ वस् नस् यह आदेश नहीं होते हैं जैसे (तव चायं) इसमें तवके समीप च अव्ययका योग है इसकारण तवके स्थानमें ते आदेश नहीं हुआ (ममचायन्तथैवच) इसमें ममके समीप भी च अव्ययका योग है इसकारण ममके स्थानमें मे आदेश नहीं हुआ । अथ । यह विष्णु तुम्हारे स्वामी है और यह विष्णु मेरे भी स्वामी है ॥

चादिर्निपाताः ।

१ १ १ १
चादिः—निपाताः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) (च) (वा) (ह) (अह) (एव) (इह) (एवम्) (नूनम्) (पृथक्) (विना) (नाना) (स्वस्ति) (आस्ति) (दोषा) (मृषा) (मिथ्या) (मिथस्) (वृथा) (अथ) (अथो) (ह्यस्) (श्वस्) (उच्चैस्) (स्वर्) (अन्तर्) (प्रातर्) (पुनर) (भूयस्) (आहोस्वित्) (उत) (सह) (क्ते) (अन्तरेण) (अन्तरा) (नमस्) (अलम्) (कृतम्) (अ-मा-नो-ना प्रतिषेधे) (ईषत्) (किल) (खलु) (वै) (आरात्) (दूरात्) (भृशं) (यत) (तत्) (स्वराश्च) इत्येवंचादिर्गणो निपातसंज्ञो भवति ।

भाषार्थ—चसे लेकर स्वर अर्थात् चतुर्दश स्वर पर्यन्त आदि शब्दसे (नार्क)

धनेतरपूर्व सम्बोधनसे यह आदेश होताहै (हरे कृपालो न पाहि) इसमें सम्बोधनवाचक द्वितीयरूप कृपालोपदसे पूर्व विशेष्यरूप । हरे । यह विद्यमानहै इसकारण कृपालोपदसे परे अस्मद्के द्वितीयाके बहुवचनान्त रूपको (नः) आदेश हुआहै । और सम्बोधनवाचक देवपदसे पूर्व अन्यपद (रक्ष) यह विद्यमानहै इसकारण सम्बोधनवाचक देवपदसे अस्मद्के द्वितीया बहुवचनान्त रूपको (नः) आदेश हुआ है । अर्थ । हेहरे कृपालो तुम हमारी रक्षाकरो हे देव तुम सदैवही हमारी रक्षा करो । इति ॥

(साद्ध) (सत्रा) (अमा) (कचित्) (अयि) (अये) (ननु) (नु) (नु) (नक्तम्) (इति) (नाम) (मन्ये) (इव) इत्यादि गण निपात संज्ञक हैं ॥ (१)

तत्रादिर्विभक्त्यर्थे निपात्यते ।

तस्मिन्निति तत्र । यस्मिन्निति यत्र । कस्मिन्निति कुह क्व कुत्र । तस्मिन्-काले तदा । यस्मिन्काले यदा । कस्मिन्काले कदा । तेन प्रकारेण तथा । केन प्रकारेण कथम् । अनेन प्रकारेण । इत्थम् । तस्मादिति ततः । कुतः ।

---

(१) (च) यह पुनरर्थ तथा समुच्चयादिकमे वर्त्तै है (वा) यह विकल्पार्थ तथा औपमानार्थमे वर्त्तै है (ह) (अह) यह दोनो खेदार्थ तथा पादपूरणार्थकहै (अह) यहभी खेदार्थ और आश्चर्यमे वर्त्त है (एव) निश्चयार्थ और औपम्यमे वर्त्त है (एवम्) यह इसप्रकार कर इस अर्थमे तथा अंगीकरण और पूर्वोक्त स्मरण तथा उपमाके विषे होताहै (नूनम्) निश्चयमे होताहै (पृथक्) भिन्नार्थवाचकहै (विना) अभावार्थ तथा वर्जनार्थमे होताहै (नाना) बहुप्रकारवाचकहै (स्वस्ति) कल्याणार्थवाच-कहै (अस्ति) सत्तार्थवाचकहै (दोषा) रात्रिवाचकहै (मृषा–मिथ्या) यह दोनो असत्यार्थवाचक है (मिथस्) परस्परार्थ वाचकहै (अथ–अथो) यह दोनो आनन्तर्य्यार्थमे तथा मगल और आरभमे तथा अर्थान्तरके कहनेमे वर्त्तै है (ह्यस्) बीते हुए दिनका वाचकहै (श्वस्) आनेवाले दिनका वाच-कहै (उच्चै) उच्चतावाचकहै (तथा) अतिशयार्थवाचकहै (नीचैस्) नीचतार्थ तथा हीनतार्थकहै (स्वर्) स्वर्गवाचकहै (अन्तर्) मध्यार्थकहै (प्रात.) प्रभातवाचकहै (पुनर्–भूयस्) यह दोनो द्वितीयवारार्थक है (आहोस्वित्) यह वितर्कमे वर्त्तै है (उत) अथवार्थवाचकहै (स्वित्) यहभी वितर्कमे वर्त्तै है (सह) सहार्थवाचकहै (ऋते) यह विनार्थमे होताहै (अन्तरेण) यहभी विनार्थमे होताहै (अन्तरा) यह मध्यार्थवाचकहै (नमस्) नमस्कारार्थवाचकहै (अलम्) भूषणार्थतथा निवारण और पर्याप्त तथा सामर्थ्यमे वर्त्तै है (कृतम्) निवारण और पूरणार्थमे वर्त्तै है (अ) (मा) (नो) (ना) यह चारो प्रतिषेधार्थ अर्थात् वर्जनार्थवाचकहै (ईषत्) यह अल्पार्थवाचकहै (किल-खलु–वै) यह तीनो निश्चयार्थ तथा स्मरणार्थमे वर्त्तै है (आरात्) यह निकटार्थवाचकहै (दूरात्) दूरार्थवाचकहै (भृश) अत्यर्थवाचकहै (यत्) जिसकारणसे इस अर्थमे होताहै (तत्) तिसकारणसे उस अर्थमे होताहै और(स्वराश्च) अर्थात् अआ इई उऊ ऋॠ ऌॡ एऐ ओऔ यह चौदह निपात सज्ञक स्वर अर्थान्तर वाचकहै जैसे (अ) सम्बोधन तथा निर्भत्सनमे होताहै (आ) वाक्यस्मरणमे होताहै (इ) सम्बोधनमे होताहै (ई) दुःख चिन्तनमे होताहै (उ) क्रोधोक्ति तथा निवारणमे होताहै (ऊ) प्रश्न तथा निश्चय और क्रोधमे होता है (ऋ–ऌ) यह दोनो क्षोभवाचक तथा लोभवाचकहै (ए) सम्बोधनमे होताहै (ऐ) आश्चर्यमे होताहै (ओ) अनुनयमे होताहै (औ) भवत्यर्थमे होताहै (अ) अंगीकारमे होताहै (अ) भय और आश्चर्यमे होताहै (साकं–सार्द्धं–सत्रा–अमा) यह चारो सहार्थमे होतेहै (अयि–अये) यह दोनो मृदु सम्बोधनमे होते है (ननु) निश्चय और वितर्कमे होताहै (नु) पादपूरणमे और निश्चयार्थमे होतेहै (नु) विकल्पार्थ तथा प्रश्नमे होताहै (नक्त) रात्रि वाचकहै (इति) समाप्त्यर्थमे होताहै (नाम) कोमलामन्त्रणमे होतेहै (मन्ये) यह वितर्कमे होताहै (इव) उप मार्थवाचकहै । इसीप्रकार औरभी अव्ययोंके अर्थ कोशादिकमे जानने चाहियें; ग्रंथ विस्तार भयसे यहां अव्यर्थ नहीं लिखेहै । इति ॥

अतः। इतः। यतः। सार्वविभक्तिकस्तसिन्येके। पूर्वस्मिन्निति पुरस्तात्। परस्मिन्निति परेण। आहिचदूरे। दक्षिणाहि वसन्तिचाण्डालाः।

भाषार्थ-तत्रादि गण विभक्त्यर्थमें निपातसे सिद्ध होता है। जैसे तस्मिन इस अर्थमे निपातसे (तत्र) यह रूप होता है। यस्मिन इस अर्थमें निपातसे (यत्र) यह रूप होताहै। कस्मिन् इस अर्थमें निपातसे (कुह-क-कुत्र) यह रूप होते हैं। इसी प्रकार युष्मद् अस्मद् शब्दोको त्यागि सर्वादिगणसे सप्तम्यर्थमें (त्र) यह होता है। जैसे (सर्वत्र) (उभयत्र) (अन्यत्र) (एकत्र) (पूर्वत्र) (परत्र) इत्यादि॥ तस्मिन्काले। इस अर्थमे निपातसे (तदा) यह रूप होता है। यस्मिन्काले। इस अर्थमें निपातसे (यदा) यह रूप होता है। कस्मिन्काले। इस अर्थमें निपातसे (कदा) यह रूप होता है। इसीप्रकार (एकदा) (सर्वदा) (सदा) (अन्यदा) यह रूप निपातसे होते हैं। तेन प्रकारेण इस अर्थमें निपातसे (तथा) यह रूप होता है। येन प्रकारेण इस अर्थमे निपातसे (यथा) यह रूप होता है। केन प्रकारेण इस अर्थमे निपातसे (कथम्) यह रूप होता है अनेन प्रकारेण इस अर्थमें निपातसे (इत्थम्) यह रूप होता है। सर्वेण प्रकारेण इस अर्थमे निपातसे (सर्वथा) यह रूप होता है। इसी प्रकार (अन्यथा) (इतरथा) (अपरथा) यह रूप निपातसे होते है। तस्मात् इस अर्थमे निपातसे (ततः) यह रूप होता है। यस्मात् इस अर्थमे निपातसे (यतः) यह रूप होता है। कस्मात् इस अर्थमे निपातसे (कुतः) यह रूप होता है। अस्मात् इस अर्थमे निपातसे (अतः) (इतः) यह रूप होते हैं। अमुष्मात् इस अर्थमे निपातसे (अमुतः) यह रूप होता है। इसी प्रकार पंचम्यर्थमे समस्त नामोसे तस् प्रत्यय करने योग्य है जैसे (ग्रामतः) (लोकतः) (सर्वतः) इत्यादि॥ एक आचार्य यह कहते है कि तस् प्रत्यय सार्वविभक्तिक होता है अर्थात् तस् प्रत्यय सर्व विभक्त्यर्थोसे होता है। जैसे (अयम्) इस अर्थमे (अतः) और (क) इस अर्थमे (कुतः) और (पार्श्व) इस अर्थमे (पार्श्वतः) और पूर्वस्याम् इस अर्थमे (पूर्वतः) इसी प्रकार (सर्वतः) (इतः) इत्यादि जानने योग्य है। पूर्वस्मिन्काले वा पूर्वस्मिन् देशे वा पूर्वस्यांदिशि। इन अर्थोके विषे (पुरस्तात्) यह रूप निपातसे होता है। परस्मिन् काले वा परस्मिन्देशे वा परस्यांदिशि। इन अर्थोमे निपातसे (परेण) यह रूप होता है। अधः। इस अर्थमे निपातसे (अधस्तात्) यह रूप होता है (उपरि) इस अर्थमे निपातसे (उपरिष्टात्) यह रूप होता है। अर्थमे आहि प्रत्यय होता है। जैसे (दक्षिणाहि वसन्ति चाण्डालाः) दक्षिणादिशि दूरे चाण्डाला वसन्ति। अर्थ-दक्षिणादिशामें दूर चाण्डाल

वसते हैं (उत्तराहि वसन्ति कौरवाः) उत्तरस्यां दिशि दूरे कौरवा वसन्ति । अर्थ-उत्तर दिशाके विषे दूर कौरव वसते हैं ॥

किमः सामान्ये चिदादिः । कश्चित् । कौचित् । केचित् । काचित् । कथ्वन । कचित् । कचन । तदधीनकात्स्न्र्ययोर्वासात् । राजाधीनम् । राजसात् । भस्मसात् । ऊर्युरर्यगीकरणे । ऊरीकृत्य । उररीकृत्य । सद्यादिः काले निपात्यते । सद्यः । अद्य । सपदि । अधुना । इदानीम् । सांप्रतम् । संप्रति । आशु । शीघ्रम् । झटिति । तूर्णम् । पूर्वेद्युः । परेद्युः । यदि । तदि । यर्हि । तर्हि । इत्यादि ।

भाषार्थ-किम् शब्दसे सामान्य अर्थमे चिदादि प्रत्यय होवे हैं भाव यह है कि, तीनों लिंगोंके विषे सिद्ध हुए अथवा निपातसे सिद्ध हुए किम् शब्दसे अनिश्चयार्थमे समस्त विभक्तियोमे चित् चन प्रत्यय होवे है । जैसे पुंल्लिगमें प्रथमा विभक्तिके विषे सिद्ध हुए किम् शब्दसे चित् प्रत्यय अज्ञातार्थमे करनेसे रूप हुआ (कश्चित्) इसीप्रकार (कौचित्) (केचित्) आदिक जानने । स्त्रीलिगमे प्रथमा विभक्तिके विषे सिद्ध हुए किम शब्दसे चित् प्रत्यय करनेपर रूप सिद्ध हुआ (काचित्) इसी प्रकार समस्त विभाक्तियोके रूप जानने । और सप्तम्यर्थमे निपातसे सिद्ध हुए किम् शब्दसे क रूपसे चित् चन प्रत्यय करनेपर रूप सिद्ध हुए (कचित्) (कचन) इत्यादि । तदधीन और कात्स्न्र्य इन अर्थोके विषे विकल्प करके सात् प्रत्यय होवे है. भाव यह है. जो जिसके अधीन हो वह तदधीन होताहै इस अर्थमे और समग्रतार्थमें सात् प्रत्यय होवे है विकल्प करके । राज्ञोधीनम् इस अर्थमें राजन् शब्दसे सात् प्रत्यय करनेपर (नाम्नोनोलोपशधौ) इसकर सिद्ध हुआ (राजसात्) सर्व भस्म भवति । इस अर्थमे भस्मन् शब्दसे सात् प्रत्यय करनेपर (नाम्नोनोलोपशधौ) इसकर सिद्ध हुआ (भस्मसात्) ऊरी और उररी यह दोनों अंगीकरण अर्थमे होवे है जैसे । अंगीकृत्य । इस अर्थमे (ऊरीकृत्य) ऊररीकृत्य) यह होवे हैं सद्यआदिगण काल अर्थमे निपातसे सिद्ध होताहै भाव यह है कि, (सद्यः) (अद्य) (सपदि) (अधुना) (इदानीम्) (सांप्रतम्) (संप्रति) (आशु) (शीघ्रम्) (झटिति) (तूर्णम्) (पूर्वेद्युः) (परेद्युः) (यर्हि) (तर्हि) आदि शब्दसे (परुत्) (परारि) (ऐषमः) (अपरेद्युः) (अन्येद्युः) (उत्तरेद्युः) (उभयेद्युः) इत्यादिक काल अर्थमे निपात है ॥ (१)

---

(१) (सद्य) यह तत्कालार्थवाचकहै (अद्य) यह साम्प्रत दिनमे वर्त्ते है (सपदि) यह शीघ्रार्थ वाचकहै (अधुना) (इदानीम) (साम्प्रतम) (सम्प्रति) यह वर्त्तमान क्षणमे होवे है (आशु) (शीघ्रम्) (झटिति) (तूर्णम) यह शीघ्रार्थवाचकहै (पूर्वेद्यु) यह पूर्वदिनवाचक है (परेद्युः) यह परदिनवाच-

प्रादिरुपसर्गः ।

प्रादि[1]:—उपसर्गः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) प्र । परा । अप । सम् । अनु । अव । निस् । निर । दुस् । दुर् । अभि । वि । आङ् । नि । अधि । अपि । अति । सु । उत । प्रति । परि । उप । श्रत् । अन्तर । प्रादुः । आविः । अयं गण उपसर्गसंज्ञकः ।

भाषार्थ—(प्र) इससे लेकर (आविः) इस पर्यन्त यह गण उपसर्ग-संज्ञक है ॥

प्राग्धातोः ।

प्राक[अ०]—धातोः[६]। द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) उपसर्गा धातोः प्राक् प्रयोक्तव्याः ।

भाषार्थ—उपसर्ग धातुसे पूर्व प्रयुक्त करने योग्य हैं । भाव यह है कि, प्रसे लेकर जो उपसर्ग हैं वह भ्वादि धातुसे पूर्व प्रयुक्त होते हैं जैसे भू धातुसे क्रियायोगमे प्र उप-सर्ग पूर्वप्रयुक्त करनेपर (प्रभवति) ऐसा होता है ॥

तदव्ययम् ।

तत्[तै]—अव्ययम् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) तादिदं चादि शब्दरूपमव्य-यसंज्ञं भवति । क्त्वान्तं च ।

भाषार्थ—सो यह पूर्वोक्त चादि शब्दरूप अव्ययसंज्ञक होता है और क्त्वादिक प्रत्यय है अन्तमे जिसके ऐसा शब्दभी अव्ययसंज्ञक होताहै । भाव यह है कि, (च) इससे लेकर (आविः) उपसर्ग पर्यन्त जो शब्दरूप है उसकी अव्यय संज्ञा है और जिसके अन्तमे (क्त्वा) और आदि शब्दसे (तुम्) (क्त्वप्) (धा) (कृत्वस्) (णम्) (वत्) (आम्) (सु) (शस्) (डा) (ध्वि) यह प्रत्यय होवें वहभी अव्ययसंज्ञक होता है ॥

अव्ययाद्विभक्तेर्लुक् ।

अव्ययात्—विभक्तेः—लुक्[लुं] । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अव्ययात्परस्या

कहै (यर्हि) (तर्हि) (यदि) यह क्रमसे यदा तदा यदा वाचकहै और (परत्) यह बीते हुए वर्षका वाचकहै (परारि) यह बीते हुए वर्षसे पूर्ववर्षका वाचकहै (एषम्) यह वर्त्तमान वर्षका वाचकहै (अपरेद्यु) यह अपर दिनका वाचकहै (अन्येद्यु) यह अन्य दिनका वाचकहै (उत्तरेद्यु) यह उत्तर दिनका वाचकहै (उभयेद्यु) यह उभय दिनका वाचकहै । कालार्थवाचक अन्य अव्ययोंका अर्थ कोशसे जानना । इति ॥

विभक्तेर्लुग्भवति न शब्दनिर्देशे । अव्ययानां न च लिंगादिनियमः । उक्तं च। सदृशं त्रिषु लिंगेषु सर्वासु च विभक्तिषु । वचनेषु च सर्वेषु यन्न व्येति तदव्ययम् ॥ १ ॥ उक्तान्यलिगान्यव्ययानि ॥

भाषार्थ–अव्ययसे परे विभक्तिमात्र का लुक् होता है परन्तु शब्दनिर्देशके विषे अव्ययसे विभक्ति का लुक् नही होताहै अर्थात् अव्ययको शब्दादेश करनेपर विभक्ति का लुक् नही होता है और अव्ययोको लिंगादि भेद भी नही है अर्थात् लिंग विभक्ति वचन भेद भी नही हैं यह कहाभीहै शास्त्रान्तरमे । जो कि, तीनो स्त्रीपुंनपुंसकलिंगोमें सदृश अर्थात् एक समान रूप और सम्पूर्ण विभक्तियोमे एक समान रूप और समस्त वचनोके विषे एक समान रूप होकर नही रूपान्तरको प्राप्त होताहै वह अव्यय कहाजाता है ॥ १ ॥ कहे हुए अव्यय अलिग अर्थात् पुं स्त्री नपुंसक लिगभेद वर्जित हैं ॥

अधुना लिंगविशेषविजिज्ञापयिषया स्त्रीप्रत्ययाः प्रस्तूयन्ते ।

भाषार्थ–अव्यय कहनेके अनन्तर अब लिगविशेषको विशेषकर जनानेकी इच्छासे स्त्रीलिंगके जनानेवाले जो प्रत्यय हैं वह प्रारम्भ किये जाते है । भाव यहहै कि, स्त्रीलिग भेदके जनानेके अर्थ स्त्रीलिगके जनानेवाले प्रत्यय कहे जाते हैं ॥

आवतः स्त्रियाम् ।

आप्[1]–अतेः–स्त्रियाम्[2] । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अकारान्तात्स्त्रियां वर्त्तमानादाप् प्रत्ययो भवति । जाया । माया । मेधा । श्रद्धा । धारा इत्यादि ।

भाषार्थ–स्त्रीलिगके विषे वर्त्तमान जो अकारान्त नाम उससे आप् प्रत्यय होवेहै । भाव यह है कि, जो नामकि स्त्रीलिगत्व कर विवक्षित हो और अकार जिसके अन्तमें होय तो उससे आप् प्रत्यय होवेहै । जैसे आप् प्रत्यय करनेसे रूप सिद्ध हुए (जाया) (माया) (मेधा) (श्रद्धा) (धारा) इत्यादि ॥

(१) अजादेश्चाव्वक्तव्यः । अजा । एडका । कोकिला । बाला । शूद्रा । गणिका ।

---

(१) यदि कहो कि, अजादिक शब्दसे आप् प्रत्यय (आवत स्त्रियाम्) इस सूत्रकर होसक्ताहै फिर यह सूत्र क्यों लिखाहै तहाँ यह जानना चाहिये कि, यदि इस सूत्रका विधान न किया जाता तो (जातेरयोपधात) इस सूत्रकर ईप् प्रत्यय होनेकी सभावना होती अत ईप् प्रत्ययके निषेधके लिये यह सूत्र है ॥

भाषार्थ–अजादिगणसे जातिवाची होनेपरभी आप प्रत्यय वक्तव्य है। जैसे अकारान्त अज शब्दसे स्त्रीलिंगके विषे आप् प्रत्यय करनेपर (सवर्णे दीर्घः सह) इसकर सिद्ध हुआ (अजा) इसीप्रकार (एडका) (कोकिला) (वाला) (शूद्रा) (गणिका) (अश्वा) (चटका) (मूषिका) (बलाका) (मर्त्या) यह अजादिक हैं ॥

काप्यतः ।

कापि–ई–अतः । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) कापि परे पूर्वस्याकारस्य इकारो भवति । कारिका । पाचिका । पाठिका इत्यादि ।

भाषार्थ–काप् पर हुए संते पूर्वके अकारको इकार होय । भाव यहहै कि, जिस अकारसे परे क सहित आप् प्रत्यय विद्यमान हो उस अकारके स्थानमें इकार होय। जैसे कारकमें (आवतः स्त्रियाम्) इसकर आप् प्रत्यय करनेपर रकार उत्तरवर्त्ती अकारसे परे कसहित आप् प्रत्यय विद्यमान हुआ । इस कारण उस अकारके स्थानमें इकार करनेपर सिद्ध हुआ (कारिका) इसीप्रकार (पाचिका) (पाठिका) इत्यादिक जानने और कहीं काप् प्रत्यय पर हुए संते अकार को इकार होनाभी नहींहै जैसे (बहुव्राजका) (बहुपाठका) और कन्या शब्दसे काप् प्रत्यय हुए संते ह्रस्व होताहै जैसे (कन्यका) ॥

वष्टिभागुरिरल्लोपमवाप्योरुपसर्गयोः । आपं चैव हसान्तानां यथा वाचा निशा दिशा॥ अपिधानम् । पिधानम् । अवगाहः । वगाहः । वाच्–वाचा । निश–निशा । दिश्–दिशा ।

भाषार्थ–भागुरि नाम आचार्य (अव) तथा (अपि) इन उपसर्गोंके अकारके लोपकी इच्छा करतेहै और हसान्तस्त्रीलिंग शब्दोंको आप् प्रत्ययकी इच्छा करतेहैं । जैसे (अवगाहः) (अपिधानम्) इनमें अव और अपि उपसर्गके अकारका लोप करनेसे रूप हुए (वगाहः) (पिधानम्) और हसान्त दिश् शब्दसे आप् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । (दिशा) इसीप्रकार (वाचा) (निशा) यह शब्द जानने ॥

ह्रस्वो वा ।

ह्रस्वः–वा । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) स्त्रियां कापि परे तरादौ च पूर्वस्य ह्रस्वो वा भवति । वेणिका–वणोका । नदिका–नदीका । श्रेयसितरा–श्रेयसीतरा । नौकादौ तु ह्रस्वो न भवति । निपातानामनेकार्थत्वात्। निश्चयेन पतंत्यनेकेष्वर्थेष्विति निपाताः ।

भाषार्थ–स्त्रीलिंगके विषे काप् पर हुए सते और तरादिक अर्थात् तर तम यह तद्धित प्रत्यय पर हुए संते पूर्वको हस्व विकल्प करके होय । जैसे नदी शब्दसे (स्वार्थे कः) इस तद्धित सूत्रकर क प्रत्यय किया फिर (आवतः स्त्रियाम्) इसकर आप् प्रत्यय करनेपर नदी शब्दके दकार उत्तरवर्त्ती ईकारसे काप् परे विद्यमान रहा इसकारण एक जगह उस ईकारको हस्व किया तब रूप हुआ (नदिका) और जहाँ हस्व नही हुआ तहाँ रूप हुआ (नदीका) और श्रेयसी शब्दसे (तरतमेयस्विष्ठाः प्रकर्षे) इस तद्धित सूत्रकर तर प्रत्यय किया फिर (आवतः स्त्रियाम्) इसकर आप् प्रत्यय करनेपर श्रेयसी शब्दके सकार उत्तरवर्त्ती ईकारसे परे तर युक्त आप् प्रत्यय वर्त्तमान हुआ इसकारण एक जगह उस ईकारको हस्व किया तब रूप हुआ (श्रेयसितरा) और जहाँ हस्व नही हुआ तहाँ रूप हुआ (श्रेयसीतरा) और नौका आदिकके विषे हस्व नही होताहै। सूत्रमे वाके ग्रहणसे यहभी विवक्षाहै यदि कहो कि, विकल्पार्थसूचक वा शब्द कैसे निषेधार्थको सूचन करता है तहाँ कहतेहैं कि, निपातोको अनेकार्थवाचक होनेसे निश्चय कर अनेक अर्थोंके विषे जो प्रवृत्त होतेहैं वह निपात होतेहै । जैसे (च) शब्द पुनरर्थ तथा समुच्चयादिकोमे होताहै तिसी प्रकार (वा) शब्द कही २ विकल्पार्थ और कही २ निषेधार्थको सूचन करताहै ॥

व्रण ईप् ।

व्रणेभ्यः– ईप् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) नकारान्तादृकारान्तादणन्ताच्च (१) स्त्रियामीप्प्रत्ययो भवति । दंडिनी । दंतिनी । करिणी । मालिनी । ईपि राज्ञोऽल्लोपो वक्तव्यः । राज्ञी । शुनी । कर्त्री । हर्त्री । औपगवी ।

भाषार्थ–नकारान्त और ऋकारान्त और अण् प्रत्ययान्त शब्दसे स्त्रीलिंगके विषे ईप् प्रत्यय होवै है । भाव यह है कि, जिस शब्दके अन्तमें नकार होय अथवा ऋकार होय अथवा अण् प्रत्यय होय उससे स्त्रीलिंगमे ईप् प्रत्यय होता है । जैसे । दण्डिन् । यह शब्द नकारान्तहै इसकारण स्त्रीलिंगके विषे ईप् प्रत्यय करनेसे रूप हुआ (दण्डिनी) इसीप्रकार । दन्तिन् । इसका स्त्रीलिङ्गके विषे हुआ (दन्तिनी) । करिन् । इसका स्त्रीलिंगके विषे हुआ (करिणी) और । मालिन् । इसका स्त्री लिंगके विषे हुआ (मालिनी) और नकारान्त राजन् शब्दसे ईप् प्रत्यय करनेपर

(१) चकार ग्रहणसे पचादिकोको नकारान्त होनेपरभी और स्वस्रादिकोको ऋकारान्त होनेपर भी ईप् प्रत्यय नही होवे । जैसे (पंच) (सप्त)(स्वसा)(दुहिता) (ननादा)(माता)(तिस्र.) (चतस्र) इत्यादि ॥

रूप स्थित हुआ । राजन् ई । फिर ईप् प्रत्यय हुए सते राजन् शब्दके अकारका लोप वक्तव्य है । इससे राजन् शब्दके अकारका लोप करनेपर रूप स्थित हुआ । राजन् ई । फिर (स्तोः श्चुभिः श्चुः) इसकर नकारके स्थानमें अकार करनेपर (ज्ञ्नोः ज्ञः) इसकर ज्ञ किया तब रूप सिद्ध हुआ (राज्ञी) और श्वन् शब्दसे स्त्रीलिंगके विषे ईप् प्रत्यय करनेपर (श्वादेः) इसकर वकारके स्थानमें उकार करनेपर रूप हुआ (शुनी) और ऋकारान्त कर्तृ शब्दसे स्त्रीलिंगके विषे ईप् प्रत्यय करनेपर (ऋतः) इसकर रूप सिद्ध हुआ (कर्त्री) और इसी प्रकार (हर्त्री) और अण् प्रत्ययान्त औपगव शब्दसे ईप् प्रत्यय करनेपर रूप स्थित हुआ । औपगवई ॥

यस्य लोपः ।

६ १ ३ १
यस्य–लोपः । द्विपदामिदं सूत्रम् (वृत्तिः) इश्च अश्च यः तस्य लोपो भवति स्वरे यकारे च परे ।

भाषार्थ–इवर्ण तथा अवर्णका लोप होय तद्धित स्वर और यकार पर हुए सते और चकारसे ईप् प्रत्यय पर हुए सते । भाव यह है कि, अकार आकार इकार ईकार इनका लोप होवै है तद्धितसम्बन्धी स्वर और यकार तथा ईप् प्रत्यय पर हुए सते । जैसे । औपगवई । इसमें औपगव शब्दके अकारसे ई प्रत्यय परे विद्यमान है इस कारण अकारका लोप करने पर रूप हुआ (औपगवी) ॥

ष्ट्वितः ।

ष्ट्वितः । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) षकारटकारउकारऋकारानुबन्धात्स्त्रियामीप्प्रत्ययो भवति । षु । वराकी । टु । कुरुचरी । उ । गोमती । ऋ । पचन्ती ।

भाषार्थ–षकार वा टकार वा उकार वा ऋकार है अनुबन्ध अर्थात् इत् जिसका ऐसे शब्दसे स्त्रीलिङ्गके विषे ईप् प्रत्यय होवै है । भाव यह है कि, जिस शब्दका कि षकार इत् होवै वा टकार इत् होवै वा उकार इत् होवै वा ऋकार इत् होवै ऐसे शब्दसे स्त्रीलिङ्गके विषे ईप् प्रत्यय होता है । जैसे षकार इत्वाला । वराक । शब्द है इस कारण स्त्रीलिंगमे वराक शब्दसे ईप् प्रत्यय करने पर (यस्य लोपः) इसकर रूप हुआ (वराकी) और टकार इत्वाला । कुरुचर । शब्द है इसकारण स्त्रीलिंगके विषे ईप् प्रत्यय करनेपर (यस्य लोपः) इसकर रूप सिद्ध हुआ (कुरुचरी) और उकार इत्वाला । गोमत् । शब्दहै इसकारण स्त्री लिंगमे ईप् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ (गोमती) और ऋकार इत्वाला । पचत् । शब्दसे स्त्रीलिंगमें ईप् प्रत्यय करनेपर रूप स्थित हुआ पचत् । ई ॥

अप्ययोरान्नित्यम् ।

अप्ययोः-- आत्--नित्यम् । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अप्प्रत्यय यप्रत्ययसम्बन्धिनोऽवर्णात्परस्य शतुर्नित्यं नुमीकारे ईपि च परे । पचन्ती । पठन्ती इत्यादि ।

भाषार्थ--अप् प्रत्यय तथा य प्रत्ययसम्बन्धी अवर्णसे परे जो शतृ प्रत्यय तिसको नुम् आगम होय ईकार तथा ईप् प्रत्यय पर हुए संते । जैसे । पचत् ई । इसमें अप् प्रत्ययसम्बन्धी अकारसे परे शतृ प्रत्यय विद्यमानहै इसकारण शतृ प्रत्ययको नुम् आगम किया क्योंकि परे ईप् प्रत्यय विद्यमान है । तब नुम् आगम स्वरसे पिछार होनेसे रूप स्थित हुआ । पचन्त् ई । फिर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर सिद्ध हुआ (पचन्ती) इसी प्रकार (पठन्ती) आदिक जानने ॥

नदादेः ।

नदादेः--एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) नदादेर्गणात्स्त्रियामीप्प्रत्ययो भवति । नदी । गौरी । गौतमी । देवी ।

भाषार्थ--नदादि गणसे स्त्रीलिङ्गके विषे ईप् प्रत्यय होवैहै । अर्थात् नद । गौर । गौतम आदिकसे स्त्रीलिङ्गके विषे ईप् प्रत्यय होताहै । जैसे नद शब्दसे स्त्रीलिङ्गके विषे ईप् प्रत्यय करनेपर (यस्य लोपः) इसकर रूप हुआ (नदी) इसी प्रकार (गौरी) (गौतमी) (देवी) (नर्त्तकी) (तैषी) (पौषी) (मत्स्यी) (अनुडुही) (अनड्वाही) (मातामही) (पितामही) (महिषी) (सूकरी) (आगस्ती) (त्रिदेशी) यह समस्त जानने योग्य है ॥

इंद्रादेरानीप् ।

इंद्रादेः--आनीप्--द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) इंद्रादेर्गणात्स्त्रियामानीप् प्रत्ययो भवति । इन्द्राणी । भवानी । शर्वाणी । रुद्राणी मृडानी । वरुणानी । मातुलोपाध्यायक्षत्रियाचार्यसूर्याद्वा । मातुलानी । मातुली । उपध्यायानी । उपाध्यायी । क्षत्रियाणी । क्षत्रिया । आचार्याणी । हिमारण्ययोराधिक्ये आनीपप्रत्ययो भवति । महद्धिमम्--हिमानी । महदरण्यम्--अरण्यानी ।

भाषार्थ--इंद्रादिक गणसे स्त्रीलिङ्गके विषे आनीप् प्रत्यय होवैहै । भाव यहहै कि इंद्र, वरुण, भव, शर्व, रुद्र, मृड, हिम, अरण्य, यव, यवन, मातुल, आचार्य ।

इन शब्दोंसे स्त्रीलिङ्गके विषे आनीप् प्रत्यय होय। जैसे इंद्र शब्दसे स्त्रीलिङ्गके विषे आनीप् प्रत्यय करने पर (यस्य लोपः) इसकर सिद्ध हुआ (इंद्राणी) यह इंद्रकी स्त्रीका नाम हुआ। इसी प्रकार (भवानी) (शर्वाणी) (रुद्राणी) (मृडानी) (वरुणानी) आदिक जानने। मातुल और उपाध्याय और क्षत्रिय और आचार्य और सूर्य इन शब्दोंसे स्त्रीलिङ्गके विषे विकल्पकरके आनीप् प्रत्यय होय। जैसे मातुल शब्दसे स्त्रीलिङ्गके विषे एक जगह आनीप् प्रत्यय करनेपर (यस्य लोपः) इसकर हुआ (मातुलानी) और जहाँ आनीप् प्रत्यय नहीं हुआ तहाँ (पुंयोगे च) इस अगले सूत्रकर ईप् प्रत्यय करनेपर (यस्य लोपः) इसकर रूप हुआ (मातुली) यह मातुलकी स्त्रीका नामहै। इसीप्रकार (उपाध्यायानी) (उपाध्यायी) यह उपाध्यायकी स्त्रीका नामहै और जहाँ स्वयं व्याख्या करनेवाली स्त्री हो तहा यकार उपधाभूत होनेसे (जातेरयोपधात्) इसकर ईप् प्रत्यय नहीं होय। किन्तु आप् प्रत्यय होय। तब रूप हुआ (उपाध्याया) यह स्वयं व्याख्या करनेवाली स्त्रीका नामहै। और (आचार्यानी) (आचार्यी) यह आचार्यकी स्त्रीका नामहै और जहा स्वयं यज्ञकरनेवाली स्त्री होय तहाँ यकार उपधाभूत होनेसे ईप् प्रत्यय नहीं होय किन्तु आप् प्रत्यय होय तब रूप हुआ (आचार्या) यह स्वयं यज्ञ करानेवाली स्त्रीका नामहै। और (क्षत्रियाणी) (क्षत्रियी) यह क्षत्रियकी स्त्रीके नाम हैं और जहा स्वयंही जातिवाची होय तहाँ यकार उपधाभूत होनेसे ईप् प्रत्य नहीं होय किन्तु आप् प्रत्यय होय तहा रूप हुआ (क्षत्रिया) यह क्षत्रिय जाति स्त्रीका नामहै। हिम और अरण्य शब्दसे आधिक्य अर्थमें आनीप् प्रत्यय होताहै जैसे महत् हिम होय सो कहिये (हिमानी) और महत् अरण्य नाम वन होय सो कहिये (अरण्यानी)॥

ईप् समाहारे गुणश्च। त्रयी। पुंयोगे च। शूद्री। गणकी।

भाषार्थ—समाहार अर्थके विषे ईप् प्रत्यय होय पूर्व नामि संज्ञक स्वरके स्थानमें गुण होय। जैसे। त्रयाणा समाहारः तीनोंका जो इकट्ठा होनाहै इस अर्थमें त्रिशब्दसे ईप् प्रत्यय करनेपर पूर्व नामि संज्ञक इकारके स्थानमें एकार गुण किया तब रूप स्थित हुआ। त्रेई। फिर (ए अय्) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (त्रयी) इसीप्रकार सिद्ध हुआ (द्वयी) पुरुषके योग होनेपर ईप् प्रत्यय होताहै। जैसे शूद्रस्य भार्या—शूद्रकी स्त्री इस अर्थमें शूद्र शब्दसे ईप् प्रत्यय करने पर (यस्य लोपः) इसकर सिद्ध हुआ (शूद्री) इसीप्रकार गणकस्य भार्या—गणककी स्त्री इस अर्थमें ईप् प्रत्यय करने पर (यस्य-लोपः) इसकर सिद्ध हुआ (गणकी)॥

जातेरयोपधात्।

जातेः—अयोपधात्। द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) जातिवाचिनोऽयकारो

पधादकारान्तात् स्त्रियामीप्प्रत्ययो भवति । मेषी । सूकरी । हंसी । कुक्कुटी । ब्राह्मणी । अयकारोपधग्रहणात् । क्षत्रिया । वैश्या ।

भाषार्थ–नहीं है यकार उपधा संज्ञक जिसके विषे ऐसे (१) जातिवाची अकारान्त शब्दसे स्त्रीलिङ्गके विषे ईप् प्रत्यय होताहै । जैसे । मेष शब्दमें यकार उपधाभूत नही है और मेषशब्द जातिवाची तथा अकारान्तभी है इसकारण मेष शब्दसे स्त्रीलिङ्गके विषे ईप् प्रत्यय करनेपर (यस्य लोपः) इस कर सिद्ध हुआ (मेषी) इसी प्रकार (सूकरी) (हंसी) (कुक्कुटी) (ब्राह्मणी) आदिक जानने । अयकारोपध ग्रहणसे क्षत्रिय । वैश्य इत्यादिकसे स्त्रीलिङ्गके विषे ईप् प्रत्यय नहीं होय किन्तु आप् प्रत्यय होय तब रूप सिद्ध हुए (क्षत्रिया) (वैश्या) इत्यादि । भाव यहहै कि, जिसका यकार उपधाभूत होवै ऐसे जातिवाची अकारान्त शब्दसे ईप् प्रत्यय नही होय किन्तु स्त्रीलिङ्गके विषे आप् प्रत्यय होय । जैसे । क्षत्रिय इसमे यकार उपधाभूतहै । इसकारण इसको जातिवाची तथा अकारान्त होनेपरभी ईप् प्रत्यय नहीं हुआ किन्तु आप् प्रत्यय करनेसे रूप सिद्ध हुआ (क्षत्रिया) इसीप्रकार (वैश्या) आदिक जानने ॥

प्रथमवयोवाचिनोऽत ईब्वक्तव्यः । कुमारी । किशोरी । कलभी इत्यादयः । प्रथमवयोग्रहणात् । वृद्धा । स्थविरा इत्यादौ न ईप् । अदग्रहणात् शिशुः ।

भाषार्थ–प्रथम शरीरावस्थावाची अकारान्त शब्दसे ईप् प्रत्यय वक्तव्यहै । जैसे कुमार । किशोर । कलभ इत्यादिक प्रथम शरीरावस्थावाची हैं और इनके अन्तमें अकारभीहै इसकारण इन शब्दोंसे स्त्रीलिङ्गके विषे ईप् प्रत्यय करनेपर (यस्य लोपः) इसकर सिद्ध हुए (कुमारी) (किशोरी) (कलभी) इत्यादिक यह तीनों अतिथोडी अवस्थावाली स्त्रीके नामहैं और प्रथमवयोग्रहणसे वृद्धा । स्थविरा । इत्यादिकमें ईप् न होवै । भाव यह है कि, प्रथमशरीरावस्थाका जो ग्रहण कियाहै इससे वृद्ध । स्थविर इत्यादिक अकारान्त शब्दसे ईप् प्रत्यय नहीं हो । किन्तु आप्प्रत्यय होय तब रूप सिद्ध हुए (वृद्धा) (स्थविरा) और अकारके ग्रहणसे (शिशुः) इत्यादिकसे ईप् प्रत्यय नहीं होय । क्योंकि यह शब्द प्रथम शरीरावस्थावाचक तो है परन्तु अकारान्त नहीं ॥

स्वांगाद्वा ।

स्वांगात्–वा–द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) स्वांगवाचिनो वा स्त्रियामी-

---

(१) (नित्या एका अनेकसमवेता सामान्यरूपा जाति) (अर्थ) जाति उसको कहते है कि, जो आप एकही और अनेक रूपोमे व्याप्त होकर नित्य रहे वह सामान्य रूप जाति होवैहै ॥

प्रत्ययो भवति । सुमुखी । मृगाक्षी । तन्वंगी । वाग्रहणात् पद्मवदना । कमल-नयना इत्यादौ न ईप् ।

भाषार्थ–स्वांगवाची (१) शब्दसे स्त्रीलिङ्गके विषे ईप् प्रत्यय होवेहै भाव यहहै कि, जिस नामक कि समासके अन्तमे अपने अंगवाचक मुखकर्णादि शब्द आवाहो उससे स्त्रीलिङ्गके विषे ईप् प्रत्यय होताहै । जैसे बहुव्रीहि समामान्त सुमुख नामसे स्त्रीलिङ्गके विषे ईप् प्रत्यय करने पर (यस्य लोपः) इसकर रूप सिद्ध हुआ (सुमुखी) यह सुन्दर मुखवाली स्त्रीका नामहै । इसीप्रकार मृगाक्ष नामसे स्त्रीलिङ्गके विषे ईप् प्रत्यय करने पर (यस्य लोपः) इसकर सिद्ध हुआ (मृगाक्षी) यह मृगके समान नेत्रोवाली स्त्रीका नामहै । और तन्वंग नामसे स्त्रीलिङ्गके विषे ईप् प्रत्यय करने पर (यस्य लोपः) इसकर सिद्ध हुआ (तन्वंगी) और सूत्रमे वाके ग्रहणसे पद्मवदना । कमलनयन इत्यादिमें ईप् प्रत्यय नहीं होय किन्तु स्त्रीलिङ्गके विषे आप् प्रत्यय करने पर रूप सिद्ध हुए (पद्मवदना) (कमलनयना) ॥

क्तिकरादक्तेरीव्वा वक्तव्यः । अंगुलिः । अंगुली । धूलिः । धली । आजिः । आजी । अक्तेरिति विशेषणात् । कृतिः । भृतिः ।

भाषार्थ–क्तिप्रत्य वर्जित कृदन्तके इकारसे ईप् प्रत्यय विकल्प करके वक्तव्यहै । भाव यह है कि, नहीं है क्ति प्रत्यय अंतमे जिसके ऐसे कृदन्तमे सिद्ध हुए स्त्रीलिंग इकारान्त शब्दसे ईप् प्रत्यय विकल्प करके होताहै । जैसे । अंगुलि । यह कृदन्तमे सिद्ध हुआ स्त्रीलिंग इकारान्त शब्दहै इस कारण इससे इप् प्रत्यय करनेपर एक जगह (यस्य लोपः) इसकर सिद्धहुआ (अंगुली) और जहाँ ईप् प्रत्यय नहीं हुआ तहाँ रूप हुआ । (अंगुलिः) इसी प्रकार (धूलिः) इसका एक जगह ईप् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ (धूली) और जहाँ ईप् प्रत्यय नहीं हुआ तहाँ रहा (धूलिः) इसी प्रकार आजि । इसका हुआ (आजी) (आजिः) अक्तेः ।

---

(१) प्राणिस्थमद्रवन्मूर्त्तं स्वाग स्यादविकारजम्–तत्तत् दृष्टमतत्स्थ चेत्स्थित तद्वच्च तादृशं ॥ भाषार्थ–जो कि चेतन शरीरमे वर्त्तमान होकर स्वेदादिवर्जित आकार सहित और शोकादि विकारहीन जो होवै वह स्वाग कहाहै॥और जो पहिले प्राणीमे देखा गयाहो पीछ अचेतनमेभी स्थितहो वहभी स्वाग कहा है और जो प्राणीकि ही समान अचेतनरूप होवै उसमेभी जो स्थित होवे वहभी स्वाग कहाहै । जो कि अचेतनमे स्थित होकर द्रवरूप आकारहीन विकारसे उत्पन्न हो वह स्वाग नहीं होताहै । जैसे (सुमुखाशाला) (बहुस्वेदापत्नी) यहाँ द्रवरूप होनेसे ईप् नहीं हुआ । बहुशोफ यहां विकारज होनेसे ईप् नहीं हुआ (सुकेशी सुकेशा वा रूप्या) यहाँ चेतनस्थरूपका अचेतनमे दीखनेसे विकल्प करके ईप् होताहै । सुस्तनी । सुस्तना वा प्रतिमा । यहाँ चेतनसदृश अचेतनमे स्थित होनेसे ईप् प्रत्यय विकल्प करके होताहै इति ॥

इस विशेषणसे कृति । भूति इत्यादिकसे ईप् प्रत्यय नहीं होय । भाव यह है कि, कृति । भूति इत्यादि कृदन्तमे सिद्ध हुए स्त्रीलिंग इकारान्त शब्द क्तिप्रत्ययान्तहै इसकारण ईप् प्रत्यय नही हुआ तव रूप रहै (कृतिः) (भूतिः) ॥

ऐच मन्वादेः ।

ऐ –च–मन्वादेः । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) मन्वादेर्गणात्स्त्रियामीप्प्रत्ययो भवति ऐकारादेशश्च । मनायी । वृषाकपायी । आदिशब्दात् । अग्नेर्भार्या स्वधा अग्नायी । कुसितस्य भार्या कुसितायी । पूतक्रतोर्भार्या पूतक्रतायी । चकारात् मनोरौ वा । मनावी ।

भाषार्थ–मन्वादिक गणसे स्त्रीलिंगके विषे ईप् प्रत्यय होय और अन्त्य वर्णको ऐकारादेश होय । भाव यह है कि, मनु आदिक शब्दोसे स्त्रीलिङ्गके विषे ईप् प्रत्यय होवै और अन्त्य वर्णके स्थानमे ऐकार आदेश होय जैसे मनु शब्दसे स्त्रीलिङ्गके विषे ईप् प्रत्यय किया और अन्त्य वर्ण उकारके स्थानमे ऐकार किया तव रूप हुआ मनै ई । फिर (ऐ आय्) इसकर रूप सिद्ध हुआ (मनायी) यह मनुकी स्त्रीका नाम है और इसी प्रकार (वृषाकपि) शब्दसे स्त्रीलिंगके विषे ईप् प्रत्यय किया और अन्त्यवर्ण इकारके स्थानमे ऐकार किया फिर (ऐ आय्) इसकर सिद्ध हुआ (वृषाकपायी) यह वृषाकपिकी स्त्रीका नाम है । इस प्रकार अग्नि शब्दका स्त्रीलिंगके विषे हुआ (अग्नायी) यह अग्निकी स्त्रीका नामहै । और । कुसित शब्दका स्त्रीलिंगके विषे हुआ (कुसितायी) और पूतक्रतु शब्दका स्त्रीलिंगके विषे हुआ (पूतक्रतायी) और सूत्रमे चकारके ग्रहणसे मनु शब्दके उकारको औकार होय विकल्प करके ईप् प्रत्यय पर हुए संते । जैसे मनु शब्दसे एक जगह ईप् प्रत्यय करनेपर उकारको औकार किया फिर (औ आय्) इसकर रूप सिद्ध हुआ (मनावी) और एक जगह (मनायी) ऐसा हुआ ॥

पत्न्यादयः ।

पत्न्यादयः । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) पत्न्यादयः शब्दा ईप्प्रत्ययान्तानिपातान्साधवः । समानैकवीरपिंडपुत्रदासेभ्यो बहुव्रीहौ पत्युर्नादेश ईप् च । समानः पतिर्यस्याः सा । सपत्नी । एकः पतिर्यस्याःसा । एकपत्नी । वीरः पतिर्यस्याःसा । वीरपत्नी । पिण्डः पतिर्यस्याःसा । पिंडपत्नी । एवम् । पुत्रपत्नी । भ्रातृपत्नी । दासपत्नी । इत्यादि अन्तर्वत्नी । पतिवत्नी । सखी ।

अशिश्वी । अर्धजरती । युवती । प्रतीची । प्राची इत्यादयः । दारशब्दो नित्यं बहुवचनान्तः पुंल्लिङ्गः । दाराः । दारान् । दारैः । दारेभ्यः ३ । दाराणाम् । दारेषु ।

भाषार्थ–पत्नी आदिक ईप्प्रत्ययान्त शब्द निपातसे सिद्ध हैं । जैसे (पत्नी) यह भार्याका नाम है । समान, एक, वीर, पिंड, पुत्र, भ्रातृ, दास, इन शब्दोंसे परे जो पति शब्द तिसके अन्त्य वर्णको न् यह आदेश होय और ईप् प्रत्यय होय जैसे समानः पतिर्यस्याः सा । इस बहुव्रीहिसमासमें (महादेःमादिः) इसकरि समानको स आदेश किया और समानसे परे पति शब्दके इकारके स्थानमें न् यह आदेश करनेपर ईप् प्रत्यय किया तब रूप सिद्ध हुआ (सपत्नी) यह समानपतिवाली स्त्रीका नाम है इसी प्रकार सिद्ध हुआ (एकपत्नी) यह एक पतिवाली स्त्रीका नाम है और (वीरपत्नी) यह वीरपतिवाली स्त्रीका नाम है और (पिंडपत्नी) यह पिंडपतिवाली स्त्रीका नाम है (पुत्रपत्नी) यह पुत्रपत्निवाली स्त्रीका नाम है (भ्रातृपत्नी) यह भ्रातृपतिवालीका नाम है (अन्तर्वत्नी) यह गर्भवालीका नाम है (पतिवत्नी) यह जीते भर्त्तारवालीका नाम है (सखी) यह प्रसिद्ध है (अशिश्वी) यह अप्रसूत स्त्रीका नामहै (अर्धजरती) यह अर्धवृद्धाका नामहै (युवती) यह प्रसिद्धहै (प्रतीची) यह पश्चिमदिशाका नाम है (प्राची) यह पूर्वदिशाका नाम है । इत्यादिक समस्त शब्द निपातसिद्ध हैं दारशब्द नित्यही बहुवचनान्त और पुल्लिङ्ग होता है जैसे प्रथमाबहुवचनमें (दाराः) द्वितीया बहुवचनमें (दारान्) तृतीया बहुवचनमें (दारैः) इत्यादि ॥

वोर्गुणात् ।

अ० १ । ३ । १ । ३

वा–ओः–गुणात् । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) उकारान्ताद्गुणवाचिनो वा स्त्रियामीप्प्रत्ययो भवति । पटी । पटुः । मृद्वी । मृदुः । तन्वी । तनुः । ऋज्वी । ऋजुः ।

भाषार्थ–गुण (१) वाची उकारान्त शब्दसे स्त्रीलिंगके विषे विकल्प करके ईप् प्रत्यय होता है । जैसे । पटु । यह चातुर्यगुणयुक्तवालेका नाम है इसकारण चातुर्य

(१) सत्त्वे निवसतेऽपैति पृथग्जातिषु दृश्यते । आधेयश्चाक्रियाजश्च सोऽसत्त्वप्रकृतिर्गुणः ।

अर्थ । सत्त्वनाम द्रव्यके विषे वसता है और जो उस द्रव्यसे निकलकर चलाजाता है और द्रव्यत्वके अवान्तर जातियोंमें दीखता है और जो किसीके संयोगसे किसीमें उत्पन्न किये जाने योग्य होताहै और जो किसीके विषे अक्रियाज अर्थात् स्वयंसिद्ध रहता है और जो अदृश्य स्वभाव होताहै । वह गुण कहा जाता है । इति ।

गुणवाचक उकारान्त पटु शब्दसे स्त्रीलिंगके विषे एक जगह ईप् प्रत्यय करने-पर रूप सिद्ध हुआ (पट्वी) और जहाँ ईप् प्रत्यय नहीं हुआ तहाँ हुआ (पटुः) यह चातुर्यगुणयुक्त स्त्रीके नाम हैं इसी प्रकार मृदु शब्दका स्त्रीलिंगमे सिद्ध हुआ (मृद्वी) (मृदुः) यह कोमलतागुणयुक्त स्त्रीके नाम हैं । और । तनु इसका स्त्री-लिंगमे सिद्ध हुआ (तन्वी) (तनुः) ऋजु इसका स्त्रीलिंगमे सिद्ध हुआ (ऋज्वी) (ऋजुः) (लघ्वी) (लघुः) सूत्रमे वाके ग्रहणसे (पांडुः) इत्यादिकमे गुणवाचक उकारान्त होनेपर भी ईप् प्रत्यय नहीं होय । और गुणके ग्रहणसे । (धेनुः) (रज्जुः) (अणुः) इत्यादिकमे ईप् प्रत्यय नहीं होय ॥

उत ऊः ।

उतेः–ऊः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) उकारान्तान्मनुष्यजातेः स्त्रिया-मूप्प्रत्ययो वा भवति । पंगूः । पंगुः । वामोरूः । वामोरुः ।

भाषार्थ–उकारान्त गुणवाची मनुष्यजातिशब्दसे स्त्रीलिंगके विषे विकल्प करके ऊप् प्रत्यय होय जैसे । पंगु । इस गुणवाचक मनुष्यजाति उकारान्त शब्दसे स्त्रीलिंगके विषे एक जगह ऊप् प्रत्यय करनेपर (सवर्णे दीर्घः सह) इसकर सिद्ध हुआ (पंगूः) और जहाँ ऊप् प्रत्यय नही हुआ तहाँ रूप हुआ (पंगुः) और इसी प्रकार । वामोरुः । तिसका हुआ (वामोरूः) (वा-मोरुः) इत्यादि ॥

यूनस्तिः ।

यूनः तिः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) युवन्शब्दात्स्त्रियां तिप्रत्यो भवति । नाम्नोनो लोपश्च धौ । युवतिः। एभ्यो नामत्वात्स्यादयः । अबन्तात् । आपः इति सेर्लोपः । ईवन्तात् हसेपः सेर्लोपः । पूर्ववत्प्रक्रिया । इति स्त्रीप्रत्ययाः समाप्ताः ।

भाषार्थ–युवन्शब्दसे स्त्रीलिंगमे तिप्रत्यय होय । जैसे युवन् शब्दसे स्त्री-लिंगके विषे तिप्रत्यय करनेपर (नाम्नोनो लोपश्चधौ) इसकर सिद्ध हुआ (यु-वतिः) इन पूर्व कहेहुए स्त्रीप्रत्ययान्त शब्दोसे (अविभक्तिनाम) इसकर नाम संज्ञा होनेके कारण स्यादिक विभक्ति होवै हैं । आप्प्रत्ययान्तसे (आपः) इस सूत्रकर सिका लोप होय और ईप्प्रत्ययान्तसे (हसेपः सेर्लोपः) इस सूत्र-कर सिका लोप होय । तिनमें आप्प्रत्ययान्त गंगावत् साधने योग्यहैं और

ईप्प्रत्ययान्त नदीवत् साधने योग्यहै और इकारांकारान्त वृद्धि गुरुवत् साधने योग्य हैं और ऊकारान्त वधूशब्दवत् साधने योग्यहैं । इति स्त्रीप्रत्ययाः ॥

अथ विभक्त्यर्थो निरूप्यते ।

भाषार्थ–अथ नाम स्त्रीप्रत्ययके कहनेके अनन्तर कर्त्तृकर्मत्वादि जनानेवाली प्रथमादि विभक्तियोंका अर्थ निरूपण किया जाताहै । तिनमे प्रथम प्रथमाविभक्तिका कार्य कहतेहैं ॥

लिंगार्थे प्रथमा ।

लिंगार्थे–प्रथमा । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) धातुप्रत्ययातिरिक्तमर्थवच्छब्दरूपं लिगं तस्यैवार्थे सन्मात्रे प्रथमाविभक्तिर्भवति । लिगादयोपि प्रथमार्था इति केचित् । तत्सद्ब्रह्म । रविरिव राजते राजा । रोषात्कुमारी रोरूयते । बोभुज्यते भुवं भूपालः । प्रागास्तां रामलक्ष्मणौ । सन्ति सन्तः कियन्तः । कुमाराः शेरते स्वैरं रोरूयन्ते च नारकाः । जेगीयन्ते च गीतज्ञा मेम्रिवन्ते रुजार्जिताः ॥ १ ॥

भाषार्थ–धातु और प्रत्ययसे अधिक अर्थात् अन्य जो अर्थयुक्त शब्द रूपहै वह लिगहै उस लिगकेही सन्मात्र अर्थात् सत्तामात्र अर्थमे प्रथमा विभक्ति होवै है । भाव यह है कि, धातु भ्वादि और प्रत्यय कृदन्तमे कहे हुए तृ उणादिक उनसे पृथक् जो पुं, स्त्री, नपुंसकभेदके जनानेवाला अर्थवान् शब्द रूप है वह लिग कहा जाताहै उस लिगका ही नाम विद्यमान मात्र हुए मंते अर्थात् उस लिगका ही नाम जनानेमे सि औ जस् रूप प्रथमाविभक्ति होवैहै । कोई एक आचार्य ऐसा कहतेहै कि लिगादिक प्रथमार्थ होतेहैं । भाव यह है कि. लिंग और आदिशब्दसे वचनपरिमाण वाचक शब्दोके अर्थमे प्रथमा विभक्ति होवै है । जैसे (देवः) (श्रीः) (ज्ञानम्) (खारी) (द्रोणः) (आढकम्) (एकः) (द्वौ) (बहवः) इनमे देव श्री ज्ञान लिगवाचकहैं और खारी द्रोण आढक परिमाणवाचकहै और एक. द्वि. बहु यह वचनवाचक है इसकारण इनके जनानेमात्र अर्थमे प्रथमा विभक्तिहै । उदरण (तत्सद्ब्रह्म) इसमे तत् सत्-ब्रह्मन्-यह तीनो शब्द नपुंसकलिगहै इसकारण इनकी नपुंसकता जनानेके लिये इन तीनोमे प्रथमा विभक्ति करनेपर रूप सिद्ध हुए । तत्सद्ब्रह्म) और (रविरिव राजते राजा) इसमे रवि और राजन् शब्द पुंल्लिगहै ॥ इस कारण इनकी पुंल्लिगता मात्र जानानेके लिये प्रथमा विभक्तिहै ॥ और (कुमा-

री रोरूयते) इसमें कुमारी शब्द स्त्रीलिंगहै इसकारण इसकी स्त्रीलिंगता मात्र जनानेके लिये प्रथमा विभक्ति है (बोभुज्यते भुवं भूपालः) इसमें भूपालशब्द पुंल्लिग प्रथमैकवचनान्त है (प्रागास्तां रामलक्ष्मणौ) इसमे रामलक्ष्मण शब्द पुंल्लिग प्रथमा द्विवचनान्तहै और (सन्ति सन्तः कियन्तः) इसमे सत् शब्द पुंल्लिग प्रथमा बहुवचनान्त है (कुमाराः शेरते स्वैरम्)इस श्लोकम कुमार और नारक और गीतज्ञ और रुजाजित यह पुंल्लिग प्रथमा बहुवचनान्तहैं । अर्थ । कुमार इच्छापूर्वक सो रहेहै और नारक जीव अत्यन्त रोवते हैं और गीतके जाननेवाले अतिशय कर गावते हैं और रोगसे जीते हुए अतिशयकर मरते हैं ॥ १ ॥

आमन्त्रणे च ।

आमन्त्रणे–च । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अभिमुखीकरणेपि प्रथमा विभक्तिर्भवति । मांसमुद्धर गोविन्द प्रसीद परमेश्वर। कुमारौ स्वैरमासाथां क्षम ध्वं भो तपस्विनः ॥ १ ॥

भाषार्थ–अभिमुखीकरण जो सम्बोधन है उसमे प्रथमा विभक्ति होवै है । जैसे गोविन्द और परमेश्वर शब्दसे सम्बोधनमे प्रथमा एकवचन करनेसे रूप हुए (हे गोविन्द) (हे परमेश्वर) और कुमार शब्दसे सम्बोधनमे प्रथमा द्विवचन करनेसे रूप हुआ (हे कुमारौ) और तपस्विन् शब्दसे सम्बोधनमे प्रथमा बहुवचन करनेसे रूप हुआ (हे तपस्विनः) अर्थ । हे गोविन्द मुझको उद्धार करिये । हे परमेश्वर तुम प्रसन्न हूजिये । हे कुमारो तुम स्थित हूजिये हे तपस्वियो तुम क्षमा करिये ॥ १ ॥

भोसः ।

भोसः । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) भोस् भगोस् आघोस् एते शब्दा निपात्यन्ते धिविषये । क्षमस्व भो दुराराध्य भगोस्तुभ्यं नमः सदा । अधीष्व भो महाप्राज्ञ घातयाघोः स्वघस्मरम् ॥ १ ॥

भाषार्थ–भोस् भगोस् अघोस् यह शब्द निपातसे सिद्ध होते हैं भाव यह है कि, भवत् शब्दके स्थानमे धि विषयमे भोस् यह शब्द निपातसे सिद्ध होता है और भगवत् शब्दके स्थानमें धि विषयमे (भगोस्) यह शब्द निपातसे सिद्ध होताहै और अघवत् शब्दके स्थानमे धिविषयमें (अघोस्) यह शब्द निपातसे सिद्ध होता है । श्लोकार्थ । (भो दुराराध्य) क्षमा करिये (हे भगोः) अर्थात् (हे भगवान्) तुम्हारे अर्थे सदा प्रणाम है (भो महाप्राज्ञ) अर्थात् भो अतिबुद्धिवाले आप अध्ययन करिये (हे अघोः) अर्थात् (हे अघवन्) (हे पापिष्ठ) स्वघस्मर अर्थात् अपने स्मरणकरनेवाले निज पापोंको दूर करिये ॥

शेषाः कार्ये कर्तृसाधनयोर्दानपात्रे विश्लेषावधौ संबन्ध आधारभावयोः ॥

शेषाः—कार्ये—कर्तृसाधनयोः—दानपात्रे—विश्लेषावधौ—सम्बन्धे । आधार-भावयोः । सप्तपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) शेषा विभक्तयो द्वितीयाद्या एष्व-र्थ भवन्ति । कार्ये कर्मकारके उत्पाद्ये आप्ये संस्कार्ये विकार्ये च द्वितीया विभक्तिर्भवति । कटं करोति कारूको रूपं पश्यति चाक्षुषः । राज्य प्राप्नोति धर्मिष्ठः सोमं सुनोति सोमपाः ॥ १ ॥

भाषार्थ—शेष द्वितीयादिक विभक्तियाँ इन अर्थोंके विषे होवैहैं भाव यह कि, कार्यमें (द्वितीया) और कर्त्ता और साधनमें (तृतीया) और दानपात्रमें (चतुर्थी) और विश्लेषावधिमे (पंचमी) और सम्बन्धमें (षष्ठी) और आधार तथा भावमे (सप्तमी) विभक्ति होवैहैं (उत्पाद्य (१) (आप्यम्) (संस्कार्य) (विकार्य) संज्ञक जो कार्य-नाम कर्मकारकहै उसमे द्वितीया विभक्ति होवैहै । जैसे (कटं करोति कारूकः) इसम उत्पाद्य कार्य कटैहै इसकारण कटमे द्वितीया विभक्तिहै (रूपं पश्यति चाक्षुषः) इसमे आप्य कार्य रूपैहै इसकारण रूपमे द्वितीया विभक्तिहै । (राज्य प्राप्नोति धर्मिष्ठः) इसमे संस्कार्यकार्य राज्यहै इसकारण राज्यमे द्वितीया विभक्तिहै (सोमं सुनोति सोम-पाः) इसमे विकार्य कार्य सोमहै इसकारण सोममें द्वितीया विभक्तिहै । (अर्थ) का-रूक पुरुष कटको बनातीहै । और नेत्रवाला जन रूपको देखताहै और अतिधर्मिष्ठ पुरुष राज्यको प्राप्त होजातीहै । और सोम अर्थात् अमृत वल्लीरसके पीनेवाला जन सोम अमृतवल्लीको खण्डित करता है ॥ १ ॥

अभिसर्वतसोः कार्या धिगुपर्यादिषु त्रिषु ।
द्वितीयाम्रेडितान्तेषु ततोऽन्यत्रापि दृश्यते ॥ १ ॥

अभितो ग्रामं नदी वहति । सर्वतोग्रामं वनानि संति। धिग्देवदत्तं जीवितम् । उपर्युपरिपर्वतं गच्छति । अधोऽधोवृक्षं याति । अध्यधिव्याधं मृगाः पतन्ति ।

---

(१) नवीन क्रियते (तदुत्पाद्यम्) यत्सिद्धमेव प्राप्यते (तदाप्यम्) यत्र गुणान्तर सञ्चार-कर्षो वा क्रियते तत् (संस्कार्यम्) यत्र पूर्वावस्थापरित्यागेनावस्थान्तरमापि क्रियते (तद्विकार्यम्) (अर्थ) जो कार्य कि नवीन किया जाताहै वह कार्य उत्पाद्यसंज्ञकहै जो कार्य कि सिद्धका प्रा-प्त किया जाताहै वह आप्यसंज्ञकहै और जिस कार्यमें कि, गुणोका ग्रहण वा मलोका त्याग किया जाताहै वह संस्कार्यसंज्ञक कार्य होताहै । और जिस कार्यमें कि, पूर्व अवस्थाके त्याग करके अन्य अवस्थाकी प्राप्ति कीजातीहै वह विकार्यसंज्ञक कार्य होताहै ॥

समयाग्रामं तीर्थम्। निकषाग्रामं निहतः शत्रुः। प्रतिग्रामं सुलभं भैक्ष्यम्। समयाग्रामम्। निकषाग्रामम्। प्रतिग्रामम्। अभितोग्रामम्। कालाध्वनोर्नैरन्तर्ये। मासमधीते। क्रोशं पर्वतः।

भाषार्थ–अभितः और सर्वतः इनके योगके विषे षष्ठ्यर्थमें द्वितीया करने योग्यहै और धिक शब्दके योगके विषेभी द्वितीया करने योग्यहै। आम्रेडित अर्थात् द्वितीय भाषण है अन्तमे जिनके ऐसे आम्रेडितान्त अर्थात् दोवार उच्चारण किये हुए उपरि और अधः और अधि इन तीनोंके योगके विषे द्वितीया विभक्ति करने योग्यहै और तिनसे अन्यत्रभी द्वितीया दीखतीहै जैसे (अभितोग्रामं नदी वहति) इसमे अभितः इसका योगहै इसकारण ग्राममे द्वितीया विभक्तिहै। अर्थ। ग्रामके चारो तरफ नदी वहतीहै (सर्वतोग्रामं वनानि सन्ति) इसमें सर्वतः का योगहै इसकारण वन शब्दमें द्वितीया विभक्तिहै। अर्थ। ग्रामके सब तरफ वन है (धिग्देवदत्तजीवितम्) इसमें धिक् शब्दका योगहै इस कारण द्वितीयाहै। अर्थ। देवदत्तके जीवितको धिक्कारहै (उपर्युपरिपर्वतं गच्छति) इसमें दोवार उच्चारण किये उपरि अव्ययका योगहै इसकारण पर्वत शब्दमें द्वितीया विभक्तिहै। अर्थ। ऊपर २ पर्वतके जातीहै (अधोऽधोवृक्षं याति) इसमे दोवार उच्चारण किये अधः अव्ययका योगहै इसकारण वृक्षमे द्वितीयाहै। अर्थ। नीचे २ वृक्षके जातीहै (अध्यधिव्याधं मृगाः पतन्ति) इसमे दोवार उच्चारण किये अधि अव्यका योगहै इसकारण व्याधशब्दमें द्वितीयाहै। अथ। व्याध २ के प्रति मृग पतित होतेहैं। (ततोन्यत्रापि दृश्यते) इस वचनसे (उभयतः) (परितः) (समया) (निकषा) (हा) (कृते) (प्रति) (अनु) इन्होके योगमेभी द्वितीया विभक्ति होवेहै। (जैसे समयाग्रामं तीर्थम्) अर्थ। ग्रामके समीप तीर्थ है (निकषाग्रामं निहतः शत्रुः) अर्थ। ग्रामके समीप शत्रु माराहै (प्रतिग्रामं सुलभं भैक्ष्यम्) अर्थ। ग्राम २ प्रति भैक्ष्य सुलभहै काल और अध्वन् मार्ग इन दोनोंके नैरन्तर्य अर्थमें द्वितीया विभक्ति होवे है। भाव यहहै कि, कालवाचक और मार्गवाचक शब्दसे निरन्तर अर्थमें द्वितीया विभक्ति करने योग्यहै जैसे (मासमधीते) इसमे मास शब्दसे निरन्तर अर्थमें द्वितीया विभक्तिहै। अर्थ। मासपर्यन्त निरन्तर पढताहै (क्रोशं पर्वतः) इसमे क्रोश शब्दसे निरन्तर अर्थमें द्वितीया विभक्तिहै। अर्थ। क्रोशपर्यन्त निरन्तर पर्वतहै नैरन्तर्य ऐसा क्यों करहै तहाँ कहते हैं कि (मासस्य द्विरधीते) (क्रोशस्यैकमागं पर्वतः) इनमें निरन्तर अर्थ न होनेके कारण द्वितीया विभक्ति नहीं हुई। अर्थ। मासके दो भागोंकर पढताहै। क्रोशके एक देशमें पर्वतहै॥

कर्त्तरि प्रधाने क्रियाश्रये साधने च । क्रियासिद्ध्युपकारके करणेऽर्थे तृतीया विभक्तिर्भवति । भिन्नःशरेणरामेण रावणो लोकरावणः । कराग्रणविदीर्णोऽपि वानरैर्युध्यतेपुनः ॥ १ ॥

भाषार्थ–प्रधानक्रियाका आश्रयभूत जो कर्त्ता (१) अर्थात् स्वतन्त्रता कर क्रिया करनेवाला तिसके विषे और क्रियासिद्धिका उपकार करनेवाला ऐसा जो करण अर्थात् प्रकृष्ट कारणभूत साधन तिसके विषे तृतीया विभक्ति होय । भाव यहहै कि, जो स्वयं प्रधान होकर क्रियाका आश्रय हुआ स्वतंत्रता कर कार्य करनेको प्रवृत्त होताहै वह कर्त्ता कहाजाताहै उसमें तृतीयाविभक्ति होवेहै और जो कि, भेदनादि क्रियाकी सिद्धिके विषे सहायता देनेवाला प्रकृष्ट कारणहै वह साधन होताहै । उसमेंभी तृतीया विभक्ति होवेहै । जैसे (भिन्नः शरेण रामेण रावणो लोकरावणः) इसमें भेदनात्मक क्रियाका आश्रयभूत प्रधानकर्त्ता राम शब्दहै इसकारण राममें तृतीया विभक्तिहै और भेदनात्मक क्रियाकी सिद्धिका उपकारक प्रकृष्ट कारणभूत साधन शर है इसकारण शरमें तृतीया विभक्तिहै । और परार्धमें प्रधान कर्ता वानर शब्दहै इसकारण वानर शब्दमें तृतीया विभक्तिहै और क्रियाकी सिद्धि करनेवाला प्रकृष्ट कारणभूत साधन कराग्र शब्दहै इस कारण कराग्र शब्दमे तृतीया विभक्तिहै । अर्थ । लोकोंके रुवानेवाला रावण रामचंद्रने शर नाम बाणकर भिन्न कियाहै और यहही रावण वानरोंकर नखाग्रसे विदीर्ण हुआ भी फिर युद्ध करताहै ॥ १ ॥

दानपात्रे सम्प्रदानकारके चतुर्थी । वेदविदे गां ददाति ।

भाषार्थ–दियाजाताहै वह दान होताहै उसके अर्थ जो पात्रहै सो दानपात्रहै अर्थात् दिये वस्तुके स्वामीका नाम दानपात्रहै । कैसा वह दानपात्र हो कि, सम्प्रदान (२) कारक होय अर्थात् भली प्रकार कल्याणबुद्धिकरके पारलौकिक फलकी प्राप्तिके लिये जिसके अर्थ दियाजाता होय उसी कारकके विषे चतुर्थी विभक्ति होवेहै । जैसे (वेदविदे गां ददाति) इसमे वेदविद् शब्द दानपात्रहै इसकारण वेदविद्मे चतुर्थी विभक्तिहै । अर्थ–वेदवेत्ताके अर्थ कोई पुरुष गौको देताहै । दानपात्रके अभावमे (राज्ञो दण्डं ददाति) इसमे चतुर्थीका अभावहै ॥

विश्लेषावधावपादानकारके पंचमी । विश्लेषो विभागस्तत्रयोवधिश्चलत-

(१) क्रिया करनेवाला कर्त्ता तीन प्रकारका होताहै–स्वतन्त्र–प्रयोजक–कर्मकर्त्ता ।

(२) ददाति दण्ड पुरुषो महीपतेर्न चात्र भक्तिर्न च दानकामना ।
यदीयते दानतया सुपात्रे तत्सम्प्रदान कथित मुनीन्द्रैः ॥ १ ॥

अर्थ–पुरुष राजाको दण्ड देताहै इस दानमे न तो भक्तिहै और न दानकी इच्छा है । और जो दान भावकर सुपात्रके निमित्त दियाजाताहै वह मुनीन्द्रोने सम्प्रदान कहाहै इति ।

याऽचलतयावा विवक्षितस्तत्रापादाने पंचमी। (धावतोश्वादपतत्) भूभृतोऽवतरति गंगा)।

भाषार्थ–विश्लेष जो विभाग उसके विषे जो अवधि अर्थात् जिससे विभाग होताहै वह अपादान कारकहै उसमे पंचमी विभक्ति होवे है। विश्लेष नाम विभाग अर्थात् एकसे दूसरेका जो पृथक् होना है उसमे जो अवधि आश्रय है अर्थात् जिससे विभाग होताहै वह चलभावकर वा अचलभावकर कहनेको अपेक्षित होय उसी अपादानकारकमे पंचमी विभक्ति होवेहै जैसे (धावतोऽश्वादपतत्) इसमे अपतत् क्रियात्मक विभाग है और उस विभागकी अवधि आश्रय भागताहुआ अश्व है इसकारण अश्व शब्दमे पंचमी विभक्ति है और (भूभृतोऽवतरति गंगा) इसमे अवतरति क्रियात्मक विभागहै और उस विभागकी स्थिरावधि पर्वतहै इस कारण पर्वत शब्दमे पंचमी है।

सम्बन्धेषष्ठी। सम्बन्धिनोर्मध्येयोऽप्रधानस्तत्रषष्ठी।
भेद्यभेदकयोःश्लिष्टिःसम्बन्धोऽन्योन्यमिष्यते।
द्विष्ठोयद्यपिसम्बन्धःषष्ठ्युत्पत्तिस्तुभेदकात्॥ १॥(१)

एककियातः परस्परापेक्षारूपः सम्बन्धः॥ राज्ञःसपुरुषोज्ञेयः पित्रोरेतत्पूजनम्। गुरूणांवचनंपथ्यं कवीनांरसवद्वचः॥ २॥

भाषार्थ–सम्बन्धमें षष्ठी विभक्ति होवेहै। व्याख्यार्थ–सम्बन्धियोके मध्यमे जो अप्रधानहै उसमे षष्ठी विभक्ति होवेहै। भेद्य प्रधान और भेदक अप्रधान इन दोनोका जो श्लिष्टि अर्थात् मिलनाहै वह सम्बन्धहै वह सम्बन्ध परस्पर दोनो भेद्य और भेदकके विषे इच्छा कियाजाताहै यद्यपि सम्बन्ध द्विष्ठ अर्थात् दोनो भेद्यभेदकोके विषे परस्पर स्थित रहताहै तथापि षष्ठीकी उत्पत्ति भेदक अर्थात् अप्रधान सम्बन्धीसे होवेहै। एककियामे जो परस्पर अपेक्षारूपहै वह सम्बन्धहै। (राज्ञः स पुरुषो ज्ञेयः) इसमे राजन् और पुरुष शब्दका परस्पर सम्बन्धहै और पुरुष विशेष्य होनेसे प्रधानहै और विशेषण होनेसे राजन् शब्द अप्रधानहै इसकारण राजन् शब्दमे षष्ठी विभक्ति हुई है इसी प्रकार अन्य तीनों पदोमे सम्बन्धियोंके मध्य अप्रधान पितृ गुरु कवि शब्दोमे षष्ठी विभक्ति हुईहै। अर्थ–वह पुरुष राजसम्बन्धी जाननेयोग्य है यह पूजनसामग्री मातृपितृ सम्बन्धी जानने योग्यहै और गुरु सम्बन्धी वचन हितकारक जानने योग्यहै कवियोंका वचन रसयुक्त जानने योग्यहै॥ १॥

(१) भेद्यं विशेष्यमित्याहुर्भेदकं च विशेषणम्। प्रधानं च विशेष्य स्यादप्रधानं विशेषणम्।
अर्थ–जो विशेष्यहै उसको भेद्य कहतेहै जो विशेषणहै उसको भेदक कहतेहै जो प्रधानहै वह विशेष्य होताहै जो अप्रधान है वह विशेषण होताहै।

आधारेऽधिकरणे सप्तमी । तत् षड्विधमधिकरणम् । औपश्लेषिकं सामीपिकमभिव्यापकं वैषयिकं नैमित्तिकमौपचारिकं चेति ॥ कटे शेते कुमारोऽसौ वटे गावःसुशेरते । तिलेषुविद्यतेतैलं हृदिब्रह्मामृतंपरम् ॥ १ ॥ युद्धे संनह्यतेधीरोऽङ्गुल्यग्रेकरिणांशतम् ।

भाषार्थ–आधार जो अधिकरणहै उसमें सप्तमी विभक्ति होवेहै । भाव यहैह कि, क्रियाश्रय कर्त्ताकी क्रियाका जो आश्रयहै उसको अधिकरण कहते हैं वह अधिकरण छः प्रकारका होताहै एक औपश्लेषिक, दूसरा सामीपिक, तीसरा अभिव्यापक, चौथा वैषयिक, पांचवाँ नैमित्तिक, छठा औपचारिकहै । औपश्लेषिक अधिकरण वह है कि, जिसके अत्यन्त समीपही आधेयका संयोग होवै । जैसे (कटे शेते कुमारोऽसौ) इसमें आधेयभूत कुमारका कटके साथ अत्यन्त समीप संयोग है इसकारण औपश्लेषिक अधिकरण कटके विषे सप्तमी विभक्ति हुईहै । अर्थ–कटके विषे यह कुमार सोताहै और सामीपिक अधिकरण वहहै कि,जिसके समीपमात्रमें आधेयका संयोग होवै । जैसे (वटे गावः सुशेरते) इसमें वटके समीप आधेय गोजातिका संयोगहै इस कारण सामीपिक अधिकरण वटकेविषे सप्तमी विभक्ति हुई है । अर्थ–वटके समीप गौएँ सोवती हैं । अभिव्यापक अधिकरण वहहै कि, जिसके विषे नहीं पृथक् हुए आधेयके समस्त अवयवोंका सम्बन्ध होवै।जैसे (तिलेषु विद्यते तैलम्) इसमें अपृथक्भूत तैलका सर्वावयव सम्बन्ध अपृथक्भूत तिलके विषेहै इस कारण अभिव्यापक तिलके विषे सप्तमी विभक्ति हुईहै । अर्थ–तिलोंके विषे तैल विद्यमान रहता है और वैषयिक अधिकरण वहहै कि, जिसके विषयमात्रमें आधेयका संयोग होवै । जैसे (हृदिब्रह्मामृतंपरम्) इसमें आधेय ब्रह्मन् शब्दका हृद्विषयमात्रमें संयोगहै इस कारण वैषयिक अधिकरण हृद्के विषे सप्तमी विभक्ति हुईहै । अर्थ–हृद् विषयमात्रमें ब्रह्मरूप परम अमृत है और नैमित्तिक अधिकरण वहहै कि.जिसके निमित्तमात्रकर आधेयका ग्रहण होवै । जैसे (युद्धे संनह्यते धीरः) इसमें आधेय धीरका युद्ध निमित्तमात्रकर ग्रहणहै इसकारण नैमित्तिक अधिकरण युद्ध शब्दमें सप्तमी विभक्ति हुईहै । अर्थ–युद्धके निमित्त धीर संनद्ध हुआहै औपचारिक अधिकरण वहहै कि, जिसके उपचारमात्रकर आधेयका ग्रहण होवै जैसे (अंगुल्यग्रे करिणांशतम्) इसमें आधेय शत शब्दका अंगुल्यग्र उपचारमात्रकर ग्रहणहै इसकारण औपचारिक अधिकरण अंगुल्यग्र शब्दमें सप्तमी विभक्तिहुई है । अर्थ–अंगुलीके अग्रभागके उपचारमात्रमें हाथियोंका सैंकडा विद्यमानहै ॥

भावः क्रियालक्षणं तत्रापि सप्तमी । प्रसिद्धक्रियया ऽप्रसिद्धक्रियाबोधनं भावः । वर्षति देवे चौर आयातः । पतत्यंशुमालिनि पतितोऽरातिः ।

भाषार्थ–भाव जो क्रियालक्षणहै उसमें सप्तमी विभक्ति होवेहै प्रसिद्ध क्रिया करके अप्रसिद्ध क्रियाके जनानेका नाम भावहै तिस भावमे सप्तमी विभक्ति होवेहै । जैसे (वर्षति देवे चौर आयातः) इसमे मेघवर्षणरूप प्रसिद्ध क्रियाकर चौरागमनरूप अप्रसिद्ध क्रिया जनाईहै इसकारण प्रसिद्ध क्रियात्मक विशेषणविशेष्यरूप वर्षत् देवमें सप्तमी विभक्ति हुईहै । अर्थ–देव मेघ वर्षते संते चौर आयाथा (पतत्यशुमालिनि पतितोऽरातिः) इसमे प्रसिद्ध अंशुमालीकी पतनक्रिया करके अप्रसिद्ध शत्रुकी पतन क्रिया जनाईहै इसकारण प्रसिद्धक्रियात्मक विशेषणविशेष्यरूप पतत् अंशुमालिन शब्दमे सप्तमी विभक्ति हुईहै । अर्थ–सूर्य अस्तको प्राप्त हुए संते अराति शत्रु युद्धके अर्थ आकर पतित हुआहै ॥

विनासहनमसृतेनिर्धारणस्वाम्यादिभिश्च ।

विना[३]सहनमसृते निर्धारणस्वाम्यादिभिः–च[अ०] । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) एतैरपियोगे द्वितीयाद्या विभक्तयो भवन्ति ।

भाषार्थ–इन विना आदिक शब्दोकर योगहुए संते द्वितीयादि विभक्ति होवे हैं। भाव यहहै कि. विनादिवाचक शब्दप्रयुक्त हुए संते तृतीया होवेहै और सहादिवाचक शब्दप्रयुक्त हुए संते तृतीया विभक्ति होवेहै और नमः आदिक शब्दप्रयुक्त हुए संते चतुर्थी विभक्ति होवेहै और ऋते आदिक शब्द प्रयुक्त हुए संते पंचमी विभक्ति होवेहै और निर्धारणादि अर्थकेविषे षष्ठी विभक्ति होवेहै और स्वाम्यादि अर्थकेविषे सप्तमी विभक्ति होवेहै ॥

विना अन्तरेण अन्तरा इत्यादि योगे द्वितीया । विना पापं सर्वं फलति । अन्तरेणाक्षिणी किं जीवितेन । अन्तरा त्वां मां हरिः ।

भाषार्थ–विना, अन्तरेण, अन्तरा इत्यादि शब्दोका योग हुए संते द्वितीया विभक्ति होवेहै (विना पापं) इसमे विनाका योग है इस कारण पाप शब्दमे द्वितीया विभक्ति हुई है । अर्थ–पापके विना सब फलता है और अन्तरेण इसके योग होनेपर अक्षि शब्दमें द्वितीयाद्विवचन है । अर्थ–नेत्रोके विना जीवित करके क्या है । अन्तरा इसके योग होनेपर युष्मद् अस्मद्मे द्वितीया द्विवचन है । अर्थ–तेरे और मेरे मध्यमे हरि विष्णु हैं ।

सहादियोगे तृतीया । सहसदृशसाकंसार्द्धसमंइत्यादियोगे तृतीया विभक्तिर्भवति । सहगिष्येणागतोगुरुः । सदृशश्चैत्रोमैत्रेण । साकंनयनाभ्यांश्लक्ष्णा दन्ताः । सार्धधनिभिर्धृतःसाधुः ।

भाषार्थ–द्रव्यगुणक्रियाआंकरके तुल्य योग्यता विद्यमान हुए सँग सह सद्धं साकं सार्द्धं समं इत्यादिक शब्दोंके योगकर तृतीया विभक्ति होवै है । जैसे (सह शिष्येणागतो गुरुः) इसमें शिष्य शब्दके आगमन क्रियाकी गुरु शब्द कर समान योग्यता है इसकारण सहके योगमें शिष्य शब्दमें तृतीया विभक्ति हुई है । अर्थ– शिष्यके साथ गुरु आया । (सदृशश्चैत्रो मैत्रेण) मैत्रके गुणकी चैत्र कर तुल्ययोग्यता है इस कारण सदृशके योगमें मैत्र शब्दके विषे तृतीया विभक्ति हुई है । चैत्र नाम पुरुष मैत्र नाम पुरुषके सदृश अर्थात् तुल्य है। और नयनोंके गुणकी दन्तोंकर तुल्य योग्यता है इसकारण साकं इसके योगमें नयन शब्दके विषे तृतीयाद्विवचन हुआहै । अर्थ–नेत्रोंसहित दन्त सुन्दरहैं । धनियोंके धन द्रव्यकी साधुकर तुल्ययोग्यताहै इसकारण सार्द्धं इसके योगमें धनिन् शब्दके विषे तृतीयाबहुवचन हुआहै । अर्थ–धनी पुरुषोंके साथ साधुपुरुष बद्धहै । इत्यादि ॥

नमःस्वस्तिस्वाहास्वधालंवषट्योगे चतुर्थी च वक्तव्या । नमोनारायणाय । स्वस्ति राज्ञे । सोमाय स्वाहा । पितृभ्यः स्वधा । अलं मल्लोमल्लाय । वषडिन्द्राय ।

भाषार्थ–नमः, स्वस्ति, स्वाहा, स्वधा, अलं, वषट् इन अव्ययोंके योगमें चतुर्थी विभक्ति वक्तव्यहै । नमः अव्ययके योग होनेपर नारायण शब्दमें चतुर्थी हुईहै । स्वस्ति अव्ययके योग होनेपर राजन् शब्दमें चतुर्थी हुईहै । स्वाहाके योगमें सोम शब्दमें चतुर्थी है । स्वधाके योगमें पितृ शब्दमें चतुर्थी है। अलंके योगमें मल्ल शब्दमें चतुर्थीहै यहाँ अलं अव्यय समर्थवाचकहै । वषट्के योगमें इंद्र शब्दके विषे चतुर्थी हुई है । वषट् अव्यय हवन करने योग्य वस्तुके अर्थका वाचक है ॥

ऋतेआदियोगे पंचमी । ऋते ज्ञानान्नमुक्तिः । अन्योगृहाद्विहारः ।

भाषार्थ–ऋते आदिकके योगमें पंचमी विभक्ति होवै है जैसे ऋते अव्ययका योग होनेपर ज्ञान शब्दमें पंचमी विभक्ति हुईहै और अन्य शब्दके योगमें गृह शब्दमें पंचमी विभक्ति हुई है । अर्थ–ज्ञानके विना मुक्ति नहीं होवै है । गृहसे अन्य विहार है ॥

विनापृथग्योगेपि पंचमी । विना कामात् । पृथक् ग्रामात् । भिन्नो ग्रामात् ।

भाषार्थ–विना और पृथक्के योगमें भी पंचमी विभक्ति होवै है जैसे विनाके योग होनेपर कामशब्दमें पंचमी विभक्ति हुई है और पृथक्के योग होनेपर ग्रामशब्दमें पंचमी विभक्ति हुई है ॥

ऋतेयोगे द्वितीयापि । ज्ञानमृते ।

भाषार्थ–ऋते इसके योगमे द्वितीया विभक्तिभी होवै है । जैसे ऋतेके योग होनेपर ज्ञानशब्दमें द्वितीया विभक्ति हुई है ॥

विनायोगेपि तृतीया । ज्ञानेन विना ।

भाषार्थ–विनाके योगमें तृतीया विभक्तिभी होवैहै । जैसे विनाके योग होनेपर ज्ञान-शब्दमे तृतीया विभक्ति हुई है ॥

निर्द्धारणे षष्ठीसप्तम्यौ । निर्द्धारणं क्रियागुणजातिभिः समुदायात्पृथक्करणं तत्र षष्ठी सप्तमी च । क्रियापराणां भगवदाराधकः श्रेष्ठः क्रियापरेषु वा । गवां कृष्णा गौः सम्पन्नक्षीरा गोषु वा । एतेषां क्षत्रियः शूरतमः एतेषु वा ।

भाषार्थ–निर्द्धारणमें षष्ठी सप्तमी विभक्ति होवैहै । व्याख्या–क्रिया अथवा गुण वा जातिकर बहुतोके समूहसे एकका जो पृथक् करनाहै वह निर्धारणहै उसमे षष्ठी और सप्तमी विभक्ति होवै है । भाव यहहै कि, क्रिया करके वा गुण करके वा जाति करके जिस समूहसे जो कि, एकका पृथक् करनाहै उस समूहमे षष्ठी और सप्तमी दोनों विभक्ति होवै है । सामान्य क्रिया परसे भगवदाराधनात्मक विशेषक्रियावाला पृथक् कियाहै इसकारण समूहवाचक क्रियापर शब्दमे षष्ठी विभक्ति हुई है और सप्तमी विभक्तिभी होती है । अर्थ–क्रियानिष्ठ पुरुषोके मध्यमें भगवत्के आराधन करनेवाला श्रेष्ठ है । और जैसे सामान्य गौओसे कृष्णत्व गुणकर कृष्णा गौ पृथक् कीगई है इसकारण समूहवाचक सामान्य गोशब्दमे षष्ठी विभक्ति हुई है और सप्तमी विभक्तिभी होवै है । अर्थ–गौओके मध्यमे जो कृष्णा गौ है वह बहुत दूधवाली होती है और सामान्य सर्वजातीय पुरुषोसे विशेष जातीय क्षत्रिय पृथक् कियागया है । इसकारण सर्वजातीय वाचक एततशब्दमें षष्ठी विभक्ति हुई है । अर्थ–इन सर्वजातीय पुरुषोके मध्यमें विशेषजातीय क्षत्रिय अतिशूरवीर होता है ॥

स्वाम्यादियोगे षष्ठीसप्तम्यौ भवतः । गोषु स्वामी । गवां स्वामी । गवामधिपतिः । गोष्वधिपतिः ।

भाषार्थ–स्वामिन् और आदि शब्दसे ईश्वर तथा अधिपति तथा दायाद तथा साक्षिन तथा प्रतिभू तथा प्रसूत तथा आयुक्त तथा कुशल तथा प्रभु इन शब्दोकर योग हुए मेंने षष्ठी और सप्तमी विभक्ति होवैहै । जैसे स्वामिन् शब्दका योग होनेपर गो-शब्दमे षष्ठी सप्तमी दोनों विभक्ति हुई हैं । और अधिपति शब्दका योग होनेपर गो शब्दमें षष्ठी सप्तमी दोनों विभक्ति हुई हैं ॥

कर्तृकार्ययोरक्तादौ कृतिषष्ठी ।

कर्तृकार्ययोः–अक्तादौ–कृति–षष्ठी । चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः)

कर्त्तरि कार्ये च षष्ठी भवति क्तादिवर्जिते कृदन्ते शब्दे प्रयुज्यमाने । व्यासस्य कृतिः । भारतस्य श्रवणम् ।

भाषार्थ–कर्त्ता और कार्य नाम कर्ममें षष्ठी विभक्ति होवै है क्तादिवर्जित कृदन्तशब्द प्रयुक्त हुए संते । भाव यह है कि, कर्त्ता और कर्ममें षष्ठी विभक्ति होय जो कृत्प्रत्ययान्त शब्द परे प्रयुक्त होवै तो परन्तु क्त और आदि शब्दसे क्तवतु, शतृ, शान, कसु, कान, इष्णु, श्नु, क्रु, क्त्वा, तुम्, क्यप्, उ, उकण इत्यादि कृत्प्रत्ययान्त शब्द पर हुए संते षष्ठी विभक्ति नहीं होय । जैसे व्यास कर्त्तासे परे कृत्प्रत्ययान्त कृति शब्द प्रयुक्त है इसकारण व्यास कर्त्ताके विषे षष्ठी विभक्ति हुई है और भारत कर्मसे परे कृत्प्रत्ययान्त श्रवण शब्द प्रयुक्त है इसकारण कर्मसंज्ञक भारतशब्दसे षष्ठी विभक्ति हुई है और क्त आदिक कृत्प्रत्ययान्त शब्द प्रयुक्त हुए संते कर्त्ता और कर्ममें षष्ठी विभक्ति नहीं होवै है । जैसे (त्वया कृतम्) इसमें कर्तृवाचक युष्मदशब्दसे परे क्तप्रत्ययान्त कृतशब्द प्रयुक्त है इसकारण कर्तृवाचक युष्मदशब्दसे षष्ठी विभक्ति नहीं हुई किन्तु (कर्त्तरि प्रधाने) इसकर तृतीया विभक्ति हुई है (ग्रामं प्राप्तः) इसमें कर्मवाचक ग्रामशब्दसे परे क्तप्रत्ययान्त प्राप्तशब्द विद्यमानहै इस कारण कर्मवाचक ग्रामशब्दसे षष्ठी विभक्ति नहीं हुई किंतु द्वितीया हुईहै और शतृ, शान, कसु, कान, इष्णु, श्नु क्रु, उ, उकण्, क्त्वा, क्यप्, तुम् इत्यादि प्रत्ययान्तशब्द पर हुए संते षष्ठी विभक्ति नहीं होय । जैसे (ग्रामं गच्छन्) (अन्नं पचमानः) (अन्नं पेचिवान्) (शुभं चक्राणः) (देवं दिदृक्षुः) (आत्मानमलंकरिष्णुः) (दैत्यान् घातकः) (दानवान् जिष्णुः) (देवं नत्वा) (गुरुं प्रणम्य) (कार्यं कर्तुम्) इत्यादिकमें द्वितीया विभक्तिहै कर्म होनेसे ॥

स्मरतौ च कार्ये । स्मरतौ धातौ प्रयुज्यमाने कार्ये कर्मणि षष्ठी भवति । मातुः स्मरति । मातरं स्मरति ।

भाषार्थ–स्मरति धातु प्रयुक्त हुए संते कार्य नाम कर्मके विषे षष्ठी विभक्ति होवैहै चकारसे द्वितीया विभक्ति होवैहै । जैसे स्मरति धातुके प्रयुक्त होनेसे कर्मसंज्ञक मातृ शब्दसे षष्ठी तथा द्वितीया दोनों विभक्ति हुईहै (१) ॥

---

(१) द्विषेः शतुर्वा षष्ठी । मुरस्य मुरं वा द्विषन् । भाषार्थ–शतृप्रत्ययान्त द्विषधातुके योगमें कर्मके वि॰ विकल्प करके षष्ठी विभक्ति होवैहै । जैसे शतृप्रत्ययान्त द्विष धातुके योगमें कर्मसंज्ञक मुर शब्दसे विकल्पकरके षष्ठी विभक्ति हुई है ।

तृप्त्यर्थानां करणे वा षष्ठी । फले फलानां वा तृप्तः ।

भाषार्थ–तृप्त्यर्थोंके योगमें करणके विषे विकल्पकरके षष्ठी विभक्ति होवैहै । जैसे तृप्त शब्दके योगमें करणवाचक फल शब्दसे तृतीयाबहुवचनहै । इति ॥

हेतौ तृतीया पंचमी च वक्तव्या । अनित्यः शब्दः । कृतकत्वेन कृतकत्वाद्वा ।

भाषार्थ–हेतुके विषे तृतीया और पंचमी विभक्ति वक्तव्यहै । भाव यहहै कि, प्रतिज्ञाके स्थापित करनेवालेका नाम हेतु है उस हेतुमें तृतीया और पंचमी दोनो विभक्ति होवैहैं । जैसे । अनित्यः शब्दः । यह प्रतिज्ञाहै इस प्रतिज्ञाके स्थापित करनेवाला कृतकत्व हेतुहै इसकारण कृतकत्व शब्दमें तृतीया और पंचमी विभक्ति हुईहै । अर्थ–शब्द अनित्य है किस हेतु कर वा किस हेतुसे कि, कृतकत्वकर वा कृतकत्वसे ॥

भयहेतौ पंचमी । चौराद्बिभेति । व्याघ्रात्रस्यति । विद्युत्पाताच्चकितः ॥

भाषार्थ–भयका कारण जो रूप है उसमे पंचमी विभक्ति होवैहै । जैसे भयका कारण चौर शब्दहै इसकारण चौरमे पंचमी विभक्ति हुईहै और त्रासका कारण व्याघ्रहै इसकारण व्याघ्र शब्दमे पंचमी विभक्ति हुईहै ॥

षष्ठी हेतुप्रयोगे च । कस्य हेतोरियं कन्या । चकारात्सर्वादेर्हेतुप्रयोगे तृतीयाषष्ठ्यौ स्तः । केन हेतुना ।

भाषार्थ–हेतु शब्दके प्रयोगमे षष्ठी विभक्ति होवैहै चकारसे सर्वादिकसे हेतु शब्दके प्रयोगमे तृतीया षष्ठी विभक्ति होवै हैं । भाव यह है कि, हेतु यह शब्द प्रयुक्त हुए संते षष्ठी विभक्ति होवै है और चकारसे सर्वादिक शब्दसे हेतु यह शब्द प्रयुक्त हुए संते षष्ठी और तृतीया विभक्ति होवैहै । जैसे किम् शब्दसे हेतु यह शब्द प्रयुक्त है इसकारण किम् शब्द तथा हेतु शब्दमें षष्ठी विभक्ति हुई है परन्तु किम् शब्दको सर्वादिक होनेसे तृतीया विभक्ति भी हुईहै ॥ (१)

इत्थंभावे तृतीया । शिष्यं पुत्रेण पश्यति । पश्यति संसारमसारेण ।

भाषार्थ–इत्थंभावमे तृतीया विभक्ति होवैहै । भाव यहहै कि, अन्यके विषे अन्यका जो अवभास है वह इत्थंभाव है अर्थात् अन्यके विषे अन्यके तुल्य वर्त्तनेका नाम इत्थंभाव है उसमे तृतीया विभक्ति होवैहै । जैसे शिष्यको पुत्रके तुल्य होनेसे पुत्रशब्दमें तृतीया विभक्ति हुईहै संसारको असारके तुल्य होनेसे असारमे तृतीया विभक्ति हुईहै ॥

येनांगविकारः ।

येन–अंगविकारः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) येन विकृतेनांगेनांगिनो

(१) निमित्तकारणे हेत्वर्थप्रयोगे सर्वादिः सर्वा विभक्तयो भवन्ति । को हेतु । क हेतुम् । केन हेतुना । इत्यादि भाषार्थ–निमित्तकारण हेत्वर्थप्रयोगमें सर्वादिकसे सर्वविभक्ति होवैहै ॥

विकारो लक्ष्यते तस्मादंगात्तृतीया विभक्तिर्भवति। अक्ष्णा काणः। पादेन खंजः। शिरसा खल्वाटः।

भाषार्थ–जिस विकृत अंगकर अंगी अर्थात् शरीरधारीका विकार लक्षित होताहै उस अंगसे तृतीया विभक्ति होवैहै। भाव यहहै कि, जिस विकृत अंगसे शरीरधारीका विकार जाना जाता है उस अंगसे तृतीया विभक्ति होवैहै। जैसे विकृत अक्षि अंगकर शरीरधारीका विकार जानाजाताहै इसकारण विकृत अक्षिसे तृतीया विभक्ति हुई है और विकृत शिरस् अंगकर शरीरधारीका विकार जानाजाताहै इस कारण विकृत-शिरस् शब्दसे तृतीया विभक्ति हुई है॥

जनिकर्तुःप्रकृतिः।

जनिकर्तुः—प्रकृतिः। द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) जायमानस्य कार्यस्योपादानमपादानसंज्ञंभवति। तत्रापादाने पंचमी। यस्मात्प्रजाः प्रजायन्ते तद्ब्रह्मेत्यभिधीयते।

भाषार्थ–जायमान अर्थात् उत्पन्न हुआ जो कार्यहै उसका जो उपादान अर्थात् मूलकारणहै वह अपादान संज्ञक होताहै भाव यह है कि, उत्पन्न हुआ जो कार्य है उसके मूलकारणका नाम उपादानहै वह उपादान अपादानसंज्ञक होताहै उसमें पंचमी विभक्ति होवैहै। जैसे। उत्पन्न हुआ कार्य प्रजा है प्रजाका उपादानकारण यत् शब्द प्रतिपादित ब्रह्महै इसकारण यत् शब्दसे पंचमी विभक्ति हुईहै। अर्थ–जिससे प्रजा उत्पन्न होताहै वह ब्रह्म ऐसा कहा है॥

आङादियोगे च पञ्चमी। आपाटलिपुत्राद्वृष्टो देवः। परि त्रिगर्तेभ्यो देवो वृष्टः। अप त्रिगर्तेभ्यो वृष्टो देवः।

भाषार्थ–आङ् और आदिशब्दसे परि, अप उपसर्गके योगमें भी पंचमी विभक्ति होवैहै। भाव यहहै कि, मर्यादा तथा अभिविधि अर्थमें वर्त्तनेवाले आङ् उपसर्गके योग होनेमें तथा वर्जनार्थमें वर्तनेवाले परि अप उपसर्गके योग होनेमें पंचमी विभक्ति होवै है। जैसे मर्यादावाचक आङ् उपसर्गके योग होनेसे पाटलिपुत्रसे पंचमी विभक्ति हुइ है और वर्जनार्थ वाचक परि और अप उपसर्गके योग होनेसे त्रिगर्त्त शब्दसे पंचमी विभक्ति हुई है। अर्थ–पाटलिपुत्रपर्यन्त मेघ वर्षा है। त्रिगर्त्त देशोंको त्यागिकर मेघ वर्षा है॥

तादर्थ्ये चतुर्थी च वक्तव्या। संयमाय श्रुतं धत्ते नरो धर्म्माय संयमम्॥ धर्म मोक्षाय मेधावी धनं दानाय भुक्तये॥ १॥

भाषार्थ–तादर्थ्यके विषे चतुर्थी विभक्ति वक्तव्य है । भाव यह है कि, तिसके अर्थ कार्य किया जाता है उसका नाम तदर्थ है उसीके भावमें चतुर्थी विभक्ति होवै है । जैसे श्रुतका धारण करना कार्य संयमके अर्थ कियागया है इसकारण संयम शब्दमें चतुर्थी हुई है और संयमका धारण करना कार्य धर्मके अर्थ किया गया है इसकारण धर्मशब्दमे चतुर्थी हुई है और धर्मका धारण करना कार्य मोक्षके अर्थ कियागया है इसकारण मोक्ष शब्दमे चतुर्थी हुई है और धनका धारण करना कार्य दान और भुक्तिके अर्थ कियागया है इसकारण दान शब्द और भुक्ति शब्दमे चतुर्थी विभक्ति हुई है । अर्थ–मेधावी नाम बुद्धिमान् नर श्रुत नाम शास्त्रको धारण करता है किस अर्थ कि. संयमनाम इंद्रियनिग्रहके अर्थ और बुद्धिमान् नर संयमको धारण करताहै किस अर्थ कि, धर्म्मके अर्थ और बुद्धिमान् नर धर्मको धारण करता है किस अर्थ कि, मोक्षके अर्थ और बुद्धिमान् नर धनको धारण करता है किस अर्थ कि, दान और भोगके अर्थ ॥

क्रुध्यादि योगेच । क्रूराय क्रुध्यति । विप्राय द्रुह्यति । मित्राय कुप्यति । गुणवते असूयति । भगवते श्लाघते । मदनाय शपते । मित्राय तिष्ठति । इत्यादि ।

भाषार्थ–क्रुधि आदिक धातुओंके योगमे चतुर्थी विभक्ति होवै है । भाव यह है कि, क्रुधि, द्रुहि, ईर्ष्या, असूया, श्लाघ, ह्नुङ्, स्था, शप्, धारि, स्पृहि यह धातु क्रुध्यादिक हैं इनके योगमे चतुर्थी विभक्ति होवै है । जैसे क्रुध्यतिके योगसे क्रूरमे और द्रुह्यतिके योगसे विप्रमें और कुप्यतिके योगसे मित्रमे और असूयतिके योगसे गुणवत् शब्दमें और श्लाघतेके योगसे भगवत् शब्दमें और शपतेके योगसे मदनमे और तिष्ठतिके योगसे मित्र शब्दमे चतुर्थी विभक्ति हुई है॥इसप्रकार शेष धातुओंके योगमें चतुर्थी जानने योग्य है (१) ॥

तुमर्थाच्च भाववचनाच्चतुर्थी । यागाय याति । यष्टुं यातीत्यर्थः ।

भाषार्थ–तुम्प्रत्ययार्थ भाववचनसे चतुर्थी विभक्ति होय । जैसे । तुम्प्रत्ययार्थ भाववचन याग शब्दसे चतुर्थी विभक्ति हुईहै ॥

---

(१) लोकाना शुभाऽशुभसूचको भूतादिविकार उत्पातस्तत्रापि चतुर्थी । वाताय कपिला विद्युत । वातोत्पातजापिका इत्यर्थ । भाषार्थ–लोकोका शुभ अशुभ जनानेवाला जो भूतादि विकारहै वह उत्पात होता है उसमे भी चतुर्थी विभक्ति होवै है । यहाँ कपिला विद्युत् वातोत्पादके जनानेवाली है इसकारण वात शब्दमें चतुर्थी विभक्ति हुई है । तुमन्तलोपेचतुर्थी फलेभ्योयाति । फलान्याहर्तुयाती त्यर्थ । भाषार्थ–तुमप्रत्ययान्त पदके लोपमे चतुर्थी विभक्ति होवै है जैसे तुम्प्रत्ययान्त आहर्तुपदके लोप होनेमें फल शब्दसे चतुर्थी विभक्ति हुई है ।

मन्यतेः कर्मण्यनादरेवा चतुर्थी । न त्वां तृणं मन्ये । न त्वां तृणाय मन्ये ।

भाषार्थ–मन्यति क्रियाके अनादरार्थ कर्ममें चतुर्थी विभक्ति विकल्प करके होवेहै। जैसे मन्ये क्रियाके योग होनेसे अनादरार्थ कर्मवाचक तृण शब्दमें एक जगह चतुर्थी विभक्ति हुईहै ॥

गत्यर्थ कर्मणि द्वितीयाचतुर्थ्यौ । व्रजाय व्रजति व्रजं वा ।

भाषार्थ–गत्यर्थवाचक कर्ममें द्वितीया और चतुर्थी दोनो विभक्ति होवेहैं।जैसे गत्यर्थ कर्मवाचक व्रजमे व्रजति क्रियाके योगसे द्वितीया और चतुर्थी दोनों विभक्ति हुई हैं । इत्यलम् ॥

क्यब्लोपे पंचमी च वक्तव्या । हर्म्यात्प्रेक्षते । हर्म्यमारुह्य प्रेक्षते इत्यर्थः।

भाषार्थ–क्यप्प्रत्ययान्त पदके लोपमे कर्म और अधिकरणके विषे पंचमी विभक्ति वक्तव्यहै । जैसे क्यप्प्रत्ययान्त आरुह्य पदके लोप होनेपर कर्मसंज्ञक हर्म्य शब्दमे पंचमी विभक्ति हुईहै । अर्थ–हर्म्यपर चढकर देखताहै । (आसनाद्वदति) आसने उपविश्य वदतीत्यर्थः । क्यप्प्रत्ययान्त उपविश्य पदके लोप होनेपर अधिकरणसंज्ञक आसनशब्दमें पंचमी विभक्ति हुईहै । अर्थ–आसन पर बैठकर कहताहै ॥

निमित्तात्कर्मयोगे सप्तमी च वक्तव्या । चर्मणि द्वीपिनं हन्ति दन्तयोर्हन्ति कुञ्जरम् । केशेषु चमरी हन्ति सीम्नि पुष्कलको हतः ॥ १ ॥

भाषार्थ–निमित्तसे कर्मयोग हुए संते सप्तमी विभक्ति वक्तव्यहै । भाव यहहै कि, कर्मयोग होनेपर प्रयोजनवाची शब्दसे सप्तमी विभक्ति होवेहै । जैसे द्वीपिका मारना चर्मके निमित्तहै इसकारण कर्मवाचक द्वीपिन् शब्दके योगसे चर्मन् शब्दमे सप्तमी विभक्ति हुई है और कुंजरका मारना दन्तोके निमित्तहै इसकारण कर्मवाचक कुंजर शब्दके योगसे दन्तशब्दमें सप्तमीद्विवचन हुआहै और चमरीका मारना केशोके निमित्तहै इसकारण कर्मवाचक चमरी शब्दके योगसे केश शब्दमे सप्तमी विभक्ति हुई है और पुष्कलकका मारना सीमन्के निमित्तहै इसकारण कर्मवाचक पुष्कलक शब्दके योगसे सीमन् शब्दमे सप्तमी विभक्ति हुई है । अर्थ–चर्मके निमित्त द्वीपिन् नाम चित्रकको मारताहै और दाँतोंके निमित्त कुञ्जर नाम हाथीको मारताहै और केशोके निमित्त चमरी गौको मारताहै और सीमन् नाम कस्तूरीके निमित्त पुष्कलक नाम गंध मृग माराहै ॥ १ ॥

विषयेच । तर्के चतुरः ।

भाषार्थ–विषय अर्थात् ग्राह्य अर्थ वाच्यमान हुए संते सप्तमी विभक्ति होवेहै । जैसे (तर्के चतुरः) अर्थ । तर्क विषयमे चतुरहे ॥

षष्ठीसप्तम्यौ चानादरे । बहूनांक्रोशतांगतश्चौरः । बहुष्वसाधुषु निवारयत्स्वपि स्वयमार्योयातिसाधुमार्गेण । बहुषु साधुषु निवारयत्स्वपि स्वयमनार्यो यात्यसाधुमार्गेण । मातापित्रोरुदतोः प्रव्रजति पुत्रः ।

भाषार्थ–अनादर किये जानेपर षष्ठी और सप्तमी विभक्ति होवै है । जैसे पुकारते हुए बहुतसे जनोंका जानेवाले चौरने अपने जाने मात्रकर अनादर कियाहै इसकारण बहु और क्रोशत् शब्दमे षष्ठी विभक्ति हुई है । अर्थ–बहुतोके पुकारते संते चौर चलागया । निवारण करनेवाले बहुतसे असाधुओका आर्यने साधुमार्गके चलनेमात्रकर अनादर किया है इसकारण विशेष्य विशेषणात्मक साधु बहुनिवारयत् शब्दोमे सप्तमी विभक्ति हुई है । अर्थ–बहुत असाधुओके मने करते संते भी स्वयं आर्य साधु मार्गकर जाता है और निवारण करनेवाले बहुतसे साधुओका अनार्यने असाधु मार्गके चलने मात्रकर अनादर किया है इसकारण विशेष्यविशेषणात्मक साधु बहु निवारयत् शब्दोमे सप्तमी विभक्ति हुई है । अर्थ–बहुतसे साधुओंके मने करते संते स्वयं अनार्य असाधुमार्गकर जाता है और रोवते हुए मातापिताओंका संन्यास लेकर जानेवाले पुत्रने अनादर किया है इसकारण विशेष्यविशेषणात्मक मातापितृरुदत् शब्दोंमे सप्तमीद्विवचन हुआहै । अर्थ–मातापिताके रोवते संते पुत्र संन्यास लेकर जाता (१)॥

अन्योक्ते प्रथमा ।

अन्योक्ते–प्रथमा । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) यदिदंकार्यत्वादन्येनाख्यातेन कृता चोक्तं भवति तदा प्रथमा प्रयोक्तव्या। घटःक्रियते। पटः कार्यः ।

भाषार्थ–जो कि, यह कार्यादि अर्थात् कर्मकारक अन्य नाम आख्यात वा कृदन्तकर कहा जाता है उस कर्ममे प्रथमा विभक्ति होवै है । भाव यह है कि, जो कि, कर्मकारक कर्मोक्ति भावोक्तिसंबन्धि आख्यात प्रत्यय कर साधे हुए धातु रूपकर कहा जावे अथवा कृदन्त प्रत्ययकर साधे हुए शब्दकर कहाजावे अथवा चकारके ग्रहणसे समास वा तद्धित कर कहाजावे उस कर्ममे प्रथमा विभक्ति होवै है । जैसे कर्मसम्बन्धि आख्यातके यक् प्रत्ययकर साधे हुए क्रियते रूपके साथ कर्मसंज्ञक घट शब्दका ग्रहण है इसकारण घट शब्दमे प्रथमा विभक्ति हुई है और कृदन्तके ण्यण् प्रत्ययकर साधे हुए कार्य शब्दके साथ कर्मसंज्ञक पट शब्दका ग्रहण है इसकारण पट शब्दमें प्रथमा विभक्ति हुई है ॥

(१) क्तस्येन्नन्तस्य कर्मणि सप्तमी । अधीती व्याकरणे । भाषार्थ–इन् प्रत्यय है अन्तमे जिस-* प्रमा क्त प्रत्ययान्त शब्दके कर्मवाचक शब्दमें सप्तमी विभक्ति होयाजैसे इन्नन्त क्तप्रत्ययान्त अधीतिन शब्दके कर्मवाचक व्याकरणशब्दमे सप्तमी विभक्ति हुई है। इति ॥

छन्दसि स्यादिः सर्वत्र। दध्ना जुहोति—पुनन्ति ब्रह्मणस्पतिः। व्रजतीर्वि-रेजुः। इतिकारकप्रक्रिया।

भाषार्थ—छन्दस् नाम वेदके विषे स्यादि विभक्ति सर्वत्र अर्थात् समस्त विभक्तियोंके अर्थमें होवै हैं। भाव यह है कि, वेदविषयमें समस्त विभक्ति समस्तविभक्तियोंके अर्थमे होती हैं। जैसे कर्मवाचक दधि शब्दमे द्वितीया विभक्ति होनी चाहिये थी सो वैदिक प्रयोग होनेसे द्वितीयाके स्थानमे तृतीया विभक्ति हुई है। और वैदिक प्रयोग होनेसेही। ब्रह्मणस्पतिः। इसके साथमे बहुवचनान्त। पुनन्तु। क्रियाका ग्रहण न्यथवा कर्मवाचक ब्रह्मणस्पतिमें द्वितीया विभक्ति होनीचाहियेथी सो वैदिक प्रयोग होनेसे द्वितीयार्थमे प्रथमा विभक्ति हुई है और कर्तृवाचक व्रजती शब्दमे प्रथमा विभक्ति होनीचाहिये थी सो आर्ष वाक्य होनेसे प्रथमार्थमे द्वितीया विभक्ति हुई है। इसी प्रकार अन्य वैदिक प्रयोग जानने योग्य हैं॥

अथार्थवद्विभक्तिविशिष्टानां पदानां समासो निरूप्यते।

भाषार्थ—अथ नाम कारक कहनेके अनन्तर अर्थवान् तथा विभक्तियुक्त ऐसे अनेक पदाका समास निरूपण कियाजाता है। भाव यह है कि, जिसके विषे अनेक अर्थयुक्त पदोका एक पद तथा एक विभक्ति की जाती है वह समास होता है। वह ही समास निरूपण कियाजाता है॥

समासश्चान्वये नाम्नाम्।

समासः—च—अन्वये—नाम्नाम्। चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) नाम्नामन्वययोग्यत्वे सत्येव समासो भवति। चशब्दान्नाद्धितोपि भवति। ततो भार्या पुरुषस्येत्यादौ न भवति।

भाषार्थ—विभक्तियुक्त नामसंज्ञक शब्दोंके अन्वयकी योग्यता हुए संतेही समास होताहै। भाव यहहै कि, परस्पर अर्थकी संगतिका नाम अन्वयहै और बाधकप्रमाणके अभावका नाम योग्यताहै। यदि जहां विभक्तियुक्त नामसंज्ञक शब्दोंके परस्पर अर्थकी संगतिके बाधा करनेवाला प्रमाण न होवै तहाँ समास होताहै अर्थात् जहा विभक्तियुक्त शब्दोके परस्पर अर्थकी संगतिकी योग्यता होवैहै तहाँ समास होताहै और सूत्रमें चकारके ग्रहणसे तद्धितप्रत्ययसम्बन्धी विग्रहभी अन्वय योग्यता भये संतेही अर्थात् परस्पर अर्थकी संगतिकी योग्यता होनेपरही होताहै निर्साकारणसे (भार्या पुरुषस्य) इत्यादिक विपरीत अन्वयमे समास नहीं होताहै भाव यहहै कि. भार्या पुरुषस्य। इसमे विपरीत अन्वयहै इसकारण समास नहीं होता है और (देवदत्तस्य भार्या पुरुषस्य वस्त्रम्) इत्यादिकमे प्रथमका और अन्तका पद छोडकर शेष रहे हुए

मध्यके दोनों पदोकाभी समास नहीं होसक्ता क्योंकि इन मध्यके दोनों पदोंमें अन्वयकी योग्यता नही है । इति ॥

स च षड्विधः अव्ययीभावस्तत्पुरुषो द्वन्द्वो बहुव्रीहिः कर्मधारयो द्विगुश्चेति। पूर्वपदप्रधानोऽव्ययीभावः । द्विगुतत्पुरुषौ परपदप्रधानौ । द्वन्द्वकर्मधारयौ चोभयपदप्रधानौ । बहुव्रीहिरन्यपदप्रधानः । तस्य क्रियाभिसम्बन्धादुभयपदप्रधानो बलवान् ।

भाषार्थ–वह समास छः प्रकारका होताहै । एक अव्ययीभाव, दूसरा तत्पुरुष, तीसरा द्वन्द्व, चौथा बहुव्रीहि, पांचवां कर्मधारय और छठा द्विगुसंज्ञक है। जिस समासमें पूर्वोत्तर पदोके मध्य पूर्व पदही प्रधान होताहै वह अव्ययीभावहै और जिस समासमें पूर्वोत्तरपदोके मध्य परपद प्रधान होताहै वह द्विगु और तत्पुरुषसंज्ञकहै और जिस समासमे पूर्वोत्तर दोनो पद प्रधान होतेहै वह द्वन्द्व और कर्मधारय संज्ञकहै और जिस समासमें पूर्वोत्तर दोनों पदोसे अन्य कोई पृथक्पद प्रधान होताहै वह बहुव्रीहिसंज्ञकहै तिस २ समासमे तिस प्रधान पदकी प्रधानता क्रियाओके साथ अभिसम्बन्धसेहै । तात्पर्य यहहै कि, अव्ययीभावमे क्रियाके साथ पूर्वपदका अभिसम्बन्धहै इसकारण अव्ययीभाव समासमे पूर्वपद प्रधानहै और द्विगु तथा तत्पुरुषमे क्रियाके साथ परपदका अभिसम्बन्धहै इसकारण द्विगु और तत्पुरुषसमासमे परपद प्रधानहै और द्वन्द्व और कर्मधारयसमासमे क्रियाके साथ पूर्वोत्तर दोनो पदोका अभिसम्बन्धहै इसकारण द्वन्द्व और कर्मधारय समासमे पूर्वोत्तर दोनो पद प्रधानहै और बहुव्रीहिमें क्रियाके साथ पूर्वोत्तर पदोसे पृथक् पदका अभिसम्बन्धहै इसकारण बहुव्रीहिसमासमे अन्यपद प्रधानहै समासद्वयकी संभवतामें जो उभयपदप्रधानसमास है वह बलवान् होताहै । भाव यहहै कि, जहा एकपदप्रधान तथा उभयपदप्रधान दोनों समास होसक्तेहै तहाँ उभयपदप्रधान समासही होताहै न कि एकपदप्रधान ॥

ऐकपद्यमेकस्वर्यमेकविभक्तिकत्वं च समासप्रयोजनम् । अधि स्त्री । इति स्थिते । स्त्रीशब्दाद्द्वितीयैकवचनम् अम् । स्त्री भुवोः । स्त्रियमधिकृत्य भवतीति विग्रहे । अन्वययोग्यार्थसमर्थकः पदसमुदायो वाक्यमिति यावत् । स्वपदैरन्यपदैर्वा विविच्य कथनं विग्रहः । कृते समासेऽव्ययस्य पूर्वनिपातो वक्तव्यः ।

भाषार्थ–ऐकपद्य ऐकस्वर्य ऐकविभक्तिकत्व समासका प्रयोजनहै । भाव यहहै कि, बहुत पदोंका एकपद होना और बहुत स्वरोंका एकस्वर होना और बहुत विभक्तियोंकी

एकविभक्ति होनी यह समासका प्रयोजनहै । इसके अनन्तर पूर्व कहे अव्ययीभावका उदाहरण कहतेहैं। अधि स्त्री । ऐसा स्थित है स्त्री शब्दसे द्वितीया एकवचन अम स्थितहै (स्त्रीभुवोः) इसकर सिद्ध हुआ (स्त्रियम्) अब अधि और स्त्रियम् दोनोंका योग्य अन्वय हुआ । स्त्रियमधि । इस अन्वयका विग्रह किया तौ हुआ । स्त्रियमधिकृत्य भवति । विग्रह उसको कहते हैं जो कि अन्वय नाम परस्पर अर्थसंगतिका योग्य अर्थ प्राप्त करनेवाला पदसमूह है और उसीको वाक्य इस नामसेभी बोलतेहैं यदि कहो कि, अधि उपसर्गके स्थानमे अधिकृत्य ऐसा क्यों कहा तहाँ कहतेहैं कि, अपने पदोंकर वा अन्य पदोंकर पृथक्ता पूर्वक जो कथनहै वहभी विग्रह होताहै जैसे अधि स्वपदकर अधिकृत्यका पृथक्ता पूर्वक कथनहै इसकारण अधिकृत्य विग्रहसज्ञक है इस विग्रहमे भवति क्रियाका सम्बन्ध अधि उपसर्गके साथहै इसकारण इसविग्रहमें अव्ययसंज्ञक अधिपद प्रधान है । समास किये जानेपर अव्यय संज्ञक पदको पूर्वनिपात वक्तव्यहै । जैसे (स्त्रियमधि) इस अन्वयमे समास किये जानेपर अव्ययसंज्ञक अधि उपसर्गको पूर्वनिपात किया तो हुआ । अधिस्त्रियम् ॥

पूर्वेऽव्ययेऽव्ययीभावः ।

पूर्वे—अव्यये—अव्ययीभावः । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अव्यये पूर्वपदे सति योऽन्वयः सोऽव्ययीभावसंज्ञकः समासो भवति । इति समासमंज्ञायाम् सत्याम् ।

भाषार्थ—अव्यय पूर्वपद हुए सते जो अन्वय है सो अव्ययीभाव संज्ञक समास होताहै जिस अन्वयमें अव्यय पूर्वपद होताहै वह समास अव्ययीभाव संज्ञक है । जैसे । अधिस्त्रियम् । इस अन्वयमे अन्वय पूर्वपद है इसकारण यह अव्ययीभाव संज्ञक समास है इस कथनसे । अधिस्त्रियम् । इसकी अव्ययीभाव समास संज्ञा हुई ॥

समासप्रत्यययोः ।

समासप्रत्यययोः । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) समासे वर्त्तमानाया विभक्तेः प्रत्यये च परे लुग्भवति । इत्यमोलुक् । नामसंज्ञायां स्यादिर्विभक्तिः । अधिस्त्री सि । इतिस्थिते ।

भाषार्थ—समासके विषे वर्त्तमान जो विभक्ति तिसका लुक् होय और प्रत्ययपर हुए संते भी विभक्तिका लुक् होय । भाव यहहै कि, अव्ययीभाव आदिक जो छः प्रकारके समासहैं उनके विषे वर्त्तमान जो विभक्ति तिसका लुक् होय और कृदन्त प्रत्यय तथा तद्धितप्रत्यय पर हुए संते भी विभक्तिका लुक् होय इस कथनसे द्वितीया एकवचन

सम्बन्धी अमूका लुक् करनेपर । निमित्ताभावे नैमित्तिकस्याप्यभावः । इसकर ईके स्थानमें संपन्न हुए इयूका भी अभाव होगया तब रूप हुआ । अधिस्त्री । फिर (कृत्तद्धितसमासाश्च) इसकर समाससंज्ञक । अधि स्त्री । इस रूपकी नाम संज्ञा करनेपर स्यादिक विभक्ति हुई प्रथमा एकवचनमें । अधिस्त्री सि । ऐसा स्थितहै ॥

स नपुंसकम् ।

सः—नपुंसकम् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) सोव्ययीभावः समासो नपुंसकलिंगो भवति । नपुंसकत्वाद्ध्रस्वत्वम् । अधिस्त्रि ।

भाषार्थ—सो अव्ययीभाव नपुंसकलिंग होताहै । इस कथनसे अव्ययीभाव संज्ञक । अधिस्त्री । इस रूपको नपुंसकलिंग होनेके कारण (नपुंसकस्य) इसकर ह्रस्व करनेपर रूप हुआ । अधिस्त्रि सि ॥

अव्ययीभावात् ।

अव्ययीभावात् । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अव्ययीभावात्परस्याविभक्तेर्लुग्भवति । अधिस्त्रि । गृहकार्यम् । रायमतिक्रान्तमतिरि—कुलम् । नावमतिक्रान्तमतिनु—जलम् । ह्रस्वादेशो सन्ध्यक्षराणामिकारोकारौ च वक्तव्यौ ।

भाषार्थ—अव्ययीभाव समाससे परे समस्त विभक्तियोंका लुक् होय । भाव यह है कि, अव्ययीभाव समासमें विभक्ति मात्रका लुक् होय । इसकथनसे सिका लुक् करनेपर रूप सिद्ध हुआ (अधिस्त्रि) ऐसाही रूप अन्यसमस्तविभक्तियोंमें होताहै यह रूयधीन गृहकार्यका नामहै और । रायमतिक्रान्तम् । ऐसा विग्रह किये जानेपर अव्ययीभाव समास हुआ तब अतिक्रान्त अर्थ वाचक अति अव्ययको पूर्वनिपात करनेपर रूप हुआ (अतिरायम्) । फिर (समासप्रत्यययोः) इसकर विभक्तिका लोप करनेपर ऐके स्थानमें सम्पन्न हुए आयूका भी अभाव होगया तब रूप हुआ (अतिरै) फिर (स नपुंसकम्) इसकर नपुंसकलिंग होनेसे ह्रस्व किया तब ऐकारके स्थानमे इकार हुआ क्योंकि, ह्रस्व के आदेशमें सन्ध्यक्षरोंको इकार और उकार वक्तव्यहैं ॥ तात्पर्य यह है कि, ह्रस्वादेशमें एकार ऐकारके स्थानमें इकार और ओकार औकारके स्थानमे उकार होताहै इस कथनकर ऐके स्थानमे इकार करनेपर रूप हुआ । अतिरि । फिर (अव्ययीभावात्) इसकर सि विभक्तिका लुक् करनेसे रूप सिद्ध हुआ (अतिरि) यह द्रव्यपूर्ण कुलका नाम है । और नावमतिक्रान्तम् । ऐसा विग्रह किये जानेपर अव्ययीभाव समास हुआ । तब अतिक्रान्त अर्थवाचक अति अव्ययको पूर्व निपात करने पर रूपहुआ । अतिनावम् । फिर (समासप्रत्यययोः) इसकर विभक्तिका लोप करनेपर(निमित्ताभावेनैमित्तिकस्याप्यभावः)इसकर औके स्थानमें सम्पन्न हुए आवूकाभी अभाव होगया तब रूप हुआ। अतिनौ ।

फिर(सनपुंसकम्) इसकर नपुंसकलिंग होनेसे ह्रस्व किया तब औकारके स्थानमें उकार हुआ क्योंकि ह्रस्वादेशमे औकारके स्थानमें उकार होताहै तब रूप हुआ। अनिनु फिर (अव्ययीभावात्) इसकर सिविभक्तिका लुक् करनेसे रूप सिद्ध हुआ (अनिनु) ऐसाही समस्तविभक्तियोंमें सिद्ध हुआ । यह तरनेको अशक्य जो जलहै उसका नाम है । इसी प्रकार (उपनदि)(उपवन्धु)(उपकर्तृ)(अभ्यग्नि)(प्रत्यग्नि)(साग्नि) (अनुगिरि) (अनुवनम्) (अनुज्येष्ठम्) (प्रत्यक्षम्) (परोक्षम्) (समक्षम्) (अतिनिद्रम्) इत्यादिक अव्ययीभावसंज्ञक हैं ॥

यथाऽसादृश्ये । यथाशब्दोऽसादृश्ये वर्त्तमानः समस्यते । शक्तिमनतिक्रम्य करोति इति यथाशक्ति ।

भाषार्थ—असादृश्य अर्थके विषे वर्त्तमान जो यथा शब्द सो समासको प्राप्त होताहै। भाव यहहै कि, योग्यता और वीप्सा और पदार्थानतिवृत्ति और सादृश्य यह यथा शब्दके चार अर्थहैं तिनमे सादृश्यार्थको त्यागकर अन्य अर्थोंके विषे वर्त्तमान हुए यथा शब्दका अन्वित पदके साथ समास होताहै योग्यता अर्थमे वर्त्तमान हुए यथा शब्दके समासका उदाहरण। रूपस्य यथा। इस अन्वयके योग्य अर्थका प्राप्त करनेवाला विग्रह हुआ। रूपस्य योग्यम् । इसविग्रहमे योग्यार्थवाचक यथा शब्दके साथ क्रियाका सम्बन्धहै इसकारण इसमे अव्ययसंज्ञक यथा शब्द प्रधानहै। अब अन्वयके अव्यय संज्ञक पदको समास करतेसंते पूर्वनिपात किया तब रूप हुआ। यथारूपस्य । फिर (समासप्रत्यययोः) इसकर षष्ठी विभक्तिका लुक् करनेपर रूप हुआ। यथारूप । फिर नामसंज्ञक होनेसे सि विभक्ति करनेपर अगले (अतोऽमनतः) इस सूत्रकर सिद्ध हुआ (यथारूपम्) और पदार्थोंके व्याप्त होनेकी इच्छाका नाम वीप्साहै उस वीप्सा अर्थके विषे वर्त्तमान हुए यथा शब्दके समासका उदाहरण वीप्साके विषे द्वित्व करनेसे अन्वयपूर्वक विग्रह हुआ (वृद्धं वृद्धं प्रति) इस वीप्सा अर्थवाचक यथा शब्दको पूर्वनिपात करनेसे रूप हुआ। यथावृद्धम् । फिर (समासप्रत्यययोः) इसकर द्वितीयाएकवचनका लुक् करनेसे रूप हुआ। यथावृद्ध । फिर (कृत्तद्धितसमासाश्च) इसकर नामसंज्ञा होनेपर सिविभक्ति करनेसे (अतोऽमनतः) इसकर सिद्ध हुआ (यथावृद्धम्) पदार्थके नहीं उल्लंघन करनेका नाम पदार्थानतिवृत्तिहै उसी पदार्थानतिवृत्तिके विषे वर्त्तमान हुए यथा शब्दके समासका उदाहरण। शक्तिमनतिक्रम्य करोति । इस अन्वयपूर्वक विग्रहके विषे अनतिक्रम्य अर्थवाचक यथा अव्ययको पूर्वनिपात करनेपर रूप हुआ। । यथाशक्ति । फिर (समासप्रत्यययोः) इसकर द्वितीयैकवचनका लुक् करनेपर रूप हुआ (यथाशक्ति) फिर नामसज्ञा होनेपर सिविभक्ति करनेसे (अव्ययीभावात्) इसकर सिद्धहुआ (यथाशक्ति) इसीप्रकार समस्त विभक्तियोंमे सिद्ध हुआ जानना

अर्थ–शक्तिको नही उल्लंघन करके करताहै अर्थात् शक्तिके अनुसार करताहै। और यथाशब्द सादृश्य अर्थके विषे नही समासको प्राप्त होताहै जैसे । यथा हरिस्तथा हरः ।

अतोऽमनतः ।

अतेः–अम्–अनतेः । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अकारान्तादव्ययीभावात्परस्याविभक्तेरम् भवति अतंवर्जयित्वा । कुम्भस्य समीपम् । उपकुम्भं वर्तते । उपकुम्भं पश्य ।

भाषार्थ–अकारहै अन्तमे जिसके ऐसे अव्ययीभावसे परे विभक्तिमात्रको अम् आदेश होय परन्तु डसिके स्थानमे आदेश किये अत्को त्यागकरके अर्थात् पंचमी एकवचनको अम् आदेश नही होय। यहा उदाहरणहै । कुम्भस्य समीपं । इस विग्रहमे समीपार्थवाचक उप अव्ययको पूर्वनिपात किया और समीप शब्दको (उक्तार्थानामप्रयोगः) (१) इसकर दूर किया तब रूप हुआ । उपकुम्भस्य । फिर (समासप्रत्यययोः) इसकर षष्ठीएकवचनका लुक् करनेसे रूप हुआ (उपकुम्भ) फिर नाम संज्ञा होनेसे प्रथमा विभक्ति करनेपर (अतोऽमनतः) इसकर सिद्ध हुआ (उपकुम्भं वर्तते) अर्थ–कुम्भके समीप वर्त्तमानहै इसीप्रकार द्वितीयामे हुआ (उपकुम्भं पश्य) अर्थ–कुम्भके समीप देखिये ॥

टाङ्योः ।

टा–ङिङ्योः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अकारान्तादव्ययीभावात्परयोष्टाङि इन्येतयोर्वा अम् भवति । उपकुम्भेन कृतम् । उपकुम्भं कृतम् । उपकुम्भं देहि । उपकुम्भादानय । अनत इति विशेषणात्पंचम्या अम् न भवति । उपकुम्भे देशः । उपकुम्भे निधेहि । उपकुम्भं निधेहि ।

भाषार्थ–अकारहै अन्तमे जिसके ऐसे अव्ययीभावसे परे टा और ङि इन विभक्तिवचनोंको विकल्प करके अम् होय । जैसे अव्ययीभाव संज्ञक अकारान्त उपकुम्भ शब्दमे तृतीयाएकवचनके स्थानम एक जगह अम करनेसे रूप हुआ (उपकुम्भम्) और एक जगह (टेन) इसकर रूप हुआ (उपकुम्भेन) अर्थ–कुम्भके समीपने कियाहै । चतुर्थीमे (अतोऽमनतः) इसकर सिद्ध हुआ (उपकुम्भम्) अर्थ–कुम्भके समीपके लिये दीजिये (अतोऽमनतः) इस सूत्रमें अनतः इस

(१) समासके विषे कहाहै अर्थ जिन्हों करके ऐसे शब्दोंका अप्रयोग अर्थात् लोप होजाता है

विशेषणसे पंचमीएकवचनको अम् नहीं होताहै किन्तु (इसिल्) इसकर सिद्ध हुआ (उपकुम्भात्) अर्थ–कुम्भके समीपसे लाइये । षष्ठीमें (अतोऽमनतः) इसकर सिद्ध हुआ (उपकुम्भम्) अर्थ–कुम्भके समीपका देशहै और समर्मामें (वाऽड्योः) इसकर एक जगह सिद्ध हुआ (उपकुम्भम्) और जहाँ अम् नहीं हुआ तहाँ (अइए) इसकर सिद्ध हुआ (उपकुम्भे) अर्थ–कुम्भके समीपमें रखिये ॥

अवधारणार्थे यावति च । यावन्त्यमत्राणि तावतो ब्राह्मणानामन्त्रयस्वेति । यावदमत्रमामन्त्रस्व । मक्षिकाणामभावो वर्त्तते इति निर्मक्षिकं वर्त्तते ।

भाषार्थ–अवधारण नाम निश्चय अर्थके विषे यावत् शब्द पूर्वपद हुए सेते अव्ययीभाव समास होताहै । भाव यहहै कि,न केवल अव्यय पूर्वपद हुए सेते ही अव्ययीभाव समास होताहै किन्तु अवधारण अर्थमें यावत् शब्द पूर्वपद हुए सेते जो अव्ययपूर्वक विग्रहहै उसमें अव्ययीभावसंज्ञक समास होताहै जैसे । यावन्ति अमत्राणि संभवन्ति तावतो ब्राह्मणान् आमन्त्रयस्व । इस विग्रहमें अव्ययके योग्यार्थवाचक पदोंको समास करनेपर (उक्तार्थानामप्रयोगः) इसकर लोप करनेसे रूप हुआ । यावन्ति अमत्राणि । फिर (समासप्रत्यययोः) इसकर दोनों पदोंकी विभक्तियोंका लोप करनेपर रूप हुआ । यावदमन्त्र । फिर नाम संज्ञा होनेपर स्यादिक विभक्तियोंमेंसे शस् विभक्तिवचन हुआ । क्योंकि विग्रहमें । ब्राह्मणान् । यह विशेष पद द्वितीयाबहुवचनान्तहै तब (अतोऽमनतः) इसकर सिद्ध हुआ (यावदमत्रम्) अर्थ–जितने पात्रहैं उतने ब्राह्मणोंका निमत्रण कीजिये । मक्षिकाणामभावो वर्त्तते । इस विग्रहमें अभावार्थवाचक निर् अव्ययको पूर्वनिपात किया समास करनेपर अभाव शब्दका और क्रियापदका लोप किया तब रूप हुआ । निर्मक्षिकाणाम् । फिर (समासप्रत्यययोः) इसकर षष्ठीबहुवचनका लुक् करनेपर रूप हुआ । निर्मक्षिका । फिर नाम संज्ञा होनेपर अव्ययीभावको नपुंसकलिंग होनेसे ह्रस्व हुआ तब रूप हुआ । निर्मक्षिक । फिर (अतोऽमनतः) इसकर सिविभक्तिको अम् करनेपर रूप सिद्ध हुआ (निर्मक्षिकम्) अर्थ–मक्षिकाओंका अभाव वर्त्तमानहै । इसप्रकार अव्ययीभाव समास होताहै ॥

अमादौ तत्पुरुषः ।

अमादौ'–तत्पुरुषः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) द्वितीयायन्ते पूर्वपदे सति तत्पुरुषसंज्ञकः समासो भवति । ग्रामं प्राप्तः । ग्रामप्राप्तः । दात्रेण छिन्नम् । दात्रच्छिन्नम् । यूपाय दारु । यूपदारु । वृकेभ्यो भयम् । वृकभयम् ।

राज्ञः पुरुषः । राजपुरुषः । अक्षेषु शौंडः । अक्षशौंडः । क्वचिदमाद्यन्तस्य परत्वम् । अग्नौ आहितः । आहिताग्निः । पूर्वभूतः । भूतपूर्वः ।

भाषार्थ–द्वितीयाद्यन्त पूर्वपद हुए संते तत्पुरुषसंज्ञक समास होताहै । भाव यह है कि, जिस पदके अन्तमे द्वितीयादिक सप्तमीपर्यन्त विभक्तियोमेसे कोई विभक्ति होवै वह पद जिस विग्रहमे पूर्वपद होवै उस विग्रहमें तत्पुरुषसंज्ञक समास होताहै जैसे । ग्रामं प्राप्तः । इस विग्रहमे द्वितीयान्त ग्राम शब्द पूर्व है और प्रथमान्त प्राप्त शब्दका क्रियाके साथ सम्बन्ध है इसकारण परपदप्रधान तत्पुरुष समास हुआ तब समाससंज्ञा होनेपर (समासप्रत्यययोः) इसकर विभक्तियोका लुक् करनेसे रूप हुआ । ग्राम प्राप्त । फिर नाम संज्ञा करनेसे सि विभक्ति की तब रूप सिद्ध हुआ (ग्रामप्राप्तः) और । दात्रेण छिन्नम् । इस विग्रहमे तृतीयान्त दात्र शब्द पूर्व है और प्रथमान्त छिन्न शब्दका क्रियाके साथ सम्बन्ध है इसकारण परपदप्रधान तत्पुरुष समास हुआ तब समाससंज्ञा होनेपर (समासप्रत्यययोः)इसकर विभक्तियोका लुक् करनेसे रूप हुआ । दात्रच्छिन्न । फिर नाम संज्ञा होनेसे सि विभक्ति की तब (अतोऽम्) इसकर सिद्ध हुआ (दात्रच्छिन्नम्) और । यूपाय दारु । इस विग्रहमे चतुर्थ्यन्त यूप शब्द पूर्व है और प्रथमान्त दारु शब्दका क्रियाके साथ सम्बन्ध है इसकारण तत्पुरुषसमास हुआ तब समाससंज्ञा होनेपर (समासप्रत्यययोः) इसकर विभक्तियोंका लुक् करनेसे रूप हुआ । यूपदारु । फिर समास संज्ञा होनेसे सि विभक्ति की तब (नपुंसकात्स्यमोर्लुक्) इसकर सिद्ध हुआ । (यूपदारु) और । वृकेभ्यो भयम् । इस विग्रहमे पंचम्यन्त वृकशब्द पूर्व है और प्रथमान्त भयशब्दका क्रियाके साथ सम्बन्ध है इसकारण तत्पुरुष समास हुआ तब समाससंज्ञा होनेपर (समासप्रत्ययोः) इसकर विभक्तियोका लुक् करनेसे रूप हुआ । वृकभय । फिर नाम संज्ञा होनेसे सि विभक्ति की तब (अतोम्) इसकर सिद्ध हुआ (वृकभयम्) और । राज्ञःपुरुषः । इस विग्रहमे षष्ठ्यन्त राजन् शब्द पूर्व है और प्रथमान्त पुरुष शब्दके साथ क्रियाका सम्बन्ध है इसकारण तत्पुरुष समास हुआ समास संज्ञा होने पर (समासप्रत्यययोः) इसकर विभक्तियोका लुक् करनेपर रूप हुआ । राजन् पुरुष । फिर (नाम्नोनो लोपशवौ) इसकर नकारका लोपश् करनेपर रूप हुआ । राजपुरुष । फिर नाम संज्ञा होनेसे सि विभक्ति की तब रूप सिद्ध हुआ (राजपुरुषः) और । अक्षेषु शौंडः । इस विग्रहमें सप्तम्यन्त अक्ष शब्द पूर्व है और प्रथमान्त शौंड शब्दका क्रियाके साथ सम्बन्ध है इसकारण परपदप्रधान तत्पुरुष समास हुआ । तब समास संज्ञा होनेपर (समासप्रत्यययोः) इसकर विभक्तियोका लुक् करनेपर रूप हुआ । अक्षशौंड ।

फिर नाम संज्ञा होनेसे सि विभक्ति की तव रूप सिद्ध हुआ (अक्षशौंडः) कहीं प्रयोगान्तरके विषे तत्पुरुषसमासमे वर्त्तमान हुए द्वितीयादि विभक्त्यन्त पूर्वपद को परत्व अर्थात् उत्तर पदता होवै है भाव यह है कि, कहीं प्रयोगोंमें तत्पुरुष समासके विषे वर्त्तमान द्वितीयादि विभक्त्यन्त पूर्वपद उत्तरपद के जगह स्थित होता है और उत्तरपद पूर्वपदके जगह स्थित होता है जैसे। अग्नी आहित. । इस विग्रहमे सप्तम्यन्त पद पूर्व है और प्रथमान्त परपदका क्रियाके साथ सम्बन्ध है इसकारण तत्पुरुष समास हुआ तव समास संज्ञा होनेपर (समासप्रत्यययोः) इसकर विभक्तियोंका लुक् करनेपर रूप हुआ। अग्निआहित । अब यहां पूर्वपदको पर पदके स्थानमे स्थित किया और परपदको पूर्वपदके स्थानमे स्थित किया तव रूप हुआ आहित अग्नि । फिर (सवर्णे दीर्घः सह) इसकर हुआ । आहिताग्नि । फिर नाम संज्ञा होनेसे सि विभक्ति की तव रूप सिद्ध हुआ (आहिताग्निः) और। पूर्वभूतः । इस विग्रहमे द्वितीयान्त पद पूर्व है और प्रथमान्त परपदका क्रियाके साथ सम्बन्ध है इसकारण तत्पुरुष समास हुआ समास संज्ञा होनेपर विभक्तियोंका लुक् किया तव रूप हुआ (पूर्वभूत) अब यहाँ पूर्व पदको पर पदके स्थानमे स्थित किया और पर पदको पूर्व पदके स्थानमे स्थित किया तव रूप हुआ। भूतपूर्व । फिर नामसंज्ञा होनेपर सि विभक्ति करनेसे रूप सिद्ध हुआ (भूतपूर्वः) ॥

समासे क्वचिदेकपद्यं णत्वहेतुः । शराणां वनम् । शरवणम् । आम्राणां वनम् । आम्रवणम् । त्रिणयनः । पानस्य वा । सुराणां पानम् । सुरापाणम् । सुरापानम् ।

भाषार्थ—समासके विषे कहीं प्रयोगान्तरमे एकपद्य णत्वका हेतु होता है । भाव यह है कि, कहीं प्रयोगान्तरमे समास होनेपर पूर्व पदके पकार रेफ ऋवर्णरूप निमित्तसे उत्तरपदके नकारके स्थानमे णकार होताहै जैसे । शराणां वनम् । इस विग्रहमे तत्पुरुष समास होनेपर (समासप्रत्यययोः) इसकर विभक्तियोंका लोप किया तव हुआ । शरवन । इसमे पूर्व पदके रकार निमित्तसे उत्तरपदके नकारके स्थानमे णकार करनेसे रूप हुआ । शरवण । फिर नाम संज्ञा होनेसे विभक्ति की तव (अतोम्) इसकर रूप सिद्ध हुआ (शरवणम्) और (आम्राणां वनम्) इस विग्रहमे तत्पुरुष समास होनेपर विभक्तियोंका लुक् करनेसे रूप हुआ । आम्रवन । फिर पूर्वपदके रकार निमित्तसे उत्तर पदके नकारके स्थानमे णकार करनेसे रूप हुआ । आम्रवण । फिर नाम संज्ञा होनेपर सि विभक्ति करनेसे (अतोम्) इसकर सिद्ध हुआ (आम्रवणम्) इसीप्रकार बहुव्रीहिसमासमे सिद्ध हुआ । त्रिणयनम् । और पान शब्दसम्बन्धी नकारके स्थानमें विकल्प करके णकार होय जैसे । सुराणां पानम् । इस विग्रहमे तत्पुरुष समास

होनेपर विभक्तियोंका लुक् करनेसे रूप हुआ । सुरापान । फिर पूर्व पदके रकार निमित्तसे उत्तर पद पान सम्बन्धी नकारके स्थानमें एक जगह णकार करनेसे रूप हुआ । सुरापाण । फिर नाम संज्ञा होने पर सि विभक्ति करनेसे (अतोऽम्) इसकर सिद्ध हुआ (सुरापाणम्) और जहाँ नकारके स्थानमें णकार नहीं हुआ तहां सिद्ध हुआ (सुरापानम्) (१) ॥

नञि ।

नञिं । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) नञि पूर्वपदे सति तत्पुरुषसंज्ञकः समासो भवति । न ब्राह्मणः । अब्राह्मणः ।

भाषार्थ—नञ् अव्यय पूर्वपद हुए संते तत्पुरुषसंज्ञक समास होता है । भाव यह है कि. जिस विग्रहके विषे निषेध अर्थवाचक नञ् अव्यय पूर्वपद होवे उस विग्रहमें तत्पुरुषसंज्ञक समास होता है जैसे । न ब्राह्मणः । इस विग्रहमें तत्पुरुषसंज्ञक समास होनेपर (समासप्रत्यययोः) इसकर विभक्तिका लुक् करनेसे रूप हुआ । न ब्राह्मण । फिर ।

ना ।

न —अ । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) समासे सति नञोऽकारादेशो भवति नाकादिवर्ज्जम् ।

भाषार्थ—समास हुए संते निषेधार्थवाचक नञ् अव्ययको अकार आदेश होय नाकादिक (२) शब्दोंको वर्जिकरके । जैसे तत्पुरुषसंज्ञक । न ब्राह्मण । इस रूपमें निषेधार्थवाचक न के स्थानमें अकार आदेश होनेसे रूप हुआ । अब्राह्मण । फिर नामसंज्ञा होनेपर सि विभक्ति करनेसे (खोर्विसर्गः) इसकर रूप सिद्ध हुआ (अब्राह्मणः) ॥

---

(१) क्वचित । इसपदके कहनेसे समासके विषे एकपद होनेपरभी पूर्वपदके षकार रेफ ऋवर्ण रूप निमित्तसे उत्तर पदके नकारके स्थानमें णकार नहीं होय जैसे (इंद्रवाहना) (हरिभामिनी) (निषदना) (परिषकानि) इत्यादिकके विषे णकार नहीं होताहै और (दूर्वावनम्) (दूर्वावणम्) (गिरिनदी) (गिरिणदी) (चक्रानितम्बा) (चक्राणितम्बा) इत्यादिकमें विकल्पकरके णकार होता है । और (शरवणम) (प्लक्षवणम) (खदिरवणम्) (प्रवणम्) (अन्तर्वणम्) (पूर्वाह्ण) (अपराह्णः) (सरणा) (स्मरणसः) (शूर्पणखा) इत्यादिकके विषे नित्यही णकार होताहै ।

(२) नाक, नाग, नमुचि, नख, नक्षत्र, नपुंसक, नकुल, नग, नक्त, नवाज, नासत्य, नाराच, नचिकेतस, नापित, नमेरु, ननाट, नारंग, नास्तिक, नातिविस्तराम् । इत्यादिक शब्द नाकादिकहैं । इति ॥

अन्स्वरे ।

अन्–स्वरे । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) नञोऽनादेशो भवति स्वरे परे । अश्वादन्योऽनश्वः । धर्माद्विरुद्धोऽधर्मः । ग्रहणस्याभावोऽग्रहणम् । तदन्य-तद्विरुद्धतदभावेषु नञ् वर्त्तते ।

भाषार्थ–नञ् अव्ययको अन् आदेश होय स्वरपरे संते । भाव यहहै कि- समास होनेपर अन्यार्थ विरुद्धार्थ निषेधार्थ अभावार्थ वाची नञ् अव्ययको स्वर परे संते अन् आदेश होय नाकादिक शब्दोंको वर्जि करके । जैसे अश्वादन्यः । धर्माद्विरुद्धः । ग्रहणस्याभावः । इन तीनों विग्रहोंमे अन्य विरुद्ध अभाववाचक नञ् अव्ययको पूर्व प्रयुक्त किया । और (उक्तार्थानामप्रयोगः) इसकर अन्य विरुद्ध अभावशब्दोंका लोप किया । फिर (समासप्रत्यययोः) इसकर विभक्तियोंका लुक् करने पर रूप हुए । न अश्व । न धर्म । न ग्रहण । इन तीनों तत्पुरुषसमासोंमे प्रथममासमें नञ् अव्ययमें अश्व शब्द सम्बन्धी अकार परेहै इसकारण नञ्के स्थानमे अन् आदेश करनेपर रूप हुआ । अनश्व । और द्वितीय तथा तृतीय तत्पुरुष समासमे (ना) इस सूत्रकर नञ्के स्थान अकार आदेश करनेपर रूपहुए । अधर्म । तथा । अग्रहण । फिर तीनों तत्पु रुषसंज्ञक समासरूपोंकी नाम संज्ञा होनेसे सिविभक्ति की तव रूप सिद्धहुए (अनश्वः) (अधर्मः) (अग्रहणम्) तिससे अन्य अथवा तिससे विरुद्ध अथवा तिसका अभाव इन अर्थोंके विषे नञ् अव्यय वर्त्ततेहै इसप्रकार तत्पुरुष समा-सकी प्रक्रियाहै ॥

चार्थे द्वन्द्वः ।

चार्थे–द्वन्द्वः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) समुच्चयान्वाचयेतरेतरयोग-समाहाराश्चार्थाः । तत्रेश्वरं गुरुं च भजस्वेति प्रत्येकमेककियासम्बन्धे समुच्चये समासो नास्ति। वटो भिक्षामट गां चानयेति क्रमेण कियाद्वयसम्बन्धेऽन्वाचये च समासो नास्ति परस्परमसम्बन्धात् । इतरेतरयोगे समाहारे च चार्थे द्वंद्व-मासो भवति ।

भाषार्थ–समुच्चय और अन्वाचय और इतरेतरयोग और समाहार यह चारों च अव्ययके अर्थहैं समुच्चय वह कहाताहै जिसमे दो वा बहुतकर्म एक क्रियानिष्ठ हो जसे (ईश्वरं गुरुं च भजस्व) इसमें प्रत्येक कर्मके प्रति एक क्रियाका सम्बन्ध है इसकारण यह समुच्चय चार्थहै समुच्चय चार्थमें समास नहीं होताहै । इसमे जो च अव्ययहै उसने

कर्मवाचक ईश्वर और गुरु शब्दके साथ भजस्व क्रियाका सम्बन्ध जनायाहै और अन्वाचय वह कहाताहै जिसमे प्रत्येक कर्म प्रत्येक क्रियानिष्ठ हो जैसे (वटो भिक्षामट गां चानय) इसमे प्रत्येक कर्मके प्रति प्रत्येक क्रियाका सम्बन्धहै इसकारण यह अन्वाचय चार्थहै। अन्वाचय चार्थमे भी समास नहीं होताहै इसमे जो च अव्ययहै उसने कर्मवाचक भिक्षा शब्दके साथ अट क्रियाका और कर्मवाचक गौ शब्दके साथ आनय क्रियाका सम्बन्ध जनायाहै। यदि कहो कि, समुच्चय और अन्वाचय चार्थमें क्यो नहीं समास होताहै तहाँ कहतेहैं परस्पर असम्बन्धसे अर्थात् अन्वयकी योग्यता नहीं होनेसे भाव यह है कि,समुच्चय तथा अन्वाचय चार्थमे अन्वयकी योग्यता नही होनेसे समास नही होताहै। और इतरेतर योग तथा समाहार चार्थके विषे परस्पर सम्बन्ध होनेसे द्वन्द्वसमास होता है। परस्परसापेक्ष दो शब्दोंके योगका एक क्रियाके साथ सम्बन्ध होवै वह इतरेतर योग होताहै और बहुतोंके इकट्ठे होनेका नाम समाहार है ॥

द्वन्द्वेऽल्पस्वरप्रधानेकारोकारान्तानां पूर्वनिपातो वक्तव्यः । पटुश्च गुप्तश्च पटुगुप्तौ । उक्तार्थानामप्रयोगः । अग्निश्च मारुतश्च । अग्निमारुतौ । भोक्ता च भोग्यश्च । भोक्तृभोग्यौ । धवश्च खदिरश्च । धवखदिरौ ।

भाषार्थ–द्वन्द्व समासके विषे अल्पस्वर तथा प्रधान तथा इकारान्त उकारान्त शब्दोंको पूर्वनिपात वक्तव्यहै । भाव यहहै कि, द्वन्द्वसमासके विषे प्रथम वह पद प्रयुक्त करना चाहिये जिसमे समासके अन्य पदसे अल्पस्वर होवै और यदि समासके समस्त पदोंमे समान स्वर होवै तो प्रथम बहुपद प्रयुक्त करना चाहिये जो कि, प्रधान अथवा इकारान्त अथवा उकारान्त होवै अब द्वंद्वसमासका उदाहरण दिखाते हैं । पटुश्च गुप्तश्च । इस विग्रहमे परस्पर सापेक्ष दोनो पटुगुप्त शब्दोके योगका सम्बन्ध एक क्रियाके साथहै इसकारण इतरेतरयोग द्वंद्वसमास हुआ इस इतरेतरयोग चार्थमे द्वन्द्व समास संज्ञा होनेपर (समासप्रत्यययोः) इसकर विभक्तियोका लुक् करदिया। और चकारकाभी लोप किया, क्योंकि समासमे कहेगयेहै अर्थ जिन्होंकरके ऐसे शब्दोका अप्रयोग अर्थात् अभाव यानी लोप होजाताहै । तब रूप हुआ । पटुगुप्त । इसमे यद्यपि पटुगुप्त यह दोनों समान स्वरूपहैं तथापि पटु शब्दको उकारान्त होनेसे पूर्व निपातहै फिर नाम संज्ञा होनेसे । इतरेतरयोगे द्विवचनम् । इसकर प्रथमाद्विवचन किया तब रूप सिद्ध हुआ (पटुगुप्तौ) और। अग्निश्च मारुतश्च । इस विग्रहमें इतरेतर योग चार्थहै इसकारण द्वन्द्वसमास हुआ समाससंज्ञा होनेपर विभक्तियोका लुक् किया और (उक्तार्थानामप्रयोगः) इसकर चकारका लोप किया तब रूप हुआ । अग्निमारुत । इसमे अग्नि शब्दको अल्पस्वर तथा इकारान्त होनेसे पूर्व निपातहै फिर नाम संज्ञा होनेपर । इतरेतरयोगे द्विवचनम् । इसकर प्रथमाद्विवचन करनेसे रूप सिद्ध हुआ (अग्निमारुतौ;

और । भोक्ता च भोग्यश्च । इस विग्रहमें भी इतरेतर योग चार्थ है इसकारण द्वंद्व समास हुआ समाससंज्ञामें विभक्तियोंका लुक् किया और चकारका लोप किया तब रूप हुआ । भोक्तृ भोग्य । इसमें भोक्तृ शब्दको प्रधान होनेसे पूर्व निपातहै फिर नाम संज्ञामें प्रथमाद्विवचन करनेसे रूप सिद्ध हुआ (भोक्तृभोग्यौ) और । धवश्च खदिरश्च । इस विग्रहमें भी इतरेतर योग चार्थ है इसकारण द्वंद्वसमास हुआ समाससंज्ञामें विभक्तियोंका लुक् किया और चकार का लोप किया तब रूप हुआ । धवखदिर । इसमें धवशब्दको अल्पस्वर होनेसे पूर्व निपातहै फिर नामसंज्ञामें प्रथमाद्विवचन करनेसे रूप सिद्ध हुआ (धवखदिरौ) और । स्त्री च पुरुषश्च । इस विग्रहमें भी इतरेतर चार्थ है इसकारण द्वंद्वसमास हुआ समाससंज्ञामें विभक्तियोंका लुक् और चकारका लोप किया तब रूप हुआ । स्त्री पुरुष । इसमें पुरुष शब्द प्रधानभी है तथापि स्त्री शब्दको अल्पस्वर होनेसे पूर्व निपातहै फिर नामसंज्ञामें प्रथमाद्विवचन करनेसे रूप सिद्ध हुआ (स्त्रीपुरुषौ) ॥

देवताद्वन्द्वे पूर्वपदस्य दीर्घो वक्तव्यः । अग्न्यादेः सोमादीनां मस्य षत्वं वक्तव्यम् । अग्नीषोमौ । इन्द्राबृहस्पती । इतरेतरयोगे द्विवचनम् । यत्र द्वित्वं बहुत्वं च स द्वंद्व इतरेतरः ॥ समाहारः सविज्ञेयो यत्रैकत्वं नपुंसकम् ॥ १ ॥ एकवद्भावो वा समाहारे वक्तव्यः । शशाश्च कुशाश्च पलाशाश्च । शशकुशपलाशाः । शशकुशपलाशम् । अन्यादीनां विभक्तिलोपे पूर्वस्य नगागमो वक्तव्यः । अन्योन्यम् । परस्परम् ।

भाषार्थ–देवतावाचक शब्दोंके द्वंद्वसमास के विषे पूर्वपदके अन्त्यस्वरको दीर्घ वक्तव्यहै । उदाहरण । अग्निश्च सोमश्च । इस विग्रहमें इतरेतर योग चार्थ होनेसे द्वंद्वसमास करनेपर विभक्तियोंका लुक् और चकारका लोप किया तब रूप हुआ । अग्निषोम । इसमें अग्नि शब्दको इकारान्त होनेसे पूर्व निपातहै और यह देवतावाचक शब्दोंका द्वंद्वसमासहै इसकारण पूर्व पद अग्नि शब्दके अन्त्यस्वर इकारको दीर्घ करनेपर रूप हुआ । अग्नीसोम । अन्यादिक शब्दोंसे परे जो सोमादिक शब्द तिनके आद्य सकारको षकार वक्तव्यहै । इसकर सोमशब्दके आद्य सकारके स्थानमें षकार करनेपर रूप हुआ ।अग्नीषोम । फिर नाम संज्ञामें प्रथमाद्विवचन करनेसे रूप सिद्ध हुआ (अग्नीषोमौ) और । इंद्रश्च बृहस्पतिश्च । इस विग्रहमें भी इतरेतर योग चार्थ होनेसे द्वंद्वसमास करनेपर विभक्तियोंका तथा चकारका लोप करदिया तब रूप हुआ ।इंद्रबृहस्पति । इसमें इंद्र शब्दको अल्पस्वर होनेसे पूर्व निपातहै और यह देवतावाचक शब्दोंका द्वंद्वसमासहै इसकारण पूर्वपद इंद्र शब्दके अन्त्यस्वर अकारको दीर्घ कर

नेपर रूप हुआ । इन्द्राबृहस्पति । फिर नामसंज्ञामें प्रथमाद्विवचन करनेपर रूप सिद्ध हुआ (इंद्राबृहस्पती) इसीप्रकार (सूर्याचंद्रमसौ) (मित्रावरुणौ) यह सिद्ध हुए जानने । इतरेतरयोग द्वन्द्वसमासके विषे द्विवचन होताहै भाव यहहै कि, इतरेतरयोग द्वंद्वसमास के विषे द्विवचन होताहै परन्तु लिंग वह होताहै जो कि, उत्तरपदमें लिंग होताहै ॥ जिस द्वंद्वसमासमें द्विवचन वा बहुवचन होय वह इतरेतर योगहै और जिस द्वंद्वसमास के विषे एकवचन और नपुंसकलिंग हो वह समाहार जानने योग्यहै ॥ १ ॥ समाहार द्वंद्वसमासके विषे एकवद्भाव विकल्प करके वक्तव्यहै । भाव यहहै कि, समाहार द्वंद्वसमासके विषे समास कियेजानेपर एक वचन विकल्प करके होताहै । इस कथनसे यह जनायागया कि, जहा समुदायार्थकी प्रधानता हो तहाँ एकवचन होताहै और जहाँ अवयवार्थकी प्रधानता हो तहाँ बहुवचन होताहै वा इस अव्ययके ग्रहणसे कहीं प्रयोगान्तरमें इतरेतरयोगके विषे भी एकवचन होताहै । उदाहरण । शाशाश्च कुशाश्च पलाशाश्च । इस विग्रहमें दो पदोंसे अधिक पद होनेसे समाहार चार्थहै इस कारण द्वंद्वसमास हुआ समास संज्ञा होनेपर (समासप्रत्यययोः)(उक्तार्थानामप्रयोगः)इनकर विभक्तियोंका तथा चकारका लोप करनेसे रूप हुआ । शशकुशपलाश । इस समाहार द्वंद्वकी नामसंज्ञा होनेपर अवयवार्थकी प्रधानतामें प्रथमा बहुवचन करनेसे रूप हुआ (शशकुशपलाशाः) और समुदायार्थकी प्रधानतामें (एकत्वे द्विगुद्वन्द्वौ) इस अगले सूत्रकर नपुंसकलिंगता और एकवचन करनेसे रूप सिद्ध हुआ (शशकुशपलाशम्) इतरेतर योगके एकवचनका उदाहरण ।अन्यश्च अन्यश्च। इस विग्रहमें इतरेतरयोग चार्थ होनेसे द्वन्द्वसमास करनेपर विभक्ति और चकारका लोप किया नव रूप हुआ । अन्य अन्य । अन्यादिकोंके पूर्वपदको विभक्ति लोप किये संते सक् आगम वक्तव्य है । भाव यह है कि, समासके विषे वर्त्तमान जो अन्यादिकोंके पूर्वपदवर्त्ती शब्द तिनको सक् आगम होय । इस कथनसे पूर्व अन्यशब्दको सक् आगम किया तो वह आगम पूर्व अन्य शब्दके अन्तमें हुआ क्योंकि आगम कित्संज्ञक है और आगममें अकार उच्चारणार्थ है नव रूप हुआ । अन्यस् अन्य । फिर विभक्तिके लोपमात्रमें भी पदान्त होनेसे (सोर्विसर्गः) इसकर सकारके स्थानमें विसर्ग कर (एदोतोतः) इसकर उकार किया फिर (उ ओ) इसकर ओकार करनेपर रूप हुआ । अन्योन्य । फिर एकवद्भाव होनेसे (एकत्वे द्विगुद्वन्द्वौ) इसकर नपुंसकलिंग और एकवचन करनेसे रूप हुआ (अन्योन्यम्) इसमें अप्रधानभूत होनेसे (शत्वन्यादेः) इस सूत्रकी नहीं प्राप्ति होती है । परश्च परश्च । इस विग्रहमें समासंज्ञा होनेपर विभक्ति चकारका लोप करनेसे रूप हुआ । पर पर । (अन्यादीनां विभक्तिलोपे) इसकर सक् आगम करनेसे रूप हुआ । परस्पर । इसमें वाचस्पत्यादिक होनेसे विसर्गादि कार्य नहीं करने योग्य हैं

नामसंज्ञा होनेपर एकवद्भाव होनेसे नपुंसकलिंग और एकवचन किया तब रूप सिद्ध हुआ (परस्परम्) (१) ॥

एकत्वे द्विगुद्वन्द्वौ ।

एँकत्वे—द्विगुद्वन्द्वौ । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) एकत्वे वर्त्तमानौ द्विगु-द्वन्द्वौ नपुंसकलिंगौ भवतः ।

भाषार्थ—एकवचनमें वर्त्तमान हुए द्विगुद्वन्द्व समास नपुंसकलिंग होते हैं भाव यह है कि, द्वंद्व समासमें जहाँ एकवचन होता है तहाँ नपुंसक लिंग होता है और जहां स्त्रीलिंगता होवे है और जहाँ ईप् प्रत्ययके होनेकी सम्भवता न होवे तहां नपुंसक-लिंगता होवे है ॥

संख्यापूर्वोद्विगुः ।

संख्यापूर्वः—द्विगुः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) संख्यापूर्वो द्विगु-र्निगद्यते ।

भाषार्थ—संख्या है पूर्वपदवर्त्तिनी जिसकी वह द्विगु समास कहाजाताहै ॥

समाहारेऽतईप्द्विगुः ।

समाहारे—अतः—इप्—द्विगुः । चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) समाहारेऽर्थे द्विगुः समासोभवति ततोऽकारान्तादीप्प्रत्ययोभवति। दशानां ग्रामाणां समाहारो दशग्रामी । पंचाग्नयः समाहृताः । इति पंचाग्नि । पंचानां गवां समाहारः । पंचगु । नपुंसकत्वाद्ध्रस्वत्वम् । त्रिफलेति । रूढिः । पात्रादीनामीप्प्रतिषेधो वाच्यः । पंचपात्रम् । त्रिभुवनम् ।

भाषार्थ—समाहार अर्थमें द्विगुसमास होता है । भाव यह है कि, जहां संख्यावाची शब्द तो पूर्वपदमें होवे और समाहारार्थसूचक पद पश्चात् होवे तहां द्विगुसमास होता है । इस कथनसे यह जनायागया कि, जिस विग्रहमें विशेषणात्मक संख्यावाचक पद पूर्व स्थित हो और विशेष्यात्मक पद पीछे स्थित हो और समाहार अर्थ सूचित

---

(१) अन्योन्यम् । परस्परम् । इत्यादिकमें समास नहीं इच्छा करते हैं कोई एक आचार्य किन्तु (कर्मव्यतिहारेऽन्यादीनां द्वित्वं वक्तव्यम् । समासवच्चबहुलम् । तत्र पर्यायेऽद्य प्रथमैकवचनम् इतरस्मिन् द्वितीयैकवचनमिति) इसकर। अन्योन्य। परस्पर। इत्यादिक रूपोंकी सिद्धि कहते हैं। अर्थ—कर्मव्य-तिहारमें अन्यादिकोंको द्वित्व होता है तिसमें पूर्वपदके विषे प्रथमाएकवचन और इतरपदके विषे द्वितीयाएकवचन होता है । अन्योन्य परस्पर नमन्ति साधवः। कर्मव्यतिहारमें इत्यादिक उदाहरणहैं।

कियागया हो उस विग्रहमें द्विगुसमास होता है । और तिस अकारान्त द्विगुसमासमें ईप् प्रत्यय होवैहै । उदाहरण (दशानां ग्रामाणां समाहारः) इस विग्रहमे विशेषणात्मक दशन् शब्द पूर्व है और विशेष्यात्मक ग्राम शब्द पश्चात् है । और समाहार अर्थ सूचित कियागया है इसकारण द्विगुसमास हुआ । समाससंज्ञा होनेपर (समासप्रत्यययोः) इसकर विभक्तियोंका लुक् करनेसे रूप हुआ । दशन् ग्राम । फिर (नाम्नोनो लोपशधौ) इसकर नकारका लोपश् करनेपर रूप हुआ । दशग्राम । यह अकागन्त द्विगुसमास है इसकारण ईप् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ (दशग्रामी) फिर समाहारार्थमें एकवचन होनेके कारण सि विभक्ति करनेपर रूप सिद्ध हुआ । (दशग्रामी) और । पंच अग्नयः समाहृताः । इस विग्रहमें विशेषणात्मक संख्यावाचक पंचन् शब्द पूर्व है और विशेष्यात्मक अग्नि शब्द पश्चात् है और समाहार अर्थ सूचित किया है इसकारण द्विगुसमास हुआ । समाससंज्ञा होनेपर विभक्तियोंका लुक् किया । और (नाम्नोनो०) इसकर नकारका लोपश् किया तब रूप हुआ । पंचअग्नि । फिर (सवर्णे दीर्घः सह) इसकर हुआ । पंचाग्नि । समाहारार्थमें एकवचन होनेसे यह नपुंसकलिङ्ग हुआ है इसकारण सि विभक्ति करनेपर (नपुंसकात्स्यमोर्लुक्) इसकर सिद्ध हुआ (पंचाग्नि) और । पंचानां गवां समाहारः । इस विग्रहमे पूर्ववत द्विगुसमास करनेपर रूप हुआ । पंचगो । यह समाहारार्थमे एकवचन होनेसे नपुंसकलिङ्ग है इसकारण इसको ह्रस्व करनेपर ओकारके स्थानमे उकार करनेसे रूप हुआ । पंचगु । फिर सि विभक्ति करनेपर (नपुंसकात्स्यमोर्लुक्) इसकर रूप सिद्ध हुआ (पंचगु) और । त्रयाणां फलानां समाहारः । इस विग्रहमे पूर्ववत द्विगुसमास करनेपर रूप हुआ । त्रिफल । यहाँ ईप् प्रत्ययके होनेकी संम्भवनामे भी रूढि नाम लोकप्रसिद्धिमे आप् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । त्रिफला । फिर सि विभक्ति करनेपर (आपः) इस सूत्रकर रूप सिद्धहुआ (त्रिफला) पात्रादिकोंको ईप् प्रत्ययका निषेध वाच्य है । भाव यह है कि,द्विगु समासके विषे पात्रादि शब्दोंसे ईप् प्रत्यय नही होवै है जैसे । पंचानां पात्राणां समाहारः । इस विग्रहमे द्विगु समास होनेपर रूप हुआ । पंचपात्र । यहाँ अकारान्त द्विगुसमाससे ईप् प्रत्यय नही हुआ क्योकि पात्रादिकोंसे ईप्प्रत्यय नही होवै है । तब समाहारार्थमें एकवचन होनेसे नपुंसकलिङ्ग होनेके कारण प्रथमाएकवचनमे सिद्ध हुआ (पंचपात्रम) इसी प्रकार (त्रिभुवनम) (चतुर्युगम्) (चतुःपथम) इत्यादिक जाननेयोग्य है (त्रिलोकम) (त्रिलोकी) यहाँ ईप् प्रत्यय विकल्प करके होता है इसप्रकार द्विगुसमासकी प्रक्रिया है ॥

बहुव्रीहिरन्यार्थे ।

बहुव्रीहिः—अन्यार्थे । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अन्यपदार्थे प्रधाने यः

समासः स बहुव्रीहिसंज्ञको भवति । बहुधनं यस्य स बहुधनः।अस्ति धनं यस्य-सः । अस्तिधनः । तस्य प्रधानस्यैकदेशो विशेषणतया यत्र ज्ञायते स तद्गुणसंविज्ञानः । लम्बौ कर्णौ यस्य सः । लम्बकर्णः ।

भाषार्थ–अन्यपदार्थप्रधानमें जो समास होता है वह बहुव्रीहिसंज्ञक समास होता है । भाव यह है कि, जहाँ समासके मध्यवर्त्ती पदोंसे अन्य पदकाही अर्थ प्रधान होताहै अर्थात् अन्य पदही प्रधान होताहै वह बहुव्रीहिसंज्ञक समास होताहै जैसे । बहुधनं यस्य सः । इस विग्रहमे समासके विषे स्थित हुए बहुधन शब्द हैं इनसे अन्य यस्य यह पद प्रधान है इसकारण इस विग्रहमे बहुव्रीहि समास हुआ । समासंज्ञा होनेपर (समासप्रत्यययोः) इसकर विभक्तिमात्रका लुक् हुआ और यस्य सः इन पदोंकाभी (उक्तार्थानामप्रयोगः) इसकर लोप किया तब रूप हुआ । बहुधन । अब नामसंज्ञा होनेपर वह लिंग और विभक्ति वचन होना चाहिये जो कि, अन्यपदप्रधानमे है क्योंकि (बहुव्रीहेर्वाच्यलिंगता) अर्थ–बहुव्रीहि समासकी विशेष्यलिंगता होती है भाव यह है कि, जो लिंग कि, विशेष्यमे होता है वहही विशेषणात्मक बहुव्रीहिमें होताहै इसकारण अन्यपदप्रधान नर शब्दको पुंल्लिंग तथा प्रथमैकवचनान्त होनेसे पुंल्लिंगमे प्रथमैकवचनके विषे रूप सिद्ध हुआ (बहुधनः) । अस्ति धनं यस्य सः । इस विग्रहमें समासस्थ अस्ति और धन शब्द है और इनसे अन्य । यस्य । यह पद प्रधान है इसकारण बहुव्रीहि समास हुआ । समास संज्ञा होनेपर विभक्ति और यस्य सः इनका लोप करनेसे रूप हुआ । अस्तिधन । फिर नामसंज्ञा होनेपर विशेष्य प्रधान पदको पुंल्लिंग तथा प्रथमैकवचनान्त होनेसे पुंल्लिंगमें प्रथमैकवचनके विषे रूप सिद्ध हुआ (अस्तिधनः) प्राप्तो राजा यं सः । इस विग्रहमे अन्यपद प्रधान होनेसे बहुव्रीहि समास हुआ । समास संज्ञा होनेपर रूप हुआ । प्राप्त राजन् । फिर नामसंज्ञा होनेपर विशेष्य प्रधानको पुंल्लिंग तथा प्रथमैकवचनान्त होनेसे पुंल्लिंगमे प्रथमैकवचनके विषे रूप सिद्ध हुआ (प्राप्तराजा)। ऊढा कन्या येन सः। इस विग्रहमे अन्यपद प्रधान होनेसे बहुव्रीहि समास हुआ समासंज्ञा होनेपर रूप हुआ । ऊढा कन्या । फिर (अन्यार्थे) (पुम्वद्वा) इन अगले सूत्रोंकर रूप हुआ । ऊढकन्य । फिर नाम संज्ञा होनेपर विशेष्यप्रधानको पुंल्लिंग तथा प्रथमैकवचनान्त होनेसे पुंल्लिंगमे प्रथमैकवचनके विषे रूप सिद्धहुआ (ऊढकन्यः) तिस प्रधानका एकदेश विशेषणत्व कर जहाँ जानाजाताहै वह तद्गुणसंविज्ञान बहुव्रीहि होताहै भाव यहहै कि, बहुव्रीहि समास दो प्रकारका होताहै एक तो तद्गुण संविज्ञान और दूसरा अतद्गुण संविज्ञान । तद्गुणसंविज्ञान बहुव्रीहि समास वह होताहै जिसमें कि, तिस प्रधानभूत पुरुषादिकका अवयवभूत एकदेश विशेषणत्व कर जानाजाता हो

जैसे । लम्बौ कर्णौ यस्य सः । इस विग्रहमें तद्गुणसंविज्ञान बहुव्रीहि समास होताहै । क्योंकि प्रधानभूत नरका करण यह एकदेश है वहही समासमें विशेष्यभूत नरके विशेषणत्व कर जानागयाहै । समासंज्ञा होनेपर रूपहुआ । लम्बकर्ण । यदि कहो कि. यहा अन्यपद प्रधानहै और पद परस्पर समानहैं फिर लम्बकर्ण ऐसाही क्यो किया किन्तु कर्णलम्ब ऐसा क्यो नही किया तहाँ कहते हैं ॥

बहुव्रीहौ विशेषणसप्तम्यन्तयोः पूर्वनिपातो वक्तव्यः । चक्रपाण्यादौ न । चक्रपाणिः । चंद्रमौलिः । कपिध्वजः ।

भाषार्थ–बहुव्रीहि समासके विषे विशेषण और सप्तम्यन्तशब्दोका पूर्व निपात वक्तव्य है परन्तु चक्रपाण्यादिकोंके विषे नहीं । बहुव्रीहिसमासके उपलक्षणसे कर्मधारयसमासके विषेभी विशेषणको पूर्व निपात होता है । इस कथनसे विशेषणभूत लम्ब शब्दको पूर्व निपात हुआहै । फिर नामसंज्ञा होनेपर विशेष्यप्रधानभूत नरको पुँल्लिंग तथा प्रथमैकवचनान्त होनेसे पुँल्लिंगमे प्रथमैकवचनके विषे रूप सिद्ध हुआ (लम्बकर्णः) सप्तम्यन्त पूर्वनिपातका उदाहरण । भाले लोचनं यस्य सः । इस विग्रहमे बहुव्रीहिसमास होनेपर रूप हुआ । भाललोचन । इसमें भाल शब्दको सप्तम्यन्त होनेसे पूर्व निपातहै फिर नाम संज्ञा होनेपर विशेष्यभूत प्रधानको पुँल्लिंग तथा प्रथमैकवचनान्त होनेसे पुँल्लिंगमें प्रथमा एकवचनके विषे रूप सिद्ध हुआ (भाललोचनः) और । चक्रपाणि । इत्यादिकमें सप्तम्यन्तको पूर्व निपात नहीं होता है जैसे । चक्रं पाणौ यस्य सः । इस विग्रहमे बहुव्रीहिसमास होनेपर रूप हुआ । चक्रपाणि । इसमें सप्तम्यन्तको पूर्वनिपात नहीं हुआ । नाम संज्ञा होनेपर विशेष्यभूत प्रधानको पुँल्लिंग तथा प्रथमैकवचनान्त होनेसे पुँल्लिंग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (चक्रपाणिः) इसीप्रकार (चंद्रमौलिः) (कपिध्वजः) इत्यादिक सिद्ध हुए जानने ॥

प्रजामेधयोरमुक । सुप्रजाः । दुर्मेधाः । धर्मादनिच् । सुष्ठु धर्मो यस्य स सुधर्मा । रूपवती भार्या यस्य सः रूपवद्भार्यः ।

भाषार्थ–अन्यार्थके विषे वर्त्तमान हुए प्रजा और मेधा इन शब्दोको बहुव्रीहिसमासके विषे असुक् आगम होताहै । उदाहरण । सुष्ठु प्रजा यस्य सः । इस विग्रहमें बहुव्रीहिसमास होनेपर (समासप्रत्यययोः) इसकर विभक्तिका लुक् किया । और (उक्तार्थानामप्रयोगः) इसकर सुके स्थानमें सुष्ठु अर्थवाचक पद और यस्य सः इन पदोंका लोप किया तब रूप हुआ । सुप्रजा । फिर असुक् आगम करनेपर रूप हुआ । सुप्रजास् अस् । फिर (यस्य लोपः) इसकर रूप हुआ (सुप्रजस्) फिर नाम संज्ञा

होनेसे पुँल्लिगमें प्रथमैकवचनके विषे सिद्धहुआ (सुप्रजाः) और दुष्टा मेधा यस्य सः । इस विग्रहमें बहुव्रीहिसमास होनेपर रूप हुआ । दुर्मेधा । फिर अमुक् आगम करनेसे पूर्ववत् हुआ । दुर्मेधस् । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुँल्लिगमें प्रथमैकवचनके विषे सिद्ध हुआ (दुर्मेधाः) इसीप्रकार (मन्दमेधाः) (अल्पमेधाः) इत्यादिक सिद्धहुए जानने अन्यार्थके विषे वर्त्तमान हुए धर्मशब्दसे अन् आगम होय । उदाहरण । सुष्ठु धर्मो यस्य सः । इस विग्रहमें बहुव्रीहि समास होनेपर रूप हुआ । सुधर्म । फिर अन् आगम किया क्योंकि धर्मशब्द अन्यार्थमें वर्त्तमानहै तब रूप हुआ । सुधर्मअन । फिर (यस्य लोपः) इसकर रूप हुआ । सुधर्मन् । फिर नाम संज्ञा होनेपर पुँल्लिगमें प्रथमैकवचनके विषे रूप सिद्ध हुआ (सुधर्मा) (१) रूपवती भार्या यस्य सः । इस विग्रहमें बहुव्रीहि समास होनेपर विभक्ति और उक्तार्थशब्दोंका लोप किया तब रूप हुआ (रूपवती भार्या) फिर ॥

अन्यार्थे ।

अन्यार्थे । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) स्त्रीलिङ्गम्यान्यार्थे वर्त्तमानस्य परस्य ह्रस्वो भवति ।

भाषार्थ–अन्यार्थके विषे वर्त्तमान जो स्त्रीलिंग परपद तिसको ह्रस्व होय । भाव यहहै कि, बहुव्रीहि समासका परपद यदि स्त्रीप्रत्ययान्त होवै तो उसको ह्रस्व होय । जैसे (रूपवती भार्या) इसमें अन्यार्थके विषे वर्त्तमान परपद स्त्री प्रत्ययान्त भार्याशब्दहै इसकारण ह्रस्व करनेपर रूप हुआ (रूपवतीभार्य) फिर ॥

पुंवद्वा ।

अ० अ०
पुंवत्–वा । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) समासे सति समानाधिकरणे पुर्वस्य स्त्रीलिङ्गशब्दस्य पुंवद्वा भवति । पुंवद्भावादीवनिवृत्तिः वा ग्रहणात् कल्याणी प्रिय इत्यादौ न भवति । कल्याणी प्रिया यस्य सः कल्याणीप्रिय इति भवति ।

भाषार्थ–समास हुएसंते समानाधिकरणके विषे वर्त्तमान पूर्वके स्त्रीलिंगवाचक शब्दका पुँल्लिंगवत् रूप होय। भाव यहहै कि, विशेषण विशेष्य भावकर एक विभक्त्य-

---

(१) (धनुषश्च) धनुष् शब्दस्य अन् आदेशो भवति बहुव्रीहौ । अर्थ–धनुष् शब्दका अन् आदेश होय बहुव्रीहि समासके विषे (शार्ङ्गधनुष् यस्य स.) इस विग्रहमें बहुव्रीहि समास होनेपर रूप हुआ (शार्ङ्गधनुष) फिर अन् आदेश करनेपर रूप हुआ । शार्ङ्गधन्वन् । फिर नाम संज्ञा होनेपर पुँल्लिंग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (शार्ङ्गधन्वा) ॥

न्तपदोंके एकार्थ निष्ठ होनेका नाम समानाधिकरणहै उसमे वर्त्तमान जो उक्त-पुंस्क स्त्रीलिङ्ग पूर्वपद तिसको समास हुएसंते ह्रस्व होय जैसे रूपवती भार्या । यह दोनों एकविभक्त्यन्त पद विशेषण विशेष्य भावकर एकार्थनिष्ठहैं इसकारण यह समानाधिकरण हुआ । इस समानाधिकरणमें वर्त्तमान पूर्वपद स्त्रीलिङ्ग उक्तपुंस्क रूपवती शब्दका समास होनेपर पुँल्लिंगवत् रूप हुआ । पुँल्लिङ्गवत् रूप होनेसे ईप् प्रत्ययकी निवृत्ति हुइ तब हुआ (रूपवत् भार्या) (चपाञ्चबेजबाः) इसकर रूप हुआ (रूपवद्भार्या) फिर नाम संज्ञा होनेपर पुँल्लिगमें प्रथमैकवचनके विषे रूप सिद्ध हुआ (रूपवद्भार्याः)(शोभना भार्या यस्यसः) इस विग्रहमें बहुव्रीहिसमास होनेपर रूप हुआ (शोभन भार्या) फिर (अन्यार्थे) (पुंवद्वा) इन सूत्रोकर रूप हुआ (शोभनभार्य) फिर नाम संज्ञासे पुंल्लिङ्ग प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (शोभनभार्यः) सूत्रमे वाके ग्रहणसे । (कल्याणीप्रियः) इत्यादिकके विषे समानाधिकरणमे वर्त्तमान हुए उक्तपुंस्कस्त्रीलिग पूर्वपदका पुँल्लिंगवत् रूप नहीं होय उदाहरण (कल्याणी प्रिया यस्य सः) इस विग्रहमें समानाधिकरणके विषे वर्त्तमानहुए उक्तपुंस्क स्त्रीलिग पूर्वपद कल्याणी शब्दको समास होनेपर पुँल्लिङ्गवत् रूप नहीं हुआ किन्तु (अन्यार्थे) इस सूत्रकर स्त्रीप्रत्ययान्त परपदको ह्रस्व करनेसे रूप हुआ (कल्याणी प्रिय) फिर नाम संज्ञा होनेपर पुल्लिङ्गमे प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (कल्याणी प्रियः) आदि शब्दसे (वामोरूभार्यः) (पंचमीभियः) इत्यादिकमें पुँल्लिङ्गवत् रूप नहीं होय (१) ॥

गोः ।

गोः । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) गोशब्दस्यान्यार्थे वर्त्तमानस्य ह्रस्वो भवति । पंच गावो यस्य सः । पंचगुः ।

भाषार्थ–अन्यार्थके विषे वर्त्तमान हुए गो शब्दको ह्रस्व होय । उदाहरण (पंच गावो यस्य सः) इस विग्रहमे बहुव्रीहि समास होनेपर रूप हुआ (पंचन्गौ) फिर (नाम्नोनो लोपश्चौ) इसकर रूप हुआ (पंचगो) यहाँ अन्यार्थमे गोशब्द वर्त्तमानहै इसकारण गो शब्दके ओकारको (सन्ध्यक्षराणां ह्रस्वादेशो इकारोकारौ च वक्तव्यौ)

---

(१) (मनोज्ञा) (सुभगा) (ज्ञाता) (चपला) (वामा) (वामना) (सचिवा) (समा) (बाला) (तनया) (ब्राह्मणी) (दत्ता) (रसिका) (मैथिली) इत्यादिक शब्द कल्याण्यादिकहैं । तां, शस्, तर, तम, देश्य, देशीयेषु प्रत्ययेषु परेषु उक्तपुँस्कस्य स्त्रीलिंगस्य पुंवद्भावो भवति । (भाषार्थ) ता, शस्–तर–तम–देश्य–देशीय । यह प्रत्यय पर हुएसंते उक्त पुस्क स्त्रीलिंग शब्दको पुंवद्भाव होय । जैसे । पटव्या भाव. (पटुता) (अल्पज्ञः) (अल्पतमा) (अल्पतरा) (अनुत्कुल देश्या) (अनुत्कुलदेशीया) वाके ग्रहणसे यह जानने योग्यहै ॥

इसकर हस्वादेशमें उकार करनेसे रूप हुआ (पञ्चयु) फिर नामसंज्ञा होनेपर पुंल्लिग-में प्रथमैकवचनके विषे रूप सिद्ध हुआ (पंचयुः) ॥

संख्यासुव्याघ्रादिपूर्वस्य पादशब्दस्याद्लोपो वक्तव्यः । सहस्रपात्–सहस्र-पाद् । शोभनौ पादौ यस्य सः । सुपात् । व्याघ्रस्य पादौ इव पादौ यस्य सः । व्याघ्रपात् । शसादौ स्वरे परे पदादेशश्च वक्तव्यः । द्विपदः ।

भाषार्थ–संख्यावाचक शब्द और सु अव्यय और व्याघ्रादि उपमावाचक शब्दहैं पूर्व जिसके ऐसे पादशब्दके अकारका लोप वक्तव्य है । भाव यह है कि, जिस पाद शब्दके पूर्व संख्यावाचक शब्द तथा सु अव्यय तथा व्याघ्रादि उपमावाचक शब्द हो उस पाद शब्दके अकारका लोप होय उदाहरण (सहस्रं पादा यस्य सः) इस विग्रहमें बहुव्रीहि समास होनेपर (सहस्रपाद्) यह रूप हुआ । फिर संख्यावाचक सहस्र शब्दको पूर्व होनेसे पादशब्दके अकारका लोप किया तब रूप हुआ । (सहस्रपाद्) फिर नाम संज्ञा होनेपर पुंल्लिग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (सहस्र-पात्–सहस्रपाद्) (शोभनौ पादौ यस्य सः) इस विग्रहमें बहुव्रीहि समास होनेपर रूप हुआ (सुपाद्) फिर सुअव्ययके पूर्व होनेसे पादशब्दके अकारका लोप किया तब रूप हुआ (सुपाद्) फिरनामसंज्ञा होनेपर पुल्लिग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (सुपात्–सुपाद्) (व्याघ्रस्य पादौ इव पादौ यस्य सः) इस विग्रहमें बहु-व्रीहिसमास होनेपर (समासप्रत्यययोः) इसकर विभक्तियोका लुक् किया । फिर (उक्तार्थानामप्रयोगः) इसकर इव यस्य सः इनपदोंका लोप किया और (वैयधिकर-ण्ये बहुव्रीहौ मध्यमपदलोपश्च) इसकर मध्यस्थ पादशब्दका लोप किया तब रूप हुआ (व्याघ्रपाद्) फिर उपमावाचक शब्द पूर्व होनेसे पादशब्दके अकारका लोप करनेपर रूप सिद्ध हुआ (व्याघ्रपाद्) फिर नाम संज्ञा होनेपर पुल्लिग प्रथमैकवच-नमें रूप सिद्ध हुआ (व्याघ्रपात्–व्याघ्रपाद्) शसादिक स्वरपरे संते पाद शब्दको पद् आदेश होय और चकारके ग्रहणसे नपुंसकलिंगमे और स्त्री लिंगमे ईप् प्रत्यय पर हुएसंते तथा तद्धित प्रत्यय पर हुए संतेभी पद् आदेश होताहै उदाहरण । (द्वौपादौ यस्य सः) इस विग्रहम बहुव्रीहिसमास होनेपर रूप हुआ (द्विपाद) फिर (संख्यासु व्याघ्रादि०) इस करके रूप हुआ (द्विपाद्) फिर नामसंज्ञा होनेपर रूप हुए (द्विपात्–द्विपाद्) (द्विपादौ) (द्विपादः) (द्विपादम्) (द्विपदौ) और शसादिकमे पद् आदेश करनेपर रूप हुआ (द्विपदः) (द्विपदा) (द्विपद्भ्याम्) इत्यादि (१)॥

(१) स्त्रीलिंगमे ईप्प्रत्यय होनेपर पद् आदेश होनेसे रूप सिद्ध हुए है (कुंभपदी) (शतपदी) (सहस्रपदी) (एकपदी) (द्विपदी) यहा नडादिगण होनेसे ईप् प्रत्यय हुआ है और तद्धित प्रत्ययके विषे पद् आदेश होनेपर रूप हुआहै (द्वैपद.) । इति ॥

टाडकाः ।

टाडकाः । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) समासे सति ट–अ–ड–क (१) इत्येते प्रत्यया भवन्ति । अचिन्त्यो महिमा यस्य सः । अचिन्त्यमहिमः ।

भाषार्थ–समास हुए संते ट–अ–ड–क–यह प्रत्यय होवैहैं भाव यहहै कि, बहुव्रीहि और तत्पुरुष और द्वंद्व और कर्मधारय समासमे यथासंभव ट–अ-ड-क–यहचार प्रत्यय होवैहैं । उदाहरण । अचिन्त्यो महिमा यस्य सः । इस विग्रहमें बहुव्रीहि समास होनेपर रूप हुआ । अचिन्त्यमहिमन् । फिर (टाडकाः) इसकर ट प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । अचिन्त्य महिमन् अ । इसमें टकार इत्संज्ञक था । फिर ॥

नोवा ।

नः–वा । द्विपदमिदंसूत्रम् (वृत्तिः) नान्तस्य टेर्लोपो वा भवति । यकारे स्वरे च परे वा ग्रहणात्क्वचिन्न भवति उपधालोपश्च । अह्नो मध्यम् । मध्याह्नः । कवीनां राजा । कविराजः । टकारानुबन्धईबर्थः । कविराजौ । राज्ञां पूः । राजपुरम् । वाक्च मनश्च । वाङ्मनसे । दक्षिणस्यां दिशि पन्थाः । दक्षिणापथः । अहश्च रात्रिश्च । अहोरात्रः । द्वौ वा त्रयो वा द्वित्राः । बहवो राजानो यस्यां । सा बहुराजा–नगरी । अत्र टिलोपेकृते (आबतः स्त्रियाम्) बहवः कर्त्तारो यस्य सः बहुकर्त्तृकः ।

भाषार्थ–नकारहै अन्तमें जिसके ऐसे पदकी टिका लोप होय यकार और स्वर पर हुए संते वाके ग्रहणसे कहीं प्रयोगान्तरमे नान्तपदकी टिका लोप नही होय जहां टिका लोप नही होय तहां उपधाका लोप होय । उदाहरण । अचिन्त्य महिमन् अ । इसमें नकारान्त पद महिमन्से स्वरसंज्ञक अकार परेहै इसकारण महिमन्के टि संज्ञक अनका लोप करनेपर रूप हुआ । अचिन्त्य महिम अ । फिर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर रूप हुआ । अचिन्त्यमहिम । फिर नाम संज्ञा होनेपर पुल्लिग प्रथमै-

---

(१) टकारस्तत्पुरुषे स्यादकारो द्वंद्वएवच । डकारश्च बहुव्रीहौ ककारोनियमोमतः ॥ १ ॥

अर्थ–तत्पुरुष समासमें टकार प्रत्यय होवैहै और द्वंद्वसमासमें अकार प्रत्यय होवैहै और बहुव्रीहि समासमें डकार प्रत्यय होवैहै और कप्रत्ययका अनियमहै–अर्थात् कप्रत्यय समस्तसमासोमें होताहै कोई आचार्य ऐसाभी कहतेहैं ।

कवचनमें रूप सिद्ध हुआ (अचिन्त्यमहिमः) (अह्नो मध्यम्) इस विग्रहमें तत्पुरुष समास हुआ । क्योंकि इस विग्रहके पर पदका क्रियाके साथ सम्बन्ध है । तब समास संज्ञा होनेपर। अहन् मध्य। ऐसा स्थित हुआ फिर (क्वचिदन्यान्यस्य परत्वम्) इसकर रूप स्थित हुआ । मध्य अहन् । फिर ट प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । मध्य अहन ट । फिर वाके ग्रहणसे नकारान्त पदकी उपधाका लोप करनेपर रूप हुआ । मध्य अहन अ । फिर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) (सवर्णे दीर्घः सह) इन सूत्रोंकर रूप हुआ । मध्याह्न । फिर नाम संज्ञा होनेपर पुँल्लिग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (मध्याह्नः) और । कवीनां राजा । इस विग्रहमे तत्पुरुष समास होनेपर रूप हुआ । कविराजन् । फिर टप्रत्यय करनेपर (नोवा) इस सूत्रकर टिका लोप करनेसे रूप हुआ (कविराज) फिर नाम संज्ञा होनेपर पुँल्लिगप्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (कविराजः) टप्रत्ययमें टकारका अनुबन्ध ईप्प्रत्ययके अर्थ है इसकारण (ष्टिवुः) इसकर ईप् प्रत्यय करनेपर स्त्रीलिगमे रूप सिद्ध हुआ (कविराजी) और । राज्ञांपुरः । इस विग्रहमें तत्पुरुष समास होनेपर अ प्रत्यय करनेसे रूप हुआ । राजन् पुर् अ । फिर (नाम्नोनो लोपशधौ) इसकर नकारका लोपश् करनेपर रूप हुआ । राज पुर् अ । फिर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर रूप स्थित हुआ । राजपुर । फिर नाम संज्ञा होनेपर पुर शब्दको अकारान्तत्वमें नपुंसकलिग होनेसे नपुंसकप्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (राजपुरम्) और । वाक्च मनश्च । इस विग्रहमें इतरेतरयोग होनेसे द्वंद्वसमास होनेके कारण रूप हुआ । वाच् मनस् फिर । (चोः कुः) इसकर रूप हुआ । वाक्मनस् । फिर (अमेऽमावा) इसकर विकल्प करके ककारके स्थानमें ङकार करनेपर रूप हुआ । वाङ्मनस् । फिर (टाङडाः) इसकर अ प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । वाङ् मनस । फिर नाम संज्ञा होनेपर समाहारार्थ होनेसे नपुंसकलिगमे प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (वाङ्मनसम्) और जहाँ समाहारार्थ नहीं हुआ तहाँ द्विवचन होनेमें रूप सिद्ध हुआ (वाङ्मनसे) और दक्षिणस्यांदिशि पन्थाः । इस विग्रहमें तत्पुरुष समास होनेपर अ प्रत्यय करनेसे रूप हुआ । दक्षिण पथिन् अ । फिर (नोवा) इसकर इन्का लोप करनेपर (स्वरहीनं०) इसकर रूप हुआ । दक्षिणपथ । फिर नाम संज्ञा होनेपर पुँल्लिग प्रथमैकवचनमें रूप हुआ (दक्षिणपथः)।अहश्च रात्रिश्च । इस विग्रहमें द्वन्द्व समास होनेपर (टाडकाः) इसकर ड प्रत्यय करनेसे रूप हुआ । अहन् रात्रि ड । इसमें डकार इत् है फिर (अह्नःसः) (खोर्विसर्गः) (हवे) (उओ) इन सूत्रोंकर रूप स्थित हुआ । अहोरात्रि अ । फिर (डितिटेः) इसकर रूप हुआ। अहोरात्र अ । फिर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर हुआ।अहोरात्र।फिर नाम संज्ञामें समाहारार्थ होनेसे नपुंसक प्रथमैकवचनके विषे रूप सिद्ध हुआ (अहोरात्रः)

। द्वौ च त्रयश्च । इस विग्रहमें द्वन्द्व समास होनेपर (टाडकाः) इसकर ड प्रत्यय करनेसे रूप हुआ । द्वित्रि अ । फिर (डितिटेः) इसकर टिका लोप करनेपर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर रूप स्थित हुआ । द्वित्र । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुँल्लिगप्रथमाबहुवचनमें रूप सिद्ध हुआ (द्वित्राः) और । पंच च षट् च । इस विग्रहमे द्वन्द्व समास होनेपर (टाडकाः) इस सूत्रकर डप्रत्यय करनेसे रूप हुआ । पंचन् षष् अ । फिर (नाम्नोनो लोपशौ) इसकर नकारका लोप करनेसे रूप हुआ । पंच षष् अ । फिर (डितिटेः) इसकर टिका लोप करनेपर (स्वरहीनं परेण०) इसकर रूप स्थित हुआ । पंचष । फिर नामसंज्ञामे प्रथमाबहुवचनमें पुँल्लिगके विषे रूप सिद्ध हुआ (पंचषाः) और। बहवो राजानो यस्यां सा । इस विग्रहमे बहुव्रीहि समास होनेपर (टाडकाः) इसकर डप्रत्यय करनेसे रूप हुआ । बहुराजन् अ । फिर (डितिटेः) इसकर टिका लोप करनेपर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर रूप स्थित हुआ । बहुराज । फिर अन्य विशेष्य प्रधानपदको स्त्रीलिंग होनेसे (आवतः स्त्रियाम्) इसकर आप् प्रत्यय करनेपर प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (बहुराजा) यह बहुतसे राजाओंवाली नगरीका नाम है । बहवः कर्तारो यस्य सः । इस विग्रहमें बहुव्रीहिसमास होनेपर (टाडकाः) इसकर क प्रत्यय करनेसे रूप हुआ। बहुकर्तृक । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुँल्लिगप्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (बहुकर्तृकः) इसी प्रकार । ट अ ड क प्रत्यान्त अन्य समासान्त पद जाननेयोग्य हैं । (सपत्नीकः) (प्रियसीमंतिनीकः) (सवधूकः) (फलितजम्बूकः) (नदीमातृकः) (जीवत्पितृकः) (व्यूढोरस्कः) (मेत्रसखः) (कंकणस्रजम्) (मांसत्वचम्) (वाक्त्विषम्) (छत्रोपानहम्) (द्विनावम्) (द्विरथम्) (ग्रामतक्षः) (पूर्वरात्रः) (पुण्यरात्रः) (कृष्णभूमः) (पांडुभूमः) (द्विभूमः) (उपदशाः) (आसन्नविशाः) (बहुदायकाः) (बहुलक्ष्मीकः) इत्यादि ॥

इति बहुव्रीहिसमासः ।

कर्मधारयस्तुल्यार्थे ।

कर्मधारयः—तुल्यार्थे । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) पदद्वये तुल्यार्थे एकार्थनिष्ठे सति कर्मधारयः समासो भवति । नीलं च तदुत्पलं च । नीलोत्पलम् । रक्ता चासौ लता च । रक्तलता । पुमांश्चासौ कोकिलश्चेति । पुंस्कोकिलः । पुंसः स्त्रपे संयोगान्तस्य लोपो वक्तव्यः ।

भाषार्थ—एकही अर्थमहै निष्ठा अर्थात् प्रवृत्ति जिनकी ऐसे दो पद तुल्यार्थ हुए संते कर्मधारय समास होताहै।भाव यह है कि,जिस विग्रहमें दो पद तुल्यार्थ हुए एक वस्तुवाचक होवें तो कर्मधारय समास होता है । नीलं च तदुत्पलं च । इस विग्रहमे विशे-

षणभूत नीलशब्द है और विशेष्यभूत उत्पलशब्द है और च अव्यय और तत् शब्द एकार्थता जनानेकेलिये विग्रहमें सम्मिलित किये हैं यहाँ गुणवाचक नील शब्द है और द्रव्यवाचक उत्पल शब्द है यह दोनों एकार्थनिष्ठ हैं इसकारण कर्मधारय समास हुआ । इसमे नीलशब्दको विशेषण होनेसे पूर्वनिपात हुआ है फिर समासंज्ञा होनेपर (समासप्रत्यययोः) इसकर विभक्तियोका लुक किया और (उक्तार्थानामप्रयोगः) इसकर च अव्यय और तत् शब्दका लोप किया तब रूप स्थित हुआ ।नीलउत्पल । फिर (उ ओ) इसकर रूप हुआ । नीलोत्पल । इसमें नील और उत्पल दोनो शब्द प्रधान हैं, क्योंकि विशेषणभूत नीलशब्द और विशेष्यभूत उत्पलशब्द यह दोनो एकार्थनिष्ठ और परस्पराश्रयभूत हैं फिर नामसंज्ञा होनेपर विशेषणविशेष्यको नपुंसकलिंग होनेसे नपुंसकप्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (नीलोत्पलम्) रक्ता चासौ लता च । इस विग्रहमें भी कर्मधारयसमास हुआ क्योंकि, गुणवाचक विशेषणभूत रक्ता शब्द और द्रव्यवाचक विशेष्यभूत हुआ लताशब्द एकार्थनिष्ठ हैं । विग्रहमें च शब्द और असौ शब्द एकार्थता जनानेके लिये संमिलितहैं और रक्ता शब्दको विशेषण होनेसे पूर्वनिपात हुआहै । समासंज्ञा होनेपर रूप हुआ । रक्ता लता । फिर (पुंवद्वा) इसकर रूप हुआ । रक्तलता । फिर नामसंज्ञा होनेसे विशेषण विशेष्यको स्त्रीलिंग होनेसे स्त्रीलिंगप्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (रक्तलता) पुमांश्चासौ कोकिलश्च । इस विग्रहमे भी कर्मधारयसमास हुआ क्योंकि विशेषणभूत पुंस् शब्द और विशेष्यभूत कोकिलशब्द एकार्थनिष्ठहैं । समासंज्ञा होनेपर विशेषणभूत पुंस्शब्दको पूर्वनिपात करनेसे रूप हुआ । पुंस्कोकिल । फिर नामसंज्ञा होनेपर विशेषण विशेष्यको पुंलिंग होनेसे पुंल्लिंगप्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (पुंस्कोकिलः) यदि कहो कि, पुंस् कोकिल शब्दमे (संयोगान्तस्य लोपः) इसकर सकारका लोप क्यों नही किया गयाहै तहो कहते हैं कि पुंस शब्दके संयोगान्तका लोप खप प्रत्याहारपर हुए संते नहीं वक्तव्यहै ॥

नाम्नश्च कृता समासः ।

नाम्नः—च—कृता—समासः । चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) प्रादेरुपसर्गस्य नाम्नश्च कृदन्तेनसह समासस्तत्पुरुषो भवति । प्रकर्षेण वादः । प्रवादः । कुम्भं करोतीति । कुम्भकारः ।

भाषार्थ—प्रादि उपसर्ग और नामसंज्ञक शब्दका कृदन्तके साथ समास तत्पुरुष होता है, भाव यह है कि, प्रादि उपसर्ग और नामसंज्ञक शब्दका कृत्प्रत्ययान्त शब्दके साथ जो अन्वय होता है उसमें तत्पुरुषसमास होता है । उदाहरण । प्रकृष्टो वादः ।

इस विग्रहमें प्रउपसर्गके साथ कृत्प्रत्ययान्त वादशब्दका अन्वय है इसकारण तत्पुरुष समास हुआ समाससंज्ञा होनेपर रूप हुआ । प्रवाद । फिर नाम संज्ञा होनेपर पुँल्लिग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (प्रवादः) और (कुम्भं करोति) इस विग्रहमें (कार्येऽण्) इस कृदन्तसूत्रकर अण् प्रत्यय करनेपर (समासप्रत्यययोः) इसकर दोनों पदोंकी विभक्तियोंका लुक् किया तब रूप हुआ । कुम्भकृ अ । फिर णित् प्रत्यय होनेसे धातुको वृद्धि करनेपर रूप हुआ । कुम्भकार । इसमें कुम्भ शब्दका कृत्प्रत्ययान्त कारशब्दके साथ अन्वयहै इसकारण तत्पुरुष समास हुआ । नामसंज्ञा होनेपर पुँल्लिगप्रथमैकवचनमे रूप सिद्धहुआ (कुम्भकारः) ॥

सहादेः सादिः ।

सहादेः—सादिः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) समासे सति सहादीनां सादिर्भवति । पुत्रेण सह वर्त्तते इति । सपुत्रः।सहसम् । तिरसां सध्रिसमितिरयः। सहस्य सध्रिः—सध्यङ् । समः समिः—सम्यङ् । तिरसस्तिरिः । तिर्यङ् ।

भाषार्थ—समास हुए संते सहादिकोंको सादि आदेश होय भाव यहहै कि, सह, समान इत्यादि शब्दोंके स्थानमें समास होनेपर सआदिक आदेश होय । उदाहरण । पुत्रेण सह वर्त्तते । इस विग्रहमे (नाम्नश्च कृता समासः) इस सूत्रके चकारसे तत्पुरुष समास हुआ समाससंज्ञा होनेपर सहको पूर्वनिपात किया फिर सहके स्थानमें स आदेश करनेपर रूप हुआ । सपुत्र । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुल्लिगप्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (सपुत्रः) । समानं ज्योतिर्यस्य सः । इस विग्रहमे बहुव्रीहिसमास होनेपर समानके स्थानमे सआदेश करनेसे रूप हुआ । सज्योतिष् । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुँल्लिग प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (सज्योतिः) सह और सम् और तिरस् इनको क्रमसे सध्रि और समि औ तिरि यह आदेश हो (सह अञ्चति) इस विग्रहमें क्विप् प्रत्यय करनेपर (समासप्रत्यययोः) इसकर रूप हुआ । सह अंच् क्विप् । फिर (नो लोपः) (१) इसकर रूप हुआ । सह अच् क्विप् । फिर (क्विपः सर्वापहारी लोपः) (२) इसकर क्विप्प्रत्यय कर लोप करनेपर रूप हुआ । सह अच् । इसमें कृदन्तके क्विपप्रत्ययान्तके साथ सह शब्दका अन्वय है इसकारण तत्पुरुष समास हुआ समाससंज्ञा होनेपर सहके स्थानमें सध्रिआदेश करनेसे रूप हुआ । सध्यच् । फिर नाम संज्ञा होनेपर पुँल्लिगप्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (सध्यङ्) इसीप्रकार समके स्थानमे समि आदेश करनेपर पुँल्लिग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (सम्यङ्) और तिरस्के स्थानमें तिरि आदेश करनेपर पुँल्लिग

(१) यह आख्यातका सूत्र है । (२) यह कृदन्त सूत्रहै ।

प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (तिय्यङ्) और आदि शब्दमें विष्वक्के स्थानमें विष्वद्रि आदेश करनेपर रूप सिद्ध हुआ (विष्वद्रयङ्) देव शब्दके स्थानमें देवद्रि आदेश करनेपर रूप सिद्ध हुआ (देवद्रयङ्) इत्यादि (१) ॥

कोः कदादिः ।

६।१ १।१
कोः—कदादिः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) कुशब्दस्य कुत्सितेषदर्थयोर्वर्त्तमानस्य तत्पुरुषे कदादयो वक्तव्याः । कुत्सितमन्नम् । कदन्नम् । ईषदर्थे । कोःकाकवकदुष्णे । कोष्णम् । कवोष्णम् । कदुष्णम् । कालवणम् । पुरुषे वा । कापुरुषः । कुपुरुषः । कोर्मन्दादेशश्च । मन्दोष्णम् ।

भाषार्थ—कुत्सित और ईषदर्थके विषे वर्तमान हुए कुशब्दको तत्पुरुषसमासमें कत् कव का यह आदेश होतेहैं । उदाहरण । कुत्सितमन्नम् । इस विग्रहमें तत्पुरुष समास होनेसे कुत्सितार्थवाचक कुशब्दके स्थानमें कत् आदेश करनेपर रूप हुआ । कदन्न । नामसंज्ञामें नपुंसकप्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (कदन्नम्) ईषदर्थके विषे वर्त्तमान हुए कुशब्दको तत्पुरुषसमासमें उष्णशब्द पर हुए संते का कव, कत्, यह तीन आदेश होते है जैसे । ईषदुष्णम् । इस विग्रहमें तत्पुरुषसमास होनेमें ईषदर्थवाचक कुशब्दके स्थानमें एक जगह का, दूसरी जगह कव, तीसरी जगह कत् आदेश करनेपर रूप हुए । कोष्ण । कवोष्ण । कदुष्ण । फिर नामसंज्ञामें नपुंसकप्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुए (कोष्णम्) (कवोष्णम्) (कदुष्णम्) । ईषत्लवणम् । इस विग्रहमें भी तत्पुरुष समास होनेसे ईषदर्थवाचक कुशब्दके स्थानमें का आदेश करनेपर रूप हुआ । कालवण । फिर नामसंज्ञामें प्रथमैकवचनके विषे रूप सिद्ध हुआ (कालवणम्) पुरुष शब्द पर हुए संते तत्पुरुषसमासमें कुत्सितार्थवाचक कुशब्दको विकल्पकरके का आदेश होताहै । कुत्सितः पुरुषः । इस विग्रहमें तत्पुरुषसमास होनेसे कुत्सितार्थवाचक कुशब्दके स्थानमें विकल्पकरके का आदेश करने पर रूप हुए । कापुरुष । कुपुरुष ।

(१) ज्योतिर्जनपदरात्रिनाभिनामगोत्ररूपस्थानवर्णवयोवचनबन्धुपुत्रसंयोगसहायसमानार्थकृतसंकटातीतानुकम्पाशरणलक्षणेषु समानस्य सआदेश ॥ । भाषार्थ—ज्योतिष् आदिक शब्द पर हुए संते समानको स आदेश होय समासके विषे जैसे (सज्योति) (सजनपद) (सपिंड.) (सबन्धुः) (सलोहित) (सनाभि) (सवर्णा) (सरात्रि) (सगन्ध) (सकुक्षि) (सब्रह्मचारी) (सतीर्थ्य) (सपत्नी) (सपक्ष.) रूपादिषु विकल्पेन समानशब्दस्य सआदेश । भाषार्थ—रूपादि पद परे संते समासके विकल्प करके समानको स आदेश होय । जैसे (सरूप·) (समानरूप) (सवर्ण) (समानवर्ण.) (सजातीयः) (समानजातीय.) (समोत्र.) (समानगोत्र·) (सस्थानम्) (समानस्थानम) सधर्मा) (समानधर्मा) (सवयाः) (समानवया·) (सनामा) (समाननामा) इति ॥

नाम संज्ञामें प्रथमैकवचनके विषे रूप सिद्ध हुए (कापुरुषः) (कुपुरुषः) कुशब्द-को मन्द आदेशभी होय उष्ण शब्द पर हुए संते । ईषदुष्णम् । इस विग्रहमें तत्पुरुष समास होनेसे ईषदर्थवाचक कुशब्दके स्थानमें मन्द आदेश करनेपर रूप हुआ । मंदो-ष्ण । फिर नामसंज्ञाम प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (मन्दोष्णम्) इसीप्रकार (कत्तृणम्) (कद्रथः) (कद्गदः) (कदध्वा) (कापथः) (काक्षः) (काग्निः) (कदग्निः) इत्यादिक प्रयोगानुसार कर रूप जानने योग्यहैं ॥

षषउत्वं दतृदशधासूत्तरपदादेः ष्टुत्वं च वक्तव्यम् । षड्भिरधिका दश । षोडश । षड् दन्ता यस्य सः । षोडन् । षट् प्रकाराः । षोढा । बृहतांपतिः । बृहस्पतिः । महच्छब्दस्य टेराकारः समानाधिकरणे । महांश्चासौ देवश्च । महादेवः । महांश्चासौ ईश्वरश्च । महेश्वरः । द्यौश्च भूमिश्च । द्यावाभूमी । जायाया जम्भावो दम्भावो निपात्यते । दम्पती । जम्पती । क्वचित् जायापती । आकृ-तिगणोयम् ।

भाषार्थ–षषूके अन्त्य षकारको उकार आदेश होय । दतृ और दशन् तथा धा प्रत्यय पर हुए संते और समासके उत्तर पदके आदिवर्णको षकार टवर्गता होय अर्थात् सकारके स्थानमे षकार और तवर्गके स्थानमे यथाक्रमसे टवर्ग होय । उदाहरण । षड्भिरधिका दश । इस विग्रहमें तत्पुरुष समास होनेपर रूप हुआ । षष् दशन । फिर षषूके अन्त्य षकारके स्थानमे उकार किया और उत्तरपद दशन्के आदिवर्ण दकारके स्थानमे डकार किया तब रूप हुआ । षोडशन् । फिर नामसंज्ञा होनेपर बहुवचनमे रूप सिद्ध हुआ (षोडश) । षड् दन्ता यस्य सः । इस विग्रहमे बहुव्रीहिसमास होनेपर रूप हुआ । षषूदन्त । फिर (वयसि दन्तस्य दतृ) इसकर दन्तके स्थानमें ऋकारानुबन्ध दतृ आदेश करनेपर रूप हुआ । षष् दतृ । फिर षषूके अन्त्य षकारके स्थानमे उकार आदेश किया और उत्तरपदके आदिवर्णके स्थानमे डकार किया तब रूप हुआ (षोडतृ) फिर नाम संज्ञा होनेपर प्रथमैकवचनमे (त्रितो नुम्) इसकर नुम् आगम करनेपर रूप सिद्ध हुआ (षोडन्) षट् प्रकाराः । इस विग्रहमें प्रकारार्थवाचक तद्धित प्रत्यय धा करनेपर(समासप्रत्यययोः) इसकर रूप हुआ । षषूधा । फिर षषूके अन्त्य षकारको उकार और उत्तरपदसम्बन्धी धा प्रत्ययके धकारके स्थानमें ढकार किया तब रूप हुआ । षोढा । फिर (कृत्तद्धितसमासाश्च) इसकर नामसंज्ञा होनेपर धा प्रत्ययान्तको अव्यय होनेसे विभक्तिका लुक् करनेपर रूप सिद्ध हुआ (षोढा) । बृहतां पतिः । इस विग्रहमें तत्पुरुष समास होनेपर रूप हुआ । बृहत् पति । फिर (सहादेः सार्दिः) इसकर बृहत्शब्दके तकारके स्थानमें सकार करनेपर रूप हुआ । बृहस्

पाति । फिर नामसंज्ञा होनेपर प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (बृहस्पतिः) महांश्चासौ देवश्च । इस विग्रहमें कर्मधारय समास होनेपर रूप हुआ । महत् देव । यहां समानाधिकरण है, क्योंकि एक विभक्तयन्त महत् देव शब्द विशेषण विशेष्य भावकर एकार्थनिष्ठ है इसकारण महत् शब्दके टिसंज्ञक अत्के स्थानमें आकार करनेपर रूप हुआ । महादेव । फिर नामसंज्ञा होनेपर प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (महादेव) इसी प्रकार (महेश्वरः) यह सिद्ध हुआ जानना । द्यौश्च भूमिश्च । इस विग्रहमें द्वन्द्वसमास होनेपर रूप हुआ । द्योभूमि । फिर (महादेः सादिः) इसकर द्यौके स्थानमें द्यावा आदेश करनेपर रूप हुआ (द्यावाभूमि) फिर नामसंज्ञा होनेपर इतरेतरयोगमें द्विवचन करनेपर प्रथमाद्विवचनके विषे रूप सिद्ध हुआ (द्यावाभूमी) जाया शब्दको जंभाव दम्भाव निपातसे सिद्ध होताहै । उदाहरण । जाया च पतिश्च । इस विग्रहमें द्वन्द्वसमास होनेपर रूप हुआ । जायापति । फिर जाया स्थानमें जम् और दम् आदेश निपातसे करनेपर रूप हुए । जम्पति । दम्पति । फिर नाम संज्ञामें इतरेतर योग होनेसे प्रथमाद्विवचनमें रूप सिद्ध हुए (जम्पती) (दम्पती) यह आकृतिगण है । भाव यह है कि, इस गणमें प्रयोगका जैसा आकार दीखता है तैसाही प्रयोग निपात कियाजाता है अर्थात् तैसाही आदेश कियाजाता है इस कारण यह गण आकृतिगणसंज्ञक है ॥

अलुक् क्वचित् ।

१ १ अ० अलुक्—क्वचित् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) क्वचित्समासे कृति तद्धितेपि विभक्तेरलुग्भवति । कृच्छ्रान्मुक्तः । अप्सु योनिर्यस्यसः । अप्सुयोनिः । उरसिलोमा । हृदिस्पृक् । कण्ठेकालः । वाचोयुक्तिः । दिशोदण्डः । पश्यतो हरः । इत्यादि ।

भाषार्थ—समासके विषे तथा कृदन्त प्रत्यय तथा तद्धितप्रत्यय पर हुए संते कहीं प्रयोगान्तरमें पूर्वपदकी विभक्तिका लुक् नहीं होय । उदाहरण । कृच्छ्रान्मुक्तः । इस विग्रहमें तत्पुरुष समास होनेपर पूर्वपदकी विभक्तिका लुक् नहीं हुआ किन्तु परपदकी विभक्तिका लुक् करनेसे रूप हुआ (कृच्छ्रान्मुक्त) फिर नामसंज्ञा होनेपर प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (कृच्छ्रान्मुक्तः) । अप्सु योनिर्यस्य सः । इस विग्रहमें बहुव्रीहिसमास होनेपर पूर्वपदकी विभक्तिका लुक् नहीं हुआ किन्तु परपदकी विभक्तिका लुक् करनेसे रूप हुआ । अप्सुयोनि । फिर नामसंज्ञा होनेपर प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (अप्सुयोनिः) । उरसि लोमानि यस्य सः । इस विग्रहमें बहुव्रीहिसमास होनेपर पूर्व उरस्शब्दकी सप्तमीविभक्तिका लुक् नहीं हुआ किन्तु

पर लोमन्शब्दकी प्रथमाविभक्तिका लुक् करनेसे रूप हुआ । उरसिलोमन् । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुंल्लिङ्गप्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (उरसिलोमा) । हृदि स्पृशति । इस विग्रहमे क्विप्प्रत्यय करनेपर (समासप्रत्यययोः) इसकर पूर्व हृद् शब्द-की सप्तमी विभक्तिका लुक् नही हुआ किन्तु परपदकी विभक्ति लुक्करनेपर रूप हुआ । हृदिस्पृश् क्विप् । फिर क्विप्का सर्वापहारी लोप करनेसे रूप हुआ (हृदिस्पृश्) फिर (नाम्नश्च कृता समासः) इस सूत्रकर यह तत्पुरुष समास हुआ । नामसंज्ञा होनेपर प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (हृदिस्पृक्) यह उदाहरण कृत्यप्रत्यय पर हुए संते पूर्वपदकी विभक्तिके नहीं लुक् होनेका है । कण्ठे कालो यस्य सः । इस विग्रहमे बहुव्रीहि समास होनेपर पूर्व कण्ठ शब्दकी सप्तमी विभक्तिका लुक् नही हुआ । पर काल शब्दकी प्रथमाविभक्तिका लुक् होनेसे रूप हुआ । कण्ठेकाल । फिर नामसंज्ञा होनेपर प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (कण्ठेकालः) इसी प्रकार (दिशोदण्डः) (पश्यतोहरः) इनमे पूर्वपदकी षष्ठीविभक्तिका लुक् नही हुआ । और तद्धित प्रत्यय पर हुए संते विभक्तिके नही लुक् होनेका उदाहरण । अमुष्यापत्यम् । इस विग्रहमे अपत्यार्थवाचक आयनण् तद्धितप्रत्यय करनेपर (समासप्रत्यययोः) इसकर विभक्तिका लुक् नही होनेसे रूप हुआ । अमुष्य आयन । फिर (यस्य लोपः) (पुनोंणोऽनन्ते) (आदेस्वरस्य ञ्णितेच वृद्धिः) (१) इन सूत्रोकर हुआ । आमुष्यायण । फिर नाम संज्ञा होनेपर प्रथमैक-वचनके विषे पुल्लिगमे रूप सिद्ध हुआ (आमुष्यायणः) ॥

समानाधिकरणे शाकपार्थिवादीनां मध्यमपदलोपो वक्तव्यः। शाकः प्रियो यस्य सः । शाकप्रियः । शाकप्रियश्चासौ पार्थिवश्च । शाकपार्थिवः ।

भाषार्थ–समानाधिकरणमें शाकपार्थिवादिक शब्दोके मध्यमपदका लोप वक्त-व्य है । भाव यहहै कि, एकविभक्त्यन्त पदाके विशेषणविशेष्यभाव कर एकार्थनिष्ठ होनेका नाम समानाधिकरणहै उस समानाधिकरणमे वर्त्तमान हुए शाकपार्थिवादि शब्दोंके मध्यमपदका लोप होताहै । उदाहरण । शाकप्रियश्चासौ पार्थिवश्च । इस-विग्रहमें कर्मधारय समास होनेपर रूप हुआ । शाकप्रियपार्थिव । इसमे समानवि-भक्त्यन्त शाकप्रिय और पार्थिव शब्द विशेषणविशेष्यभाव कर एकार्थनिष्ठहैं इस कारण मध्यमपद प्रियशब्दका लोप किया तब रूप हुआ । शाकपार्थिव । नाम-संज्ञा होनेपर पुल्लिगप्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (शाकपार्थिवः) । देवपूजकश्चासौ ब्राह्मणश्च । इस विग्रहमें कर्मधारयसमास होनेपर रूप हुआ । देवपूजकब्राह्मण । इसमें समानविभक्त्यन्त देवपूजक और ब्राह्मणशब्द विशेषण विशेष्यभाव कर

(१) यह अगाडीका तद्धित सूत्रहै ।

एकार्थनिष्ठहैं इसकारण शाकपार्थिवादिक होनेसे मध्यमपद पूजक शब्दका लोप करनेसे रूप हुआ । देवब्राह्मण । फिर नामसंज्ञा होनेपर प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (देवब्राह्मणः) ॥

आदेश्च द्वन्द्वे ।

६१ अ० ७१
आदेः—च—द्वन्द्वे । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) द्वन्द्वे सति आदेश्च लोपो वक्तव्यः । चकारात् कुत्रचिन्न तु सर्वत्र । (१) माता च पिता च । पितरौ । श्वश्रूश्च श्वशुरश्च । श्वशुरौ । दुहिता च पुत्रश्च । पुत्रौ ।

भाषार्थ—द्वन्द्वसमास हुए संते आदि पदका लोप होय चकारग्रहणमें कहीं प्रयोगान्तरमें न कि, सब जगह । भाव यह है कि, द्वन्द्वसमास हुए संते कहीं प्रयोगान्तरमें आदिपदका लोप होय न कि, सब जगह । उदाहरण । माता च पिता च । इस विग्रहमें इतरेतरयोग चार्थ होनेसे द्वंद्वसमास हुआ (समासप्रत्यययोः) इसकर विभक्तियोंका लुक् किया (उक्तार्थानामप्रयोगः) इसकर च अव्ययका लोप किया तब रूप हुआ । मातृपितृ । फिर (आदेश्च द्वन्द्वे) इसकर पूर्वपद मातृ शब्दका लोप करनेसे रूप हुआ । पितृ । फिर इतरेतर योगमें द्विवचन होनेसे परपद पितृ शब्दको पुल्लिंग होनेके कारण पुल्लिंगप्रथमाद्विवचनके विषे रूप सिद्ध हुआ (पितरौ) (श्वश्रूश्च श्वशुरश्च) इस विग्रहमें द्वंद्वसमास होनेपर रूप हुआ । श्वश्रूश्वशुर । फिर (आदेश्च द्वंद्वे) इसकर आदिपद श्वश्रूशब्दका लोप करनेपर रूप हुआ । श्वशुर । फिर पुल्लिंगप्रथमाद्विवचनमें रूप सिद्ध हुआ (श्वशुरौ) (दुहिता च पुत्रश्च) इस विग्रहमें द्वंद्वसमास होनेपर रूप हुआ । दुहितृपुत्र । फिर (आदेश्च द्वन्द्वे) इसकर पूर्वपद दुहितृशब्दका लोप करनेपर रूप हुआ । पुत्र । फिर इतरेतरयोगमें द्विवचन होनेसे प्रथमाद्विवचनमें पुल्लिंगके विषे रूप सिद्ध हुआ (पुत्रौ) ॥

ऋतां द्वन्द्वे ।

६३ ७१
ऋताम्—द्वन्द्वे । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) द्वन्द्वे समासे पूर्वपदस्य ऋकारस्य वा आकारो भवति । माता च पिता च । मातापितरौ ।

भाषार्थ—द्वन्द्वसमास हुए संते पूर्वपदके ऋकारके स्थानमें विकल्प करके आकार होय । उदाहरण । माता च पिता च । इस विग्रहमें द्वन्द्वसमास होनेपर हुआ । मातृ-

---

(१) शिष्यमाणोलुप्यमानार्थाभिधायी । अर्थ—द्वंद्वसमासमें शेष रहा शब्द साहचर्यसे लुप्त हुए शब्दार्थका साक्षी रहताहै ॥

पितृ । इसमें जहाँ कि, (आदेश्चद्वन्द्वे) इसकर पूर्वपद मातृ शब्दका लोप नहीं हुआ तहां एक जगह पूर्वपद मातृशब्दके ऋकारके स्थानमे आकार करनेपर रूप हुआ । मातापितृ । फिर नामसंज्ञामे प्रथमाद्विवचनके विषे रूप सिद्ध हुआ (मातापितरौ) और जहाँ एक जगह पूर्वपद मातृशब्दके ऋकारके स्थानमें आकार नही हुआ तहाँ सिद्ध हुआ (मातृपितरौ) इसीप्रकार (दुहितापुत्रौ) (दुहितृपुत्रौ) इत्यादिक सिद्ध हुए जानने ॥

द्वन्द्वे सर्वादित्वं वा । वर्णाश्रमेतरे । वर्णाश्रमेतराः ।

भाषार्थ–द्वन्द्वसमासके विषे सर्वादिकशब्दोको सर्वादित्व अर्थात् सर्वादिकार्य विकल्प करके होताहै । उदाहरण । वर्णाश्च आश्रमाश्च इतरे च । इस विग्रहमे द्वन्द्वसमास होनेपर रूप हुआ । वर्णाश्रमेतर । फिर नामसंज्ञा होनेपर प्रथमाबहुवचनके विषे समासके अन्त्य शब्द इतरको सर्वादि होनेसे (द्वन्द्वेसर्वादित्वं वा) इसकर एक जगह सर्वादिकार्य किया तब (जसी) (अइए) इन सूत्रोकर सिद्ध हुआ (वर्णाश्रमेतरे) और जहाँ एक जगह सर्वादिकार्य नही हुआ तहाँ (सवर्णे दीर्घः सह) (स्रोर्विसर्गः) इनकर रूप सिद्ध हुआ (वर्णाश्रमेतराः) द्वितीयाबहुवचनमें (वर्णाश्रमेतरान्) तृतीया बहुवचनमे (वर्णाश्रमेतरैः) चतुर्थीपचमीबहुवचनमे (वर्णाश्रमेतरेभ्यः) षष्ठीबहुवचनमें एक जगह सर्वादिकार्य किया तब (सुडामः) (एस्भिबहुत्वे) (क्किलात्परः सःकृतस्य) इन सूत्रोंकर सिद्ध हुआ (वर्णाश्रमेतरेषाम्) और जहाँ एक जगह सर्वादिकार्य नहीं हुआ तहाँ (नुडामः) (नामि) (घुर्नोणोऽनन्ते) इन सूत्रोकर सिद्ध हुआ (वर्णाश्रमेतराणाम्) सप्तमीबहुवचनमें (वर्णाश्रमेतरेषु) ॥

वैय्यधिकरण्ये बहुव्रीहौ मध्यमपदलोपश्च । कुमुदस्य गन्ध इव गन्धो यस्य सः । कुमुदगन्धिः। उपमानात्परस्य गन्धशब्दस्येकारो भवति । हंसस्य गमनमिव गमनं यस्याः सा । हंसगमना ।

भाषार्थ–वैय्यधिकरण्य अर्थ वर्त्तमान हुए संते बहुव्रीहिसमासके विषे मध्यमपदका लोप होय।भाव यहहै कि,भिन्न विभक्त्यन्त पदोकी भिन्नार्थमें निष्ठा होनेका नाम वैय्यधिकरण्यहै यह वैय्यधिकरण्य अर्थ वर्त्तमान हुए संते बहुव्रीहिसमासके विषे मध्यमपदका लोप होता है । उदाहरण । कुमुदस्य गन्ध इव गन्धो यस्य सः । इस विग्रहमे बहुव्रीहिसमास होनेपर (समासप्रत्यययोः) (उक्तार्थानामप्रयोगः) इनकर विभक्ति और उक्तार्थ शब्दोका लोप किया तब रूप हुआ । कुमुदगन्धगन्ध । इस बहुव्रीहिसमासमे वैय्यधिकरण्य अर्थ वर्त्तमान है, क्योंकि षष्ठ्यन्त कुमुद और प्रथमान्त गन्ध इन शब्दोंकी भिन्न २ अर्थमें निष्ठा है इसकारण मध्यमपद गंध शब्दका लोप करनेपर रूप हुआ । कुमुदगंध । उप-

भावाचक शब्दसे परे गन्धशब्दके अकारको इकार होताहै बहुव्रीहिसमासमें इसकार गन्ध शब्दके अकारको इकार करनेपर रूप हुआ कुमुदगन्धि । फिर नामसंज्ञा होनेपर अन्य विशेष्य प्रधान पदको पुंल्लिग होनेसे पुंल्लिगप्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (कुमुदगन्धिः) । हंसस्य गमनमिव गमनं यस्याः सा। इस विग्रहमें बहुव्रीहिसमास होनेपर रूप हुआ । हंसगमन' गमन । इस बहुव्रीहिसमासमें वैय्यधिकरण्य अर्थ विद्यमानहै इसकारण मध्यमपद गमन शब्दका लोप करनेपर रूप हुआ । हंसगमन । फिर अन्य विशेष्य प्रधान पदको स्त्रीलिंग होनेसे (आवतः स्त्रियाम्) इसकर आप्प्रत्यय किया । तब प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (हंसगमना) ॥

दिक्संख्ये संज्ञायाम् ।

दिक्संख्ये—संज्ञायाम् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) दिग्वाचकं संख्यावाचकं च पदं संज्ञायां वाच्यमानायां तुल्यार्थेनोत्तरपदेन सह विग्रहरहितं समस्यते समासश्च तत्पुरुषो भवति । अविग्रहो नित्यसमासोपि । अन्यस्त्वस्वपदविग्रहः । दक्षिणाग्निः । सप्तग्रामाः। इति समासप्रक्रिया ।

भाषार्थ—दिशावाचक तथा संख्यावाचक पदसंज्ञा कहीजानेपर तुल्य अर्थवाले उत्तरपद के साथ समासको प्राप्त होवे तो वह समास तत्पुरुषसंज्ञक होताहै । समास दो प्रकारका होताहै एक नित्य और दूसरा अनित्य । जो विग्रहरहित समासहै वह नित्य समासहै और अपिशब्दसे जो स्वपदविग्रह समासहै वह भी नित्य समासहै । और जो अस्वपदविग्रह अर्थात् स्वपदसे भिन्न विग्रहवाला समास है वह अन्य अर्थात् अनित्यसमासहै ॥ नित्यसमासका उदाहरण (दक्षिणाग्निः) इसमे दिशावाचक दक्षिणाशब्द एकार्थ अग्नि शब्दके साथ समासको प्राप्त हुआ है इसकारण यहां नित्य तत्पुरुषसमास होनेसे विग्रह नहीं किया और (सप्तग्रामाः) इसमें संख्यावाचक सप्तन् शब्द एकअर्थवाले ग्रामशब्दके साथ समासको प्राप्त हुआहै इसकारण यहां नित्य तत्पुरुषसमास होनेसे विग्रह नही किया है ॥ दक्षिणाग्निः । सप्तग्रामाः) यह नित्य तत्पुरुषसमासात्मक शब्द संज्ञावाचकहैं (१) ॥

इति समासप्रक्रिया ।

अथ तद्धितो निरूप्यते ।

भाषार्थ—समास कहनेके अनन्तर तद्धित निरूपण कियाजाताहै ॥

---

(१) पूर्वेऽव्ययेऽव्ययीभावोऽमादौतत्पुरुष. स्मृत । चकारबहुलो द्वन्द्व. संख्यापूर्वो द्विगु. स्मृतः ॥१॥ यस्य येन बहुव्रीहिः सचासौ कर्मधारय. । इति किंचित्समासानां वर्णा लक्षणमीरितम् ॥२॥

अपत्येऽण् ।

अँपत्ये—अँण् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) नाम्नोऽपत्येऽर्थेऽण् प्रत्ययो भवति । उपगोरपत्यमिति वाक्ये । उपगोः अण् । इति स्थिते । समास प्रत्ययोः । षष्ठीलोपः । णकारो वृद्ध्यर्थः ।

भाषार्थ—नामसंज्ञक शब्दसे अपत्यअर्थके विषे अण् प्रत्यय होवैहै । भाव यहैहै कि, अपत्य नाम पुत्रपौत्रादि सन्तान वा शिष्यप्रशिष्यादि सन्तानवाच्य हुए संते नामसंज्ञक शब्दसे अण् प्रत्यय होवैहै । उदाहरण । उपगोरपत्यम् । इस विग्रहमे नामोके अन्वयकी योगता होनेसे अपत्यार्थवाचक तद्धितप्रत्यय अण् करनेपर रूप हुआ । उपगोः अण् । (समासप्रत्ययोः) इसकर तद्धितप्रत्यय अण् परे होनेसे उपगुशब्दकी षष्ठीविभक्तिका लुक् किया और (उक्तार्थानामप्रयोगः) इसकर अपत्यशब्दका लोप किया तब रूप हुआ । उपगु अण् । अण् प्रत्ययमे णकार वृद्धिके अर्थहै इसकारण णकारका लोप करनेपर रूप हुआ । उपगु अ । फिर ॥

आदिस्वरस्य ञ्णिति च वृद्धिः ।

आँदिस्वरँस्य—ञ्णिँति—च—वृद्धिः । चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) स्वराणां मध्ये य आदिस्वरस्तस्य वृद्धिर्भवति ञिति णिति च तद्धिते परतः । उकारस्य औकारो वृद्धिः ।

भाषार्थ—स्वरोके मध्यमे जो आदिस्वरहै तिसको वृद्धि हो ञित् णित् तद्धित प्रत्यय पर हुए संते । भाव यहैहै कि, तद्धितप्रत्ययान्त जो पदहै उसके जितने स्वर होवैं उनसमस्त स्वरोके मध्यमे जो आदिका स्वर होवै उसको वृद्धि होय जो ञकार इत् वा णकार इत्वाला तद्धित प्रत्यय परे होवै तो जैसे (उपगुञ) इसमे अण्प्रत्ययान्त उपगु पदका आदि स्वर उकारहै इसको (आरै औ वृद्धिः) इसकर औकार वृद्धि किया, क्योंकि णकारइत्वाला तद्धितसम्बन्धी अप्रत्यय परे विद्यमानहै तब रूप हुआ । औपगु अ । फिर ॥

वोव्यस्वरे ।

वो—अव्—यस्वरे । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) उवर्णस्यौकारस्य च वा अव् भवति यकारे स्वरे च परे । औपगवः । वासिष्ठः । गौतमः ।

भाषार्थ—उवर्ण और ओकारको अव् होय तद्धितसम्बन्धी यकार तथा स्वर परे हुए संते । औपगु अ । इसमें उकारसे तद्धितसम्बन्धी अकार स्वर परे विद्यमान है

इसकारण उकारके स्थानमें अव् करनेसे रूप हुआ। औपगव् अ। फिर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर रूप स्थित हुआ। औपगव। फिर (कृत्तद्धितसमासाश्च) इसकर नामसंज्ञा होनेपर अपत्यको पुरुष होनेसे पुल्लिंगप्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (औपगवः) यदि अपत्य स्त्री होवै तो (त्रपणैप्) इसकर ईप् प्रत्यय करनेपर स्त्रीलिंगप्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (औपगवी) यह नाम किसी उपगुनाम मुनिके सन्तानका है। वसिष्ठस्य अपत्यम्। इस विग्रहमें अपत्यार्थवाचक तद्धित प्रत्यय अण् करनेपर (समासप्रत्यययोः) (उक्तार्थानामप्रयोगः) इनकर रूप हुआ। वासिष्ठ अ। फिर (आदिस्वरस्य ञ्णिति च वृद्धिः) इसकर आदि स्वर वकार उत्तरवर्त्ती अकारको आकार वृद्धि करनेसे रूप हुआ। वासिष्ठ अ। फिर (यस्य लोपः) इसकर ठकार उत्तरवर्त्ती अकारके लोप करनेपर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर रूप हुआ। वासिष्ठ। फिर (कृत्तद्धितसमासाश्च) इसकर नामसंज्ञा होनेपर अपत्यको पुरुष होनेसे पुल्लिंग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (वासिष्ठः) (गौतमस्य अपत्यम्) इस विग्रहमे अण्प्रत्यय करनेपर रूप हुआ। गौतम अ। फिर (आदिस्वरस्याञ्णितिचवृद्धिः) इसकर आदिस्वर गकारउत्तरवर्त्ती औकारको औकारवृद्धि करनेसे रूप हुआ। गौतम अ। फिर (यस्य लोपः) इसकर रूप हुआ। गौतम। फिर नामसंज्ञा होनेपर पुल्लिग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (गौतमः) वृत्तिमें वाके ग्रहणसे कही प्रयोगान्तरमे अव् आदेश नही होता है। जैसे। स्वयम्भुवोऽपत्यम्। इस विग्रहमे तद्धित प्रत्यय अण् करनेपर रूप हुआ। स्वयम्भू अ। फिर आदि स्वरको वृद्धि करनेसे रूप हुआ। स्वायंभू अ। इसमें (वोव्यस्वरे) इसकर उकारको अव् आदेश नही हुआ किन्तु (य्वोर्धातोरियुवौ स्वरे) इसकर उव् आदेश करनेसे रूप हुआ। स्वायम्भुव। फिर नामसंज्ञा होनेपर पुल्लिग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (स्वायंभुवः) ॥

ऋ उरणि।

ऋ[1]–उर्[2]–अ[3]णि। त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) ऋकारस्य उर् भवति। अणि परे। षाण्मातुरः। षपो णो वाच्यो मातरि। द्वैमातुरः। भाद्रमातुरः।

भाषार्थ–ऋकारको उर् आदेश होय तद्धितप्रत्यय अण् पर हुए संते। भाव यह है कि, मातृशब्दके ऋकारके स्थानमे उर् आदेश होय तद्धितप्रत्यय अण् परे होवै तो। उदाहरण। षट् च ता मातरश्च। इस विग्रहमे कर्मधारय समास होनेपर रूप हुआ। षष् मातृ। फिर षष्के षकारको णकार आदेश वक्तव्य है मातृशब्द पर हुए संते इसकर रूप हुआ। षण्मातृ। फिर नामसंज्ञा होनेपर षष्ठीबहुवचनमें

रूप सिद्ध हुआ । षण्मातृणाम् । षण्मातृणामपत्यम् । इस विग्रहमे अपत्यार्थवाचक अण् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । षण्मातृ अ । फिर (आदिस्वरस्याञ्णितिचवृद्धिः) इसकर आदिस्वर षकारउत्तरवर्त्ती अकारको वृद्धि करनेपर रूप हुआ । षाण्मातृ अ । फिर (ऋ उरणि) इसकर मातृशब्दके ऋकारको उर् आदेश करनेपर रूप हुआ । षाण्मातुर । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुल्लिगप्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (षाण्मातुरः) यह कार्तिकेयका वाचक है । द्वयोर्मात्रोरपत्यम् । इस विग्रहमें अपत्यार्थवाचक अण् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । द्वैमातृ अ । फिर (आदि स्वरस्य ञ्णितिचवृद्धिः) इस कर आदिस्वरको वृद्धि करनेपर रूप हुआ । द्वैमातृ अ । फिर (ऋ उरणि) इसकर मातृशब्दके ऋकारके स्थानमे उकार करनेपर रूप हुआ । द्वैमातुर । नामसंज्ञा होने पर पुल्लिगप्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (द्वैमातुरः) इसी प्रकार (भाद्रमातुरः) यह सिद्ध हुआ है । यह दोनो सतीसुतवाचक है ॥

अतइञनृषेः ।

अतेः—इञ्—अनृषेः । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अकारान्तान्नाम्नो-ऽनृषिशब्दादपत्येऽर्थे इञ् प्रत्ययो भवति । यस्यलोपः । देवदत्तस्यापत्यं । दैवदत्तिः । श्रैधरिः ।

भाषार्थ—ऋषिवाचकशब्द वर्जित अकारान्त नामसे अपत्य अर्थके विषे इञ् प्रत्यय होय । भाव यहहै कि, अकारान्त नामसंज्ञक शब्दसे सन्तानार्थमें इञ् प्रत्यय होय और ऋषिवाचक अकारान्त नामसंज्ञकशब्दसे इञ् प्रत्यय नही होय । उदाहरण । देवदत्तस्यापत्यम् । इस विग्रहमे अकारान्त नामसंज्ञक देवदत्तशब्दसे अपत्यार्थमें इञ् प्रत्यय किया (समासप्रत्ययथोः) इस कर देवदत्तशब्दकी षष्ठी विभक्तिका लोप किया और (उक्तार्थानामप्रयोगः) इसकर अपत्यशब्दका लोप किया तब रूप हुआ । देवदत्त इ । फिर आदिस्वर दकारउत्तरवर्त्ती एकार स्वरको ऐकार वृद्धि किया क्योकि ञकार इत्वाला इप्रत्यय परे विद्यमानहै तब रूप हुआ । दैवदत्त इ । फिर (यस्यलोपः) इसकर रूप हुआ । दैवदत्ति । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुल्लिग-प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (दैवदत्तिः) श्रीधरस्यापत्यम् । इस विग्रहमें श्रीधर शब्दको अकारान्त होनेसे अपत्यार्थवाचक इञ् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । श्रीधर इ । फिर आदिस्वरको दीर्घकर (यस्यलोपः) इससे रूप हुआ । श्रैधरि । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुँल्लिग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (श्रैधारिः) इसीप्रकार

दशरथस्यापत्यम् । इस विग्रहमें सिद्ध हुआ (दाशरथिः) पुरन्दरस्यापत्यम् । इस विग्रहमें सिद्ध हुआ (पौरन्दरिः) ॥ (१)

व्यासवारुडसुधातृनिषादबिम्बचांडालादिञ्अपत्येऽर्थे । वैषामन्त्यस्य अकः । वैय्यासकिः । वारुडकिः । सौधातकिः । नैषादकिः । बैम्बकिः । चांडालकिः ।

भाषार्थ–व्यास–वारुड–सुधातृ–निषाद–बिम्ब–चांडाल–इनसे अपत्यअर्थमें इञ् प्रत्यय होय और इनके अन्त्यवर्णको अक आदेश होय । उदाहरण । व्यासस्यापत्यम् । इस विग्रहमे अपत्यार्थवाचक इञ्प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । व्यास इ । फिर (न सन्धिय्वोर्यु्ट् च) इस अगले सूत्र और (आदिस्वरस्य ञ्णिति च वृद्धिः) इस सूत्रकर रूप हुआ । वैयास इ । फिर अन्त्य वर्ण अकारके स्थानमे अक आदेश करनेपर रूप सिद्ध हुआ । वैयासक इ । (यस्येलोपः) इसकर ककार उत्तरवर्ती अकारका लोप करनेपर रूप हुआ । वैयासकि । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुल्लिंगप्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (वैयासकिः) वारुडस्यापत्यम् । इस विग्रहमें अपत्यार्थवाचक इञ्प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । वारुड इ । फिर अन्त्यवर्ण अकारके स्थानमें अक आदेश कर (यस्य लोपः) इसकर रूप हुआ । वारुडकि । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुल्लिंग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (वारुडकिः) सुधातुरपत्यम् । इस विग्रहमें इञ्प्रत्यय करनेपर अन्त्यवर्ण ऋकारके स्थानमें अक आदेश किया । और (आदिस्वरस्य ञ्णिति च वृद्धिः) इसकर आदिस्वर सकार उत्तरवर्त्ती ऊकारके स्थानमें ओकार वृद्धि करनेपर रूप हुआ । सौधातक इ । फिर (यस्य लोपः) इसकर रूप हुआ । सौधातकि । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुल्लिंगप्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ । (सौधातकिः) इसी प्रकार सिद्ध हुए शेष रूप जानने चाहिये ॥

---

(१) वाह्वादेश्च । वाहवि । गार्गि । औडुलोमि । भाषार्थ–बाहुआदिक शब्दोंसे अपत्य अर्थमें इञ् प्रत्यय होता है। उदाहरण । बाहोरपत्यम् । इस विग्रहमे इञ् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । बाहु इ । फिर (ओत्यःस्वरे) इसकर उकारको अव् करनेपर रूप हुआ । बाहवि । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुल्लिंग प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ । (बाहवि) गर्गस्यापत्यम् । इस विग्रहमे क्रियादिक शब्द होनेपर भी बाह्वादिक होनेसे इञ् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । गर्ग इ । फिर आदि स्वरको वृद्धि करनेपर (यस्येलोपः) इसकर रूप हुआ । गार्ग । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुंल्लिंग प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (गार्गि.) उडुलोमोऽपत्यम् । इस विग्रहमे बाह्वादिक होनेसे इञ् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । उडुलोमन् इ । फिर आदिस्वरको वृद्धि किया और (नोवा) इसकर टि सहित अन बाकीके किये तब रूप हुआ । औडुलोमि । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुंल्लिंग प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (औडुलोमि) इसीप्रकार प्रयोगानुसार अन्यरूप सिद्ध हुए जानने ।

शिवादिभ्यश्चाण् वक्तव्यः । शैवः । वासुदेवः । वैदेहः ।

भाषार्थ–शिवादिकशब्दोसे अपत्य अर्थके विषे अण्प्रत्यय वक्तव्य है, न कि इञ् । उदाहरण । शिवस्यापत्यम् । इस विग्रहमे अण्प्रत्यय करनेपर (आदिस्वरस्य ञ्णिति च वृद्धिः)(यस्य लोपः) इन सूत्रोकर रूप हुआ । शैव । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुंल्लिगप्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (शैवः) इसीप्रकार । वसुदेवस्यापत्यम् । इसमें रूप सिद्ध हुआ (वासुदेवः) विदेहस्यापत्यम् । इसमे सिद्ध हुआ (वैदेहः) इत्यलम् ॥

ण्यायनणेयणीयागर्गनडात्रिस्त्रीपितृष्वस्रादेः ।

ण्यायनणेयणीयाः–गर्गनडात्रिस्त्रीपितृष्वस्रादेः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) गर्गादेर्नडादेरत्र्यादेः स्त्रीलिंगात्पितृष्वस्रादेश्च ण्य–आयनण्–एयण्–णीय–इत्येते प्रत्यया भवन्ति अपत्यर्थे । गार्ग्यः । वात्स्यः । नाडायनः । चारायणः । आमुष्यायणः । आत्रेयः । कापेयः । गांगेयः । माहेयः । पैतृष्वस्रीयः । मातृष्वस्रीयः ।

भाषार्थ–गर्गादिक और नडादिक और अत्र्यादिक और स्त्रीलिंग और पितृष्वस्रादिकशब्दोसे अपत्यअर्थमे ण्य–आयनण्–एयण्–णीय यह प्रत्यय होवैं हैं भाव यह है कि, गर्गआदिक शब्दोसे अपत्यअर्थमे ण्यप्रत्यय और नड आदिकशब्दोसे अपत्यअर्थमें आयनण् प्रत्यय और अत्रिआदिक शब्दोसे तथा स्त्रीलिंगशब्दोसे अपत्य अर्थमे एयण्प्रत्यय और पितृष्वसृआदिक शब्दोसे अपत्यअर्थमे णीयप्रत्यय होवै है । इन प्रत्ययोंमें णकारका ग्रहण वृद्धिके अर्थ है । उदाहरण । गर्गस्यापत्यम् । इस विग्रहमे अपत्यार्थवाचक ण्यप्रत्यय करनेपर (आदिस्वरस्य ञ्णिति च वृद्धिः) इसकर आदि स्वरको वृद्धि करनेसे रूप हुआ । गार्ग्य । फिर (यस्य लोपः) इसकर गकार उत्तरवर्त्ती अकारका लोप करनेपर रूप हुआ । गार्ग्यः । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुंल्लिंग प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (गार्ग्यः) इसीप्रकार (वत्सस्यापत्यम्) इस विग्रहमे ण्य प्रत्यय करनेपर रूप सिद्ध हुआ (वात्स्यः) नडस्यापत्यम् । इस विग्रहमें अपत्यार्थवाचक आयनण् प्रत्यय करनेपर (आदिस्वरस्य ञ्णिति च वृद्धिः) इसकर पूर्वस्वरको वृद्धि करनेसे रूप हुआ । नाड आयन । फिर (यस्य लोपः) इसकर डकारउत्तरवर्त्ती अकारका लोप करनेपर रूप हुआ । नाडायन । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुंल्लिंग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (नाडायनः) इसीप्रकार । चरस्यापत्यम् । इस विग्रहमें आयनण् प्रत्यय करनेपर (आदिस्वरस्य ञ्णिति च वृद्धिः)(यस्यलोपः) (घुर्नोणोऽनन्ते) इन सूत्रोंकर सिद्ध हुआ (चारायणः) और । अमुष्य अपत्यम्इस विग्रहमें

प्रायनण् प्रत्ययकरनेपर (अलुक्कचित्) इसमें अदस्शब्दकी षष्ठी विभक्तिका लुक् नहीं हुआ । किन्तु (आदिस्वरस्य ञ्णिति च वृद्धिः) (यस्येलोपः) (पुनोर्णाऽनन्ते) इन सूत्रोंकर सिद्ध हुआ (आमुष्यायणः) (अत्रेरपत्यम्) इस विग्रहमें एयण् प्रत्यय करनेपर (आदिस्वरस्य ञ्णिति च वृद्धिः) इसकर आदिस्वर अकारको आकार वृद्धि किया और (यस्येलोपः)इसकर इकारका लोप किया तब रूप हुआ । आत्रेय । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुल्लिंगप्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (आत्रेयः) इसीप्रकार । कपेरपत्यम् । इस विग्रहमें एयण् प्रत्यय करनेपर रूप सिद्ध हुआ (कापेयः) । गंगायाः अपत्यम् । इस विग्रहमें स्त्रीलिंग होनेसे एयण् प्रत्यय करनेपर आदि स्वर अकारको आकार वृद्धि किया और (यस्येलोपः) इसकर गकारउत्तरवर्ती आकारका लोप किया तब रूप हुआ (गांगेय) फिर नामसंज्ञा होनेपर पुल्लिंगप्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (गांगेयः) । मह्या. अपत्यम् । इस विग्रहमेभी स्त्रीलिंग होनेसे एयण् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । महीएय । फिर आदिस्वर अकारको आकार वृद्धिकिया और (यस्येलोपः) इसकर ईकारका लोप किया । तब रूप हुआ । माहेय । फिर नाम संज्ञा होनेपर पुंल्लिंगप्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (माहेयः) पितृष्वसुरपत्यम् । इस विग्रहमें णीय प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । पितृष्वस्सृ ईय । फिर आदिस्वर पकारउत्तरवर्त्ती इकारको ऐकार वृद्धि किया । तब रूप हुआ । पैतृष्वस्सृईय । फिर (ऋरम्) इसकर ऋकारके स्थानमें रकार करनेपर रूप हुआ । पैतृष्वस्रीय । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुंल्लिंगप्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (पैतृष्वस्रीयः) इसीप्रकार । मातृष्वसुरपत्यम् । इस विग्रहमें णीय प्रत्यय करनेपर रूप सिद्ध हुआ ।(मातृष्वस्रीयः)(१) ॥

---

(१) (मातृपितृभ्यां स्वसृ सकारस्य षत्वं वक्तव्यम्) भाषार्थ–मातृ तथा पितृ शब्दसे परे जो स्वसृ शब्द तिसके आदि सकारके स्थानमें षकार वक्तव्य है (पितृमातृभ्यां व्यडुलौ) भाषार्थ–पितृ तथा मातृ शब्दसे भ्रात्रर्थमें व्य और डुल प्रत्ययकमसे होतेहै । अर्थात् पितृ शब्दसे भ्रात्रर्थमें व्य प्रत्यय और मातृ शब्दसे भ्रात्रर्थमें डुल प्रत्यय होवैहै । उदाहरण । पितुर्भ्राता । इस विग्रहमें भ्रात्रर्थवाचक व्य प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । पितृव्य फिर नामसंज्ञा होनेपर पुंल्लिंग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ । (पितृव्य) मातुर्भ्राता । इस विग्रहमें मातृशब्दसे भ्रात्रर्थवाचक डुल प्रत्यय करनेपर रूपहुआ । मातृ उल । इसमें डकार इत्संज्ञक है (डिति) इसकर रूप हुआ । मातुल । फिर नामसंज्ञा होनेपर प्रथमैकवचनपुंल्लिंगमें रूप सिद्धहुआ । (मातुल) (पितृमातृभ्यां डामहच्) भाषार्थ–पितृमातृ शब्दोंसे मातृ पित्रर्थमें डामहच् प्रत्यय होवै हे । उदाहरण । पितृ. पिता । इस विग्रहमें पित्रर्थवाचक डामहच् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । पितृ आमह । इसमें डकार डित्कार्यके अर्थ है और षकार ईए प्रत्ययके अर्थ है । तब डितिटे । इसकर पितृशब्दकी टिका लोप करनेपर रूप हुआ । पितामह । फिर नाम संज्ञा होनेपर पुंल्लिंग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ । पितामह । पितुर्माता । इस विग्रहमेभी डामहच् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । पितामह । फिर ष्टूवित. । इसकर ईए प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । पितामही । इसीप्रकार । मातृ पिता । इस विग्रहमें रूप सिद्ध हुआ । मातामह । और मातुर्माता । इस विग्रहमे रूप सिद्ध हुआ । मातामही । इत्यलम् ॥

लुग्बहुत्वे क्वचित् ।

लुक्–बहुत्वे–क्वचित् । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अपत्येऽर्थे उत्पन्नस्य प्रत्ययस्य बहुत्वे सति क्वचिदृष्यनृषिविषये लुक् भवति । गर्गाः । अत्रयः । विदेहाः ।

भाषार्थ–अपत्यअर्थके विषे उत्पन्नहुए प्रत्ययका बहुवचन हुए संते कहीं ऋषिवाचक शब्दविषयमें वा कहीं अनृषिवाचक शब्दविषयमें लुक् होय । उदाहरण । प्रथम एकवचनमें (गार्ग्यः) द्विवचनमें (गार्ग्यौ) बहुवचनमे । गार्ग्य अस् । ऐसा स्थित है (लुग्बहुत्वे क्वचित्) इसकर अपत्यअर्थमे उत्पन्नहुए ण्यप्रत्ययका लुक् किया तब (निमित्ताभावेनैमित्तिकस्याप्यभावः) इसकर आदिस्वरकी वृद्धिकाभी अभाव होगया और (यस्यलोपः) इसकर जोकि, अकारका लोप हुआथा सो उस अकारके लोपकाभी अभाव होगया तब रूप हुआ (गर्ग अस्) फिर (सवर्णे दीर्घः सह) (स्रोर्विसर्गः) इनकर रूप सिद्धहुआ (गर्गाः) द्वितीया बहुवचनमे (गर्गान्) तृतीया बहुवचनमें (गर्गैः) चतुर्थी पचमी बहुवचनमें (गर्गेभ्यः) षष्ठी बहुवचनमे (गर्गाणाम्) सप्तमीबहुवचनमें (गर्गेषु) इसीप्रकार आत्रेयका । प्रथमाएकवचनमे (आत्रेयः) द्विवचनमें (आत्रेयौ) बहुवचनमे (आत्रेय अस्) ऐसा स्थित है (लुग्बहुत्वे क्वचित्) इसकर अपत्यअर्थमें उत्पन्न हुए एयण् प्रत्ययका लुक् किया तब (निमित्ताभावे नैमित्तिकस्याप्यभावः) इस कर वृद्धि तथा ईकारके लोपकाभी अभाव हुआ । तब रूप हुआ (अत्रि अस्) फिर (एओजसी) (ए अय्) (स्रोर्विसर्गः) इनकर रूप सिद्ध हुआ (अत्रयः) द्वितीया टिमे (आत्रेयम्) (आत्रेयौ) (अत्रीन्) इत्यादि रूप जानने (इसी प्रकार वैदेहीका प्रथमाएकवचनमें (वैदेहः) द्विवचनमें (वैदेहौ) बहुवचनमे अपत्यअर्थमे उत्पन्न हुए अण् प्रत्ययका लुक् करने पर स्थित हुआ (विदेह अस्) फिर (सवर्णे दीर्घःसह) (स्रोर्विसर्गः) इनकर रूप सिद्ध हुआ (विदेहाः) द्वितीयादिमे (वैदेहम्) (वैदेहौ) (विदेहान्) इत्यादि ॥

देवतेदमर्थे ।

देवतेदमर्थे । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) देवतार्थे इदमर्थे चोक्ताः प्रत्यया भवन्ति । इंद्रो देवताऽस्येति । ऐन्द्रम् । हविः । सोमो देवतास्येति । सौम्यम् । देवदत्तार्थमिदं वस्त्रम् । दैवदत्तम् ।

भाषार्थ–देवतार्थ तथा इदमर्थमे कहे हुए अण् आदिक प्रत्यय होयँ । उदाहरण । इंद्रो देवोऽस्य । इस विग्रहमें देवतार्थके विषे अण् प्रत्यय करनेपर (समासप्रत्यययोः)

सकर विभक्तिका लुक् किया और (उक्तार्थानामप्रयोगः) इसकर देवता शब्द या (अस्य) इस पदका लोप किया तब रूप हुआ (इंद्र अ) फिर (आदिस्वरस्य ञ्णिति च वृद्धिः) इसकर आदिस्वर इकारको ऐकार वृद्धि की फिर (यस्य लोपः) सकर अकारका लोप किया तब रूप हुआ । ऐंद्र । फिर नामसंज्ञा होनेपर विशेष्यपदको नपुंसकलिंग होनेसे प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (ऐन्द्रम्) यह उसका नाम है जिसका कि, इंद्र देवता होवै । सोमो देवतास्येति । इस विग्रहमें देवतार्थके विषे ण्यप्रत्यय करनेपर रूप हुआ । सोम य । फिर आदिस्वर ओकारको औकार वृद्धि की और (यस्य लोपः) इसकर अकारका लोप किया तब रूप हुआ । सौम्य । फिर नामसंज्ञा होनेपर विशेष्यपदको नपुंसकलिंग होनेसे प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (सौम्यम्) यह उसका नाम है, जिसका कि सोम देवता होय । देवदत्तार्थं इदं वस्त्रम्।इस विग्रहमें इदमर्थके विषे अण् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ। देवदत्त अ । फिर (आदिस्वरस्य ञ्णिति च वृद्धिः) (यस्य लोपः) इनकर रूप हुआ । दैवदत्त । फिर नामसंज्ञा होनेपर विशेष्यको नपुंसक लिंग होनेसे नपुंसक प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (दैवदत्तम्) यह उस वस्त्रका नाम है जो कि देवदत्तसम्बन्धी होवै । इसीप्रकार देवतार्थमे (वायव्यम्) (आग्नेयम्) (पित्र्यम्) इत्यादिक सिद्ध हुए जानने । और इदमर्थमे । नद्या अयम् । इस विग्रहमें (नादेयः) यह सिद्ध हुआ जानना ।

क्वचिद्वयोः ।

अ० ६ २ क्वचित्–द्वयोः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) पूर्वोत्तरपदयोः क्वचिद्वृद्धिर्भवति । आग्निमारुतं कर्म । सुहृदो भावः । सौहार्दम् । अत्र भावेऽण् वक्तव्यः ।

भाषार्थ–कही प्रयोगान्तरमें पूर्वपदके आदिस्वर तथा उत्तरपदके आदिस्वर दोनोंको वृद्धि होय ञित् णित् प्रत्यय पर हुए संते । उदाहरण । अग्निमरुतोरिदं कर्म । इस विग्रहमे इदमर्थके विषे अण्प्रत्यय करनेपर (समासप्रत्यययोः) इसकर षष्ठी द्विवचनका लोप किया (उक्तार्थानामप्रयोगः) इसकर इदम् और कर्मशब्दका लोप किया तब रूप हुआ । अग्नि मरुत् अ । फिर (क्वचिद्वयोः) इसकर पूर्वपद अग्निशब्दके आदिस्वर अकार और उत्तरपद मरुत् शब्दके आदिस्वर अकारकी वृद्धि करने पर रूप हुआ । आग्नि मारुत् अ । फिर (स्वरहीनं परेण०) इसकर रूप हुआ । आग्निमारुत । फिर नामसंज्ञा होनेपर विशेष्यपदको नपुंसक लिंग होनेसे नपुंसकप्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (आग्निमारुतम्) यह अग्नि और मरुतका जो कर्महै उसका नामहै । भावके विषे भी अण् प्रत्यय वक्तव्यहै । उदाहरण (सुहृदो भावः) इस विग्रहम

भाव अर्थके विषे अण् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ (सुहृद् अ) फिर (क्वचिद् द्वयोः) इसकर आदिपद सुशब्दके आदिस्वर उकारको औकार और उत्तरपद हृद् शब्दके आदिस्वर ऋकारको आर् वृद्धि करनेपर रूप हुआ । सौहार्द्अ । फिर (स्वरहीनं परेण०) इसकर हुआ । सौहार्द । फिर नामसंज्ञा होनेपर भावार्थ अण् प्रत्ययान्तको नपुंसक लिंग होनेसे प्रथमा एकवचनमे सिद्ध हुआ (सौहार्दम्) इसी प्रकार । सुभगस्य भावः । इस विग्रहमे सिद्ध हुआ (सौभाग्यम्) इति ॥

णितो वा ।

णितः—वा । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) उक्ताः प्रत्यया विषयान्तरे णितो वा भवन्ति । अजोगौर्यस्यासौ । अजगुः । शिवः । तस्येदं धनुः । आजगवम् । अजगवं वा । कुमुदस्य गन्ध इवगन्धोऽस्येति । कुमुदगन्धिः । तस्यापत्यं स्त्री । कौमुदगन्ध्या । श्वशुरस्यायं ग्रामः । श्वाशुर्यः । विष्णोरिदम् । वैष्णवम् । गव्यम् । कुल्यम् । तव इदम् । त्वदीयम् । मम इदम् मदीयम् । त्वन्मदेकत्वे ।

भाषार्थ—कहे हुए अणादिक प्रत्यय अर्थान्तरके विषे णित् होते भी है और वाके ग्रहणसे णित् नही भी होतेहै भाव यहहै कि, यह अणादि प्रत्यय पर हुए संते कहीं प्रयोगान्तरमे नित्य वृद्धि होवेहै और कही प्रयोगान्तरमे वृद्धि नही भी होतीहै और कही प्रयोगान्तरमे विकल्प करके वृद्धि होवेहै । उदारण । अजगोरिदं धनुः । इस विग्रहमें इदमर्थके विषे अण् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ (अजगु अ) फिर इसमे आदि स्वर अकारको आकार एक जगह वृद्धि की तब रूप हुआ (आजगु अ) फिर (वोव्यस्वरे) इसकर उकारके स्थानम अव् करनेपर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर रूप हुआ (आजगव) फिर नामसंज्ञा होनेपर विशेष्यवाचक धनुः शब्दको नपुंसकलिंग होनेसे नपुंसकलिंग प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (आजगवम्) और जहाँ अण् प्रत्यय णित् नहीं है तहाँ रूप सिद्ध हुआ (अजगवम्) यह अजन्मा वृषवाले शिवजीके धनुषका नामहै (कुमुदगन्धेरपत्यं स्त्री) इस विग्रहम अपत्यअर्थके विषे ण्य प्रत्यय करनेपर रूप हुआ (कुमुदगान्धि य) फिर आदिस्वर ककार उत्तरवर्त्ती उकारको औकार वृद्धि किया और (यस्य लोपः) इसकर इकारका लोप किया तब रूप हुआ । कौमुदगन्ध्य । फिर । स्त्रीलिंग अपत्य होनेसे (आवतः स्त्रियाम्) इसकर आप् प्रत्यय करनेसे रूप हुआ । कौमुदगन्ध्या । फिर स्त्रीलिंगप्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (कौमुदगंध्या) श्वशुरस्यायम । इस विग्रहमे इदमर्थके विषे ण्य प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । श्वशुर य । फिर (आदिस्वरस्य ञ्णिति च वृद्धिः) (यस्यलोपः) इनकर रूप हुआ । श्वाशुर्य । फिर नामसंज्ञा होनेपर विशेष्य पदको पुंल्लिग होनेसे पुंल्लिग प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध

हुआ (श्वाशुर्यः) विष्णोरिदम् । इस विग्रहमे अण् प्रत्यय करनेपर पूर्ववत् रूप हुआ (वैष्णव) नाम संज्ञाहोनेपर नपुंसक प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (वैष्णवम्) गार्गि-दम् इस विग्रहमें ण्य प्रत्यय करने पर रूप हुआ । गार्ग्य । फिर यहा ण्य प्रत्ययको णित् नहीं होनेसे वृद्धि नही हुई किन्तु (वान्यस्वर) इसकर ओकारको अव् करने पर रूप हुआ । गव्य । फिर नामसंज्ञामे नपुंसक प्रथमैकवचनमें सिद्ध हुआ (गव्यम्) कुले भवम् । इस विग्रहमे (कारकात् क्रियायुक्ते) इस अगले सूत्रसे ण्य प्रत्यय करने पर रूप हुआ । कुल्य । फिर यहाँ ण्य प्रत्ययको णित् नहीं होनेसे वृद्धि नहीं हुई किन्तु (यस्यलोप') इसकर रूप हुआ । कुल्य । नामसंज्ञामे नपुंसक प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (कुल्यम्) । तव इदम् । इस विग्रहमे इदमर्थके विषे णीय प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । युष्मद् ईय । फिर (त्वन्मदेकत्वे) इसकर युष्मद्के स्थानमे त्वत् आदेश किया तव रूप हुआ । त्वत् ईय । फिर यहाँ णीय प्रत्ययको णित् नही होनेसे वृद्धि नहीं हुई और (क्वचिद्पदान्तेपिपदान्तताश्रयणीया) इसकर त्वत् शब्दके आगे पदान्त मानकर (चपा अवे जवाः) इसकर रूप हुआ । त्वदीय । फिर नामसंज्ञामें नपुंसक प्रथमैकवचनके विषे सिद्ध हुआ (त्वदीयम्) इसीप्रकार । मम इदम् । इस विग्रहमें सिद्ध हुआ (मदीयम) एतस्य इदम् । इस विग्रहमे सिद्ध हुआ (एतदीयम्) ॥

चतुरश्चलोपः ।

चतुरः—चलोपः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) चतुरशब्दस्य चकारस्य-लोपो भवति ण्यर्णीययोः परतः । तुर्यः । तुरीयः ।

भाषार्थ—चतुर् शब्दके चकारका लोप होय ण्य तथा णीय यह प्रत्ययपर हुए-संते । उदाहरण । चतुर्णां संख्यापूरणः । इस विग्रहमे इदमर्थान्तर्गत पूरणार्थमें ण्य—णीय प्रत्यय करनेपर रूप हुए । चतुर्य । चतुरीय । फिर (चतुरश्चलोपः) इसकर चतुर् शब्दके चकारका लोप करनेपर रूप हुए । तुर्य । तुरीय । यहांभी ण्य—णीय प्रत्य-य णित् नही होनेसे वृद्धि नही हुई फिर नामसंज्ञा होनेपर विशेष्यपदको पुल्लिङ्ग होनेसे पुल्लिङ्ग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुए (तुर्यः) (तुरीयः) ॥

अन्यस्य दक् ।

अन्यस्य—दक् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अन्यशब्दस्य णीय प्रत्यये परे दगागमो भवति । अन्यस्य इदम् । अन्यदीयम् । केचित्तु अन्यशब्दस्यापि दगा-गममिच्छन्ति । अन्यदर्थः । अन्यदुत्सुकः । इत्यादि ।

भाषार्थ—अन्य शब्दको दक् आगम होय णीय प्रत्यय पर हुए संते । उदाहरण (अन्यस्येदम्) इस विग्रहमे इदमर्थके विषे णीय प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । अन्यदीय ।

यहांपरभी णीय प्रत्ययको णित् नहीं होनेसे वृद्धि नहीं हुई किन्तु (अन्यस्यदक्) इसकर दक् आगम किया तौ वह कित् होनेसे अन्य शब्दके अन्तमें हुआ । तब रूप हुआ। अन्यदीय । फिर नामसंज्ञा होनेपर नपुंसक प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (अन्यदीयम्) कोई आचार्य अन्य शब्दको दक् आगम णीय प्रत्ययके अन्यत्र समासमेंभी इच्छा करतेहैं (अन्यदर्थः) (अन्यदुत्सुकः) इत्यादि ॥

कारकात् क्रियायुक्ते ।

कारकात्–क्रियायुक्ते । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः)कारकादप्येते प्रत्यया भवंति क्रियायुक्ते कर्त्तरि कर्मणि चाभिधेये। कुंकमेन रक्तं वस्त्रम् । कौंकुकम् । कौसुम्भम् । मथराया आगतस्तत्र जातो वा । माथुरः । ग्रामे भवो ग्राम्यः । धुरं वहतीति धुर्यः । धौरेयः ।

भाषार्थ–कारक (१) अर्थात् कर्त्ता, कर्म, करण, संप्रदान, अपादान, आधार संज्ञक पदसे यह अण् आदिक प्रत्यय होयँ क्रियायुक्त कर्त्ता वा क्रियायुक्त कर्म अभिधेय हुए संते भाव यहहै कि, कर्तृसंज्ञक पदसे वा कर्मसंज्ञक पदसे वा करणसंज्ञक पदसे वा संप्रदान संज्ञक पदसे वा अपादान संज्ञक पदसे वा आधारसंज्ञक पदसे यह अणादिक प्रत्यय होयँ जो क्रियायुक्त कर्त्ता वा क्रियायुक्त कर्म अभिधेय होवै तो । उदाहरण । कुंकुमेन रक्तं वस्त्रम् । इस विग्रहमे कुंकुमेन यह पद करणकारकहै और रंजनरूप क्रियायुक्त वस्त्र कर्म अभिधेयहै इसकर करणकारकसे क्रियायुक्त कर्म अभिधेयमें अण् प्रत्यय करनेपर (समासप्रत्यययोः) इसकर विभाक्तिका लुक् किया । और (उक्तार्थानामप्रयोगः) इसकर क्रियायुक्त कर्म अभिधेयका लोप किया । तब रूप हुआ (कुंकुम अ) फिर आदि स्वरको वृद्धि की और (यस्य लोपः) इसकर अकारका लोप किया तब रूप हुआ (कौंकुम) फिर नामसंज्ञा होनेपर कर्म अभिधेयको नपुंसकलिंग होनेसे नपुंसक प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (कौकुमम्) इसीप्रकार (कुसुम्भेन रक्तम्) इस विग्रहमें रूप सिद्ध हुआ (कौसुम्भम्)। मथुराया आगतः इस विग्रहमें मथुरायाः । यह अपादानकारकहै और आगमन क्रियायुक्त नर कर्त्ता अभिधेयहै इसकारण अपादानकारकसे क्रियायुक्त कर्त्ता अभिधेयमे अण् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । मथुरा अ । फिर (आदिस्वरस्य ञ्णिति च वृद्धिः) (यस्यलोपः) इसकर रूप हुआ (माथुर) फिर नामसंज्ञामें क्रियायुक्त कर्ता अभिधेयको पुंलिङ्ग होनेसे नपुंसकप्रथमैकवचनमें सिद्ध हुआ (माथुरः) । ग्रामे भवः । इस विग्रहमे ग्रामे यह पद

(१) कर्त्ता १ कर्म २ च करण ३ सप्रदान ४ तथैव च । अपादाना ५ धिकरण ६ मित्याहुः कारकाणि षट् ॥

आधारकारकहै और भवनक्रियायुक्त कर्त्ता अभिधेय है इसकारण आधारकारकसे क्रियायुक्त अभिधेयम ण्य प्रत्यय करनेसे रूप हुआ। ग्रामय। फिर (यस्येलोपः) इसकर रूप हुआ (ग्राम्य) फिर नामसंज्ञा होनेपर। क्रियायुक्त कर्त्ता अभिधेयको पुँल्लिग होनेसे प्रथमैकवचन पुँल्लिगमे रूप सिद्ध हुआ (ग्राम्यः)। धुरं वहति। इस विग्रहमें (धुरम्) यह कर्म कारक है और वहन क्रियायुक्त कर्त्ता अभिधेय है इसकारण कर्म कारकसे क्रियायुक्त कर्त्ता अभिधेयमें ण्य प्रत्यय और एयण् प्रत्यय करनेपर रूप हुए (धुर्य)। धुरएय। फिर यहा ण्य प्रत्यय णित् न होनेसे आदिस्वरको वृद्धि नहीं हुई तब रूप हुआ। धुर्य। और एयण् प्रत्ययको णित् होनेसे आदिस्वर उकारको औकार वृद्धि करनेपर रूप हुआ। धौरेय। फिर नामसंज्ञा होनेपर क्रिया युक्त कर्त्ता अभिधेयको पुँल्लिग होनेसे पुँल्लिगप्रथमैकवचनमे दोनो प्रत्ययके रूप सिद्ध हुए (धुर्यः) (धौरेयः)॥

केनेयेकाः।

केनेयेकाः। एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) क-ईन-इय-इक। इत्येते प्रत्यया भवन्ति भवार्थेषु णित्त्वं चैषां वैकल्पिकम्। कर्णाटे भवः। कार्णाटकः। ग्रामादागतस्तत्र जातो वा। ग्रामीणः। सध्रीचीनः। समीचीनः। तिरश्चीनः।

भाषार्थ—क-ईन-इय-इक-यह प्रत्यय भवादि अर्थोंके विषे होवै है इनको णित् भाव विकल्प करके है अर्थात् यह प्रत्यय पर हुए संते कहीं प्रयोगान्तरके विषे विकल्प करके वृद्धि होय और कही प्रयोगान्तरमे नित्यही वृद्धि होय और कहीं प्रयोगान्तरमें सर्वथा भी वृद्धि नहीं होय। उदाहरण। कर्णाटे भवः। इस विग्रहमे भवार्थके विषे क प्रत्यय करनेपर रूप हुआ। कर्णाटक। फिर एक जगह क प्रत्यय णित् होनेसे वृद्धि हुई और एक जगह णित् न होनेसे वृद्धि नहीं हुई। तब रूप हुए। कार्णाटक। कर्णाटक। फिर नामसंज्ञा होनेपर विशेष्यको पुँल्लिङ्ग होनेसे पुँल्लिग प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुए (कार्णाटकः) (कर्णाटकः)। ग्रामादागतस्तत्र जातो वा। इस विग्रहमे आदि शब्दसे आगतार्थ वा उत्पन्नार्थमे ईन प्रत्यय करनेपर (यस्य लोपः) (पुनोंणोऽनन्ते) इनकर रूप हुआ (ग्रामीण) फिर नामसंज्ञा होनेपर विशेष्यको पुँल्लिग होनेसे पुँल्लिग प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (ग्रामीणः)। सध्रीचिभवः। इस विग्रहमे भवार्थके विषे ईन प्रत्यय करनेपर रूप हुआ (सध्र्यच् ईन) यहाँ ईन प्रत्यय णित् न होनेसे वृद्धि नहीं हुई। किन्तु। (अंचेरलोपो दीर्घश्च) इस कर रूप हुआ। सध्रीच् ईन। फिर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर रूप हुआ (सध्रीचीन) नामसंज्ञा होनेपर विशेष्यको पुँल्लिग होनेसे प्रथमैकवचन पुँल्लिगमें रूप सिद्ध हुआ (सध्रीचीनः) इसी-

प्रकार (समीचिभवः) इस विग्रहमें ईन प्रत्यय करनेसे रूप सिद्ध हुआ (समीचीनः) । तिरश्चिभवः । इस विग्रहमे भवार्थके विषे ईन प्रत्यय करनेपर रूप हुआ (तिर्यच् ईन) फिर णित् न होनेसे वृद्धि नही हुई । किन्तु (तिरश्चादयः) इसकर रूप हुआ (तिरश्च ईन) फिर (स्वरहीनं०) इसकर रूप हुआ (तिरश्चीन) फिर नामसज्ञामे पुँल्लिग प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (तिरश्चीनः) ॥

यलोपश्च ।

यलोपः[३१]—च[अ०] । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) तद्धितप्रत्यये परे नाम्नामुपधाभूतस्य यकारस्य लोपो भवति । कन्याया जातः । कानीनः । पुष्येण युक्तः पौर्णमासी पौषी । पौष्यभवः पौषीणः ।

भाषार्थ—तद्धित प्रत्यय पर हुए संते नामके उपधाभूत यकारका लोप होय । (१) उदाहरण (कन्याया जातः) इस विग्रहमे जातार्थके विषे ईन प्रत्यय करनेपर रूप हुआ (कन्या ईन) यहाँ ईन प्रत्यय णित् होनेसे वृद्धि की फिर (यस्य लोपः) इसकर आकारका लोप किया । फिर (यलोपश्च) इस कर यकारकाभी लोप किया । तब रूप हुआ (कान् ईन) फिर (स्वरहीनं०) इसकर रूप हुआ (कानीन) फिर नामसंज्ञा होनेपर पुँल्लिग प्रथमैकवचनमे सिद्ध हुआ (कानीनः)।पुष्येण युक्ता पौर्णमासी । इस विग्रहमें (कारकात् क्रियायुक्ते) इसकर अण् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ ।पुष्यअ। यहाँ अण्को णित् होनेसे वृद्धि हुई और (यस्यलोपः) इसकर अकारका लोप हुआ और (यलोपश्च) इसकर यकारकालोप हुआ । पौष् अ । फिर (स्वरहीनं०) इसकर रूप हुआ (पौष) फिर स्त्रीलिङ्ग होनेसे (व्रणर्ईषू) इसकर इष् प्रत्यय करनेसे प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (पौषी) पौष्यां भवः इस विग्रहमे भवार्थके विषे ईन प्रत्यय करनेपर (यस्य लोपः) (पृनॉणोऽनन्ते) इनकर रूप हुआ । पौषीण । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुँल्लिग प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (पौषीणः)

इयोवा । क्षत्राद्भवः । वा । क्षत्रस्यापत्यम् क्षत्रियः । क्षात्रः । शुक्रो देवतास्येति । शुक्रियम् । इंद्राद्भवम् । इन्द्रियम् । अक्षैर्दीव्यतीति । आक्षिकः ।

---

(१) तद्धित प्रत्ययके अतिरिक्त । अन्यत्रभी नामके उपधाभूत यकारका लोप होता है । तदुक्तम । मत्स्यस्य यस्य स्त्रीकारे ईपि वाऽगस्त्यसूर्ययोः । तिष्यपुष्ययोर्नक्षत्रे अणि यस्य विभक्षना ॥१॥ भाषार्थ—स्त्रीलिंगमे ईपू प्रत्यय पर हुए सते मत्स्य तथा अगस्त्य और सूर्यके यकारका लोप होय और नक्षत्रार्थमे वर्तमान हुए तिष्य तथा पुष्यके यकारका लोप अणप्रत्यय पर हुए सते होय । इति ॥ मत्स्य । । अगस्त्यस्यायम आगस्तीय । अगस्त्यसूर्ययोर्दिक् आगस्ती। सूर्यस्यायसौर्य ॥ तत्रभव सौरीय.। सौर्यस्यर्यदिकसोर्ग ॥

शब्दमधीते । वेत्ति वा । शाब्दिकः । वेदे भवा । वैदिकी स्तुतिः । ऋचा । तर्कं करोतीति । तार्किकः ।

भाषार्थ–इय प्रत्यय भवाद्यर्थोंमें विकल्प करके होता है । उदाहरण । क्षत्राद्भवः वा क्षत्रियस्यापत्यम् । इस विग्रहमें एक जगह इय प्रत्यय किया तब रूप हुआ । क्षत्र इय । यहाँ इय प्रत्ययको णित् न होनेसे वृद्धि नहीं हुई किन्तु (यस्य लोपः)इसकर अकारका लोप करनेपर रूप हुआ । क्षत्रिय । नाम संज्ञा होनेपर पुँल्लिग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (क्षत्रियः) और जहाँ इय प्रत्यय नहीं हुआ तहाँ अण् प्रत्यय करनेपर रूप सिद्ध हुआ (क्षात्रः)। शुक्रो देवताऽस्य । इसविग्रहमें देवतार्थके विषे इय प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । शुक्र इय । यहाँ णित् प्रत्यय न होनेसे वृद्धि नहीं हुई किन्तु (यस्य लोपः) इसकर रूप हुआ। शुक्रिय । फिर नामसंज्ञा होनेपर नपुंसक प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (शुक्रियम्) इन्द्राद्भवम् । इस विग्रहमें इय प्रत्यय करनेपर रूप सिद्ध हुआ (इन्द्रियम्) । अक्षैर्दीव्यति । इस विग्रहमें (कारकात् क्रियायुक्ते) इसकर क्रीडनार्थमें इक प्रत्यय करनेपर रूप हुआ। अक्ष इक। यहाँ इक प्रत्ययको णित् होनेसे वृद्धि हुई और (यस्य लोपः) इसकर अकारका लोप हुआ तब रूप हुआ । आक्षिक । फिर नामसंज्ञामें पुँल्लिङ्ग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (आक्षिकः) । शब्दमधीते वेत्ति । इस विग्रहमें भी (कारकात्०) । इसकर अध्ययनार्थ वा वेदनार्थमें इक प्रत्यय करनेसे रूप सिद्ध हुआ (शाब्दिकः) वेदे भवा । इस विग्रहमें भवार्थके विषे इक प्रत्यय करनेपर रूप सिद्ध हुआ (वैदिकी) यह स्त्रीलिंग है वेदकी स्तुति वा ऋचाका नाम है । तर्कं करोति । इस विग्रहमें पूर्ववत् इक प्रत्यय करनेपर रूप सिद्ध हुआ (तार्किकः)॥

त्यतनौ ।

त्यतनौ । एकपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) किमादेरद्यादेर्भवार्थे च त्यतनौ प्रत्ययौ भवतः । कुत्रत्यः । कुतस्त्यः । ततस्त्यः । अद्यतनः । ह्यस्तनः । श्वस्तनः । सदातनः । सनातनः । चिरंतनम् । सायंतनम् । पुरातनम् । प्राक्तनम् । दक्षिणापश्चात्पुरसस्त्यणवक्तव्यः । दाक्षिणात्यः । पाश्चात्यः । पौरस्त्यः ।

भाषार्थ–किमादिक और अद्यादिकसे भवादि अर्थमें त्य और तन प्रत्यय होय । भाव यह है कि, किमादि अव्ययसे भवादि अर्थमें त्य प्रत्यय होय और अद्यादि अव्ययसे भवादि अर्थमें तन प्रत्यय होय । उदाहरण । कुत्रभवः । इस विग्रहमें किम् शब्दके कुत्ररूप अव्ययसे भवार्थमें त्य प्रत्यय करनेपर पुँल्लिङ्ग प्रथमैकवचनमें रूप

सिद्ध हुआ (कुतस्त्यः) इसी प्रकार । कुतोभवः । इस विग्रहमें सिद्ध हुआ (कुतस्त्यः) । ततो भवः । इस विग्रहमे तत् शब्दके ततः रूप अव्ययसे भवार्थमे त्य प्रत्यय करनेपर पुँल्लिंग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (ततस्त्यः) इसीप्रकार (अत्र भव) इस विग्रहमें सिद्ध हुआ (अत्रत्यः) इहभवः । इस विग्रहमे सिद्ध हुआ (इहत्यः) इत्यादि (अद्यभवः) इस विग्रहमे अद्य अव्ययसे भवार्थमे तन प्रत्यय करनेपर पुँल्लिंग प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (अद्यतनः) इसी प्रकार (ह्योभवः) इस विग्रहमे सिद्ध हुआ (ह्यस्तनः) (श्वोभवः) इस विग्रहमे सिद्ध हुआ (श्वस्तनः) । सदाभवः । इस विग्रहमे सिद्ध हुआ (सदातनः) सना निरंतरं भवति । इस विग्रहमे सिद्ध हुआ (सनातनः) इसी प्रकार (चिरंतनम्) (सायंतनम्) (पुरातनम्) (प्राक्तनम्) इत्यादि सिद्ध हुए जानने (दक्षिणा और पश्चात् और पुरस्) इनसे सवार्थमे त्यण् प्रत्यय वक्तव्य है (दक्षिणस्यां भवः) इस विग्रहमे दक्षिणा शब्दसे भवार्थमें त्यण् प्रत्यय करनेसे (आदिस्वरस्यञ्णितिचवृद्धिः) इसकर रूप हुआ दाक्षिणात्य । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुँल्लिंग प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (दाक्षिणात्यः) । पश्चाद्भवः । इस विग्रहमे रूप सिद्ध हुआ (पाश्चात्यः) । पुरोभवः । इस विग्रहमे रूप सिद्ध हुआ (पौरस्त्यः) ।

स्वार्थेपि ।

स्वार्थे-अंपि । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) उक्ताः प्रत्ययाः स्वार्थेपि भवन्ति । देवदत्तएव । दैवदत्तकः । चत्वार एव वर्णाश्चातुर्वर्ण्यम् । चोर एव चौरः । त्रयो लोका एव । त्रैलोक्यम् ।

भाषार्थ-पूर्व कहेहुए अणादिक इक पर्यन्त प्रत्यय स्वार्थमे होवेहैं । उदाहरण (देवदत्तएव) इस विग्रहमे स्वार्थके विषे क प्रत्यय करने पर रूप हुआ । (देवदत्तक) यहाँ क प्रत्ययको णित् होनेसे वृद्धि हुई तबरूप हुआ (दैवदत्तक) फिर नामसंज्ञा होनेपर पुँल्लिंग प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (दैवदत्तकः) चत्वार एव वर्णाः । इस विग्रहमें स्वार्थमें ण्य प्रत्यय करनेपर रूप हुआ (चतुर्वर्ण य) फिर आदिस्वर चकार उत्तरवर्ती अकारको आकार वृद्धि किया और (यस्य लोपः) इसकर अकारका लोप किया तब रूप हुआ । चातुर्वर्ण्य । फिर नामसंज्ञा होनेपर समाहारार्थ होनेसे नपुंसकलिंग प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (चातुर्वर्ण्यम्) चोर एव । इस विग्रहमें स्वार्थके विषे अण् प्रत्यय करनेपर रूप सिद्ध हुआ (चौरः) त्रयोलोका एव । इस विग्रहमे स्वार्थके विषे अण् प्रत्यय करनेपर रूप समाहारार्थ होनेसे सिद्ध हुआ (त्रैलोक्यम्) ॥

भागरूपनामभ्यो धेयः स्वार्थेपि । भागधेयम् । रूपधेयम् । नामधेयम् ।

भाषार्थ–भाग तथा रूप तथा नामन् इन तीनों शब्दोंसे स्वार्थके विषे धेय प्रत्यय होय । उदाहरण । भागधेयम् । रूपधेयम् । नामधेयम् ॥

अणीनयोर्युष्मदस्मदोस्तवकादिः । तावकम् । मामकम् । तावकीनः । मामकीनः । यौष्माकः । आस्माकः । यौष्माकीणः । आस्माकीनः ।

भाषार्थ–युष्मद् अस्मद् इन शब्दोंको अण् प्रत्यय तथा ईन प्रत्यय पर हुए सति तवकादि आदेश होयँ आदिशब्दसे द्विवचन बहुवचन विषयमें युष्मद् अस्मद्को क्रमसे युष्माक तथा अस्माक आदेश होयँ । भाव यह है कि. एकवचनके विषे वर्त्तमान हुए युष्मद् शब्दको भवाद्यर्थमें अण् तथा ईन प्रत्यय पर हुए सति तवक आदेश होय । और द्विवचन बहुवचनके विषे वर्त्तमान हुए युष्मद् शब्दको भवाद्यर्थमें अण् तथा ईन प्रत्यय पर हुए सति युष्माक आदेश होय । और एकवचनके विषे वर्त्तमान हुए अस्मद् शब्दको भवाद्यर्थमे अण् तथा ईन प्रत्यय पर हुए सति ममक आदेश होय । और द्विवचन बहुवचनके विषे वर्त्तमान हुए अस्मद् शब्द को भवाद्यर्थमें अण् तथा ईन प्रत्यय पर हुए सति अस्माक आदेश होय । उदाहरण (तव इदम् तव अयम्) इन विग्रहोंमें क्रमसे अण् तथा ईन प्रत्यय करनेपर रूप हुए । युष्मद्अ । युष्मद्ईन । यहाँ युष्मद् शब्द एकवचनके विषे वर्त्तमानहै इसकारण युष्मद्को तवक आदेश करनेपर रूप हुए । तवक अ । तवक ईन । फिर अण् और ईन प्रत्ययको णित् होनेसे आदि स्वरको वृद्धि करनेपर (यस्येलोपः) इसकर रूप हुए । तावक । तावकीन । फिर नामसंज्ञा होनेपर नपुंसक तथा पुँल्लिंगके क्रमसे प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुए (तावकम्) (तावकीनः) इसीप्रकार । ममइदम् । मम अयम् । इन विग्रहोंमें क्रमसे अण् ईन प्रत्यय करनेपर ममक आदेश करनेसे रूप सिद्ध हुए (मामकम्) (मामकीनः) । युवयोर्युष्माकं वा अयम् । इस विग्रहमे अण् तथा ईन प्रत्यय करनेपर रूप हुए (युष्मद्अ । युष्मद्ईन) यहाँ युष्मद् शब्द द्विवचन बहुवचनके विषे वर्त्तमानहै इसकारण । युष्मद्को युष्माक आदेश करनेपर (आदिस्वरस्यञ्णितिचवृद्धिः) (यस्य लोपः) इनकर रूपहुए । (यौष्माक । यौष्माकीण) फिर नामसंज्ञा होनेपर पुँल्लिंग प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुए (यौष्माकः) (यौष्माकीणः) इसीप्रकार । आवयोः अस्माकं वा अयम् । इस विग्रहमे अण् ईन प्रत्यय करनेपर अस्माक आदेश करनेसे रूप सिद्ध हुए (आस्माकः) (आस्माकीणः) ॥

वत्तुल्ये ।

वत्–तुल्ये । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) सादृश्यर्थे वत्प्रत्ययो भवति । चंद्रवन्मुखम् । घटवत् । पटवत् ।

भाषार्थ–सादृश्य अर्थके विषे वत् प्रत्यय होताहै भाव । यहहे उपमावाचक शब्दसे सादृश्य अर्थमे वत् प्रत्यय होवै है । उदारहण (चंद्रेण तुल्यम्) इस विग्रहमें उपमावाचक चंद्रेण इसपदसे सादृश्यार्थमे वत् प्रत्यय करनेसे रूप हुआ (चंद्र वत्) नामसंज्ञा होनेपर (क्त्वाद्यन्तंच) इसकर वत् प्रत्ययान्तको अव्यय होनेसे यथा-स्थित सिद्धहुआ । इसी प्रकार (घटेन तुल्यम्) इस विग्रहम सिद्ध हुआ (घटवत्) । पटेन तुल्यम् । इस विग्रहम सिद्ध हुआ (पटवत्) ॥

भावे तत्वयणः ।

भावे–तत्वयणः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) शब्दस्य प्रवृत्तिनिमितं भावस्तस्मिन्भावे त–त्व-यण्–इत्येते प्रत्यया भवन्ति । तप्रत्ययान्तं स्त्रीलिंगम् । त्वयण् इत्येतदन्तं नपुंसकलिंगम् । ब्राह्मणस्य भावः ब्राह्मणता । तान्तस्य नित्यं स्त्रीलिंगत्वादाप् ।

भाषार्थ–जो कि, शब्दकी प्रवृत्तिका निमित्त नाम कारणहै वह भाव होताहै अर्थात् जिससे कि, ब्राह्मणादि शब्दकी प्रवृत्ति होवै है वह भाव है उस भावके विषे त-त्व-यण्-यह प्रत्यय होवैहैं । तप्रत्ययान्त स्त्रीलिङ्ग होताहै और त्व यण् प्रत्य-यान्त नपुंसकलिंग होता है । उदाहरण (ब्राह्मणस्य भावः) इस विग्रहमें ब्राह्मण इस शब्दका जो कि, याजनादिक्रियानिष्ठत्व लक्षण है उस अर्थमे त प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । ब्राह्मणत । फिर त प्रत्ययान्तको नित्यस्त्रीलिङ्ग होनेसे (आवतःस्त्रियाम्) इसकर आप् प्रत्यय करनेसे प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (ब्राह्मणता) ॥

समाहारे ता च । चशब्दात्त्रेर्गुणः । त्रेता । जनता । ब्राह्मणत्वम् । ब्राह्म-ण्यम् । सौमनस्यम् । सौभाग्यम् । वैदुष्यम् ।

भाषार्थ–समाहार अर्थके विषेभी ता प्रत्यय होवै है और च शब्दसे त्रिशब्दको गुण होता है । उदाहरण (त्रयाणांसमाहारः) इस विग्रहमें समाहार अर्थके विषे ता प्रत्यय करनेपर त्रिशब्दको गुण करनेसे रूप हुआ (त्रेता) नामसंज्ञामे सिका लोप कर-नेपर ऐसाही सिद्ध रहा (जनानांसमूहः) इस विग्रहमे समाहार अर्थके विषे ता प्रत्यय करनेपर प्रथमैकवचनमे सिद्ध हुआ (जनता) । ब्राह्मणस्यभावः। इस विग्रहमे भाव अर्थके विषे त्व प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । ब्राह्मणत्व । और यण् प्रत्यय करनेपर (यस्य-लोपः) इसकर रूप हुआ (ब्राह्मण्य) फिर नामसंज्ञा होनेपर त्व यण् प्रत्ययान्तको नपुंसकलिंग होनेसे नपुंसकप्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुए (ब्राह्मणत्वम्) (ब्राह्मण्यम्) इसीप्रकार सुमनसो भावः । इस विग्रहमें यण् प्रत्यय करनेपर (आदिस्वरस्यञ्णिति

च वृद्धिः) इसकर रूप हुआ (सौमनस्य) फिर नामसंज्ञामें नपुंसक प्रथमैकवचनमें सिद्ध हुआ (सौमनस्यम्) । सुभगस्य भावः । इस विग्रहमें यण् प्रत्यय करनेपर (आदिस्वरस्याञ्णितिचवृद्धिः) (यस्येलोपः) इनकर रूप हुआ । सौभाग्य । फिर नामसंज्ञामें नपुंसकप्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (सौभाग्यम्) । विदुषां भावः । इस विग्रहमे यण् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । विद्वस् य । फिर आदिस्वरको वृद्धि करनेपर रूप हुआ । वैद्वस् य । फिर (वसोर्वउः) (क्ङितात्यः सः कृतस्य) इनकर रूप हुआ । वैदुष्य । फिर नामसंज्ञामें नपुंसक लिंगप्रथमैकवचनके विषे सिद्ध हुआ(वैदुष्यम्)(१)॥

कर्मण्यपि यण् वक्तव्यः । ब्राह्मणस्य कर्म । ब्राह्मण्यम् । राज्ञ इदं कर्म । राजन्यम् । राज्यम् ॥

भाषार्थ–कर्मके विषे भी यण् प्रत्यय वक्तव्य है । ब्राह्मणस्य कर्म इस विग्रहमें कर्मके विषे यण् प्रत्यय करनेपर (यस्येलोपः) इसकर रूप हुआ ब्राह्मण्य फिर नामसंज्ञा होनेपर समूह भावकर्मविहिताकारान्तप्रत्ययान्तको नपुंसकलिंग होनेसे नपुंसक प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (ब्राह्मण्यम्) । राज्ञः कर्म । इस विग्रहमे यण् प्रत्ययान्त करनेपर एक जगह (नौवा) इसकर टिका लोप किया और एक जगह टिका लोप नहीं किया तब रूप हुए । राज्य–राजन्य । फिर नामसंज्ञा होनेपर प्रथमैकवचन नपुंसकलिङ्गमे सिद्ध हुए । राज्यम् । राजन्यम् ॥

लोहितादेर्डिमन् ।

लोहितादेः–डिमन् । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) लोहितादेर्भावे इमन् प्रत्ययो भवति स च डित् । लोहितिमा । अणिमा ।

भाषार्थ–लोहितादिक शब्दोंसे भावके विषे इमन् प्रत्यय होवे है वह इमन् प्रत्यय अनेक स्वर शब्दसे परे डित्संज्ञक होताहै । उदाहरण । लोहितस्यभावः । इस विग्रहमे भावके विषे इमन् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । लोहित इमन् । फिर इमन् प्रत्ययको डित् होनेसे (डितिटेः) इसकर रूप हुआ । लोहितिमन् । फिर नामसंज्ञा होनेपर इमन्प्रत्ययान्तको पुंलिङ्ग होनेसे प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (लोहितिमा) इसी-प्रकार । अणोर्भावः । इसविग्रहमे रूप सिद्ध हुआ (अणिमा)

---

(१) सर्वत्र तद्धितमे विकल्पानुवृत्ति होनेसे भावमे अणादिक प्रत्ययभी होतेहै । उदाहरण । शिशोर्भाव । इस विग्रहमे भाव अर्थके विषे अण् प्रत्यय करनेपर (आदिस्वरस्याञ्णितिचवृद्धि) (वोव्य स्वरे) इनकर रूप हुआ । शैशव । फिर नामसंज्ञा होनेपर नपुंसक प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (शैशवम्) । वृद्धस्यभावः । इस विग्रहमे णित् संज्ञक कप्रत्यय करनेपर रूप हुआ । वार्द्धक । फिर नामसंज्ञा होनेपर समूह भाव कर्म विहिताकारान्तप्रत्ययको नपुंसक लिंग होनेसे प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (वार्द्धकम्) इत्यलम् ॥

ऋ र इमनि ।

ऋ—रः—इमनि । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) ऋकारस्य रेफो भवति इमनि परे । प्रथिमा । बहोर्भावः । इति विग्रहे ।

भाषार्थ—ऋकारको र आदेश होय इमन् प्रत्यय पर हुए सते । भाव यहहै कि, पृथु, मृदु, दृढ, कृश इत्यादि शब्दोंके हसादि लघु ऋकारके स्थानमें र आदेश होय इमन् प्रत्यय पर हुए संते । उदाहरण । पृथोर्भावः । इस विग्रहमे (लोहितादेर्डिमन्) इस सूत्रकर इमन् प्रत्यय करनेपर हुआ रूप । पृथु इमन् । फिर इमन् प्रत्ययको डित् होनेसे (डिति टेः) इसकर टि संज्ञक उकारका लोप किया तब रूप हुआ । पृथ् इमन् । फिर (ऋरइमनि) इसकर ऋकारके स्थानमें र करनेसे रूप हुआ । प्रथिमन् । फिर नाम संज्ञा होनेपर पुंल्लिग प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (प्रथिमा) इसीप्रकार । दृढस्य भावः । इस विग्रहमे रूप सिद्ध हुआ (द्रढिमा) कृशस्य भावः (क्रशिमा) बहो र्भावः । इस विग्रहमे इमन् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ (बहु इमन्) फिर ॥

बहोर्लोपोभूचबहोः ।

बहोः—लोपः—भू—च—बहोः । पंचपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) बहोरुत्तरेषामिमनादीनामिकारस्य (१) लोपो भवति । बहोः स्थाने ूचादेशः । भमा ।

भाषार्थ—बहु शब्दसे परे इमनादिक प्रत्ययोंके इकारका लोप होय और बहु-शब्दको भू आदेश होय जैसे । बहु इमन् । इसमे बहु शब्दसे परे इमन् प्रत्ययहै इसकारण इमन् प्रत्ययके इकारका लोप किया और बहुशब्दके स्थानमे भू आदेश कियाँ तब रूप हुआ । भूमन् । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुंल्लिग प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (भूमा) ॥

अस्त्यर्थे मतुः ।

अस्त्यर्थे—मतुः । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) नाम्नो मतुप्रत्ययो भवति अस्यास्मिन्वास्तीति एतस्मिन्नर्थे । उकारोनुमीर्विधानार्थः । गोमान्—गोमती । श्रीमान्—श्रीमती ।

भाषार्थ—नामसंज्ञक शब्दसे मतु प्रत्यय होय । अस्य अस्ति वा अस्मिन् अस्ति । इस अर्थके विषे । प्रत्ययमें उकार नुम् और ईप् प्रत्ययके विधानार्थ है । उदाहरण ।

(१) यहाँ कोई आचार्य (इवर्णस्य) ऐसा पद कहतेहैं ईयस् प्रत्ययके अभिप्रायसे । अन्यथा ईय-प्रत्ययके ईकारका लोप करनेमें ग्रहण नहीं होवेगा ॥

गौरस्यास्ति । इस विग्रहमें अस्यास्ति अर्थके विषे मतु प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । गोमत् । फिर नामसंज्ञा होनेपर विशेष्यपदको पुंल्लिग होनेसे पुंल्लिगके विषे । (त्रिषु-सुम्) इसकर सुम् आगम करनेपर प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (गोमान्) और स्त्रीलिङ्गके विषे (ङ्तिः) इसकर ईप् प्रत्यय करनेपर रूप सिद्ध हुआ (गोमती) । श्रीरस्यास्ति । इस विग्रहमें अस्यास्ति अर्थके विषे मतु प्रत्यय करनेपर पुंल्लिग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (श्रीमान्) और स्त्री लिग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (श्रीमती) और नपुंसकलिंग प्रथमैकवचनमें सिद्ध हुआ (श्रीमत्) ॥

अइकौ मत्वर्थे ।

अइकौ[२]–मत्वर्थे[१]। द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) मत्वर्थे अइकौ प्रत्ययौ भवतः । वैजयन्ती पताका अस्मिन्नस्ति । वैजयन्तः । प्रासादः । माया अस्यास्ति । मायिकः ।

भाषार्थ–मत्वर्थके विषे अ तथा इक यह दोनो प्रत्यय होयँ भाव यह है कि, अस्यास्ति वा अस्मिन्नस्ति इस अर्थके विषे अ और इक प्रत्यय होयँ । उदाहरण । वैजयन्ती अस्मिन्नस्ति । इस विग्रहमे अस्मिन्नस्ति इस अर्थके विषे अ प्रत्यय करनेपर रूपहुआ । वैजयन्ती अ । फिर (यस्येलोपः) इसकर ईका लोप करनेपर रूप हुआ । वैजयन्त । फिर नामसज्ञा होनेपर विशेष्यको पुंल्लिग होनेसे प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (वैजयन्तः) । माया अस्यास्ति । इस विग्रहमे इक प्रत्यय करनेपर (यस्येलोपः) इसकर रूप हुआ । मायिक । फिर नामसंज्ञा होनेपर विशेष्यको पुंल्लिग होनेसे पुंल्लिग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (मायिकः) कहीं अ प्रत्यय णित्भी होताहै जैसे प्रज्ञा अस्यास्ति । इस विग्रहमे अ प्रत्यय करनेपर रूप हुआ (प्रज्ञाअ) यहां अ प्रत्ययको णित् होनेसे आदि स्वरको वृद्धि हुई (यस्येलोपः) इसकर आकारका लोप करनेसे रूप हुआ (प्राज्ञ) फिर नाम संज्ञामें विशेष्यको पुंल्लिग होनेसे प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (प्राज्ञः) ॥

मान्तोपधाद्वत्विनौ ।

मान्तोपधात्[१]–वत्विनौ[२]। द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) मकारान्तान्मकारोपधादकारान्तादकारोपधाच्च वत्विनौप्रत्ययौभवतोऽस्त्यर्थे । धनवान् । धनी । छत्री । दण्डी । दृषद्वती । भूमिः । किंवान् । शमी ।

भाषार्थ–मकार है अन्तमे जिसके अथवा मकार है उपधाभूत जिसके ऐसे शब्दसे और अकार है अन्तमे जिसके अथवा अकार है उपधाभूत जिसका ऐसे शब्दसे वत्

और इन् प्रत्यय होय अस्त्यर्थमे । भाव यह है कि, जिस शब्दके अन्तमें मकार होवै अथवा जिस शब्दका उपधाभूत मकार होवै अथवा जिस शब्दके अन्तमें अकार होय अथवा जिस शब्दका उपधाभूत अकार होवै उस शब्दसे वतु तथा इन् यह दोनों प्रत्यय होवै हैं (अस्यास्ति वा अस्मिन्नास्ति) इस अर्थके विषे उदाहरण (धनमस्याति) इस विग्रहमें अस्यास्ति इस अर्थके विषे वतु तथा इन् । प्रत्यय किये क्यों कि, धन शब्द अकारान्त है तब रूप हुए (धनवत्) । धन इन् । फिर जहाँ कि, वतु प्रत्यय किया है तहाँ । नाम संज्ञा होनेपर (त्रितोतुम्) (अत्वसोः सौ) इनकर पुँल्लिंग प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (धनवान्) और जहाँ इन् प्रत्यय किया है तहाँ (यस्य लोपः) इसकर अकारका लोप किया तब रूप हुआ । धनिन् । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुँल्लिङ्ग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (धनी) इसीप्रकार । छत्रमस्यास्ति । दण्डमस्यास्ति । इन विग्रहोंमें अकारान्त होनेसे इन् प्रत्यय करनेपर रूप सिद्ध हुए (छत्री) (दण्डी) । दृषदः अस्यां सन्ति । इस विग्रहमे वतु प्रत्यय किया क्यों कि, दृषद् शब्दका अकार उपधाभूतहै तब रूप हुआ । दृषद्वत् । फिर विशेष्यको स्त्रीलिंग होनेसे (ष्टूत्रितः) इसकर ईप्प्रत्यय करनेपर प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (दृषद्वती) । किमस्यास्ति । इस विग्रहमे मकारान्त होनेसे वतु प्रत्यय करनेपर पुँल्लिङ्ग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (किंवान्) (शमोऽस्यास्ति) इस विग्रहमें इन् प्रत्यय किया क्योंकि शम शब्दका मकार उपधाभूतहै तब (यस्य लोपः) इसकर रूप हुआ । शमिन् । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुँल्लिंग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (शमी) ॥ (१)

तडिदादिभ्यश्चवतुप्रत्ययो भवति । तडित्वान् । मरुत्वान् । सरस्वान् ।

भाषार्थ—तडित् आदिक शब्दोंसे अस्त्यर्थके विषे वतु प्रत्यय होता है । उदाहरण । तडित् अस्यास्ति । इस विग्रहमे अस्त्यर्थके विषे वतु प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । तडित्वत् । यहाँ विभक्तिके लोप होनेपर पदान्त होनेसे भी (चपा अवे जवाः) इसकर तकारके स्थानके विषे सूत्रमे चकारके ग्रहणसे दकार नहीं हुआ है नामसंज्ञा होनेपर पुँल्लिग प्रथमैकवचनमें सिद्ध हुआ (तडित्वान्) इसी प्रकार (मरुत् अस्यास्ति)

---

(१) क्वचिद्वृतौ (वृत्ति) क्वचिद्वतुप्रत्यये मतुप्रत्यये च परे दीर्घत्वमपि भवति । अमरावती । पद्मावती । कुसुमावती । भोगावती । पुष्पावती । हनूमान् । भाषार्थ—कहीं प्रयोगान्तरमे वतु प्रत्यय और मतु प्रत्यय पर हुये सते दीर्घ होता है । उदाहरण । अमराअस्यासन्ति।इस विग्रहमें अस्त्यर्थके विषे वतु प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । अमरवत् । फिर यहाँ वतु प्रत्यय परमे होनेसे पूर्वको दीर्घ करनेपर नाम संज्ञामें स्त्रीलिंगके विषे ईप् प्रत्ययसे प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (अमरावती) इसी प्रकार अन्य प्रयोग जानने । हनुरस्यास्ति । इस विग्रहमे अस्त्यर्थके विषे मतु प्रत्यय करनेपर पूर्व हनु शब्दकेउकारको दीर्घ करनेमे प्रथमैकवचन पुँल्लिङ्गमे सिद्ध हुआ हनूमान् ॥

इस विग्रहमें वतु प्रत्यय करनेपर रूप सिद्ध हुआ (मरुत्वान्) इसी प्रकार सिद्ध हुआ (सरस्वान्) ॥ (१)

एतत्किंयत्तद्भ्यःपरिमाणे वतुः ।

भाषार्थ–एतत्–किम्–यद्–तद् इन शब्दोंसे परिमाण अर्थके विषे वतु प्रत्यय होय उकार नुम् और ईप्प्रत्ययके विधानार्थ है । उदाहरण । यत्परिमाणमस्य । तत्परिमाणमस्य । इन विग्रहोंमें यद् तद् शब्दोंसे परिमाण अर्थमें वतु प्रत्यय करनेपर रूप स्थित हुए । यद्वत् । तद्वत् । फिर ॥

यत्तदोरा ।

६ २ १ १
यत्तदोः–आ । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) यत्तच्छब्दयोष्टेराभवति परिमाणेऽर्थेवतौपरे । यावान् । तावान् ।

भाषार्थ–यद् और तद् शब्दकी टिको आकार होय परिमाण अर्थके विषे वतु प्रत्यय पर हुए संते जैसे । यद्वत् । तद्वत् । इनमें यद् तथा तद् शब्दसे वतु प्रत्यय परे विद्यमान है इसकारण टिको आकार करनेपर रूप हुए (यावत्–तावत्) फिर नाम संज्ञा होनेपर विशेष्यको पुल्लिंग होनेसे प्रथमैकवचनमें (त्रितोनुम्) (अत्वसोः सौ) इनकर रूप सिद्ध हुए (यावान्) (तावान्) ॥

किमः कियँश्च ।

६ १ १ १ १ १ अं०
किमः–किः–यः–चँ । चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) वतुप्रत्यये परे किमशब्दस्य कृत्स्नस्य किरादेशो भवति प्रत्ययस्य वकारस्य यकारो भवति ।

भाषार्थ–वतु प्रत्यय पर हुए संते समस्त किम् शब्दको कि आदेश होय और प्रत्ययके वकारको यकार होय । उदाहरण । किम् परिमाणमस्य । इस विग्रहमें परिमाण अर्थके विषे वतु प्रत्यय करनेपर किम् शब्दको कि आदेश किया और वतु प्रत्ययके वकारको यकार आदेश किया तब रूप हुआ । कियत् । फिर नामसंज्ञा होनेपर विशेष्यको पुंल्लिङ्ग होनेसे पुंल्लिङ्गप्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (कियान्) ॥

---

(१) सिध्मादिभ्श्च लप्रत्ययः । भाषार्थ–सिध्म आदिकसे अस्त्यर्थके विषे ल प्रत्यय होय उदाहरण । सिध्ममस्यास्ति । इस विग्रहमें अस्त्यर्थके विषे ल प्रत्यय करनेपर नामसंज्ञामें पुंल्लिंग प्रथमैकवचनके विषे सिद्ध हुआ (सिध्मलः) इसी प्रकार (चूडाल) (मांसल) (असल) इत्यादि सिद्ध हुए जानने इति (ऐश्वर्ये स्वञ्शब्दादामिन् । अर्थ–ऐश्वर्य अर्थमें स्वञ्शब्दसे आमिन् प्रत्यय होताहै । स्वऐश्वर्यम् अस्यास्तीति–स्वामी ॥

आ इश्चैतदो वा ।

१ १ १ १ अ० ६ १ अ०
आ–इश्–च–एतदः–वा । पंचपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) वतुप्रत्यये परे एतद्शब्दस्य आ इश् इत्येतावादेशौ भवतः । आ इति गुरुस्तथापि चकार ग्रहणादन्तस्यैव टेरादेशो न कृत्स्नस्य । वाग्रहणाद्यत्र इशादेशस्तत्र वकारस्य यकारः अन्यत्र न । एतावान् । इयान् ।

भाषार्थ–वतु प्रत्यय पर हुए संते एतद् शब्दको आ और इश् यह आदेश होयँ अर्थात् एक जगह एतद् शब्दको आ आदेश होय और एक जगह इश् आदेश होय । आ यह गुरु आदेश है तथापि सूत्रमें चकारके ग्रहणसे अन्त टिको ही आदेश होय न कि, समस्तको । और सूत्रमें वाके ग्रहणसे जहाँ इश् आदेश होय तहाँही प्रत्ययके वकारको यकार आदेश होय । उदाहरण । एतत्परिमाणमस्य) इस विग्रहमें परिमाण अर्थके विषे वतु प्रत्यय करनेपर एक जगह एतद् शब्दकी टिको आ आदेश करनेसे रूप हुआ । एतावत् । और एक जगह इश् आदेश करनेसे रूप हुआ । इयत् । फिर नामसंज्ञा होनेपर विशेष्यको पुँलिग होनेसे प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुए (एतावान्) (इयान्) ॥

तुन्दादेरिलः । तुन्दिलः ।

भाषार्थ–तुन्द आदिक शब्दोंसे अस्त्यर्थके विषे इल प्रत्यय होवै है । उदाहरण । तुन्दमस्यास्ति । इस विग्रहमें अस्त्यर्थके विषे इल प्रत्यय करनेपर (यस्येलोपः) इसकर रूप हुआ । तुन्दिल । नाम संज्ञामें पुलिंगप्रथमैकवचनके विषे सिद्ध हुआ (तुन्दिलः)

औन्नत्ये दन्तादुरः । दन्तुरः ।

भाषार्थ–दन्त शब्दसे औन्नत्य अर्थात् उच्चत्व अर्थके विषे उर प्रत्यय होय । उच्चा दन्ता यस्य । इस विग्रहमें उच्चत्व अर्थके विषे उर प्रत्यय करनेपर । (यस्य लोपः) इसकर रूप हुआ । दन्तुर । फिर नाम संज्ञामें पुँलिगप्रथमैकवचनमें सिद्ध हुआ (दन्तुरः) ॥

श्रद्धादेर्लुः । श्रद्धालुः । कृपालुः ।

भाषार्थ–श्रद्धा आदिक शब्दोंसे अस्त्यर्थके विषे लु प्रत्यय होय उदाहरण श्रद्धास्यास्ति । इस विग्रहमें लुप्रत्यय करनेपर नामसंज्ञामें पुँलिग प्रथमैकवचनके विषे सिद्ध हुआ (श्रद्धालुः) इसी प्रकार सिद्ध हुआ (कृपालुः)

अस्मायामेधास्रग्भ्योऽस्त्यर्थे विनिर्वक्तव्यः । तपस्वी । मायावी । मेधावी । स्रग्वी ।

भाषार्थ–अस् प्रत्ययान्त और मेधा और स्रज् शब्दोंसे अस्त्यर्थके विषे विनि प्रत्यय वक्तव्य है प्रत्ययमें इकार उच्चारणार्थ है । उदाहरण । तपोऽस्यास्मिन् । इस विग्रहमें अस्प्रत्ययान्त तपस् शब्दसे अस्त्यर्थके विषे विन् प्रत्यय करनेपर नामसंज्ञामें पुँल्लिग प्रथमैकवचनमें सिद्ध हुआ (तपस्वी) इसीप्रकार सिद्ध हुए (मायावी) (मेधावी)। स्रक् अस्यास्ति । इस विग्रहमें विन् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । स्रज् विन् । फिर अन्तर्वर्त्तिनी विभक्तिके आश्रयसे पदान्त मानकर (चोःकुः) (चपा अवे जबाः) इनकर जकारके स्थानमें गकार करनेपर पुँल्लिग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (स्रग्वी) ॥

वाचोग्मिनिः । वाग्मी ।

भाषार्थ–वाच् शब्दसे अस्त्यर्थके विषे ग्मिनि प्रत्यय होय प्रत्ययमें गकार (जमे नमा वा) सूत्रसे मकार होनेके निषेधके अर्थ है । वागस्यास्ति । इस विग्रहमें ग्मिनि प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । वाच् मिन् । यहाँ मदान्तताके आश्रयसे (चपा अवे जबाः) इसकर चकारको गकार किया । फिर नामसज्ञा होनेपर पुँल्लिगप्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (वाग्मी) ॥

आलाटौ कुत्सितभाषिणि । वाचालः । वाचाटः ।

भाषार्थ– कुत्सितभाषी अभिधेयके विषे वाच् शब्दसे आल और आट यह प्रत्यय होयँ । कुत्सितावागस्य । इस विग्रहमें वाच् शब्दसे आल तथा आट प्रत्यय करनेपर रूप हुए । वाचाल । वाचाट । फिर नामसंज्ञामे पुँल्लिग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुए (वाचालः) (वाचाटः) ॥

ईषदपरिसमाप्तौ कल्पदेश्यदेशीयाः । ईषदपरिसमाप्तः सर्वज्ञः । सर्वज्ञकल्पः। पटुदेश्यः । कविदेशीयः ।

भाषार्थ–अल्प मात्र अपरिसमाप्तिमे नामसंज्ञकशब्दसे कल्प देश्य देशीय । यह प्रत्यय होयँ । भाव यह है कि, किंचित् न्यूनता वाच्यमान हुए संते कल्प-देश्य-देशीय । यह प्रत्यय नामसे होवै है । उदाहरण । अल्पमात्रमपरिपूर्णः सर्वज्ञः । इस विग्रहमें अल्पमात्र अपरिपूर्णता वाच्यमान होनेसे सर्वज्ञ शब्दसे कल्पप्रत्यय करनेपर रूप हुआ (सर्वज्ञकल्प) फिर नामसंज्ञामें पुँल्लिग प्रथमैकवचनके विषे रूप सिद्ध हुआ । सर्वज्ञकल्पः) यह उस सर्वज्ञका नाम है जिसकी सर्वज्ञतामें थोडीही अपरिपूर्णता होय इसी प्रकार । ईषद् अपरिपूर्णः पटुः । ईषद् अपरिपूर्णः कविः । इन विग्रहोंमें क्रमसे देश्य देशीय प्रत्यय करनेपर रूप सिद्ध हुए (पटुदेश्यः) (कविदेशीयः) ॥

प्रशंसायांरूपः । प्रशस्तौ वैयाकरणो वैयाकरणरूपः । पाशः कुत्सायां । कुत्सितो वैयाकरणः वैयाकरणपाशः ।

भाषार्थ–प्रशंसा अर्थ वाच्यमान हुए संते रूप प्रत्यय होताहै जैसे । प्रशस्तो वैयाकरणः । इस विग्रहमे प्रशंसा अर्थ वाच्यमान है इसकारण रूप प्रत्यय करनेपर पुँल्लिगप्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (वैयाकरणरूपः) कुत्सानाम निन्दा अर्थ वाच्यमान है इसकारण पाश प्रत्यय करनेपर पुँल्लिग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (वैयाकरण पाशः) ॥

भूतपूर्वे चरट् । पूर्वदृष्टः । दृष्टचरः । स्त्रीचेत् । दृष्टचरी ।

भाषार्थ–भूतपूर्व अर्थात् प्राग्विषयीभूत अर्थके विषे चरट् प्रत्यय होय । उदाहरण । पूर्वदृष्टः। इस विग्रहमे प्राग्विषयीभूत अर्थ विद्यमान है इसकारण चरट् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । दृष्टचर । फिर नामसज्ञामे पुँल्लिङ्गप्रथमैकवचनमे सिद्ध हुआ (दृष्टचरः) स्त्रीलिगमे (ष्टृत्रितः) इसकर ईप् प्रत्यय करने पर प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (दृष्टचरी) ॥

प्राचुर्यविकारप्राधान्यादिषुमयट् । अन्नमयो यज्ञः । मृन्मयो घटः । स्त्रीमयो जाल्मः । अमृतमयश्चंद्रः ।

भाषार्थ–प्रचुरता तथा विकार और प्रधानता आदिक अर्थोंके विषे मयट् प्रत्यय होताहै आदि शब्दसे निर्वर्त्तन स्वरूप पुरीष अवयव इन अर्थोंके विषेभी मयट् प्रत्यय होताहै । अन्नं प्रचुरमस्त्यस्मिन् । इस विग्रहमे प्रचुरता अर्थ विद्यमानहै इसकारण मयट् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । अन्नमय । नामसंज्ञा होनेपर पुँल्लिगप्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (अन्नमयो–यज्ञः) यह उस यज्ञका नाम है जिसमे बहुतसा अन्न होय । स्त्रीलिंगमे (ष्टृत्रित.) इसकर प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (अन्नमयी) । मृदो विकारः । इस विग्रहमे विकार अर्थके विषे मयट् प्रत्यय करनेपर । मृट् मय । फिर (क्वचिज्जवानामपि जमा द्रष्टव्याः) इसकर दकारके स्थानमें नकार करनेपर रूप हुआ । मृन्मय । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुँल्लिङ्गमे प्रथमैकवचनके विषे रूप सिद्ध हुआ (मृन्मयो–घटः) स्त्री प्रधानमस्य इस विग्रहमे प्रधानता अर्थ विद्यमान है इसकारण मयट् प्रत्यय करनेपर रूप सिद्ध हुआ (स्त्रीमयो जाल्मः) । अमृतेन निर्वृतः। अमृतमेव स्वरूपं यस्य । इन विग्रहोमें निर्वर्त्तन अर्थ तथा स्वरूपार्थ विद्यमान है इसकारण मयट् प्रत्यय करनेपर रूप सिद्ध हुआ (अमृतमयश्चंद्रः) । गोः पुरीषम । इस विग्रहमें पुरीष अर्थ विद्यमान है इसकारण मयट् प्रत्यय करनेपर नपुंसक प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (गोमयम) । शरस्यावयवाः । इस विग्रहमें अवयवार्थ होनेसे मयट् प्रत्यय करनेपर रूप सिद्ध हुआ (शरमयाः–बाणाः) ॥

तदधीते वेदेत्यत्राण् वक्तव्यः। व्याकरणमधीते वेद वेत्ति विग्रहेऽण् प्रत्यये कृते सति। व्याकरण अण्। इति स्थिते।

भाषार्थ–तदधीते वेद वा इस अर्थके विषे अण् प्रत्यय वक्तव्य है। भाव यह है कि कर्मसंज्ञक पदसे अध्ययनक्रियायुक्त वा वेदनक्रियायुक्त कर्त्ता अभिधेय हुए संते अण् प्रत्यय होय। उदाहरण। व्याकरणमधीते वेद वा। इस विग्रहमें अध्ययन क्रियायुक्त वा वेदनक्रियायुक्त कर्त्ता अभिधेय विद्यमान है इसकारण कर्मवाचक व्याकरणम् इस पदसे अण् प्रत्यय करनेपर (समासप्रत्यययोः) (उक्तार्थानामप्रयोगः) इनकर रूप स्थित हुआ। व्याकरण अ॥

न सन्धिय्वोर्युट् च।

न सन्धिय्वोः–युट्–च। चतुष्पदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) सन्धिजौ यौ सन्धिय्वौ तयोः सन्धिजयोर्यकारवकारयोः स्वरस्य वृद्धिर्न भवति किन्तु तयोर्युडागमो भवति इट् उट् इत्येतावागमौ भवतः। वर्णविश्लेषं कृत्वा यकारात्पूर्वमिकारः। वकारात्पूर्वमकारः। पश्चात् (आदिस्वरस्य ञ्णिति च वृद्धिः)। वैयाकरणः। सौवश्वः।

भाषार्थ–सन्धिसे उत्पन्न हुए जो यकार वकार सो कहिये सन्धिय्वौ उन सन्धिसे उत्पन्न हुए यकार और वकारके सम्बन्धी स्वरको वृद्धि नहीं होय किन्तु उन यकार और वकारको युट् आगम होय अर्थात् इट् और उट् आगम होयँ भाव यहहै कि, सन्धिसे उत्पन्न हुए यकार और वकारके सम्बन्धी स्वरको वृद्धि नहीं होय किन्तु उस सन्धिसे उत्पन्न हुए यकारको इट् आगम होय और वकारको उट् आगम होय। वर्णविभाग करके यकारसे पूर्व इकार करना चाहिये और वकारसे पूर्व उकार करना चाहिये पश्चात् (आदिरस्वस्य ञ्णिति च वृद्धिः) इस सूत्रकर वृद्धि करनी चाहिये। उदाहरण। व्याकरण अ। इसमे आदिस्वर आकारको वृद्धि नहीं हुई क्योंकि, यह आकार सन्धिसे उत्पन्न हुए यकारका सम्बन्धी है और स्वयं वृद्धिरूप है किन्तु वर्णविभाग करके सन्धिसे उत्पन्न हुए यकारको इट् आगम किया तो वह आगमरूप इकार यकारसे पूर्व हुआ तब रूप हुआ। व् इय् आकरण अ। फिर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर रूप हुआ। वियाकरण अ। फिर (आदिस्वरस्य ञ्णिति च वृद्धिः) इसकर आदिस्वर इकारको ऐकार वृद्धि करनेपर (यस्येलोपः) इसकर रूप हुआ। वैयाकरण। फिर नाम संज्ञा होनेपर पुंल्लिंगप्रथमैकवचनमें सिद्ध हुआ (वैयाकरणः)। स्वश्वेद। इस विग्रहमें वेदनक्रियायुक्तकर्त्ता

अभिधेय विद्यमान है इसकारण कर्मवाचकपदसे अण् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ ।स्वश्व आ। यहाँ आदिस्वर अकारको वृद्धि नही हुई क्योंकि, यह अकार सन्धिसे उत्पन्न हुए वकारका सम्बन्धी है किन्तु वर्ण विभाग करके सन्धिसे उत्पन्न हुए वकारको उट् आगम किया तो वह आगमरूप उकार वकारसे पूर्व हुआ तब रूप हुआ। सु उ व् अश्वअ। फिर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) इसकर रूप हुआ (सुवश्वअ) फिर (आदिस्वरस्य ञ्णिति च वृद्धिः) इसकर आदिस्वर उकारको वृद्धि करनेपर (यस्येलोपः) इसकर रूप हुआ (सौवश्व) फिर नामसंज्ञा होनेपर पुँल्लिगके प्रथमैकवचनमे सिद्धहुआ (सौवश्वः) ॥

इतो जातार्थे ।

इतः—जातार्थे । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) जातार्थे इतः प्रत्ययो भवति ।

भाषार्थ—जातार्थके विषे इत प्रत्यय होय । उदाहरण । लज्जा जातास्य । इस विग्रहमें जातार्थ विद्यमानहै इसकारण इत प्रत्यय करनेपर (यस्य लोपः) इसकर रूप हुआ (लज्जित) फिर नामसंज्ञामें पुँल्लिग प्रथमैकवचनके विषे सिद्ध हुआ । लज्जितः ॥

तरतमेयस्विष्ठाः प्रकर्षे ।

तरतमेयस्विष्ठाः—प्रकर्षे । द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) अतिशयेर्थे तर, तम, ईयसु, इष्ठ इत्येते प्रत्यया भवन्ति । अतिशयेन कृष्णः । कृष्णतरः । कृष्णतमः । शुक्लतमः । ईयस्विष्ठौ डितौ वक्तव्यौ । डिति टेर्लोपः । उकारो नुमोऽविधानार्थः । न्सम्महतोर्धौ दीर्घः शौ च । अतिशयेन लघुः । लघीयान् पापीयान् । लघीयसी । पापीयसी । लघिष्ठः। पापिष्ठः ।

भाषार्थ—अतिशय अर्थके विषे तर—तम—ईयसु—इष्ठ । यह चार प्रत्यय होवैं है । उदाहरण (अतिशयेन कृष्णः) इस विग्रहमें अतिशय अर्थ विद्यमानहै इसकारण तर—तम—प्रत्यय करनेपर नामसंज्ञामे पुँल्लिगप्रथमैकवचनके विषे सिद्धहुए (कृष्णतरः) (कृष्णतमः) इसीप्रकार सिद्ध हुआ (शुक्लतमः) ईयसु और इष्ठ यह दोनो प्रत्यय डित्संज्ञक वक्तव्य है ईयसु प्रत्ययमे उकार नुम् और ईप्प्रत्ययके विधानार्थहै । अतिशयेन लघुः । अतिशयेन पापः। इनविग्रहोंमे ईयसु प्रत्यय करनेपर (डिति टेः) इसकर टिका लोप करनेसे रूप हुए । लघीयस् । पापीयस् । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुँल्लिगमे (वितोनुम्) (न्सम्महतोर्धौ दीर्घः शौ च) इनकर रूप सिद्ध हुए (लघीयान्) (पापीयान्) स्त्रीलिगमे (ङितः) इसकर ईप्प्रत्यय करनेपर

रूप सिद्ध हुए (लघीयसी) (पापीयसी) । अतिशयेन लघुः । अतिशयेन पापः । इन विग्रहोंमे इष्ठ प्रत्यय करनेपर (डिति टेः) इसकर टिका लोप करनेसे रूप हुए । लघिष्ठ । पापिष्ठ । फिर नामसंज्ञामे पुँल्लिंग प्रथमैकवचनके विषे सिद्ध हुए (लघिष्ठः) (पापिष्ठः) ॥

गुर्वादेरिष्ठेमनीयस्सु गरादिष्ट्यलोपश्च ।

गुर्वादेः—इष्ठेमनीयस्सु—गरादिः—ट्यलोपः—च । पंचपदमिदं सूत्रम् । (वृत्तिः) गुरु—प्रिय—स्थिर—स्फिर—उरु—बहुल—वृद्ध—दीर्घ—प्रशस्य—बाढ—युवन्—अल्प-स्थूल—दूर—अन्तिक—क्षिप्र—क्षुद्र इत्येतेषां क्रमेण । गर्-प्र-स्थव्-स्फ-वर-वंह्-ज्या—द्राघ्—श्र—साधृ—यव्—कन्—स्थव्—दव्—नेट्—क्षेप्—क्षोद् । एते आदेशा भवन्ति इष्ठेमनीयस्सु परतः । अतिशयेन गुरुः । गरीयान् । गरीयसी । गरिष्ठः । गुरोर्भावः । गरिमा । प्रेष्ठः । प्रेयान् । प्रेमा । स्थविष्ठः । स्थवीयान् ।

भाषार्थ—गुरु आदिक शब्दोको क्रमसे गर् आदिक आदेश होय इष्ठ और इमन् और ईयस् यह प्रत्यय पर हुए संते और टिका लोप नहीं होय अर्थात् गुरु आदिक शब्दोके स्थानमें आदेश किये हुए गर आदिक शब्दोकी टिका लोप नहीं होय डित्संज्ञक इष्ठ—इमन्—ईयस् प्रत्यय पर हुए संतेभी । उदाहरण । अतिशयेन गुरुः । इसविग्रहमे इष्ठ तथा ईयस् प्रत्यय करनेपर गर् आदेश करनेसे पुल्लिंगप्रथमैकवचनके विषे सिद्धहुए (गरिष्ठः) (गरीयान्) स्त्रीलिंगमे (गरीयसी) (गुरोर्भावः) इस विग्रहमें भावके विषे इमन् प्रत्यय करनेपर गर् आदेश करनेसे पुल्लिंगप्रथमैकवचनमे सिद्ध हुआ (गरिमा) इसीप्रकार (अतिशयेन प्रियः) इस विग्रहमे इष्ठ ईयस् प्रत्यय करनेपर प्र आदेश करनेसे पुँल्लिंग प्रथमैकवचनमे सिद्ध हुआ (प्रेष्ठः) (प्रेयान्) स्त्रीलिंगमे (प्रेयसी) । प्रियस्य भावः । इस विग्रहमे भावके विषे इमन् प्रत्यय करनेपर प्र आदेश करनेसे सिद्ध हुआ (प्रेमा) अतिशयेन स्थूलः । इस विग्रहमे इष्ठ ईयस् प्रत्यय करनेपर स्थव् आदेश करनेसे पुल्लिंगप्रथमैकवचनमे सिद्ध हुआ (स्थविष्ठः) (स्थवीयान्) इसीप्रकार अन्यरूपभी साधनेयोग्यहै ॥

ईलोपोज्याशब्दादीयसः । ज्यायान्-ज्येष्ठः । अतिशयेन दीर्घः । द्राघिष्ठः । द्राघीयान् । अतिशयेन प्रशस्यः । श्रेष्ठः । श्रेयान् । श्रेयसी ।

भाषार्थ–ज्या शब्दसे परे इयस् प्रत्ययके ईकारका लोप होय । उदाहरण (अतिशयेन वृद्धः) इस विग्रहमे इष्ठ ईयस् प्रत्यय करनेपर वृद्धको ज्या आदेश करनेसे रूप हुआ (ज्या इष्ठ । ज्या ईयस्) फिर जहाँ इष्ठ प्रत्यय परे है तहाँ पुल्लिग प्रथमैकवचनमें सिद्ध हुआ (ज्येष्ठः) और जहाँ ईयस् प्रत्यय परे है तहाँ ईयस् प्रत्ययके ईकारका लोप करनेपर पुँल्लिगप्रथमैकवचनमें सिद्ध हुआ (ज्यायान्) स्त्रीलिगमें (ज्यायसी) । अतिशयेन दीर्घः । इसविग्रहमें इष्ठ ईयस् प्रत्यय करनेपर द्राघ् आदेश करनेसे पुँल्लिगप्रथमैकवचनमें सिद्धहुआ (द्राघिष्ठः) (द्राघीयान्) । अतिशयेन प्रशस्यः। इस विग्रहमें इष्ठ ईयस् प्रत्यय करनेपर श्र आदेश करनेसे पुँल्लिगप्रथमैकवचनमें सिद्ध हुआ (श्रेष्ठः) (श्रेयान्) स्त्रीलिंगमे (श्रेयसी) ॥

बहोरिष्ठेयिः ।

बहोः–इष्ठ–यिः । त्रिपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) बहुशब्दात् इष्ठप्रत्यये परे यिर्भवति । भूयिष्ठः । भूयान् ।

भाषार्थ–बहुशब्दसे इष्ठ प्रत्यय पर हुए संते यि आगम होय । उदाहरण । अतिशयेन बहुः । इस विग्रहमें इष्ठ और ईयस् प्रत्यय करनेपर (बहोर्लोपो भूचबहोः) इस सूत्रकर बहुशब्दके स्थानमे भू आदेश और इष्ठ और ईयस प्रत्ययके इकार ईकारका लोप किया तब रूप हुआ । भू ष्ठ । भूयस् । फिर जहाँ इष्ठ प्रत्यय परे है तहाँ (यदादेशस्तद्वद्भवति) इसकर भूके स्थानमे बहु मानकर यि आगम करनेपर रूप हुआ । भूयिष्ठ । फिर नाम संज्ञा होनेपर पुँल्लिगप्रथमैकवचनमे सिद्ध हुए । भूयिष्ठः । भूयान् । स्त्रीलिगमे । भूयसी ॥

किमोऽव्ययादाख्याताच्चतरतमयोराम् वक्तव्यः । कुतस्तरांपरमाणवः । कुतस्तमांतेषामारंभकत्वम् । उच्चैस्तरांगायति । पचतितराम् । पचतितमाम् ।

भाषार्थ–किम शब्द सम्बन्धी अव्ययसे और आख्यात सिद्धरूपसे और चकारसे उच्चैस् नीचैस् इत्यादि अव्ययसे स्वार्थ वा अतिशयार्थमे किये हुए तरतम प्रत्ययोंके अग्रे आम् प्रत्यय होता है । उदाहरण । कुतः । यह किम् शब्दसम्बन्धी अव्यय है इसमे स्वार्थमे तर तम प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । कुतस्तर। कुतस्तम । फिर आम्प्रत्ययान्तका (किंवाद्यन्तंच०) इसकर अव्यय होनेसे रूप सिद्ध हुआ । कुतस्तरांम्। कुतस्तमांम् । अर्थ–कहाँसे परमाणु प्रकट होतेहै और कहाँसे उन परमाणुओका उत्पादकत्वहै । उच्चैस्। इस अव्ययसे अतिशयार्थमे तर प्रत्यय करनेपर पश्चात आम प्रत्यय करनेसे रूप सिद्ध हुआ (उच्चैस्तराम्) अर्थ–अति ऊंचे स्वरसे गावता है।पचति-पठति । इन आख्यातसिद्ध

क्रियारूपोसे अतिशयार्थमें तर तम प्रत्यय करनेके पश्चात् आम् प्रत्यय करनेसे रूप हुए (पचतितराम्) (पचतितमाम्) अर्थ। अतिशय कर पाक करना है ॥

अव्ययसर्वनाम्नामकच्प्राक्टेः।

भाषार्थ–अव्यय संज्ञक शब्द और सर्वादिनामोंकी टिसे पूर्व अकच् आगम करनेयोग्य है। उदाहरण। उच्चैस्। इस अव्ययसंज्ञक शब्दकी टिसे पूर्व अकच् आगम करनेपर रूप हुआ। उच्च् अक ऐस्। फिर (स्वरहीनं परेण संयोज्यम्) (खोर्द्विसर्गः) इनकर सिद्ध हुआ (उच्चैकैः) और सर्वशब्दकी टिसे पूर्व अकच् आगम करनेपर सिद्ध हुआ (सर्वकः) इसीप्रकार यत् शब्दकी टिसे पूर्व और तत् शब्दकी टिसे पूर्व अकच् आगम करनेपर सिद्ध हुए (यकः) (सक') इति ॥

परिमाणे दघ्नादयः।

परिमाणे–दघ्नादयः। द्विपदमिदं सूत्रम् (वृत्तिः) परिमाणेर्थे दघ्नट् द्वयसट् मात्रट् इत्येते प्रत्यया भवन्ति। जानुदघ्नं जलम्। शिरोद्वयसम्। पुरुषमात्रम्।

भाषार्थ–परिमाण अर्थके विषे दघ्नट् द्वयसट् मात्रट् यह प्रत्यय होवें है। उदाहरण। जानु परिमाणमस्य। इस विग्रहमें परिमाण अर्थके विषे दघ्नट् प्रत्यय करनेसे रूप हुआ। जानुदघ्न। फिर नाम संज्ञा होनेपर विशेष्यको नपुंसकलिंग होनेसे नपुंसक प्रथमैकवचनके विषे सिद्ध हुआ (जानुदघ्नंजलम्) पुरुषः प्रमाणमस्य। इस विग्रहमें परिमाण अर्थके विषे मात्रट् प्रत्यय करनेपर विशेष्यको नपुंसकलिंग होनेसे प्रथमैकवचनमें सिद्ध हुआ (पुरुषमात्रम्)। शिरः परिमाणमस्य। इस विग्रहमें द्वयसट् प्रत्यय करनेपर विशेष्यको नपुंसकलिंग होनेसे नपुंसकलिंगप्रथमैकवचनमें सिद्ध हुआ (शिरोद्वयसम्) स्त्रीलिंगके विषे (स्त्रियाम्) इसकर ईप् प्रत्यय करनेपर तीनो प्रत्ययोंके रूप सिद्ध हुए (जानुदघ्नी) (पुरुषमात्री) (शिरोद्वयसी) ॥

द्वयोर्बहूनां चैकस्य निर्द्धारणे किमादिभ्यो डतरडतमौ वक्तव्यौ। कतरो भवतोः काण्वः। कतमो भवतां तांत्रिकः। भवतोर्यतरस्तार्किकस्ततर उद्गात्रोः।

भाषार्थ–दो अथवा बहुतोंके मध्यसे एकके पृथक् करनेमें किमादिक शब्दोंसे डतर और डतम प्रत्यय होयें। भाव यह है कि. दो अथवा बहुतोंके मध्यमेंसे जो कि एकका पृथक् करना है उस अर्थमें किम-यत्-तत्-इन शब्दोंसे डतर तथा डतम प्रत्यय होवें हैं। भवतोर्मध्येकाण्वः कः। इस विग्रहमें दोकेमध्यसे एक काण्व

वंशायका पृथक् करना है इसकारण किम् शब्दसे डतर प्रत्यय करनेपर (डितिटेः) इसकर रूप हुआ कतर फिर नामसंज्ञामें पुँल्लिगप्रथमैकवचनके विषे सिद्ध हुआ (कतरः) अर्थ । तुम दोनोंके मध्यमें काण्ववंशवाला कौन है । भवतां तांत्रिकः कः । इस विग्रहमें बहुतोंके मध्यसे एकतात्रिकका पृथक् करनाहै इसकारण किम् शब्दसे डतम प्रत्यय करनेपर (डितिटेः) इसकर सिद्ध हुआ (कतमः) अर्थ । तुम बहुतोंके मध्यमें तांत्रिक नाम तंत्रके जाननेवाला कौनहै । इसीप्रकार यद् तद् शब्दसे डतर प्रत्यय करनेपर रूप सिद्ध हुए (यतरः) (ततरः) अर्थ । तुम दोनोंके मध्यमें जो कि, तर्कशास्त्र जाननेवाला है वह कहो ॥

विन्मतोर्लुक् ।

विन्मतोः—लुक् । द्विपदामिदं सूत्रम् (वृत्तिः) विन्मतोर्लुक्स्यादिष्ठेयसुप्रत्ययययोः परतः । अतिशयेन स्रग्वी । स्रजिष्ठः । स्रजीयान् ।

भाषार्थ—विन् और मतुप् प्रत्ययका लुक् होय इष्ठ और ईयस् प्रत्यय पर हुए संते । उदाहरण । अतिशयेन स्रग्वी । इस विग्रहमे इष्ठ ईयस् प्रत्यय करनेपर विन् प्रत्ययका लुक् करनेसे रूप हुआ। स्रजिष्ठ । स्रजीयस् । फिर नामसंज्ञा होनेपर पुँल्लिग प्रथमैकवचनमे सिद्धहुआ (स्रजिष्ठः) (स्रजीयान्) ॥

संख्येयविशेषावधारणे द्वित्रिशब्दाभ्यां तीयः । द्वितीयः। त्रेःसम्प्रसारणम् । तृतीयः ।

भाषार्थ—संख्येय विशेषावधारणके विषे अर्थात् सख्यापूरण अर्थके विषे द्वि और त्रिशब्दोंसे तीय प्रत्यय होवेहै। भाव यहहै कि,जिसपर संख्याकी पूर्त्ति होवै उसीके। विशेषकर निश्चय करनेमे संख्यावाचक द्वि, त्रि शब्दोसे तीय प्रत्यय होय । उदाहरण । द्वयोः संख्या पूरणः । इस विग्रहमें संख्या पूरण अर्थके विषे तीय प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । द्वितीय । फिर नामसंज्ञा होनेपर विशेष्यको पुँल्लिग होनेसे पुँल्लिगप्रथमैकवचनके विषे सिद्ध हुआ (द्वितीयः) त्रयाणां संख्या पूरणः । इस विग्रहमे संख्या पूरण अर्थके विषे तीय प्रत्यय करनेपर रूप हुआ । त्रितीय । संख्या पूरण अर्थके विषे त्रि शब्दको संप्रसारण होताहै । अर्थात् संख्या पूरण अर्थके विषे त्रि शब्दके स्वर सहित रकारको ऋकार होताहै । इसकर त्रिक स्थानमे तृ करनेपर रूप हुआ । तृतीय । फिर नाम संज्ञा होनेपर विशेष्यको पुँल्लिग होनेसे पुँल्लिग प्रथमैकवचनमें रूप सिद्ध हुआ (तृतीयः) ॥

षट्चतुरोस्थट्। षष्ठः। चतुर्थः। पंचादेर्मट्। पंचमः। सप्तमः।

भाषार्थ-संख्यापूरण अर्थके विषे संख्यावाचक षष् और चतुर् शब्दसे थट् प्रत्यय होवैहै (षण्णां संख्यापूरणः) इस विग्रहमे संख्या पूरण अर्थके विषे थट् प्रत्यय करनेपर रूप हुआ (षष्थ) फिर (ष्टुभिः ष्टुः) इसकर थकारके स्थानमें टकार करनेसे रूप हुआ (षष्ठ) फिर नामसंज्ञा होनेपर विशेष्यको पुँल्लिग होनेसे पुँल्लिगप्रथमैकवचनके विषे सिद्ध हुआ (षष्ठः) स्त्रीलिंगके विषे (ष्ट्रिनः) इसकर ईप् प्रत्यय करनेपर सिद्ध हुआ (षष्ठी)। चतुर्णाम् संख्यापूरणः। इस विग्रहमेभी थट् प्रत्यय करनेपर पुँल्लिग प्रथमैकवचनमे रूप सिद्ध हुआ (चतुर्थः) स्त्रीलिंगके विषे (ष्ट्रिनः) इसकर ईप् प्रत्यय करनेपर रूप सिद्ध हुआ (चतुर्थी) संख्यापूरण अर्थके विषे संख्यावाचक पंचन् और आदि शब्दसे सप्तन् (अष्टन्। नवन्। दशन्) पर्यन्त शब्दोंसे मट् प्रत्यय होय। उदाहरण (पंचानां संख्यापूरणः) इस विग्रहम संख्यापूरण अर्थके विषे मट् प्रत्यय करनेपर (नान्नोनो लोपशधौ) इसकर नकारका लोपश् करनेसे रूप हुआ (पंचम) फिर नामसंज्ञा होनेपर विशेष्यको पुँल्लिग होनेसे पुँल्लिगप्रथमैकवचनके विषे सिद्ध हुआ (पंचम) स्त्रीलिगमे सिद्धहुआ (पंचमी) इसीप्रकार सिद्ध हुए (सप्तमः) (अष्टमः) (नवमः)(दशमः)॥

एकादशादेर्डट्। एकादशः। द्वादशः। त्रयोदशः। पंचदशः। षोडशः। सप्तदशः। अष्टादशः। द्वित्र्यष्टानां द्वात्रयोष्टाः।

भाषार्थ-संख्यापूरण अर्थके विषे एकादशन् आदिक शब्दोसे डट् प्रत्यय होवैहै। उदाहरण (एकादशानां संख्यापूरणः) इस विग्रहमे संख्यापूरण अर्थके विषे डट् प्रत्यय करनेपर (डिति टेः) इसकर टिका लोप करनेसे रूप हुआ। एकादश। फिर नामसंज्ञा होनेपर विशेष्यको पुँल्लिग होनेसे पुँल्लिगप्रथमैकवचनमे सिद्ध हुआ। (एकादशः) स्त्रीलिगमे (ष्ट्रिनः) इसकर ईप्प्रत्यय करनेपर सिद्ध हुआ (एकादशी) यहाँपर एकशब्दको एका आदेश और द्विशब्दको द्वा आदेश और त्रिशब्दको त्रयः आदेश और अष्टन् शब्दको अष्टा आदेश (सहादेःसादिः) इस सूत्रसे अवगन्तव्यहै ॥ (१)

---

(१) प्राक्शतादनशीतिवा। भाषार्थ संख्यावाचक शतशब्दपर्यन्त अशीति शब्दको त्यागकर अन्य दशन् आदिक शब्द परे होवैतो द्विके स्थानमे द्वा और त्रिकेस्थानमे त्रय। और अष्टनके स्थानमे अष्टा यह आदेश हो और वाके ग्रहणसे चत्वारिंशत् आदिक परे होवैतो विकल्पकरके यह आदेश होयँ। उदाहरण। द्वादश। त्रयोदश। अष्टादश। द्वाविंश। त्रयोविंश। अष्टाविंश। द्वात्रिंश। त्रयस्त्रिंश। अष्टात्रिंश। द्वाचत्वारिंशत्। द्विचत्वारिंशत्। त्रिचत्वारिंशत्। त्रयश्चत्वारिंशत्। अनशीति। इतिकिम्। द्व्यशीति। द्व्यशीतितम। इति॥

विंशत्यादेर्वा तमट् । विंशतितमः ।

भाषार्थ-विंशति आदिक संख्यावाचकशब्दोंसे तमट् प्रत्यय होय संख्यापूरण अर्थके विषे । विंशतेः संख्यापूरणः इस विग्रहमें संख्यापूरण अर्थके विषे तमट् प्रत्यय करनेपर विशेष्यको पुंलिङ्ग होनेसे पुंलिङ्गप्रथमैकवचनमें सिद्ध हुआ (विंशतितमः) स्त्रीलिंगमें (विंशतितमी) इसीप्रकार (त्रिंशत्तमः । चत्वारिंशत्तमः) इत्यादि ॥ और जहाँ तमट् प्रत्यय नहीं हुआ तहाँ संख्यापूरण अर्थमें (एकादशादेर्डट्) इसकर डट् प्रत्यय करनेपर रूप स्थित हुआ । विंशति अ ॥

विंशतेस्तिलोपोऽडिति । विंशः ।

भाषार्थ-डित् प्रत्यय पर हुए संते विंशतिशब्दके तिका लोप वक्तव्यहै । उदाहरण (विंशतिअ) इसमें विंशति शब्दसे डित्संज्ञक अप्रत्यय परे विद्यमानहै इसकारण विंशति शब्दकी तिका लोप करनेपर रूप हुआ (विंशअ) फिर (डितिटेः) इसकर टि संज्ञक अकारका लोप करनेपर रूप हुआ (विंश) फिर नामसंज्ञा होनेपर पुंलिंग प्रथमैकवचनमें सिद्ध हुआ (विंशः) इसीप्रकार (त्रिंशतः । संख्यापूरणः) इस विग्रहमें सिद्ध हुआ (त्रिंशत्तमः) (त्रिंशः) ॥

संख्यायाः प्रकारेधा । द्विधा । त्रिधा । चतुर्धा । गुणोऽण्च । द्वेधा । त्रेधा । द्वैधम् । त्रैधम् ।

भाषार्थ-संख्यावाचकशब्दसे प्रकार अर्थके विषे धा प्रत्यय होवैहै । उदाहरण (द्वौ प्रकारौ अस्य) इस विग्रहमें प्रकार अर्थमें धा प्रत्यय करनेपर (क्त्वाधन्तं च) इसकर धा प्रत्ययान्तको अव्यय होनेसे सिद्ध हुए (त्रिधा) (चतुर्धा) (पंचधा) इत्यादि धा प्रत्यय पर हुएसंते द्वित्रि शब्दोंको विकल्प करके गुण होय और धा प्रत्ययसे स्वार्थमें विकल्प करके अण् प्रत्यय होय । उदाहरण । द्विधा इसमें एक जगह द्वि शब्दको गुण करनेसे रूप हुआ (द्वेधा) इसीप्रकार (त्रेधा) और स्वार्थमें धा प्रत्ययसे अण् करनेसे रूप हुआ (द्विधाअ) फिर आदि स्वरको वृद्धि किया और (यस्येलोपः) इसकर आकारका लोप किया तब रूप हुआ (द्वैध) फिर नामसंज्ञा होनेपर नपुंसकप्रथमैकवचनमें सिद्ध हुआ (द्वैधम्) इसीप्रकार सिद्ध हुआ । त्रैधम् ॥

क्रियाया आवृत्तौ कृत्वस् । पंचकृत्वः । सप्तकृत्वः ।

भाषार्थ-क्रियाकी आवृत्तिके विषे संख्यावाचक पंचन् सप्तन् आदिक शब्दोंसे कृत्वस् प्रत्यय होवै है । भाव यह है कि, क्रियाकी आवृत्ति उसको कहतेहैं जोकि, क्रियाका लौटकर बारंबार होनाहै उस अर्थके विषे संख्यावाचक पंचन् सप्तन् आदिक

शब्दोंसे कृत्वस् प्रत्यय होवैहै । उदाहरण (पंचवारान् करोति) इस विग्रहमें क्रियाका वारंवार होना अर्थ विद्यमानहै इसकारण कृत्वस् प्रत्यय करनेपर (नान्ना नो लोपश्चार्थे) इसकर नकारका लोपभ् करनेसे कृत्वस् प्रत्ययान्तको अव्यय होनेसे सिद्धहुआ (पंचकृत्वः) ॥

द्वित्रिभ्यां सुः । द्विरुक्तम् । त्रिरुक्तम् ।

भाषार्थ–क्रियाकी आवृत्तिके विषे द्वि और त्रिशब्दसे सु प्रत्यय होवैहै प्रत्ययमें उकार उच्चारणार्थ है द्वौवारौ (त्रीन् वारान्) इन विग्रहोंमें क्रियाका वारंवार होना अर्थ विद्यमानहै इसकारण सु प्रत्यय करनेपर सु प्रत्ययान्तको अव्यय होनेसे सिद्ध हुए (द्विः । त्रिः) ॥

बह्वादेः शस् । बहुशः । शतशः ।

भाषार्थ–बहु आदिक शब्दोसे वारंवार अर्थके विषे वा संख्याके विषे शस् प्रत्यय होवै है । बहुवारान् । अथवा । बहव एव । इन विग्रहोमे शस् प्रत्यय करनेपर शस् प्रत्ययान्तको अव्यय होनेसे सिद्ध हुआ । बहुशः । इसीप्रकार । कोटिः संख्या यत्र । इस विग्रहमे संख्यार्थके विषे शस् प्रत्यय करनेपर सिद्ध हुआ (कोटिशः) और (शतशः) (सहस्रशः) (अनेकशः) (भूरिशः) (गणशः) (कतिशः) इत्यादि शस् प्रत्ययान्त हैं ॥

तयायडौ संख्यायामवयवार्थे । द्वितयम् । त्रितयम् । द्वयम् । त्रयम् । शेषा निपात्याः कत्यादयः । इति तद्धितप्रक्रिया समाप्ता ॥ इति श्रीअनुभतिस्वरूपाचार्य्यकृतसारस्वतस्य प्रथमावृत्तिः समाप्ता ॥ श्रीहरयेनमः ॥

भाषार्थ–संख्या वाच्यमान हुए संते अवयवार्थके विषे तयट् अयट् यह प्रत्यय होवैं हैं तहाँ तयट् प्रत्यय तौ संख्यावाचक मात्र शब्दसे होवै है और अयट् द्वि और त्रिशब्दोसेही होताहै । उदाहरण (द्वौ अवयवौ यस्य) इस विग्रहमें तयट् तथा अयट् प्रत्यय किये क्यो कि, अवयवार्थ विद्यमान हैं तब हुए । द्वितय (द्वय) फिर नामसंज्ञा होनेपर नपुंसकप्रथमैकवचनमे सिद्ध हुए (द्वितयम्) (द्वयम्) (त्रयोऽवयवा यस्य) इस विग्रहमे संख्यावाचक त्रिशब्दसे अवयवार्थके विषे । तयट् अयट् प्रत्यय करनेपर नामसंज्ञामे नपुंसकलिंग प्रथमैकवचनमे सिद्ध हुए (त्रितयम् । त्रयम्) और स्त्रीलिंगके विषे (स्त्रितः) इसकर ईप्प्रत्यय करनेपर सिद्ध हुए (द्वितयी) (द्वयी) (त्रितयी) (त्रयी) और इसीप्रकार सिद्ध हुआ (चतुष्टयम्) (चतुष्टयी) और कोई आचार्य संख्यावाचक शब्दसे तयट् प्रत्यय स्वार्थके विषे कहते है । उदाहरणम् । द्वावेव त्रय एव इन विग्रहोंमे स्वार्थके विषे तयट् अयट् प्रत्यय करनेपर । नपुंसक प्रथमैकवचनमें सिद्ध हुए

(द्वितयम् । द्वयम्) (त्रितयम् । त्रयम्) जो इस व्याकरण ग्रंथमें नहीं कहेहै वह शब्द अन्य ग्रन्थान्तरोंमे सिद्धिको प्राप्त हुए हैं ऐसेशेष कति आदिक शब्द निपातसे सिद्ध हैं॥

इति श्रीअनुभूतिस्वरूपाचार्य्यकृतसारस्वतस्य प्रथमावृत्तौ श्रीपाठकमंगलसेनात्मजकाशीरामसंकलितसावस्तरसोपपत्तिभाषाटीका समाप्तिमगात् ॥

त्रिबाणांकक्षौणीशरदि गुहपौषाऽसिततिथौ
विधायैवंभाषातिलकमनुभूतिप्रविहिते ॥
प्रबन्धेऽदाच्छ्रीवेङ्कटपतिसुयन्त्राधिपतये
द्विजः काशीरामः स्वयशसिढढौलीपुरिवसन् ॥ १ ॥

दोहा—सम्वत् अग्निशरांकशशि, पौषअसितछठिप्रात ।
सारस्वतप्रथमावृती, भाषातिलकसमाप्त ।
अप्योंमंगलसेनसुत, रचिद्विजकाशीराम ।
वेंकटेशयन्त्राधिपति, खेमराजके नाम ।

विद्वज्जनचरणपंकजरजोऽभिलाषी—

पण्डित—काशिराम-पाठक—मु० ढाढौली.पो० बैजोईमुरादाबाद.

पुस्तक मिलनेका ठिकाना—खेमराज श्रीकृष्णदास,

"श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम् प्रेस, खेतवाडी—बंबई.